भारत और यूनान दोनों के पारस्परिक सम्बन्ध रहे है। रामायण और इलियड़ की अनेक घटनाएं समान रूप से पाई जाती है। इतना ही नहीं दोनों सभ्यताओं के दार्शनिक विचारों में भी पर्याप्त समानताएँ परिलक्षित होती है। इसी प्रकार इटली और भारत के पारस्परिक सम्बन्धों के भी ठीक ऐतिहासिक प्रमाण प्राप्त होते है।

सम्पूर्ण विश्व में अनेक भाषाएँ विद्यमान है। इसके अलावा भारत देश में भी अलग-अलग प्रान्तों मेंअगल-अलग भाषाएँ प्रचलित हैं। इसके अतिरिक्त अनेक भाषाओं के अनेक भेद पाये जाते हैं। यह कहावत है कि 'चार कोस पर बानी बदले।' आठ कोस पर पानी, अर्थात् हर चार कोस पर भाषा बदलती है और हर आठ कोस पर पानी बदल जाता हैं।

म.प्र. में भी है निमाड़ी, भीली, हिन्दी, आदि अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। हिन्दी भाषा करीब 1000 ई. से हिन्दी आम बोलचाल के रूप में प्रचलित हैं। प्रारंभिक हिन्दी बोली में ही हिन्दू, हिंदवी, हिन्दुस्तानी आदि के रूप में भाषा का व्यवहार किया जाता था।

मुगलकाल में देहलनी, बंगाली, मुलतानी, मारवाड़ी, गुजराती, तिलंगी, मराठी, कर्नाटकी, सिन्धी, अफगानी, बुचिस्तानी और कश्मीरी जैसी बारह भारतीय भाषाओं का प्रयोग अबुल फजल ने करने का उल्लेख किया है। कहा जाता है कि- 'हिन्दी' नाम का विकास ईरानियों द्वारा 8 वीं शताब्दी तक हो चुका था। 13 वीं शताब्दी के बाद हिन्दी का प्रयोग मध्यप्रदेश की बोली के लिए किया जाने लगा।

डॉ. श्यामसुन्दर दास और धीरेन्द्र वर्मा ने हिन्दी के अन्तर्गत पूर्वी हिन्दी और पश्चिमी हिन्दी के साथ राजस्थानी, बिहारी तथा पहाड़ी को सम्मिलित किया है जो आज हिन्दी का यही अर्थ मान्य है।

बीसवीं शताब्दी से उत्तरोत्तर हिन्दी भाषा का विकास निरन्तर जारी है। देश के हिन्दी और अहिंदी प्रान्तों के दो व्यवसायियों के मध्य व्यापारिक कार्य सम्पन्न करने का माध्यम हिन्दी भाषा ही है।

हिन्दी का महत्व दिनों दिन इस कारण बढ़ता जा रहा है। हिन्दी सम्पूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाली भाषा है। अन्य सामयिक भाषाएँ भी हिन्दी के साथ व्यावहारिक रूप से जुड़ी हुई हैं, जिनमें ब्रज, बुंदेली, कन्नौजी, हरियाणवी, अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, मैथिली, मगही, भोजपुरी, मारवाड़ी, मेवाती,जयपुरी, मालवी, निमाड़ी, गढ़वाली तथा कुमायँनी आदि उपभाषाएँ क्षेत्र विशेष की निवासियों की बोलचाल की और अभिव्यक्ति की भाषा बनी हुई हैं। मातृभाषा के रूप में हिन्दी भारत की सबसे बड़ी भाषा तथा विश्व की तीसरी बड़ी भाषा है। कुल मिलाकर भारत भर मेंभी सभी क्षेत्रीय जातियों में हिन्दी जानने वाले लोगों का प्रतिशत 81.07 है।

संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी रहेगी और अनुच्छेद 351 के अनुसार संघ का कर्तव्य है कि हिन्दी भाषा का प्रसार, वृद्धि करना, विकास करना ताकि वह भारत को सामाजिक संस्कृति के समस्त तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। संविधान की आठवीं अनुसूची में अतिरिक्त 14 भाषाओं के रूप का उल्लेख किया गया है।

संविधान की आठवीं अनुसूची मे 18 प्रमुख भारतीय भाषाओं को शामिल किया गया है। उक्त 14 भाषाएँ दूसरी भाषा के रूप में हिन्दी की समानुपातिक स्थिति में व्यक्त की गई है।

शैक्षणिक स्तर पर हिन्दी भाषा के अध्ययन- अध्यापन की वैश्विक स्थिति काफी सन्तोषप्रद हैं। भारत के बाहर लगभग 160 विश्वविद्यालयों

में हिन्दी संस्थाओं की व्यवस्था की गई हैं।

मारिशस, फिजी, सूरीनाम,क्यूबा, मंगोलिया, फिनलैंड, पौलैंड़, रूस, अमेरिका, कनाड़ा, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पोलेण्ड आदि देशों में हिन्दी अध्ययन की व्यवस्था है।

फादर कामिल बुल्के के शब्दों में 'सम्पर्क' भाषा के रूप मेंहिन्दी की योग्यता के विषय में मेरा विनम्र निवेदन है कि हिन्दी केवल देश के लोगों की साहित्यिक भाषा ही नहीं, बल्कि बोलने वाले, समझने वालों की बड़ी संख्या में यह विश्व की तीसरी भाषा है। अत: जब तक हम स्वयं हिन्दी को अपनी राष्ट्रभाषा नहीं बनायेंगे, यदि यूँ ही लड़ते रहेंगे तो कोई अन्य इसके महत्व को क्या समझेगा ? अत: सबसे पहले अपने देश को लागू करना है और इतना ही नहीं अधिक समृद्धशाली बनाना है कि विश्व के सभी लोग इसे सीखने तथा बोलने का प्रयत्न करें।

हिन्दी ने विभिन्न भाषाओं के शब्दों को स्वीकार किया हैं, उन्हेंआत्मसात किया हैं। अंग्रेजी के अनेक शब्द आज हिन्दी मेंसर्व सम्मत रूप मेंप्रयुक्त किये जाते है- स्कूल, पेंसिल, कॉलेज, स्टेशन, रेडियों, बोर्ड, मोटर, कार आदि। फारसी के खूबसूरत, किताब, मदरसा गुलाब, कागज, दुकान, बादाम, फौज, चश्मा, दरवाजा, शराब, शादी आदि। तुर्की में-तमगा, लाश, चाकू, कब्ची, तोप, कुरता, चेचक, चम्मच, कालीन आदि। अरबी में मुकदमा, अदालत, जुर्माना, ताकत, वकील, हवा, तूफाल, सुबह, तारीख,कुर्सी, आदमी, औरत, फकीर, कानून, मकान आदि। जापान-रिक्शा, ताँगा, आदि। पुर्तगाली- कमरा, गमला, तौलिया, काजू,गोदाम, आदि।

इसके अतिरिक्त संयुक्त संकर शब्दों की काफी संख्या हिन्दी मेंप्रयुक्त है।

भाषा की अभिव्यक्ति की दृष्टि से जैसा बोला जाता है वैसा ही उच्चारण भी किया जाता है, साथ ही हर प्रकार के भावों को समझने के तरीके से व्यक्त करने की योग्यता भी हिन्दी में निहित है। भाषा सरल, स्पष्ट, प्रभावशाली है। हिन्दी महत्वपूर्ण अधिकार पाने पर लेखन की सहज क्षमता उत्पन्न होती है। रसास्वादन की, और रस-ग्रहण ही अपरिसीमित क्षमता है। भाषा मूलत: मनुष्य का एक संस्कार है। भाषा मूलत: सामाजिक वस्तु है। अत: समाज उसका अनेक विधियों से उपयोग संभव होता है।

प्राचीन ऋग्वेद से लेकर वर्तमान सदी तक संस्कृत भाषा ने अत्यधिक समृद्धि प्राप्त की हैं। उपनिषदों, ब्राह्मण ग्रन्थों तथा दर्शन ग्रन्थों ने बहुत गहन आध्यात्मिक चिन्तन प्रस्तुत किया है जिसके कारण भाषा अत्यंत प्रगल्भ एवं समृद्धशाली बनी है। इसके साथ ही प्राकृतों तने तथा बौद्ध जैन आचार्यों ने भाषा को अधिक उच्चतम अभिव्यक्तियाँ प्रस्तुत की है। अत: कहा जा सकता है कि ईसवीं सन् 6000 वर्षों के निरन्तर वाड्मय ने भाषा को पूर्णत: शब्द सामर्थ्य प्रदान किया है।

इतना ही नहीं आचार्यों ने धर्म, दर्शन, व्याकरण, आयुर्वेद, आदि अनेक शास्त्रों को रचा है, जिनमें हिन्दी भाषा वैभव सम्पन्न हुई है, इसलिए वैश्वीकरण के रूप में हिन्दी भाषा पूर्णत: सभी प्रकार के व्यवहारों के लिए उपयुक्त हो चुकी है।

भारत एक बहुभाषी देश है। भारतीय जनगणना 1961 में मातृभाषा के रूप में भाषाओं की संख्या 1652 थी। भारतीय जनगणना 1981 में 107 मातृभाषाओं उल्लेख पाया जाता था। देश की लगभग 43 प्रतिशत जनता मातृभाषाओं के रूप मेंहिन्दी का प्रयोग करती है।

'दि केंब्रिज इन साइक्लो पीडिया ऑफ लैंग्वैजस्' में विश्व की प्रथम बीस भाषाओं में हिन्दी मातृभाषा के रूप में चौथा तथा जनसंख्या की दृष्टि से तीसरा स्थान दिया गया है।

आंकड़ों के अनुसार सन् 1961 में हिन्दी भाषा भाषियों का प्रति वर्ष 30.37 प्रतिशत था, जबकि सन् 1971 में 29.67 प्रतिशत था और सन् 1981 42.88 प्रतिशत था। भारत के बाहर भी हिन्दी भाषा जानने वाले लोगों की हिन्दी भाषी समाज के समवेत जनसंख्या 53 प्रतिशत थी।

हिन्दी भाषियों का 81.7 प्रतिशत गाँवों में निवास करता है और केवल 19.03 प्रतिशत हिन्दी भाषी लोग भारत के शहरों में निवास करते है। तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी की समानुपातिक स्थिति निम्नानुसार है- गुजराती 93.77 प्रतिशत उड़िया 90.45 प्रतिशत, मराठी 87.17 प्रतिशत, मलयालम 84.8 प्रतिशत, बंगाली 82.76 प्रतिशत, सिन्धी 69.81 प्रतिशत, असमिया 56.61 प्रतिशत, तेलगु 51.47 प्रतिशत, उर्दू 43.92 प्रतिशत, कन्नड़ 36.35 प्रतिशत, तमिल 19.57 प्रतिशत और कश्मीर 8.58 प्रतिशत।(उक्त आंकड़े 1981 की जनगणना के आधार पर दिये है)

इन सबसे स्पष्ट होता है कि हिन्दी भाषा के जानने वाले लोगों की निरन्तर अभिवृद्धि हो रही है, जिससे हिन्दी का अत्यधिक महत्व बढ़ गया है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. बेलर्ड- थॉट एण्ड लैंग्वेजस्
2. श्रीनाथ मुखर्जी-राष्ट्रभाषा की षिक्षा
3. डॉ. सुधांषु- सम्पर्क भाषा, हिन्दी
4. देवेन्द्र शर्मा- भाषा का लक्षण
5. ब्लूम फील्ड- Nature of Language
6. दण्डी- काव्यादर्श
7. डॉ. श्याम सुन्दर दास- भाषा और अभिव्यक्ति
8. मनु- मनु स्मृति

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# हिंदी साहित्य में महिला साहित्यकारों का योगदान

**कमला नरवरिया** *

* सहायक प्राध्यापक, एम .जे. एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिण्ड (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** हिंदी साहित्य में साहित्य लेखन की वृहद परंपरा रही है जो संस्कृत साहित्य से होकर हिंदी साहित्य में आई है। प्राचीन हिंदी साहित्य में नारी केंद्रित साहित्य तो खूब लिखा गया लेकिन स्त्रियों को लिखने का अवसर कम ही मिला ।लेखन की दृष्टि से हिंदी साहित्य को मुख्य रूप से चार भागों में बांटा जा सकता है। आदिकाल ,भक्तिकाल, रीतिकाल और आधुनिक काल।प्रत्येक काल में हिंदी साहित्य में महिला लेखिकाओ का योगदान कम या ज्यादा रहा है लेकिन उनकी भूमिका किसी न किसी रूप में उपस्थित अवश्य रही है।

आदिकाल का समय सिद्धो– सामंतों का समय था ।इस काल में कवियों को राजश्रय प्राप्त था तथा स्त्रियों की सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी , ऐसे विपरीत समय में महिला साहित्यकारों को फलने फूलने का अवसर ना मिला फलस्वरुप साहित्य के क्षेत्र में इनकी उपस्थिति नगण्य ही रही मगर भक्ति काल तक आते–आते हिंदी साहित्य के क्षेत्र में मीराबाई के रूप में उम्मीद की एक किरण नजर आई। भक्ति काल जो कि मुस्लिम शासकों का समय था आम जनता अपने दुखों से त्रस्त थी । ऐसे विपरीत समय में संत महात्माओं ने ईश्वर भक्ति मार्ग द्वारा आमजन को दुख व पीड़ा से मुक्ति का मार्ग दिखाया। इन संत महात्माओ ने आमजन की समझ मे आ सकनेवाली सरल व बोधगम्य भाषा में अपने ग्रंथों की रचना की ।इन संतो मे कुछ महिला संतो जिनमे सहजोबाई, दयाबाई, लल्लेश्वरी तथा बाबरी साहिबा आदि के नाम उल्लेखनीय है। जिन्होंने अपने लेखन से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। इस काल में मीराबाई महिला साहित्यकारों की प्रतिनिधि बनकर सामने आई।जिनके भक्तिपूर्ण पद आमजन मे खूब लोकप्रिय हुए।

रीतिकाल का समय दरबारी कवियों का समय था इस काल में दरबारी कवियों ने अपने आश्रय दाताओं को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रशस्ति गान करने के साथ–साथ नायिका के भेद तथा उनके नख –शिख का वर्णन अश्लीलता की हद तक किया तथा महिला साहित्यकारों को कोई बढ़ावा नहीं दिया गया। अत: शेख रंगरेजिन और सुजान जैसे छुटपुट नामों के अतिरिक्त कोई बड़ा नाम सामने नहीं आया।

अत: इस काल में महिला लेखिकाओ का लिखने का अनुकूल माहौल नही मिला, फलस्वरूप साहित्य में उनकी सक्रिय भूमिका अधिक नही रही।

आधुनिक काल में राजेंद्र बाला घोष (बंग महिला) से महिला लेखन की शुरुआत हुई जो महादेवी वर्मा से होती है हुई अभी तक जारी है ।आजादी की लड़ाई के समय जो स्वर साहित्य में उभरा उसमें देशकालिक परिस्थितियां और देश प्रेम की अभिव्यक्ति स्पष्ट लक्षित होती है सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा ,सरोजनी नायडू,उषादेवी मित्रा आदि कई लेखिकाओ ने अपने समय को अभिव्यक्ति दी और उनके सशक्त लेखन का योगदान हिंदी साहित्य को प्राप्त हुआ ।[1]

साहित्य हो या समाज स्त्री को अपने हिस्से का उचित सम्मान कभी नहीं मिला वह दोनों ही जगह अपने हक अधिकारों से वंचित और उपेक्षित रही। प्राचीन समय में उसके लिखे साहित्य को कमतर वह महत्वहीन आंका गया।फलस्वरूप महिला लेखिकाओं के नाम कोई विशेष उपलब्धि हासिल नही हो सकी। मूलभूत अधिकारों से वंचित होने के बावजूद जब भी स्त्री को अवसर मिला उसने अपने को साबित किया चाहे वह लेखन क्षेत्र हो या जीवन का कोई अन्य क्षेत्र।भक्ति काल में मीराबाई के लोकप्रिय पद इस बात के सबूत हैं कि स्त्री में बौद्धिक चेतना की कमी नहीं है।यदि उसे उचित अवसर दिया जाए तो वह अपनी प्रतिभा दिखाने से नही चूकती है।इसका श्रेष्ठ उदाहरण मीराबाई, महादेवी वर्मा जैसी विदुषियां है जिन्होंने हिंदी साहित्य में एक अलग पहचान बनाई।आधुनिक काल में छायावाद के कवि चतुष्टय में महादेवी वर्मा जी किसी परिचय की मोहताज नहीं है फिर भी साहित्य में एक लंबे अरसे तक महिला साहित्यकारों की कमी खलती रही ।

स्वतंत्र्योत्तर भारत में जिन महिला लेखकों ने अपने साहित्य के माध्यम से हमारा धयान आकर्षित किया है वे है मैत्रेयी पुष्पा, प्रभा खेतान और अलका सरावगी। प्रभा खेतान ने एकदम भिन्न पृष्ठभूमि परिवेश और संस्कृतियों में नारी नियति का चित्रण किया है। स्त्री दमन व शोषण के विरोध में उनके नारी पात्र विद्रोह की भावना से भरे रहते हैं। प्रभा खेतान का मानना है कि स्त्री मुक्ति का मार्ग स्त्री के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में छिपा है। जिससे वह समाज में एक सम्मानजनक जीवन जी सके। मैत्रेयी पुष्पा जी ने स्त्री अधिकारों के लिए अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने स्त्रियों की दयनीय स्थिति को अपने कथा साहित्य के माध्यम से उजागर किया।आपने बुंदेलखंड और ब्रज क्षेत्र के अहीरों, जाटों और कबूतरा जाति का यथार्थ आंचलिक जीवन चित्रित करते हुए इनके समाजों में स्त्री पर होने वाले अत्याचारों का प्रमाणिक और मार्मिक चित्रण किया है इन समाजों की अधिकांश स्त्रियां इन अत्याचारों को चुपचाप सहन करती हैं किंतु उनमें से कुछ ऐसी भी निकलती हैं जो इन अत्याचारों का विरोध करती हैं और अत्याचारों से जूझती है ।[2] इसी तरह की विषयवस्तु पर आधारित आपका एक अन्य उपन्यास है इदन्नमम । इदन्नमम की मंदाकिनी स्त्रियों के लिए निर्मित पारिवारिक व सामाजिक बंधनों को तोड़ती है और अत्याचारों के विरुद्ध तन कर खड़ी हो जाती है।'चाक' की सारंग ,'झूला नट' की शीलो ,'अल्मा कबूतरी' की अल्मा आज भी विद्रोही और जुझारू स्त्री पात्र हैं। संभवत: काम संबंधों का मुक्त चित्रण भी इनके उपन्यासों में इसी विद्रोह भाव को व्यक्त करने के लिए किया गया है जो

लेखिका की साहसिकता (बोल्डनेस) का परिचायक है।[3]

अलका सरावगी ने अपने पहले ही उपन्यास कलिकथा: बाया बाईपास से हिंदी साहित्य जगत में अपना एक अलग स्थान बनाया है ।इस उपन्यास का कथाशिल्प व वस्तु विधान ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कलिकथा: बाया बाईपास में यथार्थ और फंतासी का मिश्रण करके एक मारवाड़ी परिवार की पांच पीढ़ियों की कथा कह दी है जिसमें प्लासी के युद्ध से लेकर बाबरी मस्जिद के ध्वंस तक की कथा समाहित है। इस उपन्यास में वस्तु के अनेक स्तर विधमान हैं ।जिनमें से एक स्तर मारवाड़ी समाज में स्त्रियों की घुटन भरी विवश अंधोरी जिंदगी का है जिसका केंद्र किशोर बाबू की विधवा भाभी है।[4] इसी तरह से आपका एक अन्य उपन्यास 'शेष कादंबरी' है जिसमें रूबी जी की स्मृतियों ,सपनों कादंबरी से फोन पर की गई बातचीत, उसके पत्रों, रपटो आदि के माध्यम से कही गई।[5] वस्तुत: शेष कादंबरी की कथा का केंद्र नारी उत्पीड़न है इसमें नारी उत्पीड़न के विभिन्न स्त्री पात्रों को कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया हैं। अलका सरावगी के उपन्यासों की प्रमुख विशेषता यह है कि वह नारी व्यथा का सफल चित्रण करने में पूर्णत: सफल रही हैं। स्त्री चाहे किसी भी देश या धर्म की हो सर्वत्र शोषित और पीड़ित है। स्त्री की इसी पीड़ा को हिंदू और मुस्लिम महिला साहित्यकारों ने अपने साहित्य में प्रस्तुत किया है ।मुस्लिम कथाकार मेहरून्निसा परवेज जिन्होंने मुस्लिम व ईसाई समाज को अत्यंत करीब से देखा है इन समाजों की स्त्रियों का दुख दर्द और वेदना इनके साहित्य में प्रतिबिंबित होता है इन महिला कथाकार ने केवल सामाजिक सरोकारों से संबंधित साहित्य ही नहीं लिखा वरन राजनैतिक चेतना से संबंधित साहित्य भी रचा। इस संदर्भ में नासिरा शर्मा जी का नाम उल्लेखनीय है।उनके उपन्यासों में वस्तुगत विविधाता है। यदि वे अपने पहले उपन्यास 'सात नदिया एक समंदर' में ईरानी जनता के रजाशाह पहलवी के विरुद्ध विद्रोह, उसके शासन से मुक्ति, अयातुल्लाह खुमैनी के शासन की स्थापना फिर तानाशाही शासन से जनता के मुक्त न हो पाने और तानाशाही के अत्याचारों को सहने के लिए विवशता का चित्रण करती है तो अपने दूसरे उपन्यास 'शाल्मली' में हिंदू समाज में विषम दांपत्य जीवन में यातना भोगती स्त्री का चित्र उपस्थित करती है।[6] इन महिला कथाकारों चाहे मैत्रेयी पुष्पा हो या प्रभा खेतान या नासिरा शर्मा सभी के साहित्य में महिलाओ की वेदना उनकी पीड़ा का सजीव चित्रण मिलता है इसका प्रमुख कारण यह है एक महिला कथाकार होने की वजह से वह महिलाओं की समस्याओ को भलीभांति समझती है। जो उन्हें पुरुष लेखकों की तुलना में अधिक संवेदनशील बनाता है यही वजह है उनके लेखन में कृत्रिमता न होकर स्वाभाविकता पाई जाती है ।

स्त्री जीवन की समस्याओं की सामान्य भूमि स्पर्श करते हुए भी प्रत्येक उपन्यास लेखिका का अपना विशिष्ट अनुभव संसार है । जिसे उसने अपनी कृतियों में अभिव्यक्त किया है ।मंजुल भगत ने मध्यम वर्गीय परिवारों में चौका बर्तन करनेवाली या इसी प्रकार के अन्य छोटे-मोटे काम करके अपनी जीविका कमाने वाली स्त्रियों को अपनी सहानुभूति का पात्र बनाया है इस दृष्टि से अनारो (1977) उनका प्रतिनिधि उपन्यास है ।[7] वही मंजुल भगत के उलट मृणाल पांडे जी के उपन्यास स्त्री केंद्रित न होकर समाज के उन नकारात्मक सामाजिक विसंगतियों को प्रस्तुत करते हैं जो आम आदमी के शोषित होने के कारण हैं।

हिंदी साहित्य में कई लेखिकाओं ने आंचलिकता से भरपूर साहित्य रचा है। इनमें मृणाल पांडे ऋता शुक्ल और चंद्रकांता का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। चंद्रकांता के उपन्यासों में कश्मीर तथा कश्मीरियत की आंचलिकता को अपने में समेटे वहां की सभ्यता और संस्कृति का चित्रण मिलता है जबकि ऋता शुक्ल के उपन्यासों में हमें बिहार के विशिष्ट आंचलिक जीवन के चित्र मिलते हैं। वही मृणाल पांडे का उपन्यास 'पटरंग पुराण' आंचलिक जीवन यथार्थ को प्रस्तुत करता है। अत: स्पष्ट है कि महिला साहित्यकारों ने सामाजिक आर्थिक राजनीतिक व आंचलिकता जैसे विषयों पर खूब लिखा ।

स्वतंत्रता के पश्चात नारी लेखन में नारी मुक्ति के स्वर प्रमुखता से उभरे है। महिला साहित्यकारों ने अपने लेखन से नारी की पारंपरिक छवि को तोड़कर एक नई स्त्री की छवि गढ़ी। कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा और प्रभा खेतान, ममता कालिया, सुनीता जैन, कुसुम अंशल इत्यादि का लेखन इसका उदाहरण है ।कृष्णा सोबती की 'मित्रों मरजानी' की मित्रो, मैत्रेयी पुष्पा की 'चाक' की सारंग स्त्रियों के मुक्ति का मार्ग दिखाती है । स्त्री मुक्ति की दिशा में प्रभा खेतान की अनूदित पुस्तक 'स्त्री उपेक्षिता' इस संदर्भ में मील का पत्थर साबित होती है उनकी यह पुस्तक ,हमें स्त्री विमर्श पर विविध आयाम प्रस्तुत करती है और हमें स्त्री मुक्ति के लिए सोचने पर विवश करती है।इन महिला साहित्यकारों ने अपने रचे पात्रों के माध्यम से एक नए स्त्री विमर्श को जन्म दिया।

समाज के बदलते हुए परिवेश में स्त्री – पुरुष समानता पारिवारिक तथा सामाजिक मूल्यों में बदलाव के साथ वैयक्तिक चेतना ने महिला लेखन को एक नई दिशा प्रदान की अमृता प्रीतम ,मन्नू भंडारी , ममता कालिया, निरूपमा सेवती, मेहरुन्निसा परवेज, चंद्रकिरण सोनरिक्शा, शशि- प्रभा शास्त्री, सुधा अरोड़ा, चंद्रकांता, चित्रा मुदगल आदि के लेखन ने नारी मूल्यों को एक नया स्वर दिया है ।जिनमे प्रेम ,यौन शुचिता, विवाह, परिवार, बच्चे तथा आर्थिक रुप से सक्षम बनना, अपने फैसले स्वयं लेने की स्वतंत्रता इत्यादि से संबंधित समस्याओं का यथार्थ चित्रण अपने साहित्य मे किया है।जिसमें आधुनिकता व परंपरा के अंर्तद्वंद के बीच पिसती स्त्री के मनोदशा का अंकन मिलता है।

नई पीढ़ी की महिला कथाकारों में मनीषा कुलश्रेष्ठ, दिव्या विजय, अनु सिंह चौधारी, योगिता यादव, गीताश्री, रजनी मोरवाल ,अंजू शर्मा इत्यादि साहित्य लेखन में सक्रिय महिला कथाकारों ने अपने कथा लेखन से हिंदी साहित्य को एक नई दिशा प्रदान की है। इस नई पीढ़ी की महिला कथाकारो ने धीरे-धीरे सामाजिक पारिवारिक मूल्यों के बीच पिसते नारी अस्तित्व ने नए मूल्य तलाशने आरंभ कर दिए । दांपत्य जीवन के बदलते संबंध- संदर्भ पारिवारिक मूल्यों व मान्यताओं में बदलाव, वैयक्तिक चेतना, परिवेश के प्रति सजगता तथा अपने पर हो रहे अन्याय का प्रतिरोध, विवाहेतर संबंधों का स्वीकार नीति-अनीति और फिर समय बीतने के साथ-साथ पुरुषों के साथ कंधो से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्यरत महिला की भूमिका, घर और बाहर के वह दोहरे बोझ से उत्पन्न द्वंद-दुविधा और संघर्ष इन सब तत्वो ने समकालीन स्त्री कथा साहित्य के नए यथार्थ को देखा, समझा और उसे लेखन में ज्यों का त्यों उतारा।[8]

अत: हम कह सकते हैं कि वर्तमान पीढ़ी की महिला साहित्यकारों ने हिंदी साहित्य को अपने लेखन से एक नई दिशा की ओर अग्रसर किया है और आगे भी करती रहेंगी। जिससे निश्चित ही हिंदी साहित्य का बहुआयामी विकास संभव होगा । दुनिया के सभी क्षेत्रों में अपना परचम फहराने वाली महिलाएं साहित्य के क्षेत्र में भी अच्छा लेखन कार्य कर रही है ।और हिंदी

साहित्य के क्षेत्र उनके अमूल्य योगदान की उपेक्षा नही की जा सकती है।इन लेखिकाओं ने हिंदी साहित्य को एक नई पहचान दी है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. उमा अर्पिता, गधाकोश
2. डॉ नगेंद्र, हिंदी साहित्य का इतिहास पृ.724
3. वही,पृ.724
4. वही पृ.724
5. वही ,पृ.724
6. सं.डॉ. नगेंद्र ,हिंदी साहित्य का इतिहास पृ.722
7. वही पृ.724
8. उमा अर्पिता, गधाकोश

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# जनजातियों में प्रचलित शिकार की प्राचीन विधियाँ

**डॉ. संगीता धुर्वे (मरावी) ***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) नवीन महाविद्यालय, बाडी, जिला रायसेन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आदिकाल के मनुष्य ने जब पहली कुल्हाडी और धनुष बनाया था तो वह अर्थशास्त्र नहीं था, वह केवल हम कह सकते है तकनोलॉजी थी। वे लोग पत्थर या लकड़ी से आग बना लेते थे। चूंकि प्राचीन काल के आदिवासी प्रकृति की गोद में बसते आये हैं। ये पहाडों, जंगलों, दुर्गम स्थानों में बसते गए। जहां कोई आज के सभ्य कहे जाने वाले लोग नहीं रह सकते। ये प्रकृति से जुड़े होते हैं। प्रकृति के सहारे ही जीवन यापन करते है। इसलिये आदिवासियों को प्रकृति पुत्र या बनवासी कहा गया है। प्रकृति के संरक्षण में ही उनका पूरा जीवन गुजरता आया है। समय परिवर्तनशील है। परिवर्तन के साथ मनुष्य के विचार भी बदलते रहे। क्रमश: आगे बढ़ते गए। परम्परागत समाज से आखेट युग में प्रवेश किये। स्वामाविक है कि मनुष्य कुछ सोच विचार कर अपनी बुद्धि या दिमाग से अपने लिये कुछ करने को कोशिश की। ताकि अपना जीवन को और अच्छा बना सकें। रोजी-रोटी की तलाश में अन्न के साथ-साथ शिकार करने की इच्छा जागृत हुई होगी। शिकारी युग में या यों कहें आखेट युग में जंगली जानवरों या पक्षियों को मारने के लिये कुछ औजार या उपकरण बनाने पर विचार किया होगा। कि किस प्रकार जंगली जानवरों और जंगली पक्षियों को पकड़ सकें और उनका शिकार कर सकें। शिकार के लिये परम्परागत से तरीको या उपायों का प्रयोग किया जिसमें धनुष-बाण, कुल्हाड़ी, भाला, बन्दूक, तीन कमान फरसा, तलवार, आदि उनके अस्त्र थे जिनका प्रयोग आज भी होता है।

भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के ये लोग विभिन्न तरीकों या विधियों का इस्तेमाल करते है। जिनका वर्णन इस प्रकार है –

(1) **फन्दा** – फन्दा मजबूत रस्सी का होता है। फंदे से ही खरगोश का शिकार किया जाता है। पक्षियों का शिकार भी फन्दे के सहारे से की जाती है। शिकार के लिये कोई निश्चित दिन तय किया जाता है। शिकार के लिये अनुष्ठान किया जाता है कि किस क्षेत्र में शिकार के लिये जाया जाय। दिशा का भी अनुमान लगा लेते है। तब उसी दिन शिकार करने के लिये निकलते है। जिन जंगली जानवरों का शिकार किया जाता है उनमें गोडरी जंगली सुआर, सांभर, हिरन, घुटरी, खरगोश आदि।

(2) **मचान बांधना** – जहॉ पानी का झरना या स्त्रोत रहता है वहां मचान बनाया जाता है। जंगली जानवर शाम ढलते ही पानी पीने के लिये आते है। साहसी शिकारी बन्दूक लिये ऊपर बैठे रहते है जैसे ही कोई भी जानवर आता है बन्दूक की गोली से मार देते है। यह कार्य बहुत साहस की है, शेर जैसे का शिकार करना कठिन है। मचान 10 फुट से 15 फुट की उंचाई पर बनाते है।

(3) **जॉल बांधना** – गोंड़-बैगा जाति के लोग जंगली जानवरों के शिकार के लिये अपने पुराने उपाय जॉल बॉधकर जानवरों को फंसाते है। जंगल-पहाडों में जानवर जैसे खरगोश, हिरन-सांभर जिस दिशा में भागते है। उसी दिशा में जॉल बांधा जाता है और जानवर फंस जाते है। यह आसान तरीका है। मजबूत और बरीक धागों का जॉल संभावित दिशा में बिछा दिया जाता है। कहीं-कहीं खम्भा गाड़कर सीधे बॉध देते है। जंगली जानवर घूमते-घूमते उस जॉल में फस जाता है।

(4) **तीर-कमान** – गोंड़ बैगा जनजाति तीर कमान से भी शिकार करते है। प्राचीन काल से इस पद्धति का प्रयोग करते आये है। रामायण और महाभारत युद्ध में तीर कमान देखा जा सकता है। जनजाति के लोग विलक्षण तीरंदाज होते है। शिकार के लिये विशेष तकनीक से बनाये गये तीर नुकीले तथा चौडे फलक वाले होते है। जो लगने के बाद आसानी से जानवरों के शरीर के बाहर नहीं निकलते।

गोंडवंश की महारानी दुर्गावती एक निपुण शिकारी होने तीर कमान से शेर का शिकार करने वाली वीरांगना अपनी प्रजा के लिये कितनी समर्पित थी। म.प्र. के राजे-महाराजे सभी तीर कमान और बन्दूक से शिकार करते थे।

(5) **सामान्य हॉक** – हांके में जानवरों को उस ओर हांकते हैं जहां शिकारी पूर्व नियोजित तैयारी के साथ बैठे रहते है। जैसे ही जानवर नजदीक आये और बन्दूक से गोली चलाकर शिकार कर लेते है।

(हांका) – यह सामूहिक शिकार करने की पद्धति है। हांके में फन्दों की तरफ जानवर भगाते हैं और उस फन्दें में जानवर फंस जाते है। सामूहिक फंदे में शेर चीतल, सांभर भी फंस जाते है। शिकार करने का सरल साधन फन्दा है।

(6) **भाले से शिकार करना** – घर का पालत कुत्ता जानवरों के पीछे करते है। जानवरों के पीछे-पीछे कुत्ता दौड़ता जाता है और जानवर मांगते-मांगते थक जाता है तो खड़ा होकर आराम करते समय कुत्ता घेर लेता है। तब तक शिकारी आकर माले से शिकार कर लेता है।

(7) **गोफना** – यह शिकार करने की एक पद्धति है। तीन रस्सियों के सहयोग से बनाया जाने वाला अस्त्र है। जिसमें सांके की शक्ल में बीच में तीनों रस्सियों को बॉधकर उसमें पत्थर रखकर घुमाकर जोरों से निशाने पर फैंका जाता है जो खेत की चिड़ियों को उड़ाने लेकर उनके शिकार के लिये उपयोग किया जाता है।

(8) **वाटर होल पनवा लगाना** – जंगलों में कुछ स्थान ऐसे हैं जहां गर्मियों के दिनों में पानी सूखता नहीं है। जिसे झिरिया कहते है। यहां पर शिकारी छिपकर ताक लगाये बैठे रहते है। जैसे ही प्यास बुझाने जानवर झिरिया के

पास आया शिकारी अपने अस्त्र से शिकार कर लेता है।

(9) **कटन** – जंगलों में कुछ स्थान ऐसे होते हैं जहां प्राय: अधिकांश जानवर चारागाह के उस स्थान से होकर निकलते हैं। रास्ते में शिकारी बैठ कर आने वाले जानवरों की राह देखता है जैसे ही जानवर आया अपने बन्दूक से शिकार कर लेता है।

(10) **कुसियारी** – यह प्राचीनतम शिकार की पद्धति है जिसमें दिन के समय सोते या छुपे हुये खरगोश को धोके से मारा जाता है। इस पद्धति में एक व्यक्ति एक लम्बे बांस में रंगीन कपड़ा लपेटकर बैठे हुये खरगोश के पास से जोरों से हिलाते हुये निकलता है। छुपा हुआ खरगोश लगातार उसे देखता रहता है और पीछे से आकर दूसरा व्यक्ति उसे डंडे से मार देता है।

(11) बस्तर के दण्डायी माड़िया लोगों में शिकार की एक पुराना पद्धति है वह यह है अक्कुम नामक पीपल का एक झाड़ होता है। इस अक्कुम नामक पीपल का बाजा अथवा गाय–भैंस के सींग से फूंकते हैं जिससे आवाज निकलती है इस आवाज के सहारे कई तरह से जानवरों को घेरा जाता है और जानवरों को उस दिशा की ओर खदेड़ा जाता है जिस तरफ तीर धनुष और अन्य हथियार लेकर आदिवासी छिपे बैठे रहते है। जैसे ही जानवर उस तरफ से गुजरते है, उस पर एक साथ तीरों की बौछार की जाती है। घायल अवस्था में जानवरों का पीछा थोड़ी दूर करना पड़ता है और फरसेनुमा लोहे के हथियार से घायल जानवर को मार दिया जाता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. मध्यप्रदेश जीवन और विकास 25 जून 1989
2. चौमाठा –जुलाई नवम्बर 1984
3. दैनिक भास्कर जून 2007 (डॉ. प्रसन्न कुमार दुबे का लेख)
4. भारत के आदिवासी – पृष्ठ 446–47 लेखक पी.आर नायडू

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारत में सामाजिक न्याय के निर्वचनकर्ता के रूप में मानव जीवन के विकासात्मक पहलुओं पर सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका

**असीम कुमार शर्मा** *

* LL.M., Ph.D. 6/27-F, जवाहर नगर नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** सामाजिक न्याय किसी भी लोक कल्याणकारी राज्य की बुनियादी अवधारणा है। लोक कल्याणकारी राज्य की संकल्पना में ही सामाजिक न्याय अंतर्निहित है। भारत का संविधान भारत गणराज्य को एक लोककल्याणकारी राज्य के रूप में स्थापित करता है। भारतीय संविधान की उद्देशिका भारत को एक समाजवादी राज्य बनाने और भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय उपलब्ध कराने तथा प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्रदान करने की बात कहती है। संविधान के भाग 4 राज्य के नीति–निदेशक तत्वों में स्पष्टत: सामाजिक अधिकारों की उद्घोषणा करता है। संविधान के अन्य कई प्रावधान भी सामाजिक न्याय की बात विविध रूपों में कहते हैं, जिनमें मूल अधिकार भाग तीन व्यक्ति के अधिकारों को प्रतिष्ठित कर सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय के तत्व उपलब्ध कराते हैं। जैसे अवसर की समानता, वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारबार करने की स्वतंत्रता, अस्पृश्यता का अन्त, मानव के दुर्व्यवहार और बलात् श्रम का प्रतिबंध, कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध ऐसे उपबंध हैं जो सामाजिक न्याय को व्यक्तिगत अधिकारों में राजनैतिक न्याय व आर्थिक न्याय के रूप में उपलब्ध कराते हैं। समाजवादी समाज की स्थापना आर्थिक न्याय की अवधारणा को पुष्ट करती है। संविधान का भाग 16 कुछ जनवर्गों के संबंध में विशेष उपबंध की बात कहता है। सर्वोच्च न्यायालय संवैधानिक न्यायालय है एवं न्यायालयों के सौपानक्रम में सर्वोच्च है। अत: सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सामाजिक न्याय के संबंध में न्यायिक निर्वचन एवं भूमिका का अध्ययन करना इस शोध पत्र का उद्देश्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने भाग–तीन में प्रत्याभूत मूल अधिकारों एवं भाग चार में उल्लेखित राज्य नीति के निदेशक तत्वों का सामंजस्यपूर्ण निर्वचन कर सामाजिक न्याय को विशेष बल दिया है।

**प्रस्तावना –** संविधान एवं संविधानवाद के अध्ययन में एक सिद्धान्त जिसने विश्व में समस्त संविधानों में अपनी छाप पुरज़ोर तरीके से छोडी है, वह है शक्ति पृथक्करण का सिद्धान्त, जिसे माण्टेस्क्यू ने अपनी किताब "Spirit of laws" में उल्लेखित व प्रतिपादित किया था। यह सिद्धान्त व्यवहारिक शासन पद्धतियों में 'नियन्त्रण व संतुलन' का सिद्धान्त बनकर प्रस्तुत हुआ। भारत के संविधान में भी शासन के दोनो अंगों पर मूल अधिकारों व राज्य के नीति निदेशक तत्वों को लागू करने पर बल दिया है जो कि व्यक्तिगत अधिकारों एवं सामाजिक अधिकारों के रूप में उल्लेखनीय है। संविधान में सामाजिक न्याय की प्रबल आवाज संविधान की उद्देशिका एवं राज्य के नीति निदेशक तत्वों में स्पष्टत: दिखाई देती है। संविधान कहता है विधान मण्डल कानूनों को बनाएगा और कार्यपालिका उन्हे लागू करेगी। विधान मण्डल द्वारा कानूनों को बनाते हुए राज्य की नीति निदेशक तत्वों को अधिनियमित करना विधानमण्डल अर्थात संसद एवं राज्य विधानमण्डलों का कर्तव्य है तथा इन कानूनों का क्रियान्वयन सरकार, अर्थात संघ एवं राज्य सरकार अर्थात सम्पूर्ण कार्यपालिका का कार्य है। इन दोनो अंगों पर इस कार्य का उत्तरदायित्व संविधान द्वारा सौंपा गया है और विधान मण्डलों द्वारा अधिनियमित कानूनों का निर्वचन करना न्यायालय का कार्य है अर्थात सम्पूर्ण न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायालय से लेकर अधीनस्थ न्यायालय तक।

**समाजशास्त्रीय विधिशास्त्र के साथ न्यायिक क्रियात्मकता –** सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक निर्वचन के माध्यम से विधियों का एवं विधियों की अनुपस्थिति की दशा में मार्गदर्शक सिद्धान्तों को विहित कर सदैव सामाजिक न्याय की न्यायिक माँग को पूरा किया है। उपभोक्ता शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र बनाम भारत संघम के अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना तथा अनुच्छेद 38 सर्वोच्च विधि है, जिसमें विधि द्वारा सामाजिक बदलावों का लक्ष्य है कि मानव जीवन को गरिमापूर्ण बनाया जा सके तथा सामाजिक न्याय ऐसा माध्यम है जो निर्धनों, वंचितों, शोषितों व साधनहीनों को विशेष संरक्षण प्रदान करें। इंदिरा साहनी बनाम भारत संघम के अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान को सामाजिक परिवर्तनों की अपेक्षाओं के अनुरूप निर्वचित किए जाने पर बल दिया है। सार्वजनिक हित के मामलों को अनुच्छेद 32 व उच्च न्यायालयों द्वारा अनुच्छेद 226 के अंतर्गत सुनवाई का अधिकार देकर लोकहित दावों के माध्यम से न्यायिक दृष्टिकोण सदैव सामाजिक न्याय की स्थापना में सहायक रहा है।

विशाखा बनाम राजस्थान राज्यम का निर्णय श्रमिक महिलाओं के कार्यस्थलों पर यौन शोषण को रोकने के लिये इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि यह विधान मण्डल द्वारा विधि न होने की स्थिति में न्यायालय द्वारा निर्देश किया गया था। यह निर्णय विधायी विधि की अनुपस्थिति में न्यायिक विधि के रूप में था जो कि न्यायालय का सराहनीय प्रयास है।

**भारत का संविधान और सामाजिक न्याय –** सामाजिक न्याय भारतीय संविधान की नींव है। मध्य बीसवीं सदी में निर्मित होने वाले इस संविधान के निर्माता न्याय के विभिन्न सिद्धान्तों के प्रयोगों व कमियों से पूरी तरह अवगत थे। वे न्याय के ऐसे प्रारूप की खोज में थे जो समग्र क्रान्ति की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें। पण्डित नेहरू ने संविधान सभा के समक्ष बोलते हुए कहा था

– 'इस संविधान सभा का प्रथम कार्य यह है कि एक नवीन संविधान द्वारा भारत को स्वाधीनता दिलाई जाये, जिससे कि भूख से बिलख रही जनता को भरपेट रोटी मिल सकें तथा नग्न लोगों को आवश्यक वस्त्र दिए जा सके तथा प्रत्येक भारतीय को इस बात का सर्वोत्तम अवसर दिया जाय कि वह अपनी हैसियत के अनुसार अपना विकास कर सकें।'[3] इस प्रकार सामाजिक न्याय को भारतीय संविधान में तात्विक स्थान मिला। भारत का संविधान न्याय की किसी एक पारम्परिक विचारधारा–समतामूलक, उपयोगितावादी, समझौतावादी या हकवादी से पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं है। संविधान की प्रतिबद्धता सामाजिक न्याय की प्रगतिशील अवधारणा से है और न्याय के विभिन्न नियम – गुणवत्ता, सद्व्यवहार, आवश्यकता, विकल्प आदि इसके सहायक अंग है। दरअसल संविधान की प्रतिबद्धता ऐसे सामाजिक न्याय से है जो भारतीय परिवेश में कल्याणकारी राज्य की अपेक्षाओं को सार्थक रूप में पूरा कर सकें। इसीलिए एक तरफ समता के मूल्य की बात की गई है, जो अरस्तु के समानों के साथ समान व्यवहार का उद्घोष करते हुए राज्य को निर्देशित करती है वह 'भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता और विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।'[4] जो वितरणात्मक न्याय है। दूसरी तरफ समाज के पिछड़े वर्गो, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गो के लिए विशेष उपबन्ध के माध्यम से संरक्षात्मक विभेदीकरण की बात कही गई है। जो सुधारात्मक या प्रतिकरात्मक न्याय का प्रतीक है।

'भारत का संविधान, जो कि देश की सर्वोच्च विधि है, दो उद्देश्यों पर आधारित है –

1. नई सामाजिक व्यवस्था का निर्माण जिसमें सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय हो, और
2. लोगों की स्वतन्त्रता की तानाशाही शक्तियों के आक्रमण से रक्षा करना। ये दोनों विचार संविधान की योजना में स्वर्णिम बिन्दुओं की तरह स्थापित है।

सामाजिक न्याय का दर्शन भारतीय संविधान की प्रस्तावना में स्पष्ट व सुन्दर शब्दों में है। ये चार प्रकार की संकल्पनाएँ प्रस्तुत करता है – न्याय, स्वतन्त्रता, समानता और सहिष्णुता – जो कि राष्ट्रीय उन्नति के मार्गदर्शक सिद्धान्त है। प्रस्तावना मात्र संविधान का आमुख नहीं है बल्कि संविधान के प्रावधानों में तात्विक रूप से सम्मिलित हैं।

सामाजिक न्याय की योजना संविधान के भाग–3, भाग–4 और भाग– 16 में सम्मिलित है। अत: सामाजिक न्याय की योजना को क्रियान्वयन करने के लिये भारतीय संविधान ने निम्न कदमों को उठाया है –

1. संविधान नई सामाजिक व्यवस्था बनाने के जिसमें सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय को स्थान मिले।
2. भारतीय संविधान कुछ मूलभूत अधिकारों की उद्घोषणा करता है व इन्हें न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय बनाता है।
3. संविधान राज्यों को आवश्यक उन्नति व विकास के लिये सामाजिक व आर्थिक अधिकार प्रदान करने का निर्देश देता है।

उक्त मूलभूत अधिकार तथा कानूनी अधिकार सामाजिक नियन्त्रण के न्यायपूर्ण कानूनों से सामाजिक न्याय के लिये इस प्रकार अन्तर्सम्बन्धित हैं।

**जीवन के कई महत्वपूर्ण अधिकारों को प्रदान करने में न्यायिक भूमिका** – न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णयों में सामाजिक न्याय से जुडे बुनियादी अधिकारों को जनहित में निर्वचित किया है। पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघम के निर्णय में एशियाड खेलों में बनने वाले निर्माणों पर काम में लगे हुए मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी के भुगतान न करने को प्राण के अधिकार के अंतर्गत जीविकोपार्जन के अधिकार का अतिलंघन माना और ठेकेदारों को न्यूनतम मजदूरी भुगतान करने का आदेश दिया। डी.के. यादव बनाम जे.एम.आई. इण्डस्ट्रीजम के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि प्राइवेट नियोक्ता द्वारा किसी कर्मकार को प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों को पालन किये बिना नौकरी से हटाना अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मानव गरिमा से जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन है। ऑल इंडिया इमाम संगठन बनाम भारत संघम के निर्णय में न्यायालय ने कहा कि मस्जिदों के इमामों को भी पारिश्रमिक पाने का अधिकार है ताकि वे अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्राण के जीविकोपार्जन करने के अधिकार का प्रयोग कर सकें। जॉली जार्ज वर्गीज बनाम कोचीन बैंकम के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक धनहीन किन्तु ईमानदार ऋणी को ऋण न चुका पाने की दशा में गिरफ्तार कर निरोध में रखना अनुच्छेद 21 का व सिविल एवं राजनैतिक अधिकार अभिसमय के अनुच्छेद II का उल्लंघन है। सी.ई.एस.सी. लिमिटेड बनाम सुभाषचन्द्र बोसम के निर्णय में न्यायालय ने कहा है कि 'सामाजिक न्याय का अधिकार' एक मूल अधिकार है। कर्मकारों का स्वास्थ्य 'प्राण के अधिकार' के अंतर्गत आता है, जिसकी रक्षा होनी चाहिये। विक्रमदेवसिंह तोमर बनाम बिहार राज्यम के निर्णय में जनहित याचिका पर नारी निकेतन, पटना' में रहने वाली दयनीय एवं अमानवीय स्थितियों में जीवन जी रही महिलाओं को उचित रहवासी सुविधा को उपलब्ध कराने का न्यायालय निर्देश दिया है।

आर.डी. उपाध्याय बनाम आंध्रप्रदेश राज्यम के निर्णय में देशके विभिन्न कारावासों में बन्द महिला कैदियों के साथ रहने वाले बच्चों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया और कहा कि अनुच्छेद 21, 23, 39(C), 39(F) और 21-A के अन्तर्गत बच्चों को भोजन, चिकित्सा सहायता, कपडे, शिक्षा और मनोरंजन की सुविधायें मिलनी चाहिये। मोहिनी जैन बनाम कर्नाटक राज्यम के अपने निर्णय में शिक्षा पाने के अधिकार को मूल अधिकारों में माना और अनुच्छेद 21 का तत्व माना है। नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइण्ड बनाम संघ लोक सेवा आयोगम के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शारीरिक रूप से विकलांग प्रतिभागियों को भी प्रशासनिक सेवाओं में प्रतिस्पर्धा करने का पूरा हक है तथा सरकार की जिम्मेदारी है कि इसके लिए उन्हे ब्रेल लिपि लेखक या सहायक मुहैया करवायें। विकलांग विद्यार्थियों को भी सामाजिक जीवन में भागीदारी का पूरा अधिकार है।

पी.यू.सी.एन. बनाम भारत संघम के अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने खाद्य सामग्री खरीद पाने में असमर्थ लोगों को राज्य द्वारा भोजन सामग्री प्रदान किये जाने की बात कही। न्यायालय में बच्चों, बुजुर्गों, सगर्भा महिलाओं, निराश्रित महिला–पुरूषों, दुग्धपान कराने वाली महिलाओं आदि को राज्य के गोदामों से अनाज एवं खाद्य सामग्री प्रदान किए जाने को अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मूल अधिकार माना है। सुभाषकुमार बनाम बिहार राज्य के अपने निर्णय में प्रदूषण मुक्त जलवायु के उपभोग को भी अनुच्छेद 21 में उपबंधित 'प्राण के अधिकार' का आवश्यक तत्व माना है।

विशाखा बनाम राजस्थान राज्यम के महत्वपूर्ण फैसले में श्रमजीवी महिलाओं के विरूद्ध काम करने के स्थलों में होने वाले यौन शोषण को रोकने हेतु कई सारे मार्गदर्शक सिद्धान्त विहित किए हैं। न्यायपालिका के

इस निर्णय ने विधान ने विधानमंडल को विधि निर्माण के लिये प्रोत्साहित किया।

**श्रमिकों के प्रति दृष्टिकोण एवं श्रम कानूनों में सामाजिक न्याय –** किसी भी राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण सरोकार उत्पादन के साधनों का जीवंत पक्ष श्रम व श्रमिकों की कुशलता व कल्याण से होता हैं। भारत में श्रमिकों को शोषण व अन्याय से बचाने के लिये एक समाजवादी समाज की स्थापना का लक्ष्य रखा गया हैं जो कि भारत के संविधान की उद्देशिका में समाजवादी शब्द के रूप में प्रयुक्त किया गया हैं। इस उद्देशिका के लक्ष्य को अन्य शब्द आर्थिक न्याय से और ज्यादा बल मिल जाता हैं। यद्यपि भारत के संविधान ने किसी विशेष आर्थिक नीति या पद्धति को मानने की बात नहीं की हैं, वरन् नीतियों का विषय संसद व कार्यपालिका पर छोड़ दिया हैं। लेकिन राज्य के नीति निदेशक तत्वों ने राज्य की आर्थिक नीतियों के लिये मार्गदर्शक सिद्धान्त विहित किए हैं। इनमें श्रमिकों के कल्याण का लक्ष्य भी हैं।

एक मामले में डॉ.पी.बी. गजेन्द्र गड़कर ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा सामाजिक न्याय संविदात्मक सम्बन्धों पर आधारित नहीं होता हैं, न ही उन्हें संविदा के नियमों के आधार पर लागू किया जा सकता हैं। सामाजिक न्याय का सिद्धान्त संविदा के नियमों के सिद्धान्त की परिधि से बाहर होता हैं।'[5] भारत में श्रम विधिशास्त्र पर संविदा की आत्यंतिक स्वतंत्रता के सिद्धान्त की शास्त्रीय संकल्पना को अस्वीकृत कर एक समाजवादी सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था को स्थापित करने पर जोर दिया गया हैं।

न्यायाधिपति पी एन भगवती ने बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज बम्बई बन्दरगाह बनाम दिलीप कुमार[6] के मामले में कहा हैं – न्याय केवल दिखाने मात्र के लिए प्रदान नहीं किया जाना चाहिये बल्कि उसे होता हुआ भी प्रतीत होना चाहिए।' औद्योगिक न्यायनिर्णयन के उपर्युक्त सिद्धान्तों को न्यायमूर्ति गजेन्द्र गड़कर ने स्पष्ट करते हुए कहा हैं, कि सामाजिक न्याय को एकपक्षीय दृष्टिकोण नहीं प्रदान करना चाहिए। सामाजिक न्याय का सिद्धान्त एक सुविधा का सिद्धान्त या अन्धा सिद्धान्त नहीं हैं बल्कि परिपक्वता तथा वास्तविकताओं को धारण किया हुआ सिद्धान्त हैं। इस प्रकार श्रम विधिशास्त्र एक आधुनिक अवधारणा को स्थापित करता हैं जिसके अन्तर्गत नियोजकों तथा कर्मकारों के पारस्परिक हितों में सामंजस्य स्थापित किया जाता हैं, जिससे यह प्रक्रिया दोनों पक्षकारों के लिए न्यायोचित तथा सम्मानजनक प्रतीत होती हैं। इससे पूंजी तथा श्रम में सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध स्थापित किए जा सकेंगे।

**लोकहितवाद और सामाजिक न्याय –** लोकहितवाद न्यायिक सक्रियता का एक आयाम है। 'यह उच्चतम न्यायालय की पत्रवाही अधिकारिता की एक प्रक्रिया है। उच्चतम न्यायालय ने लोक भावना वाले नागरिकों द्वारा की गई उन शिकायतों को ग्रहण किया है जो उन सुविधाहीन, अकिंचन, स्वत्वहीन एवं वंचित व्यक्तियों के अधिकारों अथवा व्यक्तियों के एक समूह के अधिकारों के अतिक्रमण के बारे में हैं जो अपनी दीनता अथवा आर्थिक सुविधाहीन दशा के कारण अपने तई न्यायालय में नहीं जा सकते हैं।'[7] भारत में जनहित याचिका सम्बन्धी अवधारणा का बीजारोपण सर्वप्रथम न्यायमूर्ति कृष्णाअय्यर ने किया है कि हमारे न्यायशास्त्र की विश्लेषणात्मक शाखा में जहाँ ग्रामीण गरीबों सामाजिक रूप से कमजोर लोगों के सम्बन्ध में अवधारणा मिलती है एवं इस सम्बन्ध में ऐसी कई कमियाँ हैं, जिनका सम्बन्ध प्रक्रियात्मक न्याय से है तथा जिसमें प्रतिनिध्यात्मक कार्यवाही द्वारा विधिक प्रक्रिया के भाव को विस्तृत कर सामान्य मनुष्य के लिए न्याय प्रदान करने की बात की जाती है। जनहित याचिका का विकास 'सुनवाई के अधिकार' 'लोकस स्टैण्डी' से हुआ है, जिसे हमारे सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य में किया गया है तथा जिसमें उदारवाद एवं व्यक्तिवाद की भावना को भी प्रश्रय मिला है, जो विशेष रूप से गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्ग के लिए है।'[8]

**पीपुल्स यूनियन डेमोक्रेटिक राईट्स बनाम भारत संघम** के निर्णय में न्यायाधिपति पी.एन. भगवती ने कहा है कि 'हम अपने आदेश के तहत् बलपूर्वक बताना चाहते है, कि जनहित मुकदमे, जो विधिक सहायता आन्दोलन की व्यूह रचना की शाखा है, जो गरीब जनता की पहुँच तक न्याय पहुँचाने के लिये आशयित है, जो मानवता के निम्न स्तर पर जीवन यापन करते हैं। परम्परागत दावे निश्चित रूप से प्रतिपक्ष की विशेषता लिये हुए हैं, इन दावों में दो विपरीत हित रखने वाले व्यक्ति होते है, एक दावा करता है और दूसरे के विरुद्ध अनुतोष की माँग करता है व दूसरा इस दावे का विरोध करता है या इस तरह के अनुतोष का प्रतिरोध करता है। लोकहित दावे, न्यायालय के सामने एक व्यक्ति के अधिकार को दूसरे व्यक्ति के विरुद्ध प्रभावी बनाने के लक्ष्य से नहीं होता जैसा कि सामान्य दावों में होता है, बल्कि यह लोकहित को प्रोत्साहित व रक्षित करने हेतु किया जाता है, जो यह माँग करता है कि अधिकांश व्यक्ति जो गरीबी, अज्ञानता या सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई दशाओं के शिकार है, उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बिना विचारण या प्रस्तुतीकरण के न रह जाएँ। यह विधि शासन के लिये अच्छा नहीं होगा, जो जनतान्त्रिक सरकार में लोकहित के लिये आवश्यक तत्व है।'

**जनहित वादों का सामाजिक न्याय में योगदान –** बंधुआ मजदूरों के कल्याण हेतु जनहित दावों ने काफी काम किया है। बंधुआ मुक्ति मोर्चा बनाम भारत संघम के निर्णय में न्यायालय ने बंधुआ श्रम को बलात् श्रम का एक रूप माना है, जिसको अनुच्छेद 23 द्वारा प्रतिषिद्धि किया गया है। न्यायालय ने बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिये राज्य को उत्तारदायी कहा है। कंज्यूमर एजुकेशनल एण्ड रिसर्च सेण्टर बनाम भारत संघ1 के निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने अवधारित किया कि एस्बेस्ट्स के कारखाने अथवा कम्पनियाँ कर्मकारों के स्वास्थ्य के खतरे के लिए जो कर्मकार की बीमारी का कारण है, मुआवजा देने के लिए दायी है।

गुजरात एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बनाम राठौड़ लाभू बेचार के निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने अवधारित किया कि 10 वर्ष से अधिक नियमित काम करने पर दैनिक मजदूरों का नियमितीकरण करने हेतु उनकी योग्यता सम्बन्धी शर्तों को शिथिल किया जा सकता है, क्योंकि लम्बी अवधि का अनुभव ऐसी योग्यताओं के समान बना देता है।

**निष्कर्ष एवं सुझाव –** सामाजिक न्याय की अवधारणा को न्यायिक निर्वचनों के माध्यम से हमेशा विस्तार और प्रभाव मिला है, परन्तु कई बार यह संवैधानिक समस्या को भी जन्म देता है जैसे कई बार न्यायिक सक्रियता विधानमण्डल या कार्यपालिका के मामलों में हस्तक्षेप करने लगती है जो कि नियंत्रण एवं संतुलन (Check and balance) के सिद्धान्त को ठेस पहुँचाता है। न्यायिक निर्वचन की संवैधानिक सीमारेखा में रह कर ही न्यायपालिका अपना प्रभावी योगदान सामाजिक न्याय को प्रभावी बनाने में कर सकती है।

सामाजिक न्याय एक समेकित अवधारणा है जिसमें आर्थिक एवं

राजनैतिक न्याय के तत्व भी सम्मिलित हैं, इसलिये आवश्यक है कि सामाजिक न्याय को प्रबल बनाने के लिये आर्थिक–राजनैतिक समानता व आर्थिक विकास के लाभों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो, यह तभी संभव होगा जबकि विधान–मण्डल एवं कार्यपालिका के प्रयासों में सारगर्भित प्रतिबद्धता हो। न्यायालय ने कई मार्गदर्शक सिद्धांत विहित कर राजनैतिक न्याय के तत्व के रूप में सुशासन को शासन की नीति का आधारभूत तत्व माना है। इसका उदाहरण हम 2G स्पेक्ट्रम घोटाले के निर्णय को देख सकते हैं जिसमें 'लोक न्यासिता का सिद्धान्त' अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने शासन की प्रथम आओ प्रथम पाओ की नीति को अवैध घोषित करते हुए नीलामी द्वारा खदानों स्पेक्ट्रमों के आवंटन को आदेशित किया। यह निर्णय हुआ कि शासन के द्वारा सार्वजनिक संपत्ति का आवंटन जिम्मेदारी के साथ किया जायेगा जो कि न्यासी के रूप में उनके द्वारा धारित है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई महत्वपूर्ण निर्णयों में संवैधानिक प्रावधानों का निर्वचन करते हुए श्रमिक कल्याण, महिला कल्याण, चिकित्सा सहायता, त्वरित न्याय, विधिक सहायता, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम पाने का अधिकार, बंदीगृह में महिलाओं के बच्चों की देखभाल, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण में वास सुविधा, न्यूनतम मजदूरी निर्धारण, यौन संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को न्यायिक मान्यता प्रदान की एवं सामाजिक न्याय को मानव जीवन के बुनियादी पक्षों से जोडा।

सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार की रोकथाम पर भी दिशा निर्देशा जारी किये हैं जो कि सामाजिक न्याय की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है, परन्तु शासन व विधानमण्डल द्वारा आवश्यक सक्रियता नके विधायी एवं कार्यपालिक कार्यों में हस्तक्षेप को बढावा देती है। अत: कार्यपालिका व विधानमण्डल को भी चाहिये कि वह सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में जनता के विकास हेतु सामाजिक न्याय की अभिवृद्धि में भूमिका निभाये व शासन के तीनो अंग सहयोग एवं समन्वय की भावना से सामाजिक न्याय की दिशा में काम करने हेतु और ज्यादा तत्परता से बढें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. All India Reporter (A.I.R.) 1995 S.C. 922
2. A.I.R. 1993 S.C. 447
3. A.I.R. 1997 S.C. 3011
4. संविधान सभा बहस पंडित नेहरू
5. अनुच्छेद 14 भारत का संविधान
6. A.I.R. 1981, S.C. 1473
7. (1993) S.C.C. 259
8. (1993)3 S.C.C. 584
9. A.I.R. 1980, S.C. 470
10. (1992)1 S.C.C. 441
11. A.I.R. 1988, S.C. 1782
12. A.I.R. 2006 S.C. 1946
13. (1992)3 S.C.C. 666
14. (1993)4 S.C.C. 411
15. 2000(5) स्केल 30
16. A.I.R. 1997, S.C.C. 3011
17. राष्ट्री मिल मजदूर संघ बनाम अपोलो मिल्स लिमिटेड, ए. आई. आर. 1960, एस.सी. 819.
18. (1983) लेबर इण्डिन केसेज, ए. सी. 419.
19. विजनाराण मणि त्रिपाठी, विधिशास्त्र एवं विधिक सिद्धान्त, पृ. 423
20. विजनाराण मणि त्रिपाठी, विधिशास्त्र एवं विधिक सिद्धान्त, पृ. 429
21. ए.आई.आर. 1982, सु.को. 1473
22. ए.आई.आर. 1984, एस.सी. 802
23. ए.आई.आर. 1995, एस.सी. 922

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भिण्ड अंचल के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी

**डॉ. शालिनी गुप्ता ***

* सहा.प्रा.एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) प्रभारी प्राध्यापक, विवेकानंद मार्गदर्शन कैरियर प्रकोष्ठ शा.गणेष शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय, मुंगावली, जिला अशोकनगर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत का राष्ट्रवादी आन्दोलन प्रान्तों और वर्गों के विभेद से उऊपर राष्ट्र की सम्पूर्ण जनता की सम्पूर्ण इच्छाशक्ति की अभिव्यक्ति था, जिसमें देश के सभी प्रान्तों की जनता ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। स्वतंत्रता की इस यात्रा में अद्भुत प्रतिभा, अदम्य साहस और त्याग–तपस्या की हजारों प्रतिमाऐं साकार हुयीं, जिनके सुयोग्य नेतृत्व व निर्देशन में न केवल राष्ट्रवादी आन्दोलन संगठित हुआ अपितु अपने स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हुआ। भिण्ड अंचल की जनता में राजनीतिक जागृति उत्पन्न कर भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन को जनआन्दोलन में परिणित करने में इन स्वातंत्रय योद्धाओं का अप्रितम योगदान स्वीकार किया जाता है। भिण्ड जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का व्यक्तित्व इस प्रकार है–

**हरिकिशन दास भूता –** हरिकिशनदास भूता जी का जन्म सन् 1910 में श्री जादव जी भूता के यहाँ हुआ था। आपने प्राइमरी तक शिक्षा प्राप्त की। आपके पूर्वज गुजरात से आये थे। हिन्दी अंग्रेजी, गुजराती का आपको अच्छा ज्ञान था। आप गांधी जी की विचारधारा से प्रभावित थे। सन् 1928 में आपने अपने मित्र श्री वटेश्वरी दयाल शर्मा 'दादा' के साथ कलकत्ता के काँग्रेस अधिवेषन में भाग लिया तथा अधिवेशन से वापस लौटने पर श्री वटेश्वरी दयाल शर्मा के साथ राजनीति में भाग लेना प्रारम्भ किया। उन्होंने अपने कुछ मित्र श्री वटेश्वरी दयाल शर्मा, श्रीनाथ शर्मा, आदि के सहयोग से भिण्ड में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना की। सन् 1939 में भिण्ड जिले के मिहोना ग्राम में ऐतिहासिक राजनीतिक सम्मेलन बालाजी मिहोना में हुआ। इस सम्मेलन को सफल बनाने में आपने पूर्ण सहयोग एवं योगदान दिया। इस सम्मेलन की विशालता एवं सफलता ने भूता जी को चमका दिया।

**गंगाधर मुनीम –** गंगाधर मुनीम का जन्म 22 सितम्बर 1917 को इटावा जिला के ग्राम गौरका में हुआ था। आपने माध्यमिक तक शिक्षा प्राप्त की थी। आप नौकरी की तलाश में भिण्ड आ गये तथा सन् 1936 में आप भिण्ड के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के सम्पर्क में आये और ग्वालियर राज्य सार्वजनिक सभा के सदस्य बने और स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने तथा खादी के प्रचार–प्रसार में जुट गये।

सन् 1942 में जब भिण्ड के वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को गिरिफ्तार कर लिया गया तब आपने भूमिगत रहकर आंदोलन को चलाने के सम्बन्ध में परचे साइक्लोस्टाइल से छापने व बाँटने का कार्य किया। बाद में आपको पुलिस द्वारा गिरिफ्तार कर लिया गया। आपको ग्वालियर तथा मुंगावली की जेल में रखा गया। सन् 1943 में सभी स्वतंत्रता सेनानियों के साथ आपको भी रिहा कर दिया गया। आप भिण्ड जिला काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व काँग्रेस कमेटी की कार्य समिति के सदस्य व मंत्री रहे। भारत–सरकार द्वारा ताम्रपत्र तथा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आपको प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आपको सम्मान निधि भी प्रदान की गयी।

**अमर सिंह कुशवाह –** अमर सिंह कुशवाह का जन्म श्री हरिसिंह जी के परिवार में सन् 1917 में ग्राम पाण्डरी जिला भिण्ड में हुआ था। अमर सिंह ने मात्र प्रारम्भिक शिक्षा ही पूर्ण की थी। आप प्रारम्भ से ही क्रान्तिकारी गतिविधियों में संलग्न रहे। 18 नवम्बर 1942 को भिण्ड में ट्रेन स्टोपज काण्ड में आप गिरिफ्तार किये गये। तथा दो वर्ष दो माह का कारावास इस अपराध हेतु निश्चित किया। अमर सिंह कुशवाह 'भारत छोडों आंदोलन' के बाद गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित हो गये। और इन्होंने इस आन्दोलन के बाद काँग्रेस की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना प्रारम्भ कर दिया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आप अपने गाँव पाण्डरी में रहकर समाज सेवा व कृषि कार्य में लग गये। आपको भारत सरकार द्वारा ताम्रपत्र और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा आपको सम्मान निधि भी प्रदान की गयी।

**बदन सिंह कुशवाह –** बदन सिहं कुशवाह का जन्म 3 अगस्त सन् 1925 को भिण्ड जिले के ग्राम गढ़ी मंगद परगना भिण्ड में राजारामसिंह कुशवाह के यहाँ हुआ था। आपने मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त की। आप छात्र जीवन से ही स्वतंत्रता आंदोलन के कार्यो में भाग लेने लगे थे। सन् 1942 में भिण्ड जिले के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों यशवंत सिंह कुशवाह, दादा वटेश्वरीदयाल शर्मा, सम्पतराम लोहिया, हरिकिशनदास भूता, दीपचंद्र पॉलीवाल, रघुवीर सिंह कुशवाह, श्रीनाथ शर्मा के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने लगे। आपको 1942 के 'भारत छोडो आंदोलन' में भाग लेने के कारण गिरिफ्तार किया गया। आप भी अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ भिण्ड और ग्वालियर जेल में बंद रहे। 30 जून 1943 को रिहा किये गये। स्वतंत्रता के बाद आप शासकीय सेवा में आ गये तथा समाज सेवा भी करते रहे।

**जगन्नाथ सिंह भदौरिया –** जगन्नाथ सिंह भदौरिया का जन्म सन् 1917 में रानीपुरा परगना बहरी जिला भिण्ड में हुआ था। इनके पिता का नाम श्री अजगर सिंह भदौरिया था। जगन्नाथ सिंह ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव में ही पूर्ण की। आपका मन पढ़ने में कम लगता था। अत: इनके पिता ने इनको अपनी खेती के काम में लगा लिया परन्तु इनका काम में मन न लगा। आप सन् 1945 में कुछ मित्रों के साथ भिण्ड आ गये। भिण्ड में उस समय कुछ युवा लोग सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज में भर्ती हो रहे थे। इन्ही

दोस्तों के साथ आप भी आजाद हिन्द फौज में भर्ती हो गये और सैनिक बन गये। क्षेत्र में क्रान्तिकारी गतिविधियाँ करने तथा अराजकता के आरोप में आपको एक वर्ष का कारावास हुआ। जगन्नाथ सिंह भदौरिया उग्र तथा क्रान्तिकारी विचारधारा के राष्ट्रवादी व्यक्ति थे। वह सुभाषचंद्र बोस के सिद्धान्तों को मानने वाले एक राष्ट्र भक्त थे। आपका मानना था कि महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन से भारत को स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती है।

**जहूर मोहम्मद** – जहूर मोहम्मद के पिता का नाम नन्हे मियां था। वे ग्राम मिहोना में अपना छोटा सा व्यवसाय चलाते थे। जहूर मोहम्मद का जन्म सन् 1918 में इसी जगह हुआ था। आपने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा मिहोना से ही प्राप्त की। बाद में आप भिण्ड आ गये जहाँ से मिडिल परीक्षा उत्तीर्ण की। यहीं से आपने छात्र आंदोलन में भाग लेना प्रारम्भ कर दिया। 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने बम्बई की काँग्रेस की बैठक में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' तथा 'करो या मरो' का नारा दिया। महात्मा गांधी ने विद्यार्थियों को भी आगाह किया कि विद्यालय छोड़कर इस आजादी की जंग में भाग लें। जहूर मोहम्मद ने उनके इस संदेश से प्रभावित होकर कुछ छात्रों को लेकर स्कूल में हड़ताल कर दी तथा एक जूलूस निकाला किन्तु स्थानीय पुलिस ने छात्रों को गिरिफ्तार कर जेल में डाल दिया परन्तु जहूर मोहम्मद भाग निकले। उनके नाम वारंट निकाले गये। उनके घर पर भी पुलिस गयी परन्तु उन्हे गिरिफ्तार नहीं कर पाई।

जहूर मोहम्मद भिण्ड जिले के एक विशिष्ट प्रकृति के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। मुसलमान होते हुये भी आपने भारत में मुस्लिम साम्प्रदायिकता के उदय के समय उसका घोर विरोध ही नहीं किया बल्कि आप निरंतर महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन के प्रचार तथा प्रसार में लगे रहे। आपने अंतिम आंदोलन में भाग ही नहीं लिया बल्कि अपनी कूटनीतिज्ञता से आप गिरिफ्तार भी नहीं हुये और महात्मा गांधी के भारत छोडो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

**जुगल किशोर सक्सेना** – जुगल किशोर सक्सेना का जन्म 1913 ई. में भिण्ड जिले की तहसील मेहगाँव में हुआ था। इनके पिता का श्री रामकिशोर सक्सेना था ।इन्होंने मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त की। सन् 1938–1942 तक छात्र आंदोलन में आपने सक्रिय रूप से भाग लिया। सन् 1940 में भिण्ड के एक अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दीपचंद्र पॉलीवाल ने विद्यार्थियों का एक राजनीतिक संगठन बनाया जिसका नाम स्टूडेन्ट फेडरेशन रखा। जुगलकिशोर सक्सेना इस संगठन के प्रमुख सदस्य थे। यह संगठन जब शहर में हड़तालों, सभाओं का आयोजन करता था तो सबसे आगे आप रहते थे। एक बार एक जूलूस में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज से आप घायाल हो गये थे। 9 अगस्त 1942 को भारत छोड़ों आंदोलन में आपने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शहर में उपद्रव फैलाने के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरिफतार कर लिया और तीन माह के कारावास की सजा दी।

मेंहगाँव में भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रियता बढ़ाने का कार्य जुगल किशोर सक्सेना ने किया। उन्होंने मेहगाँव में छात्रों को आंदोलन में भाग लेने के लिये उकसाया तथा छात्रों का एक संगठन बनाया। इन छात्रों से जब महात्मा गांधी ने स्कूलों के बहिष्कार की अपील की तो उन्होंने स्कूलों का बहिष्कार किया तथा परगने के अन्य स्कूलों को भी बंद करवा दिया। जुगल किशोर सक्सेना पर महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन का अत्यधिक प्रभाव था।

**जीतबहादुर सिंह कुशवाह** – भिण्ड जिले में सन् 1942 के क्रान्तिकारी तत्कालीन विद्यार्थी नेता जीत बहादुर सिंह का जन्म सन् 1925 में हुआ था। इन्होंने प्राथमिक तक शिक्षा प्राप्त की। कन्ट्रोल के कपड़े के वितरण की व्यवस्था के विरोध में एक जन आंदोलन चलाया। इसी आन्दोलन को चलाने के कारण सन् 1946 में इन्हें गिरिफ्तार कर लिया गया तथा एक माह के कारावास की सजा दी गई। जीत बहादुर सिंह कुशवाह निष्चित ही एक राष्ट्रीय विचारधारा के प्रेरता थे। परन्तु भिण्ड जिले के स्वतंत्रता आंदोलन के मध्य कोई भी ऐसी घटना या प्रमाण उपलब्ध नहीं हो सका जिससे यह स्पष्ट हो पाता कि जीत बहादुर सिंह कुशवाह महात्मा गांधी की बैचारिक दृष्टि से अथवा उनके अहिंसा दर्शन से कहाँ तक प्रभावित थे। उनके जीवन से जुडी घटनाओं से यह अवश्य बोध होता है कि वह महात्मा गांधी के इस तर्क से कि अन्याय के आगे झुकना अपराध होता है के प्रबल समर्थक थे। इस सिद्धांत पर चलते हुये उन्होंने जब शासकीय कपड़े की वितरण की अव्यवस्था को देखा तो वह संघर्षरत हो गये और अंग्रेजों की वितरण प्रणाली के विरूद्ध जन आंदोलन चलाने के कारण उन्हें एक माह का कारावास हुआ।

**सौभाग्यमल जैन** – सौभाग्यमल जैन का जन्म 17 दिसम्बर 1917 को ग्राम दबोह परगना लहार जिला भिण्ड में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री अनूपचंद्र जैन था। आपने बी.ए. तक शिक्षा प्राप्त की थी। सन् 1946 में जब देश में जागीर उन्मूलन आन्दोलन चल रहा था। तो इसकी शुरूआत कुछ दिनों बाद भिण्ड में भी हो गई। सौभाग्यमल जैन ने जागीर उन्मूलन आन्दोलन में भाग लिया। आन्दोलन चलाने के कारण आपको गिरफतार किया गया तथा 15 दिन के कारावास की सजा दी गई।

**नवल पोददार उर्फ बड़े लाल सोनी** – नवल पोद्दार का जन्म सन् 1916 ईसवीं में गोहद जिला भिण्ड में हुआ था। इनके पिता का नाम श्री पन्नालाल पोद्दार था। इन्होंने अपनी शिक्षा की शुरूआत गोहद से ही की थी। इनकी शिक्षा में रूचि कम थी। वे मदरसे की अन्य गतिविधयों में बहुत अधिक भाग लेते थे। आप महात्मा गांधी के विचारों से अत्याधिक प्रभावित थे। उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा आरम्भ किये गये 'भारत छोडो आंदोलन' में बढ़ चढ़कर भाग लिया। वह कलकत्ता गये और उन्होंने आंदोलन में भाग लिया। आंदोलन में भाग लेने तथा अपराधिक गतिविधयाँ फैलाने का आरोप लगाकर इनको जेल में कैद कर दिया गया तथा सात माह के कारावास की सजा सुनाई गई। नवल पोदद्दार पर महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन का अत्यधिक प्रभाव था अन्यथा गोहद में 'भारत छोडो आन्दोलन' के समय उन्हें गिरिफतार नहीं किया जाता। यदि यह मात्र आन्दोलन से जुडे होते तो शायद शासन उन्हें गिरिफ्तार नहीं करता। नवल पोद्दार ने निश्चय ही महात्मागांधी के अहिंसा दर्शन को उस क्षेत्र में प्रसारित किया होगा तथा जन मानस में राष्ट्रीयता की भावना बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया होगा।

नवल पोद्दार अपने जीवन के प्रारंभ से राष्ट्रवादी विचारधारा के रहे और आपने स्वतंत्रता आन्दोलन के अंतिम चरण में गोहद में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपका 'गांधीटोपी' का ग्रहण करना ही इस बात का परिचायक है कि आप महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन में अत्याधिक प्रभावित थे।

**रामदयाल शर्मा** – रामदयाल शर्मा का जन्म 1911 ई. वी. में ग्राम काथा परगना लहार जिला भिण्ड में हुआ था। इनके पिता का नाम श्री पुन्नेराम शर्मा था। इन्होंने प्राथमिक स्तर तक शिक्षा ग्रहण। की रामदयाल शर्मा ने महात्मा गांधी द्वारा चलाये गये 'भारत छोडो आंदोलन' में सक्रियता से भाग लिया। सन् 1942 ई. में जब भिण्ड के प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता हरकिशन दास भूता

एवं यशवंत सिंह कुशवाह को अराजकता फैलाने के आरोप में गिरिफ्तार कर लिया गया तब इनमें शासन के प्रति घृणा एवं विरोध की भावना उत्पन्न हुई। इन्होंने कुछ छात्रों को लेकर शहर में एक जुलूस निकाला तथा इन नेताओं की रिहाई की मांग की। इस घटना ने आपको अत्याधिक लोकप्रिय बना दिया। जब आपकी लोक प्रियता दिन व दिन बढ़ने लगी तो सरकार ने बंदी बना लिया और जेल भेज दिया।रामदयाल शर्मा महात्मागांधी के सिद्धांतो से अत्यधिक प्रभावित थे। वह उनके अहिंसा दर्शन के सिद्धांतों पर चलकर देश को स्वतंत्र कराने के बाद में विश्वास करते थे। उनका मानना था कि सत्य और अहिंसा के बल पर ही देश को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराय जा सकता है।

**मलखान सिंह –** मलखान सिंह का जन्म 1915 में ग्राम विजोरा जिला भिण्ड में हुआ था। इन्होंने माध्यमिक स्तर तक शिक्षा ग्रहण की। मलखान सिंह को प्रारम्भ से ही फौजी बनने का शौक थ। 1940 ई. में जब सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज में अनेक युवक भर्ती हो रहे थे तो आपने भी भर्ती होने के लिये प्रयास करना प्रारम्भ कर दिया। सन् 1945 में आजाद हिन्द फौज के कर्नलों द्वारा सुभाष ट्रेनिंग केन्द्र की स्थापना आलमपुर के समीप एकम ग्राम की गई थी यह फौजी ट्रेनिंग देने हेतु गोरखपुर से तीन कर्नल आये हुये थे। मलखान सिंह अपने गाँव से भागकर वहाँ पहुँच गये तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये चलाये जा रहे आन्दोलन में भाग लेना प्रारम्भ कर दिया। आजाद हिन्द फौज में भर्ती होने के कारण आपको एक वर्ष की सजा दी गई। मलखान सिंह सुभाषचन्द्र बोस के सिद्धांतों को मानने वाले एक महान देश भक्त थे।

**हरविलास शिवहरे –** हरविलास शिवहरे का जन्म 7 सितम्बर 1925 को हुआ था। इनके पिता का नाम द्वारिका प्रसाद शिवहरे था। इन्होंने भिण्ड में कपड़े की दुकान पर वितरण व्यवस्था के विरूद्ध आंदोलन चलाया किन्तु उस समय देशी रियासतों में स्वराज्य की जन जागृति विशेष न होने के कारण काम में रूकावटें आयीं और यह काम आगे न बढ़ सका परन्तु हरविलास शिवहरे ने भिण्ड में कपड़ा वितरण आन्दोलन को काफी प्रचारित किया। इनके इस तेजी से किये जा रहे प्रचार प्रसार के कारण सरकार ने उनको गिरिफ्तार कर लिया तथा एक माह की सजा दी। हरविलास शिवहरे भिण्ड जिले के ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता थे जो सदैव ही सामाजिक उन्नयन के लिये प्रयत्नशील रहे। आपके द्वारा सरकारी कपड़े के वितरण में अव्यवस्था के विरूद्ध आन्दोलन चलाना इस बात का परिचायक है कि आप महात्मा गांधी के इस सिद्धांत से कि पाप के आगे झुकना पाप है से प्रभावित थे।

**गंगाराम कुदरैया –** गंगाराम कुदरैया का जन्म 1923 में ग्राम आलमपुर परगना लहार जिला भिण्ड में हुआ था। इनके पिता का नाम प्रभुदयाल कुदरैया था। इन्होंने मात्र 2 कक्षा तक ही शिक्षा प्राप्त की। इन्होंने सन् 1942 में महात्मागांधी द्वारा चलाये गये भारत छोड़ों आंदोलन में सक्रियता से भाग लिया। आंदोलन में भाग लेने के कारण आपको 14 दिन की सजा दी गई। गंगाराम कुदरैया भिण्ड जिले में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के अंतिम चरण की एक महत्वपूर्ण कड़ी थे। आपने महात्मा गांधी के दर्शन से प्रभावित होकर पूर्ण निष्ठा के साथ भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया।

**बैजनाथ प्रसाद –** बैजनाथ प्रसाद का जन्म सन् 1905 में ग्राम अकोड़ा जिला भिण्ड में हुआ था। इनके पिता का नाम श्री रामनारायण था। इन्होंने प्राथमिक स्तर तक शिक्षा ग्रहण की। सन् 1930 में जब महात्मा गांधी द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारम्भ किया तो इन्होंने इस आंदोलन का सक्रियता से भाग लिया था तथा अकोड़ा और उसके बाद भिण्ड आकर आंदोलन का सक्रियता से प्रचार प्रसार करने लगे। इन्होंने विदेशी कपड़े तथा वस्तुओं का बहिष्कार भी करवाना आरम्भ कर दिया। नमक कानून में इनकी बढ़ती हुयी सक्रियता के कारण सरकार ने इनको बंदी बना लिया तथा 4 माह के कारावास की सजा दी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. मध्यप्रदेश के रणवाँकुरे, मिश्र, सुरेश श्रीवास्तव, भगवान दास, स्वराज संस्थान संचालनालय, 2004,पृ.सं.149
2. ग्वालियर राज्य की आजादी का संघर्ष (द्वितीय खंड), कुशवाह, यशवंत सिंह कुशवाह, 19, लक्ष्मीबाई कालोनी, ग्वालियर, पृ.सं. 46
3. स्मारिका भिण्ड उत्थान टाइम्स, शर्मा विषम्भर दयाल, 1998, पृ.सं. 7-35
4. चम्बल के आस-पास, सांस्कृतिक चेतना समिति, 1993

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारतीय समाज मे व्यापत सति प्रथा एक अलोचात्मक अध्ययन

**विमल चौधरी ***

* इतिहास, सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी-अगरिया चौपडा, रायसेन, भोपाल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सती प्रर्था का सबंध अंतिम संस्कार प्रथा से है। सती प्रथा मे स्त्री अपने पती की मृत्यु के बाद पती की चिता के साथ लेटकर अपने प्राण त्याग देती थी कई स्त्रीया यह अपनी स्वंय की इच्छा से आत्मसम्मान की रक्षा हेतु करती थी और कुछ स्त्रीयो को यह प्रथा जबरदस्ती करनी पडती थी। क्योकि उनके पति की मृत्यु के बाद उनके पालन पोषण की समस्या आती थी। ऐसे प्रमाण मिले है। कि कई स्त्रीयो को मंदिरो मे देवदासी बना दिया जाता था और ऐसे प्रमाण भी मिले है। कि स्त्रीयो को वेश्यावृति मे धकेल दिया जाता था इन कारणो से स्त्रीयां अपने आत्म सम्मान हेतु स्वेच्छा या जोर जबरदस्त मे इस प्रथा को अपनाती थी

ऐसे-ऐसे प्रमाण मिले है कि सती प्रथा मूलता सैनिक परिवारो योद्धा एवं अभिजात परिवारो तक सीमित थी आगे चलकर इसने एक प्रथा का रुप ले लिया और स्त्रीयो को उनके पति की मृत्यु हो जाने पर पति के साथ चिता मे जबरदस्ती बैठाया जाने लगा और स्त्रीयो को सती होने हेतु मजबूर किया जाने लगा और साथ में यह समाज मे बहुत बडे रुप मे कि जाने लगी और आगे चलकर सामुहिक रुप से स्त्रीयां अग्निकुड बनाकर उसमे अपने प्राण की आहुति देने हेतु कुछ स्त्रीया स्वतंत्रता पूर्वक तो कई स्त्रीया अपने प्राण त्यागने लगी।

सती प्रथा प्राचीन काल मे भारत मे प्रचलित थी या नही यह बहस का विषय है पर कई इतिहासकारो ने माना की प्राचीनकाल मे सती प्रथा प्रचलित थी लेकिन यह व्यापक स्तर में नही थी ऐसे भी प्रमाण मिले हैं।

मध्यकाल आते आते यह प्रथा व्यापक स्तर मे देखी जाती है जो मुख्यता मुस्लिम आक्रमणकारियो को इसका कारण माना गया है।

यह मुख्यत राजपूतो मे देखने मिलती थी जिसका पहला प्रमाण चितौड की रानी पदमवती ने अपने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु जौहर किया जो कि सती का ही एक प्रकार है। इब्नबतुता ने सती प्रथा के प्रचलन का उल्लेख किया है

आधुनिक काल मे राजा राममोहनराय ने इस प्रथा को समाप्त करने हेतु प्रयास किया व इनके निरंतर प्रयासो से वर्तमान गर्वनर व अग्रेंजी सरकार ने 1829 मे सती प्रथा पर रोक लगा दी

**पौराणिक मानताओ के अनुसार–** शास्त्रो के अनुसार माता सती अपने पिता प्रजापति के दक्ष के यहा हवन कुड मे कुंद कर अपने प्राणो को न्योछावर कर दिया था क्योकि दक्ष के द्वारा भगवान शिव का अपमान किया गया था और सती उस अपमान को सहन नही कर सकी और आग मे कूद कर अपने प्राण त्याग दिये इसी सती के नाम पर ही सती प्रथा प्रचलित हुई थी

**सती प्रथा के प्रमाण–** सती प्रथा के उत्पति के विषय मे यह आज भी बहय का विषय है सती प्रथा का पहला उल्लेख 3 शताब्दी ईसा पूर्व मे मिले है इसका उल्लेख यूनानी इतिहासकार अरस्तोबुलस ने इसकी चर्चा की है कि जब 327 ईस्वी पूर्व सिकंदर के साथ भारत के अभियान मे थे तब इस प्रथा का उल्लेख किया है कि कुछ जनजातियो कि विधवाओ मे अपने पति की मृत्यु पर खुद के पति के साथ विसर्जित किया व जो इसके लिए इंकार करता था वो समाज द्वारा तिरिस्कृत किये जाते थे।

1. डायोडोरस सिकुलस ने उल्लेख किया कि व्यास और रावी नदीयो के बीच रहने वाले कैथेई लोगो ने विधवाओ को सती होते देखा उन्होने कहा की भारतीय कप्तान केहस की छोटी पत्नी जो गैविन की लडाई 316 ई.पू. मे लडी गई मे अपने पति की मृत्यु पर अंतिम संस्कार मे खुद को चिता मे समर्पित कर दिया।
2. एम्सल माइकल्स ने उल्लेख किया की सती प्रथा का पहला प्रमाण 464 ईस्वी मे नेपाल मे मिले है।
3. भारत मे सती प्रथा के पहले प्रमाण म.प्र.के सागर जिले के एरण नामक स्थान पर मिले है इस अभीलेख की तिथी 510ईस्वी मानी जाती है जिसमे भानुगुप्त का अभिलेख प्राप्त हुआ है इसी अभिलेख मे भानुगुप्त के गोपराज उनके साथ युद्ध मे लडते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये थे जिससे गोपराज कि पत्नी सती हो गई थी इसके कारण इस अभिलेख को एरण का सती प्रथा अभिलेख भी कहते है।
4. वारवोसा नूनिज,सीजर फेडरिक,पियात्रा,देलावाले विदेशी और अन्य यात्रियो ने भी इस प्रथा आखो देखा वर्णन किया है।
5. 1354ईस्वी विजयनगर साम्राज्य के एक अभिलेख मे मालागोडां चामक महिला का अपने पति की मृत्यु के बाद सती या सहगमन करके स्वर्गरोहण का उल्लेख है।

**भारत मे सती प्रथा–** इतिहासकार अनंत सदाशिव अल्टेकर महोदय का मानना है कि भारत मे 700-1100ईस्वी के दौरान कश्मीर मे व्यापक रुप से प्रचलित हो गई इसके पहले यह प्रथा के प्रमाण राजपूतो मे मिलते जो धीरे धीरे रातपूतो मे व्यापक रुप से होने लगे और इस प्रथा का रिवाज हो गया व व्यापक पैमाने पर अपनाने लगे।दक्षिण भारत मे 1000-1400 ईस्वी के अभिलेख मिले है जिससे दक्षिण मे भी इसके प्रमाण मिलते है।

**सती प्रथा का आलोचात्मक दृष्टिकोण–** सती प्रथा के कारण-सती प्रथा के प्रारंभ मे स्त्री द्वारा अपने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु पति के साथ सती होती थी।

1. कई इतिहासकार मानते है कि सती प्रथा स्त्रीया,मुस्लिम आक्रमणकारियो से रक्षा हेतु करती थी क्योकि मुस्लिम आक्रमणकारियो के

कारण यह प्रथा बहुत व्यापक हो गई और स्त्रीया अपने सम्मान हेतु सती होने लगी।

सती प्रथा के प्रकार–सती का ही विशेष रुप है जौहर जिसमे राजपूत स्त्रीया सामूहिक आत्मदाह करती थी और यह प्रथा राजपूत स्त्रीयां मुस्लिम आक्रांताओ से बचने हेतु करती थी।

2. जीवित दफनाना–लिंगाय सम्प्रदाय की विधवाओ को जीवीत दफना दिया जाता था।

**सती प्रथा पर रोक–** कई इतिहासकार मानते है कि अकबर सती प्रथा के खिलाफ थे और 1582 मे जबरदस्ती सती बनने के खिलाफ अकबर द्वारा एक आदेश जारी किया गया था पर यह भी विवाद का विषय है कि अकबर ने ऐसा आदेश जारी किया था या नही।

1. शेख मोंहम्मद इकराम ने उल्लेख किया है कि औरंगजेब ने 1663 मे एक आदेश जारी किया था कि अधिकारियो को कभी भी मुगल साम्राज्य मे महिलाओ केा जलाने कि अनुमति नही देगा।
2. 1510 मे पुर्तगालियो द्वारा गोवा विजय के बाद यह पर सती प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था।
3. डचो ने चिंनसुराह मे और फ्रेंचो ने सती प्रथा को प्रतिवर्धित किया।
4. भारत मे सती प्रथा पर पूर्ण प्रतिबंध वृह समाज के संस्थापक राजाराममोहनराय जिन्होने अपनी भाभी को जबरदस्ती सती करते देंखा और इस प्रथा को प्रतिबंधित कराने हेतु प्रयास प्रारंभ किया और गुजरात मे स्वामी नारायण सम्रापदाय के संस्थापक सहजानंद सरस्वती ने भी सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई इन्ही सब प्रयासो से भारत के तात्कालिन गर्वनर लार्ड विलियम वेटिक ने 1829 मे ईस्ट इंडिया कम्पनी के नियम के तहत भारत बंगाल सती प्रथा पर प्रतिबंध लगायाइसके साथ ही 1830 मे मद्रास और बाम्वे मे लागू किया गया और 1861 तक सभी रियासतो मे सती प्रथा केा प्रतिबंधित कर दिया गया।
5. स्वंतत्रता के बाद राजस्थान सरकार ने सती रोकथाम अधिनियम 1987 लागू किया जो 1988 मे दा कमिश्न ऑफ सती रोकथाम अधिनियम 1987 के पारित होने के साथ भारत की संसद का भी अधिनियम बन गया और इस प्रथा को गैरकानूनी और अवैध घोषित किया गया।

**वर्तमान परिपेक्ष मे–** आज भी भारत के कई क्षेत्रो मे स्त्रीयों के सती होने के जानकारी मिलती है वर्तमान मे भी इस प्रथा के प्रतिबंधित व दंडनिय अपराध घोषित होने के बाद भी राजस्थान मे कई सती होने के मामले सामने आते है जिसमे बहु चर्चित रुप कुवर सती कांड भी देख सकते है इसके अलावा भी म.प्र.एवं छत्तीसगढ मे सती के कई मामले देखने केा मिलते है सती प्रथा आज भी देखने केा मिलती है बस इसमे अंतर यह है इसका स्वरुप परिवर्तित हो गया है स्त्रीयो केा जिंदा जलाना भी इसका रुप कह सकते है।

भारतीय समाज मे सती प्रथा स्त्री द्वारा स्वंय से या विवस्ता मे भी की जाती थी इसके प्रमाण है यह प्रारंभ मे बहुत कम मात्रा मे प्रचलित थी धीरे धीरे यह परम्परा बन गयी और स्त्रीयो कि जबरदस्ती हत्या की जाने लगी।

मेरे शोध के मुल्यांकन के पश्चात मेने यह पाया कि सती प्रथा वर्तमान समय मे प्रतिकात्मक रुप म विधमान है भारतीय समाज आज भी इस प्रकार की कुरीतियो का शिकार बना हुआ है जितनी तीव्रता से आधुनिक समाज विकसित हो रहा है उतनी ही तेजी से अपराध व समस्याऐ बड रही है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. लेनिन– नारी मुक्ति 1972 मास्को प्रगति प्रकाशन।
2. नाई कृष्णलाल–गुजरात एवं राजस्थान मे नारी उत्थान के विशेष संदर्भ मे महात्मा ज्योतिवा फुले एवं अन्य समाज सुधारो की प्रसंगिता कोटा विश्वविद्यालय।
3. चौधरी सुमन–प्राचीन भारत मे महिलाओ की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति एवं अध्ययन ज्योति विधापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर।
4. राजतरंगणि–7/481
5. धर्मशास्त्र का इतिहास पृ.350
6. कर्नल टाड–राजस्थान का इतिहास पृ.124
7. डॉ.धीरेन्द्र–दमोह एवं ऐतिहासिक खोज पृ.121
8. चन्द्रा सतीष–मीडवल इंडिया।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# कोविड-19 प्रकोप के दौर में पत्रकारिता के जागरूकता अभियानों का प्रभाव : एक विवरण

**डॉ. चन्दा तलेरा जैन* डॉ. संध्या प्रजापति ****

*** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत**
**** एस-1, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय शिक्षक आवास, खण्डवा रोड, इंदौर-452001 (म.प्र.) भारत**

**प्रस्तावना –** 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' के विचारों से युक्त पत्रकारिता लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक है। वैश्विक परिवेश में पत्रकारिता की व्यवहारिक व व्यवसायिक महत्त्व दोनों ही हैं। डॉ. भँवर सुराणा के विचार से –'पत्रकारिता वह धर्म है जिसका सम्बन्ध पत्रकार के उस कर्म से है जिससे वह तात्कालिक घटनाओं व समस्याओं का सबसे ज्यादा सही और निष्पक्ष वर्णन पाठकों के सामने प्रस्तुत करे और जनमत जाग्रत करने का श्रम भी करे।' पत्रकारिता में प्रिंट मीडिया आरम्भ से है, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और उसके नवरूप वर्तमान में माध्यम हैं। इन दिनों पत्रकारिता में सबसे अधिक कोविड-19 के बारे में लिखा जा रहा है, जन-जन आज भी इस समाचार का इंतजार करते हैं।

**कोविड-19 –** कोविड-19 (COVID-19) का पूरा नाम कोरोना वायरस डिसीज-2019 है। W.H.O. ने इसे वैश्विक महामारी घोषित किया है। इस महामारी ने सम्पूर्ण विश्व को अपनी चपेट में ले लिया है। अमेरिका, यूरोप, भारत आदि देशों में लाखों की संख्या में लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। इस महामारी का आरम्भ चाइना के वुहान प्रान्त से हुआ है। इसी देश में माह दिसम्बर 2019 में कोरोना संक्रमित मरीज की पुष्टि हुई और माह जनवरी 2020 में पहले संक्रमित मरीज की मृत्यु हो गई थी। भारत में सबसे पहले केरल में कोरोना संक्रमित मरीज की पुष्टि हुई और इसी बीमारी से पहले मरीज की मृत्यु बेंगलूरू में हुई। आरम्भ में संक्रमण व मौत का सिलसिला अधिक था, आज कम जरूर हुआ है परन्तु थमा नहीं है। 15 अगस्त 2021 समाचार पत्र का एक मुख्य शीर्षक 'ईरान में सबसे बड़ी लहर, हर दो मिनट में हो रही एक मौत।'

**महामारी–** महामारी का कारण वायरस और बैक्टीरिया है। इनके कारण कई बार लोगों को महामारी के प्रकोप से जूझना पड़ा है। सन् 1918 में वाइरस के कारण 'स्पेनिश फ्लू' से स्पेन में करोड़ों लोगों को अपनी जान गवानी पड़ गयी थी। यह संक्रमित बीमारी सैन्य प्रशिक्षण शिविर की गन्दगी की वजह से फैली थी, वायरस से होने वाली अब तक की सबसे घातक बीमारी थी। अमेरिका व यूरोपीय देशों ने कई बार महामारी का प्रकोप झेले हैं।

सन् 1641 में चीन मे मिंग राजवंशी के काल में 'प्लेग महामारी' से 20.40% आबादी कम हो गई थी। इस बार फिर चीन से कोरोना वायरस आया है। आवागमन के साधन सुलभ होने से यह वायरस संक्रमित बीमारी के रूप में धीरे-धीरे पूरे विश्व में फैल चुकी है। इस महामारी से जन और धन दोनों का ही बहुत नुकसान हुआ है।

**कोरोना वायरस–** वायरस अतिसूक्ष्म जीव है। इसका शाब्दिक अर्थ **विष** होता है, ये क्रिस्टलीय अवस्था में अनेक आकार में होते हैं। इनके काम करने का तरीका बिल्कुल भिन्न है। वायरस सैकड़ों वर्षों तक सुसुप्त अवस्था में रहते हैं पर जैसे ही जीवित कोशिकाओं के संपर्क में आते हैं उनको भेद कर उनके जैनेटिक R.N.A. व D.N.A. को अपने जेनेटिक में बदल करके पुनरूत्पादन शुरू कर देते हैं और फिर व्यक्ति बीमारी से ग्रसित हो जाता है। ये पादप और जन्तुओं में भी घातक गम्भीर बीमारी फैलाते हैं। हाल ही में एक नया वायरस मिला जिसे 'कोरोना वायरस' नाम दिया गया है।

कोरोना वायरस एक निर्जीव कण है, यह कोई जीवित चीज नहीं है परन्तु सजीव वस्तु अर्थात् व्यक्ति के संपर्क में आने पर सजीव हो जाता है। वायरस न्यूक्लिक अम्ल और प्रोटीन जिसे 'केप्सिड' कहते हैं से मिलकर बना होता है परन्तु इस वायरस में फैट की सुरक्षा परत चढ़ी रहती है, जो उसे सुरक्षा देती है, वैसे यह वायरस अन्य की अपेक्षा बहुत है।

**कोरोना वायरस के लक्षण व उपाय –** बीमारी को उसके लक्षणों से पहचाना जाता है। प्रत्येक बीमारी के उसके अपने लक्षण होते हैं जो दूसरों से भिन्न होते हैं। इसी आधार पर ही इनका इलाज होता है। कोरोना वायरस के भी लक्षण हैं – तेज बुखार, छीकें आना, साँस लेने में परेशानी होना है, यह पहले गले को संक्रमित करते है बाद में फेफड़े को निष्क्रिय कर देते हैं। मानव शरीर में चौदह दिनों तक इसका प्रभाव बहुत प्रभावी होता है। इसका सही इलाज तो बचाव, सावधानी, सर्तकता व उचित खान-पान ही है। ये अतिशीघ्र संक्रमण फैलाते हैं। एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति लगभग 400 से अधिक व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है, ऐसा विशेषज्ञों का मानना है।

जैसा कि जानते हैं कि कोरोना वायरस निर्जीव कण है, उस पर जो फैट का आवरण होता है, इसलिए वो अन्य जीवों की भांति मरता नहीं है अपितु कण-कण होकर नष्ट होता है, इसकी विशेषता यह भी है कि हवा में मात्र तीन घण्टे तक रह सकने की ही क्षमता होती है, बाद में स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

यदि इसे जल्द नष्ट करना चाहते हैं तो इसके ऊपर चढ़ी फैट की परत को नष्ट करने से वह खत्म हो जायेगा। 'ऐसा करने के लिए साबुन या डिटर्जेंट लगाकर हाथों को रगड़ने से उसकी सुरक्षा परत फट जाती है और ये नष्ट हो जाता है, इसलिए अपने शरीर के खुले अंगों को बार-बार साबुन व पानी से धोना चाहिए, खास तौर से उस वक्त जब आप बाहर से घर में आए हों।' सेनीटाइजर भी कोरोना वायरस की सुरक्षा परत को तोड़ देती है परन्तु इसमें एल्कोहल की मात्रा 65-70 पर्सेंट तक होनी चाहिए, तभी सुरक्षा-परत को

आसानी से पिघला सकती है।

दूसरा उपाय कोरोना वायरस को नष्ट करने के लिए ये हो सकता है कि उसे तीन घण्टे तक कोई सजीव कोशिका नहीं मिले तो वैसे ही कण-कण होकर नष्ट हो जायेगा, इसलिए एक व्यक्ति को दूसरे से कम-से-कम 6 फीट की दूरी बनाकर रखना आवश्य चाहिए। ये भी आवश्यक है कि मुंह, नाक सही तरीके से ढके हो ताकि वायरस अंदर ना जाए। इन सब सावधानियों के साथ उन माध्यमों पर ध्यान देना आवश्यक है जिसके कारण वायरस का संक्रमण फैल सकता है। खाने की वस्तुओं से लेकर दैनिक चीजों की जरूरतों का प्रयोग करते समय सावधानी रखने से संक्रमित होने से बचा जा सकता है।

इन सब महत्वपूर्ण जानकारियों को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक हो जाता है। पत्रकारिता के सभी माध्यमों ने कोरोना वायरस से संबंधित समस्त जानकारी को विश्वस्तर से लेकर अपने देशस्तर तक की खबर को जन-जन तक पहुंचा कर जन जागृति लाने का कार्य किये हैं।

**प्रिन्ट मीडिया अभियान –** प्रिन्ट मीडिया में कोविड-19 के बारे में आरम्भ से लेकर आज तक की कहानी को लिखा गया है। चौकाने वाले आंकड़ों से सावधान किया और भविष्य में होने वाली हानि को भी सबके सामने लाये हैं। इसमें समय-समय पर कोविड-19 के विषय में विशेषज्ञों के आलेख भी प्रकाशित किये हैं। आलेख शीर्षक में- 'कोरोना कही कोई बड़ी गलती तो नही है।' 'लापरवाही की स्थिति कहीं नियंत्रण से बाहर न हो जाए।' इसमें ये भी कहा गया कि सावधानी रखें पर 'कोरोना से डरने की नहीं अपितु अब कोरोना के साथ कदम ताल' मिलाकर चलें। जन-जन में कोरोना से लड़ने का हौसला बढ़ाते हैं और कहते हैं कि 'आम जन-जीवन के साथ बीमारियाँ भी तो आएगी।'

उनका मानना है कि कोरोना के विरूद्ध जंग जीतने के लिए सबको साथ मिलकर अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए, सरकार का साथ देना चाहिए, जिन पर प्रतिबन्ध हैं उन नियमों का पालन करना चाहिए। मन से कोरोना का भय हटाकर केवल उपाय ही करना है।

'जहाँ मन भयमुक्त हो.....जहाँ मेरा देश जागृत है।'

इसमें आस-पास के पर्यावरण के विषय में सोचने पर जोर दिया गया है। उनका मानना है कि मानव और प्रकृति के बीच में जो संतुलन बिगड़ा है, उसी के कारण महामारी और कई संकट आते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार 'अमेरिका, चीन, इटली हो या भारत जहां वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा वहाँ कोरोना का असर भी सबसे घातक' है।

**इलेक्ट्रानिक मीडिया अभियान-** इलेक्ट्रानिक मीडिया ने कोविड-19 से जुड़े समस्त जानकारी को घर-घर तक जन-जन तक पहुंचाया है। इसके लिए श्लोगन, केम्पियन, टेलीफिल्म का निर्माण किया गया ताकि सभी वर्ग के लोग शिक्षित, अशिक्षित व्यक्ति भी आसानी से समझ सके। इसमें सार्थक, भावार्थ शब्दों का प्रयोग करके कोरोना से सुरक्षित, सावधान रहने को कहा गया है।

श्लोगन 'घर में रहें सुरक्षित रहें' को घर-घर तक पहुंचाया है। 'हम घर के अंदर तो कोरोना बाहर'। 'कोरोना से डरो न लेकिन बचकर रहें दूरी बनाकर रहें।' 'बदलकर अपना व्यवहार, करना है कोरोना पर वार' आदि महत्वपूर्ण श्लोगन हैं।

इसी तरह 20 सेकेण्ड तक हाथ को साफ करने के तरीके, फेस मास्क का उपयोग, सेनेटाइजर का प्रयोग, सोशल डिस्टेसिंग के फायदे आदि पर केम्पियन व टेलीफिल्म बनाकर कोरोना के विरूद्ध रक्षाकवच का उपाय बताया गया। उनके विचारों से अभी यतूफानों के हालात है इसलिए धैर्य, आत्मसंयम से रहे, तूफानों को तो थमना ही है'। कोरोना के सम्बन्ध में आज एक महत्त्वपूर्ण मंत्र को 'जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं' को नगर, गॉव तक पहुंचा रहे हैं।

इस तरह से पत्रकारिता के विभिन्न माध्यमों ने कोविड-19 महामारी को गम्भीरता से लिया है, जिसका गैर जिम्मेदाराना रवैया था उस पर सख्त एतराज जताया।

**जागरूकता अभियान का प्रभाव-** कोविड-19 के दौर में पत्रकारिता के जागरूकता अभियान का सकारात्मक प्रभाव अधिक दिखाई दिया है। पूरा देश इस कोरोना की लड़ाई में एकजुट हो गया है, सिर्फ एक ही आवाज 'देश जीतेगा कोरोना से हर हाल में'। शासन ने कोविड-19 महामारी को गम्भीरता से लिया। इससे निपटने के लिए नीति-नियम बनाये गए, कोविड सेन्टर बनाये गए, जहां पर अधिक से अधिक कोविड मरीजों का इलाज हो सके।

डॉक्टरों ने महामारी की आशंका से लोगों की जान बचाने के लिए पूरे शिद्दत से काम में लग गये। इनके कार्यों को खूब सराहना मिली, इसलिए अब इनके सम्मान में 1 जूलाई को **'डॉक्टर्स डे'** मनाते हैं। पुलिस कर्मियों का भी योगदान सराहनीय रहा है। सभी लोग घर पर रहें, सुरक्षित रहें के नियम को सख्ती से पालन करवाया गया क्योंकि पूर्ण लॉकडाउन से ही कोरोना को फैलने से रोका जा सकता था। उन्होंने कोरोना संकट को श्लोगन, नाटकीय अंदाज में, गायन के माध्यम से जन-जन तक संदेश दिया ताकि महामारी के प्रकोप से बचा जा सके। जन जागरूकता का ही परिणाम था कि आम जनों ने भी धैर्य व संयम दिखाये। कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए प्राथमिक उपचार सेनेटाइजर व साबुन का प्रयोग, फेस मास्क का इस्तेमाल आदि का अधिक उपयोग किये, सोशल डिस्टेसिंग का पालन किये, घर में कैदी की तरह रहे।

राज्य सरकारों ने कोविड महामारी के नियंत्रण के लिए अपने-अपने तरीके अपनाये हैं। उड़ीसा सरकार ने अपने राज्य की सुरक्षा हेतु सामूहिक गीत 'वन्दे उत्कल जननी' के माध्यम से जन जागृति लाकर अपने राज्य को कोरोना वायरस मुक्त बनाने का प्रयास किया। कर्नाटक राज्य ने भी सतर्कता उस समय दिखाई जिस समय समाचार पत्रों में कोरोना से पहले व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। कोरोना को खत्म करने के लिए ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट का फार्मूला तुरन्त अपनाकर राज्य को कोरोना वायरस से मुक्त करने की कोशिश किया। पत्रकारिता की देन थी जिसमें केन्द्र सरकार व राज्य सरकारें भी कोरोना महामारी के विरूद्ध सचेत हुये।

**लॉकडाउन** 'मानो जिसने वक्त को रोके रखा हो, सारी गलियों को ही सूना कर दिया, नींद खुलने पर डर-भय बना ही रहता था। ऐसे वक्त में लोगों ने संयम अवश्य दिखाये परन्तु इसके कारण रोजगार पर संकट आ गया, लाखों लोग बेरोजगार हो गये। प्रवासी मजदूरों की अपनी कई समस्याएं थीं। पत्रकारों ने सरकार का इस ओर ध्यान केन्द्रित किया, परिणामस्वरूप सारे देश में अनलॉक की प्रक्रिया को चालू किया गया। लोगों की सामान्य सी दिनचर्या हो गयी। उस समय इतना अवश्य था कि कोरोना के मरीजों की संख्या थी, परन्तु मृत्यु दर 1.84 प्रतिशत तक सीमित हो गयी, क्योंकि अब तक लोगों में कोरोना वायरस के प्रति समझदारी, जागरूकता आ चुकी थी। लोगों ने उपायों के साथ खान-पान पर भी विशेष ध्यान दिये। जन-जन इस महामारी को जंग के समान देखते हैं, क्योंकि इसे सबके सहयोग से ही

जीता जा सकता है।'

पत्रकारिता के विभिन्न माध्यमों ने कोविड–19 महामारी के विरूद्ध संघर्ष को आसान कर दिया है, आसान रास्ते अपनाकर कोविड से बचा जा सकता है। सेवा, सहयोग व सम्मान की भावना को जगाया। संकट के समय पूरे देश को एक मंच पर लाया है, साथ ही वैश्विक स्तर से दूरी बनाये रखने को कहा। कोविड–19 के कारण जो आर्थिक परेशानी आई है उसको दूर करने के रास्ते दिखायें। माननीय प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर योजना को अपनाने पर जोर दिया। अपने गांव, शहर में ही रोजगार के अवसर ढूढ़ने से प्रवासी होने के दर्द से बचा जा सकता है। इस प्रकार से कोविड–19 काल में पत्रकारिता के जन जागृति का ही परिणाम है कि आज विभिन्न तरीकों से कोरोना के जंग को लगभग जीत चुके है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. पत्रकारिता का इतिहास – एन सी पंत, तेज प्रकाशन, नई दिल्ली, 2015
2. दैनिक भास्कर इंदौर, रविवार 15 अगस्त, 2021
3. दोपहर मेट्रो द्वारा जनहित में जारी – 2020
4. दैनिक भास्कर, इन्दौर – 05 जून 2020
5. दैनिक भास्कर, इन्दौर – 07 जून 2020

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# आभिजात्यवाद: कुलीनता नही शालीनता का सूचक

**डॉ. डी. पी. चन्द्रवंशी ***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शास. जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** यूनान में पेरिक्लेस का युग को आभिजात्यवाद का प्रथम माना जाता है। आभिजात्यवाद के सिद्धांतकार अरस्तू को माना जाता है। सिसरों और वर्जिल का समय आभिजात्यवाद के दूसरे युग के तौर पर जाना जाता है। यह रोम साहित्य का आभिजात्यवादी युग है। सत्रहवीं सदी का उत्तरार्द्ध फ्रांस के सेंट लुईस का युग जिसका प्रतिनिधि साहित्यकार कार्नेई और रासीन थे तथा इंग्लैण्ड के पोप, ऐडिसन व जॉनसन जैस लेखक आभिजात्यवाद के तीसरे युग का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस प्रकार आभिजात्यवाद का तीन युग देखने को मिलता है। परवर्ती काल में 'नव आभिजात्यवाद' अथवा 'नव्यशास्त्रवाद' का संबंध भी 'आभिजात्यवाद' से है। मूलत, आभिजात्यवाद के प्रथम दो युग प्राचीन युग ही है, किन्तु आभिजात्यवाद का तीसरा युग 17वीं, 18वीं सदी का है जो नव्यशास्त्रवाद या नव आभिजात्यवाद की ओर पथ्यगमन करता है।

**प्रस्तावना –** हिन्दी में शास्त्रवाद और श्रेव्यवाद से अभिहित अभिजात से संबद्ध आभिजात्य अंग्रेजी साहित्य के 'क्लासिज्म' (Classisicm) का पर्याय है। हिन्दी साहित्य जगत में आभिजात्यवाद से अभिहित 'अभिजात' का अर्थ – कुलीन, शिष्ट, विनम्र, श्रेष्ठ, अच्छा, मधुर, योग्य, विनम्र, विद्धान, उत्तम, पंडित, उचित अनुकूल, चातुर्य से लगाया जाता है। इससे स्पष्ट है कि आभिजात्यवाद सभी तरह से एक लक्ष्य धारित आदर्श को प्रतीक रखकर लिखा गया हो। आभिजात्य से तात्पर्य यह समझना चाहिए कि यह अच्छी भाषा, अच्छी शैली में अच्छा साहित्यकार द्धारा रचित रचना है। अच्छा से आशय समान का मार्गदर्शक पथगामी, कालजयी रचानाओं से है। अच्छा साहित्यकार से आशय प्रतिष्ठित सम्मानित साहित्यकार जो अपनी शैली प्रवणता के कारण समाज में प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत किये जाते है।

पाश्चात्य साहित्य में स्वच्छन्दतावाद् का तीव्रगामी स्वरूप जनमानस में व्याप्त हो रहा था तभी उसके विरोध के स्वर में एक परिवर्तित विचार धारा आभिजात्यवाद का पदार्पण हुआ। आभिजात्य साहित्यकार उन्हें इंगित किया गया जो किसी भी भाषा में आदर्श माने जाते है। विद्धानों ने इस बात पर बल दिया कि जो साहित्यिक कृति सृजनशीलता और शैलीगत कारणों से आदर्श हो उसी को साहित्य जगत में आभिजात्य साहित्य कहा जा सकता है। निश्चित नियमों के नियंत्रण में बंधे हुए साहित्य सृजन करना आभिजात्य साहित्य के अभिलक्षण माने गये। किन्तु कोई ऐसा सार्वभौमिक, सार्वकालिक कोई सिद्धांत नहीं है जिसे आभिजात्यवाद की परिपाटी में बांधा जा सके। परिणामस्वरूप आभिजात्यवादी साहित्य में व्यक्तिवादी दृष्टिकोण हावी होने लगी और आदर्श के नाम पर अलग-अलग वैयक्तिक मत व्यक्त किये जाने लगे।

- **आभिजात्यवाद पर विद्धानों के विचार**

**सेन्ट व्याय –** समन्वयवादी विचारक स्वच्छन्दतावादी समीक्षक सेंट व्याय आभिजात्यवाद की व्याख्या करते हुए लिखा है कि – वह एक ऐसी साहित्यिक धारा के लिए प्रयुक्त होता है जिसमें मानव-मन को सुसंकृत किया हो, जिसने मनुष्य के ज्ञान भंडार को सुसंस्कृत किया हो, जिसने मनुष्य के ज्ञान भण्डार को सम्पन्न किया हो, जिसने उसका एक पग अग्रसर किया हो और जिसने निर्भ्रान्त सत्य का अन्वेषण किया हो। सेन्ट व्याय ने आभिजात्य रचना के लिए मनीषा, संयम, विवेक और एकरूपता को अनिवार्य माना है। उनके अनुसार आभिजात्यवादी साहित्यकार में उदारता, शीलनता, संयम विवेक और साहित्यकार अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए।

- **मेरी जोजफ शेनिए –** आपका कहना है कि आभिजात्य साहित्यकार के लिए विवेक अथवा सद्धृत्ति अनिवार्य है। यह उसका मूल गुण है। यदि साहित्यकार में ये गुण विद्यमान रहते है तो गुण:- प्रतिभा, सुरूचि, मेधा अन्त: शक्ति और साधुता स्वमेव विकसित हो जाते हैं।

**ब्यूफो –** अपनी पुस्तक 'डिस्कोर्स आन स्टाइल' में आभिजात्य साहित्य पर विचार व्यक्त करते हुए लिखा है कि उसमें कल्पना, अंग विन्यास तथा प्रतिपादन के मध्य अन्विति अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए। ये विशेषताएँ आभिजात्य शैली के लक्षण है। उनका मानना था कि कोई विषय चाहे कितना भी व्यापक क्यों न हो परन्तु उसको एक प्रबन्ध में समाहित करना चाहिए। यदि उसमें एकाधिक विभाग कर दिया जाए तो कृति के अंगों में एकता और अन्विति नही आ सकेगी। व्यूफो के इस मत से सेंट व्याय भी सहमत थे उन्होंने यह भी कहा कि संपूर्ण विषय को एक अविछिन्न धारा में विवेचित रहना चाहिए।

सेंट व्याय ने आभिजात्य की चर्चा करते हुए कहा कि इसके संबंध में कोई धारणा बनाने के पूर्व विमर्शकर्ता को विश्व भ्रमण कर विभिन्न स्थानों के साहित्यों की अच्छाईयों से पूर्णत: भिज्ञ हो जाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि 'पोप के समय शेक्सपियर को आभिजात्य साहित्यकार नहीं कहा गया था परन्तु अब न केवल इंग्लैण्ड में ही वरन् पूरे विश्व में उनको आभिजात्य साहित्यकार के रूप में स्वीकारा व पुकारा जाता है।

अत: निष्कर्षत: कह सकते है कि ऐसा कोई सार्वभौमिक निश्चित नियम या नुस्खा नहीं है जिसे आधार मानकर यह कहा जा सके कि फला व्यक्ति आभिजात्यवादी कहलाएगा। कहीं-कहीं शैली प्रांजलता विचार-वर्णन का अन्विति, भाषा शुद्धता, भाव उदत्तता और संयम-विवेक की हाजिरदारी भी

किसी रचना और रचनाकार को आभिजात्य नहीं बनाता है। इसका आशय यह है कि आभिजात्य कृति में उक्त गुणों के अलावा शैलीगत उदात्तता और प्रौढ़ विचारों की उपस्थिति आवश्यक मानी जाती है। डॉ. शांति स्वरूप गुप्त ने स्पष्ट किया है कि 'आभिजात्य कृति तो वही होगी जिसमें हमारे प्रौढ़ विचारों को प्रतिबिम्बित किया गया हो, जो हमें कभी निराश न करे, जो हमारी शांति और सभ्यता की संवेदना की आकांक्षा को पूर्ण करे, जो हमें समस्त विश्व से एकाकार कर दे तथा जिसकी शैली भी गरिमा-मंडित हो।'

आभिजात्यवादी साहित्य मुख्यत: उस वृद्धिजीवी की सृष्टि है जो जीवन के ऊपरी धरातल पर विचरण करते है। जहाँ भावना और कल्पना की अपूर्णता स्पष्ट दृष्टिगोचर होते है। आभिजात्यवादी साहित्य नागर साहित्य है जो शिष्ट व्यक्तियों तक सीमित है जिसमें सामान्य व्यक्तियों की इच्छा, आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति नहीं मिलती है। उसमें प्रकृति, ग्राम्य जीवन, सामान्य जनता के रीति-रिवाज, प्रथा, परम्परा का अभाव सहसूस होता है। पर पूर्णत: आभिजात्यवादी साहित्य उपरोक्त बातों का खण्डन करता है। 15वीं-16वीं सदी में यूनान और रोम के साहित्य में कुछ आंशिक सत्यता पर पूरवर्ती साहित्य में ऐसी कोई बात नहीं है। आभिजात्य वादी साहित्य का तात्पर्य वास्तव में प्रतिष्ठित और सम्मानित साहित्य से है जो अपनी शैली विशिष्ठता के कारण प्रमाण के रूप में स्वीकारा जाता है। यथा-आँग्ल कवि मिल्टन तथा उनके द्वारा रचित पैराडाइज्ड लास्ट को लिया जा सकता है। महाकवि इलियट भी इसी श्रेणी में गिने जा सकते है। हयूम के अनुसार 'कल्पना की ऊँची से ऊँची उड़ानों में भी कुछ बंधन, कुछ संयम रहता है। आभिजात्यवादी कवि मनुष्य की इस समीपता को, उसकी इस सीमा को कभी भूलता नहीं है। वह जानता है कि धरती से उसका अट्ट नाता है।' तात्पर्य यह है कि आभिजात्यवादी रचनाकार की दृष्टि में उसके आत्म की तुलना में इग्र का महत्व कही अधिक होता है। जिसमें चारों ओर के जीवन और जगत के साथ परंपरा और विरासत की शामिल होती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. गुप्त, डॉ. शांति स्वरूप, पाश्चात्य काव्यशास्त्र के सिद्धांत पृष्ठ 155
2. व्यूफो, डिस्कोर्स आन स्टाइल।
3. त्रिपाठी, डॉ. गंगाचरण, समीक्षा के प्रतिमान।
4. शर्मा, देवेन्द्रनाथ, पाश्चात्य काव्यशास्त्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# निराला का काव्य जीवन: एक दृष्टि

**डॉ. राजाराम परते ***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, परसवाडा, बालाघाट (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** निराला का साहित्यिक जीवन 1920 के आस-पास प्रारंभ होता है। काव्य जीवन के आरंभ से ही उन्हें विरोधों का सामना करना पड़ा, जो आजीवन चलता रहा। उनका सम्पूर्ण काव्य, जीवन मूल्यों का काव्य है, जिसमें गालिब की ज़िन्दगी की तरह एक खास उदात्त भाव और करूणा को ऐसे अनुभवों में बदल दिया, जिससे कोई भी व्यक्ति अपना निजी रिश्ता महसूस कर सकता है। निराला की काव्य वेदना उनके जीवन के परिवेश से संघर्ष की प्रक्रिया में उपजी थी। वे आजीवन संघर्षरत रहे, जिसकी अनुगूंज काव्य में मृत्यु पर्यंत सुनाई पड़ती है। जिस निराला ने जूही की कली के साथ 'केलि' से काव्य आरंभ किया था,आगे चलकर 35 तक आते-आते तुलसीदास की भांति रत्नावली से मुक्त होकर देशकाल की चिंता करने निकल पड़े। जो पहले 'यमुना के प्रति' अधिक स्वप्नशील थे , वही 'वनबेला' में देश और समाज के पिस्सुओं की चिंता करने लगे।'जागो फिर एक बार' में सांस्कृतिक परम्परा की दुहाई देकर आत्म गौरव का भाव जगाते हुए ललकार कर कहते हैं –

'शेरों की मांद में
आया है आज स्यार
जागो फिर एक बार।'

सन् 24 की 'रेखा' में जिन्होंने बड़ी उमंग के साथ लिखा था कि :-

'प्रथम जीवन में
जीवन ही मिला मुझे, चारों ओर।'

उन्हीं को मरण दृश्य भी आगे चलकर देखना पड़ा। जिनके लिए कभी संपूर्ण प्रकृति और सृष्टि ही 'मनोरमा' थी तथा उसी में दिन-रात डूबे रहते थे , उन्हीं को फिर 'सरोज' की स्मृति में आंसुओं से तर्पण करना पड़ा। विप्लव के स्वर में 'बादल राग' गाने वाले को बड़ी व्यथा के साथ कहना पड़ा –

'दुख ही जीवन की कथा रही
क्या कहूं आज जो नहीं कही।'

सौंदर्य के उपासक को 'राम की शक्ति पूजा' का विधान करना पड़ा। जो कभी आकाश की चांदनी को ही सब कुछ समझते थे, उन्हें अब धरती का यनर्गिस' श्रेष्ठ प्रतीत होने लगी। प्रकृति-प्रेम और निजी प्रणय की सीमा से निकलकर वे जीवन संघर्ष में आये और उसमें लड़ते हुए उन्होंने अनेक अनुभवों को काव्य का रूप दिया।

**शब्द कुंजी** – अतिशय, आदर्शवादिता, अक्खड़, उदात्त, समाभ्यस्त, परिलक्षित ,प्रेमोत्थान, प्रवर्तक।

**प्रस्तावना –** पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला अद्भुत प्रतिभा के धनी साहित्यकार थे। गद्य और पद्य में समाभ्यस्त कवि ने कहानी, उपन्यास और निबंधों की रचना की है। द्विवेदी युगीन अतिशय आदर्शवादिता के विरुद्ध शंखनाद करने वाले तथा काव्य क्षेत्र में पुरानी परंपरा को तोड़ने वाले सर्वप्रथम कवि थे। अपने अक्खड़ स्वभाव और क्रांतिकारी विचारधारा के चलते निराला ने जो मार्ग प्रशस्त किया आगे चलकर छायावाद का आधार बनी। छायावादी काव्यधारा के वे मजबूत आधार स्तंभ हैं। निराला का काव्य जीवन संघर्षों से परिपूर्ण रहा। आरंभ काल से ही निराला को प्रतिरोधों का सामना करना पड़ा। लीक से हटकर काव्य रचना करने के कारण उन्हें अपमानित होना पड़ा। उनकी प्रारंभिक रचना 'जूही की कली' को तत्कालीन संपादकों ने यह कहकर छापने से मना कर दिया कि ऐसी रचना काव्यशास्त्र के नियमों के विरुद्ध है। हिंदी साहित्य के वाङ्गमय में निराला एक ऐसे कवि हैं जिन्होंने जीवन में आने वाली कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। आजीवन संघर्ष करते रहे किंतु अपना धैर्य और साहस नहीं खोया। इसकी झलक कविताओं में गंभीरता के साथ परिलक्षित होते हैं। निराला छायावादी कवि हैं। हिंदी साहित्य में यह काव्य धारा प्रेमोत्थान की है जो साहित्य जगत में लगभग 20 वर्षों तक वर्तमान रही।

निराला का काव्य जीवन के प्रथम चरण (1916-1927) में 'परिमल' की रचना होती है। परिमल में भावावेग की प्रबलता मिलती है। द्वितीय चरण (1928-1935) में गीतिका और अनामिका के कुछ गीतों की रचना होती है। इन रचनाओं में भावपक्ष और कलापक्ष का संतुलन दृष्टिगोचर होता है साथ ही संगीत का विन्यास भी देखने मिलता है।तृतीय चरण (1936-1942) अनामिका और तुलसीदास जैसी महत्वपूर्ण रचनाओं का काल है। औदात्य की भावभूमि पर रचित ये रचनायें हिन्दी की अनमोल धारोहर हैं। आधयात्म के साथ-साथ इस काल में कुछ हास्य-व्यंग की रचनायें भी हैं।कुकुरमुत्ता, अणिमा, अपरा, बेला और नये पत्ते चतुर्थ चरण (1942-

1950) की रचनायें हैं। इस काल की सभी रचनायें प्रयोगवादी हैं। पंचम और अंतिम चरण(1950-अंत तक) में अर्चना, आराधना, गीतगुंज और कविश्री की रचना होती है। इस काल में कविरूप की अपेक्षा मानवीय रूप अधिक दिखाई पड़ता है।

**विषयवस्तु**- 1916 से 1927 तक की साहित्य साधना परिमल में संचित है। यद्यपि छंदों के क्षेत्र में परिमल को अद्धितीय रचना माना गया है, तथापि अभी तक चली आती हुई समूची हिंदी काव्य परंपरा से नितांत पृथक स्वरूप धारण करने वाली प्रतिनिधि रचना परिमल है। परिमल के रचना काल में कवि युवा है, जिसके पास असीम उत्साह, आत्मविश्वास, कर्म पर आस्था, विद्रोह का स्वर, जिज्ञासा और कौतुहल, औदात्य और व्यापक जीवन दृष्टि होती है। तभी कवि आत्मविश्वास के स्वर में गाता है-

'अभी न होगा मेरा अंत
अभी- अभी ही तो आया है
मेरे मन में मृदुल बसंत।'

युवावस्था में कवि उत्साहित है। उत्साह रूपी नदी के उद्दाम आवेग को अपने भीतर अनुभूत कर रहा है जिसे वह मस्ती के रूप में गाता है -

'बहने दो
रोक टोक से कभी नहीं रुकती है
यौवन मद की बाढ़ नदी की
किसे देख झुकती है ? '

यौवन काल में जब व्यक्तिगत जीवन में समुचित सम्मान, प्रेम और विश्वास पर प्रश्नचिन्ह लगते हैं तो मन विद्रोही हो जाता है। यह विद्रोह यथार्थ के प्रति असंतोष और हृदय के भीतर पनपते हुए आक्रोश को अभिव्यक्ति देने के लिये विचलित होने लगता है -

'वज्र घोष से ए प्रचण्ड
आतंक जमाने वाले
ऐन व्यथा पाने वाले
भय के मायामय आंगन पर
गरजो विप्लव के नव जल धार।'

परिमल का कवि शोषण और अत्याचार का प्रतिकार करता है।प्रताड़ित जनता में नवजागृति का स्वर फूंकता है। इसलिए अपने भीतर के आवेग को निम्न पंक्तियों में व्यक्त कर देता है -

'पड़े हुए सहते हो अत्याचार
पद -पद पर सदियों के पाद प्रहार
बदले में, पद में कोमलता लाते
किंतु हाय! तुम्हें वे नीच ही है कह जाते।'

सामाजिक जीवन में कवि जब विद्रोह के परिणाम नहीं देख पाता तब उसका मन नैराश्य से भर उठता है।उसकी वाणी में अवसाद ध्वनित होने लगता है। भिक्षुक कविता में भिक्षुक का चित्र खींचते हुए समाज की स्थिति का भी मूल्यांकन करता है -

'वह आता
दो टूक कलेजे के करता
पछताता पथ पर चलता
पेट-पीठ दोनों मिलकर एक
चल रहा लकुटिया टेक
मुठ्ठी भर दाने को।'

किंतु तरुण प्रेम की भावना भी परिमल के कवि में अपने संपूर्ण आवेग के साथ मिलती है।'जूही की कली' और 'संध्या सुन्दरी' जैसी कविताओं के माध्यम से युवकोचित भावनाओं की अभिव्यक्ति हुई है-

'नायक ने चूमे कपोल
डोल उठी वल्लरी की लड़ी जैसे हिंडोल
इस पर भी जागी नहीं
चूक क्षमा मांगी नहीं
निद्रालस्य बंकिम विशाल नेत्र मूंदे रही
निर्दय उस नायक ने
निपट निठुराई की
कि झोंकों की झड़ियों से
सुन्दर सुकुमार देह सारी झकझोर डाली
मसल दिये गौर कपोल गोल।'

प्रथम चरण ही कवि के जीवन का स्वर्णकाल था। कवि और काव्य दोनों के लिए।

1928 से 1835 काव्य के दूसरे चरण में गीतिका और अनामिका के कुछ गीत आते हैं। इस समय कवि व्यक्तिगत जीवन में अभावों को भोग रहा था। परिमल में कवि के हृदय में जो विद्रोह के स्वर उठे थे वह गीतिका तक पहुंचते-पहुंचते संयत और मर्यादित होने लगे थे। विराट सत्ता के प्रति कौतूहल और जिज्ञासा उसके मन में अनेक रूपा होकर जन्म लेते थे। जीवन के कटु यथार्थ से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर के शरण में जाने का प्रयास करने लगता है -

'कौन तम के पार ? ( रे कह )
अखिल पल के स्रोत जल जग
गगन घन-घन धार ( रे कह )'

गीतिका के कई स्थानों पर जाने अनजाने में व्यक्तिगत वेदना व्यक्त हो गई है -

'मुझे स्नेह क्या मिलना सकेगा ?
स्तब्ध दग्ध मेरे मन का तरू
क्या करूणाकर खिल ना सकेगा ?'

कवि के भीतर का यह भावुक आवेग शोक और पीड़ा का स्वर सरोज स्मृति और वनबेला में और भी अधिक मुखरित हुए हैं।

निराला के काव्य जीवन का तृतीय चरण 1936 से 1942 के मध्य अनामिका और तुलसीदास के रूप में प्रस्तुत हुआ है। यहां तक आते-आते कवि के जीवन में काफी उतार-चढाव दिखाई पड़ते हैं। पुत्री सरोज की मृत्यु इसका सबसे बड़ा कारण है। यह सत्य है कि तुलसीदास और राम की शक्ति पूजा जैसी लंबी कवितायें कवि ने की है किंतु इन कविताओं का मूल स्वर कवि के विद्रोही मन के स्वर से शिथिल हुए हैं। एक और इसमें आदर्शात्मक परिदृश्य है तो दूसरी ओर व्यक्तिगत वेदनाओं को रेखांकित करने वाले स्वर। परिमल का कवि जिस आत्मविश्वास के साथ कहता है-

'भले और बुरे की
ताके निंदा यश कथा की
नहीं परवाह मुझे।'

वही कवि अब नैराश्य की चरम स्थिति पर पहुंचकर कह उठता है-

'धिक जीवन को जो पाता ही आया विरोध
धिक साधान जिसके लिए सदा ही किया शोध।'

अवसाद का यह स्वर जब मुखरित होता है तो असहाय पिता का मूक क्रंदन इन शब्दों में अभिव्यक्ति पाता है –

'धन्ये मैं पिता निरर्थक था
कुछ भी तेरे हित न कर सका।'

इसमें कवि की व्यक्तिगत वेदना, असमर्थता, असहायता, अवसाद के पल व्यक्त हुए हैं। इस चरण में कवि अंतर्मुखी तो हो ही जाता है किंतु उसके साथ ही यथार्थ द्रष्टा बनकर व्यक्तिगत वेदना की अनुभूति को भी मुखरित करने में समर्थ हो सका है।

1942 से 1950 चौथे चरण में कुकुरमुत्ता, अणिमा, बेला और अपरा, नए पत्ते आदि की गणना की जाती है। इस समय कवि की आयु में वृद्धि होती है, ऐसी स्थिति में वह भले ही अदम्य साहस के साथ जीवन के कटु यथार्थ का सामना करते रहें किंतु तटस्थता की भावना आने लगती है।कवि के जीवन में निरन्तर दैविक, दैहिक,भौतिक प्रहार होते रहे और उन्हें सहते–सहते उनकी धारणाएं और विश्वास भी डगमगाने लगे। गंभीर चिंतन के स्थान पर व्यंग के स्वरों से कुकुरमुत्ता का सृजन किया जिसमें हास्य–व्यंग के छींटे भी परिलक्षित होते हैं–

'मुझमें मूंछे, मुझमें कल्ला
मेरे लल्लू मेरे लल्ला
कहे रूपय्या या अधन्ना
हो बनारस या न्वेन्या।'

कुकुरमुत्ता के हास्य और व्यंग में सामाजिकता जुड़ी हुई है। बाद की रचनाओं में इस प्रकार के हास्य व्यंग के स्थल पर समाज निरपेक्ष हो जाता है। कवि मूलत: सामाजिक विद्रूपता ओं का पर्दाफाश करता हुआ व्यक्तिगत जीवन में पराजय को जीता हुआ अपने भीतर के स्वर को मुखरित करता है –

'दुख ही जीवन की कथा रही
क्या कहूं आज जो नहीं कही।'

1950 से मृत्यु पर्यंत निराला के काव्य जीवन का अंतिम चरण है। इस चरण में कवि पूर्णत: अंतर्मुखी हो जाता है। ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए प्रार्थना करता है– 'वर दे वीणा वादिनी वर दे य और यदे मैं वरण करूं' जैसे गीतों को गाने लगता है। अर्चना, आराधना, गीतगुंज और कवि श्री इस चरण की रचनायें हैं। अब निराला की व्यक्तिगत चेतना का विघटन होने लगता है। इस दशक की रचनाओं के सृजन का श्रेय उनके प्रबल संस्कारों और प्रतिभा को ही दिया जा सकता है। अब लंबी रचनाओं की रचना करने की एकाग्रता समाप्त हो गई। छोटी–छोटी रचनाएं मिलने लगती हैं। समाज की अधोगति से दुखी होकर कवि का मूल स्वर विराट सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने लगता है और अंत में हार कर स्वीकार लेता है–

'हार गया जीवन
छोड़ गये साथीजन
एकाकी नैराश्य क्षण
कण्टक पथ विगत पाथ।'

इस प्रकार विश्रांति काल में भी कवि के मन की वेदना कविता के माध्यम से फूट पड़ती है और तब वह जो कुछ लिखता है उसमें उसकी असहायता, निराशा, अवसाद, कुछ न कर पाने की पीड़ा, समाज के प्रति अकर्मण्यता का दोष, उसकी अंतर्मुखी प्रवृत्ति बन जाती है। एक प्रकार से कवि के काव्य जीवन का यहां अंत हो जाता है।

**निष्कर्ष–** सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का साहित्यिक जीवन 45 वर्षों तक चला। इस दौरान कवि के जीवन में काफी उतार–चढ़ाव मिलते हैं, किंतु कवि की चेतना अप्रभावित ही रहती है, जिसका श्रेय उनके प्रबल संस्कारों और बहुमुखी प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। सृजन के प्रथम दौर में कवि युवा है। युवकोचित भावनाओं की अभिव्यक्ति 'जूही की कली' और 'संधया सुन्दरी' कविताओं के माध्यम से करता है। चूंकि कवि सामाजिक सरोकारों से बद्ध है इसलिए सामाजिक अध:पतन की चिंता भी करता है तभी तो सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध स्वर संधान करता है। तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियां भी कवि को प्रभावित करती हैं। नव जागृति लाने कवि बादल राग और जागो फिर एक बार जैसी ओजस्वी कविताओं का सृजन करता है। जीवन से संघर्ष करते हुए कवि, 'तुलसीदास' और 'राम की शक्ति पूजा' जैसी कालजयी कृतियों की रचना कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाता है। फिर भी यदि जीवन में संघर्ष निरंतर प्रभावित करता तो हृदय में निराशा, पराजय का भाव लक्षित होने लगते हैं।जूही की कली का बसंत अब बीत चुका था। वह उल्लास, वह उमंग जो मतवाला निकलने के समय थी, अब खत्म हो गयी थी। कवि के जीवन में काफी तिक्तता आ गई थी उसका मन विषाद ग्रस्त था। अब कविता में आवेग के बदले संयम अधिक था। दुखों को सहते हुए धीरे–धीरे उसकी चेतना विराट सत्ता के सर्वात्म भाव की कामना करने लगती है। अंतर्मुखी होकर धर्मभीरू दिखाई पड़ने लगता है। ईश्वर से प्रार्थना करते हुए गाने लगता है –'वर दे, वीणावादिनी वर दे' और 'दे मैं वरुण करूं।' जिस निराला ने जूही की कली के साथ 'केली' से काव्य आरंभ किया था, आगे चलकर तुलसीदास की भांति रत्नावली से मुक्त होकर देशकाल की चिंता करने निकल पड़ता है। मस्ती के गायक को जीवन में मरण दृश्य भी देखना पड़ता है। सरोज की स्मृति में आंसुओं से तर्पण करना पड़ा। प्रकृति प्रेम और निजी प्रणय की सीमा से निकल कर वे जीवन संघर्ष में आए और उसमें लड़ते हुए उन्होंने अनेक अनुभवों को काव्य रूप दिया। अंत में जीवन से जूझते हुए असहायता, निराशा, कुछ न कर पाने की पीड़ा, समाज के प्रति अकर्मणयता का दोष के साथ साहित्याकाश का यह 'सूर्य' हमेशा के लिए अस्त हो गया।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. रामविलास शर्मा, निराला की साहित्य साधना, भाग–1, राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली–110002
2. रामविलास शर्मा, निराला की साहित्य साधना भाग–2, राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली–110002
3. नामवर सिंह– छायावाद, राजकमल प्रकाशन 1–बी,नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज नई दिल्ली–110002
4. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला–विकिपीडिया http://hi.m.wikipedia.org
5. www.kavitakosh.org/nirala

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारतीय संस्कृति में मृदभांड़ की भूमिका

**डॉ. कुन्ती साहू***

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, गोहपारू, जिला शहडोल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** प्राचीन भारतीय संस्कृति की समस्त पहचान ताम्रपाशाविक तथा ऐतिहासिक काल के पूर्व तक की संस्कृतियों की पहचान मृदभाण्डो के आधार पर ही होती है। हम यह कह सकते है कि मृदभाण्ड ही इस गुत्थी को सुलझा सकते है। खुदई में जब मृदभाण्ड प्राप्त होता था तो उन्हे तुच्छ समझ कर फेंक दिया जाता था। सर्वप्रथम फिंलडर्स पेट्री नामक पुरातत्ववेत्ता ने मिस्र में उत्खनन के दौरान प्राप्त मृदभाण्डो के महत्व का अध्ययन करते हुए बताया कि प्रत्येक मृदा में विशेष प्रकार के मृदभाण्ड बनाए जाते रहें है और उनका प्रकार लंबे समय तक चलता रहता है। जिनका अध्ययन करके हम उस समय की संस्कृति संबंधी विशेष बातों का ज्ञान प्राप्त कर सकते है, विभिन्न काल तथा कौशल तकनीक से निर्मित मृदभाण्डो का अध्ययन एवं परीक्षण करकें हम काल विशेष एवं स्थल विशेष की संस्कृति के पक्षों को उजागर कर सकते है। इतिहास के अन्य स्रोतों के समान ही मृदभाण्ड भी एक उपयोगी स्रोत है। इनके आधार पर कुछ क्लिष्ट ऐतिहासिक पक्षों को समझा जा सकता है, जो अन्य स्रोतों के माध्यम से संभव नही हैं। अत: मृदभाण्ड प्राचीन संस्कृतियों के अध्ययन के लिये अत्यन्त उपयोगी है। विश्व के अन्य देशों के समान भारत में भी पुरातात्विक उत्खनन के फलस्वरूप विविध प्रकार के मृदभाण्डों के पता चला है। प्रमुख मृदभाण्ड परम्पराओं का विवरण इस प्रकार है–

**(1) गैरिक मृदभाण्ड (Ocher Caloured Pottery) ocp –** मृदभाण्डों का नामकरन उनके रंग के आधार पर किया गया हैं। गेरूए रंग के मृदभाण्डों के गैरिक मृदभाण्ड कहा जाता हैं। इन में मृदभाण्ड गंगा घाटी क्षेत्रों में मिले है और ये अत्यंत जीर्ण – शीर्ण अवस्था में हैं। छूने पर इनका रंग अंगुलियों मं लग जाता है और ये चूर – चूर हो जाते है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें पूर्ण रूप से पकाया नहीं गया हैं। जिन स्थानों से मृदभाण्ड मिले हैं, वह स्थल लंबे समय तक पानी में डूबे रहे होंगे जिससे उनमें नमी आ गयी होगी तथा भाण्ड अत्यन्त कमजोर और मुरझुरे हो गयें। बर्तनों की दुर्बलता एवं भंगुरता उनके लंब समय तक खुले में पड़े रहने के कारण भी हो सकता हैं।

गैरिक मृदभाण्ड़ों की खोज सर्वप्रथम पुराविद बी0बी0लाल ने 1949 ई0 में बदायूँ तथा राजपुरम् (बिजनौर) के पुरास्थलों की खुदाई के दौरा किया। इन स्थलों से उन्हें गेरूए रंग के मुदभाण्ड खण्ड प्राप्त हुए इनके रंग के आधार पर ही इनका नामंकरण गैरिक किया गया पुरातत्व में इनका नाम ओ0सी0पी0 (ऑकर कलर्ड पाटरी) सर्व प्रचलित हैं। गैरिक मृदभाण्ड़ों का विस्तार मुख्यत: उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तरी राजस्थान, आदि में मिलता हैं। इसके प्रमुख स्थल हैं। हस्तिनापुर (मेरठ) इलाहाबाद, बरेली, काटपलान, लेह, आदि हैं। लालकिला, अंतरंजीखेड़ा प्रमुख स्थल है।

गैरिक मृदभाण्ड़ों में कई प्रकार के पात्र मिले हैं। इनमें साधार तश्तरी एवं घड़े, बेसिन, कटोरे, ढक्कन, बड़ी आकार की नाँदे, भण्डारण पात्र, छोटे एवं सामान्य आकार के बर्तन आदि मुख्य रूप से उल्लेखनीय हैं। प्रारंभिक पात्रों पर कोई अलंकरण या चित्रण नहीं हैं। किन्तु अंतरंजीखेड़ा एवं लाल किला से प्राप्त बर्तनों के टुकड़ों की लाल सतह पर काले रंग में चित्रण किया गया हैं, लाल किला से मिले एक बर्तन पर कूबडदार बैल का चित्रण है, कुछ बर्तनों के टुकड़ों पर विविध आकार – प्रकार की रेखाओं, पत्तियों आदि से चित्रकारियाँ ली गयी हैं।

गैरिक मृदभाण्ड़ों के निर्माता कौन थे इसकी स्पष्ट जानकारी प्राप्त नहीं हैं कुछ इन्हें प्राग्हड़प्पा तो कुछ इन्हे हड़प्पा वासियों को मानते है। कूबडदार बृषभ का अंकन हड़प्पा वासियों की ओर इशारा करता है,। गैरिक मृदभाण्ड़ के निर्मातओं का प्रश्न उपसं हल नहीं किया जा सका हैं पुरात्वों की खुदाई मे सबसे निचले स्तर से ये मृदभाण्ड प्राप्त हुए हैं। अधिकांश पुराविद इन मृदभाण्ड़ों का समय ईसा पूर्व 1300–1200 निर्धारित करते हैं।

**(2) चित्रिण धूसर मृदभाण्ड (Point Gray ware) –** इस पात्र का नाम इसके रंग के आधार पर रखा गया है। इस पात्र परम्परा के बर्तन प्रधानत: धूसर अथवा स्लेटी रंग के है जिन पर काले रंग में मिश्रण किया गया है। कही – कही काले तथा चाकलेट रंग के बर्तन भी मिलते है। सर्वप्रथम इन मृदभाण्ड़ों को अहिच्छत्र के टीले की खुदाई में पाया गया था। परंतु इसके महत्व को उस समय समझा नही गया तत्पश्चात् ये मृदभाण्ड़ अन्य स्थलों से भी प्राप्त होगे उत्खनन तथा अनुसंधान के फलस्वरूप सतलज तथा अन्य गंगाघाटी में अब तक लगभग सतासी चित्रित धूसर मृदभाण्ड़ स्थल प्रकाश में आए है, साथ ही इस पात्र परंम्परा का संबंध लोहे से भी माना जाता है। प्रस्तुत: हड़प्पा सम्यता के पतन से लेकर बुद्ध काल के प्रारंभ तक की अवधि की संस्कृतियों के भौतिक परिवेश की जानकारी प्राप्त करने की दृष्टि से इस पात्र परम्परा का महत्वपूर्ण स्थान हैं। प्रारंभ में इस काल को (1500–600) को अंध युग माना जाता था जिसकी संस्कृति के ज्ञान के लिये कोई साक्ष्य नही था। किन्तु चित्रिण धूसर मृदभाण्ड़ों की प्राप्ति ने इस व्यवधान को समाप्त कर दिया। हस्तिनापुर में यह गैरिक मृदभाण्ड़ स्तर के ऊपर तथा एन0बी0पी0 स्तर के निचले स्तरों से मिलता है। अतंरजीखेड़ा में सबसे नीचे गैरिक मुदभाण्ड उसके ऊपर कृष्ण – लोहित भाण्ड तथा उसके पर से चित्रित धूसर भाण्ड प्राप्त होते है। हड़प्पा सम्यता के अन्तिम स्तर से ये भाण्ड मिलें है। जिससे स्पष्ट होता है कि हड़प्पा संस्कृति के अन्तिम तथा चित्रित धूसर भाण्ड की

प्रारम्भिक संस्कृतियों में समकालीनता थी और ये उत्तर भारत तथा उत्त्र पश्चिम भारत में विशेष रूप फैले थे। चित्रित धूसर भाण्ड़ों की प्राप्ति ने ईसा पूर्व 1500 से 600 के बीच के संस्कृतिक शून्यता को पाटने का कार्य किया है।

चित्रित धूसर पात्र अत्यन्त पतली गढ़न वाले है। इन्हें उच्च ताप (800°C) पर आँवे में पकाया गया है। कि इनका रंग धूसर हो गया हैं गाढ़े काले रंग से कुछ अलंकरण किया गया है। इनकी मिट्टी अत्यन्त चिकनी है, जिसे भली भाँति गूंथा गया हैं धूसर संस्कृतिके लोग नरकुल तथा गोरे से अपना घर बनाते थें। गेहूं, जौ तथा चावल उनके मुख्य खाद्यान थे। अतरंजीखेड़ा के प्रथम स्तर से इनके अवशेष मिलते है। पालतू पशुओं में भेड़, भैस, सुअर, हिरण आदि है, लोह उपकरण भी बड़ी मात्रा में मिले है, इनमें कील, फलक, कुल्हाड़ी, कुदल, दरांती, चाकू, चिमटा आदि हैं धातुमल से सूचित होता है। लोहे की ढ़लाई का काम भी ज्ञात था। अतरंजीखेड़ा से मिले कुछ पात्र- भाण्डों पर कपास से बने वस्त्रों की छाप मिलती हैं। भगवानपुरा से पक्की ईटों का प्रयोग के प्रमाण है, इस प्रकार चित्रित धूसर भृद्भाण्ड संस्कृति अत्यन्त विकसित ग्रामीण जीवन का संकते करती है जिसकी पृष्ठ भूमि पर बृद्धकाल में द्वितीय नगरीयकरण का उत्कर्ष हुआ।

**(3)कृष्ण लोहित मृद्भाण्ड (Black and Red ware) –** ये प्रगैतिहाशिक काल के प्रमुख मृद्भाण्ड है। ऐसे मृद्भाण्डों का भीतरी तथा बाहर की वारी (Rim) के चारों और का भाग काला तथा शेष बाहरी भाग ईटे के रंग का लाल मिलता है, आकार – प्रकार एवं एवं अलंकरण चित्रण की दृष्टि से ये भाण्ड अन्य भाण्ड़ो से भिन्नता रखते है। इनके भीतरी भाग को काला देखकर पहले कई पुराविद्ों का विचार था कि उन्हें औधे मुँह पकाया गया होगा जिसके परिणामस्वरूप पर्याप्त आक्सीजन न मिलने के कारण भीतर का भाग काला पड़ गया होगा। किन्तु खुरचे जाने पर सतह की रासायनिक जॉच से पता चलता है कि काला रंग जो केवल सतह पर न होकर मोटाई के आधे भाग तक फैला हुआ है, कार्बन परिणाम है। ऐसा लगता है कि पहले इन बर्तनों को धूप में सूखाया गया था। तत्पश्चात् इन पर कोई कार्बनिक राल या तेल अथवा इसी प्रकार का कोई तरल पदार्थ पोत दिया जाता था। पकाये जाने पर ऊपरी भाग तथा मोटाई पर लगी लेप जल गयी तथा केवल कार्बन ही बच गया जिससे बर्तन का रंग काला पड़ गया कुछ लोगों का कहना है कि इन्हे दो बार पकाया जाता था।

काले – लाल मृद्भाण्ड मध्यम से लेकर छोटी कोटि के ही है। इनमें कही भी भण्डारण पात्र नहीं मिलते हैये मेज पर सजाने वाले बर्तन जान पड़ते है। अत: इन्हे विशेष प्रकार से तैयार किया गया होगा। इन पर सफेद रंग से बहुत कम चित्रकारी आ गयी है। इनके निर्माण विधि को इजिप्शियन तकनीक कहा जाता है । ये नदियों द्वारा बहाकर लाई गयी चूने तथा रेत युक्त मिट्टी से बने हैं। कभी-कभी काचली मिट्टी से भी ये तैयार किये जाते थे। सौराष्ट क्षेत्र में रंगपुर, नोबल हड़प्पा स्थल, पंजाब, हरियाणा, में ये भाण्ड चित्रित धूसर भाण्ड़ो के साथ मिलते हैं, लेह तथा अतरंजीखेड़ा में ये भाण्ड चित्रित धूसर तथा गैरिक मृदभाण्ड़ों के ऊपरी तथा चित्रित धूसर भाण्ड़ी के निचले स्तर से प्राप्त हुए हैं, उज्जैन, नवदाटोली, माहेश्वर, आदि मालवा क्षेत्रों ये भाण्ड़ उत्तरी चमकीलें पात्रों के पूर्व एवं उनके साथ मिलते है। दक्षिण भारत, बिहार तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न पुरास्थलों पर काले लाल मृद्भाण्ड़ वृहत्वाषाणिक समाधियों में पाये गये हैं।

काले मृदभाण्ड़ो को किसी विशेष संस्कृति से संबंधित नही किया जा सकता है। कुछ विद्धान इन्ही पात्रों अथर्ववेद में 'नील-लोहित' कहा गया है।काले-लाल भाण्ड़ो के प्रयोग कत्ताओं के पास लघुपाषाण एवं पाषाण उपकरण थे जिससे वे सीमित मात्रा में ही कृषि कर सकते थे। खोदने के लिये लकड़ी के उपकरणों तथा कुदालों का प्रयोग करते थे और धान पैदा करते थे। काले-लाल मृद्भाण्ड संस्कृति में ताम्र उपकरणों की प्रधानता न होकर लघु पाषाणों उपकरणों की ही प्रधानता दिखाई देती है। इस संस्कृति के लोग नील गाय, सूअर, हिरण आदि पालते थे। मछली तथा चावल उनके मुख्य खाद्यान थे।

जहॉ तक काले और लाल मृदभाण्ड परम्परा की तिथि का प्रश्न है।विभिन्न स्थलों से भिन्न-भिन्न तिथियाँ स्वीकार करनी पड़ेगी लोथल, रंगपुर जैसे परवर्ती हड़प्पा सम्यता के भाण्ड़ो की तिथि ईसा0पूर्व 2000 से 1600 मध्य भारत मालवा क्षेत्र में 1500-200 के बीच तथा दक्षिण भारत की बृहत्पाषाणिक समाधियों से प्राप्त भाण्ड़ो की तिथि ईसा पूर्व 1000-100 की बीच हैं। कुछ विद्धानों का विचार है कि इन भाण्ड़ो के निर्माता आर्थो की ही एक शाखा थी।

**(4) उत्तरी कृष्ण मार्जित मृद्भाण्ड (Noothen Black Polised Ware NBP) –** येमृद्भाण्ड छठी शताब्दी अथवा बुद्धकाल के विशिष्ट मृद्भाण्ड है जिन्हे सामान्यत: उत्तरी कृष्ण मार्जित अथवा काली पॉलिश के बर्तन कहा जाता है। इन मृद्भाण्ड़ो से द्वितीय नगरीकरण के प्रारंभ की सूचना मिलती है।

ये भाण्ड प्रातिधिक दृष्टी से तत्कालीन भारत के सर्वोत्कृष्ट भाण्ड थें। इन्हे अच्छी तरह से गूँथी हुई मिट्टी से ऊँचे तापमान पर आँवों में पकाकर निर्मित किया जाता था। उन पर अत्यधिक चकची चमकीली पॉलिश थी। यह अधिकांशत: काँच के समान झलकती थी तथा बिल्कुल काले रंग से लेकर गहरी भूरी अथवा धातु जैसी फौलादी नीली होती थी।जिससे मृद्भाण्ड़ों विशेष प्रकार की भव्यता तथा चमक आ जाती थी। अपनी उत्कृष्ट बनावट तथा अच्छी गढ़न के कारण ये धातु के भाण्डो के समान सुन्दर लगते थे। स्पष्टत: ये समृद्धी सूचक बर्तन थे जिनका प्रयोग सामान्यजन नही करता था अपितु ये धनाढ्य और कुलीन वर्गो द्वारा ही जो प्राय: शहरों में निवास करते थे, अनुष्ठानों अथवा खान-पान में प्रयोग में लाये जाते थे। इनका व्यापार भी किया जाता था। अन्य बर्तनों की तुलना मे ये बर्तन अधिक मँहगे होते थे क्योकि कुछ पुरास्थलों मे इनके ठीकरे ताँबे की पितों से जुडे हुए हैं। इससे सूचित होता है, कि इस पात्र परम्परा के टूटे हुए बर्तन का भी मूल्य होता था।

इस भाण्ड परम्परा के मुख्य बर्तन थे थालियाँ, कटोरे, छोटे प्याले, ढक्कन, हांडियाँ, छोटे कलश आदि इन्हे तेजी से घूमने वाले चाक पर संभवत: बनाया जाता था। जिससे इनका आकार बहुत पतला तथा हल्का दिखाई देता था। इन बर्तनों पर पट्टियां, अर्धवृत्त, लाल भूरी, भित्तियों आदि के अलंकरण मिलते हैं कही कही इन बर्तनों का रंग काले केअतिरिक्त गुलाबी, नीला, चाकलेटी, रूपहला आदि भी मिलता हैं। इस प्रकार इन भाण्डों के रंग तथा चमक एक रहस्य बनी हुई हैं।

इनका प्रसार मध्यगंगाघाटी में इलाहाबाद, भागलपुर, तथा गंगा के दोनो ओर कछारी मैदान 450 एन बी0 पी0 स्थानों की खोज की गयी हौं उच्च गंगा घाटी में समेत रोपड़ अहिच्छत्र मालवा में उज्जैन तथा बेसनगर से भी इनकी प्राप्ति हुई हैं किन्तु सर्वाधिक स्थल मध्यगंगा क्षेत्र हैं। जो प्राक् मौर्यकालीन में नगरीकरण के उत्कर्ष का केन्द्र बिन्दु था। मध्यक्षेत्र से ही ये

बर्तन व्यापरियों तथा तीर्थयात्रियों द्वारा पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी, मध्य तथा पूर्वी भारत में ले जाये गये थें। इनका निर्यात मुख्यत: कौशाम्बी से होता था। भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, तथा अफगानिस्तान के एक बड़े भू-भाग में इन बर्तनों का प्रसार था। गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश से इस पात्र के बर्तनों के ठीकरे प्राप्त किये गये हैं जिससे पता चलता है कि इसका प्रसार क्षेत्र विस्तृत था।

कौशाम्बी (इलाहाबाद) की खुदाई से पचीस निर्माण कालों के साक्ष्य मिले हैं प्रत्येक निर्माण काल की अवधि सत्तर वर्ष मानी गई है। आशोक स्तंभ वाले इस क्षेत्र में इस भाण्ड परंपरा के आठ आवसीय स्तर समति आए है साथ ही कौशाम्बी के सांस्कृतिक स्तरों में कोई रिक्तता नहीं मिलती इस प्रकार इन भाण्डों का काल ई0पू0 605-45 की कालावधि मानते है। एन0बी0पी0 पात्र परम्परा से गंगाघाटी में ईसा पूर्व छठी शाताब्दी अथवा बुद्ध काल में नगरी करण का प्रारंभ हुआ था उत्पादन अधिशेष लौह तकनीक का विकास शिल्प उपयोगों एवं व्यापार वाणिज्य की प्राप्ति, धातु मुद्रा का प्रचलन लिपि का प्रयोग आदि इसकी प्रमुख विशेषतायें थी। चॉदी तथा तॉबे के पत्तरों को काटकर सिक्के तैयार किए जाते थे। वस्तु विनिमय का युग समाप्त हो गया और सिक्कों के नियमित प्रयोग से व्यापार वाणिज्य मे सुगमता हो गयी। इस एन0 बी0 पी0मृद्भाण्ड परम्परा से संबद्ध लोगो की भौतिक संस्कृति अत्यन्त विकसित थी।

**सारांश** – मृद्भाण्ड परंपरा भारत में चार स्तरों में पाई गई हैतथा चारो का अपना – अपना विशेष महत्व है, इन मृद्भाण्डों के जरिए हम भारतीय इतिहास तथा संस्कृति के उन पक्षों को उजागर करने सफलता प्राप्त की जा सकती है। जिनके बारे में लिखित सत्य या स्मारक नही ये मृद्भाण्ड प्राक्रमौर्योत्तर काल तथा उससे पहले के भारतीय संस्कृति के पक्ष को उजागर करते है। (1500-600) ईसा पूर्व को अंधकार युग के नाम से जाना जाता था परंतु मृद्भाण्ड के द्वारा उस समय के इतिहास के बारे में जानकारी मिलती है।

ये मृद्भाण्ड भारत के सांस्कृतिक पक्ष के साथ – साथ भारत की आर्थिक समृद्धी तथा कला एवं तकनीक की भी जानकारी मिलती है। भारत के द्वितीय नगरीकरण के विकास में इन मृद्भाण्ड परंपराओं का विशेष योगदान हैं। और भारतीय इतिहास के विशेष पक्षों को उजागर करते हैं। जिससे इनके महत्व को नाकारा नही जा सकता हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति – के0 सी0 श्रीवास्तव
2. भारत का इतिहास – के0 कृष्ण रेड्डी
3. भारत का प्राचीन इतिहास – राम शरण शर्मा
4. प्राचीन भारतीय संस्कृति व सभ्यता – डी0 डी0 कोसंबी

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# सोशल मीडिया का सकारात्मक पक्ष : भारत के सन्दर्भ में संक्षेपिका

**डॉ. विद्या चौधरी * डॉ. साधना डेहरिया ****

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) भारत
** सह प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** आज के कोरोना नामक वैश्विक महामारी के दौर में विश्व के समक्ष एक नयी चुनौती है, जिसे इन्फोडेमिक ( इन्फॉर्मेशन + एपिडेमिक) की संज्ञा दी गयी है। सोशल मीडिया के माध्यम से किए जाने वाले दुष्प्रचार के कारण संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'टीम हैलो' तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'स्टॉप द स्प्रेड' अभियान आरम्भ किया गया। युवा एवं बच्चों द्वारा सोशल साइट्स में समय बरबाद करना, साइबर क्राइम आदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्ष हैं।

किन्तु सोशल मीडिया अपने आप में नकारात्मक नहीं है। यह तो एक प्रौद्योगिकी आधारित माध्यम मात्र है, इसकी सकारात्मकता और नकारात्मकता उपयोग करने वाले पर निर्भर करती है । सोशल मीडिया के सकारात्मक पक्ष की ओर देखा जाए तो यह मानव समुदाय के लिए वरदान सिद्ध हुआ है।

**शब्द कुंजी –** सम्प्रेषण माध्यम, मीडिया के विभिन्न चरण , सकारात्मक पक्ष ।

**प्रस्तावना –** मानव एक विचारशील एवं सामाजिक प्राणी है, अत: आदिम युग के एकाकी जीवन से बाहर निकलते ही विचारों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया भी आरम्भ हो गयी। आरम्भिक काल में विचारों एवं भावनाओं के सम्प्रेषण की एक मात्र युक्ति मौखिक ही रही थी। किन्तु समय परिवर्तन के साथ-साथ सम्प्रेषण के साधन और स्वरूप दोनों बदलते गए । सम्प्रेषण के साधन अथवा माध्यम को सामान्य बोल-चाल की भाषा में 'मीडिया' कहा जाता है तथा इसके समाजिक स्वरूप को 'सोशल मीडिया' कहा जाता है। संक्षेप में समाज के द्वारा, समाज तक विचारों के सम्प्रेषण के लिए जिस माध्यम का उपयोग होता है उसे सोशल मीडिया कहा जाता है।

सूचना सम्प्रेषण अथवा विचार अभिव्यक्ति के माध्यम समय के साथ-साथ परिवर्तित होते रहे हैं। भारतीय शास्त्रों एवं पुराणों के अनुसार देवताओं के मध्य सूचनाओं के सम्प्रेषण का कार्य देवऋषि नारद किया करते थे। रामायण काल में श्री हनुमान जी द्वारा लंकापति रावण तक श्रीराम का संदेश तथा महाभारत काल में स्वयं श्रीकृष्ण द्वारा शन्तिदूत के रूप में कौरवों तक सन्देश पहुँचाने का उल्लेख मिलता है। इनके द्वारा यह भी सिद्ध किया गया है कि सन्देशवाहक (मीडिया) की भूमिका संदेश को प्रभावित करती है। ऐतिहासिक काल में पशु - पक्षियों द्वारा भी सन्देशवाहक के रूप में कार्य किये जाने का प्रमाण मिलता है।

आधुनिकता के दौर में जॉन गुटनबर्ग द्वारा सन् 1439 ई. में किए गए छपाई मशीन के आविष्कार-(1) से संचार के क्षेत्र में नये युग का आरम्भ हुआ माना जा सकता है । अब विचारों एवं सूचनाओं के सम्प्रेषण हेतु समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाने लगा। उन्नीसवीं शताब्दी के उतरार्द्ध में थॉमस एल्वा एडिसन द्वारा फोनोग्राफ मशीन की खोज संचार के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। एडिसन ने सन् 1878 ई. में इस मशीन का पेटेन्ट करवाया था। एडिसन ने सैमुअल मोर्स द्वारा अविष्कार किए गये टेलीग्राफ में आवश्यक सुधार कर रिकार्ड की गति 25-40 शब्द प्रति मिनट के स्थान पर 1000 शब्द प्रति मिनट बना दिया।-(2) सन् 1895 ई0 में मार्कोनी एवं पोपोफ ने वायरलेस के माध्यम से सन्देश भेजने में सफलता प्राप्त की। सन् 1906 ई. में फेसेन्डर ने रेडियो के माध्यम से मानव आवाज को प्रसारित कर संचार के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाया। इसके परिणामस्वरूप रेडियो प्रसारण नेटवर्क स्थापित होने लगा, जो आधुनिक संचार व्यवस्था का केन्द्र बिन्दू है। बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दूरदर्शन की खोज से सूचनाएँ दृष्य श्रव्य रूप मे जीवन्त हो बड़े जन समुदाय तक प्रसारित होने लगी। सन् 1940 ई. में चार्ल्स बैबेज द्वारा आविष्कृत कम्प्यूटर से सन्देश संचारण का क्षेत्र और गति दोनों में तेजी से परिवर्तन होने लगा।

बीसवीं शताब्दी के उतरार्द्ध में किए गए उपग्रहों की खोज ने संचार के क्षेत्र में नये युग का सूत्रपात किया। सन् 1973 ई. में मार्टिन कूपर ने मोबाइल फोन की खोज कर विश्व के समक्ष संचार का एक बेहतर विकल्प प्रस्तुत किया। फोन के बहुआयामी सफलता से अभिभूत हो स्वयं मार्टिन कूपर कहते हैं-'हमने कभी ये सोचा नहीं था कि आज मोबाइल फोन इतना उपयोगी हो जाएगा'-(3) सन् 1969 ई. में अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस (DOD) द्वारा इन्टरनेट की खोज, सन् 1989 ई. में टिम बर्नर ली द्वारा ब्राउजर लिंक का उपयोग तथा सन् 1998 ई. में संचार के क्षेत्र में गूगल के प्रवेश से संचार का स्वरूप वैश्विक हो गया। मार्शल मैकलुहान ने जनसंचार की नयी प्रौद्योगिकी में विकास को केन्द्र में रखकर ही सम्पूर्ण विश्व को 'ग्लोबल विलेज' अर्थात 'विश्वग्राम' की संज्ञा दी है।

भारत के सन्दर्भ में देखा जाये तो भारत में प्रेस की स्थापना सन् 1550 ई. में की गयी थी, जिसका श्रेय पुर्तगालियों को जाता है । सामाजिक कुरीतियों को दूर करने तथा जन-जागृति लाने के साथ-साथ स्वतंत्रता आन्दोलन को संचालित करने में पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से संचार की भूमिका अहम् रही है। 29 जनवरी 1780 ई. में 'बंगाल गजट' के प्रकाशन के साथ जेम्स ऑगस्ट्स हिक्की द्वारा भारत में प्रिंट माध्यम की पत्रकारिता की नींव डाली गयी। इसके साथ ही प्रिंट मीडिया (पत्रकारिता) समाज की आवाज बनकर शासन की दमनात्मक नीतिओं के विरूद्ध उठ खड़ा हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा

गाँधी जी ने भी संचार के साधन के रूप में पत्रकारिता को सामाजिक क्रिया –कलाप के माध्यम के रूप में देखा है, उनका मानना है कि, 'समाचार पत्र का पहला उद्देश्य जनता की इच्छाओं, उसके विचारों को समझना और उन्हें व्यक्त करना है। दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना है और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।'–(4) यद्यपि बंगाल गजट का प्रकाशन अंग्रेजी में होता था, अत: इसका संचरण सीमित था, किन्तु राष्ट्र हित में इसके उपयोग के कारण उत्पन्न जन जागृति से परेशान तत्कालीन गर्वनर वारेन हेस्टिंग द्वारा 'बंगाल गजट' को बन्द करा दिया गया।

राजा राम मोहन राय द्वारा राष्ट्रीय प्रेस की स्थापना सन् 1821 ई में की गई। तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए राजाराम मोहन राय द्वारा प्रेस का उपयोग करते हुए 'ब्रम्हनिकल मैग्जीन', 'संवाद कौमुदी' तथा 'मिरातुल अखबार' प्रकाशित किया गया। इसी तरह 'बंगदूत' ने भी समाजसुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सन् 1826 ई में ब्रज और खड़ी बोली में पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा प्रकाषित साप्ताहिक पत्रिका 'उदन्त मार्तण्ड' ने भी लोगों में क्रांतिकारी विचार उत्पन्न करने में उत्प्रेरक का कार्य किया।'साम्यदण्ड मार्तण्ड' 'सारसुधानिधि', 'भारत मित्र', 'उचित वक्ता', 'हिन्दी बंगवासी', 'हरिश्चंद्रचंद्रिका', 'कविवचनसुधा' और 'आनंद कादंबिनी'–(5) इत्यादि के साथ शिशिर कुमार घोष तथा मोतीलाल घोष द्वारा प्रकाशित 'अमृत बाजार' पत्रिका , ईश्वर चंद्र विद्यासागर द्वारा प्रकाशित 'सोम प्रकाश' भी राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक पुनर्जागरण का सशक्त माध्यम बना। सन् 1857 ई. की क्रान्ति में भी समाचार पत्रों की भूमिका अहम् रही थी। 'स्वदेशी' एवं 'स्वराज्य' आन्दोलन चलाने के उद्देश्य से लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 'मराठा' एवं 'केसरी' का प्रकाशन आरम्भ किया।'प्रताप' (गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा प्रकाशित) ने चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी युवाओं को सम्बल दिया। गांधी जी ने भी राष्ट्रीय आन्दोलन को संचालित करने में 'यंग इंडिया' एवं 'नवजीवन' का प्रकाशन किया तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए 'हरिजन, 'हरिजन सेवक, 'हरिबन्धु' आदि का प्रकाशन किया। यद्यपि भारत की अधिकतर जनसंख्या निरक्षर थी फिर भी प्रिंट मीडिया ने भारत की सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक समस्याओं के समाधान में बढ़–चढ़ कर सहयोग किया।

विज्ञान एवं तकनीकी के विकास तथा आधुनिक वैश्वीकरण के युग में संचार साधनों ने भी वैश्विक स्वरूप धारण कर लिया है। इस क्षेत्र में दूरदर्शन, कम्प्यूटर, मोबाइल, इन्टरनेट आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी क्रम में आकाशवाणी से होने वाले प्रसारण बहुत ही लोकप्रिय रहे हैं। भारतीय वाङ्मय के अनुसार आकाशवाणी से तात्पर्य 'नाद्ब्रह्म' है, जिसकी व्याख्या छांदोग्य उपनिषद में करते हुए कहा गया है कि – 'आकाशो वै नाम नामरूप यो निर्विहिता ते तदनन्तरा तद् ब्रह्म'(नाम और रूप का निर्धारण करने वाला व उनका आधार वे दोनों 'नाद ध्वनि' जिसके अन्तर है, वह ब्रह्म है )–(6 )। आकाशवाणी सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ माध्यम भी है। इसकी लोकप्रियता को देखते हुए कुछ बुद्धिजीवी द्वारा रेडियो और दूरदर्शन को 'प्रसार भारती आयोग' के अधीन लाने का सराहनीय कार्य किया गया।

सोशल मीडिया का शाब्दिक अर्थ है, 'समाज द्वारा अकेन्द्रित ढ़ंग से संचालित माध्यम' जिसमें विचारों एवं सूचनाओं का सम्प्रेषण स्वयं समाज करे। अत: यह मीडिया समाज का ,समाज के द्वारा, समाज के लिए है। यह पूरी प्रक्रिया सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित होती है, जो विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर के सहयोग से चलता है। इसलिए इस मीडिया में सम्प्रेशित सूचनाओं के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करना कठिन होता है। इन्हीं कारणों से सोशल मीडिया के दुरूपयोग की सम्भावना बनी रहती है। इसका अत्यधिक उपयोग व्यसन का रूप ले रहा है। यह युवाओं के सकारात्मक विकास के मार्ग में बाधक सिद्ध हो रहा है । हिंसा से भरे कई वीडियो गेम युवाओं को अपराधिक गतिविधियों की ओर आकर्षित कर रहे हैं । साइबर क्राइम भी सोशल मीडिया मंच से की जानेवाली अपराधिक गतिविधि ही है ।

आज के कोरोना नामक वैश्विक महामारी के दौर में भी सोशल मीडिया नयी चुनौती बनी है जिसे इन्फोडेमिक ( इन्फॉर्मेशन + एपिडेमिक ) कहा गया है जिसका अर्थ है–'लोगों के बीच महामारी के बारे में गलत सूचना का प्रसार'। इस पर नियंत्रण हेतु संयुक्त राष्ट्र ने 'टीम हैलो' तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'स्टॉप द स्प्रेड' अभियान आरम्भ किया गया। यह सोशल मीडिया के कारण ही उत्पन्न समस्या है। वस्तुत: इन्हीं कारणों से सोशल मीडिया को शंका की दृष्टि से देखा जाता है।

यद्यपि सोशल मीडिया अपने आप में नकारात्मक नहीं है। यह तो एक प्रौद्योगिकी आधारित माध्यम मात्र है, इसकी सकारात्मकता और नकारात्मकता उपयोग करने वाले पर निर्भर करती है । सोशल मीडिया के सकारात्मक पक्ष की ओर देखा जाए तो यह मानव समुदाय के लिए बहुत ही हितकारी सिद्ध हुआ है। यह एक ओर व्यक्ति के हुनर का प्रचार करने में सहयोग देता है, दूसरी ओर देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाने में सहयोग दे रहा है। इसके माध्यम से कई विकासात्मक कार्य किये जाते हैं। जनमत तैयार करने तथा जन जागरूकता लाने का यह श्रेष्ठ माध्यम है। लोकतंत्रात्मक व्यवस्था के चौथे स्तम्भ के रूप में इसकी भूमिका अहं है। अत: इसकी सकारात्मकता की ओर देखना उचित होगा।

सामान्यत: सोशल मीडिया की आलोचना यह कह कर की जाती है कि व्यक्ति इसके व्यसन में उलझ कर भौतिक रूप से उपस्थित रहने के बावजूद भी मानसिक रूप से परिवार और समाज से दूर हो जाता है, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है। क्योंकि सोशल मीडिया के सहयोग से ही व्यक्ति दूर बैठे आत्मीय जन से प्रत्यक्ष सम्पर्क की अनुभूति प्राप्त कर सकता है ।

आधुनिक समय के व्यस्ततम जीवन में हम जिन उपयोगी परम्पराओं से दूर हो गए हैं, सोशल मीडिया के सहयोग से समाज की उन परम्पराओं को अब हम समृद्ध कर पा रहे हैं ।

किसानों के लिए सोशल मीडिया वरदान सिद्ध हो रहा है क्योंकि दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के किसानों तक कृषि की आधुनिक तकनीकी से सम्बन्धित जानकारी सरल एवं प्रान्तीय भाषा में पहुँचा पाना सम्भव हो पा रहा है । शासन की योजनाओं का प्रचार – प्रसार सोशल मीडिया के सहयोग से होता है । सोशल मीडिया के मंच से ही कृषि के क्षेत्र में नवीन खोजों की जानकारी किसान प्राप्त कर सकते हैं । किसान अपने उत्पाद के विक्रय हेतु सोशल मीडिया के मंच का उपयोग आसानी से कर रहे हैं।

विभिन्न आपदाओं में भी सोशल मीडिया की भूमिका बहुत सकारात्मक रही है । समुद्र किनारे रहने वाले लोगों को आने वाले तूफान आदि की पूर्व सूचना देने से लेकर बाढ़, तूफान आदि में फँसे लोगों तक राहत सामग्री पहुँचाने में भी सोशल मीडिया का उपयोग किया जाता है ।

समाज में व्याप्त अन्धविश्वास एवं अन्य कुरीतियों के विरूद्ध अपनी बात रखने तथा इस हेतु अधिक से अधिक जनसमर्थन प्राप्त करने में महिलाओं

द्धारा सोशल मीडिया का खुलकर उपयोग किया जा रहा है। किसी भी दुर्घटना के समय सहयोग पाने के लिए भी महिलाएं सोशल मीडिया का उपयोग कर रही #मी टू (# Me To) # मेरी रात मेरी सड़क (#Meri Rat Meri Sadak) # लहु का लगान (#Lahu Ka Lagan) # हैप्पी टू ब्लीड (#Happy To Bleed ) आदि सोशल मीडिया के कुछ मंच है जिसके माध्यम से महिलायें अपनी बात सामुहिक रूप से प्रस्तुत करती हैं। सोशल मीडिया से उत्पन्न दबाव के कारण महिला सुरक्षा सम्बन्धी कई नीतियाँ भी बनायी गयी हैं। त्वरित कानूनी सुरक्षा हेतु 'फास्ट ट्रैक' इसका एक अच्छा उदाहरण है।

देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में भी सोशल मीडिया की भूमिका अहम् रही है। इसके सहयोग से उत्पादक अपने उत्पाद को सरलता से बेच पाते है। फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, मिंत्रा आदि ऐसे ही मंच हैं जिसके सहयोग से न केवल मनचाही सामग्री प्राप्त की जा सकती है, इन कम्पनियों के सहयोग से अपने उत्पाद भी बेचे जा सकते हैं। कुटीर उद्योग, छोटे किसान अथवा अन्य छोटे उत्पादक भी आपस में मिलकर ऑन लाइन मंच के माध्यम से व्यापार कर पा रहे हैं। विज्ञापन का यह श्रेष्ठ माध्यम है।

वर्तमान वैश्विक महामारी के दौर में जब व्यक्ति पृथकवास के लिए बाध्य है ऐसी परिस्थिति में सोशल मीडिया ही एकमात्र ऐसा मंच है जो व्यक्ति को सामाजिक प्राणी होने का आभाश कराता है। इसके माध्यम से ही इस महामारी के दौर में स्वास्थ्य सम्बन्धी सुझाव प्राप्त कर पा रहा है। जन जागरूकता लाने, सामाजिक दूरी ( सोशल डिस्टेंशिंग ) से उत्पन्न तनाव के विरूद्ध. मनोवैज्ञानिक सुझाव प्राप्त करने में भी सोशल मीडिया सहयोग दे रहा है।

सोशल मीडिया मंच पर ज्ञान का अथाह भंडार भरा है। छात्र एवं अन्य उत्सुक जन इस मंच के उपयोग से अपने ज्ञान का विस्तार कर सकते हैं। विद्यार्थी सोशल मीडिया पर स्थित विभिन्न मंच के सहयोग से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर सकते हैं। वर्तमान कोरोना आपदा के दौरान जब सभी विद्यालय , महाविद्यालय बन्द पड़े हैं तब भी विद्यार्थियों के हित में विभिन्न माध्यमों से अध्ययन– अध्यापन कार्य संचालित है। स्वयं, स्वयंप्रभा, मूक्स आदि ऐसे मंच हैं जिसका उपयोग छात्र कर रहे हैं। इस कोरोना काल में ऑन लाइन कक्षाएँ तथा संगोष्ठियाँ संचालित हैं। ऑनलाइन माध्यम से दक्षता संवर्धन कार्यक्रम संचालित हैं साथ ही विविध विधाओं में दक्ष लोग अपने हुनर का प्रसार कर इस महामारी के समय घर बैठे लोगों को नए – नए हुनर सिखा रहे हैं।

वस्तुत: आज के बदलते परिदृष्य में सोशल मीडिया समाज के हर वर्ग के लिए वरदान है। यह केवल सूचनाओं के आदान – प्रदान का माध्यम मात्र नहीं है यह अपने विस्तृत नेटवर्क के कारण समाज को जोड़कर रखता है तथा समाज की एक इकाई के रूप में हमारा कर्तव्य है कि सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए मानवीय हित में कार्य किया जाए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. राजीव पी. वी. वैश्वीकरण के युग में भारत, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली 2009 , पृ0 123।
2. विकीपीडिया
3. बी.बी.सी. न्यूज, 24 अप्रेल 2010।
4. रजवार इन्द्र चन्द्र, आधुनिक पत्रकारिता की रूपरेखा, तक्षशिला प्रकाशन,नई दिल्ली, पृ019।
5. तिवारी राजेन्द्र, पत्रकारिता के विविध रूप, आलेख प्रकाशन, दिल्ली, पृ0 117।
6. रजवार इन्द्र चन्द्र, वही, पृ0 78।
8. जैन संजीव कुमार, मीडिया लेखन एवं जन संचार, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
9. जोषी रामशरण, मीडिया विमर्श, सामयिक प्रकाशन, दिल्ली।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# श्रम कल्याण में इंदौर मिल मजदूर संघ (इंटक) का योगदान

**डॉ. स्नेहलता सिंह ***

* सहायक प्राधयापक (इतिहास) श्री. रा. सू. शासकीय महाविद्यालय, सरदारपुर- राजगढ़, धार(म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** श्रमिक संघों का विकास उद्योगों के विकास का परिणाम है। औद्योगिक दृष्टि से प्रसिद्ध इंदौर नगर में बड़े पैमाने के वस्त्र उद्योग विद्यमान होने के कारण श्रमिक संगठनों या मजदूर संघों की शुरुआत इसी उद्योग से हुई। इंदौर मिल मजदूर संघ कपड़ा मिलों का प्रतिनिधि संगठन रहा है। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से इंदौर मिल मजदूर संघ के द्वारा मजदूरों के लिए किए गए कल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालना है क्योंकि इन कार्यों से जहां श्रमिकों का जीवन स्तर उठा वही उत्पादन में भी वृद्धि हुई। इंदौर की कपड़ा मिलो के पटाक्षे तक इंदौर मिल मजदूर संघ की भूमिका उल्लेखनीय है जो अन्य श्रमिक संघों के लिए प्रेरणादायक है।

**शब्द कुंजी –** इंदौर मिल मजदूर संघ, श्रम कल्याण, श्रमिक, उद्योग।

**प्रस्तावना –** भारत के मध्य स्थित मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में इंदौर जिले की समृद्धि का श्रेय कपड़ा मिलों को दिया जाता था।इंदौर में सन 1883 से 1924 के बीच 7 मिलो की स्थापना हुई। उन दिनों इन मिलों में लगभग 30000 मजदूर काम किया करते थे। अन्य जगहों की भांति इंदौर में भी मजदूर समस्याओं से ग्रस्त था। श्री गंगाराम तिवारी ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि सन 1926 में इंदौर में प्रथम मजदूर संघ की स्थापना हुई जो तत्कालिक देसी राज्य में सबसे।हला श्रम संगठन था। मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए श्री व्ही.व्ही.द्रविड़ तथा राम सिंह भाई जैसे महान नेताओं ने 8 दिसंबर 1941 में इंदौर मिल मजदूर संघ की विधिवत स्थापना कर इंदौर के मजदूर आंदोलन के इतिहास में एक नए आंदोलन का सूत्रपात किया जो कि सबसे अधिक सदस्य संख्या वाला मजदूर संघ था। यह संघ 1947 में जब भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस( इंटक) की स्थापना हुई तो उससे संबद्ध हो गया।

जिस समय संघ की स्थापना हुई उस समय तक देश में स्वतंत्रता आंदोलन दिन प्रतिदिन गति पकड़ रहा था। इस आंदोलन में देश के सभी वर्गों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा श्रमिक भी पीछे नहीं रहे। इंदौर मिल मजदूर संघ के नेतृत्व में जहां एक और कार्यकर्ता आंदोलन में भाग लेते रहे और अहिंसात्मक तरीके से मजदूरों के हितों की लड़ाई भी लड़ते रहे। भारत की स्वतंत्रता मे श्रमिकों की पूरी दिलचस्पी रही क्योंकि तभी पूंजीवादी शोषण का अंत होकर नए समाज की रचना संभव बन सकती थी। अगस्त 1942 में सारा देश उठ खड़ा हुआ तब इंदौर के श्रमिकों ने भी आजादी का झंडा उठाया। श्री व्ही .व्ही .द्रविड़,श्री राम सिंह भाई तथा श्री गंगाराम तिवारी आदि श्रमिक नेताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।14 अगस्त की रात्रि में जब भारत आजाद घोषित हुआ ,उसी समय द्रविड़ साहब के नेतृत्व में एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो स्वतंत्रता प्राप्ति की खुशी के उ।लक्ष में यह इंदौर का पहला जुलूस था। औद्योगिक नगरी इंदौर में 1948 में जब श्रम शिविर का निर्माण हुआ तो श्रमिकों ने इसमें ना केवल धनराशि दी अपितु श्रमदान भी किया। इंदौर मिल मजदूर संघ ने श्रमिकों के प्रेरणा केंद्र श्रम शिविर के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस भवन में इंदौर मिल मजदूर संघ ,इंटक तथा उससे संबंधित संस्थाओं का मुख्य कार्यालय हैं। 'मजदूर संदेश' जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंटक) का सप्ताहिक हिंदी पत्रिका है 1942 से ही इसका प्रकाशन इंदौर मिल मजदूर संघ द्वारा किया जाता है। मजदूर संदेश के द्वारा प्रारंभ में गांधीजी का संदेश मजदूरों तक।हुंचाने का कार्य विशेष रूप से किया जाता था। मजदूर संदेश के माध्यम से श्रमिकों को उनके प्रति सरकार की नीति , श्रमिक आंदोलनों तथा श्रमिक संघों के कार्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। इंदौर मिल मजदूर संघ ने अपने अंतर्गत इंदौर टेक्सटाइल क्लार्क एसोसिएशन की स्थापना भी की थी, ताकि कपड़ा मिलों के लिपिकों की हितों की रक्षा की जा सके।

**मिलो में श्रमिकों की स्थिति सुधारने के लिए संघ के प्रयास –** देश के अन्य भागों की तरह इंदौर के मिल मालिक भी श्रमिकों से मनमाना और अधिक काम लेते तथा उन्हें कम वेतन देते। मिलो में अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकारी वातावरण होता था। मिलों में काम करने वाली महिलाओं एवं बच्चों की स्थिति भी दयनीय थी। श्रमिकों का जीवन स्तर निम्न श्रेणी का था। उन्हें शिक्षा ,स्वास्थ्य ,सुरक्षा आदि की कोई सुविधा प्राप्त नहीं थी। इंदौर मिल मजदूर संघ ने मजदूरों की स्थिति को सुधारने का प्रयास किया तथा उसमें सफलता प्राप्त की। काम के घंटे निश्चित हो ,वर्क लोड कम करने की मांग ,बंद दिनों की भरपाई, बोनस के मुद्दे ,पग़ार के नए स्टैंडर्ड की मांग आदि को आंदोलन के माध्यम से मिलो में मजदूरों की स्थिति सुधारने का प्रयास किया। 1965 में बोनस एक्ट बनने से पहले ही इंदौर के श्रमिकों को बोनस दिया गया जो संघ की महत्वपूर्ण सफलता थी।बदली कंट्रोल के माध्यम से विभिन्न मिलो में बदली पर श्रमिकों को रखे जाने की व्यवस्था की। वर्कर्स कमेटी की योजना के अंतर्गत यह प्रयास किया जाता था कि मजदूरों के शिकायत एवं अन्य सवाल आदि को मैनेजमेंट और श्रमिकों के प्रतिनिधियों की मिली जुली समिति द्वारा सुलझाया जाए। श्रमिकों के कल्याण के लिए ही मिलों के प्रबंध में कामगारों के भाग लेने की योजना को ध्यान में रखते हुए

इंदौर मिल मजदूर संघ और मिल प्रबंधकों के बीच हुए करार के अनुसरण में इसे सर्वप्रथम राजकुमार मिल में नवंबर 1958 में प्रारंभ किया गया। बाद में अन्य मिलो के प्रबंध में भी कामगारों को सम्मिलित किया गया। कारखाना अधिनियम 1948, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, तथा ग्रेजुएटी उपादान भुगतान अधिनियम 1972 आदि में वर्णित नियमों की मांग अन्य श्रमिक संगठनों के साथ इंदौर मिल मजदूर संघ ने प्रबलता से उठाई तथा इसके लागू होने पर इन नियमों का कपडा मिलों में पूर्ण तरह पालन हो, इसका ध्यान भी संघ ने भली-भांति रखा। कपड़ा मिलों में कार्यरत श्रमिकों को कोई समस्या जैसे वेतन, छुट्टी ,मुआवजा ,कार्यभार आदि के संबंध में आती थी तो इस परिस्थिति में मजदूर अपनी शिकायत संघ के कार्यालय में दर्ज करा सकते थे। संघ के प्रतिनिधि श्रमिकों की समस्याओं को अधिकारियों से मिलकर चर्चा कर सुलझाने का प्रयास करते थे। यदि कोई मामला बातचीत के माध्यम से नहीं सुलझा पाता तो श्रमिक, संघ के माध्यम से न्यायालय में जा सकते थे। इस स्थिति में संघ ही मुकदमा लड़ता है।

**इंदौर मिल मजदूर संघ की श्रम कल्याण प्रवृत्तियां –** संघ ने न केवल मिलों में श्रमिकों की स्थिति सुधारने तथा उनके आर्थिक लाभ के लिए ही प्रयत्न नहीं किया अपितु उनका सर्वांगीण विकास करने का भी प्रयास किया। औद्योगिक श्रमिकों के बीच कल्याणकारी कार्य करने की दृष्टि से इंदौर मिल मजदूर संघ ने आना एक अलग विभाग खोलने का निश्चय किया। इस निश्चय के अनुसार 8 दिसंबर 1948 को इंदौर के सुप्रसिद्ध एडव्होकेट श्री चितले ने।रदेसीपुरा में श्रम कल्याण केंद्र का उद्घाटन किया। बाद में जब नंदा नगर का निर्माण हुआ तो श्रम कल्याण केंद्र की प्रवृत्तियां यहीं से संचालित होने लगी। केंद्र के पास अपने निजी ध्वनि विस्तारक यंत्र, सिनेमा प्रक्षेपी मशीन, मेजिक लेन्टर्न, जी। आदि है। श्रमिकों को रहने के लिए स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद मकानों की दिशा में इंदौर मिल मजदूर संघ प्रारंभ से प्रयत्न करता रहा। संघ के सक्रिय सहयोग तथा भारत सरकार की सहायता प्राप्त औद्योगिक निर्माण योजना के अंतर्गत श्रमिकों के रहवास के लिए समितियां बनाई गई जिनमें श्रमिकों को सस्ती दरों पर भूमि आवंटित की गई। संघ ने ऋण की सुविधा कराकर मकान बनाने के लिए श्रमिकों को प्रेरित किया। श्रमिक बस्तियों में गुलजारी नंदा के नाम पर नंदा नगर,पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नेहरू नगर और क्लर्क कॉलोनी प्रमुख है। मजदूर संघ ने 1944 में आग से नष्ट हुए जीवन की फेल (परदेसीपुरा ) नामक बस्ती का भी पुनर्निर्माण किया। इसमें लगभग 250 परिवारों को पलाट देकर बसाया गया। इंदौर मिल मजदूर संघ की प्रेरणा व सहयोग से बनाई गई श्रमिक बस्तियों ने सारे देश में एक आदर्श प्रस्तुत किया। सेवा भावनाओं को ध्यान में रखकर संघ द्वारा नंदा नगर में मजदूर सेवा दल का निर्माण किया गया। दल का निश्चित गणवेश एवं बैंड है। सेवा दल द्वारा परेड , बौद्धिक तथा खेलकूद की विभिन्न प्रवृत्तियां नियमित रूप से चलाई जाती रही। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संघ ने आमोद प्रमोद और क्रीड़ा केंद्र भी स्थापित किए। इनके माध्यम से समय-समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही। संघ ने नंदा नगर में श्रमिकों के लिए एक विशाल स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया तथा एक प्रसुति गृह ,एक अल्पाहार गृह, एक सहकारी भंडार आदि का निर्माण किया। इसमें श्रमिकों के बच्चों की चिकित्सा और श्रमिक महिलाओं के लिए प्रसूति संबंधी सभी आधुनिक स्वास्थ्य एवं सुविधाएं उपलब्ध थी। श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए क्लर्क कॉलोनी में एक व्यायाम शाला भी स्थापित की गई। श्रम शिविर में एक वृहद ग्रंथालय एवं वाचनालय भी स्थापित किया गया जिसमें हिंदी की कई पुस्तकें संग्रहीत थी तथा श्रेष्ठ दैनिक साप्ताहिक व मासिक पत्र आते थे। श्रमिकों में ललित कलाओं का विकास हो तथा वे कला के क्षेत्र में आगे बढ़े इसी उद्देश्य से संघ ने श्रम कल्याण केंद्र के माध्यम से यह व्यवस्था की की जो श्रमिक चित्रकला व संगीत कला में रुचि रखते हैं वे कारखानों में काम करने के बाद अतिरिक्त समय में श्रम शिविर में आकर इन ललित कलाओं का शिक्षण प्राप्त कर सकते थे। इंदौर मिल मजदूर संघ द्वारा सदैव यह प्रयास किया गया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए अच्छे शिक्षा उपलब्ध हो इसलिए संघ ने नंदा नगर में बाल मंदिर का निर्माण करवाया और संचालन किया। श्रमिकों के लिए प्रौढ़ शिक्षा केंद्र भी स्थापित किए। संघ के सक्रिय सहयोग से नंदा नगर में नेहरू बाल उद्यान का निर्माण किया गया। जहां खेलकूद के आधुनिक उपकरणों के साथ एक खुला रंगमंच तथा बच्चों के लिए स्विमिंगपूल के सुविधा भी थी। उस समय इस तरह का पूरे मध्यप्रदेश में यह एकमात्र बाल उद्यान था।परंतु रखरखाव के अभाव में इस उद्यान की अवस्था खराब होती चली गई।

श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि उनके परिवार की महिलाएं शिक्षित हो हर कार्य में निपुण हो। संघ ने प्रयास किया कि श्रमिक महिलाएं भी विकास के पथ पर अग्रसर हो जिससे वे अपने तथा अपने परिवार के जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें इन्हीं उद्देश्यों से संघ ने विभिन्न बस्तियों में महिला शिक्षण केंद्र चलाए जहां लिखने।ढ़ने के अतिरिक्त सिलाई, बुनाई, कढ़ाई खिलौने बनाने ,संगीत ,नृत्य आदि का शिक्षण दिया जाता था। समय-समय पर इनमें विशेष उत्सव तथा मोहल्ला सभाएं आयोजित की जाती थी। जिसमें श्रमिक तथा उनके परिवार की महिलाएं उत्साह से भाग लेती थी। महिला शिक्षा का प्रमुख केंद्र नंदा नगर में चलाया जाता था। प्रारंभ में यहां पर महिलाओं के मनोरंजन तथा ज्ञान वर्धन के लिए एक रेडियो भी था इस केंद्र पर आने वाली महिलाओं के लिए पास ही पालनागृह भी था। महिलाएं अवकाश के समय का अच्छा उपयोग करते हुए अपने कुटुंब कि आय बढ़ा सकें इस दृष्टि से इंदौर मिल मजदूर संघ द्वारा अंबर चरखा केंद्र में चरखा चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता था। श्रमिकों में फैली शराब की बुराई को दूर करने एवं उनमें अच्छे संस्कार तथा मितव्ययिता की भावना पैदा करने के उद्देश्य से इंदौर मिल मजदूर संघ ने जीवन विकास संघ के नाम से आना मद्य निषेधा विभाग कायम किया। संघ ने श्रमिक कार्यकर्ता प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना तथा उसके कार्य में पूर्ण सहयोग दिया। संघ के द्वारा मोहल्ला सुधार समितियां गठित की गई जिनके द्वारा निचली बस्तियों में बरसात के दिनों में श्रमदान द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था की गई ,सड़कें बनाई गई ,बस्तियों की सफाई व्यवस्था के प्रयास किए । श्रमिकों के लिए श्रम शिविर में ही एक आदर्श केंटीन खोली गई थी जिसमें उचित दर पर अच्छी किस्म की वस्तुएं देकर सबके सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया था।

मजदूर संघ द्वारा श्रमिक वर्ग में सामाजिक – राजनीतिक चेतना के लिए बराबर कार्य किया जाता रहा ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सके। मजदूर संघ के प्रोत्साहन से मजदूरों तथा संघ के प्रतिनिधियों ने 1952 के नगर निगम चुनाव में भाग लिया तथा चुनाव में सबसे अधिक श्रमजीवी ही विजयी रहे। संघ के प्रतिनिधि ईश्वर चंद जैन इंदौर नगर निगम के प्रथम महापौर बनाए गए। श्री चांदमल गुप्ता जो हुकुमचंद मिल में श्रमिक थे ,दो बार महापौर

बने। श्री गंगाराम तिवारी जो मजदूर थे, मध्य प्रदेश श्रम आयोग के अध्यक्ष बने। इस तरह विभिन्न पदों पर रहते हुए इन्होंने श्रमिक हितकारी कार्य किए। संघ के द्वारा देश के औद्योगिक केंद्रों एवं दर्शनीय स्थलों को देखने के लिए श्रमिकों को भ्रमण यात्राएं कराई जाती रही हैं। इसके अतिरिक्त संघ की ओर से कई श्रमिक नेताओं को विदेश यात्रा पर भेजा गया ताकि वहां के श्रमिक संगठन के कार्यों को देख कर प्रेरणा ली जाए। इंदौर मिल मजदूर संघ ने राष्ट्र पर आए संकट अथवा सेवा के अवसर पर भी अपना विनम्र योगदान दिया। संघ ने गांधी मजदूर स्मारक निधि, श्रमिक प्रशिक्षण महाविद्यालय निधि ,मजदूर हित संरक्षण निधि, प्रधानमंत्री बाढ़ सहायता निधि 1954, आदि अनेक महत्वपूर्ण निधियों में अपने हिस्से का अंशदान किया है।

16 मई 1960 को इंदौर में श्रमिक प्रतिष्ठान जो देश भर की पहली नगरीय शिक्षा समाज की योजना थी , की स्थापना हुई। मध्य प्रदेश के श्रम मंत्री श्री व्ही.व्ही. द्रविड़ ने इस योजना को लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।श्रम प्रतिष्ठान इंदौर के श्रमिकों, श्रम संगठनों तथा श्रम आंदोलन से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं तथा भागीदारी करने वालों के लिए ऐसा केंद्र बिंदु था जहां अनेक रचनात्मक प्रवृत्तियों का सूत्रपात हुआ। प्रारंभ में श्रम शिविर से ही श्रम प्रतिष्ठान द्वारा मजदूरों की मानस चेतना , सुसंस्कार तथा जागृति हेतु नीत आंदोलन संचालित किया जाता था। बाद में नंदा नगर से इसकी गतिविधियां संचालित होने लगी।श्रम प्रतिष्ठान के माध्यम से श्रमिकों को शिक्षित किया जाता था।।उनको विभिन्न कलाओं चित्रकला, संगीत, नाटक, नृत्य सहित आदि में भी प्रशिक्षित किया जाता था। प्रतिष्ठान के पास अपना ग्रंथालय एवं वाचनालय है। महिलाओं के लिए भी प्रशिक्षण केंद्र चलाया जाता है। प्रतिष्ठान एक प्रकार से श्रमिकों के मानसिक विकास के लिए महान सेवा साबित हुई। इंदौर मिल मजदूर संघ के मजदूर नेताओं ने सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रतिष्ठान के कार्यों में सहयोग दिया विशेषकर श्रमिकों को शिक्षित करने में उनका योगदान सराहनीय है। संघ ने समय-समय पर राष्ट्रीय ,सांस्कृतिक, धार्मिक महत्व ,के दिवस पर समारोह का भी आयोजन किया। इंदौर के मजदूरों द्वारा गणेश उत्सव बड़े ही उत्साह से मनाया जाता रहा है। इंदौर के कपड़ा मिलों से निकाले जाने वाली चलित झांकियां अद्वितीय रही है। राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, सर्वधर्म समभाव, सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का मंत्र भी झांकियों के द्वारा गुंजाया गया।

**निष्कर्ष** – गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित इंदौर मिल मजदूर संघ की गतिविधियां रचनात्मक रही हैं। इन प्रवृत्तियों से जहां एक और श्रमिक भाई – बहनों का जीवन स्तर उंचा उठा वही यह गतिविधियां उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करती है। साथ ही इन गतिविधियों का सुप्रभाव उत्पादन।र भी पड़ा। संघ ने मध्यस्थता से मूल मजदूरी का मानकीकरण ,महंगाई भत्ता, कार्यभार श्रमिकों का उत्तरदायित्व, कार्य के घंटों तथा कार्य के शर्तों का विनिमय ,लाभांश ,मिल बंदी भत्ता आदि जैसी अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं को सुलझाने में सफलता प्राप्त की। प्रारंभ से ही गांधीवादी के आदर्शों पर चलकर हड़ताल को अंतिम उपाय के रूप में माना तथा आवश्यक होने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया। संघ ने श्रमिकों में उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना जागृत करने का निरंतर प्रयास किया जिससे उत्पादन में काफी वृद्धि हुई। कपड़ा मिले बंद होने पर संघ इस बात के लिए प्रयत्नशील रहा कि श्रमिकों की जितनी लेनदारी है जैसे बोनस, वेतन भत्ता आदि उन्हें शीघ्रता से मिल जाए। संघ के पास इतनी चल अचल संपत्ति है कि उनसे होने वाले आय से मजदूर हितों में किसी भी आंदोलन को आगे बढ़ा सकती है। वर्तमान इंदौर मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण पाठक जी के अनुसार इंदौर की कपड़ा मिले अवश्य बंद हो गई हैं परंतु इंदौर के आसपास टेक्सटाइल सूत इकाइयों तथा अन्य कारखानों में इंदौर में मजदूर संघ सक्रियता से कार्यरत है। कोरोना महामारी के उपरांत लॉकडाउन तथा उसके पश्चात भी मजदूरों की समस्याओं को संघ ने प्रमुखता से उठाया तथा भविष्य में भी इंदौर मिल मजदूर संघ निरंतर श्रमिक हितों में प्रयासरत रहेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. गिरी, वी.वी.- भारतीय मजदूरों की प्रमुख समस्याएं ,द्वितीय संस्करण -1958
2. सिंह, रघुवीर - मालवा में युगांतर, प्रथम संस्करण -1938
3. मैथ्यू, के .एम . -भारत में श्रम आंदोलन का संक्षिप्त इतिहास, चतुर्थ संस्करण 1989
4. तिवारी, गंगाराम - इंदौर के मजदूर आंदोलन का संक्षिप्त इतिहास, प्रथम संस्करण 1957
5. तिवारी, गंगाराम - इंदौर राज्य ,स्वतंत्रता संग्राम का संक्षिप्त इतिहास, प्रथम संस्करण 1974
6. भंडारी ,सुख संपत्ति राय - भारत के देशी राज्य, इंदौर राज्य का इतिहास, प्रथम संस्करण , 1927
7. श्रीवास्तव, प्रेम नारायण - मध्य प्रदेश जिला गजेटियर ,इंदौर, 1974
8. सिंह, स्नेहलता - इंदौर मिल मजदूर संघ (भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस से संबंधित संगठन) 1941 -1995 , अप्रकाशित लघु शोध प्रबंध ,दे.अ.वि.वि. इंदौर , 2003
9. साक्षात्कार - श्री लक्ष्मीनारायण पाठक ,वर्तमान अध्यक्ष, इंदौर मिल मजदूर संघ

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों का योगदान

**डॉ. मन्सूर खान * फरजाना खान ****

*प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी. शा. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** अधिकांश महिला उद्यमी स्वयं को रोल मॉडल और मशहूर हस्तियों के रूप में स्थापित करने में नाकामयाब ही रही हैं। भारत महिला उद्यमिता को लेकर क्रांति के छोर पर बैठा है और इसी के साथ दुनिया में यह धारणा मजबूत होती जा रही है कि आने वाले समय में महिला उद्यमी भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक जबरदस्त प्रभाव छोड़ने में सफल रहेगी।

महिलाओं द्वारा उद्यमशीलता को अपनाने की प्रवृत्ति बहुत शान्त स्वरूप में बढ़ती है लेकिन अगर इतिहास पर नजर डालें तो भारत में महिलाओं द्वारा पापड़ और अचार को तैयार करके बेचने का चलन बहुत पुराने समय से चला आ रहा है। बीएनपी परीबास द्वारा अमरीका, यूरोप, मध्यपूर्व और एशिया के क्षेत्र को कवर करने हुए वर्ष 2015 मे जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इन तमाम क्षेत्रों में महिला उद्यमियों के लिहाज से भारत सबसे सक्रिय देश के रूप में सामने आया है। यह रिपोर्ट दिखाती है कि भारत में मौजूद उद्यमियों में से 49 प्रतिशत महिलाएँ उद्यमी हैं।

महिलाओं को उद्यमशीलता के क्षेत्र में उतरने के सपनों को वास्तविकता में बदलने के पीछे सबसे बड़े कारण उनके बीच शिक्षा और व्यवसायिक प्रशिक्षण का बढ़ता हुआ दौर है, लेकिन इनके बजाए कई और सामाजिक आर्थिक कारणों के चलते आज कुछ महिला उद्यमी विकास की ओर आगे नहीं बढ़ पाती हैं।

लेकिन फिर भी महिला उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने का जिम्मा उठाने वाली सरकारी योजनाएँ महिला उद्यमी के विकास के लिए सतत् प्रयास कर रही है। इसी के साथ उज्जैन जिले की राष्ट्रीयकृत बैंक भी महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करके उनके विकास में अपना योगदान दे रही है ताकि महिला उद्यमिता का विकास हो सके। महिला उद्यमिता के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करके कितना योगदान दिया गया है। निम्नलिखित तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया है।

**उज्जैन जिले में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा महिला उद्यमियों के विकास में किया गया वित्तीय योगदान (प्रदान किया गया ऋण) 2015–16 से 2019–20 तक (हजारों में)**

| क्र | विभिन्न उद्योग | कार्यशील पूँजी | स्थायी पूँजी | कुल पूँजी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अगरबत्ती उद्योग | 81795 | 55400 | 137195 |
| 2 | पापड़ उद्योग | 80000 | 87615 | 167615 |
| 3 | बडी उद्योग | 55870 | 53500 | 109370 |
| 4 | अचार उद्योग | 68950 | 50780 | 119730 |
| 5 | झाडू उद्योग | 94860 | 38920 | 133780 |
| 6 | टोकरी उद्योग | 88473 | 49900 | 138373 |
| 7 | ब्यूटी पार्लर | 95550 | 48840 | 144390 |
| 8 | टेलरिंग उद्योग | 98375 | 60000 | 158375 |
| 9 | दोना पत्तल उद्योग | 70000 | 50500 | 120500 |
| 10 | बुटिक | 96280 | 42580 | 138860 |
| 11 | मोबाईल कवर उद्योग | 59840 | 58460 | 118300 |
| 12 | चक्की उद्योग | 82480 | 51030 | 133510 |
| 13 | बीड़ी उद्योग | 97650 | 65890 | 163540 |
| | **योग** | 10,70,123 | 7,13,415 | 17,83,538 |

*स्त्रोत :– अग्रणी बैंक योजना पुस्तक बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन सन् 2019–20*

तालिका क्रमांक 8.5 से स्पष्ट होता है कि 5 वर्षों के अंदर उज्जैन जिले में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा महिला उद्यमियों के विकास के लिए विभिन्न उद्योगों को कार्यशील पूँजी का कुल 10,70,123 हजार रूपये में ऋण उपलब्ध कराया और स्थायी पूँजी में कुल 7,13,415 हजार रूपये में ऋण उपलब्ध कराया कुल मिलाकर 17,83,538 हजार रूपये में ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों के विकास में अपना योगदान दिया ताकि महिला उद्यमी उद्योगों के क्षेत्रों में आगे आ सके। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीयकृत बैंक उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास के लिए निरन्तर ऋण प्रदान कर रहा है। उपरोक्त तथ्य उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों के योगदान को दर्शाते है।

निष्कर्ष के रूप में यही कहा जा सकता है कि उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंको का सम्पूर्ण दृष्टिकोण में ओर अधिक परिवर्तन आया है तथा राष्ट्रीयकृत बैंक महिला उद्यमियों के विकास में अपनी भूमिका को सफलतापर्वूक निभा रही है यह निश्चित ही बहुत बड़ा योगदान है। किन्तु यह सफलता केवल राष्ट्रीयकृत बैंको के प्रयासों से संभव नहीं होगी। इसके लिए अन्य वित्तीय संस्थाओं को भी आगे आना होगा। महिला उद्यमियों का महत्व समझना होगा तभी हमारे उज्जैन जिले, राज्य तथा देश में महिला उद्यमियों का विकास संभव होगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–**

1. डॉ. आर. पी. गुप्ता – विकास का अर्थशास्त्र
2. सुनील कुमार तिवारी – संगठानात्मक व्यवहार
3. सी. बी. मामोरिया – औद्योगिक विकास
4. डॉ. के. सी. भण्डारी – भारत में आर्थिक नियोजन
5. डॉ. प्रबन्ध कुमार सक्सेना – वित्तीय व्यवस्था
6. डॉ. विवके शर्मा – बैंकिंग प्रबन्ध
7. एस.पी. सिंह एवं टी.आर. गम्भीर – औद्योगिक विकास
8. योजना पत्रिका

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# महिलाओं के उद्यमिता विकास में उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के योगदान का अध्ययन (उज्जैन संभाग के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. रूपचंद चौहान ***

* एम.कॉम., पी-एच.डी., 397, महात्मा गाँधी मार्ग नयापुरा, बडनगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** वर्तमान में सभी समाजों में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बनकर उभरा है इसका प्रमुख कारण पुरूषो के साथ-साथ महिलाओं का उद्यमिता के प्रति आकर्षण है। उद्यमिता ही गरीबी, बेरोजगारी एवं निम्न जीवन स्तर से उभार सकती है। उद्यमी चाहे पुरूष हो या महिला उसमें उद्यमी गुण होना आवश्यक है। बिना उद्यमी गुणो के उद्यमिता के क्षेत्र में सफलता प्राप्त नही की जा सकती है। महिलाओं में उद्यमी गुणो में वृद्धि के लिए तथा मार्गदर्शन देने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेक संस्थाएँ उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के माध्यम से प्रयत्नशील है। उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के माध्यम से महिलाओं के उद्यमिता विकास में योगदान दे रही है। इन कार्यक्रमो के माध्यम से उद्यमिता की पूर्ण जानकारी महिलाओं तक पहुँच पा रही है, साथ ही जिस तरह के मार्गदर्शन की आवश्यकता है वह भी पहुँच पा रहा है। क्या महिलाओं मे उद्यमिता का पर्याप्त विकास हो पा रहा है। इस शोध पत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में महिलाओं के उद्यमिता विकास का अध्ययन किया गया है। समस्त अध्ययन के लिए उज्जैन संभाग का संदर्भ लिया गया है।

**शब्द कुंजी** – उद्यमिता विकास, उद्यमिता विकास कार्यक्रम।

**प्रस्तावना –** उद्यमिता आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रतिष्ठा का मूल मंत्र है। उद्यमिता से बाहर और उद्यमिता के बिना कुछ भी संभव नही है। उद्यमिता मानव की सभी क्रियाओं में व्याप्त है। उद्यमिता ही वह संसाधन है जो संगठनो को उत्पादक, उद्देश्यपूर्ण एवं कार्यशील बनाता है। प्रबंध विशेषज्ञ पीटर ड्रकर लिखते है 'एक आवश्यक विशिष्ट एवं प्रमुख संस्था के रूप में उद्यमिता का प्रादुर्भाव समाज के इतिहास में एक केन्द्रीय घटना है। इस शताब्दी के सक्रांति काल से ही कोई एक नयी संस्था, एक नया प्रभुत्व समूह इतनी तेजी से नही उभरा है जितना कि उद्यमिता।' भूमण्डलीकरण, आर्थिक उदारीकरण एवं निजीकरण के बाद सभी समाजो में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता के रूप में केन्द्रीय तत्व बनकर उभरा है क्योकि उद्यमिता के द्वारा ही हम गरीबी, बेरोजगारी व निम्न जीवन स्तर आदि समस्याओं से छुटकारा पा सकते है। उद्यमिता के क्षेत्र में लंबे समय से पुरूषो का वर्चस्व रहा है तथा आज भी काफी सीमा तक विद्यमान है। विगत तीन दर्शको में हुए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तनो के फलस्वरूप उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं का आगमन हुआ है। महिला उद्यमियो को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार एवं निजी संस्थान विशेष रूप से प्रयत्नशील है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम को संगठित एवं विकसित करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारो द्वारा कई संस्थानो की स्थापना की गई है।

केन्द्र सरकार की उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद लिमिटेड, राष्ट्रीय लघु उद्योग विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, राष्ट्रीय उद्यमिता विकास मंडल, अखिल भारतीय लघु बोर्ड आदि संस्थाएँ कार्यरत है। मध्यप्रदेश सरकार की उद्यमिता को बढावा देने के लिए मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड, म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. आदि संस्थाएँ कार्यरत है।

इन संस्थाओं द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम के माध्यम से वित्तीय तकनीकी तथा प्रबंधकीय पहलुओं से संबंधित ज्ञान को प्रशिक्षणार्थियों तक पहुँचाया जाता है। इसके साथ-साथ उद्यमी को बाह्य अवसरो, सहायताओं तथा सामाजिक एवं संगठनात्मक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाती है।

इस शोध पत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में महिलाओं के उद्यमिता विकास का अध्ययन किया गया है। विभिन्न संस्थाओं के अंतर्गत-उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को शामिल किया गया है। समस्त अध्ययन के लिए उज्जैन संभाग का संदर्भ लिया गया है।

**पूर्व साहित्य की समीक्षा :**

1. इंदिरा मिश्र (2000) ने 'गरीब महिलाएँ एवं रोजगार' पुस्तक में सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए आयोजित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं तथा महिलाओं को दी जाने वाली ऋण सुविधाओं को बताया गया है। महिलाओं द्वारा सरकारी नीतियो के सही उपयोग तथा आर्थिक सशक्तिकरण के साथ महिलाओं के सुदृढ भविष्य का वर्णन भी किया है।
2. शीला वर्मा (2011) ने 'विकास कार्यक्रमो में जनजातीय महिलाओं पर योजनाओं के प्रभावो का अध्ययन' शोध पत्र में जनजातीय महिलाओं पर विभिन्न योजनाओं के प्रभावो का अध्ययन कर बताया गया कि महिलाओं

में आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण के लिए स्वयं की जागरूकता तथा प्रयासो की आवश्यकता है।

**शोध का उद्देश्य** – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में महिलाओं के उद्यमिता विकास का अध्ययन करना।

**शोध की परिकल्पना –** उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो से महिलाओं में उद्यमिता का विकास हुआ है।

**शोध अध्ययन प्रणाली** – प्रस्तुत शोध पत्र में महिलाओं के उद्यमिता विकास में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के योगदान का अध्ययन कर यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि ये कार्यक्रम महिलाओं के उद्यमिता विकास में कहाँ तक सफल हुए है। समस्त अध्ययन के लिए उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो को आधार बनाया गया है।

**प्रदत्तो का विश्लेषण** – महिलाओं के उद्यमिता विकास में उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की महती भूमिका है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम में महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ–साथ उद्यम प्रारंभ करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। ताकि महिलाएँ पुरूषो के साथ कदम से कदम मिलाकर बिना किन्ही कठिनाईयों और समस्याओं के उद्यम का सफल संचालन कर सके।

ये कार्यक्रम विभिन्न संस्थाओं द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो पर आधारित, सामान्य तथा तकनीकी में आयोजित किए जाते है। उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में महिला प्रशिक्षणार्थियों की स्थिति को तालिका क्रं. 01 में दर्शाया गया है।

**तालिका क्र. 01 : उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में महिला प्रशिक्षणार्थियों की जानकारी (वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक)**

| संस्था का नाम | महिला प्रशिक्षणार्थियों की स्थिति | |
|---|---|---|
| | संख्या | बैंको को प्रेषित ऋण हेतु आवेदन |
| उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. | 94 | 52 |
| म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गे –नाइजेशन लिमिटेड | 58 | 31 |
| जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र | 78 | 42 |
| योग | 230 | 125 |

**स्त्रोत :–** जिला कार्यालय, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र

उपरोक्त तालिका क्रं. 01 से स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं–उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 230 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें से 125 महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए।

उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 94 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 52 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 58 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 31 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए। इस प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 78 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 42 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा सर्वाधिक 94 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सर्वाधिक 52 महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा सबसे कम 58 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सबसे कम 31 महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए।

महिला प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो पर आधारित, सामान्य तथा तकनीकी उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा केवल सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु सर्वाधिक आवेदन वाणिज्यिक बैंको को प्रेषित किए गए।

महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ऋण स्वीकृत होने के पश्चात उद्यम प्रारंभ किया गया तथा अस्वीकृत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ नही किया गया। संस्थावार उद्यम प्रारंभ करने वाली तथा उद्यम प्रारंभ नही करने वाली महिलाओं को तालिका क्र. 02 में दर्शाया गया है।

**तालिका क्रं. 02 : संस्थावार उद्यम प्रारंभ करने वाली तथा उद्यम प्रारंभ नही करने वाली महिलाओं की जानकारी (वर्ष 2008–09 से 2012 –13 तक)**

| संस्था का नाम | उद्यम प्रारंभ करने वाली महिलाओं की संख्या | उद्यम प्रारंभ नही करने वाली महिलाओं की संख्या | सफलता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. | 46 | 48 | 48.94 |
| म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड | 26 | 32 | 44.82 |
| जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र | 35 | 43 | 46.01 |
| योग | 107 | 123 | 46.52 |

स्त्रोत :– जिला कार्यालय, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र

उपरोक्त तालिका क्रं. 02 से स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 107 महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया तथा सफलता का प्रतिशत 46.52 रहा।

उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा आयोजित उद्यमिता

विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 46 महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया। सफलता का प्रतिशत 48.94 रहा तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 26 महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया। सफलता का प्रतिशत 44.82 रहा। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया। सफलता का प्रतिशत 46.01 रहा।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में महिला प्रशिक्षणार्थियों को उद्यम की ओर अग्रसर करने में सर्वाधिक 48.94 योगदान उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. का रहा तथा सबसे कम 44.82 प्रतिशत म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड का रहा।

**परिकल्पना की पुष्टि** – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो से महिलाओं में उद्यमिता का विकास हुआ है, परिकल्पना की पुष्टि नही होती है क्योकि उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में कुल 230 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 107 महिला प्रशिक्षणार्थियों को उद्यम की ओर अग्रसर किया गया तथा सफलता का प्रतिशत 46.52 रहा। जो कि आधे से भी कम अर्थात 50 प्रतिशत से भी कम है।

**निष्कर्ष** – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो से महिलाओं में उद्यमिता का पर्याप्त विकास नही हुआ है क्योकि विभिन्न आयोजक संस्थाओं का उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के प्रति संवेदनशीलता का अभाव तथा महिलाओं में ज्ञान एवं सूचना की कमी प्रमुख कारण रहा है। यदि उद्यमिता विकास कार्यक्रम महिला प्रशिक्षणार्थियों की प्रशिक्षण पूर्व, दौरान और पश्चात आने वाली विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाए तो अधिकतम उद्यमिता विकास किया जा सकता है। इसके अलावा पारिवारिक सकारात्मकता, सामाजिक वातावरण के साथ ही उद्यम के प्रति रूचि, अधोसंरचनात्मक सुविधाएँ और सहयोगी संस्थाएँ उद्यमिता विकास के लिए पूर्व आवश्यकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डॉ. जैन एवं शर्मा (2011), 'उद्यमिता के मूलाधार', रमेश बुक डिपो, जयपुर
2. डॉ. गंगेले एवं जैन (2009), 'उद्यमिता विकास', म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
3. इंदिरा मिश्र (2000), 'गरीब महिलाएँ एवं रोजगार' (पुस्तक)
4. शीला वर्मा (2011), 'विकास कार्यक्रमों में जनजातीय महिलाओं पर योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन' (शोध पत्र)
5. रूपचंद चौहान (2016), 'उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास में उद्यमिता विकास केन्द्र (CEDMAP) के योगदान का अध्ययन' (शोध प्रबंध), विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन
6. जिला कार्यालय, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., जिला उज्जैन, देवास, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच।
7. जिला कार्यालय, म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला उज्जैन, देवास, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच।
8. जिला कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला उज्जैन, देवास, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच।
9. उद्यमिता समाचार पत्र, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., भोपाल
10. स्वरोजगार मार्गदर्शिका, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., भोपाल

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# बालश्रम समस्या: कारण, प्रभाव, निराकरण

**डॉ. पूजा तिवारी ***

* विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** बालश्रम आमतौर पर मजदूरी के भुगतान के बिना या भुगतान के साथ बच्चों से शारीरिक कार्य कराना है। बालश्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यह एक वैश्विक घटना है।

भारतीय संविधान के अनुसार किसी उद्योग, कल-कारखाने या किसी कंपनी में मानसिक या शारीरिक श्रम करने वाले पांच से चौदह वर्ष उम्र के बच्चों को बालश्रमिक कहा जाता है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार अठारह वर्ष से कम आयु का श्रमिक बाल श्रमिक है। बालश्रम का उद्भव तब हुआ जब पूंजीपति वर्ग द्वारा मुनाफा बढ़ाने के उद्देश्य से मजदूरों के बच्चों का सामाजिक एवं अमानवीय शोषण किया गया। सन् 1953 में इंग्लैड में चटिस्ट आंदोलन में सर्वप्रथम बालश्रम की अमानवीय प्रक्रिया की ओर विश्व का ध्यान आकृष्ट हुआ, बालश्रम समस्या के अनेक कारण होते है, प्रस्तुत शोध पत्र बालश्रम समस्या के कारण, प्रभाव तथा समस्या समाधान के कारणों पर केन्द्रित है।

**शब्द कुंजी –** बालश्रम, सरकार, स्वयंसेवी संगठन, शोषण।

**प्रस्तावना –** बालश्रम निषेध दिवस से ठीक 2 दिन पूर्व 10 जून 2021 को यूनीसेफ तथा अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा चाइल्ड लेबर: ग्लोबल इस्टीमेप्स 2020 ट्रैंडस एन्ड दि रोड फोरवर्ड रिर्पोट जारी की गई, रिर्पोट के मुख्य बिंदु इस प्रकार दर्शाए गए है दुनिया भर में श्रमिक बाल श्रमिकों की संख्या बढ़ कर 160 मिलियन हो गई है जिससे पिछले चार वर्षो में 8.4 मिलियन बाल श्रमिक बच्चों की वृद्धि हुई है। रिर्पोट के अनुसार पिछले 20 वर्षो में पहली बार बालश्रम समाप्ति की प्रगति में बाधा आई हैं।

पांच से 11वर्ष के बच्चों के बालश्रम में संलग्न भागीदारी कुल बाल श्रमिक की संख्या के आधे से अधिक है खतरनाक कार्यो में लगे 5 से 17 वर्ष को आयु के बाल श्रमिक सन् 2016 के बाद से 6.5 मिलियन से बढ़कर वर्तमान में 79 मिलियन हो गई है। कोविड-19 के प्रभाव के कारण लाखों और बच्चे वर्ष 2022 तक बालश्रम की ओर आने के जोखिम में है। जो लगभग नौ मिलियन होगी।

कृषि क्षेत्र में बालश्रम 70प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 20प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में 10प्रतिशत पाये गये है। पांच से ग्यारह वर्ष के लगभग 28प्रतिशत बच्चे और 12 से 14 वर्ष की आयु के 35 प्रतिशत बालश्रमिक स्कूल जाने से वंचित है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बालश्रम 14 प्रतिशत है जो शहरी क्षेत्रों में 05 प्रतिशत से लगभग तीन गुना अधिक है।

रिर्पोट के अनुसार अगर पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक पंहुच नहीं बढ़ाई गई तो यह संख्या दिया छियालिस मिलियन तक हो सकती है।

यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि डॉ. यास्मीन अली हक के अनुसार कोरोना वायरस महामारी साफ तौर पर, बाल अधिकार के लिए संकट के रूप में उभरी है, जिसमें कई और परिवारों के अत्यंत गरीब होने के कारण बालश्रम बढ़ने का जोखिम और बढ़ गया है यूनीसेफ की रिर्पोट में चेतावनी दी गई है कि महामारी के परिणाम स्वरूप 2022 के अंत तक वैश्विक स्तर पर नब्बे लाख अतिरिक्त बच्चों को बालश्रम में धकेल दिए जाने का खतरा है।

**बालश्रम के कारण**- 1. दरिद्रता, 2. निरक्षरता, 3. श्रम कानून का लचीलापन, 4. सामाजिक मापदण्ड, 5. अवसर की कमी, 6 प्रवासिता, 7. सामाजिक असमानता, 8. अन्य कारण यथा बुनियादी सुविधाओं से वंचित आदि स्पष्ट है कि बालश्रम का सर्वाधिक प्रमुख कारण आर्थिक है, दरिद्रता या गरीबी के कारण यह समस्या दिनोंदिन बढ़ रही है।

बालश्रमिकों की संख्या विश्व में सर्वाधिक संख्या 'अफ्रीका में लगभग 7.21 करोड़, एशिया पैसफिक में 6.2 करोड़, अमेरिका में 1 करोड़ से अधिक है जिसमें लगभग 56 लाख लड़के एवं लगभग 45 लाख लड़किया शामिल है। भारत में 80% ग्रामीण वाला श्रमिक है जिसमें 32.9 खेती से जुडे काम पर लगभग 33 लाख है जबकि 26% खेती हर मजदूर है। राज्यों में सर्वाधिक बालश्रमिक उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में है जिनकी संख्या लगभग 55% है।

**बालश्रम के दुष्प्रभाव**:- 1. बाल शोषण, 2. देश की अर्थव्यवस्था को खतरा, 3. अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन गंभीर प्रभाव एवं परिणाम, 4. शिक्षा से वंचित होना, 5. मानसिकता का दूषित होना, 6. बाल तस्करी, 7. गौर कानूनी तरीके से दस्तक प्रक्रिया, 8. शारीरिक कमजोरी, इन्फैक्षन, बिमारियों से ग्रस्ति होना, 9. मुफत मजदूरी, 10. हिंसात्मक व्यवहार बढ़ना।

बालषोषण के अतंर्गत छोटे बच्चों से कठिन कार्य करवाना, बंधुआ मजदूरी, देह व्यापार, ईट भट्टे पर काम, गलीचा बुनाई, घरेलू कामकाज, चाय की दूकान पर कार्य, चूड़ी उद्योग में कार्य, मछली व्यापार, खेती बाड़ी, कारखाने में कार्य, पटाखा उद्योग में कार्य करवाया जाता है, इसके अतिरिक्त बच्चों का इस्तेमाल चाइल्ड पोर्नोग्राफी, योन उत्पीडन, ऑनलाइन गेम्स आदि में किया जाता है।

शोध क्षेत्र एवं उद्देश्य प्रस्तुत शोध पत्र में शोध क्षेत्र शहरी क्षेत्र जिला छिन्दवाड़ा के बाल जनिकों पर केन्द्रित रखा गया है जो अक्सर रेलवे स्टेषन, बस स्टेड, घरों एवं दुकानों पर कार्य करते पाये जाते है।

शोध पद्धति–प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीयक आकडे हेतु विभिन्न पुस्तक, लेख, इंटरनेट आंकडे तथा प्राथमिक आंकडे हेतू निर्दशन पद्धति से चयनित 25 उत्तर दाताओं का साक्षात्कार लिया गया है जो कठिन कार्य रहा क्योंकि उत्तरदाता साक्षात्कार से बचने की पूरी कोशिश करते रहे।

**तलिका क्रमांक 1 : आयु की स्थिती**

| क्र. | आयु वर्ग | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 8 से 10वर्ष | 8 | 32 |
| 2 | 11 से 15वर्ष | 13 | 52 |
| 3 | 16 से 17 वर्ष | 4 | 16 |
| | योग | 25 | 100 |

तलिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक बाल श्रमिक 11 से 15 वर्ष के है जो 52 प्रतिशत है जबकि दूसरे नंबर पर 8 से 10 वर्ष के बालश्रमिक है जिनका प्रतिशत 32% है, जबकि 16 से 17वर्ष के बालश्रमिको की संख्या 16% है स्पष्ट है कि बच्चे अत्याधिक कम आयु से ही काम करना शुरू कर देने है।

**तालिका क्रमांक 2 : लिंग की स्थिती**

| क्र. | लिंग | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | बालक | 19 | 76 |
| 2 | बलिका | 06 | 24 |
| | योग | 25 | 100 |

तालिका से स्पष्ट है कि बालश्रमिकों में 76% लडके एवं 24% लड़किया संलग्न है अर्थात् इस क्षेत्र में बालकों की संलग्नता बालिकाओं से अधिक है।

**तालिका क्रमांक 3 : विभिन्न कार्यो (व्यवसाय) में बालश्रमिकों की संलग्नता**

| क्र. | कार्यो (व्यवसाय) के नाम | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | होटल/ढ़ाबों पर कार्य करना | 10 | 40 |
| 2 | कपड़ा दुकान/किराना स्टोर्स पर कार्य करना | 7 | 28 |
| 3 | घरेलू नौकर के रूप में कार्यकरना | 5 | 20 |
| 4 | रिपेयरिंग की दूकान पर कार्य करना | 3 | 12 |
| | योग | 25 | 100 |

**तालिका क्रमांक 4 : बालश्रम करने का कारण**

| क्र. | कारण | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | माँ–बाप की मृत्यु होने के कारण | 15 | 60 |
| 2 | अनपढ़ रहने के कारण | 3 | 12 |
| 3 | गरीबी के कारण | 7 | 28 |
| | योग | 25 | 100 |

तलिका क्रमांक तीन एवं तालिका क्रमांक चार से स्पष्ट है कि सर्वाधिक 40% बालश्रमिक होटल एवं ढ़ाबों पर कार्य करने मजबूर है जबकि कपड़ा दूकान/ किराना स्टोर्स पर 28% एवं घरेलू नौकर के रूप में 20% तथा रिपेयरिंग की दुकानों पर 12% बालश्रमिक पाये गए है। इसी प्रकार मां–बाप की मृत्यु हो जाने के कारण 60% गरीबी के कारण 28% तथा अनपढ रहने के कारण 12% बच्चे बालश्रमिक बनने मजबूर है।

भारत में बालश्रमिकों की समस्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है, वर्तमान समय में कोरोना के दुष्प्रभाव से भी यह समस्या विकराल रूप में हमारे समक्ष आयी है। बालश्रमिक समस्या के निराकरण हेतू शासकीय योजना, स्वयंसेवी संस्थाओं, मूलभूत अधिकारों का पालन, शिक्षा का विस्तार, बालश्रमिकों का पुर्नवास, जनचेतना अभियान रोजगार के अवसरों में वृद्धि, जनसंख्या नियंत्रण, गरीबी दूर करना, आर्थिक विकास, दत्तक प्रक्रिया का सरलीकरण तथा योजनाओं का सही क्रियान्वयन करके ही बालश्रमिक समस्या पर नियत्रंण रखा जा सकता है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि बालश्रम बच्चों से स्कूल जाने का अधिकार छीन लेता है और पीढ़ी, दर पीढ़ी, गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकलने देता है। जब तक समाज का हर व्यक्ति, हर वर्ग बालश्रम के विरूद्ध सजग नहीं होगा तब तक बालश्रमिक समस्या से छुटकारा पाना अकल्पनीय होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. कुमार अभिषेक– अंतर्राष्ट्रीय परिदृष्य जुलाई 1, 2021, रिर्पोट वैश्विक आकलन 2020
2. आहुजा राय– सामातिक समस्याएं– रावत पब्लिकेशन, पृष्ठ क्रमांक 231
3. शुक्ला डॉ. रेखा– समाज वैज्ञानिकी गौरव प्रकाशन, पृष्ठ क्रमांक 108
4. प्रकश अनामिका– बाल श्रमिक और न्याय व्यवस्था कुरूक्षेत्र नई दिल्ली

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# माध्यमिक स्तरीय विद्यार्थियों के बहुपक्षीय व्यक्तित्व का अध्ययन

**विजया थोटेकर * प्रो. ममता बाकलीवाल ****

* सहायक प्राध्यापक (शिक्षा) राजीव गाँधी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (शिक्षा) राजीव गाँधी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध में माध्यमिक स्तरीय विद्यार्थियों के बहुपक्षीय व्यक्तित्व गुण का अध्ययन किया गया है इस शोध विषय के उद्देश्य की पूर्ति हेतु अशासकीय विद्यालय से कुल 60 विद्यार्थियों (30 छात्र व 30 छात्राओं) को यादृच्छिक विधि द्वारा चयन किया गया। जिनका अध्ययन करने के लिए मंजू अग्रवाल द्वारा निर्मित प्रमापीकृत मापनी का प्रयोग किया गया। सांख्यिकी विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन, तथा टी मान के द्वारा यह निष्कर्ष प्राप्त हुए की छात्र-छात्राओं में अंतर्मुखी व्यक्तित्व, आत्मप्रत्यय व्यक्तित्व, स्वतंत्रता व्यक्तित्व, प्रवृत्ति व्यक्तित्व, चिंता तथा समायोजन व्यक्तित्व, गुण में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

**शब्द कुंजी –** व्यक्तित्व, चिंता, समायोजन

**प्रस्तावना –** व्यक्तित्व वास्तव में व्यक्ति के व्यवहार की संपूर्ण विशेषता है जिसका प्रदर्शन उसके विचारों, आदतों अभिव्यक्ति के ढंग तथा जीवन के प्रति व्यक्तिगत दार्शनिक दृष्टिकोण के द्वारा होता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के निर्माण में शिक्षा सर्वाधित महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है शिक्षा के द्वारा बालक अपनी योग्यताओं क्षमताओं एवं रूचियों को विकसित करता है।

मानव जीवन एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यक्तिगत का महत्व है परंतु इस क्षेत्र में जो मापदण्ड निर्धारित किए गए है वह अभी भी अपूर्ण है। माध्यमिक शिक्षा आयोग में शिक्षा के जो **उद्देश्य** निर्धारित किए है उसमें ये शिक्षा वही है जो संपूर्ण सृष्टि के साथ हमारे जीवन का सामंजस्य स्थापित करती है।

प्रारंभिक बाल्यवस्था शिक्षा में विकसित किए गए शैक्षणिक अभ्यास और बच्चे के व्यक्तित्व गठन के बीच संबंध सकारात्मक होता है। 'शैक्षणिक गतिविधि बच्चे के व्यक्तित्व के विकास में योगदान करती है। संज्ञानात्मक स्नेह और मनोविश्लेशन के रूप में जो ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण का अधिग्रहण करता है वो व्यक्तित्व के विकास का आधार बनाता है।

व्यक्तित्व की परिभाषा, 'व्यक्ति के ढॉचे, व्यवहार की विधियों, रूचियों, अभिवृत्तियों, क्षमताओं, योग्यताओं और कुशलताओं के सबसे विशिष्ट एकीकरण के रूप में की जा सकती है।'

**मन (P.569)** Munn (P.569)

जटिल पर एकीकृत प्रक्रिया के रूप में व्यक्तित्व की धारणा आधुनिक व्यावहारिक मनोविज्ञान की देन है।

**थार्प व शमलर** Thorpe and schmuller: Personality

आधुनिक युग में शिक्षा में बालक के व्यक्तित्व पर अधिक बल दिया गया है। अत: कहा जा सकता है कि आधुनिक युग बाल-केन्द्रित शिक्षा का युग है। इसलिए व्यक्तिगत विभिन्नताओं के आधार पर ही शिक्षा दी जानी चाहिए। कोई भी दो व्यक्ति समान नही होते। यहॉ तक कि जुडवॉ बच्चों में भी असमानता पाई जाती है। इस दृष्टि से वैयक्तिक भिन्नता प्रकृति द्वारा प्रदत्त स्वाभाविक गुण है।

'शरीर के आकार और स्वरूप, शारीरिक कार्यो, गति सम्बन्धी क्षमताओं, बुद्धि, उपलब्धि, ज्ञान, रूचियों, अभिवृत्तियों और व्यक्तित्व के लक्षणों में माप की जा सकने वाली विभिन्नताओं की उपस्थिति सिद्ध की जा चुकी है।' **– टायलर**

**अध्ययन की आवश्यकता** - आज हमारा समाज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जिनमें परंपरागत जीवन मूल्यों की जड़े कटती सी महसूस हो रही है। शिक्षा के इतने अच्छे परिणाम प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं, जितने कि प्राप्त होना चाहिए। एक सुविकसित व्यक्तित्व की उपलब्धि में गहरी गिरावट आई है, जिससे कि व्यक्ति और समाज का अवमूल्यन हुआ है, युवा वर्ग हताश है, जो राष्ट्र के समक्ष एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है। **चौधरी (2012)** ने हाई स्कूल के विद्यार्थियों के आत्म प्रत्यय एवं व्यक्तित्व के मध्य सहसंबंध का अध्ययन किया जैसा कि निष्कर्ष से ज्ञात होता है कि, विद्यार्थियों के आत्म प्रत्यय एवं व्यक्तित्व के मध्य सार्थक संबंध है। **वर्मा जयश्री (2018)** ने शोध अध्ययन में पाया कि शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं जीवन शैली का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव पड़ता है।

यद्यपि छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण की दशा में बालकों को संप्रदाय निरपेक्ष की दृष्टि से शिक्षित करने हेतु अनेकानेक प्रयोग देश भर में किए जा रहे हैं। प्रतिदिन सामूहिक प्रार्थना, मौन, नैतिक कहानियाँ सुनाना, सामूहिक गतिविधियों का आयोजन तथा सफाई एवं स्वच्छता के कार्यक्रम विद्यालयों में आयोजित किए जाते हैं। परंतु यह केवल समस्या के ऊपरी सतह को ही छूने का प्रयास है। यह आवश्यक है कि, शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व गुणों को पहचाने तथा उचित मार्गदर्शन उन्हें प्रदान करें।

**उद्देश्य :**

1. माध्यमिक स्तरीय विद्यार्थियों के अन्तर्मुखी, आत्मप्रत्यय, स्वतंत्रता एवं प्रवृत्ति व्यक्तित्व गुणों का अध्ययन करना।
2. माध्यमिक स्तरीय विद्यार्थियों के चिन्ता स्तर का अध्ययन करना।
3. माध्यमिक स्तरीय विद्यार्थियों के समायोजन स्तर का अध्ययन करना।

**परिकल्पनाऐं :**

1. माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में अंतर्मुखी व्यक्तित्व गुण में कोई

सार्थक अंतर नहीं है।

2. माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में आत्मप्रत्यय व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में स्वतंत्रता व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में प्रवृत्ति व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
5. माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में समायोजन व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
6. माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में चिंता व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**न्यादर्श** – प्रस्तुत अध्ययन में न्यादर्श हेतु भोपाल जिले के दो अशासकीय विद्यालय (राजीव गॉधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्रिलंगा, भोपाल, सरस्वती शिशु मंदिर, अरेरा कालोनी भोपाल) का चयन किया गया न्यादर्श समष्टि की समस्त विशेषताओं का स्पष्ट प्रतिबिंब रहता है। शोध पत्र हेतु यादृच्छिकी न्यादर्श विधि का चुनाव संयोगिक आधार पर किया गया है। अत: इस शोध प्रपत्र के अध्ययन हेतु कक्षा 9वीं के 60 विद्यार्थियों (30 छात्र, 30 छात्राओं) का यादृच्छिक विधि द्वारा चयन किया गया।

**शोध उपकरण** – किसी भी शोध कार्य हेतु प्रदत्तों का संकलन करने के लिए प्रमापीकृत परीक्षणों का प्रयोग किया जाता है। अत: प्रस्तुत शोध कार्य की समस्या से संबंधित पूर्वनिर्मित प्रमापीकृत परीक्षणों में बहुमुखी व्यक्तित्व सूची- कुं. मंजु अग्रवाल का उपयोग किया गया। इस परीक्षण की विश्वसनीयता .77 तथा वैधता .74 है।

**प्रदत्तों का विश्लेषण** – प्रस्तुत शोधकार्य में प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण पूर्व के उद्देष्यों एवं परिकल्पनाओं के अनुसार किया गया। प्राक्कल्पनाओं की प्रकृति के अनुसार छात्र-छात्राओं के दो समंको के मध्यमानों के मध्य अंतर की सार्थकता का परीक्षण अपेक्षित है। प्रस्तुत शोध में मध्यमान, मानक विचलन, तथा टी मान के द्वारा विश्लेषण किया गया।

**तालिका क्र. 1 : माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में अंतर्मुखी व्यक्तित्व गुण की तुलना**

| समूह | कुल संख्या | मध्यमान | प्रमाप विचलन | टी मान | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 30 | 43.63 | 4.24 | 0.291 | सार्थक |
| छात्राएँ | 30 | 45.3 | 7.44 | | नहीं है |

स्वतंत्रता के अंश-58, सार्थकता मान 0.05 स्तर पर-2.00

उपरोक्त तालिका यह दर्शाती है कि टी परीक्षण के द्वारा प्राप्त मान 0.091, स्वतंत्रता के अंश 58, 0.05 सार्थकता स्तर पर निश्चित मान 2.00 से कम है। अत: कह सकते है कि माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में अंतर्मुखी व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है, इस प्रकार सम्बद्ध परिकल्पना स्वीकृत है।

**तालिका क्र. 2 : माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में आत्मप्रत्यय व्यक्तित्व गुण की तुलना**

| समूह | कुल संख्या | मध्यमान | प्रमाप विचलन | टी मान | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 30 | 46.00 | 4.56 | 0.958 | सार्थक |
| छात्राएँ | 30 | 46.06 | 5.34 | | नहीं है |

स्वतंत्रता के अंश-58, सार्थकता मान 0.05 स्तर पर-2.00

उपरोक्त तालिका यह दर्शाती है कि टी परीक्षण के द्वारा प्राप्त मान 0.958, स्वतंत्रता के अंश 58, 0.05 सार्थकता स्तर पर निश्चित मान 2.00 से कम है। अत: कह सकते है कि माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में आत्मप्रत्यय व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है, इस प्रकार सम्बद्ध परिकल्पना स्वीकृत है।

**तालिका क्र. 3 : माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में स्वतंत्रता व्यक्तित्व गुण की तुलना**

| समूह | कुल संख्या | मध्यमान | प्रमाप विचलन | टी मान | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 30 | 50.46 | 4.35 | 0.388 | सार्थक |
| छात्राएँ | 30 | 49.03 | 5.91 | | नहीं है |

स्वतंत्रता के अंश-58, सार्थकता मान 0.05 स्तर पर-2.00

उपरोक्त तालिका यह दर्शाती है कि टी परीक्षण के द्वारा प्राप्त मान 0.388, स्वतंत्रता के अंश 58, 0.05 सार्थकता स्तर पर निश्चित मान 2.00 से कम है। अत: कह सकते है कि माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में स्वतंत्रता व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है, इस प्रकार सम्बद्ध परिकल्पना स्वीकृत है।

**तालिका क्र. 4 : माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में प्रवृत्ति व्यक्तित्व गुण की तुलना**

| समूह | कुल संख्या | मध्यमान | प्रमाप विचलन | टी मान | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 30 | 36.73 | 6.49 | 0.051 | सार्थक |
| छात्राएँ | 30 | 40.00 | 6.20 | | नहीं है |

स्वतंत्रता के अंश-58, सार्थकता मान 0.05 स्तर पर-2.00

उपरोक्त तालिका यह दर्शाती है कि टी परीक्षण के द्वारा प्राप्त मान 0.051, स्वतंत्रता के अंश 58, 0.05 सार्थकता स्तर पर निश्चित मान 2.00 से कम है। अत: कह सकते है कि माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में प्रवृत्ति व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है, इस प्रकार सम्बद्ध परिकल्पना स्वीकृत है।

**तालिका क्र. 5 : माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में समायोजन व्यक्तित्व गुण की तुलना**

| समूह | कुल संख्या | मध्यमान | प्रमाप विचलन | टी मान | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 30 | 50.03 | 3.86 | 0.773 | सार्थक |
| छात्राएँ | 30 | 50.07 | 6.50 | | नहीं है |

स्वतंत्रता के अंश-58, सार्थकता मान 0.05 स्तर पर-2.00

उपरोक्त तालिका यह दर्शाती है कि टी परीक्षण के द्वारा प्राप्त मान 0.773, स्वतंत्रता के अंश 58, 0.05 सार्थकता स्तर पर निश्चित मान 2.00 से कम है। अत: कह सकते है कि माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में समायोजन व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है, इस प्रकार सम्बद्ध परिकल्पना स्वीकृत है।

**तालिका क्र. 6 : माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में चिंता व्यक्तित्व गुण की तुलना**

| समूह | कुल संख्या | मध्यमान | प्रमाप विचलन | टी मान | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 30 | 41.05 | 5.90 | 0.259 | सार्थक |
| छात्राएँ | 30 | 43.66 | 8.59 | | नहीं है |

स्वतंत्रता के अंश-58, सार्थकता मान 0.05 स्तर पर-2.00

उपरोक्त तालिका यह दर्शाती है कि टी परीक्षण के द्वारा प्राप्त मान 0.259, स्वतंत्रता के अंश 58, 0.05 सार्थकता स्तर पर निश्चित मान 2.00 से कम है। अत: कह सकते है कि माध्यमिक स्तरीय छात्र-छात्राओं में

चिंता व्यक्तित्व गुण में कोई सार्थक अंतर नहीं है, इस प्रकार सम्बद्ध परिकल्पना स्वीकृत है।

**निष्कर्षों की व्याख्या**– छात्राओं में व्यक्तित्व गुण अंतर्मुखी 45.3, प्रवृत्ति 40.0 तथा चिंता 43.6 का मध्यमान छात्रों के क्रमश: मध्यमान 43.6, 36.7, 41.0 से अधिक है। अत: छात्रों की अपेक्षा छात्राओं में अंतर्मुखी, प्रवृत्ति व चिंता संबंधी व्यक्तित्व गुण अधिक पाए गये, जबकि छात्रों में स्वतंत्रता व्यक्तित्व गुण मध्यमान 50.4 मध्यमान छात्राओं की अपेक्षा छात्रों में अधिक है।

**शोध की निहितार्थ :**

1. शिक्षक कक्षा में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करें तथा उन्हें विभिन्न शालेय गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित करें ताकि उनमें आत्मविश्वास बढे।
2. अभिभावकों को शिक्षकों से समय–समय पर मिलते रहना चाहिए और अपने बालकों की अध्ययन आदतों से परिचित होना चाहिए।
3. ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया जा सकता है।
4. भिन्न–भिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है।
5. विद्यालयों में संचालित हो रही पाठ्यसहगामी क्रियाएँ जैसे वाद–विवाद, निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान, नाटक, खेल, योगा, विज्ञान, प्रदर्शनी आदि भी बालक–बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध हो सकती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Buch, M.B. “Fourth survey of Research in Education” (Vol.11) Published at Publication Division of NCERT New Delhi.
2. गैरेट, ई.हेनरी. (2007) ‘शिक्षा और मनोविज्ञान में साख्यिकी के प्रयोग’, नई दिल्ली कल्याणी पब्लिशर्स
3. Gaggniga, M.S. (2016). Psychological Science 6 E W.W. Norton & Company Inc.
4. Robert, A Baron, (2003), Psychology Alyn & Bacon Incorported, Publisher
5. वर्मा, जयश्री (2018) शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं जीवन शैली का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन।
6. Woolfolk, Anita (2013) Psychology in education 2nd edn epub ebook, pearson education longman.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# कामकाजी महिलाओं पर कोविड-19 महामारी का प्रभाव (भोपाल म.प्र. के अयोध्या नगर के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. अनीता धुर्वे * श्रीमती सुनीता बाणकर ****

* सह प्राधयापक (समाजशास्त्र) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** पूरे विश्व में कोविड-19 महामारी के कारण तालाबंदी हुई है, और इस महामारी के कारण परिवार को घर के अंदर ही रहना पड़ा, कोविड-19 महामारी का मनोवैज्ञानिक प्रभाव पुरुषों की तुलना में महिलाओं पर अधिक पड़ा। रिचमंड द अमेरिकन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा हुए एक शोध से ज्ञात हुआ हैं, कि कोविड-19 महामारी का प्रभाव महिलाओं की मानसिक स्थिति पर पुरुषों की अपेक्षा अधिक पड़ा हैं, यह शोध 1064 महिला और पुरूष पर किया गया था। कामकाजी महिलाएं घर के बाहर और स्वयं के घर में, दोनों जगह पर कार्य करती हैं। एक और वह परिवार को भी संभालती है, तो दूसरी और वह परिवार के लिए आर्थिक गतिविधि में भी संलग्न रहती हैं, उसको अपनी नौकरी और परिवार के बीच तालमेल बनाना मुश्किल होता है। कोविड-19 महामारी के दौरान लगाई गई तालाबंदी में कामकाजी महिलाओं को अधिक चुनौतीयों और मुश्किलों का सामना करना पड़ा क्योंकि, आर्थिक गतिविधियां रुक जाने के कारण उन्हे मानसिक रूप के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा। लेकिन यह भी सच है, की महिलाएं तनाव, संघर्ष, गलत फहमीयों से बचते हुए तालाबंदी के दौरान अपनी पारिवारिक गतिविधियों और आर्थिक गतिविधियों के बीच अच्छा संतुलन बनाया। इस शोध पत्र में शोधकर्त्ता द्वारा भोपाल नगर म.प्र. की सबसे बड़ी कॉलोनी अयोध्या नगर मैं रहने वाली कामकाजी महिलाओं पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव को जानने का प्रयास किया हैं।

**अध्ययन के उद्देश्य –** शोधार्थी द्वारा कामकाजी महिलाओं को नौकरी और घरेलू कार्य के संतुलन और कोविड-19 महामारी के प्रभाव का अध्ययन करने हेतु निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये गए जो इस प्रकार हैं :-

1. कामकाजी महिलाओं की कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक स्थिति और मानसिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. तालाबंदी के दौरान कामकाजी महिलाओं के दोहरें दायित्व में संतुलन की स्थिति का अध्ययन करना।

**शोध पद्धति –** कामकाजी महिलाओं पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव को समझने के लिए वर्णनात्मक नमूनाकरण विधि का उपयोग शोधर्थी द्वारा किया गया हैं। उपरोक्त विश्लेषण में शोधार्थी द्वारा भोपाल म.प्र. की अयोध्या नगर कॉलोनी में से 30 कामकाजी महिलाओं का चयन किया गया। आंकड़ों के संग्रहण हेतु टेलिफोनिक साक्षात्कार और प्रतिभागियों के साथ शोधकर्त्ता के निकट संपर्क का उपयोग किया गया, जिससे कोविड-19 गाइडलाइन का पालन भी किया जा सके। शोधकर्त्ता द्वारा तालाबंदी के दौरान कामकाजी महिलाओं के समक्ष चार नकारात्मक और चार सकारात्मक प्रभाव रखे गए थे। नकारात्मक प्रभाव में कार्यभार, नीरस दिनचर्या, तनाव, भविष्य की चिंता से संबंधित थे, जबकि सकारात्मक प्रभाव में पारिवारिक समय, काम के घंटे, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान से संबंधित थे।

शोध अध्ययन की प्रकृति को प्रतिभागियों को ठीक से समझाया गया था, चयनित प्रतिभागियों के जवाब मोबाइल पर रिकॉर्ड किए गए जिसका उपयोग सिर्फ शोध अध्ययन करने हेतु किया गया, अध्ययन सामग्री को एकत्रित करने के लिए शोधार्थी द्वारा गूगल लिंक माध्यम का भी उपयोग किया गया, और समय-समय पर जारी सरकार की कोविड-19 गाइडलाइन एवं सरकार द्वारा समाज के हित में संचालित योजनाओं का भी ध्यान रखा गया।

**अधिक कार्यभार –** कामकाजी महिलाओं ने कोविड-19 महामारी के कारण तालाबंदी को विशेष रूप से तनावपूर्ण और कठिन पाया, क्योंकि घर का काम करने के साथ-साथ घर के अन्य कार्य को अपने सहयोगियों के बिना करना, इस प्रकार यह अतिरिक्त भार था। जो पुरुष काम के लिए बाहर जाते थे, और बच्चे स्कूल के लिए बाहर जाते थे, वे घर पर हैं, जो महिलाओं के लिए अतिरिक्त बहुत सारे काम की स्थिति पैदा करते हैं।

**तालिका क्रमांक – 1 : कामकाजी महिलाओं पर कोविड-19 महामारी के दौरान कार्यभार**

| क्र. | अधिक कार्यभार | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 22 | 73.33 |
| 2. | नहीं | 08 | 26.97 |
| | **योग** | **30** | **100** |

**स्त्रोंत-टेलिफोनिक साक्षात्कार**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है,कि अधिकांश महिलाओं ने हाँ कहां 22 (73.33 प्रतिशत) महिलाओं पर अधिक कार्यभार की समस्या रही, जबकि 08 (26.97 प्रतिशत) महिलाओं ने नहीं कहां कोविड-19 महामारी के दौरान कामकाजी महिलाओं पर नकारात्मकता का प्रभाव पड़ा हैं।

**नीरस दिनचर्या –**कोविड 19 महामारी और तालाबंदी ने एक नीरस जीवन का नैतृत्व किया हैं, जो लोग एक ही दिन बार-बार जी रहे हैं। खासतौर पर कामकाजी महिलाएं जो घर में फंसी हुई हैं, वे घर और ऑफिस के कामों की जरूरतों के बीच कमजोर और थकाऊ हो रही हैं, चूंकि वे अपने कार्यालय में व्यस्त दिनचर्या की आदि हैं, इसलिए उनका समय कटना मुश्किल साबित हो रहा हैं।

**तालिका क्रमांक –2 : कामकाजी महिलाओं की कोविड–19 महामारी के दिनचर्या**

| क्र. | नीरस दिनचर्या | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 20 | 66.67 |
| 2. | नहीं | 10 | 33.33 |
| | **योग** | **30** | **100** |

**स्त्रोंत– टेलिफोनिक साक्षात्कार**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है, कि कामकाजी महिलाओं ने हाँ कहां 20 (66.67प्रतिशत) महिलाओं की दिनचर्या नीरस रही, जबकि 10 (33.33 प्रतिशत) कामकाजी महिलाओं ने नहीं कहां इस तालिका से स्पष्ट है, कि कोविड–19 महामारी के दौरान उनकी नीरस दिनचर्या रही इससे कामकाजी महिलाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा हैं।

**तनाव और भविष्य की अधिक चिंता –** जिन महिलाओं ने कोविड 19 महामारी और तालाबंदी से ठीक पहले अपनी नौकरी छोड़ दी, वह मानसिक रूप से प्रभावित हुई, वे काम की तलाश में चिंता कर रही हैं।

इस प्रकार हाथ में कोई काम नहीं होने के कारण वे पूरे दिन बहुत तंगी महसूस कर रहे हैं, कोविड19 महामारी के समय लिया गया कर्ज तनाव को बढ़ा रहा हैं। वेतन कटौती अपने आप में बहुत तनाव लेकर आती हैं। तनाव और चिंता के कारण महिलाओं को आर्थिक संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं, संघर्ष यहीं खत्म नहीं होता हैं। कामकाजी महिलाएं एकल या विवाहित, एक कठिन वित्तीय भविष्य का सामना करती हैं। एक अकेली माँ ने बेरोजगार होने के कारण अपनी सारी बचत खर्च कर दी, अब उन्हें चिंता है कि स्कूल की फीस, किराया और दिन–प्रतिदिन के खर्चों का भुगतान कैसे करें। कुछ महिलाएं जो घंटो के आधार पर काम कर रही हैं, वे अपनी नौकरी को लेकर चिंतित हैं।

**तालिका क्रमांक –3 : कामकाजी महिलाओं को कोविड–19 की महामारी के दौरान तनाव और भविष्य की चिंता**

| क्र. | तनाव और भविष्य की अधिक चिंता | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 25 | 83.33 |
| 2. | नहीं | 05 | 16.67 |
| | **योग** | **30** | **100** |

**स्त्रोंत– टेलिफोनिक साक्षात्कार**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है, कि कामकाजी महिलाओं 25 (83.33 प्रतिशत) ने हाँ कहां तनाव और भविष्य की चिंता हैं, लॉकडाउन के समय महिलाओं को आर्थिक संबंधी समस्या का सामना भी करना पड़ा जबकि 05 (16.67 प्रतिशत) ने नहीं कहां उनका एकमात्र कारण घर के अन्य सदस्य भी आय अर्जित करने में संलग्न थे, इस तालिका से स्पष्ट है,कोविड–19 काकामकाजी महिलाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा हैं।

**पारिवारिक समय और कार्य के घंटे –** पति, बच्चों और ससुराल वालों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना, परिवार के सदस्यों के साथ उपयोगी बातचीत करना। इससे सकारात्मक वातावरण बनता हैं, क्योंकि उन्हें यह अवसर हर दिन नहीं मिलता है। बच्चों के साथ संचार बढ़ता है, बहुत सारे संदेह कम होते हैं, समय के साथ–साथ परिवार के अन्य सदस्यों के बीच गलतफहमी पैदा होती हैं, जो एक दुसरे के साथ समय बिताने से गलतफहमी कम और उनके रिश्ते मजबूत होते हैं। कंपनियां या संस्थान महिलाओं को घर से काम करने की अनुमति देती हैं, साथ ही उन्हें काम के लचीले घंटे प्रदान करती हैं। इस प्रकार महिलाएं काम को पूरा करने के लिए निश्चित घंटों के रूप में शांति महसूस करती है।

**तालिका क्रमांक –4 : कामकाजी महिलाओं पर कोविड–19 की महामारी केदौरान पारिवारिकसमय**

| क्र. | पारिवारिक समय और कार्य के घंटे | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 23 | 76.67 |
| 2. | नहीं | 07 | 23.33 |
| | **योग** | **30** | **100** |

**स्त्रोंत– टेलिफोनिक साक्षात्कार**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है, कि कामकाजी महिलाओं 23 (76.67 प्रतिशत) ने हाँ कहां लॉक डाउन के दौरान कामकाजी महिलाओं को परिवार के लिए अधिक समय मिला और घर के कार्यों में बच्चों और पति का पूर्ण सहयोग रहा जिससे भावनात्मक रिश्तें मजबूत हुए जबकि 07 (23.33 प्रतिशत) कामकाजी महिलाओं ने नहीं में उत्तार दिया, सहयोगियों के बिना कार्य करना मुश्किल होता है, इस तालिका से स्पष्ट हैं, कोविड–19 महामारी के दौरान सकारात्मक प्रभाव पड़ा हैं।

**शिक्षा और रूची –** कामकाजी महिलाएं व्यस्त होती थी, लॉकडाउन के दौरान उनके पास खाना पकाने, पेंटिग करने, फिल्में देखने के अपने पुराने शौकों को ताजा करने का समय था, जो व्यस्त कार्य और पारिवारिक गतिविधियों के दौरान संभव नहीं था। इस प्रकार वे ऑनलाइन के माध्यम से विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को भी सीखते हैं।

**तालिका क्रमांक –5 : कामकाजी महिलाओं पर कोविड–19 की महामारी के दौरान शिक्षा और रूची**

| क्र. | शिक्षा और रूची | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 27 | 90 |
| 2. | नहीं | 03 | 10 |
| | **योग** | **30** | **100** |

**स्त्रोंत– टेलिफोनिक साक्षात्कार**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है,कि कामकाजी महिलाओं 27 (90 प्रतिशत) ने हाँ कहां लॉकडाउन के दौरान कामकाजी महिलाओं को अपने लिए समय मिला है, उन्होने अपनी शिक्षा एवं रूची संबंधित कार्यो को ऑनलाइन माध्यम से बढ़ाया।

जबकि 03 (10 प्रतिशत) कामकाजी महिलाओं ने नहीं में उत्तार दिया। इस तालिका से स्पष्ट है, कोविड–19 महामारी के दौरान सकारात्मक प्रभाव पड़ा हैं।

**स्वास्थ्य पर ध्यान –** हर महिला फिट होना चाहती है, लेकिन एक कामकाजी महिला के लिए काम के साथ फिट रहना बहुत मुश्किल होता हैं। इस प्रकार तालाबंदी के दौरान व्यायाम करने,उचित नींद लेने, स्वस्थ भोजन खाने से अपनी फिटनेस बनाए रखने और स्वास्थ्य संबंधित देखभाल करने का एक अच्छा मौका मिला है।

**तालिका क्रमांक –6 : कामकाजी महिलाओं पर कोविड–19 की महामारी केदौरान स्वास्थ्य पर ध्यान**

| क्र. | स्वास्थ्य पर ध्यान | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 30 | 100 |
| 2. | नहीं | 0 | 0 |
| | **योग** | **30** | **100** |

**स्रोंत- टेलिफोनिक साक्षात्कार**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है,कि कामकाजी महिलाओं 30 (100 प्रतिशत) ने हाँ कहां कोविड-19 की महामारी के दौरान कामकाजी महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है। कामकाजी महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव का असर देखने को मिला है।

**कामकाजी महिलाओं हेतु सुझाव :**

1. कामकाजी महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम के साथ आपदा को अवसर में बदलकर अपनी अतिरिक्त आय में बढ़ोतरी हेतु प्रयास करने चाहिए।
2. कोविड-19 महामारी ने कामकाजी महिलाओं के जीवन में काफी बदलाव किए हैं, उन्हें अपनी बदलती जीवन शैली में सामंजस्य बिठाकर कार्य करना चाहिए।
3. यदि कामकाजी महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा मिलती हैं, तो वह अपने कार्यों के घंटों को निर्धारित कर कार्यालय का काम करें, जिससे उनके कार्य समय पर पूरे होंगे और मानसिक चिंता नहीं रहेगी।
4. कामकाजी महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए और पर्याप्त नींद लेना चाहिए, पर्याप्त नींद अच्छी सेहत को बनाती हैं, क्योंकि महामारी की चिंता और घर एवं ऑफिस के काम से तनाव का स्तर बढ़ जाता हैं।

**निष्कर्ष -** इस अध्ययन का विश्लेषण कामकाजी महिलाओं पर कोविड - 19 के प्रभाव को समझने का एक प्रयास है। भारत में, महिलाओं को शायद ही कभी अपने किए कामों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती हो, लेकिन मुख्य रूप से वे अपने परिवार के लिए जिम्मेदार होती हैं। इस अध्ययन से पता चलता है, कि तालाबंदी के दौरान कामकाजी महिलाएं वर्क फ्रॉम होम करती हैं, उन्हें ऑफिस और घर के अत्यधिक काम का बोझ महसूस होता है। पारिवारिक अपेक्षाओं को पूरा करना और स्वयं के लिए समय न होना कामकाजी महिलाओं के कार्य और जीवन के संतुलन को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक होते हैं। परिणामस्वरूप कई महिलाएं उच्च स्तर के तनाव और चिंता का शिकार होती हैं, और पारिवारिक जीवन का आनंद भी नहीं ले पाती हैं। कामकाजी महिलाओं के साथ अनौपचारिक चर्चाओं से पता चला कि, जिन कामकाजी महिलाओं के पास परिवार या पति का सहयोंग है, वह बेहतर कार्य जीवन संतुलन का आनंद लेती हैं। उपरोक्त निष्कर्षों में कामकाजी महिलाओं के जीवन संतुलन के सकारात्मक और नकारात्मक परिणामों को दिखाया गया है। तालाबंदी के दौरान स्वस्थ कार्य जीवन संतुलन बनाए रखने के लिए सुझाव भी देता है।चूंकि यह अध्ययन एक क्रियात्मक शोध है, कोविड -19 महामारी के कारण आकडें एकत्र करने का एकमात्र तरीका टेलीफोनिक साक्षात्कार था। नमूना आकार 30 है, जो अध्ययन की पूरी आबादी को सामान्य बनाने के लिए लागू नहीं हो सकता है। गुणात्मक डेटा विश्लेषण के लिए समय और धैर्य की आवश्यकता होती हैं। शोध बहुत कम समय में किया गया है। डेटा संग्रह तकनीक, टेलीफोनिक साक्षात्कार में बहुत अधिक संचार, साक्षात्कारकर्ता की उपलब्धता और तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. टीएम,औरसमर्स,डब्ल्यूसी (1871) अवकाश पर काम का प्रभाव: एक प्रतिमान 14(3),310-327.
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन(2020)कोरोनावायरस रोग (कोविड-19)महामारी, नवीनतम
3. लाइव प्रेस कॉन्फ्रेंस (जिनेवा) अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग
4. न्यूमैन,एलडब्ल्यू(2015)सामाजिक अनुसंधान के तरीके: गुणात्मक और मात्रात्मक दृष्टिकोण,
5. भारत सरकार की (कोविड-19)प्रेस कॉन्फ्रेंस
6. मध्यप्रदेश संदेश पत्रिका - मध्यप्रदेश शासन
7. नई दुनिया, दैनिक भास्कर - भोपाल, इन्दौर
8. www.Wikipedia

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# पारिवारिक भोजन पर शैक्षणिक स्तर का प्रभाव

**डॉ. आराधना श्रीवास ***

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शिशु हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं। उनके उत्तम स्वास्थ्य और संस्कारों पर ध्यान देना माता-पिता का कर्त्तव्य है। बालक की भोजन संबंधी आदतों व खान-पान का ध्यान अभिभावकों को रखना चाहिये। एक स्वस्थ्य तथा सामान्य शिशु में हमारे सब दुखों को भुला देने की क्षमता होती है। बच्चों का उचित पालन-पोषण कर के उसे संपूर्ण व्यक्ति के रूप में विकसित करना वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। अनेक माता-पिता तथा अभिभावक अपने दायित्व का निर्वाह सफलता पूर्वक नहीं कर पाते है।

स्वस्थ्य शिशु में स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है परन्तु आज की भागदौड़ की जिन्दगी में माता-पिता को अपनी संतान के खानपान की ओर ध्यान देने का वक्त नहीं होता है कि 'बच्चों को कैसा भोजन देना चाहिये' अनभिज्ञ बना रहता है इसका कारण उनके पास समय का अभाव है। आज संयुक्त परिवार कम और एकांकी परिवार अधिक देखने को मिलते है। आर्थिक समस्याओं के निदान करने हेतु माता-पिता बच्चों के खान-पान की ओर ध्यान न देते हुये अर्थोपार्जन की दुनिया में दौड़ लगा रहे है। बच्चे का विकास हो तो कैसे हो। बच्चे को खाना कुछ है परन्तु माता-पिता अपने कार्य को महत्व देते हुये बेटा पिज्जा खा लिजिये, मैगी बना दे, नूडल्स बना दे आदि। माता-पिता स्वयं बच्चों को फास्ट-फूड ग्रहण करने हेतु प्रेरित करते है कारण है समय की बचत। फिर बच्चों को भी आदत बन जाती है। जहाँ बच्चों को संतुलित भोजन की आवश्यकता होती है और फास्ट-फूड से इनकी पूर्त्ति नहीं हो पाती।

**प्रस्तावना –** प्रारम्भ में ही बच्चे के विकास पर ध्यान नहीं गया तो स्वस्थ बालक में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होना असंभव है। कहा जाता है कि जैसा खाओ अन्न वैसा होय मन। अच्छे स्वास्थ्य के लिये उचित मात्रा में सभी पौष्टिक तत्वों का भोजन में समावेश अत्यन्त आवश्यक है। एक ओर जहाँ भोजन से शारीरिक विकास होता है वहीं दूसरी ओर भोजन हमारी मानसिक स्थिति के लिये भी महत्वपूर्ण होता है। भोजन से हमें आनंद, प्रसन्नता, संतुष्टि व सुरक्षा की भावना प्राप्त होती है। हम भोजन का प्रयोग दोस्ती बनाये रखने के लिये, अवकाश के दिनों को उल्लासित करने के लिये करते है। धर्म में भी भोजन का प्रमुख स्थान है। हमारे समय का एक बहुत बड़ा भाग भोजन से संबंधित कार्यों में से अधिकतर कार्य भोजन को उगाने, ठीक तरह से रखने तथा उसे तैयार करने से संबंधित है। उत्तम पोषण कई व्यक्तियों की समझ, ज्ञान तथा सहायता पर निर्भर करता है। उत्तम पोषण किसी बालक के अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी नहीं ले सकता पर अच्छे पोषण के बिना किसी भी व्यक्ति का अच्छा स्वास्थ्य संभव नहीं है। अत: यह आवश्यक हो जाता है कि परिवार में माता-पिता को भोजन एवं पोषण संबंधी ज्ञान हो यदि माता-पिता शिक्षित होगे तो वह अपने बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुये उनके स्वास्थ को अच्छा बनाये रखने में सहायक हो सकेंगें।

**मनीषा** 1990 में अपने शोध में उच्च उपलब्धि एवं निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी के शैक्षिक एवं व्यवसायिक स्तर पर तुलनात्मक अध्ययन कर पाया कि कम आर्थिक सामाजिक स्तर के बच्चों की उपेक्षा मध्यम सामाजिक स्तर के बच्चों की उपेक्षा मध्यम सामाजिक आर्थिक स्तर के बच्चों में अधिक उपलब्धि प्रेरणा पाई गई।

**सिंह बी. एन.** 1966 के अनुसार विद्यार्थियों की चिन्ता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य धनात्मक संबंध होता है। जिन विद्यार्थियों की शैक्षिक चिंता उच्च थी उनमें शैक्षिक उपलब्धि अपेक्षाकृत कम थी।

**वर्मा ओ. पी.** 1984 के अनुसार चिन्ता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य धनात्मक एवं सार्थक सम्बन्ध होता है। इन्हीं अनुसंधान कार्यो को ध्यान में रखते हुये प्रस्तुत शोध कार्य में प्रतियोगी परीक्षा में बैठने वाले छात्र-छात्राओं की शैक्षिक चिन्ता का तुलनात्मक अध्ययन करने का विचार किया गया जिससे प्राप्त परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों को शैक्षिक चिन्ता कम करने के सुझाव दिये जा सकते है।

**शर्मा** 2003 ने अपने अध्ययन में यह पाया कि माता का उच्च शैक्षणिक स्तर बच्चे में आत्म प्रत्यय एवं मानसिक विकास के साथ धनात्मक सम्बन्ध रखता है।

**डेविड अल्का** 2003 ने अपने अध्ययन में पाया कि व्यवसायिक तथा अति उच्च शिक्षित महिलाओं के बच्चों में स्नातक शिक्षित महिलाओं के बच्चों की अपेक्षा आत्म-प्रत्यय एवं मानसिक विकास उच्च श्रेणी का होता है।

**कोचर जी. के. एवं अग्रवाल** 2007 ने सोलन हिमाचल प्रदेश की 13 से 19 वर्ष की किशोर बालिकाओं में पोषण सम्बन्धी अध्ययन किया और यह निष्कर्ष निकाला की पोषण शिक्षा के माध्यम से बालिकाओं का पोषण स्तर सुधारा जा सकता है।

**अध्ययन के उद्देश्य–** प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य बालक-बालिकाओं के माता-पिता के शैक्षणिक स्तर के प्रभावों की जानकारी का अध्ययन करना है।

**अध्ययन की उपकल्पना–** माता-पिता के शैक्षणिक स्तर का प्रभाव बालक-बालिकाओं के भोजन पर सकारात्मक पड़ता है।

**अध्ययन की विधि–** प्रस्तुत अध्ययन सागर शहर के संदर्भ में किया गया। प्रस्तुत अध्ययन सागर शहर की चार शालाओं के बालक – बालिकाओं के परिवारों में किया गया। बालक–बालिकाओं की उम्र 8 से 13 वर्ष थी। इसमें 150 बालक व 150 बालिकाओं के परिवारों को लिया गया। इनका चयन दैव निर्दशन विधि के द्वारा किया गया। तथ्यों के समंकों के संकलन हेतु साक्षात्कार, अनुसूची, प्रश्नावली का प्रयोग किया गया एवं द्वितीय समंकों के संकलन हेतु विभिन्न अभिलेखों पत्रों एवं शोध प्रबंध आदि अन्य संबंधित तथ्यों का संकलन किया गया। शोध के उद्देश्य तथा समंकों की प्रकृति को ध्यान में रखकर आवश्यक सांख्यिकी विधियों का प्रयोग किया गया। इसमें बालक–बालिकाओं के माता–पिता के शैक्षणिक स्तर को ज्ञात किया गया।

**व्याख्या एवं विश्लेषण –**शोध अध्ययन हेतु तथ्यों के संकलन के पश्चात् उनकी व्याख्या एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। प्रारम्भिक अवस्था में संकलित किये गये तथ्य अव्यवस्थित एवं जटिल होते है। संकलित समंकों को सरल, संक्षिप्त एवं अध्ययन योग्य बनाने हेंतु वर्गीकरण एवं सारणीयन की आवश्यकता होती है। यह न केवल समंकों कों उनकी विशेषताओं के आधार पर प्रकट करती है बल्कि सांख्यिकीय सामग्री के निर्वचन की आधार शिला है। प्रस्तुत अध्ययन 300 बालक–बालिकाओं के परिवारों पर किया गया। प्रस्तुत अध्ययन माता–पिता के शैक्षणिकस्तर को ज्ञात करने के लिये किया गया। इसमें परिवार के द्वारा प्रश्नावली को भरवाया गया। जिसको निम्न तालिका के द्वारा दर्शाया जा रहा है।

**तालिका क्र. 1 : माता का शैक्षणिक स्तर**

| क्र. | विवरण | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | निरक्षर | 4 | 1.33 |
| 2. | प्राथमिक | 24 | 8.00 |
| 3. | माध्यमिक | 17 | 5.67 |
| 4. | उच्चतर | 103 | 34.33 |
| 5. | स्नातक | 75 | 25.00 |
| 6. | स्नातकोत्तर | 67 | 22.33 |
| 7. | अन्य | 10 | 3.33 |
| | **कुल** | **300** | **100.00** |




**ग्राफ क्र.1 : माता का शैक्षणिक स्तर**

प्रयोज्यों से प्राप्त उत्तर के आधार पर माताओं के शैक्षणिक स्तर सम्बन्धी आंकड़ों की स्थिति को तालिका क्र. 1 में दर्शायी गयी है। तालिका के अनुसार निरक्षर माताओं की संख्या 4(1.33 प्रतिशत), प्राथमिक शिक्षा प्राप्त माताओं की संख्या 24(8 प्रतिशत), माध्यमिक शिक्षा प्राप्त माताओं की संख्या 17(5.67 प्रतिशत), उच्चतर शिक्षा प्राप्त माताओं की संख्या 103(34.33 प्रतिशत), स्नातक शिक्षा के स्तर पर माताओं की संख्या 75(25 प्रतिशत), स्नातकोत्तार शिक्षा प्राप्त के अन्तर्गत माताओं की संख्या 67(22.33 प्रतिशत) तथा अन्य शिक्षा जैसे – पीएच.डी., एम.बी.बी.एस., बी.डी.एस., एम.डी., बी.एड., एम.एड., डी.लिट. के स्तर पर माताओं की संख्या 10(3.33 प्रतिशत) पाई गई। प्रस्तुत अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है कि माताओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार आ रहा है और वह परिवार से बाहर निकलकर शिक्षा प्राप्त कर रही है।

**तालिका क्र. 2 : पिता का शैक्षणिक स्तर**

| क्र. | विवरण | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | निरक्षर | 0 | 0.00 |
| 2. | प्राथमिक | 4 | 1.33 |
| 3. | माध्यमिक | 25 | 8.33 |
| 4. | उच्चतर | 78 | 26.00 |
| 5. | स्नातक | 71 | 23.67 |
| 6. | स्नातकोत्तर | 97 | 32.33 |
| 7. | अन्य | 25 | 8.33 |
| | **कुल** | **300** | **100.00** |

प्रस्तुत अध्ययन में तालिका क्र. 2 के द्वारा बालक–बालिकाओं के पिता का शैक्षणिक स्तर दर्शाया गया है। तालिका में बालक–बालिकाओं के निरक्षर पिता की संख्या शून्य पायी गयी। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त पिता की संख्या 4(1.33 प्रतिशत), माध्यमिक शिक्षा प्राप्त पिता की संख्या 25(8.33 प्रतिशत), उच्चतर शिक्षा प्राप्त पिता की संख्या 78(26.00 प्रतिशत), स्नातक शिक्षा प्राप्त पिता की संख्या 71(23.67 प्रतिशत), स्नातकोत्तार शिक्षा प्राप्त पिता की संख्या 97(32.33 प्रतिशत) तथा अन्य शिक्षा के अन्तर्गत जैसे– पीएच.डी., एम.बी.बी.एस., बी.डी.एस., एम.डी., बी.एड., एम.एड, डी.लिट. पिता की संख्या 25(8.33 प्रतिशत) पाई गई।

माता की अपेक्षा पिता का शैक्षणिक स्तर अधिक पाया गया है क्योंकि आज भी कई परिवारों में बेटियों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

**ग्राफ क्र. 2 : पिता का शैक्षणिक स्तर**

**तालिका क्र. 3 : परिवार के भोजन के प्रति सचेत रहना**

| क्र. | परिवार के भोजन के प्रति सचेत रहना | बालक | | बालिकाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 1. | हाँ | 75 | 50 | 81 | 54 |
| 2. | नहीं | 35 | 23.33 | 15 | 10 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | कभी-कभी | 40 | 26.66 | 54 | 36 |
| | **कुल** | **150** | **100** | **150** | **100** |

तालिका क्र. 3 में परिवार के भोजन के प्रति सचेत रहने की स्थिति को संकलित किया गया है जिसके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि कुल 300 में से 150 बालक व 150 बालिकाएँ हैं। 150 बालकों के परिवारों में से 75(50 प्रतिशत) परिवार भोजन के प्रति सचेत रहते पाए गए, 35(23.33 प्रतिशत) परिवार भोजन के प्रति सचेत नहीं रहते पाएगए व 40(26.66 प्रतिशत) परिवार भोजन के प्रति कभी-कभी सचेत रहते पाए गए। इसी प्रकार 150 बालिकाओं के परिवारों में से 81(54 प्रतिशत) परिवार भोजन के प्रति सचेत रहते पाए गए। क्रमश: 15(10 प्रतिशत) व 54(36 प्रतिशत) परिवार ऐसे पाये गए जो भोजन के प्रति सचेत नहीं रहते हैं व भोजन के प्रति कभी-कभी सचेत रहते हैं।

प्रस्तुत तालिका के विवरण से स्पष्ट होता है कि बालिकाओं के परिवार बालकों के परिवार की तुलना में भोजन के प्रति अधिक सचेत रहते पाए गए।




**ग्राफ क्र.3 : परिवार के भोजन के प्रति सचेत रहना**

**निष्कर्ष-** प्रस्तुत अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि अधिकांश परिवारों में माँ की अपेक्षा पिता अधिक शिक्षित पाये गये। माता-पिता दोनों ही अपने बच्चों के भोजन संबंधी जानकारी रखते पाये गये। प्राय: देखा गया कि शिक्षित माता-पिता अपने बच्चों के भोजन के प्रति सर्तक पाये गये। इसका कारण उनकी भोजन के प्रति जानकारी देखी गयी। माता-पिता शिक्षित होने के कारण संतुलित भोजन से संबंधित जानकारी व फास्ट-फूड, मैगी, स्ट्रीट फूड स्नैक्स के दुष्परिणामों के प्रति जानकारी रखते पाये गये। यह पाया गया कि माता-पिता के खान-पान के स्वभाव से बच्चों पर असर पड़ता है, अधिकांशत: छोटे बच्चों पर जो अक्सर देखा-देखी करते है। शोध से यह ज्ञात हुआ कि जो बच्चे हमेशा अपने परिवार के साथ ही खाना खाते है, वे पौष्टिक आहार जैसे कि फल सब्जियाँ खाना ही पसंद करते है। वह माता-पिता जिनके खान-पान के तौर तरीके ठीक नहीं है, उनके बच्चों में भी गलत खाने पीने की आदतें आ जाती है।

**सुझाव:**

1. बालक-बालिकाओं के आहार को पाँच वर्गों में विभाजित कर लेना चाहिये जैसे- कि फल, सब्जियाँ, मीट और सीरियल्स, जिससे उन्हें बराबर संतुलित आहार मिल सके।
2. बच्चों को ज्यादा मिठाईयाँ खाने को न दे क्योंकि इससे उनको यह लगेगा कि मिठाईयाँ ही सबसे पौष्टिक चीज है। ऐसे में धीरे-धीरे उनकी दिलचस्पी दूसरी चीजें खाने में कम हो जायेगी।
3. अपने बच्चे को फैटी और शुगरी (चीनी वाले) भोजन देने के बजाय कुछ पौष्टिक चीजें खिलायें, जैसे कि पौटेटो चिप्स की जगह पॉपकॉर्न, चीज बर्गर की जगह स्टफ्ड वेजिटेबल सैंडविच, व्हाइट ब्रेड की जगह ब्राउन ब्रेड और फलों के रस।
4. संतुलित भोजन के साथ-साथ कसरत भी आपके बच्चे के लिये बेहद जरूरी है। इसलिये रोज उन्हें लेकर वॉक पर जायें या फिर खेल-कूद के लिये प्रोत्साहित करें।
5. अपने घर में हमेशा पौष्टिक आहार रखें, जैसे कि फल, हरी सब्जियाँ और लो कैलोरी डेयरी उत्पाद। फ्रिज में मिठाई, चॉकलेट्स के बजाय ताजे फल और सब्जियॉ रखें।
6. छोटी उम्र में ही बच्चों में स्वास्थ्य खाने-पीने की आदतें डलवायें। जब आपके बच्चे साबुत आहार लेना शुरू कर दें, तब उन्हें तली हुई चीजें और जंक फूड बिल्कुल न दें। उन्हें सिर्फ सब्जियाँ और प्रोटीन से भरपूर आहार दें, ताकि उनमें फास्ट-फूड लेने की बुरी आदत न पडे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. वंदना लूथरा (फिटनेस एक्सपर्ट), दैनिक भास्कर, मधुरिमा 18 जुलाई 2001, पेज नं. 04।
2. प्रेमचंद स्वर्णकार 'संतुलित भोजन' रामकमल प्रकाशन।
3. सुकून स्मारिका 2009 आहार फिटनेस आहार विशेषज्ञ इन्दौर।
4. डॉ. जोशी शुभांगी 2004, न्यूट्रिशन एण्ड डायटेटिक्स, टाटा एम. ग्रू. हिल. दिल्ली।
5. गोस्वामी सुबुद्धि, बाल विकास की दशाएँ, श्याम प्रकाशन जयपुर।
6. मुखर्जी एम. आर., चतुर्वेदी वी. टी. 2007 'डिटरमिनेट्स ऑफ न्यूट्रिशनल स्टेट्स ऑफ स्कूल चिल्ड्रन।'

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# पूर्व माधयमिक स्तर पर विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध का अध्ययन

**श्रीमती आरती आर्य * श्रीमती सरोज सिंह हाड़ा****

* बी.सी.जी. शिक्षा महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत
** बी.सी.जी. शिक्षा महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** मानव अपने जीवन को व्यवस्थित करने एवं उन्नत जीवन व्यापन हेतु सामाजिक संस्थाओं का निर्माण करता है। इससे आज के समाज में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति समाज के अन्य वर्गों से भी संबंध होता है। प्रत्येक समाज आपने लोगों के साथ एक सामाजिक परिवेश का निर्माण करता है। व्यक्ति समाज में रहता है और समाज से सीखता है। समाज का चेतन और अवचेतन ज्ञान व्यक्ति की सोच अथवा संज्ञान को विकसित करता है और यह बहुत ही अवबोध कहलाता है।

बालक के सामाजिक – अवबोध का अध्ययन करने के लिए उसकी सामाजिकता की आयु व उसकी वास्तविक आयु के अनुरूप की सामाजिक भावना के सामान्य स्तरों को समझा जा सकता है।

बालक सामाजिक प्राणी है। जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न ना संस्कारों से जुड़ा रहता है। यदि किसी समाज या जाति के उत्थान पतन आचार व्यवहार संस्कार संस्कृति आदि को समाज में देखना चाहते हैं तो हमें समाज का अध्ययन करना होगा। इससे यह ज्ञात होता है कि अच्छे संस्कारों से सभ्य जातियों का पता चलता है। बालक के अच्छे व्यक्तित्व निर्माण में बालक को सामाजिक प्रशिक्षण प्रदान करना आवश्यक है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से बालक में सामाजिक गुणों का सहयोग सहिष्णुता समाज सेवा की भावना का विकास करना आवश्यक है। बालक के विकास के लिए केवल विद्यालय को ही उत्तारदाई नहीं बनाना चाहिए वरन समाज पर यह दायित्व डाला जाना चाहिए।

बाइनिंग एवं बाइनिंग ने लिखा है – परिवार मंदिर आस–पड़ोस सामाजिक समूह तथा सामाजिक गतिविधियों देश भक्ति पूर्ण संगठन सामाजिक जीवन के विचारों एवं कार्यों को नवीन रूप प्रदान करने वाले सजीव साधन है। समाज में प्रत्येक बालक के सर्वांगीण विकास करने का सदैव प्रयत्न करना चाहिए। उसे विकसित व सभ्य बना कर समाज में रखें ताकि, वह भी समाज में अच्छे गुणों की सुगंध को बिखेर कर स्वयं महक कर समाज को भी महकायेगा। शिक्षा के माध्यम से प्रत्येक बालक में ज्ञान रुचि आदर्शों आदतों और शक्तियों का विकास करना चाहिए जिससे वह अपना उचित स्थान प्राप्त कर सके और समाज को उच्च लक्ष्यों की और ले जाए।

परिवार , समाज, पास–पड़ोस और विद्यालय , बालक के सामाजिक अवबोध को विभिन्न रूपों से प्रभावित करता है। जैसे समाज में होने वाले विभिन्न उत्सव व कार्यक्रम में संस्कृति, कला, साहित्य, उदारता धार्मिक उत्सव, जातीय परंपराएं, सामाजिक परंपराएं , मनोरंजन की सुविधा एवं साधान तथा सामाजिक सुविधा आदि बालक के सामाजिक अवबोध को विकसित करती है। बालक के मित्र मंडल द्वारा भी उसके सामाजिक अवबोध का विकास होता है।

मनुष्य की सकारात्मक सोच समाज की नैतिक स्तर को ऊपर उठा देती है। बालक एक घट के समान नहीं है, जिसे भरा जा सके बल्कि वह एक चिंगारी के समान है। बालक का पालन पोषण प्यार वह स्नेहा के साथ होना चाहिए। बालक चेतन व अवचेतन मन से समाज से शिक्षा लेता है, जो उसमें सामाजिक–अवबोध का प्रस्फुटन करती है। सामाजिक–अवबोध बालक के व्यक्तित्व को संतुलित करके सुंदर व सुनियोजित करता है।

पूर्व माध्यमिक स्तर पर सामाजिक–अवबोध का अध्ययन करना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि इस अवस्था में बालक का शरीर और संस्कार दोनों ही निर्माणाधीन अवस्था में होते हैं। इन्हीं तथ्यों को धयान में रखते हुए प्रस्तुत कार्य की योजना बनाई गई।

**उद्देश्य–** अध्ययन के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

1. पूर्व माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केंद्रीय शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों के सामाजिक और अवबोध का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. पूर्व माध्यमिक स्तर पर सामान्य वर्ग एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध का अध्ययन करना।
3. पूर्व माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के सामाजिक अवबोध का अध्ययन करना।

**परिकल्पना :**

1. पूर्व माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केंद्रीय शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।
2. पूर्व माध्यमिक स्तर पर सामान्य वर्ग एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।
3. पूर्व माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के अंतर्गत आने वाले छात्र छात्राओं के सामाजिक अवबोध में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

**प्रविधि–** प्रस्तुत शोध अध्ययन में सर्वेक्षण विधि प्रयुक्त की गई है। इस हेतु कक्षा सातवीं के माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केंद्रीय शिक्षा मंडल के क्रमश 50–50 विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है। इस अध्ययन में शोधार्थी द्वारा स्वनिर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया है। प्रदत्तो का विश्लेषण मध्यमान प्रमाणिक विचलन एवं की प्रशिक्षण के द्वारा किया गया है।

परिकल्पना क्र. 01 के प्रशिक्षण हेतु माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केंद्रीय शिक्षा मंडल द्वारा संचालित विद्यालयों के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध

स्तर के प्रदत्तों का मध्यमान की गणना कर अंतर की जांच हेतु टी प्रशिक्षण किया गया, जिस का सारांश तालिका क्रमांक 1 में दिया गया है।

**तालिका क्र. – 01 माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केंद्रीय शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध का तुलनात्मक अध्ययन**

| बोर्ड | N | M | Sd. | T-value | Stg. |
|---|---|---|---|---|---|
| माशिमं | 50 | 35.22 | 2.36 | 8.27 | Sig.<-01 |
| केशिम | 50 | 31.10 | 2.61 | | |

उपरोक्त तालिका में गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 98 स्वतंत्रता स्तर पर सारणी मान से अधिक होने के कारण परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना क्र. 02 के प्रशिक्षण हेतु सामान्य एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध स्तर के प्रदत्तों का मध्यमान की गणना कर अंतर की जांच हेतु टी–प्रशिक्षण किया गया, जिसका सारांश तालिका क्रमांक 2 में दिया गया है।

**तालिका क्र. – 02 सामान्य एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध का तुलनात्मक अध्ययन**

| वर्ग | N | M | Sd. | T-value | Stg. |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य | 52 | 32.78 | 2.59 | 1.33 | NS |
| आरक्षित | 48 | 33.47 | 2.80 | | |

उपरोक्त तालिका में गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 98 स्वतंत्रता स्तर पर सारणी मान से कम होने के कारण परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना क्र. 03 के प्रशिक्षण हेतु बालक एवं बालिकाओं के सामाजिक अवबोध स्तर के प्रदत्तों का मध्यमान की गणना कर अंतर की जांच हेतु टी–प्रशिक्षण किया गया , जिसका सारांश तालिका क्र. 03 में दिया गया है।

**तालिका क्र. – 03 बालक एवं बालिकाओं के सामाजिक अवबोध का तुलनात्मक अध्ययन**

| लिंग | N | M | Sd. | T-value | Stg. |
|---|---|---|---|---|---|
| बालक | 51 | 20.66 | 5.15 | 14.68 | Sig. <-01 |
| बालिका | 49 | 32.22 | 3.24 | | |

उपरोक्त तालिका में गणना द्वारा प्राप्त टी का मान 98 स्वतंत्रता स्तर पर सारणी मान से अधिक होने के कारण परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है।

**निष्कर्ष :**

1. माध्यमिक शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों का सामाजिक अवबोध स्तर , केंद्रीय शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों में सार्थक रूप में उच्च पाया गया।
2. सामान्य एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के सामाजिक अवबोध का स्तर में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।
3. पूर्व माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं का सामाजिक अवबोध , बालकों के सापेक्ष सार्थक रूप में उच्च पाया गया।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. डांस जे (1990) – निशक्त बच्चों के विकास में बच्चों के लालन पालन के अभ्यास की भूमिका का अध्ययन।
2. डॉ कपिल एच.के.(2007) – अनुसंधान विधियां मनोविज्ञान विभाग। राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय आगरा।
3. कवर एल.एन.(1989) – माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की व्यक्तित्व उपलब्धि अभिप्रेरणा का विकास घट एवं विद्यालय में सामाजिकता के विकास का अध्ययन।
4. पाठक पी.डी. एवं त्यागी जी.एस.डी. – शिक्षा के सामान्य सिद्धांत। दयालबाग विश्वविद्यालय दयालबग।
5. शुक्ला किरण (1992) – अभिभावकों का व्यवहार एवं मित्रों के साथ संबंध के द्वारा सामाजिक दक्षता के विकास का अध्ययन करना।
6. सक्सेना एन. आर. स्वरूप (2008) – शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय सिद्धांत। डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन मेरठ कॉलेज (मेरठ)
7. सिंह अरुण कुमार (2005) – व्यक्तित्व का मनोविज्ञान। नई दिल्ली बनारसी मोतीलाल दास।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना से हितग्राहियों के आर्थिक विकास में योगदान का एक अध्ययन (झाबुआ जिले के विशेष सन्द्रर्भ में)

**डॉ. डुंगरसिंह मुजाल्दा***

***सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) श्री राजेन्द्र सूरि शासकीय महाविद्यालय, सरदारपुर, जिला धार (म.प्र.) भारत**

**प्रस्तावना –** हमारा देश कृषि प्रधान एवं गांवों का राष्ट्र है।ग्रामीण लोगों का मुख्य कार्य कृषि एवं मजदूरी के साथ में पशुओं को पालना है,और पशुओं के गोबर से खाद,उससे मिलने वाले दूध का घर में उपयोग एवं बछडों को बडा करके गाय होने पर पालना और बैल होने पर खेतों में जोतना एवं भैस के बछडों को बडा कर भैस होने पर पालना और पाडा होने पर बेच देते है।इस प्रकार की परम्पराएं कई पीढ़ियों से चली आ रही है।इसको व्यवसाय के रुप में नहीं करते है।परन्तु आज महंगाई के जमाने में आवश्यकता महसूस होने के कारण,मनुष्यों को नौकरी,व्यापार,खेती–बाड़ी एवं पशुओं को पालकर अपनी आय का स्त्रोत बनाता है,उससे अपनी आजीविका को चलाता है।झाबुआ जिला सम्पूर्ण आदिवासी बाहुल्य होने से यहां के लोगों की आय कृषि एवं मजदूरी से होती है,जिले का सम्पूर्ण क्षेत्र सिंचित नहीं है,और यहां की जमीन बंजर,पथरीली एवं उबड़–खाबड़ है,जिससे उपज भी बहुत कम होती है।यहां का किसान उचित किस्म की खेती नहीं कर पाता है,जिसके कारण आय भी बहुत कम होती है।क्षेत्र में भूमि कम और काम करने वाले अधिक होने से यहां का श्रमिक गुजरात एवं अन्य जगह मजदूरी हेतु जाता है,यहां के अधिकतर किसान मानसून पर निर्भर होता है,उसकी आंशिक जमीन पर रबी की फसल लेता है। क्षेत्र में पशुपालन से हितग्राही की अतिरिक्त स्थायी आय का स्त्रोत बना सकता है,जो ग्रमीण लोग गुजरात मजदूरी के लिए पलायन करते है,उनकी कुछ संख्या में कमी आ सकती है।यहां के अधिकांश लोग गांवों में निवास करते है,जिनके पास पशुओं को बाधने एवं रख–रखा हेतु जगह भी पर्याप्त होती है।पशुपालन से व्यक्ति की आय दूध, दही, छाछ, घी,मक्खन,गोबर से खाद,आदि को बेचकर अर्जित कर सकता है।पशुपालन की प्रकिया एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के अतिरिक्त ग्रमीण क्षेत्रों में लाभ का धन्धा सृजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है,इसे देखकर अन्य व्यक्ति भी व्यवसाय करने हेतु प्रेरित होगा।ग्रमीण क्षेत्र में एक ही समाज के लोगों के निवास के कारण आपस में प्रतिस्पर्धा,देखकर अभिप्रेरित या किसी से पूछकर व्यवसाय करने जैसी परिस्थिति नहीं है।विकास नहीं होने का मुख्य कारण यह भी है,कि आसपास का वातावरण सिर्फ खेती करने वाले और दूसरे प्रकार का काम करने वाला कोई नहीं होता है।राज्य में आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना 2015 से संचालित है।परियोजना की लागत अधिकतम 10 लाख रूपये तक की सीमा है। 05एवं10मवेशियों की एक इकाई होती है। इस हेतु सामान्य वर्ग के लिए मार्जिन मनी सहायता अधिकमत डेढ लाख एवं एस टी,एस सी के लिए अधिकतम 2.00 लाख रूपये है।परियोजना लागत का 75प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से प्रदान करती है। और योजना में 5प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से अधिकतम 25000रूपये प्रतिवर्ष ब्याज की प्रतिपूर्ति 7वर्षो तक विभाग द्वारा की जाती है।इस योजना का लाभ सभी वर्ग के लघु एवं सीमांत कृषक ले सकते है।और इनको विपरीत जलवायु की परिस्थितियों में एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय पशुपालन से किसानों को आर्थिक सुरक्षा देता है,पिछले कई वर्षो से जलवायु में परिवर्तन के कारण आकस्मिक बारिश,ओले,पाला,या सूखा पड़ने से किसान को प्रतिकूल वातावरण का सामना करना पड़ता है।कृषि से उन्हें जो आमदनी होना चाहिए,वह नहीं हो पाती है,परन्तु इस प्रकार के प्रतिकूल वातावरण का पशुपालन व्यवसाय पर अधिक दूष्प्रभाव नहीं पड़ता है।यदि किसान खेती कार्य के साथ–साथ पशुपालन को अपनाता है,तो उन्हें कृषि से होने वाले नुकसान से बच सकता है। जिले में योजना की वर्ष 2016 से 2020 तक कुल 224 इकाई स्वीकृत है जिनमें से 2016 से 2020 तक 209 इकाईयों में पशु वितरण किए गए है।और स्वीकृत परियोजना की कुल लागत राशि 1410.65 (राशि लाखों में) है जिले में 87% अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते है,यहां का साक्षरता प्रतिशत 43.30 है,जो बहुत न्यूनतम है।योजना से हितग्राहियों के आर्थिक विकास में परिवर्तन,रोजगार के सृजन,दूध उत्पादन में वृद्धि आदि का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

**उद्देश्य –** प्रत्येक शोध कार्य के पिछे कोई–कोई उद्देश्य होना चाहिए है,उसी के अनुरुप शोधकर्ता कार्य करता है।जो निम्नानुसार है –

1. पशुपालन से हितग्रहियों के आर्थिक विकास में परिवर्तन का अध्ययन करना।
2. पशुपालन से रोजगार के सृजन का अध्ययन करना।
3. पशुपालन से क्षेत्र में दूध उत्पादन में वृद्धि का अध्ययन करना।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध–पत्र में अध्ययन क्षेत्र से समग्र के संग्रहण के आधार पर औसत, प्रतिशत एवं अनुपात जैसे सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग कर अभीष्ट परिणाम ज्ञात किए गए है ।

**परिकल्पना –** अध्ययन क्षेत्र में कृषि कार्य के साथ–साथ आचार्य विद्यासागर गौ सवर्धन योजना से हितग्राहियों का आर्थिक विकास प्रतीत हो रहा है।

**समंक संकलन –** प्रस्तुत शोध-पत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना से हितग्राहियों के आर्थिक विकास में योगदान का एक अध्ययन है।अध्ययन क्षेत्र में प्राथमिक समंकों का संग्रहण 50 हितग्राहियों से अनुसूची भरवाकर किए गए है। उत्तरदातों से जो तथ्य प्राप्त हुए,उन्हें आधार मानकर विश्लेषण किया गया तथा द्वितीयक समंक का संग्रहण कार्यालय जिला पशु चिकित्सालय झाबुआ से लिए गए है।

**प्राथमिक समंकों का विश्लेषण** –हमारा देश गांवों का राष्ट्र है,और ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश परिवारों में मवेशियों को पालने की परम्परा/चलन है।पहले मवेशियों को इसलिए पालते थे,कि उससे घर में दूध,दही,छाछ,घी एवं अन्य प्रकार की सामग्री बनाकर घर में उपयोग करते थे।परन्तु आज दुधारु पशुओं से डेयरी संचालित करते है।अध्ययन क्षेत्र में दुधारु पशुओं के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्र.1.1 में दर्शाया गया है:

**तालिका क्र.1.1 :** दुधारु पशुओं की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | गाय | 172 | 33 |
| 2 | भैस | 219 | 42 |
| 3 | दोनों | 128 | 25 |
| | कुल योग | 519 | 100 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 42प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि हमारे यहां भैस है।तथा 33प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने अभिमत में कहां है,कि हमारे यहां गाय है,और 25प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहां है,कि हमारे पास भैस और गाय दोनों है।अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि हमारे यहां भैस है।

अध्ययन क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य होने से यहां के हितग्राहियों के पास इतना पैसा नहीं होता है,कि वह अपने स्वयं के पैसों से कोई मवेशी खरीद कर पाल सके।वह शासन की योजना से दूध डेरी या दूध व्यवसाय संचालित करता है।इसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक1.2 में दर्शाया गया है:

**तालिका क्र.1.2 :** दुधारु पशुओं को कैसे प्राप्त किये

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | शासन की योजना से | 50 | 100 |
| 2 | स्वयं ने खरीदे | 00 | 00 |
| 3 | पैतृक में मिले | 00 | 00 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 100प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि शासन की योजना से खरीद कर दुधारु पशुओं को प्राप्त किये है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि सम्पूर्ण उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि शासन की योजना से दुधारु पशुओं को खरीद कर प्राप्त किये है।

प्रत्येक हितग्राहियों की मानसिकता अलग-अलग होती है,जिस में से कुछ व्यवसायिक विचारधारा के होते है,परन्तु कुछ सिर्फ शासन की योजनाओं का लाभ लेना चाहते है।जिनके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.3 में दर्शाया गया है:

**तालिका क्र.1.3 :** दुधारु पशुओं को खरीदने का कारण

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | शासन की योजना के लाभ हेतु | 07 | 14 |
| 2 | दूध व्यवसाय हेतु | 40 | 80 |
| 3 | अन्य कारण हेतु | 03 | 06 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 80प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि दूध व्यवसाय हेतु दुधारु पशुओं को खरीदते है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 14 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि शासन की योजना के लाभ लेने हेतु दुधारु पशुओं को खरीदते है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि दूध व्यवसाय हेतु दुधारु पशुओं को खरीदते है।

अध्ययन क्षेत्र के हितग्राहियों में से कुछ की मानसिकता होती है,कि सिर्फ शासन की योजनाओं का लाभ लेना है। जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.4 में दर्शाया गया है :

**तालिका क्र.1.4 :** शासन की योजना के लाभ हेतु

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 07 | 14 |
| 2 | नहीं | 43 | 86 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 86प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि शासन की योजना के लाभ हेतु डेयरी व्यववयाय नहीं करते है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 14प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है कि शासन की योजना के लाभ हेतु डेयरी व्यववयाय करते है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि शासन की योजना के लाभ हेतु डेयरी व्यवयाय नहीं करते है।

अध्ययन क्षेत्र में कुछ हितग्राहियों की आदत होती है,कि शासन की सब्सिडी का लाभ लेने हेतु योजना का उपयोग करते है। जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.5 में दर्शाया गया है :

**तालिका क्र.1.5 :** शासन की योजना की सब्सिडी हेतु

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 09 | 18 |
| 2 | नहीं | 41 | 82 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 82 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि हम शासन की सब्सिडी का लाभ लेने हेतु योजना का उपयोग नहीं करते है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 18 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि हम शासन की सब्सिडी का लाभ लेने हेतु योजना का उपयोग करते है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि हम शासन की सब्सिडी का लाभ लेने हेतु योजना का उपयोग नहीं करते है।

हितग्राहियों को दूध डेयरी चलाने के लिए दुधारु पशुओं को खरीदता है,जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.6 में दर्शाया गया है :

**तालिका क्र.1.6 :** दूध व्यवसाय हेतु

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 38 | 76 |
| 2 | नहीं | 12 | 24 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 76प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि हम दूध व्यवसाय हेतु दुधारु पशुओं को खरीदते है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 24 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि हम दूध व्यवसाय हेतु दुधारु पशुओं को नहीं खरीदते है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि दूध व्यवसाय हेतु दुधारु पशुओं को खरीदते है।

दुधारु पशुओं को पालन से क्षेत्र में दूध की मात्रा में वृद्धि हुई है या नहीं जिसके के संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.7 में दर्शाया गया है :

**तालिका क्र.1.7 :** पशुपालन से क्षेत्र में दूध की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 43 | 86 |
| 2 | नही | 07 | 14 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 86प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि पशुपालन से क्षेत्र में दूध की वृद्धि हुई है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 14 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि पशुपालन से क्षेत्र में दूध की वृद्धि नहीं हुई है। अत: विश्लेषण से

स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि पशुपालन से क्षेत्र में दूध की वृद्धि हुई है।

दूध व्यवसाय करने से हितग्रही की आय दूध,छाछ, घी, मक्खन, दही,गोबर से खाद,पनीर,मावा, अन्य दूध से बनी सामग्री के विक्रय से आय में वृद्धि होती है। जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.8 में दर्शाया गया है:

**तालिका क्र.1.8 :** दूध व्यवसाय से आर्थिक की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 40 | 80 |
| 2 | नहीं | 10 | 20 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 80प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि दूध व्यवसाय से आर्थिक स्थिति में परिर्वतन हुआ है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 20 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि दूध व्यवसाय से आर्थिक स्थिति में परिर्वतन नहीं हुआ है।अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि दूध व्यवसाय से आर्थिक स्थिति में परिर्वतन हुआ है।

दुधारु पशुओं को पालने से हितग्राही को दूध के अलावा अन्य विक्रय योग्य सामग्री से आय होती है। गोबर से खाद,गोबर से जैविक खाद,गोबर से गोबर गैस प्लांट,गोमूत्र से आय,गोबर से कंडे आदि प्रकार की सामग्री से आय हो सकती है।जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.9 में दर्शाया गया है

**तालिका क्र.1.9 :** दूध के अलावा अन्य वस्तु से आय की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 45 | 90 |
| 2 | न्हीं | 05 | 10 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 90प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि पशुपालन से दूध के अलावा अन्य वस्तुओं से आय होती है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 10 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि पशुपालन में दूध के अलावा अन्य वस्तु से आय नहीं होती है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि पशुपालन में दूध के अलावा अन्य वस्तु से आय होती है।

दूध व्यवसाय से प्रोप्राइटर तो अपना कारोबार चलाता है,परन्तु व्यवसाय से परिवार के व्यक्तियों तथा अन्य को भी काम मिलता है।गाय एवं भैस की देखरेख करने वाले को,दूध बाटन वालों,दूध डेरी होने पर दूध हस्तांतरित करने वाले,मावा,घी,मक्खन,पनीर,छाछ,मिठाई आदि बनाने वाले को काम मिलता है।जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका कमांक 1.10 में दर्शाया गया है :

**तालिका क्र.1.10 :** दूध व्यवसाय से रोजगार की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 38 | 76 |
| 2 | नहीं | 12 | 24 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 76 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि दूध व्यवसाय से रोजगार में वृद्धि हुई है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 24 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि दूध व्यवसाय से रोजगार में वृद्धि नहीं हुई है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि गावों में दूध व्यवसाय से रोजगार वृद्धि हुई है।

दूध व्यवसाय से किन-किन को रोजगार मिला है या नहीं जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.11 में दर्शाया गया है:

**तालिका क्र.1.11 :** रोजगार सृजन की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | परिवार के सदस्य को | 39 | 78 |
| 2 | अन्य व्यक्ति को | 7 | 14 |
| 3 | किसी को नहीं | 04 | 08 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 78प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि परिवार के सदस्य को रोजगार मिला है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 14प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि अन्य को रोजगार दिया है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि गावों में रोजगार का सृजन हुआ है।

आकस्मिक सुरक्षा हेतु प्रत्येक को चाहे मनुष्य, पशु, व्यवसाय, माल,गाड़ी,या अन्य क्षेत्र हो जिसे बीमा करवाना पड़ता है। जिससे सुरक्षा मिलती है,और हानि होने से बच सकता है।अध्ययन क्षेत्र के हितग्राहियों से पशु बीमा के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक 1.12 में दर्शाया गया है–

**तालिका क्र.1.12 :** पशु बीमा की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हां | 32 | 64 |
| 2 | नहीं | 18 | 36 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 64 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि पशु बीमा की जानकारी है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 36 प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि पशु बीमा की जानकारी नहीं है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि गावों में पशु बीमा की जानकारी है।

प्रत्येक क्षेत्र में हानि की सम्भावनाएं होती है।हानि की सुरक्षा हेतु बीमा करवाना पड़ता है।बीमा होने पर आकस्मिक हानि को आर्थिक रुप में सुरक्षा देती है।जिसके संबंध में अध्ययन क्षेत्र से जो तथ्य प्राप्त हुए है,उन्हें तालिका क्रमांक1.13 में दर्शाया गया है।

**तालिका क्र.1.13 :** बीमा से लाभ की स्थिति

| क्र. | अभिदाता का अभिमत | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | आकस्मिक सुरक्षा | 47 | 94 |
| 2 | कोई सुरक्षा नहीं | 03 | 06 |
| | कुल योग | 50 | 50 |

स्त्रोत:सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों से निर्मित तालिका।




तालिका से स्पष्ट है,कि अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 94प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि बीमा से आकस्मिक हानि की सुरक्षा होती है,तथा कुल उत्तरदाताओं में से 06प्रतिशत ने अपने अभिमत में कहां है,कि बीमा से आकस्मिक हानि की सुरक्षा नहीं होती है। अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है,कि बीमा से आकस्मिक हानि की सुरक्षा होती है।

**द्वितीयक समंकों का विश्लेषण** – झाबुआ जिले में योजना से लाभांवित हितग्राहियों की संख्या,वर्ष अनुसार तालिका क्रमांक 1.14 में दर्शाया गया है–

**तालिका क्र.1.14 :** झाबुआ जिले के हितग्राहियों की स्थिति

| क्र | वर्ष | हितग्राहियों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2016–17 | 19 | 08 |
| 2 | 2017–18 | 100 | 45 |
| 3 | 2018–19 | 86 | 39 |
| 4 | 2019–20 | 19 | 08 |
| | कुल योग | 224 | 100 |

स्त्रोत: कार्यालय जिला पशुचिकित्सालय कार्यालय झाबुआ।




तालिका से स्पष्ट है,कि झाबुआ जिले में वर्ष 2017–18 में सर्वाधिक100हितग्राहियों ने योजना का लाभ लिया है,जो कि कुल

हितग्राहियों का 45प्रतिशत है,परन्तु वर्ष 2016-17 एवं 2019-20 में सबसे न्यूनतम हितग्राहियों ने योजना का लाभ लिया है,जो कुल हितग्राहियों का 08व 08प्रतिशत है।अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि वर्ष 2017-18 में सर्वाधिक हितग्राहियों ने लाभ लिया है।

झाबुआ जिले में योजना से लाभांवित हितग्राहियों की संख्या वर्ष एवं वर्ग अनुसार तालिका क्रमांक 1.15 में दर्शाया गया है-

**तालिका क्र.1.15 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र.1.15 से स्पष्ट है,कि झाबुआ जिले में वर्ष 2017-18 में सर्वाधिक100हितग्राहियों ने योजना का लाभ लिया है,जो कि कुल हितग्राहियों का 45प्रतिशत है,परन्तु वर्ष 2016-17 एवं 2019-20 में सबसे न्यूनतम हितग्राहियों ने योजना का लाभ लिया है,जो कुल हितग्राहियों का 08व 08प्रतिशत है,परन्तु जाति के आधार पर सर्वाधिक लाभ अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों ने एवं न्यूनतम लाभ अनुसूचित जाति के हितग्राहियों ने लिया है।अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि वर्ष 2017-18 में सर्वाधिक हितग्राही लाभांवित एवं जाति के अनुसार अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों ने लाभ लिया है।

झाबुआ जिले के आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना की वर्ष अनुसार परियोजना लागत की स्वीकृत राशि तालिका क्रमांक 1.16 में दर्शाया गया है-

**तालिका क्र.1.16 :** झाबुआ जिले में हितग्रहियों के परियोजना लागत की स्थिति: (राशि लाखों में)

| क्र. | वर्ष | परियाजना लागत की राशि | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | 134.80 | 10 |
| 2 | 2017-18 | 695.15 | 49 |
| 3 | 2018-19 | 476.83 | 34 |
| 4 | 2019-20 | 103.87 | 07 |
| | कुल योग | 1410.65 | 100 |

स्त्रोत: कार्यालय जिला पशुचिकित्सालय झाबुआ।




तालिका से स्पष्ट है,कि झाबुआ जिले में वर्ष 2017-18 में सर्वाधिक 695.15 (राशि लाखों में)परियोजना लागत की स्वीकृत हुई है,जो कि कुल परियोजना लागत का 49प्रतिशत है,परन्तु वर्ष 2019-20 में सबसे न्यूनतम परियोजना लागत की स्वीकृत हुई है,जो कुल परियोजना लागत का 07प्रतिशत है।अत: विश्लेषण से स्पष्ट है,कि वर्ष 2017-18 में सर्वाधिक परियोजना लागत की स्वीकृत हुई है।

**समस्याएं:**

1. ग्रामीण क्षेत्र में सबसे बडी समस्या गाय और भैंसों का चराने की,बाधने की,पानी पीलाने की,साफ-सफाई आदि का अभाव।
2. ग्रामीण क्षेत्र में चारा और खली आदि की व्यवस्था का अभाव।
3. ग्रामीण क्षेत्र में मवेषियों के बीमार होने समय पर चिकित्सा आदि की सुविधा का अभाव।
4. गर्मी के मौसम में कई क्षेत्रों का जलवायु बहुत गर्म होता है,जिससे अन्य क्षेत्रों की गाय एवं भैंस को प्रतिकुल वातावरण होने से समस्या होती है।वातावरण के अनुसार मवेशियों की ब्रीडिग की अनुमति होना चाहिए।
5. समस्त हितग्राहियों को पशुपालन के पूर्व उचित प्रशिक्षण के अभाव में पशुपालन में कई कमियां,अव्यवस्था एवं उदासीनता दिखाई देती है। जिसका प्रमुख कारण अशिक्षित हितग्राही होने से है।

**सुझाव:**

1. अध्ययन क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य होने से गांवों के परिवारों में सदस्यों की संख्या अधिक होती है,जिससे काम की कमी और फालतु लोग अधिक होते है,जिन्हें काम मिलेगा और उससे परिवार की आय बढेगी।और बेरोजगारी में कमी आएगी।
2. अध्ययन क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर या घर में काम होने पर व्यक्ति मजदूरी हेतु गुजरात एवं अन्य जगह पलायन की ज्वलंत समस्या में राहत मिलेगी।
3. पशुपालन से व्यक्ति की आय दूध, दही, छाछ, घी,मक्खन,गोमूत्र आदि को बेचकर अपनी आय अर्जित कर सकता है साथ में गोबर से खाद,गोबर से कंड़े, गोबर से गोबर गैस प्लांट और ग्रमीण क्षेत्र में कच्चे मकानों को गोबर से निपने के काम में लिया जाता है, जिससे वातावरण शुद्ध होता है, और नकारात्मक ऊर्जा नहीं आएगी।
4. अध्ययन क्षेत्र ग्रामीण होने से घर में पर्याप्त दूध होने पर दूध डेरी का व्यवसाय चला सकते है, और आसपास का दूध खरीद कर बेच सकते है।या फिर बाहर भी भेजा जा सकता है।दूध की सामग्री बनाकर व्यवसाय कर सकते है जैसे-मिठाई,मावा,पनीर आदि या अन्य प्रकार की दूध युक्त सामग्री का व्यवसाय किया जा सकता है।
5. दूध डेरी एवं मिठाईयों को बनाने हेतु श्रमिकों की आवश्यकता होगी,जिसके लिए बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सकता है।
6. दूध डेरी का दूध बाहर भेजने हेतु वाहन की जरुरत होगी, जिसके लिए,वाहन की व्यवस्था कर उसका धन्धा चलाया जा सकता है।
7. गोबर से केंचुआ या वर्मी कम्पोस्ट खाद से आय हो सकती है।

**निष्कर्ष –** हमारा राष्ट्र गावों का देश है।यहां 70प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है,और उनका मुख्य व्यवसाय खेती एवं मजदूरी के साथ में पशुओं को पालना है।पहले पशुओं से मिलने वाले दूध को घरों में उपयोग करते थे,परन्तु आज दूध व्यवसाय के रुप में डेयरी संचालित की जाती है।अध्ययन क्षेत्र में हितग्राहियों द्वारा शासन की योजना से दूध व्यवसाय हेतु दुधारू पशुओं को खरीदता है और पशुपालन से क्षेत्र में दूध की वृद्धि हुई है,और दूध के साथ में अन्य वस्तुओं के विक्रय से आय और क्षेत्र में रोजगार के अवसर में भी वृद्धि हुई है।शासन की मंशा के अनुसार खेती में मानसून एवं प्राकृतिक प्रभाव के कारण किसानों को नुकसान होता है,इस नुकसान की भरपाई एवं बेरोजगारी को दूर करने हेतु शासन की कई योजनाओं के माध्यम से पशुपालन को बढावा दिया जाता है,एवं साथ में

हितग्राहियों को सब्सिडी भी प्रदान की जाती है।अध्ययन क्षेत्र में काम कम और काम करने वालों की संख्या अधिक होने से इस क्षेत्र में शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार की आवश्कता प्रतीत होती है। आम जन एक ही काम पर निर्भर न रहे एवं खाली समय में अन्य कार्य को करने से किसानों एवं अन्य व्यक्तियों को खेती कार्य के साथ में पशुओं को पालने से आर्थिक विकास प्रतीत होता है।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सर्वेक्षण डाटा।
2. कार्यालय जिला पशुचिकित्सालय झाबुआ।
3. जिला सांख्यिकी कार्यालय जिला झाबुआ (म. प्र)
4. गुगल।
5. विकिपीडिया।
6. समाचार पत्र।

**तालिका क्र.1.15 :** झाबुआ जिले में वर्ग के अनुसार हितग्राहियों की स्थिति

| क्र. | वर्ष | जाति अनुसार हितग्राहियों की संख्या | | | | महायोग | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एस.टी | एस.सी | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य | | |
| 1 | 2016-17 | 09 | 00 | 06 | 04 | 19 | 08 |
| 2 | 2017-18 | 38 | 00 | 49 | 13 | 100 | 45 |
| 3 | 2018-19 | 33 | 03 | 36 | 14 | 86 | 39 |
| 4 | 2019-20 | 14 | 00 | 01 | 04 | 19 | 08 |
| | कुल योग | 94(42%) | 03(1%) | 92(41%) | 35(16%) | 224 | 100 |

स्त्रोत: कार्यालय जिला पशु चिकित्सालय झाबुआ।




**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# आधुनिकीकरण का मुस्लिम महिलाओं पर प्रभाव (छिन्दवाड़ा जिले के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. पूजा तिवारी ***

*** विभागाध्यक्ष - सह प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत**

**शोध सारांश –** आधुनिकीकरण शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम पश्चिमी समाजों से प्रारंभ हुआ।

आधुनिकीकरण शब्द एक प्रक्रिया को इंगित करता है आधुनिकीकरण से तात्पर्य सतत होने वाली क्रिया से है। आधुनिकीकरण के पर्यायवाची रूप में अंग्रेजीकरण ,युरोपीयकरण ,शहरीकरण ,पाश्चात्यकरण आदि को रखा जा सकता है। यह एक जटिल प्रक्रिया है।

भारतीय समाज में क्रियाशील परिवर्तन एवं निरंतरता की प्रवृत्तियों के संदर्भ में यदि आधुनिकीकरण की प्रक्रिया पर दृष्टि डाली जाए जो निश्चित ही यह स्पष्ट होगा कि आधुनिकीकरण की प्रक्रिया जहाँ आज भारतीय समाज परिवर्तन एवं प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है एवं इसके तहत इसने विशिष्ट उपलब्धियाँ भी प्राप्त की है किंतु यह भी दृष्टव्य है कि आधुनिकीकरण की इस प्रक्रिया ने परंपरा एवं सामाजिक मूल्यों को परिवर्तित अवश्य किया है। प्रस्तुत शोध पत्र में आधुनिकीकरण का मुस्लिम समाज की महिलाओं पर प्रभाव इस विषय का विश्लेषण किया गया है।

**शब्द कुंजी** – आधुनिकीकरण, सामाजिक प्रभाव, मुस्लिम महिला।

**प्रस्तावना –** आधुनिक युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युगान्तकारी परिवर्तन हुए है ,जिसके कारण समाज के प्रत्येक क्षेत्र एवं समुदाय में परिवर्तन हुए है, इस परिवर्तन को स्पष्ट करने के लिए समाज वैज्ञानिकों ने आधुनिकीकरण जैसी अवधारणा का प्रयोग किया।

परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है ,मानव की प्रकृति का अंग है। महात्मा गांधी जी का विचार था कि किसी भी समाज की उन्नति और सभ्यता का विकास महिला शिक्षा एवं उनकी प्रस्थिति में परिवर्तन से जुड़ा है।

सन् 2011 की जनगणना के अनुसार हमारे देश की कुल जनसंख्या 1.21 अरब हो गई है, देश में पुरूषों की संख्या 62.37 करोड़ तथा महिलाओं की संख्या 56.64 करोड है जबकि मुस्लिमों की संख्या 17.2 करोड़ है जो वर्तमान में लगभग 20 करोड़ 53 लाख हो गई हैं।

सन् 2011 की जनगणना के अनुसार छिन्दवाड़ा जिले की कुल जनसंख्या 2090922 है जिसमें मुस्लिम जनसंख्या 100692 थी जो 2021 वर्तमान में अनुमानित कुल जनसंख्या 2447215 है जिसमें मुस्लिम जनसंख्या 117850 है।

**शोध का उद्देश्य** :

1. आधुनिकीकरण के प्रति मुस्लिम महिलाओं के दृष्टिकोण का पता लगाना
2. आधुनिकीकरण के प्रभाव को ज्ञात करना।
3. मुस्लिम महिलाओं के सामाजिक ,शैक्षणिक ,आर्थिक तथा अन्य प्रकार के विकास में आधुनिकीकरण के योगदान को समझना।
4. मुस्लिम महिलाओं की मानसिकता में होने वाले परिवर्तन को समझना।

**अध्ययन क्षेत्र** :– प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन क्षेत्र के रूप में छिन्दवाड़ा जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र , मोहल्लों को रखा गया है। यह क्षेत्र इस प्रकार से है (1) दीवानचीपुरा (2) कुकड़ाजगत (3) इमामबाड़ा (4) नूरी मस्जिद/ऊंटखाना

**उत्तरदाताओं का चयन/प्रविधि/उपकरण** – प्रस्तुत शोध पत्र हेतू छिन्दवाड़ा में – मुस्लिम क्षेत्र की कुल 100 महिला उत्तरदाताओं का चयन निर्देशन पद्धति से न्यादर्श के रूप में किया गया है। तथा तथ्य संकलन हेतू साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है, तथा अवलोकन विधि एवं अनौपचारिक वार्तालाप का प्रयोग किया गया है। जबकि द्वितीयक सामग्री संकलन हेतू विभिन्न पुस्तकें, सरकारी आंकडे ,समाचार पत्र विभिन्न जर्नलस तथा इंटरनेट की सूचना स्त्रोत आदि की मदद ली गई है।

**उपकल्पना** :

1. आधुनिकीकरण में प्रभाव से मुस्लिम महिलाओं में शिक्षा का प्रसार बढ़ा है।
2. आधुनिकीकरण के असर से मुस्लिम महिलाओं के सामाजिक जीवन स्तर में जागरूकता बढ़ी है।

**तालिका क्र. 1** .

| क्र. | मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रसार में तीव्रता आई है | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हाँ | 80 | 80 |
| 2 | नहीं | 20 | 20 |
| | योग | 100 | 100 |

तालिका क्र.1 के अनुसार 80 प्रतिशत मुस्लिम महिला उत्तरदाता ने यह स्वीकार किया है कि मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रसार में तीव्रता आयी है जिसमें सामान्य शिक्षा के अतिरिक्त विशेष तकनीकी शिक्षा , कम्प्यूटर तथा व्यावसायिक शिक्षा भी शामिल हैं।

उत्तरदाताओं ने यह माना कि आधुनिक साधनों एवं सरकार द्वारा महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान देना आदि आधुनिकीकरण का परिचारक है।

**तालिका क्र.2 : आधुनिकीकरण के प्रभाव से मुस्लिम महिलाओं में आर्थिक क्रियाओं के प्रति संलग्नता में वृद्धि संबंधी जानकारी**

| क्र. | आर्थिक क्रियाओं में संलग्नता | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | संलग्नता बढ़ी है | 65 | 65 |
| 2 | संलग्नता नहीं बढ़ी है | 35 | 35 |
| | योग | 100 | 100 |

तालिका क्र.2 से स्पष्ट है कि 65 प्रतिशत उत्तरदाता में स्वीकार करती है कि उच्च शिक्षा एवं आधुनिकीकरण के प्रभाव से मुस्लिम समाज की महिलाओं में आर्थिक संलग्नता में वृद्धि हुई है। मुस्लिम महिलाए भी आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। अब मुस्लिम महिलाए प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर तथा अन्य तकनीकी पदों पर, शासकीय संस्थाओं एन.जी.ओ. तथा प्राइवेट संस्थाओं में कार्यरत है । मुस्लिम महिलाएं स्वयं का व्यवसाय करना भी पसंद करती है जिसमें बुटिक, ब्यूटी पार्लर, कपड़ा दुकान आदि को प्राथमिकता देती है ।

**तालिका क्र. 3 : आधुनिकीकरण के प्रभाव से मुस्लिम महिलाओं में कानूनों की जानकारी में वृद्धि संबंधी जानकारी**

| क्र. | कानूनों की जानकारी में वृद्धि हुई है | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हाँ | 60 | 60 |
| 2 | नहीं | 40 | 40 |
| | योग | 100 | 100 |

तालिका क्र.3 से स्पष्ट है कि शिक्षा, आधुनिकीकरण के प्रभाव से मुस्लिम समाज की महिलाओं में संवैधानिक कानूनों, अपने अधिकारों के प्रति सजगता आई हैं ।

**तालिका क्र.4 : आधुनिकीकरण के प्रभाव से पर्दा प्रथा में कमी आने संबंधी जानकारी**

| क्र. | पर्दा प्रथा में कमी आयी है | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हॉ | 80 | 80 |
| 2 | नहीं | 20 | 20 |
| | योग | 100 | 100 |

तालिका से स्पष्ट है कि मुस्लिम महिलाओं में पर्दा प्रथा कम होती जा रही है मात्र 20 प्रतिशत महिलाओं को ऐसा नहीं लगता हैं ।

**तालिका क्र. 5 : आधुनिकीकरण के प्रभाव से मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक प्रस्थिति में परिवर्तन संबंधी जानकारी**

| क्र. | सामाजिक प्रस्थिति में परिवर्तन आया है | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हॉ | 85 | 85 |
| 2 | नहीं | 15 | 15 |
| | योग | 100 | 100 |

अधिकांश मुस्लिम महिलाओं ने माना कि वर्तमान में मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक प्रस्थिति बढ़ी है ,घर के महत्वपूर्ण निर्णयों में उनकी सहमति एवं सहभागिता हो रही है। अब महिलाए उच्च शिक्षित होने के साथ –साथ आत्म निर्भर होकर उच्च सामाजिक प्रस्थिति को प्राप्त करने में सफल हो रही है।

**निष्कर्ष** – उपरोक्त समस्त तालिकाओं का परीक्षण करने पर ज्ञात होता है कि मुस्लिम समाज की महिलाओं पर आधुनिकीकरण का प्रभाव सकारात्मक रूप से पड़ रहा है , अधिकांश उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया कि साक्षरता, यातायात, संचार साधनों के विकास से तथा उच्च शिक्षा ग्रहण करने से मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक प्रस्थिति उच्चता की ओर है तथा वो आत्म निर्भर बन रही है, उनकी घरेलू निर्णयों में भागीदारी हो रही है, साथ ही पर्दा प्रथा में कमी आ रही है ,उन्हें कानूनों की जानकारी बढ़ रही है। आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप हमारे देश में संस्थागत ढांचों में परिवर्तन हो रहा है, आज छोटे शहरों में भी लोग रूढ़ियों को त्याग कर नये व्यवहार प्रतिमानो इत्यादि को अपना रहे है, प्रस्थिति के स्थान पर अर्जित प्रस्थिति का महत्व बढ़ रहा है।

अत: अंत में हम कह सकते है कि आधुनिकीकरण ने मुस्लिम समाज की महिलाओं को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। तथा आधुनिकीकरण की प्रक्रिया का सीधा संबंध औद्योकरण ,नगरीकरण ,बढ़ती हुई साक्षरता एवं सोच में परिवर्तन से है ।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. मनीषा – भारत में आधुनिकीकरण का प्रभाव
2. केसरवानी ममता – समाज वैज्ञानिकी सिंत. 2017
3. तिवारी ज्योत्सना – भारतीय महिलाओं की स्थिति
4. आज तक हिंदी न्यूज ब्यूरो – 31 मार्च 2011 (इंटरनेट)
5. यादव बृजेश कुमार – रिसर्च रिव्यु जर्नल्स जून 2019

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास में विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं का योगदान

**डॉ. मन्सूर खान* फरजाना खान ****

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) शा. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शा. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** वित्त आधुनिक औद्योगिक व्यवस्था का जीवन रक्त है। यह समस्त क्रियाओं का आधार है। इसके अभाव में न तो उपक्रम को आरम्भ किया जा सकता है और न ही उसे सफलतापूर्वक संचालित किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार पर्याप्त वित्त की व्यवस्था व्यावसायिक सफलता का मूल मंत्र है। किसी भी व्यापार व उद्योगों को चाहे वह बडे पैमाने पर हो या छोटे पैमाने पर प्रारम्भ करने एवं उसके भावी विस्तार के लिए पर्याप्त वित्त की आवश्यकता होती है। वर्तमान समय के देश की औद्योगिक उन्नति वित्त प्रबंध पर ही निर्भर है। वित्त प्रबंध की उचित व्यवस्था के अभाव में अनेक औद्योगिक विकास की योजनाएँ मात्र कागजी बनकर रह जाती है। जिस प्रकार एक इंजन को चलाने के लिए कोयले अथवा बिजली आवश्यकता होती है। उसी प्रकार प्रत्येक व्यापार एवं उद्योग को स्थापित करने तथा चलाने के लिए वित्त की आवश्यकता होती है।

भारत में औद्योगिक वित्त प्रदान करने के लिए विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं की स्थापना की गई है। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की अनेक वित्तीय संस्थाएँ है जो व्यवसायिक संस्थाओं को अनेक प्रकार से वित्तीय साधन उपलब्ध करवा रही है। इनमें प्रमुख संस्थाएँ इस प्रकार हैं।

1. भारत लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)
2. राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (NSIC Ltd.)
3. भारतीय आद्योगिक पुर्ननिर्माण बैंक (I.R.B.I.)
4. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (I.D.B.I.)
5. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)
6. राज्य औद्योगिक विकास निगम
7. राज्य वित्त निगम।

उज्जैन जिले में भी महिला उद्यमियों को उनकी परियोजना के क्रियान्वयन के लिए कई सरकारी, अर्द्धसरकारी, सहकारी, वित्तीय संस्थाओं द्वारा वित्तीय सहायता ऋणों, अनुदानों एवं सहायता के रूप में की जाती है। उज्जैन जिले में निम्नलिखित वित्तीय संस्थान महिला उद्यमियों के वित्त पोषण में लगे हुए हैं।

**भारतीय औद्योगिक विकास बैंक –** भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों को निम्न सहायता प्रदान की जाती है :-

1. ऋणों के लिए पुर्नवित्त की सुविधा यह पुर्नवित्त 5 लाख रूपये तक रियायती दरों पर दिया जाता है।
2. 'लघु उद्योग' विकास कोष की स्थापना लघु तथा सहायक उद्योगों के विकास, विस्तार एवं आधुनिकीकरण हेतु पूँजी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गयी है।
3. बिलों की पुन:कटौती योजना के तहत स्वदेशी यंत्र उपकरणों, पूँजी माल आदि के निर्माता महिला उद्यमियों को विलम्बित भुगतान की सुविधा प्रदान की जाती है।

**भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) –** यह बैंक महिला उद्यमियों की छोटी इकाईयों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सर्वाधिक ऋण प्रदान करने वाली प्रमुख संस्था है, जो कि I.D.B.I. की पूर्ण दायित्य वाली सहायक संस्था के रूप में कार्य करती है। वित्त प्रदाय से सम्बन्धित यह निम्नलिखित कार्य करती है।

- इकाईयों को सीधे वित्त प्रदान करना।
- सुलभ ऋण योजनाओं का संचालन करना।
- विभिन्न राज्य स्तरीय वित्त निगमों/बैंको को पुर्नवित्त प्रदान करना।

**राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम –** महिला उद्यमियों को वित्त प्रदान करने से सम्बन्धित राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम द्वारा मुख्य रूप से दो योजनाओं का संचालन किया जाता है।

- **भाड़ा क्रय योजना** – यह योजना उन महिला उद्यमियों के लिये है जो अपनी इकाई के लिए मशीनरी प्राप्त करना चाहते हैं। इस कार्य हेतु निगम द्वारा उदार शर्तों पर छोटे साहसियों को 60 लाख रूपये तक के प्लाण्ट मशीनरी प्रदान की जाती है।
- **उपस्कर किराया योजना** – निगम द्वारा यह योजना विशेष रूप से ऐसे विद्यमान इकाईयों के लिए संचालित की जाती है जो अपनी इकाई का विस्तार, तकनीकी उत्थान करने के इच्छुक हो। उद्यमियों को चाही गयी मशीन अथवा उपकरण का शत-प्रतिशत भाग ऋण के रूप में प्राप्त हो सकता है।

**राज्य वित्त निगम –** राज्य वित्त निगम द्वारा नवीन तथा विद्यमान इकाईयों को उनकी वित्त सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ऋण तथा समता के रूप में सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ निगम द्वारा किन्हीं विशिष्ट संर्दभों में कुछ योजनाएँ भी संचालित की जा रही है। जैसे :- राष्ट्रीय समता निधि योजना (NEF) जिसके अन्तर्गत पात्र, अनुभवी तथा योग्यता प्राप्त व्यक्तियों को सुलभ ऋण के रूप में सहायता प्रदान की जाती है।

निष्कर्ष के रूप में यही कहा जा सकता है कि उज्जैन जिले में महिला

उद्यमियों के विकास में विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं का सम्पूर्ण दृष्टिकोण में ओर अधिक परिवर्तन आया है तथा विशिष्ट वित्तीय संस्थाएँ महिला उद्यमियों के विकास में अपनी भूमिका को सफलतापर्वूक निभा रही है यह निश्चित ही बहुत बड़ा योगदान है। किन्तु यह सफलता केवल विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं के प्रयासों से संभव नहीं होगी। इसके लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों को भी आगे आना होगा। महिला उद्यमियों का महत्व समझना होगा तभी हमारे उज्जैन जिले, राज्य तथा देश में महिला उद्यमियों का विकास संभव होगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-**

1. डॉ. के. सी. भण्डारी - भारत में आर्थिक नियोजन
2. सी. बी. मामोरिया -औद्योगिक विकास
3. एस.पी. सिंह एवं टी.आर. गम्भीर - औद्योगिक विकास
4. डॉ. आर. पी. गुप्ता - विकास का अर्थशास्त्र
5. सुनील कुमार तिवारी - संगठानात्मक व्यवहार
6. डॉ. प्रबन्ध कुमार सक्सेना -वित्तीय व्यवस्था
7. डॉ. विवके शर्मा - बैंकिंग प्रबन्ध
8. योजना पत्रिका

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास में उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के योगदान का अध्ययन (उज्जैन संभाग के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. रूपचंद चौहान** *

* एम.कॉम., पी-एच.डी. 397, महात्मा गाँधी मार्ग नयापुरा, बडनगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** उद्यमिता देश के आर्थिक विकास की कुंजी होती है। उद्यमिता आर्थिक विकास का ऐसा घटक है जो न केवल स्वरोजगार के लिये अवसर निर्मित करता है बल्कि दूसरो के लिये भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। हमारे देश में हर श्रेणी के उद्यमियों के लिए उद्यमिता की अपार संभावनाएँ विद्यमान है। इसके लिए केन्द्र एवं राज्य की अनेक संस्थाएँ भी कार्यरत है। उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आदि संस्थाएँ उद्यमिता विकास के लिये कार्यरत है। ये संस्थाएँ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास में उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के माध्यम से योगदान दे रही है। इन कार्यक्रमो के माध्यम से उद्यमिता की पूर्ण जानकारी इन लोगो तक पहुँच पा रही है, साथ ही जिस तरह के मार्गदर्शन की आवश्यकता है वह भी पहुँच पा रहा है। क्या इन वर्गो में उद्यमिता का पर्याप्त विकास हो पा रहा है। इस शोध पत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास का अध्ययन किया गया है। समस्त अध्ययन के लिये उज्जैन संभाग का संदर्भ लिया गया है।

**शब्द कुंजी** – अनुसूचित जाति एवं जनजाति, उद्यमिता विकास, उद्यमिता विकास कार्यक्रम।

**प्रस्तावना –** उद्यमिता किसी भी देश की प्रगति की द्योतक होती है। इसीलिए सरकार उद्यमिता विकास के लिए सतत् प्रयासरत है। उद्यमिता न केवल स्वरोजगार के लिये अवसर निर्मित करती है बल्कि दूसरो के लिये भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है। उद्यमिता से जहाँ एक ओर रोजगार के अवसर बढते है, वही दूसरी ओर बेरोजगारी घटती है।

प्रत्येक देश की सरकार का दायित्व होता है कि वह अपने नागरिको को गुणवत्ता पूर्ण जीवन उपलब्ध करवाएँ। जिससे कि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो। इस दिशा में देश के नागरिको को अधिक से अधिक वस्तुओं एवं सेवाओं के उद्यमिता कार्य में संलग्न करना चाहिए ताकि उद्यमिता में वृद्धि के साथ अधिकतम कल्याण हो सके।

उद्यमिता विकास के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेक संस्थाएँ कार्यरत है। केन्द्र सरकार की उद्यमिता प्रोत्साहन के लिये भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद लिमिटेड, राष्ट्रीय लघु उद्योग विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान राष्ट्रीय उद्यमिता विकास मंडल, अखिल भारतीय लघु बोर्ड आदि संस्थाएँ कार्यरत है। मध्यप्रदेश सरकार की उद्यमिता को बढावा देने के लिये मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम लिमिटेड, म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. आदि संस्थाएँ कार्यरत है।

ये संस्थाएँ विभिन्न वर्गो को उद्यमिता विकास योजनाओं तथा उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के माध्यम से उद्यमिता की ओर अग्रसर करने में प्रयासरत है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास में भी उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के माध्यम से अपना योगदान दे रही है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम के माध्यम से वित्तीय, तकनीकी तथा प्रबंधकीय पहलुओं से संबंधित ज्ञान को प्रशिक्षणार्थियों तक पहुँचाया जाता है इसके साथ-साथ उद्यमी को बाहय अवसरो, सहायताओं तथा सामाजिक एवं संगठनात्मक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाती है।

इस शोध पत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास का अध्ययन किया गया है। विभिन्न संस्थाओं के अंतर्गत उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को शामिल किया गया है। समस्त अध्ययन के लिये उज्जैन संभाग का संदर्भ लिया गया है।

**पूर्व साहित्य की समीक्षा :**

1. बी.आर. नलवाया (1998) ने 'पश्चिम निमाड जिले में उद्यमिता विकास की योजनाएँ एवं संभावनाए' शोध प्रबंध में जातिगत आधार पर उद्यमशीलता का अध्ययन कर बताया कि शासन द्वारा घोषित विभिन्न कार्यक्रमो के उपरांत भी पिछडे वर्ग एवं जनजातियों, अनुसूचित जातियों में उद्यमिता की भावना का विकास नही हो सका है।
2. क्रुनाल सोनी (2015) ने 'इन्टरपिन्योरशिप डेवलपमेंट इन इण्डिया' शोध पत्र में उद्यमिता की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सरकार द्वारा उद्यमियों की उन्नति एवं वृद्धि के लिये उठाए गए कदमो का अध्ययन किया है। साथ ही लघु एवं मध्यम उद्योगो के विकास के लिये कार्यरत सरकारी संगठनो की भी चर्चा की है।

**शोध का उद्देश्य** – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास का अध्ययन करना।

**शोध की परिकल्पना** – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो से अनुसूचित जाति एवं जनजाति में उद्यमिता का विकास हुआ है।

**शोध अध्ययन प्रणाली** – प्रस्तुत शोध पत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के योगदान का अध्ययन कर यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि ये कार्यक्रम अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमिता विकास में कहाँ तक सफल हुए है। समस्त अध्ययन के लिये उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो को आधार बनाया गया है।

**प्रदत्तो का विश्लेषण** – अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पिछडेपन को दूर करने के लिये सरकार हमेशा प्रयत्नशील है। इसके लिये सरकार द्वारा अन्य क्षेत्रो के साथ उद्यमिता की दिशा में भी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमो के माध्यम से प्रयास किये जा रहे है। ताकि यह वर्ग उद्यमिता के क्षेत्र में भी उन्नति कर सके।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के साथ-साथ उद्यमिता की ओर अग्रसर करने का सबसे अच्छा माध्यम है। ये कार्यक्रम खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो पर आधारित, सामान्य तथा तकनीकी में आयोजित किये जाते है। उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों की स्थिति को तालिका क्र. 01 में दर्शाया गया है।

**तालिका क्र.01 : उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों की जानकारी (वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक)**

| संस्था का नाम | अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों की स्थिति | |
|---|---|---|
| | संख्या | बैंको को प्रेषित ऋणहेतु आवेदन |
| उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. | 159 | 117 |
| म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गे -नाइजेशन लिमिटेड | 95 | 72 |
| जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र | 120 | 108 |
| योग | 374 | 297 |

**स्त्रोत :-** जिला कार्यालय, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र

उपरोक्त तालिका क्रं. 01 से स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं- उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कुल 374 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें से 297 प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए।

उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कुल 159 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 117 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कुल 95 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 72 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कुल 120 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 108 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सर्वाधिक 159 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सर्वाधिक 117 प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सबसे कम 95 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सबसे कम 72 प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. तथा म.प्र. कन्सलटेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो पर आधारित, सामान्य तथा तकनीकी उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा केवल सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु सर्वाधिक आवेदन वाणिज्यिक बैंको को प्रेषित किए गए।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ऋण स्वीकृत होने के पश्चात उद्यम प्रारंभ किया गया तथा अस्वीकृत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ नही किया गया। संस्थावार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यम प्रारंभ करने वालो तथा उद्यम प्रारंभ नही करने वालो को तालिका क्रं. 02 में दर्शाया गया है।

**तालिका क्रं. 02 : संस्थावार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यम प्रारंभ करने वालो तथा उद्यम प्रारंभ नही करने वालो की जानकारी (वर्ष 2008-09 से 2012 -13 तक)**

RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के आर्थिक विकास में दीनदयाल अंत्योदय योजना का विश्लेषणात्मक अध्ययन (मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. गणेश पसाद दावरे* कु.प्रतिष्ठा कुमेकर ****

* प्राध्यापक ( वाणिज्य) जवाहर लाल नेहरू शासकीय स्नातक महाविद्यालय, बडवाह , जिला-खरगोन (म.प्र.) भारत
** स्कूल ऑफ कॉमर्स, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** इस योजना के तहत् जो महिलाएँ कठिन परिस्थितियों में निवास कर रही हैं उन्हें आर्थिक या सामाजिक उन्नयन हेतु विभिन्न प्रकार के विषय से संबंधित स्थायी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि ये महिलाएँ रोजगार पा सकें। शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से महिलाओं में न केवल आर्थिक स्वालम्बन आता है, वरन् नियमित बैठक की वजह से उन्हें एक मंच मिलता है, जहाँ वे अपनी साझा समस्याओं पर विमर्श करती हैं व अन्य सामाजिक समस्याओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, घरेलू हिंसा, मद्यपान व राजनैतिक सहभागिता पर भी चर्चा करती हैं। अध्ययन में पाया कि शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना न केवल महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाती है, वरन् सामाजिक जागरूकता में भी वृद्धि करती है। सामाजिक बुराईयों को दूर करने तथा शिक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों एवं स्थानीय राजनीति में सक्रिय सहभागिता को प्रदर्शित करती है। वहीं यह योजना घर का बैंक है, विपत्ति में दोस्त है, साहूकारों के चुंगल से मुक्त करती है व उद्यमों के विकास का महत्वपूर्ण साधन है। यह व्यक्तियों को बचत सिखाती है। दीनदयाल अंत्योदय योजना महिलाओं के लिए वह द्वार है, जो उनके जीवन की समस्याओं को सुलझाती है।

**शब्द कुंजी –** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाए, आर्थिक विकास।

**प्रस्तावना –** दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत टिकाऊ कृषि के तौर-तरीकों को बढ़ावा देने के लिए महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी) के अंतर्गत 30 लाख से भी अधिाक महिला किसानों को सहायता सुलभ कराई गई है. योजना से महिलाओं का खुद पर विश्वास बढ़ा है, जिसके फलस्वरूप अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ आजीविका में विविधीकरण के लिए एक निरंतर समुदाय संसाधन व्यक्ति के नेतृत्व में मार्गदर्शन के जरिए कौशल एवं सक्षमताओं का विकास करने के बाद आर्थिक गतिविधि के लिए बैंक से ऋण पाने का प्रयास करने लगी हैं. 1.50 लाख अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का महिला समुदाय संसाधन व्यक्ति, जो खुद गरीबी के दायरे से बाहर आ गई हैं, सतत कृषि को बढ़ावा देने, बैंकिंग सेवाएँ मुहैया कराने विकसित करने में परिवर्तन के कारकों के रूप में उभर कर सामने आ चुकी हैं. इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ये महिला सीआरपी गाँवों में सामाजिक बदलाव लाने में भी अहम भूमिका अदा करने लगी हैं.

भारत बहुसांस्कृतिक बहुभाषायी, बहुप्रजातीय एवं बहुलधर्मी देश है। जनजातियों की भिन्नता के आधार पर उनकी संख्या भी भारत में अधिक है। अलग-अलग भौगोलिक पर्यावरण एवं विकास के विभिन्न सोपानों से सम्बद्धता के कारण भारतीय जनजातियों एव जातियों में सह वैभिन्य स्पष्ट दिखाई देता है। भारतीय जनजातियाँ एवं जातियाँ जब आर्थिक एवं सामाजिक समानता तथा राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए संगठित हो रही थी। आजादी के पश्चात् संविधान में आरक्षण की व्यवस्था के लिए जातियों एवं जनजातियों को सूचीबद्ध किया गया। ये सूचीबद्ध जनजतियाँ एवं जातियाँ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियाँ है।

- **शोध की परिकल्पनाएँ-**

**$H_0$(1):**-खरगोन जिले मे शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओ के आर्थिक विकास मे वृद्धि नही हुई है।

**H1**:-खरगोन जिले मे शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओ के आर्थिक विकास मे वृद्धि हुई है।

**शोध के उद्देश्य :**

- खरगोन मे अनुसूचित जाति व जनजाति की महिलाओं के आर्थिक विकास हेतु संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना का अध्ययन करना।
- दीनदयाल अंत्योदय योजना के सफल क्रियान्वयन एवं इस वर्ग की महिलाओं के विकास हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

**परिकल्पनाओं का मूल्यांकन:**

**$H_0$(1):**-खरगोन जिले मे शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओ के आर्थिक विकास मे वृद्धि नही हुई है।

**H1:**-खरगोन जिले मे शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओ के आर्थिक विकास मे वृद्धि हुई है।

**सारणी संख्या 1.1 : खरगोन जिले में शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना**

| | शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना हितग्राहियों के लिए लाभकारी | | महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ग** | **संख्या** | **प्रतिशत** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
| सहमत | 158 | 88% | 148 | 82% |
| अनिश्चित | 10 | 5.5% | 08 | 4.5% |
| असहमत | 12 | 6.5% | 24 | 13.5% |
| **योग** | 180 | 100% | 180 | 100% |

***स्त्रोत : सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर***

सारणी से यह स्पष्ट होता है कि खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना महिला हितग्राहियों के लिए लाभकारी के संदर्भ में खरगोन जिले के 88 प्रतिशत हितग्राही सहमत हैं, 5.5 प्रतिशत हितग्राही अनिश्चित व 6.5 प्रतिशत हितग्राही असहमत हैं। अत: कहाँ जा सकता है कि अधिकांश हितग्राही इस तथ्य से सहमत हैं कि शासन द्वारा संचालित योजना महिला हितग्राहियों के लिए लाभकारी है। महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि के संदर्भ में खरगोन जिले के 82 प्रतिशत हितग्राही सहमत हैं, 4.5 प्रतिशत हितग्राही अनिश्चित व 13.5 प्रतिशत हितग्राही असहमत हैं।

**सारणी संख्या 1.2Correlations खरगोन जिले में शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि**

| | | आर्थिक विकास में वृद्धि | दीनदयाल अंत्योदय योजना |
|---|---|---|---|
| Pearson Correlation | आर्थिक विकास में वृद्धि | 1.000 | .879 |
| | दीनदयाल अंत्योदय योजना | .879 | 1.000 |
| Sig. (1-tailed) | आर्थिक विकास में वृद्धि | . | .000 |
| | दीनदयाल अंत्योदय योजना | .000 | . |
| N | आर्थिक विकास में वृद्धि | 180 | 180 |
| | दीनदयाल अंत्योदय योजना | 180 | 180 |

उपरोक्त सारणी से यह स्पष्ट होता है कि दोनों कारकों खरगोन जिले में शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना व महिलाओं के आर्थिक विकास मे वृद्धि के मध्य पियर्सन सहसंबंध परीक्षण करने पर 0.879 मान प्राप्त हुआ है, तथा सार्थकता मूल्य (p-value) का मान 0.000 जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों कारकों खरगोन जिले में शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना व महिलाओं के आर्थिक विकास मे वृद्धि के मध्य पियर्सन मान व सार्थकता मूल्य (p-value) स्तर मान 0.05 से कम होने पर कारकों के मध्य मजबूत व सार्थक संबंध है।

**सारणी संख्या 1.3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

सारणी **संख्या 1.3** से यह स्पष्ट होता है कि मॉडल समरी में प्रतिपगमन विश्लेषण का प्रयोग दोनों कारकों खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि के मध्य सकारात्मक संबंध को ज्ञात करने हेतु किया गया है। मॉडल समरी के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि, लिनियर सहसंबंध गुणांक ठ का मान 0.879 है, जो आर. स्क्वेयर (0.773) तथा एडजस्टेड आर.स्क्वेयर (0.772) से अधिक है। अत: दोनों कारकों खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास मे वृद्धि के मध्य संबंध है। आर.स्क्वेयर (गुणांक का निर्धारण) का मान 0.807 प्राप्त हुआ है, जो अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक जीवन में वृद्धि खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना के मापदण्ड पर 77.3% है। परिणामस्वरूप उपरोक्त परिकल्पना ***खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास मे वृद्धि नहीं हुई है*** **को अस्वीकृत किया जाता है** साथ ही **खरगोन जिले में शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास मे वृद्धि हुई है को स्वीकृत किया जाता है।**

**सारणी संख्या 1.4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

ANOVA विश्लेषण का प्रयोग दोनों कारकों खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि के मध्य सकारात्मक संबंध को ज्ञात करने हेतु किया गया है। खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि में F का मान 605.954 है, जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अत: खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास मे वृद्धि हुई है को स्वीकृत किया जाता है।

**सारणी संख्या 1.5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

सारणी **संख्या 1.5** से यह स्पष्ट होता है कि दोनों चरों खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि के मध्य Coefficients[a] ज्ञात किया गया है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि को निर्भर चर तथा खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना को स्वतंत्र चर माना गया है। इस अध्ययन हेतु T टेस्ट का मान 3.456 है, जो अधिक है। लिनियर समीकरण Y = . 2.450 +1.121 X है, जो कि रेखीय संबंध को इंगित करता है।

**समस्या:**

1. **योजना के उचित क्रियान्वयन का अभाव–** दीनदयाल अंत्योदय योजना के अन्तर्गत स्वयंसहायता समूहों से जुड़े विभागों, बैंक, जिला पंचायतों, नगर पालिकाओं, प्रशिक्षण संस्थानो व ग्राम पंचायत द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का उचित ढंग से निर्वहन नहीं किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को इस योजना के उचित क्रियान्वयन में समस्या उत्पन्न हो रही है।
2. **प्रचार प्रसार में कमी –** योजना के क्रियान्वयन से संबंधित संस्थानो के द्वारा योजना का प्रचार प्रसार नही किया जाता हैं जिससे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ इस अभाव में इस योजना का लाभ उठा पाने में असमर्थ रहती है।

3. **निगरानी का अभाव –** दीनदयाल अंत्योदय योजना के विभिन्न स्तरो पर निरन्तर निगरानी कर पाना असम्भव सा लगा क्योकि अध्ययन से ज्ञात हुआ कि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर निगरानी रखने के लिए अलग से किसी कर्मचारियो की नियुक्ति नही की जाती है। जो कर्मचारी योजनाओं का क्रियान्वयन करता है वही योजना की निगरानी करने के लिए भी बाध्य होता है। इन कर्मचारियों पर विभिन्न योजनाओं का भार होता है। ऐसे में इनके द्वारा योजना का क्रियान्वयन नही किया जाता है।

**सुझाव:**

1. **बैंको से जुडाव** – ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रो की अनुसूचत जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को बैक से जुडने के लिए ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम पंचायतों बैंक के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रो में बैंक संबंधी कार्यक्रमों का आयोजना कराना चाहिए।
2. **बैंक ब्याज दरों में एकरूपता** – स्वयंसहायता समूह को अलग – अलग बैंको द्वारा ऋण दिया जाता है उसकी अलग–अलग बैंकों की अलग–अलग ब्याज दरें हैं। ब्याज दर में एकरूपता हो। साथ ही इनके लिए ब्याज दर कम से कम हो।
3. समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का बाजारों मे उचित मूल्य की निश्चितता सुनिश्चित की जाये।
4. अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को प्रशिक्षण उनकी रूचि अनुसार दी जाये। तथा कार्यक्षमता अनुसार कार्य सौपे जाने चाहिए तथा समूहो का कार्य क्षेत्र विस्तृत किया जाना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. hhttps://www.pib.gov.in
2. hhttps://rural.nic.in/hi/secc-2011
3. hhttps://dhyeyaias.in/current-affairs/perfect-7-magazine/self-help-group-SHGs
4. hhttps://afeias.com/knoeledge-centre/current-content
5. hhttps://www.mpinfo.org/mpinfonew/rojgar/2013/1803/rojgar.asp

**सारणी संख्या 1.3Model Summary[b]खरगोन जिले में शासन द्वारा सचांलित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि**

| Model | R | R Square | Adjusted R Square | Std. Error of the Estimate | Change Statistics | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | R Square Change | F Change | df1 | df2 | Sig.F Change |
| 1 | .879[a] | .773 | .772 | .32695 | .773 | 605.954 | 1 | 178 | .000 |

a. Predictors: (Constant), दीनदयाल अंत्योदय योजना

b. Dependent Variable: आर्थिक विकास में वृद्धि

**सारणी संख्या 1.4ANOVA[a]खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि**

| Model | | Sum of Squares | df | Mean Square | F | Sig. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Regression | 64.773 | 1 | 64.773 | 605.954 | .000b |
| | Residual | 19.027 | 178 | .107 | | |
| | Total | 83.800 | 179 | | | |

a. Dependent Variable: आर्थिक विकास में वृद्धि

b. Predictors: (Constant), दीनदयाल अंत्योदय योजना

**सारणी संख्या 1.5Coefficients[a]खरगोन जिले में शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास में वृद्धि**

| Model | Unstandardized Coefficients | | Standardized Coefficients | t | Sig. | 95.0% Confidence Interval for B | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | B | Std. Error | Beta | | | Lower Bound | Upper Bound |
| (Constant) | 2.450 | .130 | 3.456 | .001 | .707 | .193 | |
| दीनदयाल अंत्योदय योजना | 1.121 | .046 | .879 | 24.616 | .000 | 1.031 | 1.210 |

a. Dependent Variable: आर्थिक विकास में वृद्धि

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# डॉ.भीमराव अम्बेडकर का सामाजिक उत्थान में योगदान

**श्रीमती कुन्ती वराठे** *

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, बम्हनी बंजर (मण्डला) (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवन काल में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आदि कई क्षेत्रों में महान कार्य किये हैं एवं देश के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने के लिये कार्य किया। उन्होंने शोषित और अशिक्षित लोगों को जागरुक करने के लिये पत्र–पत्रिकाओं का संपादन किया क्योकि बाबा साहेब अम्बेडकर अपने जीवन–काल में ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे, जिसमें गरीब एवं दलित लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके जिससे शोषित एवं पीड़ित वर्ग का उत्थान हो सके। बाबा साहेब स्वयं ही सामाजिक बुराइयों के कारण बहुत सी यातनाऐं झेली थीं। इसलिये ये एक ऐसे आदर्श समाज का निर्माण करना चाहते थे जिससे कि भेदभाव उत्पन्न न हो। डॉ. अम्बेडकर इस बात पर बल देते थे जिससे कि समस्त मानव जाति को सामाजिक न्याय मिले। उनका सामाजिक दर्शन स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्वता से था। उनका मानना था कि स्वतंत्रता व्यक्ति का जन्म सिद्ध अधिकार है। स्वंतत्रता के अभाव में व्यक्ति का स्वाभाविक विकास संभव नहीं हो सकता। स्वतंत्रता जीवन के सभी क्षेत्रों में होना आवश्यक है चाहे वह राजनीतिक हो या सामाजिक, आर्थिक हो या धार्मिक हर क्षेत्रों में अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। यदि समाज अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त करना चाहता है तो उसे सभी सदस्यों को समान अवसर एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहिए, जो लोग कमजोर है सुविधा विहीन है उन्हें आवश्यक रुप से सुविधा प्रदान करना चाहिए। ऐसा कर समाज के पीड़त, शोषित एवं बहिष्कृत लोगों को समाज में उचित सम्मान दिला सकते है। यही डॉ. अम्बेडकर इस समानता के साथ ही लोगों में भाईचारे की भावना का होना भी आवश्यक है जिसमें समस्त व्यक्तियों एवं वर्गों का स्वाभविक सम्मिश्रण हो सके। स्वतंत्रता, समानता तथा भ्रातृत्व के बिना समाज में स्वाभाविक कार्य व्यवहार के रुप में स्थापित नहीं हो सकेंगी।

बाबा साहेब अम्बेडकर ने भारत के जो लोग पिछडे हुए है समाज के द्वारा शोषित है और दलित कहलाये जाते है ऐसे लोगों को समुचित न्याय दिलाने के लिये चाहे वह आर्थिक न्याय हो धार्मिक या राजनैतिक न्याय हो इस हेतु एक प्रभावशाली और शक्तिशाली सामाजिक आंदोलन चलाया जिससे उन लोगों को अपने अधिकार प्राप्त हो सके। यह आंदोलन विश्व के बड़े आंदोलनों में से एक है और भारत की सबसे बड़ी सामाजिक क्रांति भी। डॉ.अम्बेडकर का मानना था हर व्यक्ति को समाज में सम्मान मिलना चाहिए, ऊँच नीच का भेदभाव नहीं होना चाहिए। बाबा साहेब अम्बेडकर प्रसिद्ध शिक्षाविद, विधिवेत्त, ओजस्वी वक्ता तथा माननीय अधिकारों के संघर्षशील महान योद्धा थे। भारतीय संविधान जो कि विश्व का बड़ा संविधान है इस संविधान को तैयार कर अपना विद्धता के परिचायक है समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने में संघर्षरत रहे। शोषित लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिये जीवनपर्यंत संघर्ष करते रहे और उन्हें उसमें सफलता भी मिली।

डॉ. अम्बेडकर के द्वारा सामाजिक आंदोलन चलाया गया समाज के कमजोर वर्ग के लोग दलित श्रमिकों एवं महिलाओं के अधिकार के लिये वे सदैव संघर्षरत रहे इन लोगों को समाज में स्वर्णो की भॉति अधिकार प्राप्त नहीं थे इन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया गया था। बाबा साहेब समानता के पक्षधर थे अत: समाज में इन वर्गो की मुक्ति के लिये हर संभव प्रयत्नशील रहे डॉ. अम्बेडकर का 'महाड़ आंदोलन' एक मुक्ति संग्राम था। दलितों को सार्वजनिक तालाब का पानी पीने तथा इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं था। दलितों को इसका अधिकार दिलाने का एक बहुत ही प्रभावकारी आंदोलन डॉ. अम्बेडकर ने किया। इस आंदोलन को भारत में 'सामाजिक सशक्तिकरण दिवस' के रुप में मनाया गया। 20 मार्च 1927 को महाराष्ट्र के महाड़ स्थान पर भारी संख्या में दलित वर्ग के लोग तथा सवर्ण लोग भी शामिल हुए थे। चवदार तालाब पहुॅचकर डॉ. अम्बेडकर ने पहले तालाब का पानी पिया, तत्पश्चात हजारों आंदोलनकारियों ने भी पानी पिया। नगर निगम के अध्यक्ष के रुप में विष्णु नरहरि खोड़के ने डॉ. अम्बेडकर को 'चवदार सत्याग्रह' तथा 'मनुस्मृति दहन' जैसे आंदोलन के लिये सम्मान पत्र से सम्मानित किया। डॉ. अम्बेडकर एक एक ऐसे समाज की स्थापना करना चाहते थे, जो अधिकार सवर्णो के लिये हो वही दलितों के लिये। वे एक समेकित समाज की रचना करना चाहते थे। डॉ. अम्बेडकर पुरुषों की भॉति नारी को भी सभी अधिकार मिलना चाहिए इस पक्ष में थे। उनका मानना था कि समाज का विकास नारियों के विकास के बिना संभव नही है। महिलाओं को सशक्त बनाने में डॉ. अम्बेडकर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। दलित नारियों को भी उन्होंने सवर्णो की भॉति वस्त्र धारण करने को प्रेरित किया। आंदोलन में पुरुषों के साथ साथ दलित महिलाओं का भी समर्थन प्राप्त किया भारतीय समाज को सुधारने के लिये वे नारी शिक्षा पर जोर दिया। ऐसे बहुत से समाज सुधारक हुए, जिन्होनें महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों तथा कुरीतियों को मिटाने का कार्य किया किंतु बाबा साहेब अम्बेडकर ने पुरुषों के बराबर कानूनी अधिकार दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायी। समाज में नारी को पुरुष के समान अधिकार प्राप्त हो इस हेतु उन्होंने 1951 में 'हिंदु कोड बिल' पेश किया। जिसके अंर्तगत कन्या विवाह की आयु में वृद्धि की गई।

एक विवाह को मान्यता, स्त्रियों को तालाक का अधिकार, विधवा, पुर्नविवाह, संपत्ति पर अधिकार, गाोद लेने का अधिकार तथा तालाक शुदा महिलाओं को अपने पति से भरण पोषण का अधिकार का प्रावधान रखा गया। हिन्दु कोड़ बिल का अत्यधिक विरोध किया गया और यह पारित न हो सका आगे चलकर अलग अलग अधिनियमों के तहत हिंदु कोड़ बिल पारित कर दिया। डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविश्मरणीय रहेगा।

डॉ. अम्बेडकर के द्वारा दलितों को मंदिर में प्रवेश हेतु कालाराम मंदिर आंदोलन 2 मार्च 1930 को चलाया गया। यह मंदिर महाराष्ट्र के नासिक में स्थित है। इस मंदिर में सिर्फ सवर्ण वर्ग के लोग ही प्रवेश कर पाते थे। हिन्दु दलितों को प्रवेश का अधिकार नही था। बाबा साहेब अम्बेडकर सामाजिक समानता चाहते थे, अत: उन्होनें एक सभा आयोजित की तथा अहिंसात्मक ढंग से आंदोलन करने का निश्चय किया गया। आंदोलनकारियों की चार टुकड़ियॉ बनाई गई और मंदिर के चारों दरवाजों पर पहुॅच कर मंदिर में प्रवेश की मांग की, किंतु वहॉ के पुजारियों ने इसका विरोध करते हुए मंदिर के दरवाजे बंद कर दिये। सभी तरफ पुलिस तैनात थी जिससे दलित मंदिर में प्रवेश न कर सकें। आंदोलनकारियों पर हमला भी हुए जिसमें डॉ. अम्बेडकर भी घायल हुए मंदिर का दरवाजा दलितों के लिये नहीं खुला।

डॉ.अम्बेडकर ने भारतीय समाज में अस्पृष्यता को मिटाने तथा सभी दलित वर्ग के लोगो को समानता दिलाने हेतु अपने लेखन कार्य के द्वारा अनेक पत्र पत्रिकाओं का सम्पादन कार्य भी किया। उनका मानना था कि दलितों को जागरुक तथा संगठित करने के लिये उनका स्वयं का प्रेस आवश्यक है। उसी उद्देश्य के लिये 31 जनवरी 1920 को 'मूक नायक' का प्रकाशन प्रारंभ किया था। बाबा साहेब अम्बेडकर एक ऐसे महानायक रहे जिन्होने एक ऐसे समाज के निर्माण की कल्पना की तथा उसे साकार करने का प्रयास किया जिसमें गरीब, दुर्बल एवं दलित वर्गो की समाजिक, आर्थिक दशा को सुधारा जा सके। शोषित वर्ग का उत्थान कर समाज में उनकी स्थिति को सुदृंढ करना चाहते थें। जिससे उनका भी सम्मान हो सके। बाबा साहेब अम्बेडकर भारतीय संस्कृति, ज्ञान दर्शन, नीति और अध्यात्म चिंतन के युगपुरुष के रुप में भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डॉ.बालकृष्ण पंजबी, डॉ.अम्बेडकर:सामाजिक-आर्थिक विचार दर्शन मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2014
2. रचना पत्रिका संयुतांक 142-147 जनवरी-दिसम्बर 2020
3. डॉ.एन.सिंह, दलित साहित्य के प्रतिमान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 110002 2012
4. डॉ.डी.आर.जाटव बी.आर. अम्बेडकर व्यक्तित्व एवं कुतित्व समता साहित्य भवन जयपुर।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) – एक अध्ययन

**डॉ. जयराम सोलंकी ***

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय गणेश शंकर विधार्थी महाविधालय, मुंगावली, जिला अशोकनगर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** वस्तु एवं सेवा कर या जी एस टी भारत में 1 जुलाई 2017 से लागू एक महत्वपूर्ण अल्प्रत्यक्ष कर व्यवस्था है जिसे सरकार व र्क अर्थशास्त्रियों द्वारा इसे स्वतंत्रता के पश्चात सबसे बडा आर्थिक सुधार बताया है इसके लागू होने से केन्द्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भिन्न भिनन दरो पर लगाये जा रहे विभिन्न करों को हटाकर पूरे देश के लिए एक ही अप्रत्यक्ष कर प्रणाणी लागू हो गयी है। इस कर व्यवस्था को लागू करने के लिए भारतीय संविधान में संशोधन किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर वस्तु एवं सेवा कर परिषद द्वारा संचालित है। भारत के वित्त यंत्री इसके अध्यक्ष होते है। जी एस टी के तहत वस्तुओं और सेवाओं को निम्न दरों पर लगाया जाता है 0%, 5%, 12%,और 18% मोटे कीमती और अर्थ कीमतों पत्थरों पर 0.25% की एक विशेष दर तथा सोने पर 3% की दर है। भारती की अर्थवयस्था को एक रेश एक कर प्रणाली वाली अर्थ व्यवस्था बना देगा। फिलहाल भारत वासी 17 अलग– अलग तरह के कर चुकाते है।, जब कि जी ए टी लागू होने के बाद केवल एक ही तरह का कर दिया जाएगा। इसके लागू होते ही एक्साइज ड्रूटी, सर्विस टैक्स, वैट, मनोरंजन कर, लग्जरी कर जैसे बहुत सारे कर खत्म हो जाएगें।

**उद्देश्य –** उद्देश्य वस्तु एवं सेवा कर भारत की सबसे महत्वाकांछी अप्रत्यक्षकर सुधार योजना है जिसका उद्देश्य राज्यों के बीच वित्तीय वाधाओं को दूर करके एक समाज बाजार को बांधकर रखना है। यह संपूर्ण भारत में वस्तुओं और सेवाओं पर लगाया जाने वाला एकल राष्ट्रीय एक समान कर है। जी.एस.टी. एक मूल्य वर्धित कर है, जो कि विनिर्मा से लेकर उपभोक्ता तक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर एकल कर है।

अध्ययन के उद्देश्य :– प्रस्तुत अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्न है।

1. देश के आर्थिक विकास में Goods& servise Tax के योगदान का अध्ययन करना।
2. भारतीय अर्थव्यवस्था पर जी एस टी के प्रभावों का अध्ययन करना।
3. देश में जीएसटी लागू होने से आने वाली चुनौतियों का अध्ययन करना।
4. देश में जीएसटी लागू होने वाली सम्भावनाओं का अध्ययन करना।
5. देश में जीएसटी क्रियान्वयन हेतु उठाए गए कदम तथा कार्य योजना का अध्ययन करना।

**अध्ययन प्रणाली –** अध्ययन प्रणाली एक विश्लेणात्मन एक वर्णनात्मक है। इस अध्ययन में मुख्यत: Secondary Data का प्रयोग किया गया है अध्ययन सामग्री की प्राप्ति शोधग्रन्थों, सन्दर्भ ग्रन्थों एवं प्रतिष्ठित लेखकों की पुस्तकों, आलेखों से की गई तथा तथ्यों का विवेचन प्रभावित ढंग से किया गया है।

जी.एस.टी. की मुख्य विशेषताएँ :–

1. यह एक दोहरी जीएसटी कर प्रणाली है। जिसमें केंद्र एवं राज्य द्वारा समान कर आधार पर करारोपण होता है। प्रान्तीय बिक्री पर केन्द्र द्वारा लगाई जाने वाली जी.एस.टी. कही जाती है। जबकि उपरोक्त पर राज्य द्वारा लगाई जाने वाली एस.जी.एस.टी. होती है।
2. यह एक गन्तव्य आधारित उपभाग कर है। वर्तमान में वस्तुओं के निर्माण उनकी बिक्री तथा सेवाएं उपलब्ध कराने के न्दि पर कर देयता है, जबकि इसके विपरीत जी एस टी में वस्तुओं अथवा सेवाओं की आपूर्ति पर कर देयता होती है।
3. यह मानवीय उपभाग हेतु शराब तथा पांच पेट्रोलियम प्रोडक्ट प्रेट्रोलियम अर्थात क्रूड, पैट्रोल, हाईस्पीड डीजल, नेजुरल गैस तथा एस.टी.एफ.को छोडकर सभी वस्तुओं में आपूर्ति पर आरोपित कर होता है। यह कुछ निश्चित वस्तुओं एवं सेवाओं को छोडकर सभी वस्तुओं एवं सेवाओं पर निरूपित है।
4. जी.एस.टी. से लाभ – देश वासियों को जीएसटी से सवसे बडा फायदा यह है कि पूरे देश में समान पर एक ही टैक्स चुकाना पड रहा है। इससे देश भर में सामान की कीमत एक है, देश मे वस्तु और सेवा कर के माध्यम से अप्रत्यक्ष करों में एक रूपता है।
5. जीएसटी लागू होने से टैक्स संरचना में सुधार हुआ है, टैक्स भरना आसान हो गया है। सेस टैक्स की चोरी भी रूकेगी। इसका सीधा असर देश की जीडीपी पर रहा है।
6. इस कर के लागू होने से चुंगी, सैन्ट्र सेल्स टैक्स राज्य स्तर के सैल्स टैक्स या वैट, एंट्री टैक्स, टर्नओवर टैक्स, टेलीकाम लाइसेन्स फी, बिजली के इस्तेमाल या बिक्री पर लगने वाला टैक्स इत्यादि खत्म हो गया।
7. जीएसटी लागू होने से वस्तुओं और सेवाओं लागत में स्थिरता आदि।
8. जीएसटी लागू होने से कर चोरी में कमी आयी है ।
9. जी.एस.टी. उद्योगों एवं ई–कामर्स के लिए निर्णायक सावित हो रही है।
10. जी.एस.टी. से निश्चित राशि तक फायदा।

**साहित्य की समीक्षा** :

**डॉ. आर वंसतगोपाल 2011 –** भारत में जी एस टी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में एक बड़ी छलांग में निष्कर्ष के रूप में यह बताया कि भारत में वर्तमान जटिल कर प्रणाली से निर्वाहन (निजात) जी इस टी पर स्विचिंग भारतीय

अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए एक सकारात्मक कदम होगा। जी एस टी की सफलता दुनिया में 150 से अधिक देशों और एशिया में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के एक नई राह एवं नई दिशा की और ले जायेगी।

**नितिन कुमार 2014 –** ने अपने शोध अध्ययन वस्तु एवं सेवा कर आगे की और उन्मुख में निष्कर्ष के रूप बताया कि भारत में जी एस टी के कार्यान्वयन को वर्तमान अप्रत्यक्ष कर प्रणाली द्वारा आर्थिक विरूपण हटाने में मदद मिली है और अपेक्षाकृत अप्रत्यक्ष कर ढाँचे को प्रोत्साहित करने की उम्मीद है।

**पिंकी, सुप्रिया, काम्मा और रिचा वर्मा 2014–** 'भारत में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के लिए वस्तु और सेवा कर रामबाण' में निष्कर्ष निकाला कि भारत में नई एनडीए सरकार जी इस टी के कार्यान्वयन के प्रति सकारात्मक है और यह केन्द्र सरकार के लिए फायदेमंद है और इस आई.टी. का बुनियादी ढाँचा का मजबूत होगा।

**जयप्रकाश 2014–** अपने शोध अध्ययन ने उल्लेख किया है कि केन्द्रीय और राज्य स्तर पर जी एस टी से कर, व्यापार कृषि और उपभोक्ताओं को इनपुट टैक्स सेट ऑफ और सर्विस टैक्स कि अधिक व्यापक कवरेज के जरिये ज्यादा राहत मिल जायेगी। जी एसी टी में कई करों को कम करना और सी एस टी से बाहर निकलने का काम करना। उद्योग और व्यापार के उत्तर भी वास्तव में उत्साहजनक रहे है। इस प्रकार जी एस टी हमें अपने कर आहार को विस्तृत करने का सबसे अच्छा विकल्प प्रदान करता है और हमें इस अवसर को शुरू करने के लिए याद नहीं करना चाहिए जब परिस्थितियां काफी अनुकूल है और अर्थव्यवस्था केवल हल्की मुद्रास्फीति के साथ स्थिर वृद्धि का आनंद ले रही है।

**निशिया गुप्ता 2014 –** ने अपने शोध अध्ययन में उल्लेख किया कि भारतीय ढाँचे में जी एस टी का कार्यान्वयन होगा। वैट सिस्टम अप्रभावित वाणिज्यिक लाभों कि और ले जाता है और अनिवार्य रूप से आर्थिक विकास में मदद करेगा जी एस टी उपभोग व्यापार कृषि और इसके लिए सामूहिक लाभ की संभावना में वृद्धि कर सकता है।

**निष्कर्ष–** जी एस टी बिल से देश के जटिल कराधान प्रणाली के लिए एक वरदान साबित हुआ है। यह देश की जीडीपी अनुपात को सक्रिय रूप से सुधारने का प्रयास करेगा तथा मुद्रास्फीति को भी बाधित करेगा। जी एस टी ने विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों जैसे FMCG, Auto तथा सीमेंट आदि के मुकाबले विनिर्माण क्षेत्र को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। क्योंकि पहले विनिर्माण क्षेत्र पर कर का 24 प्रतिशत से 38 प्रतिशत तक भार पड़ता था। जो जीएसटी के लागू होने से अब कम है। वही बीमा क्षेत्र पर जी एस टी का अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रीमियम तथा बैंकिग सेवाओं पर कर की दर पहले जो 15 प्रतिशत थी जो अब बढाकर 18 प्रतिशत कर दी गयी है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा केा बढावा देगा एवं कर तटस्थ बनाने के साथ–साथ वय विनिर्माण लागात को कम करेगा। जिससे उपभोक्ता को वस्तु कम कीमत पर उपलब्ध होगी जिसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति में सुधार होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जी एस टी के लागू होने से कर चोरी व भ्रष्टाचार को रोकने में मदद मिलेगी और भविष्य में भार की जीडीपी अनुपात में भी वृद्धि होने की सम्भावना है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. समसामायिकी महासागर अक्टूबर 2016, प्रकाशित: शीर्ष वस्तु एवं सेवा कर विधेयक संसद में पारित पृष्ठ संख्या 90।
2. घटना चक्र, वार्षिकांक नवम्बर 2016 के शीर्षक वस्तु एवं सेवा कर विधेय परित पृष्ठ संख्या 47।
3. दैनिक जागरण , समाचार पत्र (26 अक्टूबर 2016) शीर्षक वस्तु एवं सेवा कर सेवाओं पर 18 प्रतिशत कर लगेगा, पृष्ठ संख्या 17।
4. प्रजापति,जयप्रकाश 2017 'लघु उधोग और वस्तु एवं सेवा कर सम्भावनाऍ एवं चुनौतिया' जे एम एम इ जर्नल वोल्यूम 07 अंक 04 अक्टूबर 2017
5. वाणिज्य कर विभाग, मध्यप्रदेश

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# राष्ट्रीयकृत बैंको के विलय का कृषि वित्त पर सकारात्मक प्रभाव (बैंक ऑफ बड़ौदा के सन्दर्भ में)

**बलवान सिंह राजपूत* डॉ. प्रभुदयाल ज्ञानानी ****

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** भारतीय किसानो की आर्थिक दशा सुधारने में बैंक कृषि वित्त की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं वही दुसरी और विजया बैंक की शुरूआत कर्नाटक राज्य के किसानो की दशा सुधारने हेतु 1931 से की गई थी। परन्तु विजया बैंक का बैंक आफ बडौदा मे विलय तथा देना बैंक के एकीकरण के सन्दर्भ में यह किसानो को प्रभावित करती तथा यह.....किसान के कृषि ऋण किसानो के कृषि ऋण (कृषि वित्त) पर एक सकारात्मक प्रभाव डालता हैं। एवं किसानो कृषि वित्त दिलाने मे बैंको का विलय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं ।

**प्रस्तावना –** किसानो की दशा सुधारने मे बैकिंग क्षेत्र का काफी योगदान रहा है। किसान पुराने समय से ही महाजनो के चगुंल मे फसकर कर्ज बोझ मे दबते चले जाते थे एवं वही किसान अपनी जमीन खोकर उसी जमीन का मजदुर बनता चला गया था वही दूसरी और इस कर्ज के पिजरे से बैंकों ने कृषि वित्त की सहायता से किसानो को आजाद किया हैं। आज बैंको का विलय किसानों के लिए मददगार बन रहा हैं। बैंक विलय से किसानो को अधिक ऋण प्राप्ति हो रही है विजया बैंक एवं देना बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय भी किसानो के लिए मददगार सिद्ध हो रहा हैं।भारत की राष्ट्रीय आय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कृषि से प्राप्त होता है। सरकार द्वारा भी कृषको को आवश्यक वित्त दिलाने हेतु अनेक कदम उठाए है। 1970 के दशक मे दो बार बैंको का राष्ट्रीयकरण कर कृषको के हित मे कई योजनाए प्रारम्भ की गई है किन्तु बैंकिंग क्षेत्र के विशेष योगदान से ही आज किसान की आर्थिक स्थिती बेहतर व मजबुत हुई हैं। 90 के दशक मे किसानो के हितो के लिए इतनी योजनाए बैंक के पास नहीं थी पर आज बैंकों का रूझान किसानों के हितो की और बड़ रहा है। आज बैंको के विलय के पश्चात भी बैंक किसानो को कृषि वित्त प्रदान करने हेतु अग्रसर हैं,

**परिकल्पना:**

1. बैंक के विलय के कारण कृषि साख में वृद्धि हुई अथवा नही।
2. विलय होने वाली बैंको के किसानों के कृषि वित्त में नुकसान हुआ अथवा फायदा।

**शोध प्रविधि एवं समंक सकंलन–** प्रस्तुत परिकल्पना के परिक्षण हेतु केवल प्रस्तुत द्वितीयक समकों का संग्रहण किया गया है। विभिन्नता बैंक वेबसाइट प्रकाशीत बैंकिग रिपोर्ट इत्यादि जानकारीयो का उपयोग किया गया है।

**बैंक आफ बड़ोदा–** बैंक ऑफ बडौदा की स्थापना 20 जुलाई 1908 को अल्कापूरी बड़ौदा गुजरात मे की गई थी। बड़ौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय ने इस बैंक की स्थापना की थी। 19 जुलाई 1969 को इस बैंक का राष्ट्रीयकरण हुआ था। विजया बैंक विजया की स्थापना श्री शेट्टी के द्वारा 23 अक्टुबर 1931 को मैंगलोर मे की गई थी। इसकी स्थापना विजयदशमी के दिन की गई थी इसलिए इसे विजया बैंक का नाम दिया गया। शुरूआत मे इस के पास 5 लाख की अधिकृत पूंजी तथा 2 लाख ही जारी पूंजी थी 17 सितम्बर 2018 को भारत सरकार ने विजया बैंक के विलय का पुस्ताव दिया। विलय को 2 जनवरी 2017 को मंजूरी प्राप्त हुई तथा 1 अप्रेल 2019 को प्रभावी हुआ।

**देना बैंक–** देना बैंक स्थापना देवकरण नानजी के परिवार द्वारा 26 मई 1938 को देवकरण नानजी बैंकीग कम्पनी लिमीटेड के नाम से की गई। यह 1939 मे सार्वजनिक लिमीटेड कम्पनी में परिवर्तित हुआ और कालान्तर मे इसका नाम बदलकर देना बैंक लिमीटेड हो गया। जुलाई 1969 मे 13 अन्य बड़े बैंको के साथ देना बैंक राष्ट्रीयकृत हुआ तथा यह बैंकिग अधिनियिम 1949 के तहत कारोबार करने लगा यह बैंक 1994 में वित्तीय क्षेत्र विकास परियोजना के तहत पूंजी बटाने हेतु विश्व बैंक द्वारा चुने गए 6 बैंको में से एक था।

**विलय का प्रभाव–** विजया बैंक एवं देना बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में 1 अप्रेल 2019 के विलय के पश्चात यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक बन गया हैं।

इसके विलय के पश्चात निम्न बड़ोत्तरी हुई हैं।

कुल कारोबार – 14.82 लाख करोड़ा
कुल बैंक शाखाऐं – 9401
कुल एटीएम – 13432

**कृषि वित्त पर प्रभाव–** बैंक ऑफ बड़ौदा में विजया बैंक एवं देना बैंक के विलय से विलीत बैंको के किसानों के कृषि वित्त में वृद्धि की गई हैं। वही दूसरी और बैंक ऑफ बड़ौदा के नये कृषक ग्राहकों को अन्य लाभ प्रदान हुआ हैं।

| किसान | कृषि भूमि | स्वीकृत ऋण | अन्य फसल |
|---|---|---|---|
| सीमान्त किसान | 5 हैक्टेयर भूमि | 7.50 लाख | कृषि बीमा |
| लघु किसान | 1 हैक्टेयर भूमि | 1.80 लाख | कृषि फसल बीमा |
| भूमिहीन किसान | पशुधन पर | पशुधन का 95 प्रतिशत | पशुधन बीमा |

**(3) कृषि वित्त योजनाओं –** बैंक ऑफ बडौदा में विजया बैंक में विजया बैंक तथा देना बैंक के विलय के पश्चात कृषि वित्त हेतु कई प्रकार के योजानाओं का संचालन किया हैं जो की किसानों को लाभ प्रदान करती हैं।

अ) बैंक ऑफ बड़ौदा किसान क्रेडिट किसान केडिट कार्ड योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी खेती और अन्य कृषि आवश्यकताओं के लिए एकल खिड़की के तहत बैंकिग प्रणाली का केडिट समर्थन प्रदान करना।

पात्रता किरायेदार किसान मोखिक पट्टेदार शेयरधारक आदि योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**ब) बड़ौदा किसान समुह ऋण योजना–** बड़ौदा किसान समुह ऋण का उद्देश्य संयुक्त देयता समुह (JLG) को वित्त पोषित करना जो कि एक लचीली ऋण उत्पाद होने की उम्मीद है। पात्रता– खेती करने वाले किसान भूमी मौमिक पटटेदार किसान ऋण की मात्रा– किरायेदार किसान के लिए अधिकतम एक लाख

**स) फाइनेसिंग ट्रेक्टर और हेवी एग्रीकल्चर मशीनरी –** यह ऋण किसानो को नया ट्रेक्टर एवं ट्रेक्टर के उपकरण औजार पॉवर ट्रीलर इत्यादि खरीदने मे मदद करता हैं।

पात्रता– स्थायी किसान या किरायेदार किसान अथवा 4 एकड़ भी वाला किसान

भुगतान की अवधि– ट्रेक्टर के लिए भुगतान की अवधि 9 वर्ष हैं। तथा पॉवर ट्रीलर के लिए 7 वर्ष

**द) सिचाई का वित्त पोषण –** वित्तीय सिचांई का उद्देश्य कई क्षेत्रो मे मदद करता है जैसे– सतह से अच्छी तरह निर्माण

2) मौजुदा कुओं का गहरीकरण

3) तेल इंजन, इलेक्ट्रीक मोटर/ पंपसेट की स्थापना व्यय पात्रता– जमीन के मालिक, खेती करने वाले किरायेदार या पटटाधारक के रूप मे फसल की खेती मे करने लगे किसान पूर्न भूगतान की अवधि– चुकौती अवधि अधिकतम 9 वर्ष हैं

**निष्कर्ष** – बैंक ऑफ बड़ौदा में विजया बैंक तथा देना बैंक के विलय से कृषि वित्त साख में वृद्धि हुई हैं।

वही एक और बैंक शाखा एवं कारोबार में वृद्धि हुई वही दूसरी और किसानों को ऋण प्राप्ति की सुविधा के साथ ऋण की मात्रा में भी वृद्धि हुई हैं।

कुल मिलाकर कहा जा सकता हैं कि इन दोनों बैंको के विलय के कारण आज कृषि साखको फायदा ही हुआ हैं एवं बैंकिंग प्रतिस्पर्धा को भी लाभ हुआ हैं। वही दुसरी और बैंक के विलय के पश्चात् बैंक ने विभिन्न प्रकार की योजनार प्रारम्भ की है जो की कृषि वित्त से जुड़ी हुई एवं कृषि वित्त इन सभी योजनाओ से सभी प्रकार के किसानो को लाभ प्राप्त हुआ वह किसान जो किराये से जमीन करते हैं एवं पटटेदार किसान भी अब वित्त प्राप्त करने के लिए अग्रसर हैं। बैंको की इन बहल के कारण आज हर वर्ग का किसान कर्ज से मुक्त हुआ तथा कृषि साख की उन्नती की ओर बडा हैं। बैंक आफ बडोदा जो की भारत का तीसरा बड़ा वाण्ज्यीक बैंक बन चुका हैं। वह कृषि वित्त के पोषक हेतु अपना स्थान प्रथम प्राप्त करने के लिए अग्रसर हैं। इस प्रकार बैंक की इन सभी योजनाओं से कृषि वित्त पर सकारात्मक पुभाव हुआ हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1 नवभारत टाईम्स – नई दिल्ली
2 wwww.rbi.org.in
3 www.bankofbaroda.com
4 www.ibfm.gov.org.in

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# रीवा सम्भाग के विद्युत उत्पादन के आर्थिक विकास की सम्भावनाएं एक अध्ययन

**डॉ. रूपेश कुमार द्विवेदी ***

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** भारत वर्ष के प्रसिद्ध राज्य मध्यप्रदेश में रीवा संभाग की स्थिति मध्य केन्द्र ईशान कोण में हैं रीवा सम्भाग 40 से 39 अंश पूर्वी देशान्तर और 82 से 15 अंश पूर्वी देशांतर में तथा 22 से 30 अंश उत्तरी अक्षांश और 85 से 12 अंश उत्तरी अक्षांश के मध्य स्थित है। रीवा संभाग में प्रमुख नदिया सोन नदी, टमस, ओड्डा, महाना, बीहर, गोपद, बनास, बेलन आदि नदिया स्थित है। जिसके कारण विद्युत उत्पादन की पर्याप्त संभावनायें है। रीवा संभाग में बाणसागर परियोजना, एन.टी.पी.सी., जे.पी. निगरी पॉवर प्लान्ट विद्युत का उत्पादन कर रहे है। जिसके कारण देश एवं समाज का आर्थिक विकास तेजी से हो रहा है।

**प्रस्तावना –** मध्यप्रदेश में रीवा संभाग विद्युत उत्पादन का सबसे बड़े क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। रीवा सम्भाग में एन.टी.पी.सी., जे.पी. निगरी पॉवर प्लान्ट, बाणसागर परियोजना विद्युत उत्पादन का कार्य कर रही है। बिना विद्युत के रीवा सम्भाग ही नही, अपितु सम्पूर्ण देश का आर्थिक विकास सम्भव नही है। विद्युत उत्पादन देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक विकास के लिये बहुत ही आवश्यक है। बिना विद्युत के किसी भी क्षेत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। विद्युत उत्पादन से लोगों को रोजगार, शिक्षा, रहन–सहन एवं उनके आर्थिक विकास की सम्भावनायें बढ़ जायेगी।

**शोध प्रविधि**

**समंक संकलन की पद्धतियां–** प्रस्तुत शोध कार्य में दोनों प्रकार के समंकों का प्रयोग किया गया है, प्राथमिक समंकों के संकलन की पद्धतियां जैसे प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसंधान, अप्रत्यक्ष मौखिक अनुसंधान, स्थानीय स्त्रोतों से सूचना प्राप्ति, प्रश्नावली व अनुसूची के माध्यम से तथ्य संग्रह आदि उपयोग में लाई गई है। इसी प्रकार द्वितीयक सामग्री या समंकों का संकलन प्रकाशित एवं अप्रकाशित स्त्रोतों से इकट्ठा किया गया है।

**परिकल्पना :**

1. रीवा संभाग में आर्थिक विकास में विद्युत उत्पादन की वास्तविक स्थिति अनिश्चित है।
2. रीवा संभाग के आर्थिक विकास में विद्युत उत्पादन का योगदान सम्भावित होगा।
3. रीवा संभाग में विद्युत उत्पादन भविष्य में आर्थिक विकास की दिशा में कितना उपयोगी सिद्ध होगा।
4. रीवा संभाग में विद्युत उत्पादन के आर्थिक विकास हेतु सरकार की योजनायें अपर्याप्त है।
5. विद्युत उत्पादन से रीवा संभाग के लोग लाभान्वितों की संख्या अनिश्चित है।

**उद्देश्य :**

1. रीवा संभाग में विद्युत उत्पादन केन्द्रों का अध्ययन करना।
2. रीवा संभाग में नये–नये विद्युत उत्पादन केन्द्रों की खोज करना।
3. रीवा संभाग में विद्युत उत्पादन केन्द्रों में आने वाली समस्याओं का पता लगाना एवं निराकरण के लिये सुझाव देना।
4. रीवा संभाग में विद्युत उत्पादन केन्द्रों से प्रबंधन व्यवस्था का अध्ययन करना।
5. विद्युत उत्पादन केन्द्रों को देश में अग्रणी बनाने के लिये प्रयास करना।

**विषय परिचय –** रीवा संभाग विद्युत उत्पादन केन्द्र का सबसे बड़ा क्षेत्र माना जाता है। विद्युत के रीवा ही नहीं वरन् पूरे विश्व का विकास सम्भव नहीं है। रीवा संभाग में एन.टी.पी.सी., जे.पी. निगरी पॉवर प्लान्ट, बाणसागर परियोजना विद्युत उत्पादन का कार्य कर रहा है।

रीवा संभाग में विद्युत उत्पादन के अनेक महत्व है। जैसे विद्युत उत्पादन आर्थिक विकास का सूचक है। इसके कारण रोजगार के क्षेत्र में बढ़ोत्तारी होती है। लोगों को आर्थिक स्थिति एवं रहन–सहन में परिवर्तन होता है। विद्युत आ जाने के कारण समाज में शिक्षा, राजनैतिक एवं सामाजिक विकास के साथ–साथ देश का भी विकास होता है। विद्युत आ जाने से कृषि के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ।

रीवा संभाग में विद्युत उत्पादन की कई समस्यायें है जैसे बांध में पानी का भराव कम होना, ताप विद्युत केन्द्रों में कायले की मात्रा का कम होना, विद्युत केन्द्रों में चलने वाले टरवाइनों का बीच–बीच में खराब हो जाना इसके बावजूद भी विद्युत उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिये सरकार एवं विद्युत केन्द्रों द्वारा समय–समय पर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है, ताकि विद्युत उत्पादन प्रभावित न हो और देश का विकास हो।

वर्तमान युग में विद्युत उत्पादन एवं उसका समुचित वितरण आर्थिक विकास के लिये महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि कृषि, व्यवसाय, यातायात, कुटीर एवं लघु उद्योग, वृहद उद्योग, विभिन्न समस्यायें एवं कार्यालय आदि के कार्यों के लिये विद्युत महती आवश्यता होती है। ज्यों–ज्यों रीवा सम्भाग विकास की ओर अग्रसर होता जा रहा है विद्युत का उपयोग बढ़ता जा रहा है। रीवा सम्भाग के सभी क्षेत्रों के पर्याप्त विकास के लिये विद्युत की आवश्यकता

है जो विद्युत उत्पादन की भरपूर मात्रा पर निर्भर करता है। विद्युत उत्पन्न करने के अनेक संकेत है। परम्परागत रूप से जल विद्युत एवं ताप विद्युत तैयार की जाती है तथा उनका विकास भी रीवा सम्भाग में तेजी से हुआ है।

विद्युत उत्पादन एवं वितरण का प्रबन्धकीय अध्ययन की आवश्यकता होती है, क्योंकि बिना समुचित प्रबन्ध को विद्युत उत्पादन एवं वितरण सम्भाव नहीं है। रीवा सम्भाग के विद्युत उत्पादन एवं वितरण की समुचित प्रबन्ध व्यवस्था आवश्यक है। ताकि विद्युत उत्पादन एवं वितरण में आने वली कमियों को दूर किया जा सके एवं विद्युत उत्पादन एवं वितरण में होने वाली हानि से बचा जा सके एवं रीवा सम्भाग का समुचित विकास हो सके। रीवा सम्भाग के विद्युत उत्पादन पर्याप्त मात्रा में होता है। लेकिन जब तक विद्युत उत्पादन का प्रबंधन व्यवस्था सही तरीके से नही किया जायेगा तब तक विद्युत की उत्पादन एवं वितरण का सही उपयोग सम्भव नही होगा। अत: प्रबन्ध व्यवस्था सही होने से विद्युत उत्पादन में निरन्तरता बनाई जा सके तथा उसका समुचित आवश्यकता अनुसार वितरण सम्भव हो सके। विद्युत का समुचित वितरण के लिये मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल से चार विद्युत वितरण कम्पनियाँ बनाई है जो अपने-अपने क्षेत्र में विद्युत वितरण का कार्य करती है रीवा सम्भाग पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अन्तर्गत आता है।

रीवा सम्भाग के आर्थिक विकास के विद्युत की उपलब्धता आवश्यक होती है। बिना विद्युत के सम्भाग में किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नही हो सकता, क्योंकि कृषि तथा छोटे-बड़े व्यवसाय, लघु एवं कुटीर उद्योग तथा वृहद उद्योग विभिन्न संस्थायें, कार्यालय सभी में समुचित संचालन के लिये विद्युत की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता जरूरी है। क्योंकि विद्युत के अभाव से किसी भी तरह की विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। रीवा सम्भाग में विद्युत की पर्याप्त उपलब्धता के कारण कृषि, छोटे-बड़े व्यवसाय, शिक्षण संस्थायें, लघु एवं कुटीर उद्योग आदि का पर्याप्त मात्रा में विकास होगा, जिससे रीवा सम्भाग आर्थिक रूप से सम्पन्न होगा तथा रोजगार के अवसर में वृद्धि होगी।

पूर्वी विद्युत उत्पादन एवं वितरण कम्पनी अपनी स्थापना काल से ही म.प्र. के पूर्वी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ती करती है। कम्पनी अपने उद्देश्य में सफल होने के लिए निरंतर प्रयास एवं नवीन प्रयोग निरंतर करती रहती है। जिससे विद्युत आपूर्ती की निरन्तरता पर्याप्त रूप से होती रहती है। यह लाखों उपभोक्ताओं को दैनिक उपयोग कृषि कार्य एवं व्यवसायिक एवं औद्यौगिक कार्य हेतु बिजली उपलब्ध कराती है। विद्युत आज की महती आवश्यकता है। इसका प्रयोग छोटे से बड़े सभी में होता है। अत: इसकी समुचित आपूर्ती अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रयास है। लाख प्रयासों के बावजूद भी कतिपय समस्यायें सामने आई जो महत्व पूर्ण है। और इनका निराकरण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

**रीवा सम्भाग में 2015-16 में बिजली उत्पादन की जानकारी**

| Station | Availability (MUs) | | |
|---|---|---|---|
| | 2014 | 2015 | 2016 |
| Banasgar Tons HPS | 890 | 925 | 997 |
| Banasgar Tons HPS-Silpara | 125 | 128 | 135 |
| Banasgar Tons HPS-Devloned | 78 | 81 | 86 |
| Jaiprakash Power, Nigri Unit 1 | 1550 | 1602 | 1,662 |
| Jaiprakash Power, Nigri Unit2 | 1598 | 1620 | 1,656 |
| ATPS - Chachai-Extn | 1420 | 1450 | 1,498 |
| ATPS - Chachai-PH 1&2 | 1090 | 1105 | 1,189 |
| NTPC Vindhyanchal MTPS, Stage - 4 Unit 1 | 903 | 960 | 981 |
| NTPC Vindhyanchal MTPS, Stage - 4 Unit 2 | 890 | 910 | 952 |
| NTPC-Vindyachal II | 2285 | 2305 | 2,314 |
| NTPC-Vindyachal III | 1825 | 1860 | 1,873 |
| BLA Power Unit 1 | 98 | 101 | 104 |
| BLA Power Unit 2 | 68 | 70 | 73 |
| **Total** | **12010** | **13117** | **13,430** |

स्रोत- जनरेशन कम्पनी मध्यप्रदेश, वार्षिक प्रतिवेदन, 2015-16

**निष्कर्ष -** रीवा सम्भाग विकासोन्मुख सम्भाग है, मध्यप्रदेश के नक्शे में रीवा सम्भाग महत्वपूर्ण स्थान रखता है। रीवा सम्भाग के वन, जल एवं खनिज सम्पदा, औद्योगीकरण को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। यही कारण है कि रीवा सम्भाग में जल (बाधों, नदियों, झरनों) एवं कोयला खनिज सम्पदा से बड़ी मात्रा में बिजली बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई तथा सम्भाग का समुचित विकास करने हेतु आवश्यकता अनुसार विद्युत उत्पादन एवं समुचित वितरण का कार्य भी महत्वपूर्ण ढंग से सम्पादित किया जाने लगा, सम्भाग के दो बड़े बाँध बाणसागर एवं रिहन्द में बड़ी मात्रा में जल संग्रह किया जाकर नहरों के माध्यम से पानी प्रवाहित किया जाता है। जहाँ टर्बाईनों के माध्यम से बिजली तैयार की जाती है तथा नहरों का पानी खेतों में पहुँचाया जाकर सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए किसानों को विद्युत की आवश्यकता पड़ती है। छोटे बड़े कल-कारखानों के संचालन के लिए विद्युत की आवश्यकता होती है तथा लोगों का जीवन स्तर सुखमय बनाने के लिए घरेलू उपयोग में विद्युत आवश्यक होती है। पेय जल व्यवस्था एवं औद्योगिक मशीनों के संचालन के लिए बाँधों से जल आपूर्ति की जाती है। तात्पर्य यह है कि रीवा सम्भाग में विद्युत उत्पादन के साथ-साथ वितरण व्यवस्था का भी समुचित प्रबन्धन आवश्यक है। रीवा सम्भाग में जल विद्युत एवं ताप विद्युत दोनों प्रकार का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जाता है। सिंगरौली क्षेत्र में उत्पादित विद्युत का विपरण पड़ोसी राज्यों में किया जाता है। इसके अलावा गैर परम्परागत विद्युत ऊर्जा हेतु सौर ऊर्जा का संयंत्र एशिया का सबसे बड़ा 750 मेगावॉट का सौर ऊर्जा केन्द्र रीवा जिले के गुढ़ बघवार पहाड़ी में स्थापित किया गया है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :-**

1. रीवा दर्शन - डॉ. एस. अखिलेश
2. विद्युत ब्रह्मेति - सम्पादक एस.के. जैन, एस.के. शुक्ला, 2004
3. विद्युत ब्रह्मेति - सम्पादक बृजेन्द्र सिंह, एस.के. शुक्ला, 2007
4. विद्युत ब्रह्मेति - सम्पादक डी.के. सोनी, एस.के. जैन, एस.के. शुक्ला, 2003
5. विद्युत ब्रह्मेति - सम्पादक एस.के. शुक्ला, आर.के. चोपड़ा, 2010
6. बाणसागर टोन्स, हायड्रल प्रोजेक्ट - मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल
7. विद्युत ब्रह्मेति - सम्पादक एस.के. गर्ग, एस.के. शुक्ला
8. प्रमुख विद्युत समंक - मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल की पत्रिका

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# हरिऔध के काव्य में मानवीय आदर्श : प्रियप्रवास' का संदर्भ'

**डॉ. रंजना मिश्रा** *

* प्राध्यापक, शासकीय कला एवं वाणिज्य 'अग्रणी' महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** खड़ी बोली हिन्दी काव्य में पं. श्रीधर पाठक के उपरांत हरिऔध जी को ही खड़ी बोली में सरस एवं मधुर रचनायें प्रस्तुत करने का श्रेय दिया जाता है। उनकी कविता को पढ़कर पहली बार पाठकों को लगा कि खड़ी बोली काव्य भाषा के लिए पूर्णत: उपयुक्त भाषा है। हरिऔध जी की प्रारंभिक रचनायें 'रसकलश', 'श्रीकृष्ण शतक', 'कबीर कुण्डल' आदि ब्रजभाषा में लिखी गईं। उनके खड़ी बोली में रचित दो प्रमुख काव्य–ग्रंथ विशेष उल्लेखनीय हैं – प्रियप्रवास और वैदेही वनवास। हरिऔध जी की काव्य रचना का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों और दुर्बलताओं पर व्यंग्य और आक्रोश व्यक्त करना और जाति सेवा, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और साहित्य सेवा की भावना प्रसारित करना है। भारतीय संस्कृति के प्रबल आख्यान के साथ ही हरिऔध जी आदर्श एवं नैतिकता के प्रबल पक्षधर थे।

'प्रियप्रवास' आधुनिक काल का खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है जिसमें श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों के माध्यम से लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त करने का प्रयास अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जी ने किया है। इसमें वर्तमान युग की आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूप में परिवर्तन कर दिया गया। 'प्रियप्रवास' में हरिऔध जी का मूल उद्देश्य तत्कालीन युग में चलने वाले सुधारवादी आन्दोलनों को ध्यान में रखकर विश्वप्रेम, मानवता प्रेम, परोपकार और लोकसेवा है। इस ग्रंथ की महत्ता इस बात में निहित है कि कवि ने धार्मिक संकीर्णता को त्यागकर विश्वबंधुत्व, परदुखकातरता, निर्बलों की रक्षा उदारता एवं सहिष्णुता के भाव जाग्रत किये। हरिऔध जी ऐसी क्रांति के समर्थक हैं, जिसमें कई बार अत्याचारी को दण्ड देने के लिए हिंसा भी करनी पड़ती है।

मैथिलीशरण गुप्त कृत 'साकेत' और अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' कृत 'प्रियप्रवास' उस काल के खड़ी बोली हिन्दी के प्रमुख महाकाव्य थे। हिन्दी कविता को रीतिकालीन अश्लील श्रृंगार से मुक्त करके जड़ता से प्रगति और रूढ़िवादिता से स्वच्छंदता की ओर उन्मुख करने का श्रेय द्विवेदीयुगीन साहित्यकारों को जाता है। 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक के रूप में महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी कविता की दिशा बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। एक ओर उन्होंने हिन्दी गद्य को परिष्कृत और परिमार्जित किया तो दूसरी ओर भाषा की व्याकरणिक त्रुटियों को दूर कर खड़ी बोली हिन्दी में मौलिक रचना करने के लिए तत्कालीन साहित्यकारों को अभिप्रेरित किया। वाक्यगठन के दोषों का परिचय कराते हुए हिन्दी गद्य में विराम चिन्हों का सूत्रपात कराया। खड़ी बोली हिन्दी द्विवेदी युग में ही काव्यभाषा के पद पर प्रतिष्ठित हुई। महावीर प्रसाद द्विवेदी के इसी जागरण सुधार काल में अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' नवजागरण और नवीन चेतना लेकर साहित्य जगत में उतरे। मैथिलीशरण गुप्त जैसे साहित्यकारों ने आचार्य महावीर प्रसाद को गुरु तुल्य माना और उनके प्रति इन शब्दों में सम्मान व्यक्त किया –

'करते तुलसीदास भी कैसे मानस नाद।
महावीर का यदि उन्हें मिलता नहीं प्रसाद।।'

तत्कालीन युग के समस्त कवियों ने राष्ट्रीयता, स्वदेशाभिमान, समाजसुधार, आदर्शवाद और नैतिकता आदि भावों को अपने काव्य में प्रधानता दी।

हरिऔध जी ने 'प्रियप्रवास' में अपने युग का सजीव चित्र प्रस्तुत किया है। राधा–कृष्ण के परम्परागत व्यक्तित्वों में परिवर्तन युग की मान्यताओं के कारण ही किये गये हैं। लोकसेवा, धार्मिक सहिष्णुता, परदुखकातरता, विश्वबंधुत्व, मानवतावाद के जो उत्कृष्ट भाव उनकी काव्यरचनाओं में निहित हैं, वे युगीन मान्यताओं के अनुरूप हैं। 'प्रियप्रवास' मूलत: वियोग श्रृंगार का ग्रंथ है। 'प्रियप्रवास' में राधा का विरह हिन्दी साहित्य का अनूठा विरह–वर्णन है। चतुर्थ सर्ग में राधा को जब कृष्ण के मथुरा गमन का समाचार मिलता है तो वह सोचती है कि प्रिय से बिछुड़कर अब मेरे प्राण कैसे रह पायेंगे? उसे अपना समस्त जीवन उजड़ा–सा प्रतीत होता है। कृष्ण को पाने के लिए उसने व्रत उपवास किये हैं, गौरीपूजन किया है, देवी–देवताओं की विधिपूर्वक पूजा उपासना की है किन्तु अब उसे आशंका होने लगी है कि पता नहीं कृष्ण उसे पति–रूप में प्राप्त होंगे या नहीं। षष्ठम् सर्ग में राधा पवन को अपना दूत बनाकर प्रियतम श्रीकृष्ण के पास मथुरा भेजती है और उससे अनुरोध करती है कि तू मेरे प्रियतम की चरणधूल ला दे। मैं उसी को लगाकर अपने हृदय को शांत कर लूँगी।

– 'पूरी होवें न यदि तुझसे अन्य बातें हमारी।
तो तू मेरी विनय इतनी मान ले औ चली जा।।
छू के प्यारे कमल पग को प्यार के साथ आ जा।
जी जाऊँगी हृदय तल में, मैं तुझी को लगा के।।'

'प्रियप्रवास' महाकाव्य में श्रीकृष्ण के चरित्र को मानवीय रूप देकर कवि अपने नायक को स्वदेश की रक्षा में तत्पर तथा सेवा, प्रेम एवं जगतकल्याण में रत् दिखाता है। आधुनिक मानव के हृदय में मानवता का संचार करना तथा उच्च कोटि के मानवीय आदर्श समाज में स्थापित करना ही इस महाकाव्य का केन्द्र बिन्दु है। 'प्रियप्रवास' पर हरिऔध जी को 'मंगलाप्रसाद' पारितोषिक भी प्राप्त हुआ, जो युगीन मान्यताओं के आवृत्ता में इसकी महत्ता सिद्ध करता है।

'प्रियप्रवास' मूलत: वियोग श्रृंगार का ग्रंथ है लेकिन साथ ही वियोग

वात्सल्य का भी मार्मिक चित्रण इसमें मिलता है। महाकाव्य के प्रथम सर्ग में संध्यावर्णन है, द्वितीय सर्ग में गोकुलवासियों की कृष्ण के आसक्त विरह से उत्पन्न व्यथा की अभिव्यक्ति है, तृतीय सर्ग में नंद की व्याकुलता एवं यशोदा की कृष्ण की कुशलता के लिए की गई मनौतियों का चित्रण है, चतुर्थ सर्ग में राधा के सौंदर्य का चित्रण है, पंचम् सर्ग एवं षष्ठम् सर्ग में गोकुलवासियों के विरह का निरूपण है, साथ ही राधा और यशोदा की व्यथा की मार्मिक अभिव्यक्ति है। सप्तम् सर्ग में नन्द के मथुरा से लौटने पर यशोदा के पुत्र विषयक प्रश्नों का मार्मिक वर्णन है। अष्ठम् सर्ग में गोकुलवासियों को कृष्ण के साथ बीते दिनों की याद करते दिखाया गया है। नवम् सर्ग में कृष्ण गोकुल की स्मृतियों में खोये हैं। दसवें एवं ग्यारहवें सर्ग में उद्धव प्रसंग है, वे गोकुलवासियों को सांत्वना देते हैं, ज्ञान का उपदेश देते हैं। द्वादश सर्ग में श्रीकृष्ण का लोकोपकारक जननायक के रूप में चित्रण है। तेरहवें एवं चौदहवें सर्ग में गोपी-उद्धव संवाद है। पंद्रहवें सर्ग में कृष्ण वियोग में व्यथित गोपियों की दशा का चित्रण है तथा सोलहवें सर्ग में राधा-उद्धव संवाद है। अंतिम सत्रहवें सर्ग में हरिऔध जी ने निष्कर्ष रूप में अपने विचारों को प्रस्तुत किया है कि विश्व प्रेम व्यक्तिगत प्रेम से अधिक महत्तवपूर्ण है। इस महाकाव्य के सत्रह सर्गों में श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं यथा मथुरागमन, यशोदा का पुत्र प्रेम, राधा और गोपियों की विरह व्यथा, पवनदूती प्रसंग, उद्धव-गोपी संवाद, पूतना, वकासुर एवं जरासंध-वध का वर्णन मिलता है। 'प्रियप्रवास' में कृष्ण को भगवान न मानकर एक महापुरुष, लोकसेवक और जननायक माना है। वे मानवता के अनन्य पुजारी हैं, अन्याय दमन में तत्पर हैं तथा मातृभूमि और अपने देश के प्रति अगाध प्रेम रखते हैं। विरह व्यथित ब्रजवासियों ने श्रीकृष्ण का गुणगान करते हुए उन घटनाओं का वर्णन भी किया है जो कृष्ण ने मथुरा जाने से पूर्व गोकुल में सम्पन्न की थी। यशोदा-विलाप, पवनदूती प्रसंग एवं राधा-उद्धव संवाद अत्यंत मार्मिक स्थल हैं।

'प्रियप्रवास' के सोलहवें सर्ग में राधा के उज्ज्वल, सात्विक एवं दिव्य विरह का निरूपण हरिऔध जी ने किया है। राधा भी अपने परम्परागत रूप में न होकर आधुनिक मानव-मूल्यों से समन्वित है। वह केवल आँसू बहाने वाली विरहणी मात्र नहीं है बल्कि कर्त्तव्यपरायण, परदुखकातर लोकसेविका है। वह नंद-यशोदा और समस्त ब्रजवासियों को धैर्य बँधाती है तथा दीन-हीन रोगी जनों की सेवा में लगी रहती है। वह अंतर्मन से यही चाहती है कि कृष्ण भले ही मथुरा से वापिस न आयें लेकिन लोकहित में संलग्न रहें। 'प्रियप्रवास' की यह नायिका विलासप्रिय नहीं है बल्कि सात्विकता, मानवतावादी प्रवृत्ति, कर्त्तव्यनिष्ठा एवं विश्वबंधुत्व की भावना से ओतप्रोत है। चतुर्थ सर्ग में वर्णित है कि कृष्ण के मथुरागमन का समाचार पाकर राधा अत्यंत व्यथित होती है, उसे अपना सम्पूर्ण जीवन उजाड़-सा लगने लगता है लेकिन षष्ठम् सर्ग में जब वह पवन को अपना दूत बनाकर कृष्ण के पास भेजती है तो यही अनुरोध करती हैं कि रास्ते में जाते समय यदि तुझे रोगी मिले या श्रांत पथिक मिले तो तेरा कर्त्तव्य अपने शीतल स्पर्श से उसे सुख पहुँचाना है। यहाँ थकी हारी कृषकबाला की थकान को दूर करने का अनुरोध भी वह पवन से करती है। कृष्ण से विलग होकर राधा के व्यक्तित्व में सेवा, उदारता, करुणा, विश्वप्रेम जैसे भाव समाविष्ट हो गये हैं और वह इन उदात्तगुणों से सम्पन्न होकर मानवी से देवी बन जाती है। वह सोचती है कि जब मेरे प्रिय श्रीकृष्ण ने लोकहित का व्रत लिया है तो मुझे भी उसी मार्ग का अनुसरण करना चाहिये इसीलिए वह दीन-दुखियों एवं अनाथों की सेवा करते हुए आजीवन कौमार्य व्रत धारण करके लोकसेवा को ही अपने जीवन का ध्येय बना लेती है। 'प्रियप्रवास' की राधा हिन्दी काव्य की अन्य विरहणियों यथा पद्मावत् की नागमती, भ्रमरगीत की राधा, यशोधरा और साकेत की उर्मिला से नितांत भिन्न है क्योंकि परोपकार और लोकहित ही उसके जीवन का चरम लक्ष्य है। वियोग की गहरी पीड़ा को ऐसा उज्ज्वल परिवर्तित स्वरूप कोई विरला कवि ही दे सकता है नि:सन्देह 'प्रियप्रवास' की राधा हरिऔध जी की अनुपम सृष्टि है। उसका त्याग और आदर्श उसे जन-जन का प्रिय बना देता है।

'प्रियप्रवास' में नंद का चरित्र अत्यंत उदात्त दिखाया गया है। वे सबके सम्मानीय एवं श्रृद्धा के पात्र हैं। उनका हृदय वात्सल्य का अथाह सागर है। पुत्र वियोग से व्याकुल यशोदा को समझाते हुए वे एक आदर्श पति के रूप में उन्हें समझाते हैं। पुत्र की मंगल कामना के साथ समस्त जीवों की रक्षा उनके जीवन का अभिन्न अंग है। यशोदा मातृत्व की विमल विभूति है। उन्हें पुत्र के बिना सम्पूर्ण प्रकृति उदासी और शोक बढ़ाने वाली प्रतीत होती है- 'समय था सुनसान निशीथ का, अटल भूतल में तम राज्य था/प्रलयकाल समान प्रसुप्त हो, प्रकृति निश्चल नीरव शान्त था।' यशोदा के करुण हृदय की पुकार वियोग वात्सल्य का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है।

'हरिऔध' जी की काव्य रचना बृजभाषा के छन्दों से प्रारंभ हुई किन्तु कालान्तर में वे खड़ीबोली के समर्थ कवि के रूप में प्रसिद्ध हुए। बृजभाषा के अतिरिक्त वे संस्कृत, फारसी, उर्दू, अंग्रेजी, पंजाबी और बंगला के भी अच्छे विद्वान थे। अनेक काव्य संग्रहों (प्रेमप्रपंच, प्रेमाम्बु-वारिधि, काव्योपवन, कृष्ण-शतक, रसिक-रहस्य) के अतिरिक्त खण्ड-काव्य (वैदेही-वनवास), रीतिग्रंथ (रसकलश) उपन्यास (ठेठ हिन्दी का ठाठ, अधखिला फूल) समीक्षात्मक ग्रंथ (हिन्दी भाषा और साहित्य का विकास, कबीर वचनावली की आलोचना) एवं अनूदित साहित्य (विनोद वाटिका, बेनिस का बाँका, कृष्णकांत का दानपत्र) आदि लगभग 45 ग्रंथों की रचना की। इस महान साहित्य-सेवा के उपलक्ष्य में हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने उन्हें 'विद्या वाचस्पति' की उपाधि प्रदान की। 'प्रियप्रवास' राधा और कृष्ण के अलौकिक पावन प्रेम पर आधारित करुण रस प्रधान मार्मिक विरह का महाकाव्य है, जिसमें उच्च कोटि के मानवीय आदर्श स्थापित करना कवि का लक्ष्य है। यह समस्त प्राणियों के हृदय में सौहार्द और सद्भाव का संचार करने के उद्देश्य को लेकर सृजित किया गया। यह सम्पूर्ण काव्य खलनिन्दा एवं सज्जन प्रशंसा से ओतप्रोत है। नि:सन्देह 'प्रियप्रवास' का भावनिरूपण लोकशिक्षा के लिए है।

'प्रियप्रवास' में प्रकृति-चित्रण भी वातावरण निर्माण में सहायक हुआ है। प्रकृति का आलम्बन और उद्दीपन दोनों रूपों में चित्रण महाकाव्य के अनुकूल है। कवि ने गोवर्धन पर्वत की शोभा का वर्णन अथवा रात्रिकालीन वातावरण का भयावह चित्र विषाद, खिन्नता, शोक और उदासी आदि भावों को व्यक्त करने के लिए ही प्रस्तुत किया है।कवि ने लोकशिक्षा के लिए, अलंकार विधान के लिए प्रकृति चित्रण करते हुए प्राय: प्रकृति के समग्र रूपों का निरूपण इस महाकाव्य में किया है। आधुनिक मानव के हृदय में किस प्रकार मानवता का संचार हो तथा उच्च कोटि के मानवीय आदर्श कैसे स्थापित हों, यही प्रयास इस महाकाव्य का महत् उद्देश्य है। विश्वकल्याण, समस्त प्राणियों के हृदय में सौहार्द एवं सद्भाव का संचार हो, प्रेम का प्रसार हो, निष्कर्ष रूप में विश्वबंधुत्व की भावना का संचरण 'प्रियप्रवास' के सृजन के मूल में निहित है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. प्रियप्रवास- अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास- डॉ. नगेन्द्र

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास का अध्ययन

**डॉ. आभा गोयल* रेशमा सेन ****

* प्राध्यापक (गृह विज्ञाान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी(गृह विज्ञाान) अवधेश प्रताप सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** मानव ईश्वर की सबसे महत्वपूर्ण कृति है। आज का बालक ही कल का देश निर्माता है । जब बालक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सुदृढ़ होगा तभी वह भविश्य का जिम्मेदार नागरिक होगा। वर्तमान समय में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण एक ज्वलंत एवं संवेदनशील समस्या है । जिसके कारण प्रत्येक वर्ष कई बच्चे काल के गाल में समा जाते हैं एवं वो अपना दूसरा जन्म दिवस भी नहीं मना पाते हैं क्योंकि जिन बच्चों में कुपोषण होता है। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता सामान्य बच्चों की तुलना में बहुत कम होती है तथा ऐसे बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हैं जिससे उनका शारीरिक विकास प्रभावित होता है तथा उसके साथ ही साथ सभी विकास प्रभावित होते हैं एवं ऐसे बच्चे अपने उम्र के सामान्य बच्चों से सभी विकासात्मक कार्यो में पीछे हो जाते हैं ।

किसी भी स्वस्थ्य राष्ट्र के निर्माण के लिए वहां के शिशुओं का स्वस्थ जन्म एवं पालन-पोषण होना अत्यन्त आवश्यक होता है बच्चे स्वस्थ होगें तभी उनके सारे विकास सही समय एवं उम्र में होंगे एवं वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ होंगे एवं अपने आगामी जीवन में अपने दायित्वों का निर्वहन देश के विकास में कर सकेंगे ।

**शब्द कुंजी –** पोषण पुर्नवास केन्द्र, बच्चे, शारीरिक, बौद्धिक विकास।

**प्रस्तावना –** मानव ईश्वर की सबसे महत्वपूर्ण कृति हैं। आज का बालक ही कल का भविश्य हैं। जब बालक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सुदृढ़ होगा तभी वह भविष्य का जिम्मेदार भारत का नागरिक होगा। जब बालक जन्म लेता है तो वह दूसरें के ऊपर निर्भर रहता हैं। उसका 6 माह तक का पोषण आहार उसके मॉ के ऊपर निर्भर रहता हैं। अर्थात 6 माह तक केवल बच्चों कों स्तनपान कराया जाता हैं एवं 6 माह के बाद उसे संपूरक आहार खिलाना शुरू किया जाता हैं क्योकि 6 माह के बाद केवल मॉ के दूध से बच्चों की ऊर्जा की आवश्यकता पूरी नहीं होती हैं अत: संपूरक आहार खिलाया जाता हैं। जिससे उसका विकास निरंतर होता रहें। यह तो सामान्य प्रक्रिया है लेकिन हमारे दे में 0 से 5 वर्ष के बच्चों की स्थिति भयावह है ।

**कुपोषण क्या हैं –** कुपोषण एक सामान्य शब्द हैं जो असंतुलित या अपर्याप्त आहार के कारण चिकित्सीय स्थितियों में प्रयोग किया जाता हैं। अधिकांशत: ये अपर्याप्त आहार,खराब अवशोषण या पोषक तत्वों के अत्यधिक क्षरण सें उत्पन्न अल्प पोषण को प्रदर्शित करता हैं। बार-बार संक्रमित बीमारियों के होने के कारण भी कुपोषण की स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं। कुपोषण के कारण मृत्युदर का खतरा बढता हैं।

यद्यपि यह प्रत्यक्ष रूप से मृत्यु का कारण बहुत कम ही होता हैं किन्तु 2001 सें विकासशील देों में 54 प्रतिशत मृत्यु कुपोषण के कारण हुई हैं। उसमें प्रत्यक्ष रूप सें प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण के कारण मृत्यु पाई गई थी। कुपोषण विश्व की एक ज्वलंत समस्या हैं, इसे दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलायें जा रहें हैं जिसमें करोडो रूपए सरकार इसे दूर करने के लिए खर्च कर रहीं हैं। महिला बाल विकास के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम इससे सम्बंधित चलायें जाते हैं।

**कुपोषण के प्रकार –** कुपोषण तीन प्रकार के होते हैं अर्थात इसे तीन प्रकार के मानकों द्वारा पहचाना जा सकता हैं।

**1) कम वजन –** बच्चा कम वजन का तब माना जाता हैं जब उसका लिंग और उम्र के अनुसार मानकवजन की तुलना में कम हैं। कम वजन या तो हाल ही के कुपोषण या दीर्घकालीन कुपोषण या दोनों के प्रभावों के परिणामस्वरूप हो सकता हैं। अत: स्टंटिग एवं वेस्टिंग नापने का यह एक संयुक्त तरीका हैं। इसका प्रयोग प्राय: जनसॅख्या की पोषण स्थिति को निर्धारित करने के लिए किया जाता हैं क्योकि वजन को नापना आसान हैं।

कम वजन को दो वर्गो में विभाजित किया जा सकता हैं-माध्यम कम वजन तथा अति कम वजन।

**2) वेस्टिंग (दुबलापन) –** एक दुबला बच्चा वह हैं जिसका वजन उसकी लंबाई के अनुसार उसकी लंबाई एवं लिंग के मानक की तुलना में कम हैं। दुबलापन वर्तमान कुपोषण के परिणाम स्वरूप वजन में वृद्धि की कमी या वास्तविक वजन के घटने से होता हैं। एक दुबला बच्चा कमजोर तथा पतला दिखता हैं तथा उसके शरीर से धीरे-धीरे वसा तथा मॉसपेशियां नष्ट होती जाती हैं इसका कारण हैं अपर्याप्त आहार लेना, अनुचित खान पान, व्यवहार, बीमारी संक्रमण या सभी।

**3) स्टंटिग (ठिगनापन)–** एक ठिगना बच्चा वह हैं जिसकी उम्र के अनुसार लंबाई उसकी उम्र के एवं लिंग के अनुसार मानक लंबाई की तुलना में कम होती हैं। स्टंटिग धीमी वृद्धि का सूचक हैं जिसका कारण हैं लंबे समय सें अपर्याप्त आहार मिलना या बार-बार संक्रमण से ग्रसित होना। यह लंबे समय से वृद्धि विफलता का सूचक हैं। प्राय: स्टंटिग का परिणाम विलम्ब से मानसिक विकास, पढाई में पिछडना एवं बौद्धिक छमता में कमी के रूप में दिखता हैं।

**बच्चों में कुपोषण की स्थिति-(भारत और मध्यप्रदेश)**

मध्य प्रदेश में SAM का प्रतिशत NFHS (National Family Health Serve) के अनुसार 2015-16 में 9.2 हैं। भारत में बच्चों के गंभीर कुपोषण (SAM)का उच्च स्तर (6.4%) हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में SAM की संख्या 81 लाख हैं। एन.एफ.एच.एस-3 के अनुसार मध्य प्रदेशश में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में (50 प्रतिशत) आधे बच्चों का ठिगना कद हैं जिससे यह संकेत मिलता हैं की ये बच्चें लंबे समय से कुपोषण का शिकार हैं 35 प्रतिशत बच्चे अपनी लंबाई के अनुसार दुबले या पतले थे जबकि 60 प्रतिशत बच्चे कम वजन वाले थें।

**कुपोषण के कारण –** कुपोषण चिकित्सीय समस्या के साथ-साथ सामाजिक समस्या भी हैं जिसके विभिन्न कारण हैं। कम आहार लेने या पोषक तत्वों के कम अवशोषण के कारण कुपोषण होता हैं। कुपोषित बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती हैं और ऐसे बच्चों के संक्रमित होने की सम्भावना अधिक होती हैं। संक्रमण से बच्चे की पोषक स्थिति में गिरावट आती हैं और वह गंभीर कुपोषित हो जाता हैं इस प्रकार एक दुष्चक्र चलता रहता हैं उपरोक्त परिस्थिति में एक बच्चा स्वस्थ वृद्धि स्वस्थ वृद्धि के लिए पर्याप्त कैलोरी,प्रोटीन एवं विभिन्न पोषक तत्वों से वंचित रह जाता हैं जिसका परिणाम कुपोषण होता हैं।

जोखिम वाले कारक जैसें जन्म के समय कम वजन भोजन की कमी और स्तनपान कराना तथा आहार देने के अनुउपयुक्त तरिकों के कारण बच्चों की कुपोषित होने की संभावना होती हैं। वास्तव में कुपोषण तथा संक्रमण एक साथ होता हैं।

कुपोषण के कारण बच्चे की रोगों से लड़ने की क्षमता घट जाती हैं और संक्रमण का खतरा बढ जाता हैं संक्रमण के कारण बच्चे की भूख तथा खाने की इच्छा कम हो जाती हैं पोषक तत्वों की आवश्यकता बढ जाती हैं या पोषक तत्वों का अवशोषण कम होता हैं जिसके कारण कुपोषण और गंभीर हो जाता हैं इस प्रकार बच्चा एक दूश्चक्र में फस जाता हैं।

कुपोषण पर कई कारणों का प्रभाव पडता हैं। जो पोषण स्थिति कों विभिन्न स्तरों पर प्रभावित करते हैं ये तत्कालीक कारण हैं अपर्याप्त आहार तथा बीमारियां जो व्यक्ति के स्वास्थ को प्रभावित करती हैं अपर्याप्त आहार लेने आहार में विविधता की कमी कम अवशोषण या पोषक तत्वों के अत्यधिक क्षरण तथा बार-बार बीमारी के संक्रमण के कारण कुपोषण होता हैं।

अप्रत्यक्ष कारण वे कारण हैं जो परिवार या समुदाएं को प्रभावित करते हैं अलग-अलग परिवारों तथा समुदायों में यह कारण भिन्न-भिन्न प्रकार के होते हैं इन्हे हम तीन वर्गो में बांट सकते हैं आहार की कम उपलब्धता, माताओं तथा बच्चों की अपर्याप्त देखभाल तथा अपर्याप्त स्वास्थ सेवाएं एवं प्रदूषित वातावरण ये एक दूसरें से संबधित हैं ओर एक क्षेत्र पर प्रभाव डालने वाली क्रिया दूसरे क्षेत्र पर विशिष्ट प्रभाव डालती हैं।

मूल कारण वे कारण हैं जो पूरे समाज पर प्रभाव डालते हैं किन्तु समाज के अंदर विभिन्न समूहों पर इनका कम या अधिक प्रभाव पडता हैं इसकें अंतर्गत आर्थिक कारक जैसे भोजय पदार्थो के मूल वृद्धि राजनैतिक कारण जैसे गरीबी समाज में निम्न स्थान तथा सामाजिक बहिष्कार वैचारिक कारक जैसे संस्कृति धर्म तथा परांम्परागत आदतें आदि।

**पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC)-** पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना मध्य प्रदेश में 2008 में की गई जिससे बच्चों के कुपोषण को दूर किया जा सकें। मध्य प्रदेशश में वर्तमान में कुल 315 पोषण पुनर्वास संचालित हैं जिसमें प्रदेश के सभी 51 जिलों सहित सभी विकासखडों में पोषण पुनर्वास केन्द्र स्थापित किये गए हैं **NRC** को स्वास्थ विभाग के माध्यम सें संचालित किया जा रहा हैं। इसमें ऐसे बच्चों को चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जाती हैं जो की अति कुपोषण रहते हैं।

**NRC** में कुपोषण बच्चों को 14 दिन के लिए भर्ती किया जाता हैं तथा जरूरत पडने पर इस अवधि को 21 दिनों के लिए भी बढाया जा सकता हैं। पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों को चिकित्सकीय आहार खिलाया जाता हैं एवं उनके संक्रमण को दूर किया जाता हैं।

**Interdisciplinary Relevance :** प्रस्तावित शोध विषय सामाजिक विज्ञान,मनोविज्ञान एवं मानव विकास से सम्बन्धित है।

**Review Of The Work Already Done In The FieldNFHS (National Family Health Servey ) 2015-16** सभी की रिपोर्ट अनुसार मध्यप्रदेश में 9.2% बच्चें कुपोषित हैं।

**Alessandra (2012) -** के अनुसार Arm का Anthropometry पोषण स्तर कों नापने के लिए किया जाता हैं। कुपोषण के साथ ही विभिन्न प्रकार की बिमारियों को diagnose किया गया हैं जो कि clinical outcome से संबधित थी तथा इसके माध्यम से होने वाली अन्य समस्याओं की भी जानकारी प्राप्त हुई।

**Bhoite and Layer (2011)**- के अनुसार में यह पाया गया कि कम वजन का स्तर cdc 2000 के अनुसार 71.3% था जबकि WHO 2007 के Standard के अनुसार 67.8% था लम्बे समय से चले आ रहें कुपोषण अर्थात Stunting का स्तर 33% था जिसका Consumption MDM में 52.8% था तथा एक स्कूल में 63.6% था MDM का Consumption सबसे ज्यादा दिसम्बर (66.6%) और जनवरी में (61.7%) था। साप्ताहिक Consumption बच्चों की पसन्द और नापसंद के ऊपर 58% से 74% था। निरंतर निगरानी के बाद यह पाया गया कि स्कूल जाने वाले बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार पाया गया।

**Joshiet at (2011) -** में 786 बच्चों का अध्ययन किया जिसमें उन्होने पाया कि 26% बच्चे Under Nourished थें और 13% Student तथा 12% Wasted थें। और केवल 1% दोनों Student ओर Wasted थें।

वर्तमान के अध्ययन सें यह पता चलता हैं कि इसका प्रमुख कारण माता का अशिक्षित होना, व्यवसाय, आहार की जानकारी न होना तथा मासिक आय बहुत कम होना आदि हैं जो बच्चे के पोषण स्तर को प्रभावित करता हैं ये सभी पोषण स्तर कों प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं।

**Narlechede et al (2011)** - ने अपने अध्ययन में पाया कि 52.23% बच्चे विभिन्न Grade के कुपोषण सें ग्रसित थें। 32.18% बच्चे ग्रेड 3 0.5% बच्चे ग्रेड 2 के थें। 2-3 तीन वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन 842.6 Kcal की आवश्यकता होती हैं तथा 3-4 वर्ष के लिए 956.12 Kcal की एवं 4-5 वर्ष के बच्चों का 1096.24 Kcal की आवश्यकता होती हैं। पोषण पुर्नवास केन्द्रों के माध्यम से समुदाय के अति कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाता हैं तथा उनकी ऊर्जा की आवश्यकता के अनुसार आहार प्रदान किया जाता हैं।

**Shaili (2011) :-** के अनुसार (41.20%) माताओं के बच्चें कम वजन वाले पाये गए जो अशिक्षित थे। (92.20%) माताएं ग्रहणी थी और बेरोजगारी थी जहां अधिकतर बच्चे (88.46%) बच्चे कम वजन के थे।

तथा जिनकी माताओं ने मजदरी की और ग्रहणी थी उनके बच्चों में कम वजन की स्थिति (54.22%) थी।

**Sudha Gandhi (2011)-** की रिपोर्ट के अनुसार भारत जैसे विकासशील ढो में पोषण जनित बीमारी में एनीमिया प्रमुख हैं जो मुख्यत: महिलओं एवं बच्चों में पाई जाती हैं। यह प्रमुख रूप सें गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं में पाया जाता हैं।

**Fernandez (2010) -** के कर्व के अनुसार Muac की नाप उसके Sensitivity और Specificity को Identify करता हैं। who standard की विभिन्न Muac की cutoff value हैं जो कि NCHS की standard value की तरह ही हैं Muac Sensitivity और Specificity का मापन उम्र के ऊपर निर्भर करता हैं।

**Suman and Premananda (2010**)- के अध्ययन के अनुसार जो बच्चें जंगलों के पास रहते हैं उनमें कम वजन की समस्या गॉवों और शहरों में रहने वालों की तुलना में 33.87%, 24.62% तथा 20.16% ज्यादा पाई जाती हैं। जंगलों के पास रहने वालों में मलेरिया की षिकायत पाई गई तथा आर्थिक स्थिति गांवों की एवं शहर में रहने वालों की आदतें भी कम वजन एवं Stunting सें संबधित होता हैं। इसकों कम करने के लिए आवश्यक हैं कि उनको आर्थिक स्थिति को सुधारा जाएं तथा मलेरिया की जांच के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाएं।

**शोध के उद्देश्य** :

1. कुपोषित बच्चों के शारीरिक विकास का अध्ययन करना।
2. कुपोषित बच्चों के बौद्धिक विकास का अध्ययन करना।
3. कुपोषण के कारण जीवन मे पडनें वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
4. कुपोषण कों दूर करनें के उपायों का अध्ययन करना।
5. कुपोषण को दूर करने मे पोषण पुर्नवास केन्द्रों की भूमिका का अध्ययन।
6. अभिभावक को कुपोषण के दुष्परिणामों सें अवगत कराने बावत्।

**शोध परिकल्पनाएँ :**

1. कुपोषण के कारण बच्चों का शारीरिक विकास अवरूद्ध हो जाता है वह अपने उम्र के बच्चों की तुलना में पीछे रह जाता है।
2. कुपोषण के कारण बच्चों का बौद्धिक विकास अवरूद्ध हो जाता है
3. कुपोषण के कारण बच्चों के सभी विकास देर से होते है।
4. कुपोषित बच्चे में मृत्यु का खतरा स्वस्थ बच्चों की तुलना में ज्यादा पाया जाता है।
5. कुपोषित बच्चों में संक्रमण होने की संभावना ज्यादा रहती है।
6. पोषण पुर्नवास केन्द्र कुपोषण को खत्म करने में बहुत अहम भूमिका निभा रहा है।

**Tools :**

1. Electronic weight machine (वजन के लिये)
2. MUAC (Mid Upper Arm Circumference ) Tape (बाह नापने के लिये)
3. Digital Camera
4. Infrantometer (लम्बाई नापने के लिये)

**शोध प्रविधि –** किसी भी शोध कार्य को उद्देश्यहीन एवं ज्ञानरहित नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए कुछ निश्चित कारकों से प्रेरित होकर ही शोध कार्य के लिए प्रेरणा मिलती है एवं उसके ऊपर कार्य किया जाता है। वर्तमान में शोध या अनुसंधान का अत्याधिक महत्व है क्योंकि किसी भी क्षेत्र से सम्बन्धित तथ्यों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण एवं सत्यापन अनुसंधान के द्वारा ही किया जा सकता है।

शोध कार्य में सम्बन्धित विषय के वास्तविक एवं विश्वसनीय आंकड़ों को प्राप्त करने के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों को एकत्र कर पूर्ण किया जाता है; प्राथमिक आंकड़े स्वंय कार्य स्थल पर जाकर मूल स्त्रोतों एवं साक्षात्कार अनुसूची द्वारा एकत्र किये गये हैं। जबकि द्वितीयक आंकड़े पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास से सम्बन्धित विभिन्न प्रकाशित, अप्रकाशित पुस्तकों ? शोध पत्र, पत्रिकाओं, समाचार पत्रों आदि से एकत्र कर प्रयोग किये गये हैं।

**अध्ययन क्षेत्र –** प्रस्तुत अध्ययन सतना शहर के संबंध में हैं जिसकी कुल जनसंख्या, जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 22,28,619 है। जिसमें से पुरूष 1156734 एवं महिलाएं 10,71,885 है एवं 1000 पुरूषों के अनुपात में 926 महिलाएं है। जिसमें बच्चियों का अनुपात 1000 में 913 है। शोधार्थी द्वारा अध्ययन क्षेत्र में जाकर अनुसूची व साक्षात्कार विधियों के माध्यम से आंकड़े एकत्रित किये गये हैं जिसमें शोधार्थी द्वारा 200 बच्चों को लेकर शोध कार्य पूरा किया गया।

**आंकड़ों का वर्गीकरण और सारणीयन–** अनुसंधानकर्ता द्वारा तथ्यों को प्राप्त करने के बाद संकलित तथ्यों को सारणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

**विश्लेषण एवं व्याख्या :–**प्रस्तुत अध्ययन में जनसंख्या के अंतर्गत आने वाले सतना जिले के समस्त पोषण पुर्नवास केन्द्रो में भर्ती बच्चों का चयन किया गया है।

**तालिका क्रमांक 1.1 : पोषण पुर्नवास केन्द्र**

| क्रं. | चयनित केन्द्र का नाम | विस्तरों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सतना जिला अस्पताल | 20 |
| 2 | सिविल अस्पताल मैहर जिला सतना | 10 |
| 3 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नागौद | 10 |
| 4 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर | 10 |
| 5 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उचेहरा | 10 |
| 6 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपाटन | 10 |
| 7 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी | 10 |
| 8 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां | 10 |
| 9 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामुर बाघेलान | 10 |
| | कुल संख्या | 100 |

उक्त सारणी सतना जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य के कार्यालय से मिली रिपोर्ट अनुसार है।

**तालिका क्रमांक 1.2 :** पोषण पुर्नवास केन्द्रों के चयनित बच्चों की संख्या

| क्रं. | चयनित केन्द्र का नाम | बालक | बलिका |
|---|---|---|---|
| 1 | सतना जिला अस्पताल | 20 | 20 |
| 2 | सिविल अस्पताल मैहर जिला सतना | 10 | 10 |
| 3 | पोषण पुर्नवास केन्द्र नागौद | 10 | 10 |
| 4 | पोषण पुर्नवास केन्द्र रामनगर | 10 | 10 |
| 5 | पोषण पुर्नवास केन्द्र उचेहरा | 10 | 10 |
| 6 | पोषण पुर्नवास केन्द्र अमरपाटन | 10 | 10 |
| 7 | पोषण पुर्नवास केन्द्र कोठी | 10 | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | पोषण पुर्नवास केन्द्र मझगवां | 10 | 10 |
| 9 | पोषण पुर्नवास केन्द्र रामुर बाघेलान | 10 | 10 |
| | कुल संख्या | 100 | 100 |

जिले की समस्त 9 एनआरसी से बच्चों का चयन किया गया जिसमें 100 बालक एवं 100 बालिकाओं का चयन किया गया; जिसमें अध्ययन में पाया गया कि 70 प्रतिशत लड़कियों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास सामान्य बच्चों की तुलना में ज्यादा प्रभावित है। तथा उनके सभी विकास उनके उम्र से देर से शुरू हुआ इसी प्रकार बालकों में 55 प्रतिशत में विकास प्रभावित पाया गया एवं सभी विकास देर से शुरू हुए।

**तालिका क्रमांक 1.3 : पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास**

| | संख्या | मध्यमान | प्रमाणित विचलन | टी मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| शारीरिक विकास | 100 | 98.78 | 1.78 | 15.76 |
| बौद्धिक विकास | 100 | 95.86 | 1.03 | |




**निष्कर्ष :**

1. समस्त पोषण पुर्नवास केन्द्र से प्राप्त आंकडों से यह सिद्ध हुआ है कि भर्ती बच्चों का शारीरिक विकास सामान्य बच्चों से कम था।
2. पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती बच्चों का सामान्य बच्चों की तुलना में बौद्धिक विकास कम पाया गया।
3. भर्ती बच्चों का सामान्य बच्चों की तुलना में सीखने का स्तर कम पाया गया।
4. पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती बच्चों का 2 माह 15 दिवस तक अवलोकन किया गया जिसमें बच्चों का शारीरिक विकास में बहुत सुधार पाया गया तथा अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य से ही अच्छा मानसिक विकास हो सकता है ;
5. पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कर शिशुओं को स्वास्थ्य प्रदान करना एवं शिशु मृत्युदर को कम करना।

**सुझाव :**

1. माता पिता को पोषण के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों को पोषण की जानकारी देना।
2. शिशुओं को 6 माह तक केवल स्तनपान कराये एवं 6 माह के बाद सम्पूरक आहार शुरू करना तथा कम से कम 2 वर्ष तक स्तनपान कराना।
3. बच्चों को अगर कोई बीमारी हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर इलाज कराना।
4. प्रत्येक माह आंगनवाड़ी केन्द्र में ले जाकर वजन, और ऊँचाई की नाप कराना तथा स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करना।
5. सम्पूरक आहार में घर की बनी खाद्य सामग्री खिलाना एवं बाहर की खाद्य सामग्री का उपयोग न करना।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. United nation international childern's emergency fund (UNICEF), the state of the world's childern, oxford, 2005
2. Bhaskar Rao, "Textbook of communist medicine" 2nd edition paras medical publisher, Hyderabad ,(2006) pg,.no. 510-511
3. United Nations International childern's emargency, new delhi 2004
4. Gopalan.c and kamala jaya rao (1980). In preventation in childhood of health problems in adult life, falkner (ed) Geneva, WHO.
5. Dr. Abha Goyal, Introduction of Human Development.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# जनजातिय दशा सुधार हेतु अधिनियम कानुन व बाधाएँ

**डॉ. के. आर. कुमेकर** *

* सह-प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातक महाविद्यालय, सनावद (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** साक्षरता के आधार पर एक सुदृढ एवं विकसित समाज आकार लेता है। कानूनों की सही जानकारी ही हमें अपने कर्त्तव्य और अधिकारों के प्रति सचेत करती हैं। कानूनी साक्षरता के अभाव में निरक्षर ही नही पढें–लिखे लोग भी कानून की जानकारी के अभाव में अक्सर ठगे जाते है। सामाजिक समरसता और सामाजिक सौहार्द्र से ही एक विकसित समाज के निर्माण का सपना सच हो सकता है। जनजातियों के आर्थिक उन्नयन मात्र से ही बात नही बनेगी। इन जनजातियों को बराबरह का सम्मान देकर पूरे समाज को एक ही धरातल पर लाने से ही सत्ता विकास सम्भव है।
**शब्द कुंजी –** जनजातिय, अधिनियम, कानून।

**प्रस्तावना –** मध्यप्रदेश जो कि भारत का हृदय स्थल के रूप में जाना जाता है। यह राज्य भारत का एक समृद्ध जनजातीय बाहुल क्षेत्र है। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में जनजातीय जनसंख्या 1,53,16,784 है। जो राज्य की कुल जनसंख्या का 20.28 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश में 46 जनजातिया निवासरत हैं जिनमें से गौड जनजाति की संख्या सबसे अधिक इसी राज्य में है। अनुसूचित जनजाती का उल्लेख भारत के संविधान के अनुच्छेद 366 (25) में अनुसूचित जनजाति का उल्लेख उन समुदायों के लिए किया गया है जो संविधान के अनुच्छेद 342 के अनुसार अनुसूचित है।

**जनजाति का अर्थ** - भारत के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे मानव समूह निवास करते है जो आज भी सभ्यता तथा संस्कृति से अपरिचित है। जो सभ्य,समाजों से दूर जंगल, पहाडो तथा पढारी क्षेत्रों मे निवास करते है। इन्ही समूहो को जनजाति ,आदिम समाज, वन्य जाति, आदिवासी आदि नामों से जाना जाता है।

**परिभाषा :**

**डॉ.घुरिये के अनुसार** - भारत में जनजाति पिछडे हुए हिन्दु है।

**रॉल्फ लिंटन के अनुसार** - सरलत रूप में जनजाति ऐसी टोलियों का एक समूह है। जिसका एक सानिध्य वाले भूखण्डो पर अधिकार हो और जिसमें एकता की भावना, संस्कृति में बहन सामान्यत: निरन्तर सम्पर्क तथा कतिपय सामुदायिक हितों में सामानता से उत्पन्न हुई हो।

संविधान में अनुसूचित जातियाँ एवं अनुसूचित जनजातियाँ एवं अन्य कमजोर वर्गों के लिए विशेष तौर पर अथवा नागरिक रूप से उनके अधिकारों को मान्यता देकर उनके शैक्षिक एवं आर्थिक हितों का विकास करने एवं उनकी सामाजिक अयोग्यता को दूर करने हेतु सुरक्षाएँ प्रदान की गई हो, जो निम्नलिखित रूप से इस प्रकार है– अनुच्छेद 15 (1,2) में प्रावधान है कि धर्म, वंश जाति, लिंग अथवा जन्म स्थान के आधार पर दुकानों, सार्वजनिक भोजनालयों, होटलो एवं लोक मनोरंजन के स्थानों में प्रवेष तथा राज्य द्वारा बनाए अथवा आंशिक रूप में सहायता प्राप्त अथवा जनता के प्रयोग हेतु समर्पित कुओं, तालाबों, स्नानघाटों, सड़कों तथा आम जनता के ठहरने के स्थान के प्रयोग के बारे में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नही किया जाएगा। संविधान की धारा 341 के अधीन पिछड़े वर्गों/समुदायों को जो अस्पृश्यता एवं सामाजिक अयोग्यताओं के शिकार थे, उनको अनुसूचित जाति घोषित किया गया। संविधान के लागू होने के पश्चात, भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित जातियों को सूची संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 के अन्तर्गत विज्ञापित किया गया है। अब तक विभिन्न राज्यों एवं संघ, प्रदेशों के लिए अनुसूचित जातियाँ एवं अनुसूचित जनजातियाँ को निर्दिष्ट करते हुए 15 राष्ट्रपति आदेश जारी किए जा चुके हो। अनुसूचित जातियाँ/अनुसूचित जनजातियाँ की वर्तमान सूची में कोई संशोधन संसदीय कानून द्वारा होता है। सरकार ने अनुसूचित जाति अथवा जनजाति की कोई परिभाषा नही दी है। प्राधिकारियों की इच्छानुसार कोई भी जाति अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति बन सकती है। केवल इतना ही नही, समाज शास्त्रियों के परामर्श पर विशुद्धतया राजनीतिक कारणों से कुछेक समुदायों को लाभ प्रदान करने हेतु 'अनुसूचित' कर दिया गया है। स्वयं को अनुसूचित घोषित कराने के लिए अन्तत: हिंसा का सहारा लेना पड़ा।

**अनुच्छेद 16 –** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 के द्वारा राज्य के अधीन नौकरियों में सबको अवसर की समानता देने की बात कही गई है।

**अनुच्छेद 17 –** में छुआछूत को समाप्त करते हुए कहाँ गया है कि यदि अस्पृश्यता या इसके किसी भी रूप का कोई प्रयोग करता है

भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 366(25)** में अनुसूचित जनजातियों को ऐसी आदिवासी जाति या आदिवासी समुदाय या इन आदिवासी समुदाय का भाग या उनके समूह के रूप में, जिन्हें इस संविधान के उद्देश्य के लिए **अनुच्छेद (342)** में अनुसूचित जनजातियाँ माना गया है, तथा भारत के महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा मध्यप्रदेश के लिये जारी अनुसूचित जनजातियों की सूची में संशोधन (1976) में इन्हें 46 समुदाय के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया था। भारत सरकार कि अधिसूचना दिनांक 8 जनवरी 2003 द्वारा मध्यप्रदेश की अनुसूचित जनजातियों की सूची में अंकित क्रमश: कीर, मीना एवं पारधी जनजातियों को सूची से विलोपित किया गया है। इस प्रकार मध्यप्रदेश में कुल 43 अनुसूचित जनजाति समूह अधिसूचित है। भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत भाग अनुसूचित जनजातियों का हैं, और

वहीं मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या का 21.10 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों का हैं। देश में छोटे बडे समूहों में अनेक जनजातियों का अस्तित्व हैं किन्तु उनमें अण्डमानी, बोडो, भील, चकमा, गोण्ड, खासी, नागा, उराव, संथाल, टोडा, डोंगरिया, कोंध, बोण्ड आदि प्रमुख हैं।

**संविधान की पाँचवी अनुसूची** के पैरा 4 के अधीन अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन की व्यवस्था हेतु एक आदिवासी सलाहकार समिति के गठन का प्रावधान किया गया हैं। इस समिति में अधिकतम 20 सदस्य होते हैं, जिनमें से तीन चौथाई अनुसूचित जनजाति के विधानसभा सदस्यों का होना अनिवार्य हैं। भारत के विशाल क्षेत्र में फैली हुई जनजातियों का यहाँ की जनसंख्या में महत्वपूर्ण स्थान हैं। देश के मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक जनजातियाँ हैं। जनजातियों में अनेक प्रजातिय तत्व पाऐ जाते हैं। अत: प्रजातिय तत्व के आधार पर किसी एक जनजाति को यहाँ की मूल जनजाति या मूल निवासी नहीं कहाँ जा सकता।

**जनजातियों के हितों की सुरक्षा के लिये बनाये गये अधिनियमों का विवरण इस प्रकार है:**

1. **मध्यप्रदेश एस.सी. एस.टी. डेब्ट रिलीफ एक्ट ,1967 संशोधन 1972:-** इस एक्ट के तहत कर्ज में डुबे हुये जनजातीय सदस्यों को सहायता पहुचाई जाती है तथा साहूकारों के शोषण से छुटकारा दिलया जाता है।
2. **मध्यप्रदेश डेब्ट रिलीफ एण्ड मोरेटोरियम 1973 एक्ट:-** इस अधिनियम के द्वारा छोटे किसानों ओर भूमिहीन मजदूरों को सुरक्षा दी जाती है तथा शोषकों को दंडित किया जाता है।
3. **एक्ट अगेन्स्ट लैंड असर्पिंग, म.प्र. 1976:-** इस अधिनियम के अंतर्गत भूमि हडपने संबंधी प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही की जा सकती है। यह कृषि से संबंधित कर्जो द्वारा हीने वाले शोषण से मुक्ति प्रदान करता है।
4. **दि एम.पी. अनुसूचित जनजाति साहूकार विनियम, 1976:-** इसअधिनियम के द्वारा साहूकारो की मनमानी पर रोक लग सकी है। इसके तहत साहूकारों को लादसेन्स लेना अनिवार्य है और ये मनमानी ढंग से कर्ज की वसूली नही कर सकते ।
5. **प्रोटेक्शन आफ सिविल राइट्स, 1989:-** इस अधिकनयम के द्वारा जनजातियों के लिए विशेष कोर्ट कचहरियों की व्यवस्था की गई है।
6. **दि मध्यप्रदेश शिड्यूल्ड एरिया फोटोग्राफी रूल्स,1982:-** इस अधिनियम के द्वारा जनजातिय क्षेत्रो में मानवीय गरिमा को धटाने वाली फोटोग्राफी पर रोक लगाा दी गर्ठ है।
7. **दि प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स एक्ट,1955:-** इस अधिनियम के द्वारा नागरिक अधिकारों की सुरक्षा प्रदान की गई है। नियम तोडने वाला दंडित किया जाता है।
8. **मध्यप्रदेश अस्पृश्यता निवारणर्थ अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना नियम:-** इस अधिनियम के द्वारा अस्प्श्यता के निवारण एवं अन्त्र्जातीय विवाहों के वैधानिक सांक्षण में यह अधिनियम महत्वपूर्ण हैं।
9. **मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, आदिवासी राहत योजना नियम, 1979:-** इस अधिनियम के द्वारा कठिनाई में पडे जनजातीय परिवारों को तुरन्त सहायता प्रदान करने संबंधी नियम ।
10. **मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति कानूनी सहायता नियम,1960:-** इसके द्वारा अत्यंत गरीब जनजातीयों को कोर्ट कचहरियों तें न्याय प्रप्त करनें के लिए सुविधाए दी जाती है।
11. **मध्यप्रदेश नागरिक क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति पट्टा धृति अधिकारों का प्रदान किया जाना, एक्ट 1844:-** इसके द्वारा नगरीय क्षेत्रों में जनजातियों की आवास संबंधी कठिनाईयों को हल किया जाता है।
12. **अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछडा वर्ग आयोग अधिनियम, 1983:-** इस अधिनियम के द्वारा के तहत, प्रदेश में एक आयोग की स्थापना की गइ है, जो जनजातियों के हितों की सुरक्षा करता है।
13. **मध्यप्रदेश लोक अधिकारों के माष्यम से बीस सूत्रीय कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन अधिनियम, 1989:-** इस अधिनियम के द्वारा देश के विकास के लिए चलाये जा रहे बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में तेजी लाने का प्रावधान हे, ताकि जनजातीय क्षेत्रों की उन्नति हो सके।
14. **मध्यप्रदेश भूमिस्वामी अधिकारों का प्रदान किया जाना अधिनियम, 1980:-** अधिनियम के द्वारा शासन ने जनजातियों को उनकी भूमि एवं रहवासी मकानों पर स्वामित्व के अधिकार दिलवाये।
15. **मध्यप्रदेश समाज के कमजोर वर्गों के लिए विधिक सहायता तथा विधिक सलाह:-** समाज के कमजोर वर्गो को इस अधिनिम के द्वारा मुफ्त में विधिक सहायता एवं सलाह का प्रावधान है।

**समस्याएँ -** ये सारे कानून एक सीमा तक ही प्रभावी हो सकते है। क्योंकि किसी भी समाज की उन्नति के लिए कानून से अधिक आवश्यकता जागरूकता की होती है। और यह भी स्पष्ट है कि भारत में या यह कहे कि मध्यप्रदेश में जनजातियों के प्रति बहुत ही कम जागरूकता है। साथ ही साथ जनजातियों में जागरूकता की कमी देखी गई है। तमाम सरकारी प्रयासों व योजनाओं के बावजूद देश में मौजुद जनजातिया व्यापक असुरक्षा के साथ जीवन व्यतीत कर रही है। समाजगत समस्याएं भी इसके लिए जिम्मेदार है। उन्हे अपनी पारंपरिक आजीविका के स्त्रोतो से बेदखल होने का भी डर है। साथ ही अपनी जमीन और परिवेश से उजाडे जानें का भी खतरा बना रहता हैं आज वनों की संख्या का व्यापक ह्रास होता जा रहा है। इससे जंगल मे रहने वाली जनजातियों के लिए पूर्नवास की समस्याए बढती जा रही है। खनन कम्पनियों के द्वारा उन्हे विस्थापित किया जा रहा है।

**सुझाव :**

1. आर्थिक पहलुओं के स्तर पर इनसे जुडी समस्याओ को हल करने के लिये आदिवासी परिवारों को कृषि हेतु पर्याप्त भुमि देने तथा स्थापांतरित खेती पर भी रोक लगाने की आवश्यकता है। कृषि के अत्याधुनिक तरीकों से उन्हें अवगत कराना भी एक विकल्प है।
2. जनजातियों की जनजातियों की गरीबी को मिटाने के लिए एक समाजवादी राष्ट्र को समुचित कदम उठाने होगे।
3. जरूरत हैं समय रहते उनकी समस्याओं पर समूचित ध्यान दिये जाने कि जिसमें आदिवासी की शिक्षा, स्वास्थ, पेयजल , बिजली, आवास आदि बुनियादि जरूरतों की पूर्ति ,इमानदार प्रशासनिक व्यवस्था के तहत हो तो हम एक शिक्षित रूवरूथ लोकतांत्रिक समुदाय का निर्माण कर सकतें है।
4. सामाजिक असमापना को शिक्षा के माध्यम से दूर किया जा सकता है।
5. हम शिक्षित जनजातिय युवाओं के बीच करियर काउंसलिंग के तहत राष्ट्रीय रक्षा अकादमी सिविल सेवा जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी देकर इसके एक तरफ उनका सामाजिक स्तर उपर उठेगा तो दूसरी ओर उन विघटनकारी समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा जो उन्हे विद्रोही बनने पर मजबूर करता है।

6. जनजातियों को सूचना का अधिकार प्रदान किया गया है। ताकि वे ग्रामीण स्तर पर भूमि दस्तावेजों से संबंधित सूचनाए प्राप्त कर सके।
7. जनजाति और वनवासी अधिकार विधेयक के अन्मर्गत जनजातियों के भूमि संबधी अधिकारो को बढाया गया है।

**निष्कर्ष –** वर्तमान के मानवीय हस्तक्षेप से प्राकृतिक असंतुलन पैदा हुआ है। वही जनजातियों के अस्तित्व का भी सवाल खडा हुआ है। आज आदिवासी विरोध प्रदर्शन के जरिए अपने हक की लडाई लड रहे है। जबकि सरकारी प्रयासो के सही क्रियान्वयन के अभाव की वजह से उनकी समस्याए और बढी है। जनजातियों के पुर्नवास और उनके समुचित संरक्षण की जिम्मेदारी सरकार के उपर है। एक लोक कल्याणकारी राष्ट्र होने के कारण इसकी यह जिम्मेदारी बनती है। कि प्राचीन सभ्यता के विलुप्त होने के पूर्व उसकी रक्षा के लिए प्रयास करे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. तिवारी डॉ. शिवकुमार एवं शर्मा डॉ. श्रीकमल, मध्यप्रदेश की जनजातियाँ, प्रकाशन मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
2. द्विवेदी डॉ. परेश, जनजातीय क्षेत्र और नियोजित विकास, प्रकाशन बी. के. तनेजा क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी 28, शॉपिंग सेन्टर, करमपुरा, नई दिल्ली।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# कार्यस्थलों पर महिला प्रसाधन व्यवस्था एवं स्वच्छता का अध्ययन (शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों के संदर्भ में)

**डॉ. मनीषा सक्सेना* अदिती जोशी ****

*** अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, डॉ.बी.आर.अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू, इन्दौर (म.प्र.) भारत**
**** शोधार्थी (मानव विकास) डॉ.बी.आर.अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू, इन्दौर (म.प्र.) भारत**

**प्रस्तावना –**किसी भी समाज की प्रगति का आंकलन समाज की महिलाओं के अधिकार ,पोषण स्तर, महिलाओं से संबंधी स्वच्छता, शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के स्तर को आकना से तात्पर्य है, परिवार, समाज के लिए महिलाओं का स्वास्थ होना आवश्यक है, महिलाओं के स्वास्थ्य को देखते हुए 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में महिलाओं की सुरक्षा, स्वच्छता, स्वच्छ पेय जल व्यवस्था, उचित प्रसाधनों की व्यवस्था, प्रसाधनों में स्वच्छता एवं जल व्यवस्था तक की पहुच को मानव अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान की गई है, और विकासशील देशों की महिलाओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल की व्यवस्था, सुलभ किफासतों को संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान करता है।

कार्यस्थलों पर कार्यरत महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं प्रसाधन व्यवस्था को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सतत् विकास लक्ष्य 6.2 प्रतिशत का आह्वान किया गया, जिसका उद्देश्य अस्वच्छता, अस्वच्छ प्रसाधनों से होने वाले रोगों से बचा जा सके।

युनिसेफ की रिर्पोट के अनुसार (2017) विश्व में 500 मिलियन से अधिक महिलाओं के पास प्रसाधन व्यवस्था नहीं है, तात्पर्य विश्व कि 13% महिलाओं गंदे प्रसाधन, प्रसाधनों में जल असुविधा, प्रसाधनों में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं, मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंध में प्रसाधनों का उपयोग करने में महिलाएं असमर्थ पायी गई ,युनिसेफ की रिर्पोट के अनुसार (2017) में 50% भारतीय महिलाओं को स्वच्छ प्रसाधनों की समस्याओं का सामना करना पड़ता, युनिसेफ की रिर्पोट के अनुसार (2018) में 60% महिलाएं कार्यस्थलों पर प्रसाधनों की अव्यवस्था एवं प्रसाधनों में अस्वच्छता की समस्याओं से जुझ रही थी, कार्यस्थलों पर गंदे प्रसाधनों का उपयोग करने के कारण महिलाओं के स्वस्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है जैसे युटीआई (यूरीनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन), स्सिट , हिर्चिंग, बैक्टीरियल या यिस्ट इंफेक्शन या किसी गम्भीर बिमारीयों का होना, इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स आर्गेनाईजेशन एण्ड लाइफ सेवर के अनुसार (2019) कार्यस्थलों पर कार्यरत महिलाओं को गंदे प्रसाधनों के उपयोग से लगभग 57.5% महिलाएं यूरीनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन से ग्रसित थी , यदि महिलाएं इन संक्रमणों के प्रति जागरूकता न होतो यह संक्रमण गम्भीर रूप ले सकती है।

**साहित्य की समीक्षा –**

1. श्रीवास्तव, अजुर्न, 2018, के अध्ययन के अनुसार 'राष्ट्रीय ग्रामीण स्वस्छता' सर्वे क्षण के तहत, महिला प्रसाधनों में 32.1 प्रतिशत असुविधा का आंकड़ा प्राप्त हुई। जिससे महिलाओं को अनेक समस्याएं एवं बीमारीयों का सामना करना पड़ता है।
2. शेखरी, शितल एवं महाजन, कनीका, 2019, शौचालय तक पहुच और महिलाओं की सार्वजनिक सुरक्षा, ने अध्ययन में पाया की 16.5 प्रतिशत महिलाओं को प्रसाधनों का उपयोग करने मे असुरक्षा महसुस करती है, सन् 2000 में 40.1 प्रतिशत ही महिलाओं के पास प्रसाधन की व्यवस्था थी, जो की 2019 में 60.9 प्रतिशत प्रसाधनों की व्यवस्था में इजाफा हुआ।

**उद्देश्य :**

1. कार्यस्थलों पर महिला प्रसाधन की व्यवस्था का अध्ययन।
2. कार्यस्थलों पर महिला प्रसाधन की स्वच्छता से संबंधीत अध्ययन।
3. अस्वच्छ प्रसाधनों के कारण होने वाली बिमारीयों का अध्ययन।

**शोध विधि –** प्रस्तुत शोध में गुणात्मक पद्धति के अंर्तगत उद्देश्यपुर्ण निदर्शन का उपयोग करते हुए शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत कामकाजी महिलाओं पर अध्ययन किया गया। महिलाओं के प्रसाधन संबंधी व्यवस्था का अध्ययन कर शोध उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए विवरणात्मक जानकारी प्रस्तुत की गई।

**अध्ययन का क्षेत्र** –मध्य प्रदेश के इन्दौर जिले को अध्ययन के क्षेत्र हेतु चुना गया।

**अध्ययन का समग्र–** इन्दौर जिलों में स्थिति शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों को अध्ययन का समग्र चुना गया।

**अध्ययन की ईकाई–** शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत महिला कर्मचारी अध्ययन की ईकाई है।

**निदर्शन–** उपरोक्त शोध प्रविधि में मध्य प्रदेश के इन्दौर जिलों में स्थिति शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों को उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति से चुना गया जिसके चार विश्वविद्यालयों (दो शासकीय विश्वविद्यालयों दो अशासकीय विश्वविद्यालयों) में कार्यरत कामकाजी महिलाएँ सम्मिलित है। इस प्रकार कुल 92 जिसमें (46 श.वि.वि, 46 अ.श.विवि) महिलाओं को चयनित किया गया जिसमें कामकाजी महिलाओं से प्राथमिक ऑकड़ों का उद्देश्यानुसार संकलन कर सारणीबद्ध तरीको से शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

अध्ययन से संबंधीत तथ्यों के लिए प्राथमिक तथा द्वितियक तथ्यों का संग्रहण किया गया। जिसमें प्राथमिक तथ्यों के लिए साक्षात्कार अनुसूचि, अवलोकन एवं द्वितियक तथ्यों के लिए पत्रिका, पुस्तके, इंटरनेट आदि का

उपयोग किया गया।

**उद्देश्यानुसार तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण–**

**तालिका 1 (निचे देखे)**

तालिका 1 के अनुसार **शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों** मे कार्यरत महिलाओं को प्रासधन संबंधीत समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे – 17.39% एवं 15.21% प्रसाधनों में अनुचित व्यवस्था, 6.25% एवं 8.69% प्रसाधनों में वस्तुओं की अव्यवस्था, 8.69% एवं 4.34% रोशनदान, 8.69% प्रसाधनों से वस्तुओं का चोरी हो जाना इत्यादी के कारण महिलाएं प्रभावित होती है, 4.43% जहरीले जानवरों का प्रसाधन में आजाना, 8.69% प्रसाधनों में जल की अव्यवस्था, 4.34% सेनेटरी मशीन की कोई व्यवस्था नही जिसके कारण महिलाओं को मासिक धर्म में समस्याओं का भी सामना करना पड़ जाता है, 4.34% एवं 6.25% प्रसाधनों में असुरक्षा (दरवाजे या कुण्ड़ी न होना) जैसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**तालिका 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 2 के प्राप्त ऑकड़ों के अनुसार **शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों** में महिलाएं प्रसाधन अस्वच्छता के कारण महिलाएं प्रसाधन का उपयोग करने में असमर्थ रहती है– 19.56% एवं 30.43% अस्वच्छ प्रसाधन, 23.91% एवं 19.56% कई दिनों तक प्रसाधनों मे अस्वच्छता, 26.08% एवं 23.91% बदबुदार प्रसाधन, 30.43% एवं 26.08% सेनिंटाइजिग की कोई व्यवस्था नहीं पायी गयी।

**तालिका 3 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 3 के प्राप्त ऑकड़ों के अनुसार **शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों** में प्रदुषित प्रसाधनों के कारण महिलाओं का स्वास्थ्य प्रभावित होता है जैसे–यूटिआई की समस्या 10.86% एवं 26.08% हिचिंग की समस्या 6.25% एवं 23.91%, स्सिट की समस्या 4.34% एवं 6.25% जैसे संक्रमणों का महिलाएं सामना करती है।

**निष्कर्ष–** नारी समाज का अभिन्न अंग है, स्वस्थ्य समाज, स्वस्थ्य परीवार एवं मानव जाति कल्याण के लिए नारी का स्वस्थ्य रहना अति आवश्यक है परन्तु अस्वच्छता, प्रदूषित प्रसाधनों के कारण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधीत समस्याओ का सामना करना पड़ जाता है, कामकाजी महिलाओं को प्रति दिन सार्वजनिक प्रसाधनों के उपयोग से महिलाओं को संक्रमण का सामना करना पड़ जाता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. युनिसेफ 2017
2. युनिसेफ 2018
3. डब्लय. एच.ओ. 2018
4. युनिसेफ 2019
5. सिंह, बी. एन.(2010), नारी जगत की स्थिति का परिदृष्य, इटरनेशनल पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली
6. घोलीपरो, ए. (2010), महिला सशक्तिकरण पर प्रभाव, इंटरनेशनल बिजनेस रिसर्च, 3(1)
7. दायपके, माथिया एण्ड रटिल्ट, मिशन (2011), कार्यस्थलों पर प्राप्त सुविधाओं से जुझती महिलाएं, रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली
8. श्रीवास्तव, अजुर्न, 2018, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वस्छता सर्वेक्षण, इंटरनेशनल क्लासिक पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली
9. शेखरी, शितल एवं महाजन, कनीका, 2019, शौचालय तक पहुच और महिलाओं की सार्वजनिक सुरक्षा, शोध लेख, जर्नल आफॅ आक्युपेशन हेल्थ, वा. 2, आई.एस.एस.न.–1314–4398

**तालिका 1 : प्रसाधन में व्यवस्था**

| स्वच्छता एवं प्रसाधन व्यवस्था | शासकीय विश्वविद्यालय | | अशासकीय विश्वविद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| प्रसाधनों की उचित व्यवस्था | 08 | 17.39 | 07 | 15.21 |
| प्रसाधन में वस्तुओं की अनुउचित व्यवस्था | 03 | 6.52 | 04 | 8.69 |
| तौलिया, सौप, डस्टबीन, मग, बाल्टी, हैड़वॉश इत्यादी | 04 | 8.69 | 05 | 10.86 |
| बिजली की व्यवस्था (अप्रकृतिक प्रकाश) | 03 | 6.25 | 06 | 13.04 |
| हवादान या रोशनदान | 04 | 8.69 | 02 | 4.34 |
| महिला एवं पुरूष प्रसाधनों का आस–पास होना | 06 | 13.04 | 03 | 6.25 |
| सेनेटरी मशीन | 01 | 2.17 | 02 | 4.34 |
| प्रसाधनों में जहरीले जानवरों का होना | 02 | 4.34 | 02 | 4.34 |
| प्रसाधनों से वस्तुओं का चोरी हो जाना | 04 | 8.69 | 04 | 8.69 |
| प्रसाधनों में जल अव्यवस्था | 02 | 4.43 | 02 | 4.34 |
| प्रसाधनों में असुरक्षा (टुटे हुए दरवाजें, कुण्ड़ी का न होना ) आदि | 04 | 8.96 | 03 | 6.25 |
| कच्चा प्रसाधन | 02 | 4.34 | 04 | 8.69 |
| अंधेरे में या अलग–थलग प्रसाधन की व्यवस्था | 03 | 6.25 | 02 | 4.34 |
| योग | 46 | 100 | 46 | 100 |

**तालिका 2 : अस्वच्छ प्रसाधन**

| अस्वच्छ प्रसाधन व्यवस्था | शासकीय विश्वविद्यालय | | अशासकीय विश्वविद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| अस्वच्छ प्रसाधन | 09 | 19.56 | 14 | 30.43 |
| कई दिनों तक प्रसाधनों मे अस्वच्छता | 11 | 23.91 | 09 | 19.56 |
| बदबुदार प्रसाधन | 12 | 26.08 | 11 | 23.91 |
| सेनिंटाइजिग की कोई व्यवस्था नहीं | 14 | 30.43 | 12 | 26.08 |
| योग | 46 | 100 | 46 | 100 |

**तालिका 3 : प्रदुषित प्रसाधनों से होने वाली समस्या**

| समस्याएं | शासकीय विश्वविद्यालय | | अशासकीय विश्वविद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| यूटिआई समस्या | 05 | 10.86 | 11 | 26.08 |
| हिचिंग समस्या | 03 | 6.25 | 09 | 23.91 |
| रिसट समस्या | 02 | 4.34 | 03 | 6.25 |
| बैक्टीरियल समस्या | 11 | 26.08 | 02 | 4.34 |
| अस्वच्छता के कारण गम्भीर समस्या | 10 | 21.73 | 06 | 13.04 |
| मासिक धर्म में होने वाली समस्या | 09 | 23.91 | 10 | 21.73 |
| अन्य संक्रमण | 06 | 13.04 | 05 | 10.86 |
| योग | 46 | 100 | 46 | 100 |

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# लोकतांत्रिक सहभागिता सामाजिक परिवर्तन एवं महिला सशक्तिकरण

**डॉ. शकरी चौहान** *

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, श्योपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** लोकतांत्रिक सहभागिता मैं जनता की ऐसी भूमिका को इंगित करती है जिसमें वह राजनैतिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों और पक्षों में संचेतन रीति से अपनी भूमिका का निर्वाह करती है। तथा अपना योगदान देती है इस प्रकार राजनीतिक सहभागिता के विविध आयाम है दृष्टांत अभिमुखीकरण, राजनीतिक प्रश्न के संबंधों में जिज्ञासा, स्पष्ट दृष्टिकोण का अभिकल्पन राजनीतिक दलों की गतिविधियों भागीदारी, मतदान एवं निर्वाचन में भागीदारी, आदि।

सहभागिता की प्रकृति बहुमुखी होती है और साथ ही बहुस्तरीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता की सहभागिता अनेक बार केवल औपचारिक और अभ्यासी मात्र हो जाती है, अर्थात,जनता का कोई भाग, ही अनायास ही राजनीतिक प्रक्रिया के किसी एक पक्ष में भागीदारी हो जाते हैं, किंतु न तो यह भागीदारी तो सुविचारित अथवा योजना बुद्ध होती है, और न ही यह भागीदारी उससे समबद्ध व्यवस्थागत कारकों द्वारा निर्धारित और प्रभावित होती है। स्वाभाविक रूप से ऐसी 'अचेतन' और 'यांत्रिक' भागीदारी राजनैतिक सहभागिता का वास्तविक समरूप नहीं मानी जा सकती है। राजनीतिक सहभागिता एक सचेतन' प्रक्रिया के रूप में समझी जा सकती है,जिसमें सहभागी, राजनैतिक प्रक्रिया के चरण विशेष में अपनी सक्रियता की मान्यता, उद्देश्यों और प्रभावों के प्रति जानकारी रखते विकल्पों का विवेक समंत चयन करता है। इस प्रकार वास्तविक और सार्थक सहभागिता लोक प्रशिक्षण की अनिवार्यता को रेखांकित करती है।

लोकतंत्र में जनता की सहभागिता तभी सार्थक जनता हो सकती है जबकि जनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया के औपचारिक चरणों निर्धारण करें। दूसरे शब्दों में,मतदान में भाग लेने वाली एक मतदाता कीमत देने की क्रिया मात्र को राजनैतिक सहभागिता नहीं माना जा सकता। किंतु यदि वह मत देना मतदान के मुद्दों, व उद्देश्यों व विकल्पों की सटीक पहचान एवं विचारधारा गत चयन तथा अपने सु निर्धारित दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति को अभी प्रेरित कर रहा है तो उसे राजनैतिक प्रक्रिया का वास्तविक सहभागी माना जा सकता है।

**प्रस्तावना –** वर्तमान समय में महिलाएं लोकतंत्र में अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदर्शित कर रही है। संसद और विधान मंडलों में महिला प्रतिनिधियों की संख्या और विभिन्न गतिविधियों में उनकी सहभागिता, राज्यपाल, मंत्री, मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक के रूप में उनकी भूमिका से स्पष्ट है कि देश में महिलाओं में राजनैतिक चेतना दिनों –दिन बढ़ती जा रही है। अब तक हुए विभिन्न चुनावों से भी ऐसा ज्ञात होता है कि महिलाओं में वोट को स्वतंत्र रूप से उपयोग करने की प्रवृत्ति भी बढी है। भारतीय महिलाओं ने राज्यपालों, कैबिनेट स्तर के मंत्रियों और राजदूतों के रूप में भी यश प्राप्त किया है। आज महिलाओं की राजनैतिक चेतना एवं लोकतांत्रिक सहभागिता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई हैं। आज शिक्षा, उद्योगीकरण एवं नवीन विचारधारा के प्रभाव के समाजिक, आर्थिक क्षेत्र में भी महिलाओं की परिस्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव दृष्टिकोण हो रहे हैं। महिलाओं में शैक्षिक विकास की परिणाम स्वरुप उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। आर्थिक स्वालंबन से महिलाओं के आत्मविश्वास, कार्यक्षमता और मानसिक स्तर में भी प्रगति हुई है, आज समाज के हर क्षेत्र में महिला कर्मचारियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है ।आज महिलाओं की सामाजिक जागरूकता में भी वृद्धि हुई है। अब वे आडम्बर युक्त सामाजिक प्रथाओ को बेकार समझने लगी है, रूढ़ियों के प्रति महिलाओं की उदासीनता बढ़ रही है, और वे नवीन विचारधाराओं का समर्थन करने लगी है। परिवार में भी महिलाओं की परम्परागत पारिवारिक परिस्थिति में भी बदलाव आया है। आज महिला पुरुष की दासी नहीं बल्कि उसकी सहयोगी और मित्र के रुप में है, परिवार में उसकी स्थिति वाचिका की न होकर एक प्रबंधक की है। स्पष्ट है कि वर्तमान में महिलाओं के सामाजिक आर्थिक, स्थिति में परिवर्तन के साथ–साथ लोकतांत्रिक सहभागिता में भी तीव्र गति से वृद्धि हो रही है यमहत्वपूर्ण बात यह है कि और वर्तमान समय में महिलाओं की परिस्थिति से संबंधित पुरानी मान्यताओं में शिथिलता आई है।

भारतीय समाज में नारी की स्थिति से उतार–चढ़ाव से परिपूर्ण आ रही है। उसकी स्वतंत्रता,आत्मनिर्भरता, स्वयं से पूर्ण ईकाई के अस्तित्व को पुरुष संचालित समाज ने निरंतर अवहेलना की दृष्टि से देखा है। स्वयं नारी भी अज्ञानता का शिकार रही है यउसे हमेशा ही शोषण, पुरुष की अधीनता , दासता और अत्याचार सहना पड़ा है। स्वतंत्र एवं स्वच्छता वातावरण में जीने का अवसर उसे कम ही मिलता रहा है।कहने को तो महिलाओं के सम्मान और उनकी प्रशंसा मैं यहां तक कह दिया गया कि 'यंत्र नार्यस्तु पूज्यते रमते तत्र देवता' किंतु व्यवहार में उन्हें अत्याचारों और अपेक्षा का ही सामना

करना पड़ा है, उन्हें सदियों से अबला कह कर घर की चहारदीवारी में ही कैद रखा गया है ,भले ही सदृष्टि, समाज और देश के विकास में महिलाओं और पुरुषों का सम्मान योगदान रहा हैं।

**उद्देश्य–** इस शोध आलेख के निम्नलिखित उद्देश्य है :

1. वर्तमान में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों में हुए परिवर्तन से अवगत कराना ।
2. महिलाओं मैं तीव्र गति से बढ़ती हुई राजनैतिक चेतना एवं लोकतांत्रिक सहभागिता उल्लेख करना।
3. निर्णय लेने की प्रक्रिया का इस रूप विकेंद्रीकरण की और निर्णय से प्रभावित होने वाले लोगों तक नीति निर्धारण किया जा सके।

**शोध पद्धति–** प्रस्तुत शोध आलेख विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है। शोधकर्ता द्धारा अवलोकन एवं दितीयक स्त्रोतों के माध्यम से संकलित तथ्यों के आधार पर विषय का विश्लेषण किया गया है ।

वर्तमान और इतिहास का अवलोकन करने पर अब यह स्पष्ट हो रहा है कि 21वीं सदी में समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। पश्चात्य प्रभाव एवं शिक्षा के प्रचार–प्रसार के परिणाम स्वरूप, समाज में विशेषत: महिलाओं में गत शताब्दी से कुछ जागरूकता आई है। आज नारी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही है, और उसकी आत्मा निर्भरता बढ़ती जा रही है। सरकार द्धारा भी महिलाओं की शिक्षा दीक्षा एवं उन्हें विविध सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ–साथ उनके लिए हितकारी कानून भी बनाए गए हैं। जिसके कारण आज महिलाओं की स्थिति और पूर्ण सामाजिक व्यवस्थाओं के सभी क्षेत्रों में स्पष्टतया परिवर्तन हो रहे है।

**आर्थिक विकास–** स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा उद्योगी करण, नवीन विचारधारा के प्रभाव के कारण महिलाओं की पुरुषों पर आर्थिक निर्भरता लगातार कम होती जा रही है। स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले निम्न वर्ग और उच्च वर्ग की महिलाओं द्धारा किसी प्रकार की आर्थिक क्रिया करना अनैतिक रूप से देखा जाता था स्वतंत्रता के प्रति पश्चात बड़ी संख्या में मध्य वर्ग की महिलाओं ने शिक्षा प्राप्त करके आर्थिक क्षेत्रो और अर्थोपार्जन के लिए कदम बढ़ाना शुरू कर दिया। वर्तमान में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, समाज कल्याण, मनोरंजन विभिन्न उद्योगों और कार्यालयों में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। व्यक्तिगत प्रतिषठानो और औदयोगिक केंद्रों में महिला कर्मचारियों की मांग निरंतर बढ़ रही है। पर भारतीय महिलाओं के मनोवृति में अमूल चूल परिवर्तन न हो सकने के कारण वे शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में काम करने को विशेष प्राथमिकता देती है।

महिला में आर्थिक आत्म निर्भरता में वृद्धि होने के कारण उनके आत्मविश्वास, कार्य क्षमता और मानसिक स्तर में इतनी प्रगति हुई है, कि उनके व्यक्तिगत जीवन की तुलना उस महिला से किसी प्रकार नहीं की जा सकती। जो आज से कुछ ही वर्ष पहले तक संसार की संपूर्ण लज्जा को अपने घुघट मैं समेटे हुए पुरुष के शोषण के साये मैं अपना जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य थी।

**सामाजिक विकास–** वर्तमान में महिलाओं की सामाजिक जागरूकता में वृदधि हई है। अब पर्दा प्रथा को बेकार समझने लगी है और घर के चहारदीवारी से बाहर खुली हवा में सांस ले रही है। आजकल की स्त्रियों के विचारों और दृष्टिकोण में इतना अधिक परिवर्तन आ चुका है कि अब वे अंतजातीय विवाह, प्रेम विवाह ,आज विलंब विवाह को अच्छा समझने लगी है। आज की विलंब विवाह महिलाओं में निरंतर लोकप्रिय होता जा रहा है। जातिय नियमों और रूढ़ियों के प्रति महिलाओं की उदासीनता बराबर बढ़ रही है। अब वे रूढ़ीवादी सामाजिक बंधनों से मुक्त होने के लिए प्रयत्नशील है। आज अनेक स्त्रियां महिलाओं के संगठनों और क्लबो की सदस्य है। कई तो समाज कल्याण कार्य में लगी हुई हैं। आज परिवार में महिलाओं की स्थिति की दृष्टि में भी कॉफी परिवर्तन आ गया है द्यआज महिला पुरुष की दासी नहीं बल्कि उसकी सहयोगी और मित्र है परिवार में उसकी स्थिति वाचिका की न होकर प्रबंधक की है।अशिक्षित महिला संयुक्त परिवार के बंधनों से मुक्त होकर एकांकी परिवार की स्थापना कर स्वतंत्र जीवन व्यतीत करना और पारिवारिक मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहती है। अब बच्चों की शिक्षा, परिवार की आय का उपयोग,पारिवारिक अनुष्टानों की व्यवस्था पारिवारिक योजनाओं के रूप के निर्धारण में महिलाओं का महत्व निरंतर बढ़ता जा रहा है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि आज की नई पीढ़ी स्वयं ही महिलाओं को उनके पारिवारिक अधिकार देने के पक्ष में है, और यदि किसी कारण उन्हें इन अधिकारों से वंचित रखा गया तो आने वाले समय में वे अपने अधिकारों को अपनी स्वयं की शक्ति भी प्राप्त कर आज महिलाओं में सामाजिक चेतना तीव्र गति से बढ़ रही है।

**राजनैतिक चेतना में वृद्धि–** राजनैतिक क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति जिस तेज गति से ऊची उठने लगी है, वह वास्तव में एक अश्चर्य की बात है। कुछ समय पहले राजनैतिक क्षेत्र में लाभ के लिए उचित नहीं समझा जाता था। भारत उन देशों में शामिल है जहां स्वतंत्रता के बाद महिलाओं के मताधिकार प्राप्त था। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने और स्वतंत्रता पश्चात भारतीय संविधान द्धारा महिलाओं को आरक्षण एवं अनेक सुविधाएं प्रदान करने के बाद भी यहां महिलाओं की संसदीय भागीदारी के साथ–साथ चुनावो में कम हिस्सेदारी देखी जाती है। सन 1657 के चुनावो में महिलाओं के लिए 41 स्थान आरक्षित होने पर केवल 10 महिलाओं ने ही चुनाव लड़ा जबकि 1667 मैं महिलाओं चुनाव के लिए खड़ी हुई, और उनमें से 165 चुनाव भी जीत गई।1677 के चुनाव बाद राज्यसभा और लोकसभा में महिला सदस्य की संख्या 42 थी जबकि 1680 के आम चुनाव के बाद यह संख्या बढ़कर 45 हो गई।

वर्ष 1650 से 2010 तक के लोकसभा चुनाव व परिणामों के संदर्भ में महिलाओं ने अपनी भागीदारी को प्रदर्शित किया है 1650 के लोकसभा चुनाव में जहां 22 महिला उम्मीदवार विजय हुई, वही 2004 के लोकसभा चुनाव में 45 और राज्यसभा में 14 महिला उम्मीदवार चुनी गई। 2004 के डॉ. मनमोहन सिंह मंत्रिमंडल में शपथ लेने वाली मंत्रियों में 7 महिलाओं को स्थान प्राप्त हुआ।

पंद्रहवीं लोकसभा मैं संसद में प्रवेश करने वाली महिलाओं की संख्या 50 से अधिक हो गई पंद्रहवीं लोकसभा की बड़ी बात यह है कि भारतीय इतिहास में पहली बार एक महिला को लोकसभा अध्यक्षय बनने का मौका मिला। यह अप्रत्याशित की 15वीं लोकसभा मैं उपेक्षित महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढा है। लगभग 58 महिलाएं लोकसभा पहुंची थी, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा था। वर्तमान समय में विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकायों के चुनावो में महिलाओं का प्रतिनिधित्व शुभ संकेत देता है 2006 का चुनावी साल नारी शक्ति के नाम रहा। इस सत्र पर गौर करें तो देश की राष्ट्रपति पद पर महिला, लोकसभा अध्यक्ष के पद पर महिला, सत्तारूढ़ दल की अध्यक्षा महिला, विपक्षी दल में भी प्रमुख पद पर महिला सुषमा स्वराज)आसीन रही । स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है की वर्तमान

समय में महिलाएं लोकतंत्र के प्रति अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदर्शित कर रही है। संसद और विधान मंडलों में महिला प्रतिनिधियों की संख्या और विभिन्न गतिविधियों में उनकी सहभागिता राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री और यहां तक प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक के रूप में उनकी भूमिका से स्पष्ट है कि देश में महिला में राजनैतिक चेतन दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। देश में अब तक हुए विभिन्न चुनाव से भी ऐसा ज्ञात होता है कि महिलाओं में वोट का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। भी भारतीय महिलाओं ने राज्यपालों कैबिनेट स्तर के मंत्रियों और राजदूतों के रूप में यश प्राप्त किया है। स्पष्ट है कि पिछले कुछ वर्षों में महिला के राजनीतिक चेतना में अप्रत्यक्ष वृद्धि हुई है।

16 वी लोकसभा सदस्य 2014 के आम चुनाव के बाद चुने गए हैं जो कि 7 अप्रैल 2014 से 12 मई 2014 के मध्यम चरण में संपूर्ण हुए थे वे चुनाव भारतीय चुनाव आयोग द्वारा कराये गए। परिणाम 16 मई 2014 को आये। भारतीय जनता पार्टी जोकी राजग का हिस्सा है।

543 सीट के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 282 सीट जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के 15 प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली द्य भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को महज 44 सीटों से संतोष करना पड़ा। इस लोकसभा का पहला सत्र 4 जून से 11 जुलाई 2014 के मध्यम हुआ 16वीं लोकसभा विपक्ष का नेता कोई नहीं होगा क्योंकि भारतीय संसद के नियमानुसार, इस पद को पाने के लिए किसी दल के पास कम से कम लोकसभा के कुल सदस्य का 10% सदस्य होना आवश्यक है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पास वर्तमान में 44 सीटें हैं जबकि ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडगम के पास 37 सीट है 16 वी लोकसभा के अध्यक्ष सुमित्रा महाजन 16 वी लोकसभा चुनाव परिणाम एवं मतदाता वयवहार, 543 सीट के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 282 सीट जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गुड बंधन को फिर से 336 सीट प्राप्त हुई है। 16वी लोकसभा चुनाव वर्ष 2014 के परिणाम में सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक बन गया एक निर्णय एक नेता ने के रूप में नरेंद्र मोदी की बढ़ती हुई लोकप्रियता ने कांग्रेस विरोधी लहर को और तीव् कर दिया। मीडिया 16 वी लोकसभा चुनाव में मीडिया को अपने सर्वक्षेष्ठ स्तर पर उपयोग किया गया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने प्रचार अभियान को अजमा दिया और भारत के युवाओं को आकर्षित करने में सफल रहा है।
17 वी लोकसभा के विजयी उम्मीदवारों में महिलाओं की कुछ संख्या 78 है। महिला सांसदों की अब तक कि इस सर्वाधिक भागीदारी के साथ ही नई लोकसभा में महिला सांसदों की कुल सदस्य संख्या का 17% हो जायेगा महिला सांसदों की सबसे कम संख्या 1वीं लोकसभा में 28 थी। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा की 542 सीटों के लिए शुक्रवार को घोषित पुणे परिणाम के आधार पर सर्वाधिक 40 महिला उम्मीदवार बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीती है। वहीं कांग्रेस के टिकट पर सिर्फ पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने महिला उम्मीदवार के रूप में रायबरेली से जीत दर्ज की है।

**सुझाव**– महिलाओं की शिक्षा के प्रति अपेक्षा और भेदभाव को एक दिन में ही नहीं बदला जा सकता, लेकिन नागरिक समाज के सहयोग से सरकार की देशभर में शिक्षा स्तर को उंचा उठाने के लिए बड़ी सावधानी पूर्वक बनायी गयी योजनाओं से स्त्रियों का सशक्तिकरण अवश्य हो सकेगा। इसके लिए महिला शिक्षा में आ रही विभिन्न बाधाओं को दूर करना होगा। महिलाओं को शैक्षिक रूपसे और मजबूत करना होगा। शिक्षा में लैंगिक भेदभाव को दूर करना चाहिए। तथा बेटे और बेटी की शिक्षा में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए महिला शिक्षा के लिए स्कूलों घर से भौगोलिक दूर का काम किया जाना चाहिए। जनता में महिला शिक्षा,के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्थानीय समाज सुधारको तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की प्रभावशाली भूमिका हो सकती है।

इसलिए उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। सरकार को महिला शिक्षा, पर विशेष ध्यान देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक विकास कार्यक्रमों को उच्च प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाना चाहिए।

**निष्कर्ष** – स्पष्ट है कि वर्तमान समय में महिलाओं की सामाजिक,आर्थिक, राजनैतिक स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। वर्तमान में महिला शिक्षा का प्रसार, औद्योगिकरण, नवीन विचारधाराओं के प्रभाव के कारण महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। अनेक सामाजिक अधिनियमों एवं महिलाओं के प्रति समाज के दृष्टिकोण में हुए परिवर्तन के कारण उन्हें अनेक योग्यता एवं सामाजिक कुरीतियां से छुटकारा मिला है। आज महिलाओं को अपने विकास हेतु कॉफी सुविधाएं प्राप्त है। परिणाम स्वरूप आज महिला शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, आर्थिक, आत्मनिर्भरता में वृद्धि, राजनैतिक चेतना में वृद्धि, सामाजिक जागरूकता में वृद्धि । पारिवारिक क्षेत्र में अधिकारों की प्राप्ति हुई है। आज विभिन्न क्षेत्रों में महिला की परिस्थिति में अप्रत्याशित रूप से हुए परिवर्तन को देखा जा सकता है। समाज में महिलाओं का स्थान पुरुष के समान ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज महिला अबला नारी के रूप में सुदृढ़ होकर पुरुषों से कदम से कदम मिलाने को प्रयासरत है और उपयुक्त अधन से तो कि निष्कर्ष निकलता है कि जैसे-जैसे महिलाओं का शिक्षा की ओर रुझान बढ़ा है अर्थात वे शिक्षित हुई है,वैसे-वैसे वे सभी सामाजिक,आर्थिक, राजनीति क्षेत्र में भी सदृढ़ हुई तथा आत्मनिर्भर बनी है ।अत: महिला और पुरुषों दोनों रथ के पहियों के समान है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अगस्त 2017 को पूरा लेखित अभी गमन 28 अगस्त 2017
2. शर्मा डॉ. कविता 2012 स्त्री विकास की व्यथा से रूपरेखा समता
3. प्रकाशन बजरंग नागररूरा कानपुर देहांत उत्तर प्रदेश 222 223
4. सिंह, डॉ. सीमा,(2010)पचायती राज और महिला सशक्तीकरण,वि विद्या विहार नई दिल्ली
5. डॉ. राजकुमार। 2006) महिला एवं विकास अर्जुन पब्लिक हाउस , 348/6 शास्त्री नगर मेरठ (यूपी) प. 56, 58.
6. शर्मा ,डॉ.पूर्णिमा (2015) भारत में नारी सशक्तिकरण का व्यवहारिक स्वरूप, विकास प्रकाशन, कानपुरप 36, 40, 41, 42
7. प्रसाद अवध - गांव में सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तन प्रकाशन, इंदौर
8. गुप्ता, एम.एल. एवं शर्मा, डी.डी. 2015) समाजशास्त्र शाक्प भवन पब्लिकेशन आगरा उत्तर प्रदेश, प.121122
9. A-20,102 इंद्रप्रस्थ टावर,(बतरा सिनेमा के पीछे) कामशियल, कंपलेक्स डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली 11001
10. श्रीवास्तव, सुधा रानी(1999) 'भारत में महिलाओं की वैधानिक स्थिति' कॉमनवेल्थ पब्लिकेशन नई दिल्ली।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण एक अध्ययन (सतना जिले के संदर्भ में)

**डॉ. पूनम शर्मा** *

* अतिथि विद्वान (समाज शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, जैतपुर, जिला शहडोल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने, बीमारियो की रोकथाम तथा स्वस्थ्य व सुरक्षित प्रसव के लिये अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है। इसके बाद भी किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना मे महिलाओं को कुपोषण का अधिक सामना करना पड़ता है। जिससे थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

महिला स्वास्थ्य मे गिरावट का मुख्य कारण गरीबी है क्यो कि हमारे यहां धन कुछ लोगों के हांथे मे ही सीमित है। भुखमरी और अच्छा भोजन न पाने के अनेक कारण है। जैसे :- कृषि भूमि का न होना, व्यवसायिक फसलों का अधिक उत्पादन, जमीन का बंटवारा, वर्षा की अनियमितता और पुरुष प्रधानता लेकिन इसमे सबसे प्रमुख स्थान गरीबी का है जिसका प्रभाव महिलाओं मे ही देखने को मिलता है क्यो कि जब हमारे यहां बच्चे और पुरुष भोजन कर लेते है तो जो बचा भोजन होता है उसी से अपना पेट भरती है। इसीलिये कुपोषण और अन्य बीमारियों का प्रभाव महिलाओं मे अधिक देखने को मिलता है लेकिन कुछ बातों का पालन करके कम पैसों मे भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते है पौष्टिक भोजन करके अपनी शक्ति को बढ़ा सकती है और जब व्यक्ति भोजन से तृप्त होता है तभी उसको अपने परिवार और समुदाय का ध्यान आता है और परिवर्तन के लिये आगे बढ़ाता है।

**मुख्य खाद्य प्रदार्थ और सहायक खाद्य पदार्थ –** भारत के लोग अपने भोजन मे सस्ते खाद्य पदार्थो का उपयोग करते है जिसका मुख्य कारण गरीबी है जिन क्षेत्रो मे ये निवास करते है उन जगहो पर आसानी से गेंहू, चावल, मक्का, बाजरा मिल जाता है जिससे दैनिक आवश्यकता तो पूरी हो जाती है लेकिन इसके साथ व्यक्ति को स्वस्थ्य रहने के लिये आयरन, कैल्शियम, वसा, प्रोटीन और विभिन्न प्रकार के खनिज पदार्थो की आवश्यकता होती है जिससे शरीर स्वस्थ्य रहता है।

एक महिला को स्वस्थ्य और कुपोषण रहित होने के लिये इन सभी पदार्थो की पर्याप्त आवश्यकता होती है इनके अभाव मे तरह-तरह की बीमारियां जन्म लेती है। लौह तत्व, फोलिक एसिड, कैल्शियम, आयोडीन, विटामिन आदि ऐसे पदार्थ है जिनकी पूर्ति हम साधारण तरीके से भी कर सकते है। लेकिन अज्ञानता के कारण हम पीछे रह जाते है।

**अच्छा पोषण और स्वास्थ्य के सुझाव –** स्वस्थ्य रहने के लिये पोषण का सही ध्यान रखना आवश्यक है जिसके सुझाव इस प्रकार है जैसे :- हरे - पत्तेदार सब्जियों का अधिक उपयोग, मूली, टमाटर, गाजर, खीरा जैसी कच्ची सब्जियों का प्रतिदिन उपयोग, इडली, खिचड़ी, दलिया का अधिक उपयोग और अंकुरित दालें पोषण के मुख्य स्त्रोत है। ध्यान यह रखने की आवश्यकता है कि भोजन निर्माण मे सफाई विशेष योगदान होता है अत: फल और सब्जियो का उपयोग धोकर करना चाहिये अगर पैसा सीमित है तो समझदारी से खर्च करके विटामिन और प्रोटीन, खनिज पदार्थो का हम प्रतिदिन उपयोग कर सकते है प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ जिसमे दाल, सोयाबीन, फलियों और अण्डे तथा मांस को समिल कर सकते है क्योंकि ये सस्ते होने के साथ-साथ पौष्टिक भी अधिक होते है फल व सब्जियों का अधिक उपयोग, दूध व दूध से बने पदार्थ को हम आसानी से प्राप्त कर सकते है।

**खान – पान के बारे मे भ्रांतियाँ –** हमारे भारत देश मे महिलाओं के खान-पान को लेकर कई प्रकार की भ्रांतिया फैली हई है और उन भ्रांतियों का परिवार की वयोबद्धस्त्रियां बड़े नियम से पालन करती है जिसके कारण कभी-कभी महिलाओं की मृत्यु तक हो जाती है।

स्वस्थ्य रहने और संक्रमण तथा खून की कमी और शरीर को मजबूत रखने और बच्चे के विकास के लिये अच्छे खाद्य पदार्थ की आवश्यकता होती है जिसका हमारे यहां अभाव है।

**खराब पोषण से बीमारियाँ –** हमारे यहां पुरुष प्रधान समाज और लड़कों का अधिक महत्व होने के कारण लडकियों के सांथ हर क्षेत्र मे भेदभाव किया जाता है। जिसकी भरपाई वो पूरे जीवन करती है बार-बार बीमार पड़ना और कभी-कभी ऐसी निर्मित हो जाती है जिससे उनकी मौत भी हो जाती है। जैसे :- खून की कमी, त्वचा का सफेद होना, चक्कर आना, बेहोस होना, सांस फूलना, मलेरिया, थकान, थायराइड, भूख न लगना, कमजोरी, शरीर पर सूजन, सुगर, रतौधी आदि बीमारियों के कारण महिलाओं की मृत्यु हो जाती है।

**खाद्य पदार्थो मे मिलावट –** हम अधिकांश खाद्य पदार्थो का उपयोग बाजार से करते है और जब गुणवत्ता की बात हो तब हम कुछ भी लेने को तैयार हो जाते है लेकिन उन खाद्य पदार्थो मे मिलावट के कारण दिन-प्रतिदिन स्वास्थ्य मे गिरावट आती है। अज्ञानता और भण्डारण की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोग अच्छे खाद्य पदार्थो को कम कीमत पर ही बेंच देते है और व्यसपारी साहूकार मिलकर इसमे भरपूर मुनाफा कमाते है। जो कि पूरी तरह अनैतिक होता है। मिलावट के कारण पेट दर्द से लेकर कैंसर तक की बिमारियों का सामना करना पड़ता है। यह शरीर के हर अंग पर अपना प्रभाव दिखाते है जिससे व्यक्ति की मृत्यु मे वृद्धि हो रही है। ये मिलावट किसी भी प्रकार की हो सकती है आज बाजार मे कोई भी ऐसा खाद्य पदार्थ नही है जिसमे मिलावट न हो और हम मजबूर होकर इनको खरीदते है और मौत को दावत देते है।

अत: इस समस्या का समाधान स्वयं उपभोगता कर सकता है और इससे छुटकारा प्राप्त कर सकता है।

**खाद्य पदार्थो मे मिलावट और कानून –** भारत मे खाद्य पदार्थो मे मिलावट को कम करने के लिये या रोकने के लिये कानून बनाया गया है जिससे उपभोक्ताओ के हितों की रक्षा हो सके 'खाद्य पदार्थो मे मिलावट की रोकथाम 1954' मे बनाया गया और 1986 मे इसमे सन्शोधन कर इसको और व्यापक कर दिया गया खाद्य पदार्थो का निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को व्यापक अधिकार प्रदान किये गये और कानूनी कार्यवाही की पूरी छूट दी गई। कुपोषण की समस्या का सामाधान हम साधारण तरीके से भी कर सकते है और सर्वोत्तम तरीके का चुनाव भी कर सकते है जैसे :– फसलों को क्रमश: उगाना, हर मौसम की फसलों का उत्पादन खासतौर पर छिलके वाले पदार्थ।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के सुरक्षित भोजन के नियम –** इस संगठन के अनुसार हम ऐसे खाद्य पदार्थो का चयन करे जो सुरक्षा की दृष्टि से प्रसंस्कृत हो। फल व सब्जियों का सही इस्तेमाल, दूध, दही एवं वसा का अधिक उपयोग, मांस, मछली, चिकन का उपयोग, भोजन पकने के बाद तुरंत उपभोग, भोजन रखने की उचित व्यवस्था, भोजन को दुबारा गरम करना, कच्चे खाद्य पदार्थो का पक्के खाद्य पदार्थो से संपर्क न होना, हांथो को बार–बार धोना, स्वच्छ रसोई घर, मक्खियों, कीड़ों और चूहों से बचाव, स्वच्छ जल का उपयोग आदि के द्वारा हम अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना कर सकते है और कुपोषण की समस्या और महिला स्वास्थ्य को सुधार सकते है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. स्वास्थ्य विभाग सतना
2. आँगनवाड़ी केन्द्र सतना
3. पोषण एवं पुनर्वास केन्द्र सतना
4. आशा कार्यकर्ता सतना
5. शहरी स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतना

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों में तनाव का अध्ययन (रीवा शहर के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. आभा गोयल* साजदा बी ****

* प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (गृहविज्ञान) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शिक्षक शिक्षा प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु होता है। एक आदर्श शिक्षक अपने अपूर्व उत्साह एवं ऊर्जा द्वारा शैक्षिक संस्थाओं को गति प्रदान करता है जिसमें उसका अपना निजी स्वार्थ नहीं होता बल्कि वह राष्ट्र के लिये अच्छे नागरिक तैयार करने में प्रयत्नशील रहता है शिक्षक के बिना आधुनिक युग की सुविधाओं से सुसज्जित संस्थायें उस शरीर के समान हैं जिसमें से आत्मा निकल जाती है और मृत शरीर पडा रहता है जिससे कुछ कार्य नहीं किया जा सकता।

शिक्षक समाज की रीढ़ के समान है जिसके बिना बालक सीधा तो खड़ा रह सकता है परन्तु समाज में पूर्ण प्रतिष्ठित नहीं हो सकता है क्योकि कोरी प्लेट रूपी बालक के ऊपर स्वच्छ अक्षरों में सुस्पष्ट लेखन कार्य एक योग्य शिक्षक ही कर सकता है।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके शिक्षकों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। राष्ट्र की समग्र प्रगति में शिक्षक की भागीदारी सर्वविदित है। वे एक जागरूक समाज के निर्माण में अग्रणी रहते हैं। अत: कोई भी राष्ट्र अपने शिक्षकों के व्यावसायिक उत्थान में पीछे नहीं रह सकता है। एक आदर्श एवं कुशल शिक्षक में मुख्यत: संवेदनशीलता, अध्ययनशीलता, अध्यापन क्षमता, लेखन क्षमता, दिशा निर्देशन की क्षमता, विषय निर्देशन की क्षमता, विषय का सूक्ष्म ज्ञान, चारित्रिक दृढ़ता, शिक्षण में रूचि, शिक्षण कौशलों का ज्ञान तथा सामाजिक दायित्व बोध इत्यादि गुण होने चाहिये।

**शब्द कुंजी –** शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, शिक्षक, तनाव, सामाजिक दायित्व।

**प्रस्तावना –** शिक्षा वह प्रकाश पुंज है जो सपूंर्ण समाज को अपने प्रकाश से प्रकाशित करता है। शिक्षा के बिना जीवन अधंकारमय होता है। किसी भी धर्म, सम्प्रदाय, समाज तथा राष्ट्र की पहचान शिक्षा की प्रकृति एवं गुणवत्ता से होती है। सुप्रसिद्ध शिक्षा शास्त्रियों के अनुसार शिक्षा, अंधविश्वास, कुरीतियों तथा पिछड़ेपन को दूर कर स्वच्छ एवं नियोजित समाज का निर्माण करती है।

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य अपने आसपास की घटनाओं का सूक्ष्म अध्ययन कर उनका विश्लेषण उनमें निहित तर्क की खोज और अंतत: किसी परिणाम का अनुमान लगाने की क्षमता का विकास करना होता है। शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। यह मनुष्य को समाज व आसपास के पर्यावरण का ज्ञान, सस्ंकृति तथा विभिन्न परिस्थितियों में भूमिका का निर्वहन रोजगार योग्य बनाने तथा उत्तरदायित्वों का पालन करने के लिये प्रेरित करती है। शिक्षा बालक को एक सस्ंकारवान एवं चेतनशील प्राणी बनाती है यही बालक देश का भविष्य होते हैं और शिक्षा किसी भी देश की बुनियाद होती है। अत: आवश्यक है कि बुनियाद मजबूत होनी चाहिये। सुदृढ़ शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। शिक्षा सस्ंकार देती है सस्ंकार से विचारों का परिष्कार होता है। परिष्कृत विचारों की नींव पर आदर्श चरित्र का निर्माण होता है। चरित्रवान व्यक्तियों से स्वस्थ समाज बनता है और स्वस्थ समाज ही किसी राष्ट्र के विकास की धुरी होती है। उससे राष्ट्र को एक पहचान मिलती है।

शिक्षा का जीवन में वही स्थान है जो फूल में उसकी सगुन्ध का होता है। शिक्षा समाज में चलने वाली वह सौद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास उसके ज्ञान एवम् कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है। शिक्षा के द्वारा ही बालक को सभ्य सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जा सकता है। इस तरह शिक्षा मानव विकास का मूल साधन है।

शिक्षा वैयक्तिक सामाजिक एवम् राष्ट्रीय विकास का आधार है जिस राष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था राष्ट्र की आवश्यकताओं, जन आकाक्षांओं एवम् मनोवैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है तथा जिसका क्रियान्वयन प्रभावी व कुशल प्रशासकों एवम् शिक्षकों के हाथ में रहा है वह राष्ट्र उत्तरोत्तार बहुमुखी उन्नति करता रहा है।

शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। यह मनुष्य की पशुवत प्रवृत्तियों का नाशकर उसे मानव बनाती है। परन्तु शिक्षा के निरन्तर गिरते हुए स्तर से सभी बुद्धिजीवी, शिक्षाविद् एवम् समाजशास्त्री चिंतित हैं। शिक्षा की गुणवत्ता के विकास को यदि राष्ट्र निर्माण की नींव कहा जाये तो अतिश्योक्ति नहीं, क्योंकि शिक्षक की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक के द्वारा ही शिक्षा के माध्यम से बालकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करके, उनके व्यवहार में अपेक्षित परिवर्तन लाकर तथा उन्हें समाज, राष्ट्र और विश्व के नागरिकों के रूप में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिये तैयार किया जाता है, परन्तु शिक्षा के सभी उद्देश्य और प्रयोजन विद्यालय की कर्मभूमि में तभी फलीभूत हो सकते हैं जब योग्य, कर्मठ व निष्ठावान शिक्षक हों स्पष्ट है कि शिक्षक के ऊपर ही यह निर्भर करता है कि वह किस प्रकार के नागरिक तैयार करता है? इसी ओर संकेत करते हुए डॉ0 राधाकृष्णन (1948) ने लिखा है कि 'समाज में शिक्षक का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को बौद्धिक परम्परायें

और तकनीकी कौशल पहुँचाने का केन्द्र है और सभ्यता के प्रकाश को प्रज्जवलित रखने में सहायता देता है।'

सामाजिक सन्दर्भ में शिक्षक, विद्यार्थी में राष्ट्रीयता, सामाजिकता, विश्वबंधुत्व की भावना को जगाकर उसे सामाजिक दायित्वबोध से परिचित कराता है। किसी भी देश काल की शिक्षा पद्धति में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान शिक्षक का है। यह सम्पूर्ण विश्व अपने उन सभी शिक्षकों का ऋणी है जिन्होनें ज्ञान के आधार पर संसार के आध्यात्मिक एवं भौतिक स्वरूप का निर्माण किया है। श्रेष्ठ शिक्षकों के अभाव में सुयोग्य छात्रगण वांछित ज्ञानार्जन में सफल नहीं हो सकते हैं अच्छी से अच्छी पाठ्य-पुस्तक भी निपुण शिक्षकों की अनुपस्थिति में प्राणहीन हो जाती है। शिक्षा व्यवस्था चाहे जैसी हो शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि होती है अर्थात् समस्त शिक्षा व्यवस्था उसके चहुँ ओर विचरण करती है। आज वर्तमान समाज व राष्ट्र परिवर्तन और विकास के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। समाज की आवश्यकताओं, अपेक्षाओ, आदर्शों एवं मूल्यों को वास्तविक रूप देने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों को वहन करनी होती है क्योंकि शिक्षक का कार्य ज्ञान व संस्कृति के संरक्षण तथा हस्तातंरण तक ही सीमित नहीं है बल्कि परिस्थितियों के अनुरूप सामाजिक परिवर्तन भी लाना है।

भारतीय समाज के प्रत्येक घर तक शिक्षा को पहुँचाने के भागीरथी सरकारी प्रयासों के साथ-साथ शिक्षकों की मनोस्थिति का विश्लेषण भी उतना ही अनिवार्य होना चाहिए व शिक्षकों को वह सम्मान मिलना चाहिए जिसके वे अधिकारी है। शिक्षक, शिक्षा (ज्ञान) और विद्यार्थी के बीच एक सेतु का कार्य करता है और यदि यह सेतु ही निर्बल होगा तो समाज को खोखला होने में देरी नहीं लगेगी। आज प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा की अधारभूत संरचना व निर्माण प्रवीण व सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति पर सर्वाधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। एक समर्पित और निष्ठावान शिक्षक ही देश की शिक्षा प्रणाली को सुन्दर व सुदृढ़ बना सकता है। इसके लिए समाज को भी शिक्षकों को एक सम्मानजनक स्थान देना होगा।

तेजी से बदलते माहौल में हमारे शरीर और मन पर जो असर पड़ता है उसे तनाव पड़ता है। मानसिक एवं शारीरिक तनाव और इनसे पैदा होने वाले रोगों में इन दिनों से तेजी से वृद्धि हो रही है। तनाव दो तरह का होता है -1. सकारात्मक 2. नकारात्मक। तनाव जहॉ सकारात्मक तनाव की वजह से आप अपने नौकरी में प्रमोशन पाते है वहीं नकारात्मक तनाव में आप किसी से गुस्से में बहस कर लेते है। परिवार, पैसा, काम और स्कूल ये तनाव के सामान्य कारण है ज्यादा तनाव आपकी सेहत के लिये नुकसानदायक होती है और इसकी वजह से आपके परिवार और दोस्तों से सम्बन्ध भी बिगड़ जाते है। कई बार जब लोग लगातार तनाव भरी परिस्थितियों का सामना करते है तो उनका गुस्से पर नियंत्रण नहीं रहता।

जब माता-पिता महंगे स्कूलों में फीस की मोटी रकम देते है तो वह चाहते है अब उनके बच्चों का सारा उत्तरदायित्व स्कूल और उसमें पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने कंधे पर उठा लें। वह बच्चों को स्कूल के हाथों में सौंपकर स्वयं को पूरी तरह से मुक्त कर लेते है। जब भी उनका बच्चा अध्ययन में थोड़ा सा कमतर साबित होता है तो वह स्कूल जाकर इसकी शिकायत करते है और इसके लिए शिक्षक को दोषी ठहराते है। उनको लगता है यदि उनके बच्चें ने अच्छा नहीं किया तो उसके लिए शिक्षक ही गुनहगार है वह उसे निरंतर कटघरे में खड़ा रखते है।

भारत में निजी स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं की मानसिक स्थिति बहुत तनाव व दबाव में रहती है। एक ओर तो बच्चों के माता-पिता उनसे अपेक्षा रखते है तो दूसरी ओर निजी शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक उन पर अच्छे परीक्षा परिणाम लाने का निरंतर दबाव बनाए रखते है। जब एक सर्वेक्षण किया गया तो पाया गया इन तथाकथित सम्मानीय शिक्षकों व शिक्षिकाओं की मानसिक स्थिति इतनी अव्यवस्थित हो जाती है कि वह थकान, गहरे तनाव और यहां तक कि मानसिक थकान से भी भर जाते है।

कई बार तो उनमें इतनी ऊब भर जाती है कि वह गहरे अवसाद से भी घिर जाते है दूसरे व्यवसायों की तुलना में शिक्षक-शिक्षिका बनना बहुत मानसिक दबाव और थकान का कार्य है। वह बच्चों को अपने व्यक्तित्व का बेहतर से बेहतर हिस्सा देकर स्वयं बहुत रिक्तता महसूस करते है। कई बार तो वह अनिद्रा के रोग, दर्द और चिड़चिड़ाहट से भी भर जाते है। ऐसे शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने व्यवसाय को बनाए रखने के लिए और आर्थिक अर्जन के लिए अध्यापन का कार्य तो करते रहते हैं, परन्तु अपने स्वास्थ्य की कीमत में उनका यह कार्य चलता रहता है।

**पूर्व शोध साहित्य की समीक्षा :-**

**Dr. SS Jeyaraj (2013)** ने भद्रूरे जिला तमिलनाडु में उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के मध्य तनाव स्तर ज्ञात करने हेतु सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल के 185 एवं सरकारी स्कूलों के 120 अध्यापकों पर एक शोध अध्ययन किया। शोध अध्ययन में सम्मिलित सभी अध्यापक विभिन्न सामाजिक आर्थिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों से संबंधित थे। इस शोध अध्ययन में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के अध्यापकों और सरकारी स्कूलों के अध्यापकों का तनाव स्तर सरकारी स्कूलों के अध्यापकों का तनाव स्तर सरकारी स्कूलों के अध्यापकों की तुलना में अधिक पाया गया। नीति निर्माताओं के लिये यह आवश्यक है कि वह शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन तथ्य का विश्लेषण करें और शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव को प्रभावित करने वाली व्यक्तिगत और सामाजिक विशेषताओं के साथ कार्यकारी स्थितियों के व्यावसायिक तनाव पर पड़ने वाले प्रभाव का अनुमान लगाये। शोध परिणामों से यह भी प्रदर्शित होता है, कि उन लोगों ने तनाव का स्तर अधिक पाया गया, जो शिक्षण से कम संतुष्ट थे। अधिक अनुपस्थित रहते थे और कैरियर के रूप में शिक्षण कार्य को छोड़ना चाहते थे।

**Dr. Mariya Aftab & Tahira Khatoon (2012)** ने माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव और जनसांख्यिकीय मतभेद विषय पर शोध अध्ययन किया इस अध्ययन ने शिक्षकों के व्यायवसायिक तनाव और स्वतंत्र चरों, लिंग, योग्यता, शिक्षण अनुभव वेतन, पढ़ाया जाने वाला विषय, वैवाहिक स्थिति के मध्य संबंध ज्ञात किया गया। इस अध्ययन में भारत के उत्तर प्रदेश के 42 स्कूलों के व्यावसायिक तनाव पैमाने के उपयोग द्वारा आंकड़ों का संकलन किया गया। सांख्यिकीय के लिये t - test और f - test उपयोग में लाये गये। परिणामों के विश्लेषण के आधार पर यह पाया गया कि शिक्षकों के लगभग आधी संख्या अपने व्यवसाय के प्रति कम तनाव का अनुभव करती है और महिलाओं की तुलना में पुरूष अधिक व्यावसायिक तनाव प्रदर्शित करते है प्रशिक्षित स्नातक, शिक्षक, स्नातकोत्तर एवं अप्रशिक्षित शिक्षकों की तुलना में अधिक व्यावसायिक तनाव अनुभव करते हैं।

**भटनागर, ए.बी. एवं भटनागर मीनाक्षी (2009)** - प्रारंभिक और माध्यमिक पब्लिक स्कूल के परामर्शदाता पर किये गये अध्ययन से प्रदर्शित किया गया है कि 1.) लिंग, आयु, शिक्षा की मात्रा के आधार पर कार्य

संतुष्टि स्तर में बहुत अन्तर पाया गया। महिलाएँ पुरूषों की अपेक्षा अधिक संतुष्टि पायी गयी। शिक्षा की मात्रा में भी उल्टा संबंध पाया गया। 02) स्कूल स्तर के परिपेक्ष में कार्य संतुष्टि के पैमाने पर 0.01 स्तर का अंतर था। शहर से स्कूल की दूरी बढ़ने के साथ-साथ कार्य संतुष्टि में वृद्धि पायी गयी। कार्य संतुष्टि को स्कूल स्तर के विपरीत संबंधित पाया गया।

**शोध के उद्देश्य –** शोध के पीछे कोई न कोई उद्देश्य अवश्य होता है, क्योंकि उद्देश्य के बिना शोध दिशाहीन होता है। शोध के निम्नलिखित उद्देश्य है –

1. शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के अध्ययन कार्य में संलग्न शिक्षकों की पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. शासकीय एवं अशासकीय महिला शिक्षकों में तनाव के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव का अध्ययन करना।
3. शासकीय एवं अशासकीय पुरूष शिक्षकों में तनाव के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव का अध्ययन करना।
4. शासकीय एवं अशासकीय महिला शिक्षकों में तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव का अध्ययन करना।
5. शासकीय एवं अशासकीय पुरूष शिक्षकों में तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव का अध्ययन करना।
6. शासकीय एवं अशासकीय महिला एवं पुरूष शिक्षकों में तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य का शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
7. माध्यमिक स्तर पर लागू सतत्-व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया में आने वाली कठिनाईयों की जानकारी प्राप्त करना।
8. अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर सतत्-व्यापक मूल्यांकन के उन्नयन हेतु सुझाव प्रेषित करना।

**शोध परिकल्पनाएँ –** परिकल्पना अनुसंधान की प्रथम सीढी है। अनुसंधान कार्य प्रारंभ करने के पूर्व अनुसंधान के कारणों समस्याओं के समाधान एवं परिणाम के बारे में हम जो एक निश्चित आवधारणा बना लेते हैं उसे परिकल्पना या उपकल्पना कहते है।

1. शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के अध्ययन कार्य में संलग्न शिक्षकों की पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
2. सरकारी एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
3. शासकीय एवं अशासकीय महिला शिक्षकों में तनाव के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
4. शासकीय एवं अशासकीय पुरूष शिक्षकों में तनाव के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
5. शासकीय एवं अशासकीय महिला शिक्षकों में तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
6. शासकीय एवं अशासकीय पुरूष शिक्षकों में तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
7. शासकीय एवं अशासकीय महिला एवं पुरूष शिक्षकों में तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य का शारीरिक स्वास्थ्य पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।

**शोध प्रविधि –** किसी भी शोध कार्य को उद्देश्यहीन एवं ज्ञानरहित नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए कुछ निश्चित कारकों से प्रेरित होकर ही निश्चित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये शोध-कार्य किया जाता है। ज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य अपरिहार्य है। वर्तमान युग में शोध या अनुसंधान का अत्यधिक महत्व है, क्योंकि किसी भी क्षेत्र से संबंधित तथ्यों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, एवं सत्यापन अनुसंधान के द्वारा ही किया जा सकता है।

शोध कार्य में रीवा नगर के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से सम्बन्धित वास्तविक एवं विश्वसनीय आंकड़ों को प्राप्त करने के लिये प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों को एकत्र कर पूर्ण किया गया है। प्राथमिक आकड़े स्वयं कार्य स्थल पर जाकर मूल स्रोतों एवं साक्षात्कार अनुसूची द्वारा एकत्र किये गये हैं। जबकि द्वितीयक आंकड़े रीवा नगर के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से संबंधित विभिन्न प्रकाशित- अप्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र-पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, आदि से एकत्र कर प्रयोग किये गये हैं।

**अध्ययन क्षेत्र –** प्रस्तुत अध्ययन रीवा नगर के संबंध में है जिसकी कुल जनसंख्या जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 2,365,106 है, जिसमें से पुरुष 1,225,100 एवं महिलाएँ 1,140,006 है एवं 1000 पुरुषों के अनुपात में 960 महिलाएँ है। शोधार्थी द्वारा अध्ययन क्षेत्र में जाकर अनुसूची व साक्षात्कार विधियों के माध्यम से आंकड़े एकत्रित किये गये जिसमें से शोधार्थी द्वारा 200 व्यक्तियों को लेकर के शोधकार्य पूरा किया अध्ययन के दौरान जो ऑकड़े एकत्रित किये गये उनका परिचयात्मक विश्लेषण निम्नानुसार है।

**आकड़ों का वर्गीकरण और सारणीयन –** अनुसंधानकर्ता द्वारा तथ्यों को प्राप्त करने के बाद संकलित तथ्यों को सारणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है और साख्यकीय विश्लेषण किया गया है।

**विश्लेषण एवं व्याख्या –** प्रस्तुत अध्ययन में जनसंख्या के अंतर्गत आने वाले रीवा नगर के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में से 16 विद्यालयों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया। चयनित 16 विद्यालयों में शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर विद्यालयों के कार्यरत शिक्षकों का चयन गैर-अनुपातिक स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिदर्श के द्वारा किया गया। रीवा नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 100 शिक्षकों तथा अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 100 शिक्षकों का चयन किया गया। इस प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से 100 शिक्षकों तथा अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से 100 शिक्षकों को मिलाकर कुल 200 शिक्षकों का चयन किया गया।

**तालिका क्रमांक 1.1 :रीवा नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की संख्या**

| शासकीय | अशासकीय | कुल योग |
|---|---|---|
| 8 | 8 | 16 |

**तालिका क्रमांक 1.2 : रीवा नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या**

| शासकीय उच्चतर माध्यमिक | | अशासकीय उच्चतर माध्यमिक | | कुल योग | |
|---|---|---|---|---|---|
| महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष |
| 50 | 50 | 50 | 50 | 100 | 100 |
| 100 | | 100 | | 200 | |

**तालिका क्रमांक 1.3 : न्यादर्श हेतु चयनित रीवा नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं शिक्षकों की संख्या**

| क्र. | चयनित विद्यालय का नाम | शिक्षक | शिक्षिकाएँ |
|---|---|---|---|
| 1. | शा.उ.मा. विद्यालय मार्तण्ड क्र. 1 | 9 | 5 |
| 2. | शा.उ.मा. विद्यालय क्र. 1 | 8 | 7 |
| 3. | शा.उ.मा. विद्यालय क्र. 2 | 7 | 6 |
| 4. | शा.प्रवीण कुमारी उ.मा. विद्यालय | 3 | 8 |
| 5. | शा. सुदर्शन कुमारी उ.मा. विद्यालय | 3 | 8 |
| 6. | शा.मार्तण्ड उ.मा. विद्यालय क्र. 3 | 8 | 3 |
| 7. | शा.कन्या शाला उ.मा. विद्यालय पाण्डेन टोला | 4 | 6 |
| 8. | केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 एवं 2 | 8 | 7 |
| | **कुल** | 50 | 50 |
| | **कुल संख्या** | 100 | |

**तालिका क्रमांक 1.4 : न्यादर्श हेतु चयनित रीवा नगर के अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं शिक्षकों की संख्या**

| क्र. | चयनित विद्यालय का नाम | शिक्षक | शिक्षिकाएँ |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्योति उ.मा. विद्यालय | 8 | 9 |
| 2. | सरस्वती शिशु मंदिर, निराला नगर | 6 | 5 |
| 3. | सेक्रेट हार्ट कान्वेन्ट स्कूल | 7 | 8 |
| 4. | बाल भारती उ.मा. विद्यालय | 9 | 9 |
| 5. | फ्रोमेन्स उ.मा. विद्यालय | 5 | 5 |
| 6. | गीता ज्योति उ.मा. विद्यालय | 4 | 3 |
| 7. | वेदान्ता पब्लिक स्कूल | 4 | 2 |
| 8. | सेन्ट्रल एकेडमी उ.मा. विद्यालय | 7 | 9 |
| | **कुल** | 50 | 50 |
| | **कुल संख्या** | 100 | |

**तालिका क्र. 1.5 : शासकीय व अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पुरुष एवं महिला शिक्षकों (संयुक्त समूह) की शिक्षण प्रभावशीलता**

| तनाव का स्तर | शासकीय | अशासकीय |
|---|---|---|
| उच्च | 15% | 35% |
| सामान्य | 55% | 45% |
| निम्न | 30% | 20% |
| कुल | 100% | 100% |

शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 55% पुरुष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता तनाव सामान्य स्तरीय पायी गयी जबकि शिक्षण प्रभावशीलता तनाव के सन्दर्भ में 15% उच्च तथा 30% निम्न स्तरीय पाये गये, तथा अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 45% पुरुष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता तनाव सामान्य स्तरीय पायी गयी जबकि शिक्षण प्रभावशीलता तनाव 35% उच्च व 20% कार्यरत शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता निम्न स्तरीय पायी गयी।

**तालिका क्र. 1.6 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र. 1.6 के अवलोकन से स्पष्ट है कि शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पुरुष शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता से सम्बन्धित प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 272.38 व 253.12 प्राप्त हुआ एवं प्राप्त सम्बन्धित प्रमाणिक विचलनों का मान क्रमश: 25.93 व 24.80 है एवं शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता से सम्बन्धित प्राप्तांको का मध्यमान क्रमश: 263.30 व 251.28 प्राप्त हुआ एवं प्राप्त सम्बन्धित प्रमाणिक विचलनों का मान क्रमश: 25.86 एवं 22.19 है। उक्त शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर के लिए टी-मानों की गणना की गयी। शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के पुरुष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर के लिए प्राप्त टी-मान 1.75 है जो कि .05 विश्वास स्तर पर साख्यिकीय मान तालिका मान से कम है। अत: प्राप्त टी-मान 98 स्वतन्त्रता अंश एवं .05 विश्वास स्तर पर असार्थक है। अत: कहा जा सकता है कि शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में पुरुष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

**निष्कर्ष :**

1. शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 55% पुरुष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता तनाव सामान्य स्तरीय पायी गयी जबकि शिक्षण प्रभावशीलता तनाव के सन्दर्भ में 15% उच्च तथा 30% निम्न स्तरीय पाये गये।
2. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 45% पुरुष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता तनाव सामान्य स्तरीय पायी गयी जबकि शिक्षण प्रभावशीलता तनाव 35% उच्च व 20% कार्यरत शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता निम्न स्तरीय पायी गयी।
3. शासकीय व अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर के लिए प्राप्त टी-मान 4.58 है जो कि .01 विश्वास स्तर पर सांख्यिकीय मान तालिका मान से अधिक है। प्राप्त टी-मान 198 स्वतन्त्रता अंश एवं .01 विश्वास स्तर पर सार्थक है।
4. कार्य सन्तुष्टि के सन्दर्भ में कार्यरत शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन करने के लिए उच्च, सामान्य एवं निम्न कार्य सन्तुष्टि के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य टी-मान की गणना की गयी। प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर कहा जा सकता है कि उच्च कार्य सन्तुष्टि के कार्यरत शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता सामान्य व निम्न कार्य सन्तुष्टि के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता से उच्च होती है अर्थात् शिक्षकों की कार्य सन्तुष्टि उनकी शिक्षण प्रभावशीलता को सकारात्मक व सार्थक प्रभावित करती है।

**सुझाव :**

1. शोध अध्ययन के परिणामों के आधार पर शिक्षकों को उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना।
2. शोध अध्ययन के द्वारा विभिन्न प्रकार से प्रशासनिक आधार पर संचालित विद्यालयों को शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता बढ़ाना, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को भी बढ़ाया जा सकता है।
3. शिक्षकों के पारिवारिक सामाजिक वातावरण शिक्षण अभिरूचि शिक्षक दायित्वबोध शिक्षक छात्र अन्त:क्रिया, प्रभावशीलता एवं कृत्य सन्तोष को बढ़ाना।
4. शिक्षक व्यवहार के अध्ययन के द्वारा कक्षा-कक्ष अन्त:क्रिया को प्रभावी बनाना जिससे शिक्षकों एवं छात्रों के मध्य आपसी सामंजस्य

स्थापित किया सके।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-**

1- Hawards, and Johnson. B (2004) Reisllient teacher: desisting stress and burnout social psychology of education: an international journal. 7(4)
2- Dr. Eres figen and Atonasoska Tatijana (2011): international Journal of Humanities ad Social Val:1,No 7
3- Dr. Jayaraj SS (2013) - IOSR Journal of Business and Management ISSN:2278-487X.Val.7
4- Dr. Pabla singh Maninderjit (2012)- Indian Journal of Research Paper ISSN-2250-1991:Occupatonal Stress.
5- Borg, M.G. and Falzon, J.M. (1989). Stress and job satisfaction primary school teachers in Malta.Educational Review, 41, 271-279.
6- Aftab, Maria and Khatoon, Tahira., 2012, "Demographic Differences and Occupational Stress of Secondary School Teachers", European Scientific J., 8 (5), pp. 159-175.
7- Ahmad, N., Raheem, A. and Jamal, S. (2003). Job satisfaction among school teachers.The Educational Review, 46(7), 123-126.
8. डॉ. श्रीवास्तव साध्वी (2012) 'आज की शिक्षा और मानवीय मूल्य'' कैलास प्रकाशन, इलाहाबाद पृ. 35-37
9. चौबे सरयू प्रसाद (1993), 'हमारी शिक्षा समस्याएँ' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
10. त्यागी एस.डी. एवं पाठक डी.पी. (2008) भारतीय शिक्षा की सामाजिक समस्याएं डॉ. रांगेय राघव मार्ग विनोद पुस्तक मंदिर आगरा पृ. 8।
11. डॉ. मरवाह, सरूप सिंह (2011) 'शारीरिक और मानसिक तनाव क्यों होता है और कैसे बचे' पुस्तक महल दिल्ली।
12. भटनागर, ए.बी. एवं भटनागर मीनाक्षी (2009) मनोविस्सन और शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, सूर्या पब्लिकेशन हाउस मेर, पृ. 2009-303
13. गैरेट, हेनरी ई. (1989) 'शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकी का प्रयोग', ग्यारहवां संस्करण, कल्याणी पब्लिशर्स, (उ.प्र.)।
14. मंगल, डॉ. एस.के. मंगल श्रीमती शुभा (2010) 'विद्यार्थी विकास एवं शिक्षण अधिगम प्रक्रिया', नवीन संस्करण इंटरनेशनल पब्लिकेशन हाउस, मेरठ।
15. शर्मा, श्रीमती आर.के भरद्वाज, दिनेश चंद्र 'शिक्षा मनोविज्ञान', बाइसवाँ संशोधित संस्करण, राधा प्रकाशन मंदिर, आगरा।

**तालिका क्र. 1.6 : शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पुरुष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं टी-मूल्य**

| माध्यमिक विद्यालय | समूह | संख्या | स्वतन्त्रता अंश | मध्यमान | प्रमाणिक विचलन | टीमूल्य | सार्थक स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सरकारी विद्यालय | पुरुष | 50 | 98 | 272.38 | 25.93 | 1.75 | .05 पर असार्थक |
| | महिला | 50 | | 263.30 | 25.86 | | |
| निजी विद्यालय | पुरुष | 50 | 98 | 253.12 | 24.80 | 0.39 | .05 पर असार्थक |
| | महिला | 50 | | 251.28 | 22.19 | | |

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारतीय ग्रामीण विकास में स्व-सहायता समूह का योगदान- एक अध्ययन (रीवा जिले के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. ज्योतिलता सिंह ***

* अतिथि विद्वान (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** स्व-सहायता समूह ग्रामीण गरीबों की आर्थिक उन्नति का सशक्त मंच बनकर उभर रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय की इस योजना से गरीब भारत की तस्वीर बदलने लगी है। इसमें कोई शक नहीं है कि स्व-सहायता समूह का निर्माण भारत सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, जिसके माध्यम से न सिर्फ लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सके, बल्कि एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियां, नारी उत्पीड़न और लोगों के मन से बड़े-छोटे के भेदभाव को भी मिटा सके। वहां ये समूह ग्रामीण गरीबों की आर्थिक उन्नति का सशक्त मंच बनकर उभर रहे हैं। भारत में स्व-सहायता समूहों का विकास तो तेजी से हो रहा है, परंतु इन समूहों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का अभाव, और भी कई कठिनाईयाँ और चुनौतियाँ है जिन पर ध्यान देकर स्व-सहायता समूह व्यवस्था को 9 अधिक कारगर व लाभप्रद बनाया जा सकता है। इनमें एक पहलु लघु ऋण देने वाले बैंक की भूमिका से जुड़ा है। वाणिज्यिक बैंक की ऋण नीतियाँ स्व-सहायता समूहों की संरचना व उद्देश्यों से मेल नहीं खाती। बैंक को स्व-सहायता समूह की अवधारणा समझने में ही लंबा समय लग जाता है और जब समझ जाते हैं तब भी पर्याप्त ऋण उपलब्ध नहीं करा पाते। स्व-सहायता समूहों का विकास व अन्य समुचित एजेंसियों से जुड़ाव नहीं हो पाया है। समूह एक अलग इकाई के रुप में काम करते हैं। जिससे कोई बड़ी या महत्वपूर्ण गतिविधि को हाथ में नहीं ले पाते, इसका परिणाम यह होता है कि उनमें उत्साह नहीं रहता और वे निष्क्रिय होने लगते हैं। यदि इन समूह को सरकारी परियोजनाओं या पंचायत के कार्यों से जोड़ दिया जाता है तो इनकी उपयोगिता निश्चित रूप से बाव भी दे सकते हैं। आवश्यकता इस बात कि है की स्व-सहायता समूहो को सरकार पर्याप्त मात्रा में समय-समय पर धन उपलब्ध कराती रहे।

**प्रस्तावना –** हमारा देश एक ग्राम प्रधान देश है तथा ग्राम प्रधान देश होने के कारण यहॉ की 72 प्रतिशत जनसंख्या गॉव में निवास करती है तथा प्रत्येक गॉव की विभिन्न प्रकार की समस्याएं होती है। इन सारी समस्याओं में से एक मुख्य समस्या बेरोजगारी तथा आर्थिक स्थिति की समस्या है, जिसके लिए वर्तमान में क्या बहुत पहले से अपने देश की सरकार शुरूआत से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या को लेकर प्रत्येक गॉव में गरीबी निवारण तथा आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए शुरू से ही प्रयास करती आ रही है। लेकिन पूर्ण रूप से इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है।

इन आदि समस्याओं को ध्यान में रखते सरकार ने गरीब परिवारों के उत्थान के लिए तथा उनके जागरूकता पैदा करने के लिए अनेक प्रकार के जनजागरूकता के अभियान तथा विभिन्न प्रकार की योजनाओ का क्रियान्वन किया जा रहा है जिससे कि गरीब परिवारों की सामाजिक तथा आर्थिक एवं ग्रामीण महिलाओं की स्थिति अधिक मजबूत को सके। इसके लिए S.H.G. के माध्यम से पुरूष/ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा जा रहा है जिससे कि समूह में जुड़कर आपसी भाई चारा तथा लिंग भेद तथा समूहों के माध्यम से छोटे-छोटे कुटीर उद्योग या व्यवसाय स्थापित करवाये जाते है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और अपने परिवार का भरण पोषण आसानी के साथ कर सकें।

स्व-सहायता समूह नि:संदेह गरीबी निवारण तथा ग्रामीणजनों के सशक्तिकरण विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व भूमिका निभा रहे हैं। किन्तु केवल स्व-सहायता समूह बना लेने से या गठन कर देने से उपरोक्त वर्णित दोनों उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं होगी। समूह गठन करना नि:संदेह महत्वपूर्ण है, किंतु साथ ही साथ उसके विभिन्न तकनीकि पक्षों की ओर भी ध्यानाकर्षित करना जरूरी है। इसीलिए यह प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक लोग स्व-सहायता समूह के उन तकनीकि पक्षों को जाने जो किसी भी स्व-सहायता समूह को पूर्ण रूप से विकसित करने एवं गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक हैं समूह के तकनीकि भागों का सविस्तार वर्णन अलग-अलग भागों में किया गया है।

भारत में स्व-सहायता समूह अपेक्षाकृत नया प्रयोग है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आँकड़ों पर ध्यान दिया जाये तो सर्वाधिक वृद्धि आंध्र प्रदेश में हुई है। स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं का ऐसा अनौपचारिक समूह है, जो अपनी बचत तथा बैंक के सूक्ष्म वित्तियन से अपने समूह की पारिवारिक व व्यक्तिगत जरुरत को पूरा करता है और विकास संबंधी कार्यक्रम के माध्यम से गरीबी जेसे अभिशाप को दूर करने तथा ग्रामीण महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राय: स्व-सहायता समूह एकजुटता के प्रतीक होते हैं। यहां एक जेसे ही आर्थिक और सामाजिक स्थिति के लोग साथ आते हैं। समूह के सभी सदस्य थोड़ी-थोड़ी बचत करके आपसी सहयोग से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्व-सहायता समूह का विचार पड़ोसी देश बांग्लादेश में खूब चर्चित हुआ। 'ग्रामीण बैंक' के नाम से प्रचलित इस समूह को प्रचारित और स्थापित करने का श्रेय प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मोहम्मद युनूस को जाता है। इसी को देखते हुए भारत में भी यह विकसित हुई। भारत में स्व-सहायता समूह की शुरुआत 1992 में नाबार्ड ने

एक योजना के तहत की, लेकिन इसे प्रचलित होने में काफी समय लग गया। भारत में गठित 42.05 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों में से लगभग 60 प्रतिशत तो ग्रामीण महिलाओं से ही संबंधित है।

भारत में स्व-सहायता समूह की संख्या में ग्रामीण महिलाओं की ज्यादा सहभागिता का कारण देश की लगभग 60 प्रतिशत गरीब ग्रामीण महिला जनसंख्या का होना है। भारत के ग्रामीण परिवारों को न केवल कृषि के लिए बल्कि पारिवारिक जिम्मेदारियाँ पूरी करने के लिए भी गैर संस्थागत ऋण स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। देश में बैंक ने अनेक योजनाएं तो चलायी, लेकिन इसकाुयदा वास्तव में बड़ा वर्ग ही ले गया। स्व-सहायता समूह के माध्यम से जो पहल ग्रामीण महिलाओं ने की है, वो सराहनीय है। स्व-सहायता समूह की अवधारणा 'संगठन में शक्ति' पर आधारित हें तिनकों से बनी रस्सी जिस प्रकार शक्तिशाली गजराज को बांध सकती है, उसी प्रकार आर्थिक रुप से कमजोर लोग भी मिलकर 'गरीबी के दुष्चक्र' को तोड़ सकते हैं। स्व-सहायता समूह मुख्य रुप से गरीबी में जीवनयापन कर रहे लोगों के जीवन स्तर के उन्नयन के लिए निर्मित किया जाता है। स्व-सहायता समूह के पीछे मान्यता यह है कि बिखरे हुए लोगों को तो उत्पीड़ित व शोषित किया जा सकता है, लेकिन यदि उन्हें संगठित किया जाए तो वे बड़ी ताकत बन जाते हैं। समूह के सदस्य मिलकर एक ऐसी ताकत का निर्माण करते हैं। जिससे वे स्थानीय शोषणकर्ताओं, सेठ-साहूकारो, बाहुबलियो आदि के अत्याचारों का जमकर विरोध कर सकते हैं और उन पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। स्व-सहायता समूह इस बात में विश्वास करता है कि लोग आपस में मिलजुलकर अपनी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। वे अपने कामों का स्वयं उचित प्राथमिकता निर्धारण करने व उससे जुड़े निर्णय लेने में समर्थ हैं। उनके पास जीवन से जुड़े अनेक तरह के ज्ञान व अपार अनुभव हैं जिनको वे व्यवस्थित तरीके से उपयोग करें तो उनके जीवन से बदहाली खत्म हो सकती है। समूह के सदस्यों को थोड़े परामर्श व प्रेरणादायक नेतृत्व की जरूरत होती है। ग्रामीण भारत में ग्रामीण महिला स्व-सहायता समूहों ने हजारो लाखो अशिक्षित गरीब वर्ग की ग्रामीण महिलाओं को न केवल घर की चौखट के बंधन से मुक्त कर बाहर निकाला है बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में समर्थ बनाया है। इसके साथ-साथ उन्हें एक सामूहिक आवाज भी दी है।

भारत में स्व-सहायता समूहों की शुरूआत व विकास कुछ स्वयं सेवी संगठनों ने गरीब ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर आय संवर्द्धन गतिविधियों के संचालन के लिए 1980 के दशक के अन्त में की। 1990 के दशक की शुरूआत में राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की पहल व विशेष रूचि लेने से स्व-सहायता समूह देश भर में फैल गए। अब तो सभी सरकारी बैंक व आर्थिक व सामाजिक संगठन इसकी महत्ता को स्वीकार कर इसके विकास को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी गरीबी का दन्श झेल रहे परिवारों को गरीबी से मुक्ति दिलाने के लिए स्व-सहायता समूह एक नयी आशा की किरण लेकर आया है। 'गरीबी उन्मूलन' के नारे तो कई दशकों से लगते रहे हैं लेकिन गरीबी खत्म होने की जगह अब तक गरीब ही तबाह होते रहे हैं। अब स्व-सहायता समूह गरीबी को खत्म करने के सपने को हकीकत में बदलने में सक्षम साबित हो रहे हैं। स्व-सहायता समूह समाज कार्य के इस मूल सिद्धांत पर आधारित है कि किसी भी व्यक्ति की सहायता इस प्रकार से करें कि वह अपनी सहायता स्वयं करने में सक्षम हो जाए। स्व-सहायता समूह के माध्यम से ग्रामीण महिला सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जाती है। इसके द्वारा सदस्य ग्रामीण महिलाएं आपस में मिलजुलकर एक-दूसरे की मदद करती हैं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहल करती हैं तथा उसके समाधान तक पहुंचती है।

**अध्ययन की प्रासंगिकता एवं महत्व –** भारत ग्रामों में बसता है। देश की दो-तिहाई जनसंख्या ग्रामों में रहती है। ग्रामों में आय का प्रमुख स्त्रोत कृषि एवं उससे सम्बन्धित गतिविधियां हैं। ग्रामों की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा लघु सीमान्त कृषक एवं दिहाड़ी मजदूरो की श्रेणी में आता है। ग्रामों में गरीबी के कारण लोगों की आय काफी कम है। बचत एवं पूंजी की कमी एवं पूंजी लगाने के साधनों का पूर्णतया अभाव है। इन परिस्थितियों में स्व-सहायता समूह ग्रामों में गरीबों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। स्व-सहायता समूह योजना एक प्रमुख गरीबी उन्मूलन और रोजगाार सृजक कार्यक्रम है। जिस पर केन्द्र व राज्य शासन द्वारा करोड़ो रूपये व्यय किये जाते हैं। जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले निर्धनों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सके एवं ग्रामीण ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्तर में सुधार लाया जा सकें स्थायी आय सृजन करने एवं निर्धनता रूपी कोढ़ को मिटाने के लिए, स्वरोजगार की दिशा मे ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्व-सहायता समूह की अवधारणा ग्रामीण गरीबी उन्मूलन एवं ग्रामीण विकास के लिए एक सार्थक योजना है या नहीं। प्रस्तुत शोध के माध्यम से इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखकर विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। उपर्युक्त संदर्भ में जानना आवश्यक है कि व्यावहारिक रूप में ग्रामीण ग्रामीण महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं। स्व-सहायता समूह के गठन व क्रियान्वयन से ग्रामीण महिला सदस्यों को कितनी अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। यह जानना आवश्यक है कि बालाघाट और मण्डला (अध्ययन क्षेत्र) में स्व-सहायता समूह योजना द्वारा कितनी ग्रामीण ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उनके सामाजिक और आर्थिक स्थिति में कितना बदलाव आया है। इसकी वास्तविक जानकारी हेतु इस योजना के ग्रामीण गरीबी उन्मूलन में योगदान का मूल्यांकन करना प्रासंगिक लगता है। यही अध्ययन की प्रासंगिकता व महत्व है।

**शोध प्रविधि –**किसी भी शोध कार्य को उद्देश्यहीन एवं ज्ञानरहित नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए कुछ निश्चित कारकों से प्रेरित होकर ही निश्चित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये शोध-कार्य किया जाता है। ज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य अपरिहार्य है। वर्तमान युग में शोध या अनुसंधान का अत्यधिक महत्व है, क्योंकि किसी भी क्षेत्र से संबंधित तथ्यों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, एवं सत्यापन अनुसंधान के द्वारा ही किया जा सकता है।

शोध कार्य में रीवा जिले के ग्राम विकास में स्व सहायता समूह के योगदान से सम्बन्धित वास्तविक एवं विश्वसनीय आंकड़ों को प्राप्त करने के लिये प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों को एकत्र कर पूर्ण किया गया है। प्राथमिक आकड़े स्वयं कार्य स्थल पर जाकर मूल स्रोतों एवं साक्षात्कार अनुसूची द्वारा एकत्र किये गये हैं। जबकि द्वितीयक आंकड़े रीवा जिले के ग्राम विकास में स्व सहायता समूह के योगदान से संबंधित विभिन्न प्रकाशित- अप्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र-पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, आदि से एकत्र कर प्रयोग किये गये हैं।

**अध्ययन का उद्देश्य –** किसी भी सामाजिक अनुसंधान की वैज्ञानिक स्थिति, उसमें प्रयुक्त वैज्ञानिक स्थिति, निष्पक्ष निष्कर्ष, वास्तविक ज्ञान, उसमें प्रयुक्त वैज्ञानिक पद्धति की सफलता, सामाजिक घटनाओं के संबंध

में अनुभवात्मक ज्ञान की प्राप्ति, सत्यापन की आवश्यकता एवं भावी अनुसंधान की संभावनाओं को विकसित करने के लिए अध्ययन के उद्देश्य निर्धारित करना आवश्यक हो जाता है। अत: प्रस्तुत शोध कार्य हेतु निम्न उद्देश्य निर्धारित किये गये हैं।

1. स्व-सहायता समूह की कार्यशैली ज्ञात करना।
2. स्व-सहायता समूह की बैंक प्रक्रिया का अध्ययन करना।
3. स्व-सहायता समूह को चलाने वाली ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
4. स्व-सहायता समूह की ग्रामीण महिला सशक्तिकरण में भूमिका का अध्ययन करना।
5. स्व-सहायता समूह की गरीबी उन्मूलन में भूमिका का अध्ययन करना।
6. स्व-सहायता समूह के क्रियान्वयन में आने वाले बाधक एवं सहायक कारको का अध्ययन करना।
7. स्व-सहायता समूह के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उचित सुझाव प्रस्तुत करना।

**अध्ययन की उपकल्पना –** किसी के प्रकृत होने से पूर्व फल की कल्पना प्रत्येक व्यक्ति करता है, किंतु विषय पर शोध के पूर्व उसके परिणाम के विषय में उसके अनुमान के आधार पर जो कल्पना होती है, उसे उपकल्पना कहते हैं। प्रस्तुत शोध कार्य निम्न उपकल्पनाओं पर आधारित है।

1. गरीबी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे अन्य कार्यक्रमों की अपेक्षा स्व-सहायता समूह गरीबी उन्मूलन करने में समर्थ है।
2. ग्रामीण जीवन में स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु अधिक जागरुक और आंदोलित हो रहा हें
3. स्व-सहायता समूह को ग्रामीण महिलाओं के विकास में पर्याप्त जनसमर्थन व आर्थिक शोषण से मुक्ति में पर्याप्त सफलता मिल रही है।
4. स्व-सहायता समूह से गरीबी को दूर करने में ग्रामीण महिलाओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**अध्ययन क्षेत्र –** प्रस्तुत अध्ययन रीवा जिले के संबंध में है जिसकी कुल जनसंख्या जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 2,365,106 है, जिसमें से पुरुष 1,225,100 एवं महिलाएँ 1,140,006 है एवं 1000 पुरुषों के अनुपात में 960 महिलाएँ है। शोधार्थी द्वारा अध्ययन क्षेत्र में जाकर अनुसूची व साक्षात्कार विधियों के माध्यम से आंकड़े एकत्रित किये गये जिसमें से शोधार्थी द्वारा 200 व्यक्तियों को लेकर के शोधकार्य पूरा किया अध्ययन के दौरान जो ऑकड़े एकत्रित किये गये उनका परिचयात्मक विश्लेषण निम्नानुसार है।

**आकड़ों का वर्गीकरण और सारणीयन –** अनुसंधानकर्ता द्वारा तथ्यों को प्राप्त करने के बाद संकलित तथ्यों को सारणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है और साख्यकीय विश्लेषण किया गया है।

**डॉ. रावेन्द्र कुमार साहू* चाँदनी गुप्ता ****

* सहायक प्रध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, सेमरिया, जिला रीवा (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म. प्र.) भारत

**शोध सारांश –** रचनाकार की कृति उसके व्यक्तित्व की छाप है, यह बात अक्सर कही जाती रही है। अर्थात् किसी रचनाकार के व्यक्तित्व से परिचित होना हो, तो उनकी कृतियों से परिचित होना आवश्यक है। क्योंकि रचनाकार का व्यक्तित्व उनकी कृतियों पर स्वमेव अवतरित हो जाता है। फिर हिन्दी साहित्य में कृष्णा सोबती स्त्री विमर्श की वरिष्ठ कथाकार हैं। महिला लेखकों में अग्रणी स्थान प्राप्त करने वाली सोबती जी जिस काल में स्त्री लेखक के रूप में प्रकटित हुईं, एक महिला के लिए स्वयं में बहुत बड़ी बात है। सोबती जी का संपूर्ण चिंतन एवं लेखन विशेषत: स्त्री के लिए है। इन्होनें स्त्री के स्वानुभूति और सहानुभूति दोनों पक्षों का अनुभव अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज के सामने प्रमाणिक रूप में प्रस्तुत किया है। जहाँ एक ओर समाज में व्याप्त कन्या भ्रूण हत्या, बलात्कार, वेश्यावृत्ति, क्रय-विक्रय आदि का जिक्र किया तो दूसरी ओर स्त्री की मनोदशा को जैसे नाप-तौल कर या कहें परकाया प्रवेश कर उनकी बाह्य और आन्तरिक समस्याओं का अंकन किया है। इतना ही नहीं जिन समस्याओं को आदर्श के विरुद्ध मान कर साहित्य में जिक्र नहीं किया गया उसका सोबती जी ने खुलकर वर्णन किया और समाज को चुनौती देकर उसके मन में उथल-पुथल मचा दी। उन्होनें अपनी साहित्यिक यात्रा की हर नई कृति के साथ अपनी क्षमताओं का अतिक्रमण किया है। एक महिला लेखक होने के नाते महिला आंदोलन के बारे में उनकी मान्यता है कि भारतीय नारी ने आज आर्थिक विषमताओं और सामाजिक विसंगतियों के बावजूद परिवार के हक में अपनानिर्णय लिया है। ये निर्णय बाहर के किसी भी स्त्री आंदोलन से अलग है। महानगरों से लेकर पंचायत तक स्त्री उपस्थिति हमें उनकी क्षमताओं का संकेत दे रही है।

**प्रस्तावना –** भारतीय स्त्री ने अपने अधिकारों पर आज नई नजर डाली है। इसकी चेतना में उत्पादक वर्ग होने का नया एहसास आ जुड़ा है, वो अपने को आर्थिक स्वतंत्रता की इकाई के रूप में देख रही है। सोबती जी अपने लेखन के संबंध में कहती हैं 'मेरे निकट लिखना और जीना दो नहीं एक है। जिस लिपि, आन्तरिक भाषा में आप स्वयं को जीते हैं, दूसरों को पहचानते हैं, निगाह की बंदिश में बाँधते हैं, व्याकरण की चौखट में कसते हैं-वही आपके लिखने की शर्त भी बनता है।''फिर एक मुबारक घड़ी में आप अपने पिछवाड़े देखने लगते हैं। अपने आगेऔर अपने आमने-सामने से एक समय अंकित होने लगता है। एक पंक्ति। एक समय। रचना लेखक के अन्दर है और वह अपने बाहर खड़ा है। ऐसे में दोहरापन नहीं, रचना का एकल अस्तित्व स्वयं इन दो स्थितियों तत्वों का अतिक्रमण करता है।'[1] सोबती जी ने अनेक विद्यार्थियों पर अपनी लेखनी चलाकर विशिष्ट पहचान बनाई है किन्तु यहाँ पर उनके कुछ उपन्यासों की ही चर्चा करेंगे जो स्त्री जीवन पर केन्द्रित है।

'डार से बिछुड़ी' एक स्त्री के साथ हो रहे शारीरिक-मानसिक यातना का दस्तावेज है जो उपन्यास की नायिका पाशों की विधवा माँ के शेखों के यहाँ बैठने से मामा-मामी/नानी द्वारा क्षण-क्षण कटूक्तियाँ, ताने, तो वह किशोरावस्था में घर से ही झेलने लगी थी। उसे कहाँ पता था कि यह उसे आगे चलकर कई तरीकों से झेलना पड़ेगा। कभी विक्रय की हुई औरत के रूप में तो कभी तीन पतियों के बीच द्रौपदी बनकर या कहें मात्र बनकर रह जाएगी जिसे जब चाहा उपभोग मेंलायाऔर जी भरने पर वस्तु समझ बाजार में बोली लगाकर बेच दिया। पाशों यहाँ पर मांस-मज्जा से बनी एक भोग की वस्तु के अतिरिक्त कुछ नहीं है। पाशो कुलबोरनी है क्योंकि उसकी विधवा माँ ने दूसरा घर बसा लिया है जिस कारण से वह मामा-मामी की आँख का काँटा बनी है और ऊपर से नानी की नसीहत 'सँभलकर री, एक बार का थिरका पाँव जिंदगानी धूल में मिला देगा।'[2] इतने विरोध के बाद भी वह अपने माँ से मिलने जाती हैं कि 'भले ही उसे हिन्दू दीवान परिवार के हवाले कर दिया पर वहाँ उसकी हैसियत लखपत दीवान के बेटे को जन्म देकर भी रखैल से ज्यादा कुछ नहीं।'[3] तो क्या पाशो की जिन्दगी से दुख का अंत हो जाता है? नहीं...दीवान जी के मौत के बाद उनके छोटे भाई बरकत की बुरी नजरें घूरने लगती हैं और वह उस पर अत्याचार करता है। पश्चात चंद मोहरों में पाशो को बेंच देता है। 'बिकी हुई औरत खरीददार के घर की दात : 'भागमरी, यह घर बाहर सँभाल और द्रौपदी बन सेवा कर मेरी और मेरे बेटों की।'भाग के इस लिखे की विवश स्वीकृति के सिवा कोई रास्ता नहीं। औकात खरीदी हई वस्तु की तो जिन्ससे ज्यादा कुछ नहीं।'[4]

वहाँ पर भी मँझला भाई पाशों को सिर्फ अपनीसम्पत्ति बनाना चाहता है 'स्त्रियाँ व्याहता हो या रखैलें, सम्पत्ति की तरह उनकी रक्षा, उनकी पहरेदारीयुद्ध स्थिति में पुरुष कार्धर्म हो जाता है मँझलारोज फिरंगियों से युद्धके लिए मोर्चे पर निकले। 'मैं सौ पहरूओं का एकपहरू' के दर्द से प्रेरित एक दिन उसे कम्बल में लपेट कर घोड़े पर साथ हीले निकला, इस संकल्प के साथ कि 'अब भले ही फिरंगी के हाँथ मर जाऊँ- मेरे पास मेरी नवेली। स्त्री पर पूर्ण स्वामित्व का ठेठ सामंती ठाठ।'[5] अंतत: पाशो बिछुड़ी हुई डार से मिल जाती है।' पाशो के संबंध में राजेन्द्र यादव ने लिखा है-'पाशो मानो व्यक्ति नहीं, चीज है, पशु है जिसे जो मन हो उठा ले जाए। जहाँ है वहाँ उसका घर संभाले, बिस्तर गर्म करे और वंश चलाने के लिए संतान दे..'और पाशो है कि पिछले को छाती से चिपकाए जहाँ है वहीं की खैर मनाती रहे, मर्दो की हलचल-भरी जिन्दगी को अपनी नस-नस में जीती रहे..'चाहे वह दीवान

जी की मौत या खालसों की अंग्रेजों से लड़ाई की बजती तुरहियाँ 'उसे तो बांदी, बीबी या बहन कुछ भी बनकर रहना है और कभी जान बचाने के लिए पशु की तरह इस घर पर भागना है या फिर खरीदी बेची-छीनी जाकर एक-दूसरे को सौंपे जाना है।'[6]

वहीं 'मित्रो मरजानी' की मित्रो सभ्य परिवार की बहू है जिसमें तीव्र वासनात्मक इच्छा है तो दूसरीओर माँ बनने की लालसा, वहीं वह स्नेहमयी है तो त्यागमयी भी...। जिसने समाज को झकझोर दिया है और कई दशकों तक वाद-विवाद का विषय बनी रही। मित्रो की परवरिश ही माँ (बालों) के विलासी वातावरण में हुई थी। परिणामस्वरूप वह अपनी जिठानी से कहती है 'मित्रो झिझकी-हिचकिचाई नहीं। पड़े-पड़े कहा-सात नदियों की तारू, तवे से काली मेरी माँ और मैं गोरी चिट्टी उसकी कोख पड़ी। कहती है इलाके बड़भागी तहसीलदार की मुँहादरा है मित्रो। अब तुम्ही बताओ जिठानी तुम जैसा सत-बल कहाँ से पाऊँ-लाऊँ? देवर तुम्हारा मेरा रोग नहीं पहचानता।...बहुत हुआ हफ्ते-पखवारे ...और मेरी इस देह में इतनी प्यास है, इतनी प्यास कि मछली सी तड़पती है।'[7]

'देह की प्यास और तपन का ऐसा बेधड़क स्वीकारअचम्भित करने वाला था। एक महिला रचनाकार की कलम से जिसने तब से अब तक कभी देह की स्वतंत्रता और महत्व का स्त्री-विमर्शवादी डंका पीटकर अपने साहस का बखान नहीं किया, सत्तार के दशक में, ऐसे बेलौस अंकुठ चरित्र का सृजन निश्चय ही चौंकाने वाली घटना थी।'[8] सोबती जी ने मित्रों और सरदारीलाल दोनों की विशेषताओं को दिखाया 'बेमुरौवती से स्त्रियों के बाँझपन और ठण्डेपन की चर्चा के जैसे उदाहरण अक्सर मिलते हैं वैसे पुरुषों की नामर्दी और ठण्डेपन के नहीं।'[9]मित्रों में इच्छा उस पर इतनी हावी हो जाती है कि वह उसके व्यवहार में भी दिखाई देने लगता है यायूँ कहें कि उसका व्यवहार ही इस तरह बन जाता है। 'सेक्स की यह अनुक्ति मित्रो को वाचाल बनादेती है। वह जेठ जिठानी, सास-ससुर तक की लाज नहीं रखती। इस 'सेक्सुअल-फ्रस्ट्रेशन' के कारण ही वह जली-भुनी रहती है। वैसे अपने पति एवं परिवार वालों के लिए बड़े से बड़ा त्याग करने में यह आगा-पीछा नहीं देखती।'[10] त्यागमयी इसलिए क्योंकि जब सारा परिवार ऋण के बोझ तले दबा होता है तो मित्रो ही अपने सहेजे हुए गहने देकर मुक्त कराती है। गहने जो स्त्री के लिए सर्वाधिक प्रिय माने जाते हैं परन्तु यहाँ मित्रो को अपना परिवार गहनों से भी ज्यादा प्रिय है, वहीं इसके विपरीत सोबती जी ने मित्रों की देवरानी फूलवन्ती को तुलनात्मक रूप में हमारे समक्ष खड़ा किया है, वह कर्कशा, लोभिन, स्वार्थी, झगड़ालू है, जिसके प्राण गहनों में बसते हैं यहाँ तक की वह घर में फूट भी डाल देती है, घर ऋणग्रस्त हो जाता है और तब ससुराल छोड़ पति के साथ मायके जा बैठती है।

इन सबके बावजूद मित्रों में एक ममतामयी माँ का हृदय भी विराजमान है। जब सुहागवन्ती की गोद हरी होती है तब पहले तो मित्रो खूब चुहल करतीहै. पर बाद में उसकी स्त्री-सहज मातृत्व की भान उसके स्वभाव को और तिक्त बना देती है। 'मेरा बस चले तो गिनकर सौ कोख जन डालूँ, पर अमल अपने लाड़ले बेटे का भी तो आड़ तोड़ जटाओ। निगौड़े मेरे पत्थर के बुत में भी कोई हरकत तो हो।'अन्त में इसी दुर्दम्य कामवासना की पूर्ति हेतु वह माँ के पास जाती है। माँ बेटी के लिए सारी तैयारियाँ कर देती है, परन्तु अन्त में माँ की आँखों में एक अजीब सी चमक देखकर वह दौड़कर सरदारीलाल के कमरे में जाकर अन्दर से दरवाजा बन्द कर लेती है। इस प्रकार मित्रो 'समर्पिता एवं गृहीता' दोनो हैं, परन्तु अन्त में जाते-जाते उसकी वह समर्पण भावना प्रबल हो जाती है। इसे कृष्णा जी ने 'बोल्डनेस' पर भारतीय संस्कारों एवं परंपराओं की विजय ही मानना चाहिए।'[11]

निर्मला जी की यह बात बिल्कुल ही सहमति योग्य है कि 'मित्रों मरजानी सिर्फ दैहिक ताप और उसकी अनिवार्यता की अकुंठ आवाज उठाने वाली एक साहसी स्त्री की गाथा नहीं है। परिवार की सामाजिकता से उदासीन मात्र शरीर की उत्सवधर्मी साधना की कारूणिक परिणति का बयान भी है। महत्तवपूर्ण बात यह है कि उसमें परिवार के बीच स्त्री की एक जरूरत की ओर ध्यान दिलाया गया है जिसे पुरुष प्रधान समाज जानकर भी स्वीकार नहीं करना चाहता। स्त्री की हर ऐसी माँग बेहयाई यानी 'राह-कुराह' चलने की जद में आती है।' 'मित्रों में शायद पहली बार स्त्री को यह आवाज उठाने का हक दिया गया है।'[12] जो स्त्री सशक्तिकरण का उस समय के अनुसार पहला भारी कदम है।

'तिन पहाड़' भी नारी के अन्तर्मन की करूण गाथा है जिसमें नायिका जया अपने टूटते-बनते संबंधों के कारण कितना संघर्ष करती है और अंत में आत्महत्या को वरण करती है। इसमें सोबती जी ने नायिका के मन को स्थायित्व दिया है वह अपने प्रथमप्यार को भुला नहीं पाती और नए को स्वीकार नहीं करती। जया फ्लैश बैक में ही आज जीती है। जया को छोड़ श्रीदा अपना जीवन साथी एडना को स्वीकार कर लेता है और यह सदमा जया सहन नहीं कर पाती और तिस्ता की लहरों में जल समाधि ले लेती है। 'संभवत: उसे अकारण ही श्रीदा से इस तरह छला जाना आहत कर गया हो।'[13]

'सरजमुखी अंधेरे के सोबती जी ने बलात्कार पश्चात उपजी स्त्री के मनोविज्ञान को हमारे समक्ष रखा है। दस वर्ष की उम्र में रत्ती के साथ बलात्कार के परिणामस्वरूप इसका बदला सम्पूर्ण पुरुष जाति से लेती है और पुरुषों के प्रति अत्यंत कठोर हो जाती हैं।' असाधारण सुन्दरता एवं 'स्मार्टनेस' के मोह पाश में फंसाकर वह पुरुषों को अपनी ओर खींचती है और जब वे एकांत क्षणों में उसके बिलकुल पास आने के लिए छटपटाते हैं, तभी वह उन्हें छोड़कर किनारा कर जाती है। 175 पृष्ठ के इस उपन्यास में सोलह पुरुष उसकी जिन्दगी में आते हैं, पर वे सभी उसके 'जालिम ठण्डेपन' के शिकार होकर तड़पते रह जाते हैं।'[14] लेकिन 'अंतत: जिस्मानी तौर पर वह दिवाकर से ही तृप्त होती है और उसे लगता है कि उसके सारे शून्य भरे जा चुके हैं। फिर भी किसी से नहीं जुड़ती और अकेलेपन के एहसासको जिया करती है। दिवाकर और रत्ती के संभोग का वर्णन जिस कालात्मक ढंग से उकेरे गए हैं वे लखिका की सर्जनशक्ति का उदाहरण है।'[15]

'ऐ लड़की' मरती हुई माँ और बेटी के बीच 'विशिष्ट-संवादात्मक' उपन्यास है। ऐ लड़की का कथानक एक बेटी को जिए गए जीवन के अनभुव बताती हुई माँ। वह स्मृतियों के सहारे पति, पुत्र-पुत्री, बहु, पोता, दादी, नानी आदि की पारिवारिक भूमिका,कर्तव्य, अधिकारआदि जीवन की सच्चाईयों कीतात्विक व्याख्या करती है। ऐसे ही अम्मू अपने बेटी के सामने भाई-बहन के बीच भेद-भाव को रखना जरूरी समझती है और कहती हैं कि-'अपनी समरूपा उत्पन्न करना माँ के लिए बड़ा महत्वकारी है। पुण्य है। बेटी के पैदा होते ही माँ सदाजीवी हो जाती है। वह कभी नहीं मरती। हो उठती है वह निरंतरा। वह आज है, कल भी रहेगी। माँ से बेटी तक। बेटी से उसकी बेटी, उसकी बेटी से भी अगली बेटी। अगली से भी अगली। वही सृष्टि का स्त्रोत है।'पिता की भूमिका के बारे में बेटी के प्रश्न का भी सटीक उत्तार है इस छीजती वृद्धा के पास 'कुदरत के नियम देखो। पिता को सत्य सामर्थ्य ही

मनुष्य का अंश प्रदान करने की और काया घड़ने में उसे बाहर रख दिया। पिता बाहर खड़ा रहता है और माँ अन्दर बच्चा जनती है। इसी से माँ जननी कहलाती है। वही अपने तन-मन से बच्चे की काया उगाती है।'[16] इस तरह से जीवन की ऐसी अनेक छोटी-बड़ी बातें हैं जिसे अम्मू अपनी बेटी को बताना चाहती है क्योंकि उसे ज्ञात हैं कि वह कुछ ही दिनों की मेहमान है।

'दिलो दानिश' सामंती व्यवस्था और नारी शोषण को स्पष्ट करता उपन्यास है, जो उन्नीसवीं सदी के उच्छृखल एवं विलासी रईसों की मनमानी का पर्दाफाश करता है। उन दिनों दिल्ली में रखैल रखने की प्रथा आम थी। नायक कृपानारायण पेशे से वकील है जो नसीम बानों पर काफी एहसान करता है, उसके ऋण ग्रस्त मकान को उऋण कराता है, धीरे-धीरे दिल फेंक कृपानारायण उसकी बेटी महक बानों को अपना बना लेता है, जिसके दो बच्चे भी होते हैं। ऐसा नहीं की कृपानारायण का परिवार नहीं उसका भरा पूरा परिवार पत्नी कुटुम्ब प्यारी और तीन बेटे हैं। कृपानारायण पत्नी और प्रेमिका के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में असफल हो जाता है।

इस उपन्यास में तलवार की धार में औरत ही खड़ी है चाहे वह पत्नी के रूप में हो या रखैल । कृपानारायण के लिए दोनो जरूरत की वस्तु हैं। 'एक गृहस्थी की जरूरत थी और दूसरी दिल की।'[17] अब 'घर की औरत का हक सिर्फ इतना है कि वह गृहस्थी की मालकिन बनी बैठी रहे, मर्द की बाकी कारगुजारियों से उसका कोई लेना-देना नहीं।और जो डेरेवाली वह होती रहे इस बात से निहाल कि वकील साहब ने उसे दुनिया की दो आला नेमतें दी है बेटा और बेटी। पर वकील साहब बखूबी जानते हैं कि 'महक जैसी औरत भला हम पर क्या हावी होगी। चल रही है क्योंकि चल निकली थी।' उन्हें इस बात का पूरा गुमान है कि 'आखिर को हम मर्द है।' उनकी जिन्दगी में महक का होना वह छोटा-मोटा गुनाह है जिस पर खाक उड़ाना बीवी के लिए वाजिब नहीं।'[18]

मर्दो की मर्जी पर चलने वाली उस दुनिया में औरतों की भूमिकाएँ, उनके हक और हैसियत सब तय हैं। वकील साहब को इसका ऐलान करने में कोई संकोच नहीं है। 'आप औरत हैं और आपको गृहस्थी बनाने-चलाने को ही ऊपरवाले ने बनायाहै।'[19]

किन्तु इन सबके बावजूद महक अपने अधिकार के लिए लड़ती है। परिणामत: वह अपने पुस्तैनी जेवर कृपानारायण से हासिल कर लेती है, वहीं बेटी मसूमा की शादी में अपने माँ होने का फर्ज भी अदा करती है और इतना ही नहीं कृपानारायण की संपत्ति में तीनों बेटों के बराबर बदरू को भी हक प्राप्त होता है। अन्त में कृपानारायण की स्थिति दीन-हीन और असहाय से अधिक कुछ नहीं होती। यह ठीक ही है औरत के लिए महत्तवपूर्ण है सही क्षण में सही मौके पर उसे पहचानकर हासिल कर लेना। दिलो दानिश मुख्य रूप से इसी 'दूसरी' औरत की जीत की,उसके सशक्तिकरण की दास्तान है। उसके संकल्प की भीतरी ताकत के सामने समाज के रीति-रिवाज और उन्हें वहन करने को अपनी जिम्मेदारी वाले मर्दो की पराजय की, निस्तेज होनाकहानी।'[20]

समय सरगम जीवन के शिथिल और कठिन अवस्था में बगैर किसी समझौता के पूर्ण उत्साह आनंद और सम्मान के साथ जीना सिखाता है। इसीलिए निर्मला जी ने इसे 'जीवन जीने की कला' कहा है। यह स्त्री सशक्तिकरण की सर्वश्रेष्ठ धरोहर है जो वृद्धावस्था में भी ऊँचे आत्मविश्वास से जीने के लिए प्रेरित करता है। उपन्यास की नायिका आरण्या वृद्ध है और पेशे से लेखिका है। वह जीवन को भरपूर अपनी शर्तो पर जीने में विश्वास करती है। इतना ही नहीं वह बिल्कुल ही विचारों और पहनावे से 'मॉड' है। उसके सामने धर्म, आध्यात्म और सामाजिक नियमों का कोई मूल्य नहीं है। इस तरह से समय सरगम का अर्थ जिन्दगी के उतार-चढ़ाव से लगाया जा सकता है। उपन्यास में आरण्या, ईशान से कन्या भ्रूण हत्या के बारे में कहती है-

'हैरानी नहीं हुई!
नहीं ईशान!
यह न पूछेगी कि अब तक कहाँ थी बेटियाँ।
जानती हूँ। बेटियाँ आसानी से मिल जाती हैं
अगर गर्भ में नष्ट न कर दी जाएँ।'[21]

इतना ही नहीं सोबती जी ने उच्च वर्ग द्वारा दलित-पिछड़ी जाति की लड़कियों पर हो रहे अत्याचार/शोषण को भी दिखाया गया है।

'उंची जात वाले नीची पिछड़ी जात की लड़कियों को घेरकर उनके साथ कुकर्म करते जाते हैं, और मुछों पर ताव दे छुट्टा घूमते रहते हैं। यह तोसरासर अन्याय है, साहिब! पाप है। कोई भी कार्य इसलिए शुभ नहीं कि वह मुझे या आपको सुख देता है। वह इसलिए शुभ है कि बहुतों को सुख देता है। बहुमत की सहभागिता ही क्या लोकतंत्र नहीं। और पुलिस अगर उसकी जात ऊँची है तो खड़े-खड़े देखती रहेगी। वारदात को कानून के गोरखधंधे से रफा-दफा कर देगी। बेटियाँ कमजोरों की तरह रोती रहेंगी। छाती पीटती रहेंगी।'[22]

'जैनी मेहरबान सिंह' उपन्यास में सुनहरे बालों वाली नायिका जैनी को सोबती जी ने चुलबुली, मनमौजी, समझदार और गंभीर व्यक्तित्व का दिखायाहै।

इस तरह सोबती जी स्त्री विमर्श और स्त्री सशक्तिकरण की सशक्त हस्ताक्षर हैं और उनका नारीवादी लेखन अपने आप में खास और काफीमहत्तवपूर्ण है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. राजे सुमन, हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास, भारतीय ज्ञानपीठ, 18, इन्स्टीट्यूटशनल एरिया, लोदी रोड नयी दिल्ली -10003, संस्करण चौथा -2011,पृ. -289
2. सोबती कृष्णा, डार से बिछुड़ी, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. I बी, नेताजी सुभाष मार्ग नयी दिल्ली -110002,पाँचवा संस्करण -2001पृ. -91
3. जैन निर्मला, कथा समय में तीन हम सफर, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. I बी, नेताजी सुभाष मार्ग नयी दिल्ली -110002,पाँचवा संस्करण -2011,पृ. -103
4. वही पृ. -104
5. वही पृ. -104
6. आजकल, फरहत परवीन, मार्च 2013,पृ. -12
7. सोबती कृष्णा, मित्रों मरजानी, राजकमल प्रकाशन नयी दिल्ली पटना, पाँचवा संस्करण -1992,पृ. -19
8. जैन निर्मला, कथा समय में तीन हम सफर, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. I बी, नेताजी सुभाष मार्ग नयी दिल्ली -110002,पाँचवा संस्करण -2011,पृ. -108
9. वही पृ. -109

10. देसाई पारुकान्त, साठोत्तरी हिन्दी उपन्यास, सूर्य प्रकाशन नई सड़क, दिल्ली -6,पृ. -38
11. वही पृ. -39
12. जैन निर्मला, कथा समय में तीन हम सफर, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. ख बी, नेताजी सुभाष मार्ग नयी दिल्ली -110002, पाँचवा संस्करण -2011,पृ. -1012।113
13. वही पृ. -116
14. देसाई पारुकान्त, साठोत्तरी हिन्दी उपन्यास, सूर्य प्रकाशन नई सड़क, दिल्ली -6,पृ. -40
15. वही पृ. -41
16. जैन निर्मला, कथा समय में तीन हम सफर, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. ख बी, नेताजी सुभाष मार्ग नयी दिल्ली -110002,पाँचवा संस्करण -2011 पृ. - ।80
17. वही पृ. -125
18. वही पृ. -126-127
19. वही पृ. -127
20. वही पृ.-130-131
21. सोबती कृष्णा, समय सरगम, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. । बी, नेताजी सुभाष मार्ग नयी दिल्ली -110002,पृ. -114
22. वही पृ. -120

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# ग्रामीण उद्यमिता विकास संबंधी आर्थिक योजनाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन (मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ मे)

**डॉ. एस.के. खटीक* राजेश शेषकर ****

* अध्यक्ष एवं पूर्व अधिष्ठाता (वाणिज्य) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) ज.हॉ. शासकीय महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** उद्यमिता एक कौशल दृष्टिकोण एवं कार्यपद्धति है। साधारणतया उद्यमी केा उसके कार्यों से ही परिभाषित किया जाता है। उद्यमी वह व्यक्ति है जो कुछ विशेष कार्य (उद्योगों, व्यवसाय, व्यापार सेवा) करने के लिये विचारों को जन्म देता है और उन विचारों केा क्रियान्वित करने के लिये अपनी तरफ से निश्चित तौर पर पहल और आत्मबल दिखाता है। जिससे यह विचार एक उद्यमशील कार्य का रूप धारण कर सके। राष्ट्र के आर्थिक विकास को बढ़ाने हेतु ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये ग्रामीण उद्यमिता के अंतर्गत अनेक वर्ग पेशेवर संस्थाएं नियोजक वर्ग प्रवर्तक मिलकर उद्यमी का कार्य करते हैं।

हमारा देश एक ग्राम प्रधान देश है तथा ग्राम प्रधान देश होने के कारण यहॉ की 72 प्रतिशत जनसंख्या गॉव में निवास करती है तथा प्रत्येक गॉव की विभिन्न प्रकार की समस्याएं होती है। इन सारी समस्याओं में से एक मुख्य समस्या बेरोजगारी तथा आर्थिक स्थिति की समस्या है, जिसके लिए वर्तमान में क्या बहुत पहले से अपने देश की सरकार शुरूआत से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या को लेकर प्रत्येक गॉव में गरीबी निवारण तथा आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए शुरू से ही प्रयास करती आ रही है। लेकिन पूर्ण रूप से इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है।

इन आदि समस्याओं को ध्यान में रखते सरकार ने गरीब परिवारों के उत्थान के लिए तथा उनके जागरूकता पैदा करने के लिए अनेक प्रकार के जनजागरूकता के अभियान तथा विभिन्न प्रकार की योजनाओ का क्रियान्वन किया जा रहा है जिससे कि गरीब परिवारों की सामाजिक तथा आर्थिक एवं महिलाओं की स्थिति अधिक मजबूत को सके। इसके लिए S.H.G. के माध्यम से पुरूष/महिलाओं को जोड़ा जा रहा है जिससे कि समूह में जुड़कर आपसी भाई चारा तथा लिंग भेद तथा समूहों के माध्यम से छोटे-छोटे कुटीर उद्योग या व्यवसाय स्थापित करवाये जाते है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और अपने परिवार का भरण पोषण आसानी के साथ कर सकें।

सामान्यत: महिलाओं की आर्थिक तथा सामाजिक एवं राजनैतिक रूप से पिछड़ी हुई थी तथा उनको समाज में लिंग भेद तथा अन्य सामाजिक दुर्बलताओं के कारण और महिलाओं की बेरोजगारी तथा उनकी सभी समान स्थितियों के ध्यान मे रखते हुए सरकार द्वारा अनेक प्रकार की महिलाओ से सम्बंधित योजनाओ का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**शोध का क्षेत्र –** संपूर्ण म.प्र. शोध क्षेत्र के रूप मे लिया गया है। जिससे कि प्रदेश मे ग्रामीण उद्यमिता की वास्तविक स्थिति का अनुमान लग सके।

**शोध का उद्देश्य –** ग्रामीण उद्यमिता का क्षेत्र जितना विकसित होगा। उतनी ही पूंजी के विनियोजन का विस्तार होगा, ग्रामीण क्षेत्रो मे रोजगार बढ़ेगा। आय बढ़ने से उपभोग बढ़ेगा। इस प्रकार औद्योगिक विकास से उपभोग बढ़ेगा एवं औद्योगिक विकास से देश की अर्थव्यवस्था का विस्तार हो कर देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा। अत: ग्रामीण उद्यमिता के मार्ग मे आने वाली चुनौतियां एवं बाधाओं का अध्ययन करना। इस शोध का मुख्य उद्देश्य है। ताकि इनके समाधान के उपाय खोजे जा सके।

**शोध प्रविधि –** किसी भी शोध कार्य को उद्देश्यहीन एवं ज्ञानरहित नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए कुछ निश्चित कारकों से प्रेरित होकर ही निश्चित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये शोध-कार्य किया जाता है। ज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य अपरिहार्य है। वर्तमान युग में शोध या अनुसंधान का अत्यधिक महत्व है, क्योंकि किसी भी क्षेत्र से संबंधित तथ्यों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, एवं सत्यापन अनुसंधान के द्वारा ही किया जा सकता है।

शोध कार्य में मध्यप्रदेश में ग्रामीण उद्यमिता विकास संबंधी आर्थिक योजनाओं से सम्बन्धित वास्तविक एवं विश्वसनीय आंकड़ों को प्राप्त करने के लिये प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों को एकत्र कर पूर्ण किया गया है। प्राथमिक आकड़े स्वयं कार्य स्थल पर जाकर मूल स्रोतों एवं साक्षात्कार अनुसूची द्वारा एकत्र किये गये हैं। जबकि द्वितीयक आंकड़े मध्यप्रदेश में ग्रामीण उद्यमिता विकास संबंधी आर्थिक योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रकाशित- अप्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र-पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, आदि से एकत्र कर प्रयोग किये गये हैं।

**म.प्र. मे ग्रामीण उद्यमिता की स्थिति –** ग्रामीण उद्यमिता की स्थिति म.प्र. के सभी जिलो मे संतोषजनक नही है। वास्तव मे ग्रामीण विकास के लिये आवश्यक है कि ग्रामीणो के जीवन स्तर मे वृद्धि की जाय एवं रोजगार के पर्याप्त संसाधनो का विकास किया जाए एवं ग्रामीण स्तर पर के लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना कर काम उपलब्ध कराया जाय। आज म.प्र. के सभी जिलों मे उद्यमिता विकास मार्गदर्शक प्रकोष्ट संचालित है। जिसके अंतर्गत कृषि एवं उन पर आधारित उद्योग सौंदर्य प्रसाधन, प्लास्टिक कंप्यूटर, संचार उपकरण, मशीन एवं पुर्जे, पैकिंग सामग्री, औषधि रसायन, भवन सामग्री तथा विभिन्न वस्तुओं के निर्माण हेतु उद्यमिता विकास मार्गदर्शन केन्द्र से सलाह लेकर लघु मध्य तथा अथवा उंची पूंजी वाली उत्पादन इकाइयों के स्थापना के प्रयास किये जा रहे है। जिनमे काफी हद तक सफलता

भी प्राप्त हो रही है।

शासन द्वारा ग्रामीण उद्यमिता के विकास हेतु म.प्र. मे अनेक योजनाये संचालित की जा रही है। जिनमे स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, रानी दुर्गावती स्वरोजगार योजना, दीनदयाल स्वरोजगार योजना, ग्राम्या योजना स्वयं सहायता समूह, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना आदि। इन सभी योजनाओं और ऐसी ही अनेक अन्य योजनाओं के माध्यम से म.प्र. मे ग्रामीण उद्यमिता के विकास का प्रयास किया जा रहा है।

म.प्र. मे ग्रामीण उद्यमिता के विकास हेतु निम्न उद्योग विभिन्न जिलों मे बहुतायात से स्थापित किये जा रहे है।

**तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

**ग्रामीण उद्यमिता के विकास में बाधायें –** उपरोक्त योजनाओं और ऐसी ही अन्य अनेक योजनाओं के माध्यम से म.प्र. ग्रामीण उद्यमिता के विकास के प्रयास किये जा रहे है किन्तु इसमें अनेक बाधायें एवं चुनौतियॉ भी सामने आ रही है। जिसमें कार्य से जुड़ा हुआ जोखिम, सफलता–असफलता की अनिश्चितता के साथ – साथ अनेक अन्य चुनौतियां है। जैसे :–

1. गांवों मे पहुंचमार्ग का अभाव एवं उपलब्ध सड़कों की दयनीय स्थिति।
2. उद्यम हेतु पर्याप्त जल का अभाव, स्वच्छ पेयजल, की कमी।
3. प्रदेश के सभी गांवों मे विद्युतीकारण की दयनीय स्थिता जिन गांवों मे विद्युत सुविधा है भी वहां पर भी 24 मे से 18 से 20 घंटे तक विद्युत आपूर्ति मे अत्याधिक कमी।
4. वित्त की समस्या ।
5. उच्च शिक्षा की कमी।
6. आवश्यक चिकित्सा सेवाओं का अभाव।

जब तक उक्त बाधाये विद्यमान रहेगी, ग्रामीण उद्यमिता का विकास संभव नही है।

**सुझाव –** उक्त बाधाओं केा दूर करने के लिये सुझाव निम्नानुसार है:–

1. देश के समुचित एवं समान विकास के लिये आवश्यक है। कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के समन्वय से गांवों मे पहुंच मार्गो का निर्माण कराया जाय। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य को तीव्र गति से संपन्न कराया जाय।
2. अधिकांश: गांवो मे पेय जल काफी दूर से लेकर आना पड़ता है। जिससे लोगों केा काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसी जगहो पर ग्रामीण उद्यमिता का विकास भी संभव नही होता। अत: शासन केा चाहिए कि ऐसे गावों में जल की समस्या के निराकरण के लिये विशेष योजना बनाकर लागू की जाय। जिससे की जल की समस्या का निदान हो सके । ऐसा होने पर ऐसे गांवों में उद्यमिता को प्रोतसाहन मिलेगा।
3. म.प्र. के अधिकांशत: दूरस्थ गांवों मे आज स्थिति यह है कि कुल 2 से 4 घंटे ही बिजली रहती है। ऐसी स्थिति मे उद्योग स्थापित करना अत्याधिक दुष्कर कार्य हो जाता है। अत: गांवों मे बिजली की आपूर्ति हेतु शासन केा नये थर्मल पावर स्थापित करने चाहिए। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों मे बिजली की पूर्ति बढ़ाई जा सके, ताकि वहाँ पर उद्यमी उद्योग स्थापित करने के लिये प्रेरित हों।
4. वित्त की समस्या से निपटने के लिये जो लोग ग्रामीण क्षेत्रों मे उद्योग स्थापित करना चाहते है। उनको बैंको से कम व्याज दर पर ऋण उपलबध कराया जाना चाहिए।
5. राज्य सरकार को चाहिए कि गांवो मे शिक्षा एवं चिकित्सा सेवाओं मे वृद्धि करे। इस हेतु ग्रामीण स्वयं भी एक जुट होकर जनभागीदारी के माध्यम से अपने गांवों मे शिक्षा एवं चिकित्सा की सुविधाओं मे वृद्धि कर सके।

**निष्कर्ष –** निष्कर्ष रूप मे हम कह सकते है, कि यदि सड़क, बिजली, पानी एवं वित्त जैसी आधारभूत सुविधायें यदि ग्रामीण क्षेत्रों मे उपलब्ध करा दी जाय तो प्रदेश के दूरस्थ गांवों मे भी उद्यमी उद्यम स्थापित करने मे नही हिचकिचायेंगे। यदि संपूर्ण देश मे लघु उद्योगों का विकेन्द्रीकरण कर दूरस्थ गावों मे लघु उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाय तो देश के औद्योगिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास मे तीव्र गति से वृद्धि होगी और हमे विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष खड़े हो सकेगे। इसके लिये तीव्र गति से ग्रामीण उद्यमिता का विकास किया जाना अत्यधिक आवश्यक है।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. पन्त डी.सी. – भारत में ग्रामीण विकास 2009, त्रिपोलिया कालेज बुक डिपो जयपुर।
2. गुप्ता, ओम प्रकाश एवं गुप्ता जी.पी. एवं कश्यप, एस.पी. – लघु उद्योग एवं महिला उद्यमिता वर्तमान स्थिति और विश्लेषण
3. त्रिपाठी, एन.सी – उद्यमिता विकास रमेश रमेश प्रकाशन मेरठ
4. उद्यमिता समाचार पत्र – उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. सेडमैप जहांगीराबाद भोपाल
5. स्वरोजगार एवं मार्गदर्शन श्रम मंत्रालय भारत सरकार जबलपुर।
6. समूह प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र भोपाल।
7. फडिया बी.एल.2005., लोक प्रकाशन एवं शोध प्रविधि, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
8. गंगराडे के.डी.2008., गांधी के आदर्श और ग्रामीण विकास, राधा पब्लिकेशन, दरियागंज, नई दिल्ली
9. गर्ग डी.पी.1993. समन्वित ग्रामीण विकास एवं सहकारिता, शिवा प्रकाशन, इन्दौर
10. गुप्ता एम.एल. एवं शर्मा डी.डी.2007., भारतीय ग्रामीण समाजशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
11. गोयल अनुपम 1993. भारतीय अर्थव्यवस्था, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, इन्दौर

**तालिका 1**

| क्रं. | उत्पादन इकाई का विवरण | मशीन एवं उपकरणों की लागत व विद्युत की आवश्यकता | प्रमुख मशीनरी उपकरण | कच्चा माल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चमडे के पर्स | 50,0001 हा.प. | प्लेट बेड सिलाई मशीन सिलेंडर बेड स्टेम्पिग मशीन हस्त औजार | चमड़ा, धागा, बटनशिप, लाइनिंग |
| 2. | बिस्किट्स बनाने की इकाई | 1,00,0000.5 हा.प्रा. | डो मिक्सर बेकिंग ओवन बैकिंग पैन्स मोल्ड तथा डाइयां सांचे | आटा, मैदा, शक्कर, घी, दूध, तरल ग्लूकोज स्टार्च |
| 3. | आचार निर्माण | 75,000 | ब्लैसर, स्लाइसर कन्टेनर कैप शील मशीन डीजल भट्टी | नीबू, शक्कर, मिर्ची, नमक, हल्दी, हींग |
| 4. | मसाला निर्माण | 45,00010, ह.पा | पल्वराइजर बैग सिलिग मशीन तराजू अन्य उपकरण | काली मिर्च, लाल मिर्च, धनिया, हल्दी |
| 5. | पिसाई आटा/उत्पादन गेंहू आटा चक्की | 5500 | बीम स्केल तुला तगाड़ी टाइप तुला | गेंहू पैकिंग सामग्री |
| 6. | अगरबत्ती निर्माण | 35000 | हाथ से चलाने वाली छलनियां लकड़ी के तख्ते लकड़ी के रैक्स प्लास्टिक ट्रे एल्यूमिनियम ट्रे अन्य उपकरण | बांस की तीलियां कोयले का पावडर जिग्गत पावडर चंदन पावडर जड़ी बूटी पावडर सुगंधित टैपिओका पैकिंग सामग्री |
| 7. | अगरबत्ती कुल्फी के लिए लकड़ी | 54000 | बांस काटने की मशीन तीली बनाने के लिए काड़ी निर्माण की इकाइयां | साफ किये हुए सूखे बांस की मशीन अन्य उपकरण आदि। |

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# गोंड जनजाति में सामाजिक परिवर्तन (सतना जिले के विशेष संदर्भ में)

**श्रीमती संगीता कुशवाहा ***

* अतिथि विद्वान (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** परिवर्तन प्रकृति का नियम है समाज प्रकृति का एक अंग है। इस कारण समाज में परिवर्तन का होना एक स्वभाविक प्रक्रिया है। सामाजिक जीवन में उसके स्वरूप, संरचना, व्यवस्था, प्रथा, रीति-रिवाज, मूल्य आदर्श सभी में परिवर्तन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। ऐसा कोई भी समाज नहीं है जिसमें परिवर्तन की प्रक्रिया न हो। प्रत्येक समाज में सामाजिक परिवर्तन की गति एक समान नहीं होती। किसी समाज में परिवर्तन काफी तेज होता है और किसी समाज में काफी धीमी गति से। सामाजिक जीवन के एक पक्ष में होने वाले परिवर्तन उनके अन्य पक्षों को भी परिवर्तित कर देता है। सामाजिक परिवर्तन के लिये अनेक कारक उत्तरदायी होते हैं। मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक कारक महत्वपूर्ण है। सामाजिक परिवर्तन सामाजिक कारक के सभी क्षेत्रों में देखा जा सकता है। गोंड़ समाज में परिवार और विवाह नामक संस्थाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। गोंड़ जाति आज भी अपने प्राचीन परम्पराओं के प्रति निष्ठावान है, जिससे ये परम्पराओं को आसानी से तोड़ना नहीं चाहते हैं। जो गांव पर्वतों के किनारे जंगलों के बीच बसे हैं, उसमें परिवर्तन न के बराबर हुआ है। जबकि जो परिवार बाहरी वातावरण के सम्पर्क में आ हैं, उनमें भी परिवर्तन उपरी तौर पर ही दिखाई देता है। आन्तरिक रूप से ये अभी भी अपनी परम्परागत रीतियों, पद्धतियों से बंधे हुए हैं।

**शब्द कुंजी –** गोंड जनजाति, सामाजिक परिवर्तन, पारिवारिक एवं वैवाहिक स्थिति।

**प्रस्तावना –** गोंड़ जनजाति भारत की एक प्रमुख जनजाति है। आदिवासी गोंड़ों का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना कि इस धरती पर ग्रह और मनुष्य का इतिहास। परन्तु लिखित इतिहास के प्रमाण के अभाव में यह एक खोज का विषय बन गया। यहाँ गोंड़ ज़नजाति के प्राचीन निवास के क्षेत्र के साक्ष्य उपलब्ध हैं। गोंड़ समुदाय द्रविड वर्ग के माने जाते हैं। जिनमें जाति व्यवस्था नहीं थी। गहरे रंग के ये लोग, इस देश मे पांच या छह: हजार वर्ष पूर्व से निवासरत हैं। एक प्रमाण के आधार पर कहा जा सकता है कि गोंड़ जाति का सम्बन्ध सिन्धु घाटी सभ्यता से भी रहा है।

भारत में मूल निवासी आदिवासी ही हैं। गोंड़ इनमें पुरातन माने जाते हैं इनका प्रभावशाली और व्यापक समूह है। गोंड़ो की उत्पत्ति सम्बन्धी कई धारणाएं, मिथ कथाएं, किवदंतिया प्रचलित हैं। एक बैगा उत्पत्ति कथा के अनुसार एक तम्बू से दो आदमी निकले, पहला बैगा हुआ और दूसरा गोंड़, बैगा टंगिया लेकर जंगल चला गया, और गोंड़ ने नागर सम्हाल लिया। कई किवदंतियों में गोंड़ों की उत्पत्ति भगवान शंकर से मानी जाती है।

गोंड़ी धर्म की स्थापना पारी कुमार लिंगो ने शम्भुशेक के युग में की थी। गोंड़ी धर्म कथाकारो के अनुसार, शम्भुशेक अर्थात् महादेव जी का युग देश में आर्यो के आगमन के पहले हुआ था। इसी काल से ही कोया पुनेम धर्म का प्रचार हुआ था। गोंड़ी बोली मे कोया का अर्थ मानव तथा पुनेम का अर्थ धर्म, अर्थात मानव धर्म आज से हजारो वर्ष पूर्व से ही गोंड़ जनजातियों द्वारा मानव धर्म का पालन किया जा रहा है। अर्थात् गोंड़ी संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम।

गोंड़ तेलूगू शब्द 'कोड़' अर्थात् पहाडियों से व्युत्पन्न आदिवासी लोग है। जो काफी हद तक मध्य भारत के मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले, पूर्वी महाराष्ट्र (विदर्भ के चारो ओर) छत्तीसगढ़ (बस्तर), उत्तरी आन्ध्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवास कर रहे है। प्रदेश (गोदावरी के आदिलाबाद जिले के उत्तर में) नदी और पश्चिमी उड़ीसा, काला हांडी, 4 लाख से अधिक जनसंख्या के साथ निवास करते हैं। स्पष्ट रूप से गोंड़ ज़नजाति केन्द्रीय भारतीय बड़ी जनजाति के रूप में गठित है।

सतना जिले के सन्दर्भ में गोंड़ जनजाति में सामाजिक परिवर्तन का प्रार्दुभाव बहुत ही मन्द गति से हो रहा है। सतना जिले के सर्वेक्षण के दौरान मैने यह पाया कि, जनजातीय लोग विषम भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करते हुए अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इनका समाज ऐतिहासिक रूढ़िगत एवं परम्परागत धार्मिक विश्वासों से परिपूर्ण एक मिश्रित समाज हैं। इनमें परिवर्तन की प्रवृत्तियाँ निश्चित रूप से अधिक जटिल, विस्तृत एवं मिश्रित हैं। गोंड़ जनजातियाँ वर्तमान में विकास और परिवर्तन के निर्णय के द्वार पर खड़ी हुई, एक अशिक्षित और अभावग्रस्त जनजाति है। शासन के समक्ष इनकी उन्नति एवं सम्पन्नता के प्रयासों को करने की एवं सम्पूर्ण जनजातीय समाज की उन्नति एक विषम समस्या बनी हुई है। क्या हम यह अपेक्षा इनसे कर सकते है कि, देश की उन्नति में साझेदार होने के साथ-साथ ये अपनी सांस्कृतिक अक्षुण्णता को बनाए रख सकते हैं। वर्तमान समय में देश की सामाजिक व्यवस्था के साथ इनको सांस्कृतिक रूप से सम्पन्न बनाकर हम सामाजिक सामंजस्य एवं एकीकरण के स्वप्न को साकार कर सकते हैं। इस संबंध में सन् 1952 में तत्कालीन राष्ट्रपति महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि, जनजातियों का शेष समाज के साथ आत्मसात्करण हेतु उन्नति का लक्षण माना जाय अथवा क्या यह उचित है, कि उन्हे अपनी विशिष्ट संस्कृति परम्पराओं, और रीति-रिवाजों को बनाए रखने की सुविधा

प्रदान की जाय।

**पूर्व साहित्य का अध्ययन :**

**डॉ. हरिशचन्द्र उत्प्रेती (1982)** इन्होने अपने शोध प्रबंध 'भारतीय जनजातियाँ' में बताया कि गोंड़ आज के विज्ञान के युग में भी अधिकांशत: प्रकृति पर ही आश्रित है। जंगलों तथा पहाड़ों से खाद्य संग्रह करना, नदियों तथा तालाबों में मछली पकड़ना तथा कही-कही घटियों या अनेक पहाड़ी क्षेत्रो पर कृषि करना ही उनके आजीविका के प्रमुख साधन रहें है। अत: आधुनिक तौर तरीके बरतने वाले तथा सभ्य कहे जाने वाले लोगां की अपेक्षा सभ्यता की दौड़ में पिछली समझे जाने वाली जातियों का सामाजिक एंव आर्थिक जीवन भौगोलिक पर्यावरण के प्रत्यक्ष प्रभाव से ओत-प्रोत है। पर्यावरण के अनुसार ही उनका जीवन व्यतीत होता रहा है। जनजातीय जीवन को प्रकृति से लगातार संघर्ष करना पड़ता है और उदर पूर्ति के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ता है।

**सिद्दीकी शाहेदा (2014)** इन्होने अपने शोध पत्र 'रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एण्ड लाइफ साइसेंज', में कोल जनजाति के महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चल रही योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने संबंधी व्याख्या की गई है। कोल जनजाति मुख्यत: कृषि मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती है अब ये शहरों में जाकर भी मजदूरी करने लगे है तथा भवन निर्माण में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं कोल जनजाति की महिलायें भी आर्थिक क्रियाओं में बराबरी से योगदान देती है घरेलू अर्थव्यवस्था में इनकी सहभागिता महत्वपूर्ण होती है। शिक्षित कोल प्रदेश के शासकीय अशासकीय विभागों में कार्यरत है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद औद्योगिकीकरण, नगरीकरण, और वैश्वीकरण के तीव्र विकास के कारण इनमें भी महिलायें पुरूषों के समकक्ष कार्य करने लगीं है। शारीरिक परिश्रम के पश्चात् उनमें स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें भी पनपती है। प्रस्तुत शोध पत्र 'कोल जनजाति' की महिलाओं में स्वास्थ्य सम्बन्धी पर केन्द्रित है।

**डॉ. के. के. शर्मा (1989)** इन्होने अपने शोध प्रबंध 'अनुसूचित जनजातियों में सांस्कृतिक परिवर्तन' में शहडोल जिले की चार प्रमुख जनजातियों, गोंड़, बैगा, पंका, अगरिया के सांस्कृतिक पक्षों में होने वाले परिवर्तनों की विस्तृत व्याख्या की है।

**दीप मिश्रा (2003)** इनके द्वारा अप्रकाशित लघु शोध कार्य में कोल जनजाति में सामाजिक, सांस्कृतिक परिवर्तन के अन्तर्गत कोल जनजाति में पाये जाने वाले परिवर्तनों एवं आधुनिकीकरण के बारे में विस्तार से बताया है।

**डॉ. गंगा बैरागी (2013)** इन्होने अपने शोध प्रबंध 'गोंड़ जनजाति में सामाजिक परिवर्तन (शहडोल जिला के विशेष संदर्भ में)' में कहा कि गोंड़ों में गुदने की प्रथा, आज भी परम्परागत रूप में विद्यमान है। इनकी आर्थिक स्थिति आज भी दयनीय है, ये आज भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। प्रत्येक गोंड़ों को, वन्य जीवन से विशेष लगाव है। ये शहर की भीड़-भाड़ में जाना कम ही पसंद करते हैं। जंगलों में रहने को, वे अपना एकाधिकार समझते हैं। इसका मूल कारण गोंड़ों को अपनी परम्पराओं, रूढ़ियों और मान्यताओं से बेहद प्यार है। ये अपनी अल्प आवश्यकताओं की पूर्ति से ही संतुष्टि रहते हैं, ये महत्वाकांक्षी नहीं होते। पीने के लिए महुए की शराब और पेट भरने के लिए किसी भी प्रकार का पेज मिल गया, बस पर्याप्त है। पहनने के लिए लंगोटी और ओढ़ने के लिए एक कमरी बहुत है। घर, बारी (बगिया) खेत में थोड़ी मेहनत, जंगलों में काम और पर्व-त्यौंहारों में विवाह में थोड़ा नाच-गाना, बस यही इन जनजातीय लोगों की जिन्दगी है।

**उद्देश्य –** स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद गोंड जनजाति में हुए परिवर्तनों के कारणों, दिशा, क्रम और परिणामों के कार्यकरण सम्बन्धों का विश्लेषण की इच्छा तथा परिवर्तन में निहित मूलभूत नियमों और सिद्धान्तों की खोज परिवर्तन के विभिन्न कारकों के सापेक्षित महत्व का ज्ञान प्राप्त करना, परिवर्तन, सामाजिक परिस्थितियों में इस क्षेत्र विशेष की जनजाति गोंड के सामाजिक एवं उनके

1. गोंड जनजाति में सामाजिक परिवर्तनों का अध्ययन।
2. सरकार द्वारा इनके लिये किये गये एवं प्रावधान, का इनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन एवं विश्लेषण करना,
3. कल्याणकारी योजनाओं से इनके जीवन में होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करना,
4. इनके पारिवारिक जीवन, जैसे – विवाह का स्वरुप, वैवाहिक सम्बन्धों, परम्परात्मक प्रतिमानों, पारिवारिक, विघटन, एवं पारिवारिक अन्त: क्रियाओं तथा उनमें होने वाले परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त करना,
5. शिक्षा का उनके जीवन पर तथा उसके स्वास्थ्य की स्थिति एवं परिवर्तन।
6. गोंड़ जनजाति में होने वाले, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक सांस्कृतिक एवं राजनैतिक परिवर्तनों की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करना।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक समंको पर आधारित है। प्राथमिक आंकड़ों के संकलन के लिये विचार पूर्वक निदर्शन प्रविधि का उपयोग किया गया है। चयनित सूचनादाताओं से साक्षात्कार अनुसूची द्वारा सूचनायें संकलित की गयी है उत्तरदाताओं का चयन सर्वेक्षण, निदर्शन पद्धति के माध्यम से किया गया है। अध्ययन के लिये कुल 50 उत्तरदातों का चयन किया गया है अध्ययन में अवलोकन – सर्वेक्षण पद्धति का प्रयोग किया गया है।

द्वितीयक आंकड़ो के लिये समाचार पत्र पत्रिका, सरकारी, सांख्यिकी आंकड़े, पुस्तके व इन्टरनेट का प्रयोग किया गया है। प्राप्त तथ्यों के आधार पर विश्लेषण कर निष्कर्ष निकलने का प्रयास किया जायेगा।

**अध्ययन क्षेत्र –** सतना जिले की गोंड़ जनजाति के सामाजिक जीवन एवं उसमें होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन विशेष में रहने वाले गोंड़ जनजाति के जीवन के बारे में कोई भी लिखित साहित्य उपलब्ध नहीं है। सतना जिले गोड़ की कुल संख्या 9508 है जिसमें पुरूष 5003 महिला 4505 है।

सतना जिले की सामाजिक संरचना एवं सामाजिक संगठन में गोंड़ जनजाति का विशेष महत्व है। सतना जिले में गोंड़ जनजाति अन्य क्षेत्रों के गोंड जनजाति की अपेक्षा दूसरे समाजों के ज्यादा निकट एवं प्रत्यक्ष सम्पर्क में है। इस ग्राम पंचायत में गोंड जनजाति सबसे बड़ी जनजाति है।

1. शोधकार्य हेतु सर्वेक्षण के लिये हमने सतना जिले में निवास करने वाले गोंड जनजाति को ही शामिल किया गया है।
2. कार्य में सतना जिले के गोंड जनजाति के परिवारों का चुनाव करके अध्ययन किया गया है, तथा इन परिवारों के प्रमुखों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निष्कर्ष निकाला गया है।
3. अनुसंधानकार्य में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक दोनों स्वरुपों को रखा गया है,
4. आकड़ों एवं तथ्यों को एकत्र करने के लिये साक्षात्कार अनुसूची की

पद्धत्ति को सुचारु रुप से कार्यान्वित किया गया है।

5. प्रस्तुत शोधकार्य में गोंड जनजाति के सामाजिक जीवन से सम्बन्धित सम्पूर्ण पक्षों को ध्यान में रखकर उसके बारे में सामान्य अध्ययन किया गया है।

**उपकल्पना :**

1. गोंड जनजाति के लोगों का शिक्षा का स्तर निम्न है।
2. ये लोग परम्परावादी है परन्तु आधुनिकता की ओर अग्रसर है।
3. इनमें राजनीतिक जागरूकता की कमी है।
4. गोंड जनजाति में आर्थिक स्थिति कमजोर है।

**तथ्यों का संकलन एवं विश्लेषण :**

**तालिका क्रमांक – 1 : परिवारों का स्वरूप**

| क्र. | विवरण | संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | परिवार की संख्या | प्रतिशत |
| 1 | संयुक्त परिवार | 20 | 40 |
| 2 | एकाकी परिवार | 30 | 60 |
| | योग | 50 | 100 |




सर्वेक्षित किये गये 50 गोंड परिवारों के स्वरूप की जानकारी प्राप्त की गई उसमें 30 परिवार एकांकी है। जिनका प्रतिशत 60 है। जबकि 20 परिवार संयुक्त पायें गये जिनका प्रतिशत 40 है। इस प्रकार यह पाया गया कि संयुक्त परिवार की संख्या अब कम होती जा रही है और एकांकी परिवार की संख्याओं में वृद्धि होती जा रही है। इसका कारण आधुनिकीकरण एवं नगरीकरण है जिसके कारण लोंग शहरों आते जा रही है। इस प्रकार संयुक्त परिवारों की संख्या निरंतर घटती जा रही है।

**तालिका क्रमांक – 2 : परिवार के व्यवसाय का विवरण**

| क्र. | विवरण | परिवार का व्यवसाय | |
|---|---|---|---|
| | | परिवार की संख्या | प्रतिशत |
| 1 | कृषि | 20 | 40 |
| 2 | मजदूरी | 15 | 30 |
| 3 | नौकरी | 5 | 10 |
| 4. | व्यवसाय | 10 | 20 |
| | योग | 50 | 100 |




उपरोक्त तालिका क्रमांक 2 के देखने से स्पष्ट है कि वर्तमान समय में गोंड ज्यादातर परिवार कृषि काम में लगे है। उनकी संख्या 20 है तथा प्रतिशत भी 40 है। मजदूरी करने वाले परिवारों की संख्या 15 है पूर्व की मजदूरी करने वाले परिवारों की संख्या घटी है। अब उसका प्रतिशत 30 है तथा नौकरी वाले 5 परिवार है तथा उसका प्रतिशत 10 है व्यवसाय में लगे परिवारों की संख्या 10 है तथा प्रतिशत 20 है।

**परिवार की आर्थिक स्थिति –** सर्वेक्षित 50 गोंड परिवारों के मुखियों से उनके आर्थिक स्थिति के बारे में बात करने से प्राप्त जानकारी से यह ज्ञात होता है आज भी उनकी आर्थिक स्थिति विशेष रूप से सुधरी नहीं है। लेकिन भिर भी उतने में ही संतोष किये हैं, वे मानते है कि खेती हमारी मुख्य पेशा है और हमारी खेती वाड़ी का काम भगवान के भरोसे होता है हमें जितना भगवान ने दे दिया उतना ही हमारे लिये पर्याप्त है जो परिवार बाहर मजदूरी का काम करते हैं उन्हें भी उचित मजदूरी नहीं मिल पाती है बताते हैं कि हम लोगों को तकनिकी ज्ञान न होने के कारण साधारण काम कराया जाता है। तथा मजदूरी भी कम दी जाती है। वह मजदूरी कितना निर्धारित करता है यह ठेकेदार तथा फैक्ट्री मालिक पर निर्भर करता है। इन्हीं समस्त कारणों से इनकी आर्थिक स्थिति विशेष तौर से सुधरी हुई दिखाई नहीं पड़ती है। इनकी आर्थिक स्थिति का विवरण नीचे तालिका क्रमांक 14 मे दी गई है।

**तालिका क्रमांक – 3 : परिवार की आर्थिक स्थिति का विवरण**

| क्र. | विवरण | आर्थिक स्थिति | |
|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत |
| 1 | अच्छा | 5 | 10 |
| 2 | सामान्य | 20 | 40 |
| 3 | खराब | 25 | 50 |
| | योग | 50 | 100 |




उपर्युक्त तालिका क्रमांक 3 को देखने से स्पष्ट है कि अच्छी आर्थिक स्थिति वाले परिवारों की संख्या 5 है तथा प्रतिशत 10 है सामान्य स्थित वाले परिवार की संख्या 20 है उसका प्रतिशत 40 है तथा 25 परिवार ऐसे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति आज भी खराब है उसका प्रतिशत 50 है।

**शैक्षणिक परिवर्तन –** मानव द्वारा आदिकाल से ही ज्ञान का संचय किया जाता रहा है। प्रत्येक नयी पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी द्वारा ज्ञान सामाजिक विरासत से प्राप्त होता है और कुछ वह स्वयं अर्जित करता है। मानव के प्रत्येक पीढ़ी में सीखने की प्रक्रिया की सहायता से और हस्तान्तरण द्वारा ज्ञान की वृद्धि होती गयी ज्ञान की यह परम्परात्मक श्रृखला ही शिक्षा है जिसके द्वारा मानव ने अपनी मानसिक, अध्यात्मिक और सामाजिक प्रगति की है। शिक्षा ने ही मानव को पशु स्तर से ऊँचा उठाया है और श्रेष्ठ सांस्कृतिक प्राणी बनाया है।

**तालिका क्रमांक – 4 : शिक्षा की स्थिति**

| क्र. | विवरण | शिक्षा की स्थिति | |
|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत |
| 1 | शिक्षित | 23 | 46 |
| 2 | अशिक्षित | 27 | 54 |
| | योग | 50 | 100 |




उपरोक्त तालिका क्रमांक 4 को देखने से स्पष्ट होता है कि वर्तमान में शिक्षा के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है आज के समय में सरकारी योजनाओं के कारण शिक्षा का स्तर निरंतर गतिमान है इसमें छात्रवृत्ति योजना, माध्यान भोजन, मुफ्त पाठ सामग्री, विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनायें आदि है। इसके कारण शिक्षित लोगो संख्या 23 एवं इनका प्रतिशत 46 है एवं अशिक्षित लोगों की सख्या 27 एवं प्रतिशत 54 है।

**सांस्कृतिक परिवर्तन –** मानव द्वारा प्रचीन समय से निर्मित प्रत्येक भौतिक एवं अभौतिक साधन ही संस्कृति है। मानव प्रकृति के अन्य जीवों से बुद्धिमान होने के कारण अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति बौद्धिक आधार पर करता है। इसके साथ ही व्यक्ति को भूत व वर्तमान का ज्ञान होता है। तब वह भविष्य के बारे में चिन्तन करता है। यही चिन्तन जब समन्वित होता है तब वह संस्कृति का रूप ले लेता है।

**तालिका क्रमांक – 5 : सांस्कृतिक परिवर्तन**

| क्र. | विवरण | सांस्कृतिक परिवर्तन | |
|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत |
| 1 | परम्परागत | 20 | 40 |
| 2 | आधुनिक | 30 | 60 |
| | योग | 50 | 100 |




उपर्युक्त तालिका क्रमांक 5 को देखने से पता चलता है कि आज के समय में ग्राम पंचायत के गोंड़ों के परिवारों में संस्कार सम्पादन का जो तरीका है वह पहले का उल्टा हो गया है। आज 20 अर्थात 40 प्रतिशत परिवार ही ऐसे बचे है जिनमें संस्कारों का सम्पादन परम्परागत तौर तरीकों से होता है तथा 30 अर्थात 60 प्रतिशत ऐसे परिवार हैं जिनमें आधुनिक तौर तरीकों से संस्कारों का सम्पादन कराया जाता है।

**परिवर्तन के प्रमुख कारण –** सामाजिक परिवर्तन की प्रकृति परिवर्तनशील होती है और समाज में निरन्तर परिवर्तन की गति चलती रहती हैं। सामाजिक परिवर्तन किसी एक दो कारणों से नहीं होता बल्कि यह परिवर्तन अनेक कारणों के प्रभावों से उत्पन्न होता है। आज तो सभी समाजों में परिवर्तन के नये – नये आयाम दिखाई दे रहे है। अध्ययन किये गये गोंड समाज में सामाजिक परिवर्तन के अनेक कारण हैं। इन कारणों में से कुछ कारण सामान्य है। जो मुख्यत: सभी समाजों में परिवर्तन ला रहे हैं। यद्यपि अन्य समाजों की तुलना में सामान्य कारणों से उत्पन्न होने वाले परिवर्तनों, गति, दिशा, मात्रा, इनमें भिन्न होती है। तथा कुछ परिवर्तन क्षेत्रीय परिस्थितियों एवं दशाओं के कारण होता है। आजादी के बाद भारत देश की उन्नति और प्रगति के लिए अनेक नित्य नये प्रयास किये गये जिससे भारत में परिवर्तन की गति बढ़ गयी। गोंड भारत की सबसे प्राचीन जनजाति मानी जाती है, भारत देश को गोंड़ो का अभिन्न अंग माने जाने के कारण इस भारतीय परिवर्तन का प्रभाव इनके सम्पूर्ण जीवन में पड़ना स्वाभाविक है। प्रजातान्त्रिक व्यवस्था ने मतदान का अधिकार देकर उन्हें देश की शक्ति बिन्दु बना दिया। ये लोग सवर्ण हिन्दुओं के सम्पर्क में आने लगे और ये अपनी संस्कृति व कला को छोड़ कर धीरे– धीरे उनकी सांस्कृतिक विशेषताओं को अपनाने लगें।

**निष्कर्ष –** जनजातियों को वन्य जाति या आदिम जाति, आदिवासी गिरीजन तथा अनुसूचित जनजाति आदि नामों से सम्बोधित किया जाता हैं। इन लोगों को आदिम जाति या जनजाति इस कारण कहा जाता है कि ये भारत देश के प्राचीनतम एवं मूल निवासी है। ये कहते हैं कि हम भारत के आदिवासी ही नहीं बल्कि मूल निवासी भी है। सम्भवत: भारत में आर्यों एवं द्रविडों के आगमन के पूर्व से ही ये लोग यहां निवास करते थें। इसलिए ये अपने आप को भारत का मूलनिवासी मानते हैं।

सतना जिले में रहने वाले गोंड परिवार के स्वरूप में बदलाव के साथ–साथ उनके कार्यो में परिवर्तन हुआ है। कृषि कार्य गोंडों का प्रमुख व्यवसाय था किन्तु वर्तमान समय में भी ज्यादातर परिवार कृषि कार्य मे लगा है। गोंड जनजाति की जो पारिवारिक सम्बन्ध है वे अच्छे है इसका कारण यह है कि संयुक्त परिवार टूटकर एकल या एकाकी परिवार का रूप ले लिये है जिसके कारण पारिवारिक सम्बन्धों में ज्यादा तनाव नहीं आता है। सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि 50 परिवारों में 42 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनके पारिवारिक सम्बन्ध मधुर है तथा 37 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनके सम्बन्ध सामान्य है तथा 21 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनका सम्बन्ध तनाव पूर्ण है कारण यह है कि जिन परिवारों के व्यक्ति शराब का उपयोग करते है उनके परिवारों के सम्बन्ध तनावपूर्ण है तथा पूर्व के पारिवारिक सम्बन्ध मधुर सम्बन्ध वाले परिवार का संख्या 12 अर्थात 24 प्रतिशत थी तथा सामान्य सम्बन्ध वाले परिवारों की संख्या 10 अर्थात 20 प्रतिशत थी तनावपूर्ण परिवार वालों की संख्या 28 अर्थात 56 प्रतिशत थी तनवापूर्ण व्यवहार वाले परिवार जो वर्तमान में घटकर 21 प्रतिशत ही बचे है।

**सुझाव :**

1. गोंड जनजाति विकास के लिये आधुनिकतम शिक्षा की व्यवस्था की जाये तथा उन्हें टेक्निकल कोर्स कराये जाये साथ ही उनकी पढ़ाई के लिये कम ब्याज पद ऋण मुहैया कराया जाय।
2. उन व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही किया जाय तो भोले–भोले अशिक्षित जनजाति के बच्चे एवं महिलाओं तथा पुरूषो का शारीरिक एवं आर्थिक रूप में शोषण करते हैं।
3. जनजातीय क्षेत्रों में पुलिस चौकी की व्यवस्था की जाये तथा उन पर

हो रहे अत्याचारों की कार्यवाही सही समय पर की जाये।

4. इनके गावों के आस-पास स्वास्थ्य चिकित्सा केन्द्र खोला जाय तथा उनके स्वास्थ्य सुधार हेतु विशेष कार्यक्रम चलाया जाय एवं इनके क्षेत्र में स्वास्थ्य सुधार हेतु शिविर लगाये जाये।
5. युवागृह आदिवासी युवकों और युवतियों के लिये शिक्षा के साधन होते हैं। अत: युवागृहों को नष्ट होने से बचाया जाना चाहिए तथा उनका पुनर्रूत्थान किया जाये।
6. स्वास्थ्य सम्बधी सुझाव आदिवासी युवकों और युवतियों को कम्पाउंडर और दाई का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
7. जनजातीयों में जागरूकता का विकास किया जाना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. नायडू पी.आर. (2008) भारत के आदिवासी- विकास की समस्याएँ राधा पब्लिकेशन्स नई दिल्ली पृ. 09
2. शर्मा ब्रह्मदेव (1994) आदिवासी विकास-एक सैद्धान्तिक विवेचन (म.प्र.) हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल पृ. 04।
3. सिद्दीकी शाहेदा, रावत मनोज (2014) कोल जनजाति की महिलाओं में वैवाहिक परिवर्तन 'रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एण्ड लाइफ साइसेंज', गायत्री पब्लिकेशन सतना पृ. 154-156
4. शर्मा श्रीनाथ (2010) 'जनजाति समाजशास्त्र' म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल पृ. 65।
5. तिवारी शिवकुमार व शर्मा, कमल(1994)'मध्यप्रदेश की जनजातियॉ एवं समाज व्यवस्था' पृ. 24।
6. सिंह वीरेन्द्र (2007) 'मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान' अरिहंत पब्लिकेशन्स मेरठ पृ. 71
7. मीणा लक्ष्मीनारायण (1991) 'मीणा जनजाति-एक परिचय' मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल पृ. 16।
8. विष्ट भगवान सिंह (1992) 'उत्तराखण्ड की भोटिया जनजाति' विवेक प्रकाशन दिल्ली, प्राक्कथन से उद्धृत पृ. 01।
9. सिन्हा आर.के. (1983) 'पाण्डो जनजाति' मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल। पृ. 11।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारत में निर्वाचन : 16वीं लोक सभा के विशेष संदर्भ में

**रवि शंकर** *

* शोध छात्र, जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पी0जी0 कालेज, बाराबंकी, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** लोकतन्त्र चुनावों के माध्यम से ही जीवन्त अवस्था प्राप्त करता है बिना चुनावों के वास्तविक लोकतन्त्र की स्थापना मृग–मरीचिका के तुल्य है। यदि आम जनमानस चुनाव में जोर–शोर से भागीदारी करता है एवं चुनावी प्रक्रिया में अपना विश्वास प्रकट करता है तो ये परिस्थितियाँ लोकतन्त्र की सफलता की परिचायक होगी। लेकिन यदि आम जनमानस का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से उठ जाय तो लोकतान्त्रिक प्रणाली का होना न होने के समान है क्योंकि लोगो का विश्वास और वैधता ही वह आधार मूल्य है जिसके आधार पर लोकतान्त्रिक प्रणाली कार्य करती है विश्व में अनेक ऐसे उदाहरण है जहाँ की राजनीतिक व्यवस्था को लोगों के अविश्वास का सामना करना पड़ा और उन देशों में भीषण राजनीतिक संकट उत्पन हुएं। किन्तु भारत में स्वतन्त्रता के पश्चात् अनवरत रूप से लोगों का लोकतन्त्र एवं लोकतान्त्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास एवं उत्साह बढ़ा है। पिछले कुछ लोक सभा चुनावों में मत प्रतिशत में वृद्धि इसकी पुष्टि करता है।

निर्वाचन की प्रक्रिया ऐतिहासिक रूप से लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था का सर्वाधिक सरल एवं महत्वपूर्ण सूचक है। निर्वाचन वह माध्यम है जिसके द्वारा सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था, आम जनता एवं बुद्धिजीवी वर्ग तथा व्यक्ति एवं सरकार के मध्य संपर्क का मार्ग प्रशस्त होता है। यह राजनीतिक, सामाजिकरण एवं राजनीतिक सहभागीता को सुनिश्चित करने वाला जटिल घटनाक्रम है जो न सिर्फ सामाजिक एवं सुनिश्चित व्यवस्थाओं को प्रभावित करता है वरन् उनके द्वारा स्वयं भी प्रभावित होता है। अर्थात् प्रत्येक निर्वाचन सामाजिक परिवर्तन की वहत् प्रक्रिया का एक स्थिर चित्र होता है।[1] समकालीन राजनीतिक व्यवस्थाओं की प्रकृति, संचालन एवं विस्थापन को समझने हेतु राजनीतिक व्यवस्थाओं की प्रकृति, संचालन एवं विस्थापन को समझने हेतु निर्वाचनों का व्यवस्थित अध्ययन एक उपयोगी उपागम सिद्ध हो सकता है।[2]

**भारत में निर्वाचन : अवधारणा एवं प्रक्रिया –** निर्वाचन का अर्थ दो स्तरो पर समझा जा सकता है पहला प्रक्रियात्मक तथा दूसरा वास्तविक प्रक्रियात्मक स्तर पर निर्वाचन का अर्थ संकीर्ण है यहॉ निर्वाचन का तात्पर्य उस विधि से है जो जनता द्वारा शासकों के चयन हेतु अपनाई जाती है। निर्वाचन का वास्तविक अर्थ अधिक व्यापक है। यहॉ निर्वाचन का अध्ययन लोकतन्त्र के मानदंड के रूप में किया जाता है।

डी0 एल0 सेठ के मतानुसार भारतीय व्यवस्था के विषय में कोई भी विचारधारा विकसित करने के क्रम में लोकतान्त्रिक निर्वाचनों के विस्तृत अनुभव को नजरअंदाज नही किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर पंद्रह एवं राज्य स्तर पर दो सौ पचास से भी अधिक निर्वाचनों के सफल संपादन के द्वारा भारतीय जनता ने लोकतन्त्र में अपने दृढ़ विश्वास का प्रमाण प्रस्तुत किया है। भारतीय संविधान के भाग–15 में उल्लेखित अनुच्छेद – 324–329 निर्वाचन की प्रक्रिया से संबंधित कानूनी रूपरेखा को प्रस्तुत करती है। निर्वाचन की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप देने वाले घटको में निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों एवं मतदाताओं की अहम भूमिका है। निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निरीक्षण में सम्पन्न होती है जिसमे राजनीतिक दलों के प्रत्याशी परस्पर प्रतिस्पर्धा करते है।[3] संसदीय लोकतन्त्र का आधार गांवो से लेकर देश व प्रदेशों की राजधानियों तक फैले राजनीतिक दलो के संगठन के ढांचे होते है। जन जागरण एवं जनमत निर्माण का कार्य राजनीतिक दलों द्वारा संपन्न किया जाता है। राजनीतिक दलों की विचारधारा, सिद्धान्त, लक्ष्य और कार्यक्रमो के आधार पर जनता उनकी विशिष्ट पहचान विकसित करती है। अप्रत्यक्ष लोकतन्त्र में विकल्प रहित होने के कारण मतदाता शासकों के चयन हेतु उन्ही प्रत्याशियों पर निर्भर करते है जिन्हे राजनीतिक दल सामने लाते है भारत में निर्वाचन की प्रक्रिया आनुपालिका प्रतिनिधित्व पर आधारित नही है। यह एकल सदस्यी निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत निर्वाचकीय व्यवस्था पर आधारित है जिसमे एक निर्वाचन क्षेत्र से वही प्रत्यासी विजयी होता है जो निर्वाचन क्षेत्र के अन्य प्रत्यशियों से अधिक मत प्राप्त करता है।[4] निर्वाचन के परिणाम के आधार पर बहुमत मत प्राप्त प्रत्याशियों का चयन शासकों के रूप में किया जाता है।

The unintended consequence of the current pandemic is that due to the lockdown, the public eye finally shifted its gaze to those who have been living on the margins. Over 40 million internal migrants have been impacted. A survey across 18 states reveals 46.2% of migrant children have discontinued their education. Exacerbated by the digital divide and loss in regular incomes, Covid-19 could cause a massive spike in child labour, undoing decades of progress.

Delving into policy documents dating back to early Five-Year Plans provides an array of possible solutions for migrant children, ranging from flexible schooling days/ instructional hours, open schools, seasonal schools in destination areas, residential schools in source areas, to even providing teaching volunteers who move with migrating families! Policies envisioned the creation of Integrated Child Development Service (ICDS) 2 centers at arrival points (bus or train stations) to facilitate health check-ups and educational tracking. The recent Samagra Shiksha guidelines highlight the major role of local governance and community engagement in universalizing education.

A digital repository of a child's schooling/learning information may be consistently captured and maintained. This will prove especially useful for the ICDS centres at arrival points as well as schools and local governments in destination areas, serving as a gateway for requisite inter-state and inter-departmental (education, health, welfare, police, labour, etc.) collaboration. Further, it can facilitate effective profiling to understand the nature of migration (permanent vs. seasonal migration, etc.) and tailor suitable solutions. In fact, this measure will help augment efforts such as Karnataka's "Migrated children and Children of migrated daily wagers Right for Free and Compulsory Education Policy 2019(RTE) which focuses on movement registers and a student-achievement tracking system.

Third, dedicated action must be taken to converge multiple stakeholders. Students must be oriented to the destination education system and provided requisite support including counseling; parents must be informed of the returns to education through large-scale awareness programs and targeted home visits; teachers should be trained for diverse classes; schools must be designed for inclusivity; School Management Committees should enable the integration of migrant families; Panchayati Raj Institutions and local governments must drive the overall planning processes; and at higher levels of governance, systems of regular monitoring, review, coordination and accountability should be in place.

The first major serious attempt made by India to bring the vast numbers of out of school children under the purview of the formal education system was the enactment of the Right of Children to Free and Compulsory Education (RTE) Act 2009. The path in this direction began with the 86th Amendment Act, 2002 which made three specific provisions in the Constitution to facilitate the realization of free and compulsory education to children between the ages of six and fourteen years as a fundamental right.

These were (i) adding Article 21A in Part III (fundamental rights), (ii) modifying Article 45, and (iii) adding a new clause (k) under Article 51A (fundamental duties), making the parent or guardian responsible for providing opportunities for education to their children between six and fourteen years. After much indecisiveness reflected through long drawn out discussions and debates for almost seven years subsequent to the 86th Amendment to the Constitution, the RTE Act 2009 received presidential assent on 26 August 2009, taking forward the agenda for free and compulsory education.

The RTE Act, 2009 reads: Every child in the age group 6 to 14 years shall have a right to free and compulsory education in a neighborhood school till completion of elementary education. However, there remain major ambiguities and lacunae in the Act which fails to fulfil the requirement of achieving universal education for all. Owing to the lack of specific consideration, certain categories of children remain outside the purview of the Act.

One such segment is children of migrant construction workers who move along construction sites with their families. Interestingly, even though some of these children may be enrolled in their native village school, they have no access to education and remain absent for long periods of time and eventually drop out.

Hence, the children of these 'footloose labourers' remain deprived of their basic right to education. Though the RTE5 Act, 2009 includes the provision that - "if the child is required to move from one school to another such child shall have a right to seek transfer to any other school," this is not feasible as an option, especially taking this category into consideration, owing to the following constraints:
The migration workers generally stay at the site of the work along with their family for limited periods of time varying from three to six months and then move to another construction site. In this field the general pattern of migration is that "women and children have always featured as 'associated' migrants with the main decision to migrate having been taken by the male of the household" (Pandit et al. 2011, p.16).

1. Migration has no connection with academic calendars of school education and can happen any time depending on the needs of the profession.
2. Frequency of migration varies on a large scale based on the skill sets of parents and their requirement at the sites of construction.
3. Geographic scope of migration for the construction workers vary widely and can be intra or inter-state in nature.

4. With increased mechanizations the work at the sites is restricted mostly to the male members. The women folk usually either stay at home or sometimes even work within the local community outside the construction site.

All these constraints contribute to manifold challenges; some of the major ones are as follows:

1. Mid-term admission of any child in any school becomes extremely difficult.
2. Since India is a multi-lingual country, the medium of instruction in most government schools is in the local language of the state. For example, in West Bengal, the medium of instruction is Bengali while in Maharashtra, it is Marathi. Therefore, language for imparting education is a barrier, especially in the case of children of the inter-state migrants.
3. Owing to the absence of extended family as a social unit escorting the children to school and ensuring regular attendance is problematic.

**Role and responsibilities of each stakeholder:**

**Children:** The primary stakeholder the children will be at the nucleus of the program and the roles and responsibilities of the different actors in the program will be determined and formulated keeping in perspective their well-being and best interest. As shall be seen later, the program has been developed in such a manner that the children have also been given a voice to participate in various forums and put forward their ideas and grievances.

**Government of India:** Presently the Factories Act, 1948(FA) 6 provides a crèche facility in every factory wherein more than 30 women workers are ordinarily employed. It further requires the provision and maintenance of "a suitable room or rooms for the use of children under the age of six years of such women." Similarly, it is recommended to incorporate an amendment within the Act which states that, wherever more than 30 construction workers are employed in a project and there is a minimum of ten children between the ages of six and fourteen years who are not attending any school, a provision must be made for a room which can be used as a classroom, having the required infrastructure and regular maintenance.

**To form an Academic Committee and establishing their powers and responsibilities:**

1. To compose an Academic Committee at national and state levels encompassing a minimum of five members including academicians, Information and Communication Technology (ICT) experts, nominated or elected members of builders and construction industry and other members as per Government of India rules and norms.
2. To create an awareness programme through various forms of mass media before launching the programme to ensure its effectiveness and encouraging members of civil society and different non-governmental organizations to inform the Committee about the number of children currently present at the site for further intervention on the part of the state to start Anakuran.
3. To make available the Government of India approved primary and middle school curriculum, in the form of virtual media with the aid of computer, compact discs (CDs) 7 and digital versatile discs (DVDs)8.

Education has always secured respect from society. In order to ensure a comfortable lifestyle, people should educate themselves and obtain a well-paid job to be successful and satisfied. It helps gain a better reputation and increases the chances of climbing the career ladder more easily and faster. In turn, it provides financial resources for stable lives, people can afford to buy their own house or apartment and thus secure their children's happiness and success.

Furthermore, being able to own your own home provides stability and increases self-confidence. It leads to creating a positive environment for families and communities. "Children of homeowners are 116% more likely to graduate from college than children of renters of the same age, race, and income. They are also 25% more likely to graduate from high school and have higher math and reading scores, with fewer behavioral problems," according to research at the University of Tennessee.

One of the benefits of education is that the educational system teaches us how to obtain and develop critical and logical thinking and make independent decisions. When children become adults, they are faced with a lot of challenging issues of pay off your student loans, get a job, buy a car and a house, provide for your family, etc.

However, if one has spent years educating themselves, they should be able to make sound decisions on these various quandaries. Not only are people able to form their own opinions, but they are also good at finding solid and reliable arguments and evidence to back up and confirm their decisions.

Education is of key essence for modern society. One needs to learn about culture, history and other important aspects so that they would be able to contribute to modern society. Education molds people into leaders not only with knowledge about (college) subjects, but it also shows them how to lead with emotions and true values.

Educated people can easily differentiate between right and wrong, thus education helps reduce the crime rate. Bad events are happening around the world – only competent leaders can help guide us down a good and right path.

Education is the key to turn a weakness into strength. It offers different tools and ways to understand problems that lay ahead of us and helps resolve them. More importantly, education provides us with considerable mental agility to make the right decisions and spring into action when needed. Many types of research show that educated women can more easily stand up against gender bias and marital violence as they have improved their decision-

making capabilities.

**Policy, practice and prospects for the migrant children of Indian:** The seasonal migrant labor population of India is estimated by some migration scholars to be as high as 100 million. Labor migrants face barriers in accessing social services and settling permanently in urban areas and often prefer to keep their link with the village, especially during the agricultural season. As a result, they "circulate" between their village and various "destination areas" for labor work, spending significant portions of the year away from home.

While migration can open new economic possibilities for families, it also comes with high risks. These risks are disproportionately felt by the children of migrants who are often compelled to travel to worksites with their parents. Some have estimated that around six million school-aged children in India participate in family-based labor migration every year. Millions more are impacted indirectly, forced to take on most of the household responsibilities in their parent's absence.

Consider the case of the migratory hostel program run by *Sarva Shiksha Abhiyan* 9(SSA, "Education for All"), India's flagship program for universalizing elementary education. The idea is simple but effective: at the request of the local school, students who would otherwise be forced to migrate with their parents are allowed to stay in the primary school building for the six-month migration period. SSA provides for two wardens hired from the community, meals, and some basic supplies. The program is cost-effective because it uses facilities that are already available at the local school. Participants in the program benefit from the positive environment where they can focus on their studies and stay within the safety of their own village it was the main point of the study.

Unfortunately, due to a "change in priorities," the central government has decided to deny funding to Rajasthan's eighty migratory hostels for the upcoming year. Closing this program– a small component of SSA's10 budget will have deep repercussions for many vulnerable families in Rajasthan.

Evidence from my fieldwork in Southern Rajasthan, as well as a review of social protection strategies for migrants, shows that "source-based" intervention in the areas where migrants originate, like migratory hostels, are needed to prevent child migration and child labor.

The urban areas of central Gujarat have long been a popular destination for poor migrants from Scheduled Tribe (ST) communities living to the north and east in the states of Rajasthan, Madhya Pradesh, and Gujarat. Much of the seasonal labor for the brick kiln, construction, cotton ginning, and agricultural industries in Gujarat is sourced from this area.

In Southern Rajasthan, many ST families (mostly of the *Bhil* and *Garasia* tribe) depend on migration to make ends meet as they were very poor and needy peoples.
Due to high poverty levels, female participation in migrant labor is high. A 1997 study on migration in the area led by David Mosse found that 42 percent of the migrant workforce from the *Bhil* area was female. My survey found that 75 percent of women and 82 percent of men had migrated to Gujarat for work at least once in their lifetime.

While almost all ST families in this area own some land, their landholdings are small and often unproductive, with few having access to irrigation. Massive deforestation in the region has also limited opportunities for these communities which, at one time, were able to sustain their livelihood off of the forest resource for the tribes and villagers of the forest area and near by.

While 79 percent of adults surveyed reported that they had participated in the program, only a few families said it had impacted their migration behavior; 75 percent of adults who reported they had migrated within the past year had also participated in the MNREGA program at least once. Reliance on migrant labor as a livelihood strategy has major costs to the family. For the most marginalized communities engaged in migration, the whole family must migrate to the worksite because they have no place to leave their children in the home village.

The Prayas Centre for Labour Research and Action estimates that there are 840,000 out-of-school children at brick kilns alone. In Banswara, I found that 34 percent of the migrant households had taken at least one child with them to worksites that year.

Children can begin helping their parents at the construction worksite from age twelve, but work begins as early as age five in the brick kiln industry,hotels, daba, and others shop where the piece meal wage system encourages child laborto increase the income of the parents to meet the needs.

**The findings outlined in the article include:**

1. Child labor lowers net primary enrollment ratios.
2. There is a strong negative effect of child labor on school attendance. In some countries, school attendance rates of working children are only about half of those of non-working children.
3. There is a significant negative correlation between levels of economic activity of children aged 7-14 years and youth literacy rates in the 15-24 age bracket.
4. Rural working children tend to be among the most disadvantaged.
5. For children who manage to combine work and education, performance at school often suffers.

**Limitations:** Taking into consideration the current situation this program might take some time to become feasible in the rural sector owing to managerial issues and the unavailability of basic infrastructure. However, with growing urbanization there is greater influx of people from rural to urban areas than the other way round or even rural to rural. The programme has been formulated keeping in consideration the current trends of movement in the population.

**References :-**

1. Jha, Praveen, Parvati, Pooja (2010). "Right to education Act 2009, Critical Gaps and Challenges", Economic and Political Weekly, March 27, 2010, XLV (13): Commentary.
2. Kamath, P. (2005). A Study on Children of Migrant Labourers. M.A. Dissertation (Unpublished), Mumbai: Tata Institute of Social Sciences
3. Lawrence, Roderick & Werna Edmundo (ed.) (2009). Labour Conditions for Construction Workers: building cities, decent work and the role of local authorities. West Sussex: Blackwell Publishers.
4. Education policy at NITI Aayog 17.Anand, V. (1998). "Advocating Rights of Construction Workers", Indian Journal of Social Work, 59(3): 847 – 863.
5. Breman, Jan (1996). Footloose Labour: Working in India's Informal Economy. Cambridge: Cambridge University Press.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# कामकाजी महिलाएँ और घरेलू हिंसा

**डॉ. प्रतिभा जैन** *

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध कार्य कामकाजी महिलाएँ और घरेलू हिंसा पर किया गया है। नारी चाहे कामकाजी हो या गैर कामकाजी नारी का स्थान सर्वश्रेष्ठ है। परंतु इस अध्ययनका मुख्य उद्देश्य कामकाजी महिलाओं की कार्यक्षमता का अध्ययन करना है। क्योंकि नारी की स्थिति दो पाटों में फँसे घुन के समान हो गई है। उसे कार्यालय और घर दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करना होता है। यदि वह दोनों में संतुलन स्थापित करने में असमर्थ होती है तो वह घरेलू हिंसा की शिकार होती है।

**प्रस्तावना –** 21 वीं शताब्दी में महिलाओं का घर दहलीज लांघ कर नौकरी पर जाना महिला सशक्तिकरण से जरुर जोड़कर देखा जाता है लेकिन कामकाजी महिलाओं पर घरेलू हिंसा को लेकर किये गये शोध में चौकाने वाले तथ्य सामने आये। शोध के मुताबिक कामकाजी महिलाएँ जो काम पर जाती है उन्हें घरेलू हिंसा का ज्यादा खतरा झेलना पड़ता है। भारत में घरेलू हिंसा के बढ़ते स्तर को दर्शाता है।

आधुनिक परिवर्तित परिवेश में विविध उच्च पदों को प्राप्त करती वह पूर्ण कुशलता और सफलता से अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही है। यहीं कहीं विवशपता में सर्वहारा, सामान्य वर्ग की महिलाएँ भी घर के कार्य करके या अन्य मजदूरी के कार्य करे घर-परिवार के खर्च को वहन कर रही है। इस प्रकार महिलाओं का कार्य करना परिवार की आर्थिक आवश्यकता है।

महिलओं में कार्यशीलता की अदभुत क्षमताएँ है, यह वैज्ञानिक रिसर्च में भी सिद्ध हो चुकी है कि महिला मस्तिष्क की कार्यशक्ति पुरूषों से कही अधिक है। आज राजनैतिक, सामाजिक, संस्कृति तथा सिनेजगत, प्रशासनिक न्याय, कानून विज्ञान, औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी, शैक्षणिक, चिकित्सा के क्षेत्र में महिलाएँ अपनी हिस्सेदारी पूरी योग्यता से दर्ज करा रही है। किन्तु अपने प्रगति पथ पर इस प्रकार अग्रसिम होते हुए भी वह प्रतीक्षारत है कि समाज और परिवार में वह कब पुरूष के समकक्ष वह अपने पद पर सम्मान और अधिकार का अधिष्ठात्री स्थान प्राप्त कर सच्चे अर्थो में पुरूष की अर्धांगिनी बनने का हक प्राप्त कर लेगी।

क्योंकि किसी भी स्थिति में उसके पारिवारिक दायित्व उसे ज्यों के त्यों ही निभाने पड़ रहे हैं। उससे वे सभी अपेक्षाएँ आज भी की जाती है, जो घर रहते हुये की जाती थी। आज कामकाजी महिलाओं की स्थिति विचारणीय है, वह निरंतर घरेलू हिंसा का शिकार बनकर सहनशीलता की परकाष्ठा को पार कर विद्रोह भी करने लगी है। कामकाजी महिलाओं को जो आत्मिक, मानसिक पीड़ा है, वह इस प्रकार है-

1. कार्यशीलता महिलाओं की आय पर परिवार के सभी सदस्य साझेदारी करना चाहते हैं।
2. घर की महिलाओं के द्वारा उससे ईर्ष्या की जाती है, उसे उनके योग्य-बाण सुनने पड़ते हैं, कि पुरुष बन गयी है, कमाने जाती है।
3. उसे पारिवारिक सहानुभूति नहीं मिलती है। यहाँ तक कि घर कि यदि घर के बुजुर्ग सदस्यों के पूर्व खाना नसीब हुआ तो सही अन्यथा वह अपना लंचबाक्स ले जाकर ही खा पाती है।
4. घर में यदि पर्दा प्रथा है तो घर से ऑफिस तक उसे पर्दे में ही जाना होता है। ऑफिस में जाकर ही वह कर्मचारी की तरह ही रह पाती है।
5. यदि वह सर्वित में कहीं दूर अप-डाउन करती है, तो घर के सदस्यों से यही सुनने को मिलता है कि सीधे बस, जीप या ट्रेन में बैठकर गयी और आ गयी तो थक गयी।
6. घर से बाहर निकलने के कारण पति भी पत्नि को पूर्ण समर्थ मान अपने कर्तव्यों की इतिश्री करना चाहता है। उसकी अपेक्ष होती है कि जो काम जैसे बिजली का बिल, फोन का बिल, बच्चों की फीस, शिक्षक, अभिभावक मीटिंग जरुरत का सामान, रिश्ते-नातेदारी में समय-समय पर सबन्धों को निभाने का काम या कुछ आदान-प्रदान जैसे निर्णय, सुख-दुख में पूरे सरोकार की अपेक्षा डॉक्टर या ट्यूटर से सम्पर्क रखने का कार्य सभी कुछ पत्नी ही कर ले। इन सबके चलते भी कार्यशील महिलाएँ इन्हें अपना दायित्व समझकर करती दिखाई देती है। लेकिन इसके बाद भी उन्हें यदि परिवार में संवेदहीन व्यवहार प्राप्त होता है, तो वे आत्म-वेदना से पीड़ित हो उठाती हैं। उन्हें कभी-कभी लगता है कि हमसे अच्छी घर में रहने वाली महिलाएँ है जो अपने बच्चों की देख-रेख भी अच्छे तरीके से करती है और उनके प्रति अपने कर्तव्य निभाती हैं। उन्हें घर में सम्मानजनक और सामान्य व्यवहार मिलता है।
7. कामकाजी महिला अपने पति-बच्चों तथा परिवार सदस्यों के सहयोग और सहानुभूति के अभाव में अपने-आपको अकेला महसूस करती है और तनाव ग्रस्त हो जाती है।
8. सर्वहारा वर्ग की महिलाओं को तो अपनी कमाई के पैसे अपनी सुविधा या पेट भरने को नहीं मिल पाता, पति की शराब या जुआ खेलने की आदत के चलते वह उसे मार-पीटकर उससे पैसे छीन लेता है।
9. अशिक्षा के चलते इन्हें वैसे भी कम मजदूरी मिलती है दूसरे कहीं से काम की जगह हो या घर सहानुभूति की जगह डाँट या गालियाँ खाना पड़ती है। लेकिन वह विवश है।

10. आज भले ही पुरुष और महिला की बराबरी और समानता के लिए कानून बन गये हों पर वे कामकाजी महिलाओं को कार्यालय में भी भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। कई जगह अनावश्यक वार्तालाप, दबाव या यौन-शोषण तक ही घटनाएँ निरन्तर मीडिया अथवा समाचार-पत्रों के माध्यम से सुनने में आती है।

आज की स्थिति में घर के बाहर निकलने वाली लड़कियों या स्त्रियों की सुरक्षा का प्रश्न बहुत बड़ी समस्या बन गयी है। वह निरन्तर अपनी स्थितियों के प्रति सजग हो अपने विचार और आत्मशक्ति के बल पर अपनी मंजिल पाने बढ़ रही है।

स्त्री का घर से बाहर निकलना पुरुष के खिलाफ संघर्ष नहीं बल्कि पुरुष के स्वतंत्र अस्तित्व की स्वीकृति की अपेक्षा है माना है। लेकिन आर्थिक समर्थता की स्थिति में पुरुष का उसके प्रति अपमानजनक नजरियों के कारण वह अपने-आपको अकेला पाती है, क्योंकि पूर्वग्रहों के कारण पुरुष उसे सहयोग नहीं देता है। बल्कि उसके इस संघर्ष को और अधिक कठिन बनाता है। अर्थात् आर्थिक स्वतंन्त्रता तो मिल गयी लेकिन अकेलापन और मानसिक तनाव बढ़ता रहता है। पुरुष का अहं आहत होता है तो स्त्री दोहरा संघर्ष करती हुई अपराध-बोझ झेलती है। इसलिये यदि राजघराने के पुत्र की इच्छा पूर्ति के लिए नियोग करते समय यदि संकोचवंश उसकी आँखे झुक जाती है तो वह पीलिया ग्रस्त बच्चे पाण्डव की माँ कहलाने के लिए अभिशप्त है। वही वह विधवा, बिन ब्याही माँ, आत्महत्या, जलकर मरने के लिए भी विवश है।

तात्पर्य यह है कि परिवर्तन की स्थिति में सभ्यता के आधार पर सम्बन्धों की पड़ताल होनी चाहिए। पुरुष उसके शोषण का अधिकारी न बने सहयोगी-सहभागी बने। यह आवश्यक है। स्त्री-पुरुष सह-सम्बन्धों के अपमान स्पष्ट हो जाने की आवश्यकता है। तभी चली आती हुई संकुचित मानसिक अवधारणाएँ जिनके कारण तमाम कुण्ठाएँ पनपती है, जीवन में विपरीत दिशा आती है। विसंगतियों के उत्पन्न होने से आपराधिक घटनाएँ होती है, व्यभिचार होता है इसके हल ढूँढे जा सकेंगे, कारण हटाये जा सकेंगे। परिवर्तित स्थितियों में पारिवारिक शान्ति और सुख का अवधान करने वाले नियम और शासकीय सुविधाएँ की जानी होगी। नैना साहनी, इन्दू सिंह जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. प्रतियोगिता दर्पण 2002
2. योजना पत्रिका जुलाई 2018
3. कुरुक्षेत्र पत्रिका मार्च 2016
4. समसामयिक शोध निबन्ध 2016
5. विधि भारती सितम्बर 2013
6. दैनिक भास्कर 8 मार्च 2018

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारतीय कृषि के समक्ष व्याप्त चुनौतियाँ : एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण

**वन्दना जायसवाल** *

* असिस्टेंट प्रोफेसर, शशिभूषण बालिका विद्यालय डिग्री कालेज, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** कृषि आज भी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है 55 प्रतिशत जनसंख्या कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। स्वतंत्रता के समय कुल जीडीपी में जहाँ इसका योगदान 52 प्रतिशत था आज यह घटकर 13.9 प्रतिशत हो गया है। हालॉकि कृषि क्षेत्र में घटते योगदान से यह तात्पर्य नहीं है कि कृषि उत्पादन में कमी आयी है। इसका अर्थ सिर्फ इतना है कि कृषि क्षेत्र में वृद्धि तो हुई किन्तु सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र का योगदान कहीं ज्यादा तीव्र गति से बढ़ा है। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हो रही है उसी अनुपात में उत्पादन मं वृद्धि नहीं हो पा रही है साथ ही साथ जिस अनुपात में उत्पादन में आने वाली लागत में वृद्धि हो रही है उसी अनुपात में कृषि उत्पाद के मूल्यों में वृद्धि नहीं हो पा रही है। इस वजह से कृषि के समक्ष अनेक गम्भीर चुनौतियाँ उपस्थित हो गयी हैं जिनसे निजात पाना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि आज भी हमारी अधिकांश आबादी इसी पर निर्भर है। इसके लिए कृषि को सम्भावनाओं से युक्त तथा रोजगारपरक बनाना होगा।

**प्रस्तावना –** भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसकी 69 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में निवास करती है तथा 55 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्यों में संलग्न हैं। हम कह सकते हैं कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार स्तम्भ है। यह वह क्षेत्र है जो भारत की बढ़ती आबादी के लिए रोजगार और सम्पोषणीय आजीविका उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे, लेकिन पिछले कुछ समय से कृषि क्षेत्र उत्पादन, बाजार, अवसरों और कीमतों से जुड़े विभिन्न प्रकार के जोखिमों के कारण आय में व्याप्त अनिश्चितता एवं अस्थिरता से ग्रसित हैं। विभिन्न कारणों से किसानों का इस क्षेत्र से निरन्तर पलायन बढ़ता जा रहा है तथा आत्महत्याओं की संख्या में भी वृद्धि होती जा रही है जिससे इसका आकार भी सिकुड़ता भी जा रहा है। फलत: आने वाले कुछ वर्षो में हमें खाद्यान्न आयातों पर निर्भर रहना पड़ेगा तब स्थिति और भी गम्भीर होगी।

**उद्देश्य :**

1. वर्तमान में कृषि की निम्न स्थिति के कारणों को जानना।
2. कृषकों की सामाजिक – आर्थिक परिस्थिति का अध्ययन करना।
3. कृषकों के निरन्तर बढ़ते पलायन के कारणों को जानना।
4. समाज पर इसके प्रभावों को जानना।

कृषि अंग्रेजी भाषा के Agriculture का हिन्दी रूपान्तरण है जिसकी उत्पत्ति लैटिन भाषा के दो शब्दों से हुई। "Agr" जिसका अर्थ है मिट्टी तथा दूसरा "Culture" जिसका अर्थ होता है 'जोत कर फसल उगाना।' इससे कृषि का सीमित स्वरूप ही स्पष्ट होता है। सही अर्थों में कृषि एक व्यापक आर्थिक कार्य है और यह कई रूपों में सम्पादित होता है। कृषि कार्य में जरूरी जीवनयोग्य उत्पादन से लेकर एक व्यापारिक उद्देश्य आपूर्ति के लिए की जाने वाली व्यावसायिक कृषि शामिल है। कृषि संरचना प्राकृतिक तत्वों के साथ सांस्कृतिक प्रवृत्तियों से भी प्रभावित होती है। जीवनयापन की विधि अथवा एक व्यवसाय दोनों रूपों पर मानव और उसके द्वारा निर्मित सामाजिक प्रौद्योगिकी ढाँचे का कृषि संरचना के स्वरूप पर अमिट प्रभाव पड़ता है।

कृषि उत्पादन की एक लम्बी प्रणाली है जो कि एक लम्बे समय की देन है। कृषि मुख्यत: अर्थशास्त्र का विषय है तथा अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र एक–दूसरे से अन्त:सम्बन्धित है, एक–दूसरे में समाहित है। दोनों शास्त्रों के सम्बन्ध में सिल्वरमैन ने लिखा है कि सम्पन्न कार्यों या लक्ष्यों के लिए अर्थशास्त्र समाजशास्त्र नामक पितृ विज्ञान की, जो कि सभी सामाजिक सम्बन्धों के सामान्य सिद्धान्तों का अध्ययन करता है, एक शाखा माना जा सकता है। कार्ल मार्क्स ने सामाजिक परिवर्तन को आर्थिक कारकों से जनित माना है।

'भारत में लगभग 250 मिलियन लोग खेती–बाड़ी से अपनी जीविका चलाते हैं। कृषि, देश की कुल जनसंख्या के 42 प्रतिशत से अधिक आबादी को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करा रहा है और यह क्षेत्र आज भी सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला असंगठित क्षेत्र बना हुआ है। बावजूद इसके देश में रहने वाले प्रत्येक 4 में से 3 किसान खेती छोड़कर कोई अन्य वैकल्पिक रोजगार करना चाहते हैं। प्रत्येक 5 में से 4 किसान अपने बच्चों को कृषि से दूर रखना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनके बच्चे शहरों में पढ़े–लिखें और वहीं नौकरी करें। इन सभी स्थितियों में नया मोड़ उस वक्त आता है, जब यह अनुमान लगाया गया कि वर्ष 2050 के लिए सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या 7–9 विलियन तक पहुँच जायेगी। विचार करने योग्य बात यह है कि भारत जैसी कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था, जिससे सम्पूर्ण विश्व यह अपेक्षा रखता है कि वह खाद्यान्न संकट की स्थिति नहीं आने देगा वहाँ कृषकों की मनोदशा, कृषि कार्य से मुँह मोड़ने की होती जा रही है। इस स्थिति में तेजी से बढ़ती आबादी के लिए पेट भर भोजन की व्यवस्था करना दूर की कौड़ी नजर आ रही है।'

भूमि सुधार, हरितक्रान्ति, प्रौद्योगिकी के प्रयोग, सब्सिडी एवं संस्थागत ऋण इत्यादि के कारण आजादी के उपरान्त प्रारम्भिक दौर में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी तो दर्ज होगी किन्तु एक स्तर के उपरान्त निरन्तर गिरावट होने लगती है। वर्तमान समय में कृषि का योगदान 13.9

प्रतिशत है तथा इस पर आश्रित लोगों की संख्या 55 प्रतिशत है जबकि आजादी के समय इसका जीडीपी में योगदान 52 प्रतिशत था तथा इस पर आश्रित जनसंख्या 2/3 थी। कृषि क्षेत्र में जिस अनुपात में लागत में वृद्धि हो रही है उसी अनुपात में उसके द्धारा उत्पादित वस्तुओं के मूल्य में नहीं हो पा रही है अत: कृषि से होने वाला लाभ निरन्तर घटता जा रहा है। एक किसान को अपनी फसल को तैयार करने में जिन-जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उन्हें तीन भागों में वर्गीकृत कर सकते हैं-

**बुआई से पूर्व की समस्याएँ –** बुआई से पूर्व एक किसान को अपनी फसल तैयार करने के लिए उन्नत किस्म के बीज, उर्वरक, कीटनाशकों की व्यवस्था करनी पड़ती है इनमें से किसी भी एक पक्ष के कमजोर होने पर कृषि में होने वाला उत्पादन घट जाता है और लागत बढ़ जाती है। साथ ही साथ सिंचाई की उत्तम व्यवस्था करनी पड़ती है बेहतर उत्पादन के लिए, लेकिन आज भी किसान बुनियादी सुविधाओं के अभाव में सिंचाई के लिए मानसून पर ही निर्भर रहते हैं और जिस वर्ष मानसून कमजोर रहा या फिर समय से मानसून नहीं आया तो किसान के सामने विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ता है। उसे सूखा, भूखमरी, ऋणग्रस्तता जैसे गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

कृषि की निम्न स्थिति के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण कारक जोत का घटता आकार है। जोत का आकार छोटा होने के कारण कृषि क्षेत्र में आने वाली लागत बढ़ जाती है और उसके उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। वर्तमान में औसत जोत का आकार 1.15 हेक्टेयर है। 1970-71 से यह आकार घट रहा है।

**फसल के दौरान होने वाली समस्या –** कुछ फसलों के लिए बीच-बीच में भी सिंचाई की व्यवस्था करनी पड़ती है साथ ही साथ कीटों के प्रभाव को समाप्त करने के लिए कीटनाशकों की व्यवस्था करनी पड़ती तथा इन सबमें ऊर्जा आवश्यकता की जरूरतों को भी ध्यान में रखा जाता है। फसल तैयार होने के पश्चात सबसे बड़ी समस्या उनके भण्डारण को लेकर है। भण्डारण की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण खुले में ही अनाज सड़-गल जाते हैं तथा उनका लाभ लक्षित वर्ग तक नहीं पहुँच पाता है। साथ ही साथ परिवहन में आने वाली महंगी लागत भी कृषकों को हतोत्साहित कर रही है।

किसान शब्द के अन्तर्गत भूमिहीन कृषि श्रमिक, बटाईदार, काश्तकार, लघु सीमान्त और उपसीमांत खेतिहर, बड़े भू-धारण वाले किसान, मछुवारे, कुक्कुट व पशुपालन में लगे अन्य किसान, चारणिक, बगान, कामगार और साथ ही वे ग्रामीण तथा जनजातीय किसान भी शामिल हैं जो अनेक प्रकार के खेती से जुड़े व्यवसायों में लगे हैं जैसे- मधुमक्खीपालन, रेशमपालन और कृमिपालन।

एनएसएस के सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पर आश्रित परिवारों को 6 प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। खेतिहर श्रमिक जो भूमिहीन हैं, सीमांत, लघु, अर्द्धमध्यम, मध्यम और बड़े किसान।

Agricultural Census - 2010-11: Press Information Bureau Government of India Ministry of Agriculture

| S. | Size Group | Percentage of number operational holdings to total | Percentage of Area Operated to total |
|---|---|---|---|
| 1. | Marginal (Below 1.00 ha.) | 67.10 | 22.50 |
| 2. | Small (1.00 - 2.00 ha.) | 17.91 | 22.08 |
| 3. | Semi-medium (2.00 - 4.00 ha.) | 10.04 | 23.63 |
| 4. | Medium (4.00 - 10.00 ha.) | 4.25 | 21.20 |
| 5. | Large (10.00 & above) | 0.70 | 10.59 |

इससे प्रमाणित होता है कि भारत में औसत जोत क्षेत्र कम है एवं अधिकांश किसान, जो सीमांत श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं 1 हेक्टेयर से कम जोत क्षेत्र में कृषि करते हैं। इस कारण उत्पादन एवं उत्पादकता दोनों प्रभावित होते हैं।

कृषि क्षेत्र में निरन्तर घटते लाभ के कारण यह रोजगार के पर्याप्त अवसरों को जन्म नहीं दे पा रही है जिससे ग्रामीण युवाओं का पलायन उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की तरह हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जोत के आकार में असमानता के कारण आर्थिक असमानता व्यापक है। रोजगार भूमिहीन एवं सीमान्त किसानों में प्रवसन की प्रक्रिया सर्वाधिक पायी जाती है।

1947 से लेकर 1965 की अवस्था के बीच कृषि में उत्पादन स्थिर बना हुआ था। 1968 में हरितक्रान्ति के पश्चात कृषि में संवृद्धि दर तेजी से बढ़ा तथा 1978 तक अधिशेष उत्पादन होने लगा, जो उद्योगों के उत्पादन का आधार बना। सन् 1984-85 तक कृषि पुन: स्थिर होने लगी (हरितक्रान्ति के दुष्प्रभाव के कारण भूमि की लवणीयता बढ़ने लगी, जनसंख्या वृद्धि के कारण जोत का आकार भी घट रहा था तथा बुनियादी समस्याएं पहले से ही विद्यमान थीं) फलस्वरूप कृषि उत्पादन में आने वाली लागत में वृद्धि होने लगी और रोजगार की सम्भावनाएं कम होने लगी जिससे लोगों का पलायन शहरों की तरफ बढ़ा। इसके साथ ही 1970-80 के दशक में भारत में सूचनाक्रान्ति की लहर आयी। फलस्वरूप पलायन सेवा क्षेत्र की तरफ होने लगा और आज जीडीपी में सेवा क्षेत्र का योगदान बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। इसके विपरीत केरल 1960-70 के दशक में पढ़े-लिखे युवाओं का पलायन खाड़ी देशों की तरफ हुआ क्योंकि वहाँ रोजगार व आय के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं तथा कृषि योग्य भूमि के बावजूद व श्रमबलों के अभाव के कारण केरल में कृषि उत्पादन क्षमता से कम हो रहा है। वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र में अस्थिरता बनी हुई है।

**कृषि क्षेत्र में अस्थिरता**

| वर्ष | वृद्धि दर |
|---|---|
| 2012-12 | 1.5 |
| 2013-14 | 5.6 |
| 2014-15 | -0.2 |
| 2015-16 | 0.7 |
| 2016-17 | 4.9 (अनंतिम अनुमान) |

कृषि क्षेत्र में आने वाली इस गिरावट एवं अस्थिरता के कारण भारत आने वाले समय में उत्पादन आधारित समाज से उपभोग आधारित समाज में परिवर्तित हो जायेगा।

**जीडीपी में कृषि का घटता योगदान**

| वर्ष | जीडीपी में कृषि का योगदान |
|---|---|
| 1951 | 52.2 |
| 1962 | 43.6 |
| 1976 | 37.4 |
| 2011-12 | 18.9 |
| 2012-13 | 18.7 |
| 2013-14 | 18.6 |
| 2015-16 | 13.9 |

भारत अब भी कृषि प्रधान देश है और विकास के पथ पर अग्रसर होने के लिए कृषि के विकास को साथ लेकर चलना होगा अन्यथा खाद्यान्न संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और कोई भी देश बिना आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न हुए विकास नहीं कर सकता। अत: खाद्यान्न संकट में सुरक्षा आवश्यक है।

ए0आर0 देसाई ने इस सन्दर्भ में कहा है कि परिवारों का कृषीय आधार तेजी से खिसकता जा रहा है।

कृषि में व्याप्त इन विसंगतियों को दूर करने के लिए आवश्यक है कि कृषकों की वास्तविक स्थिति को समझते हुए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लक्षित तरीके से उन तक पहुँचाया जाये। जैविक कृषि पर बल दिया जाये, भूमि की लवणीयता को कम करने का प्रयास किया जाये साथ ही साथ जल स्तर को बढ़ाने का प्रयास किया जाये। कृषि को रोजगारपरक, समावेशी तथा सम्भावनाओं से युक्त बनाया जाये, जिससे पलायन को रोका जा सके। UNO द्वारा वर्ष 2015-2030 के लिए घोषित अपने सतत् विकास लक्ष्य में कुपोषण मुक्त विश्व व शून्य भुखमरी जैसे लक्ष्य निर्धारित किये हैं, इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जो कृषि-प्रधान कही जाती है, वास्तव में कृषि में प्रधान बन कर दिखाये।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. देसाई, ए0आर0, भारत में ग्रामीण समाजशास्त्र.
2. गुप्ता, एम0एल0, शर्मा, डी0डी0, समाजशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन.
3. पाण्डेय, रवि प्रकाश, समाजशास्त्रीय सिद्धान्त : दृष्टिकोण एवं परिप्रेक्ष्य.
4. तिवारी, आर0सी0 सिंह, बी0एन0, कृषि भूगोल.
5. वेबर, मैक्स, 1906, द प्रोटेस्टैण्ट इथिक एण्ड द स्प्रिट ऑफ कैपिटलिज्म.
6. National Sample Survey Office, Ministry of Statistics and Programme Implementation.
7. Economic Survey - 2016-17.
8. Economic Survey II - August-2017.
9. Agricultural Census 2010-11, Press Information Bureau, Government of India, Ministry of Agriculture.
10. Desai, A.R., Rural Sociology in India.
11. प्रतियोगिता दर्पण, सितम्बर 2018.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में चित्रित सांस्कृतिक बोध

**दमयंती मरांडी ***

*** शोधार्थी , गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय, सम्बलपुर (ओड़ीशा) भारत**

**प्रस्तावना –** गोविन्द मिश्र आधुनिक कथा – साहित्य के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर हैं। उन्होंने अपने उपन्यासों से न केवल हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया है अपितु अपने प्रतिभा सामर्थ्य, गहन संवेदनशीलता, व्यापक अनुभव और सचेतन रचनाशीलता से नूतन संभावनाओं से संपन्न अनेक अलक्षित क्षितिजों का संधान भी किया है। उपन्यास विधा में कथ्य और शिल्प की नवीनता और मौलिकता के आधार पर किए गए अभिनव प्रयोगों के आधार पर उन्हे उपन्यास विधा की नई परंपरा का उदभावक भी कहा जा सकता है।

**सांस्कृतिक बोध –** संस्कृति पर्यावरण का वह भाग है जो मानव निर्मित है। संस्कृति का परिचय रुचि–अरुचि,विचार –विश्लेषण, क्रिया –कलाप ,रहन–सहन,कला, शिक्षा–दर्शन नैतिकता इत्यादि से मिलता है। आज भी संस्कृति के विभिन्न अंगों – जैसे कला, धर्म, दर्शन, प्रौधोगिकी, नैतिकता, प्रथाएँ इत्यादि में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे है । औधोगीकरण, नगरीकरण, यातायात एंव संचार के नवीन साधनों तथा मानव ज्ञान में वृद्धि इत्यादि का सांस्कृतिक मूल्यों की ह्रास में बहुत बड़ा हाथ है।

संस्कृति में जब असंतुलन पैदा होता है तो इसके विभिन्न अंगो में परस्पर ताल–मेल नहीं हो पाता। इसके भौतिक और अभौतिक पक्षों में पारस्परिक साम्यता समाप्त हो जाती है जिससे एक पक्ष बहुत आगे बढ़ जाता है तथा दूसरे पक्ष में परिवर्तन न आने के कारण वह पीछे छूट जाता है।

ऐसी स्थिति को सांस्कृतिक परिवर्तन की संज्ञा दी जाती है अर्थात सांस्कृतिक परिवर्तन उस दिशा की और संकेत है जब किसी संस्कृति के अंग अपने निर्धारित कार्य करना बन्द कर दें और उसकी व्यवस्था बिगड़ जाए। इससे संस्कृति की इकाइयों का पारस्परिक सामंजस्य टूट जाता है और संस्कृति की हानि होती है । अत: सांस्कृतिक परिवर्तन संस्कृति के अव्यवस्थित होने ,संस्कृति में बिखराव तनाव एंव संघर्ष पैदा होने की स्थिति है।

सांस्कृतिक परिवर्तन की स्थिति में संस्कृति के निर्धारित उद्देश्यों ,मूल्यों एंव आदर्शो को संस्कृति के निर्धारित साधानों से प्राप्त नहीं किया जाता है। सांस्कृतिक परिवर्तन की स्थिति में कला,धर्म ,ज्ञान ,विश्वास,रहन–सहन, सुरुचि ,नैतिकता और आदर्शों का पतन होने लगता है तथा मानवीय मूल्य क्षीण पड़ जाते है।

**रीति–रिवाज –** संस्कृति का संबंध मनुष्य की बुद्धि ,हृदय ,स्वभाव ,मनोवृत्ति एंव मस्तिष्क के संस्कारों से अभिन्न रूप से जुड़ा रहता है। संस्कृति मन व हृदय की भावनाओं तथा मस्तिष्क के बौद्धिक तत्वों को समेटे रहती है। जिस परिवार में बच्चा जन्म लेता है ; वह उसी परिवार के रीति –रिवाज, स्वभाव, खान–पान व रहन – सहन को सीख लेता है। पीढ़ी दर – पीढ़ी व्यक्ति उन रीति–रिवाजों को अपना लेता है तथा उनका हस्तांतरण करता है।आधुनिक युग में शिक्षा के प्रचार–प्रसार, आधुनिकीकरण व पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव स्वरूप रीति –रिवाज निरन्तर कम होते जा रहे है। नगरीय जीवन की भाग–दौड़ में इन सब चीजों के निर्वाह के लिए समय निकालना संभव नहीं है। गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में यह स्थिति उजागर हुई है।

'पाँच आँगनों वाला घर' उपन्यास का पात्र छोटू आधुनिक पीढ़ी का कर्णधार है। वह परम्परागत रीति –रिवाजों ,रस्मों के प्रति उदासीन है। छोटू के विवाह के समय उसकी माँ रम्मो परम्परागत विवाह पद्धति के अनुसार समस्त रस्में व रीति रिवाज पूरे करना चाहती है परन्तु छोटू उनमें कोई रुचि नहीं लेता। उसका बड़ा भाई बंटू विदेश में शादी कर लेता है जिससे रम्मों कोई भी रस्म निभा नहीं पाती। अत: वह छोटू की शादी पूरी रस्मों के साथ करना चाहती है। पर छोटू जानता है कि घर में रस्मों –रिवाज के कारण वह अपनी इच्छानुसार कोई निर्णय नहीं ले पाएगा। इसलिए वह 'पाँच सितारा होटल' में रिसेप्शन के पश्चात अपने माता –पिता को एक दोस्त के माधयम से खबर भेज देता है कि वह अपनी सुहागरात उसी होटल में मनायेगा।

पारम्परिक रीति दरिवाज में 'हनीमून' जैसी कोई रस्म न थी ; परन्तु आधुनिक नव दम्पति 'हनीमून' के लिए कही– न–कहीं घूमने अवश्य जाते है जिससे कि व दोनों एक–दूसरे को ठीक से जान सकें। छोटू सुहागरात मनाने के पश्चात अपनी पत्नी को हनीमून के लिए तैयार कर लेता है। वह होटल से ही घर में खबर भेज देता है कि वे वहीं से शाम के हवाई जहाज से एक सप्ताह के लिए गोआ जा रहे है। यह जानकर छोटू की माँ के मन में बहुत ठेस पहुँचती है। उसकी माँ के मन में नई बहू को लेकर बहुत सी रस्में निभाने का उल्लास था ; परन्तु उसकी इच्छा धरी की धरी रह जाती है।

नई पीढ़ी में पुराने रीति–रिवाजों व रस्मों के प्रति विरक्ति तथा उदासीनता भाव दिखाई देता है। आज का युवा इन रश्मों को केवल समय की बर्बादी समझता है। उपन्यासकार ने जहाँ एक और पुरातन रीति– रिवाजों व रस्मों के प्रति आधुनिक पीढ़ी को अनुरक्ति प्रकट की है ; वही दूसरी और नई रस्मों – रिवाजों जैसे होटल में सुहागरात बिताना ,हनीमून के लिए जाना इत्यादि के प्रचलन की और भी संकेत किया है। इस संदर्भ में डॉ. कुंवरपाल सिंह का कथन उल्लेखनीय है 'भारतीय संस्कृति भी आज पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से आधुनिकता के रंग में रंगी जा रही है। संस्कृति में बौद्धिकता का समावेश होने से परम्परागत मान्यताएँ टूट रही है। यंत्रों के इस युग में आज मानव के

पास इतना समय नहीं रहा है कि वह रीति- रिवाज, संस्कार और परम्पराओं का पालन कर सके।' उनके अनुसार ये सब पुरानी मान्यताएँ है जो रूढ़िवादिता तथा दक़ियानूसी विचारों को प्रकट करती है।

खान - पान तथा रहन - सहन-रूप पाश्चात्य दार्शनिक चिंतन ने भारतीय शिक्षा पद्धति एवं दृष्टिकोण में परिवर्तन ला दिया है। आधुनिकता तथा शिक्षा के प्रसार से नवीन पीढ़ी में नई चेतना उत्पन्न हुई है। आज अनके युवक केवल प्राचीन वेशभूषा, रहन - सहन तथा प्राचीन मान्यताओं का अनर्गल विरोध करना ही आधुनिकता मानने लगे है। आजकल की स्त्रियाँ और लड़कियां पुरुषों की भांति शराब पीती है तथा खुद को 'हाइ सोसाइटी' में समझने वाली स्त्रियाँ अपने घरों में पाटी करती हैं।लोगों का खाली समय रात्री -क्लबों, थियेटरों ,नृत्य-केंन्द्रों ,सिनेमा घरों में बीतता है। पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण प्रगतिशीलता का लक्षण माना जाता है।

'उतरती हुई धूपय' उपन्यास का पात्र अरविन्द जब अपनी एक पुरानी मित्र से मिलता है तो वह उसे होटल में खाने पर बुलाता है। वहीं होटल में एक और बार है जिसका चित्रण करते हुए लेखक लिखता है, 'बार के नाम पर हाल के एक कोने में तिर्छा काउन्टर था जिसके पीछे एक बड़ी सी आलमारी शाम को अपनी सारो रंगोनियत में खुल कर हाल भर में फैल जाती थी ', 'रोशनी में मुस्कुराती हुई बोतलें'।

'धीर - समीरे' उपन्यास में रहन-सहन तथा खान-पान के तरीकों में आए परिवर्तन के कुछ उदाहरण मिलते है। ब्रजयात्रा में नियम ग्रहण करवाए जाते हैं कि कोई यात्री मास-शराब का सेवन नहीं करेगा; परन्तु वहाँ पर कुछ नवयुवक व नवयुवतियाँ केवल मौज- मस्ती और पिकनिक पर जाने की भावना से जाते है ,वहाँ टैटों में मनमर्जी से खाने-पीने की असुविधा होने के कारण वे अपने थैलों में सामान भर जंगल में निकल जाते है और खाने पीने का आनन्द उठाते है।

आजकल मंदिरों में चरस- गांजे का प्रयोग आमतौर पर किया जाता है। 'धीर - समीरे' उपन्यास में लेखक लिखता है:- 'ये मंदिरों ,बगीचों और कुओं के आस पास संन्यासियों को टहलते घूमते,किसी साधु के साथ गांजा - चरस का सिलसिला बैठ जाये। साधु को कुछ रुपये पकड़ा दिये ; अब वह करेगा इन्तजाम'। अत: साधु लोग स्वयं भी नशीली पदार्थो का सेवन करते है तथा धन के लालच में अपने चेलों को भी इसकी लत लगवा देते है।

'तुम्हारी रोशनी मे' उपन्यास के सभी पात्र उच्चवर्गीय सभ्यता का प्रदर्शन करने के लिए मद्यपान करते है तो कभी पश्चिमी सभ्यता के प्रभावस्वरूप आधुनिक बनने की होड़ में इसका प्रयोग करते हे। उपन्यास की पात्र सुवर्णा आधुनिक स्त्री है। वह अपने पुरुष मित्रों को घर पर बुलाती है तथा खाने के लिए अपने नौकर शामू को हिदायतें देती है। उनके लिए तरह तरह के व्यंजन बनवाती है। इस प्रकार भोजन में मांस - मदिरा का खुला प्रयोग भी आज की मानसिकता व जीवन शैली को प्रकट करता है। माना जाता है कि व्यक्ति का जैसा खान-पान होगा वैसे ही विचार होंगे तथा उन्ही के अनुरूप वह आचरण करेगा। आज भोजन में मांस-मदिरा के शामिल होने से मनुष्य के नैतिक एवं चारित्रिक पतन के साथ -साथ सांस्कृतिक मूल्यों का भी अवमूल्यन हो रहा है।

भारतीय स्त्रियों की वेशभूषा में सूट ,साड़ी ,दुपट्टे का अत्यधिक महत्व है। परन्तु आज की युवा लड़कियां जीन्स ,पैंट-कोट ,टांप ,टी-शर्ट ,नाईट - सूट ,ओवरकोट,गाउन्न आदि पहनना पसंद करती है। अंधानुकरण के कारण कृत्रिमता ,प्रदर्शनप्रियता ,असहजता बढ़ती जा रही है। आज की पीढ़ी इसी भ्रम में पड़ी रहती है कि बाल कटवाना तथा जीन्स इत्यादि पहनना आधुनिकता की लक्षण है।'धीर-समीर' की शैलजा पैट-कमीज पहनती है तथा उसके बाल भी कटे हुए है। वह विदेशी पहनावे व रहन-सहन को आधुनिकता और स्वतंत्रता तथा भारतीय वेशभूषा,दुपट्टा ,साड़ी को स्त्री की पराधीनता का परिचायक मानती है। वास्तविकता यह है कि आधुनिक पीढ़ी पश्चात्य रंग में पूरी तरह रंगी हुई है। इस प्रकार आधुनिक पीढ़ी के रहन - सहन और खान पान में पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव -शिष्टगत है। भारतीय रहन-सहन तथा खान - पान को प्रभावित करने में विदेशी चौनलों पत्रिकाओं आदि का बहुत बड़ा हाथ है।आधुनिक पीढ़ी टी.वी, मैगजीन्स, अखबार इत्यादि में जो फैसन देखती या पढ़ती है ; उसी का अनुसरण करती है।

इस प्रकार गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में भारतीय रहन-सहन तथा खान-पान में परिवर्तन दिखाई देता है। अधुनिक पीढ़ी पाश्चात्य रहन-सहन व खान-पान को अपनी जीवन शैली का हिसा बना चुकी है।

**पर्व- उत्सव-** पर्व-उत्सव मानव जीवन का अभिन्न अंग है ।जीवन में नीरसता और थकावट को दूर करने के लिए मनोरंजन जरूरी है। मनोरंजन मानवीय तन -मन से नूतन शक्ति का संचार कर उसे कार्य करने की अद्भुत शक्ति प्रदान करता है। पर्व -उत्सव किसी स्थान विशेष की कला, संस्कृति और सभ्यता की पहचान होते है तथा किसी-न-किसी पौराणिक परम्परा से संबंधित होते है। शताब्दियों से भारतीय पर्व-त्यौहार हमारे सामाजिक जीवन में नव-प्रेरणा का संदेश देते रहे है। भारत एक धर्म-प्रधान देश है। इसलिए पर्व-उत्सव को धर्म-निष्ठा का स्वरुप देकर समाज ने अंगीकार किया है। आज पर्व-त्यौहार के अवसर पर क्रीडा, युद्ध, नृत्य,आखेट, रथ-धवन, लोक-गायन, पशु-युद्ध का प्रचलन होने लगा है।

गोविन्द मिश्र के उपन्यास 'लाल-पीली जमीन' में गुंडई परिवेश में होली का त्यौहार मनाने का चित्रण मिलता है। होली के अवसर पर होलिका-दहन किया जाता है। उसमें किसी की कोई भी वस्तु हो; उसे फेंक दिया जाता है। पहले दिन कीचड़ की होली खेली जाती है तथा मटकों को नालियों के गंदे पानी से भरकर किसी के दरवाजे पर फोड़ा जाता है। अकसर कमजोरों के घरों पर ही हमला किया जाता है। इस आतंकपूर्ण वातावरण में स्त्रियाँ रसोई घरों से बाहर नहीं निकलती। होली की तरह दीवाली का त्यौहार भी मनाया जाता है। दीवाली पर तीन दिन चबूतरों पर लालटेनों की रोशनी में जुआ खेला जाता है। यहाँ बच्चे भी जुआ खेलते है तथा उनको भी कौड़ी पर लगाने की लिए कुछ पैसे मिल जाते है। इस प्रकार दोनों त्यौहार मनाने में विघटनकारी गतिविधियों को अपनाया जाता है।

'हुजूर दरबार' उपन्यास में होली और दशहरा मनाने का वर्णन मिलता है। इन दोनों त्यौहारो पर स्टेट बहुत खर्चा करती हैं। होली पर पच्चीस हजार का बजट बनाया जाता है। महाराज रुद्रप्रताप हाथी पर सवार होते है। उन पर रंग मारे जाते है। इस अवसर पर लोग शराब व भांग का सेवन करते है। दोपहर बाद नजरबाग में होली मनाई जाती है। वहाँ महाराज के इसारे पर लोगों को पानी कुंड में फेंका जाता है। इसी मौके पर प्रश्नोतरी भी होती है तथा महाराज की आज्ञा पाकर फड़कदार गलियां भी दी जाती है। इस प्रकार दशहरे के त्यौहार पर विशेष मेहमानों के लिए पागल हाथी का शो रखा जाता है।

इस उपन्यास की महारानी नेपाल सरकार पर पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव परिलक्षित होता है क्योंकि वे अँग्रेजी स्कूल से सिक्षा ग्रहण करती है तथा विदेश में भी कुछ समय रहती है। वे भारतीय त्यौहार मनाने में कोई

दिलचस्पी नहीं लेती। ये सब त्यौहार पर्व उन्हें आनंद प्रदान नहीं करते और न ही वे त्यौहारों के अवसर पर दूसरी रनियों की भांति सजना-संवरना चाहती है। उनके शब्दों में 'मुझे कपड़ों और गहनों में दिलचस्पी नहीं, न ही मेरा मन इन ढेर सारे त्यौहारों में लागत है'। इसीलिए वे करवा चौथ, तीज आदि त्यौहारों को नहीं मानती।

**आज का ऊच्च –** मध्यवर्ग भी पर्व -त्यौहार इत्यादि को मनाने में विश्वास नहीं करता। वह पाश्चात्य संस्कृति से प्रभवित होने के कारण जन्मदिन, नव -वर्ष जैसे दोनों को धूम-धाम से मनाता है। इस प्रकार गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में परम्परागत पर्व व त्यौहार मनाने में परिवर्तित गतिविधियों को चर्चा मिलती है। आधुनिक पीढ़ी इनमें कोई दिलचस्पी नहीं लेती। वह परम्परागत त्योहारों के स्थान पर जन्मदिन ,नववर्ष को हर्षोलाश से मानती है।

**निष्कर्ष –**पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण से समाज में कुत्रिमता , प्रदर्शन प्रियता ,असंयमता और असहजता व बढ़ती जा रहि है। नई पीढ़ी के खान-पान,रहन-सहन, शिक्षा इत्यादि संस्कृति के सभी अंगों पर विदेशी तौर-तरीकों का अत्यधिक प्रभाव है। अँग्रेजी स्कूलों में पढ़ना अंग्रेजी बोलना तथा उसी स्टाइल की कपड़े पहनने में गर्व महसूस करते हैं। इसी कारण की युवा पीढ़ी की परम्परागत त्यौहारों -पर्वो के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं है। अत: पाश्चात्य सभ्यता और आधुनिकता के कारण अपनी संस्कृति में आई विकृतियां देखी जा सकती है जो सांस्कृतिक परिवर्तन का प्रमाण हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. उतरती हुई धूप - गोविन्द मिश्र
2. लाल पीला जमीन - गोविन्द मिश्र
3. हुजूर दरबार - गोविन्द मिश्र
4. तुम्हारी रोशनी में - गोविन्द मिश्र
5. धीर समीरे - गोविन्द मिश्र
6. पाँच आँगनों वाला घर - गोविन्द मिश्र
7. गोविन्द मिश्र का कथा साहित्य - डॉ. विजय सोनजे
8. हिन्दी उपन्यास: सामाजिक चेतना - डॉ. कुंवरपाल सिंह

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# The Impact of 'American Reliability Standards' on Indian Courts in Perspective of Expert Evidence

**Prakash Vitnerkar* Dr. Ashutosh Bairagi****

*Research Scholar, Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore (M.P.) INDIA
** Principal, Vaishnav Institute of Law, Indore (M.P.) INDIA

**Abstract** - It is not any kind of new practice that opinion of the expert is used in courtroom. From very old time, expert witnesses are playing important role to assist judges to reach at conclusion in legal matters. But, when the hypothesis of an expert enters the stage of realization in the form of opinion in court room, subsequently, the issue of reliability is raised

This paper deals with the journey of American legal system concerned with Reliability issues in expert evidence. This expedition ends with those reliability-standards or guidelines which significantly changed the manner of applying the expert opinions in Law of evidence in the courts of America as well courts of rest of world.

The findings of this research paper are to understand the effects of American Legal System on Indian Legal System in the context of reliability issues in expert evidence. Further, this is expected to demonstrate existing view of American courts and Indian courts over unreliability in expert evidence.

**Keywords-** Expert Evidence, Reliability, Admissibility, Evidence Reliability Standards.

**Introduction -** The concern for the reliability in expert evidence is not new to Law of Evidence. In early time the reliability of expert evidence was used to determine by assessing the competency of the expert in particular field of knowledge. Expert's special skill, experience, training, education or knowledge in exacting field were some parameters to evaluate the competency of an expert.

**Virginia Dawande** *

*Asst. Professor (English) Govt. College, Distt. Betul (M.P.) INDIA

**Abstract** - Anita Nair is one of the renowned writers of India who always focuses on the problems of women in Indian society. She does not consider herself as feminist writer still her stories portray the subtlety of a woman. The major themes of the novels of Anita Nair is a stream of consciousness of the women who is in quest to find their dignity, independence and role playing in modern society of India. Her narration is amazing and the main upthrust of her novels is the encounter between self-actualization and family responsibilities of the individuals. The characterization and setting of all the novels of Anita Nair are family, relationship, social position, gender inequality and many more. One of the major concerns of Nair is women's liberation by entirety preserving their liberty, their values and dignity.
**Keywords -** Liberation, consciousness, feminist, patriarchal, contemporary.

**Introduction -** The pioneer writer of India and contemporary Indian novelist, Anita Nair usually portrays the situation of common women of south India base in which she depicts the dominance of male over female and the desire of women is totally repressed in male chuvenistic society. Aleksandr Isayevich told that literature isn't the breath of contemporary society but Anita Nair always believed that the society is the environment in which literature breath. As a matter of fact, Nair happened to intend to depict both the good and bad facets of the society. The characters of her novels are drawn from the people and their lives in Indian society.

Anita Nair's novels deals with the characters who have great courage and endurance. In fact, she wanted to display Indian Women who is independent and who can struggle in every adverse situation. The purpose of writing her novels is to sketch the oppression of women during their entire life and how they can gain their dignity and independence in the modern society. Anita Nair breaks the chain of society in portraying her women characters, which usually leads to its fragmentation. She forces us to think of the importance of curbing adultery to save family life. The female characters in her novels come from different religions, reflecting thus the diversity of Indian culture, which would be difficult or impossible to generalize. Anita Nair is a contemporary Indo -English novelist who has presented the plight of Indian women.

**Themes of Anita Nair's novels -** Anita Nair has shown that the subordinate position of women in the orthodox tradition bound society is due to patriarchal thinking. She has taken up issues of gender discrimination and social conditioning of women, husband -wife relationship, the suppression of women and sexual harassment within and outside the marital frame. Marriage has been set as an ultimate goal for women characters in her novels, they have to mould and transform themselves to suit the interest of the male counterparts and suppress their self identity. Anita Nair's novels expresses the need of liberation, and education of Indian women and therefore its reformist objective is fore -grounded in her novels. Anita Nair's women characters in her novels rebel against patriarchal community in order to explore their own terms, regardless of the consequences that such a rebellion may have on their lives they take the position of "outsiders" to fight and also projected her Indian sensibility and attitude through her women characters in her novels. Most of the Indian women living in an orthodox and conservative family feel suppressed to raise their voice against dominance of the male person of the society owing to their inferiority complex and rigid code of conduct imposed on their ambitions, desires, sense and sensibilities are beautifully portrayed in Nair's novels. In fact, in her writing, the reshuffling of male -female relationship that can bring changes in social and interpersonal attitudes becomes the most important basis of female emancipation. In this context, Anita Nair's novels make an interesting reading because of their contemporaries. Nair's novels are based in South Indian reality, its inherent complexities and value system.

**The Treatment Of Feministic Issues -** Anita Nair's novel Lessons in Forgetting (2010) is discussed to redefine the role of women and her quest to move on in life. Her writing reveals a story regarding real people, their second chances and about fresh beginning. It deals with love, liability and perfidy. Anita Nair in her fiction more or less talk about suffering of women in a patriarchal system which has tried

in many ways to repress, humiliate and abuse women. The question she raises in the novels makes us to rethink about the ideological appearance represented in mythic and metaphysical understanding of the materialistic world and reality represented in the oppression of women.

Anita Nair's novels spoke about the issues of women who fight against patriarchy and women desire. Basically in all Indian writers novel patriarchy is used as a common concept in every women's life in which they are restricted by tradition and customs. Anita Nair has presented her women as struggling side by side because of patriarchy but at the end of the novel she provided them a gesture of non-compliance against male authority. Usually her women's characters are portrayed as intelligent, courageous women are not satisfied with the injustice and insurgence against men. So Anita Nair's women raise the question of their way of life due to patriarchy and see it not only as the site of their oppression at home but in society as well. It makes a field of battle to conquer their oppressors. Anita Nair has chosen self -discovery as the central theme in both the novels Ladies Coupe and Mistress. However it is different from self -realization. Self -discovery here is more a guidance for assertion and realization of one's own interests, certainly not selfish in the narrow sense. The main theme of these two novels Ladies Coupe and Mistress is subjugation, caste discrimination, individuality, freedom, gender identity, emotional insecurity, alienation, sexuality, women's suffering, oppression, identity crisis etc her women's characters do come from all parts of the world with social, religious and cultural preoccupation. In other novels, she has depicted about husband -wife relationship. She admits that in spite of being married, they do not have a peaceful and pleasurable life. Therefore they are ready to indulge in extra marital affairs. The faithfulness in husband and wife relationship seems to be completely lost. This end is creating a lot of issues. The misunderstanding and unhappy marriage made the women to cheat and oppose their male companion. These novels depicted the concept of female opposition against patriarchy.

**Conclusion -** In the end we can safely assert that women are suppressed in the male dominated society and eventually how they struggle against patriarchy and women's desires are portrayed through the novels of Ladies Coupe and Mistress by Anita Nair Patriarchy literally means "the rule of the father" and comes from the Greek word patriarkhes. However, in the modern times, it more generally refers to social system in which all the powers rests with the adult male. Patriarchy is a social system in males is primary authority figures central to social organization and they occupy the roles of moral authority and presupposes female subordination. Male violence is the key feature of patriarchy. Feminism defines patriarchy as an unjust social system that is necessarily more oppressive to women. In male chuvenistic society women is supposed to be an ideal wife, mother, and an amazing home maker with multi faceted roles to play in the family. The attributes required from the women are sacrifice, submissiveness and extraordinary tolerance. Her individual self has very little recognition in the patriarchal society and so self awareness becomes her normal way of life.

**References :-**

1. Anita Nair, Ladies Coupe, Penguin Books, New Delhi 2001.
2. Anita Nair, Cut Like Wound, penguin Books, Harper Collins, New Delhi 2012.
3. Journey of self discovery in Anita Nair's Ladies Coupe, Language in India, vol. 9
4. Sethi B.B. "Family as a potent therapeutic force". Indian Journal of Psychiatry, 31,(1989):22-30.web.10 oct 2015
5. Mistress. India :Penguin, 2005.Print

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारत में मीडिया ट्रायल की संवैधानिकता: एक विधिक विश्लेषण

**भोला प्रसाद साहू* डॉ. पुष्पा ठाकुर ****

* (सहा. प्राध्यापक) शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (विधि विभाग) शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय , मऊगंज, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** लोकतंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक स्वतंत्र प्रेस/मीडिया बहुत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है, यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में देखा जाता है मीडिया समाज की राय को ढालने एवं उसके संपूर्ण दृष्टिकोण को बदलने में सक्षम है। मीडिया का सकारात्मक रूप भारत में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने एवं आरोपियों को पकड़ने में सक्रिय भूमिका निभाता है। वर्तमान मे इसका विस्तार हुआ है जनसंचार माध्यमों जैसे केबल टेलीविजन, स्थानीय रेडियो नेटवर्क और इंटरनेट के आगमन द्वारा तीव्र गति से सूचनाओं का संप्रेषण होता है,किंतु यदि मीडिया ट्रायल के संदर्भ में साफ और सटीक विश्लेषण किया जाए तो मीडिया पर यह आरोप अक्सर लगता है कि किसी अपराध को सनसनीखेज बनाकर मीडिया खुद ही जांचकर्ता वकील और जज बन जाता है जबकि पुलिस अभी दूर-दूर तक मामले की सच्चाई के आसपास भी नहीं पहुंचती। मीडिया न्यायपालिका के कार्यों को हड़प नहीं सकता, मीडिया ट्रायल उसे प्राप्त शक्तियों के खुलेआम उल्लंघन के रूप में देखा जाता है, जो निश्चय ही वर्तमान परिवेश में विचारणीय प्रश्न है।
**शब्द कुंजी –** मीडिया, संविधान, मीडिया ट्रायल, न्यायालय अवमानना।

**शोध कार्य की पृष्ठभूमि–** भारतीय संविधान का भाग 3 कुछ महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार प्रदान करता है जिसमें वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सर्वोपरि है, इसी स्वतंत्रता को आधार मानकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने महत्वपूर्ण निर्णयों में पुलिस एवं मीडिया की स्वतंत्रता को भी इसमें शामिल किया गया। भारत एवं विश्व की अत्यंत तीव्र गति से बदलती सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों में मीडिया / प्रेस ने अपना अलग महत्व स्थापित किया और यह लोकतंत्र के अदृश्य 'चौथे स्तंभ' के रूप में प्रकट हुआ। सामान्य नागरिक की भांति मीडिया को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है परंतु इस स्वतंत्रता पर अनुच्छेद 19 (2) में कुछ निर्बंधान भी लगाए गए हैं जो उसे नियंत्रित करने में सहायक है परंतु वर्तमान परिस्थितियां इतनी तीव्र गति से बदली हैं की मीडिया पर नियंत्रण रखना असंभव सा प्रतीत हो रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की जनमत के निर्माण महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सत्ता में बैठे लोगों को अपनी नीतियों और योजनाओं के बारे में लोगों को सूचित करने के लिए यह एक सरल साधन है, साथ ही आपराधिक न्याय प्रणाली को सुव्यवस्थित करने में भी मीडिया की बड़ी भूमिका है मीडिया के प्रचार से जहां घटना के संबंध में जानकार लोग सामने आकर घटना को उजागर करते हैं वही यह गवाहों को सार्वजनिक नजर में रखकर झूठी गवाही से रोकता है तथा अपराध ना करने के सार्वजनिक अभिव्यक्ति के माध्यम से अपराध को कम करने पर जोर देता है। वहीं दूसरी तरफ भारत में न्याय के मूल सिद्धांत के रूप में 'निष्पक्ष परीक्षण का अधिकार' भी विद्यमान है जो मीडिया द्वारा तथ्यों एवं परिस्थितियों की वास्तविक जानकारी के बिना जनता के लिए रुचिकर बनाने हेतु किसी भी छोटे से छोटे मामले को तूल देकर उस पर परीक्षण एवं पैनल के माध्यम से बहस करा कर अंतिम निष्कर्ष पर ही पहुंच जाते हैं, जो वास्तविक निर्णय को भी प्रभावित करते हैं। जिससे भारतीय संविधान द्वारा स्थापित न्यायालयों की अवमानना होती है।

**शोध का उद्देश्य–** वर्तमान में प्रेस/ मीडिया के द्वारा थानों में रजिस्टर्ड मामलों तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में तथ्यों एवं परिस्थितियों के वास्तविक जानकारी के बिना मीडिया परीक्षण कर स्वयं द्वारा न्याय प्रदान करने की जल्दबाजी में पीड़ित को अपराधी एवं अपराधी को पीड़ित बता दिया जाता है। न्याय का मुख्य सिद्धांत है कि 'न्यायालय द्वारा जब तक अभियुक्त को दोष सिद्ध नहीं पाया जाता तब तक उसे निर्दोष माना जाए' मीडिया को निरंतर इस सिद्धांत का उल्लंघन करते पाया गया है। न्याय शास्त्र का एक अन्य सिद्धांत है कि सुनवाई पक्षपात रहित होनी चाहिए परंतु मीडिया द्वारा विभिन्न प्रकार के परीक्षणों के चलते सार्वजनिक स्थानों पर विशेष मामलों की चर्चा एवं उस पर विभिन्न प्रकार के दृष्टिकोण प्रकट होते हैं जो न्यायालय एवं न्यायाधीशों के मन को भी प्रभावित करते हैं जिससे निर्णय में कहीं न कहीं पक्षपात पूर्ण होने की संभावना बनी रहती। इस शोध पत्रिका का प्रमुख उद्देश्य इन समस्याओं का प्रकटीकरण एवं इसके निदान के संबंध में सुझाव प्रदान करना है।

**शोध परिकल्पना–** शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए शोधार्थी द्वारा निम्न परिकल्पना का निर्माण किया जा कर शोध कार्य को संपन्न किया जा रहा है-

1. **प्रथम–** यह कि मीडिया परीक्षण भारतीय संविधान के तहत प्रदान किए गए अधिकारों के अंतर्गत आते हैं।
2. **द्वितीय–** मीडिया द्वारा किया जाने वाला परीक्षण न्यायालय के अवमान की सीमा के अंतर्गत आता है।

**अनुसंधान पद्धति –** किसी भी विषय पर शोध के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण, तकनीक और कार्यप्रणाली की आवश्यकता होती है। मीडिया ट्रायल और उसकी संवैधानिकता से संबंधित मुद्दों के अध्ययन हेतु प्रासंगिक कानूनों की प्रकृति और उनकी सीमाओं के समझ की आवश्यकता है। वर्तमान शोध के संबंध में डेटा एकत्र करने एवं उसके विश्लेषण करने तथा मीडिया परीक्षण

के विधिक प्रभावों का पता लगाने के लिए शोधकर्ता द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली सैद्धांतिक, विश्लेषणात्मक और वर्णनात्मक है।

शोध कार्य के द्वारा मुख्य रूप से प्राथमिक स्रोतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, तथा विषय से संबद्ध विभिन्न आयोगों और तत्समय प्रवर्तित विधानों की रिपोर्ट और माध्यमिक स्रोत जैसे पुस्तकें, लेख, पत्रिकाएं, वर्तमान लंबित और पूर्ण निर्णय दोनों, विवादास्पद मामले, समाचार और पत्रिकाएं, ई-संसाधन और अंग्रेजी और कानूनी शब्दकोश आदि के माध्यम से शोध कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संबंधित संवैधानिक प्रावधान-** व्यक्तिक स्वतंत्रता के अधिकार का स्थान मूल अधिकारों में सर्वोच्च माना जाता है। इसीलिए भारतीय संविधान में वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अनुच्छेद 19 (1)(I) में स्थान दिया गया है जिसके तहत भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी बात को लोकतांत्रिक ढंग से सबके समक्ष रखने तथा किसी अन्य की बात को भी विचारों के रूप में प्रकट करने का अधिकार प्राप्त है। परंतु यह आत्यंतिक नहीं है इस पर राज्य की सुरक्षा विदेशी राज्यों के साथ महत्वपूर्ण संबंधें के हित में लोक व्यवस्था शिष्टाचार या सदाचार की हित में न्यायालय के ओमान की दशा में मान हानिकारक कथन होने पर अपराध को बढ़ावा देने वाले मामलों के संबंध में अथवा भारत की प्रवक्ता एवं अखंडता को नष्ट करने वाली बातों के संबंध में निर्बंधान लगाए गए हैं।

**मीडिया अथवा प्रेस की स्वतंत्रता-** भारतीय संविधान के भाग 3 प्रेस की स्वतंत्रता का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं करता अपितु कई महत्वपूर्ण निर्णयो में माननीय उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में प्रेस की स्वतंत्रता को शामिल माना है, रमेश थापर बनाम मद्रास राज्य 1 एवं सकल पेपर्स लिमिटेड बनाम भारत संघ 2 के मामले में कहा गया कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विचारों के प्रसार की स्वतंत्रता सम्मिलित है और वह स्वतंत्रता विचारों के प्रसारण की स्वतंत्र द्वारा सुनिश्चित है उस स्वतंत्रता के लिए परिचालन की स्वतंत्रता उतनी ही आवश्यक है जितनी कि प्रकाशन की स्वतंत्रता, परिचालन के बिना प्रकाशन का कोई महत्व नहीं होगा। श्रीनिवास बनाम मद्रास राज्य 3 के मामले में कहा गया कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता केवल अपने ही विचारों के प्रसार की स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है इसमें दूसरे की विचारों के प्रसार एवं प्रकाशन की स्वतंत्रता भी शामिल है जो प्रेस की स्वतंत्रता द्वारा ही संभव है लोकहित के महत्व की बातों का प्रकाशन करने का समाचार पत्रों को पूर्ण अधिकार है। सेक्रेट्री मिनिस्ट्री आफ इनफॉरमेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग बनाम क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ वेस्ट बंगाल 4 के महत्वपूर्ण मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने अभीनिर्धारित किया कि अनुच्छेद 19(1)। की स्वतंत्रता के अंतर्गत किसी भी नागरिक को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टेलीविजन, रेडियो द्वारा किसी घटना का आंखों देखा चित्र प्रसारित करने का अधिकार है और सरकार उस पर केवल अनुच्छेद 19 के खंड 2 में विनिर्दिष्ट उपबंधो पर ही निर्बंधान लगा सकती है किसी अन्य आधार पर नहीं।

**मीडिया द्वारा परीक्षण का तुलनात्मक अध्ययन -**मीडिया द्वारा प्रसारित समाचार एक तरफ समाज की राय को बदलने उसे नया दृष्टिकोण प्रदान करने एवं जनता को किसी विशेष मामले में जागरूक करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है उसकी यही कार्यशैली इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में स्थापित करती है लोकतंत्र में हर एक संस्था का कार्य सुनिश्चित है जैसे विधायिका द्वारा विधि का निर्माण करना, कार्यपालिका द्वारा विधियों एवं नियमों को को क्रियान्वित कराना, न्यायपालिका द्वारा निर्धारित प्रारूप में विभिन्न सिद्धांतों के अनुसार परीक्षण करना एवं पीड़ित को न्याय प्रदान करना। वर्तमान समय में मीडिया द्वारा न्यायपालिका के इस अधिकार में अनावश्यक हस्तक्षेप दिखाई दे रहा है अत्यधिक कवरेज खबरों को सनसनीखेज बनाने एवं गवाह अथवा पीड़ित के रिश्तेदारों के साक्षात्कार को प्रकाशित और कवर करने के कारण जनता के मस्तिष्क पर मामले के संबंध में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी रहती है। बिना किसी तकनीकी ज्ञान के मीडिया द्वारा पीड़ित एवं अपराधियों का निरंतर परीक्षण किया जाता है तथा स्वयं निष्कर्ष तक पहुंच कर पीड़ित को न्याय प्रदान करने की बात कही जाती है जिसमें अक्सर गलतियां हो जाती हैं क्योंकि उनके द्वारा किसी प्रकार का मानक या कसौटी नहीं रखी जाती। जिससे कभी-कभी पीड़ित अपराधी की तरह प्रतीत होता है तथा अपराधी पीड़ित दिखाई देने लगता है यह अतिवादी पत्रकारिता एवं सनसनीखेज मीडिया प्रदर्शन की एक छोटी सी कड़ी मात्र है। हाल ही के दिनों में बहुत से मामले सामने आए हैं जिसमें मीडिया द्वारा इसी प्रकार से अनौपचारिक परीक्षण के द्वारा जनता में तथा न्यायाधीशों के मन में पक्षपातपूर्ण निर्णय का सर्जन किया गया, चाहे वह प्रियदर्शनी मट्टू हत्याकांड हो, जेसिका लाल हत्याकांड, नीतीश कटारा हत्याकांड या बिजल जोशी बलात्कार का मामला इन मामलों में मीडिया ने आरोपी पर मुकदमा चलाया और अदालत द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने से पहले ही अपना फैसला सुना दिया। अधिकतर हाई प्रोफाइल मामलों में मीडिया द्वारा मीडिया ट्राई किया जाता है जैसे सलमान खान हिट एंड रन केस हो या शीना बोरा हत्याकांड अथवा आरुषि तलवार हत्याकांड, सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के संबंध में भी मीडिया द्वारा विभिन्न प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप एवं निर्णय दिए गए। जब तक न्यायपालिका द्वारा किसी अभियुक्त को दोषसिद्धि घोषित नहीं किया जाता वह निर्दोष माना जाता है इस सिद्धांत का मीडिया से कोई सरोकार दिखाई नहीं देता। अभियुक्त के रूप में न्यायालय में परीक्षण होने के दौरान उनका प्रकटीकरण कर समाज में उन्हें अपराधी घोषित करने में वर्तमान में मीडिया ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। बलात्कार पीड़ित महिला की पहचान प्रकटीकरण भी अब आम बात हो गई है इससे उन्हें समाज में रहने तथा सम्मानजनक व्यवहार करने में कठिनाई उत्पन्न होती है एक बार मीडिया द्वारा अपराधी घोषित किए गए व्यक्ति को समाज सामान्य व्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं कर पाता इस कारण उसका सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार हो जाता है तथा उसके मौलिक अधिकार समाप्त प्राय हो जाते हैं मीडिया को अपनी इस पर जवाबदेही पर अंकुश लगाना होगा एवं जिम्मेदारी के साथ जनता की सहायता में खड़े होकर सामाजिक बुराइयों को उजागर करने तथा सनसनी से बचने का प्रयास करना होगा।

**निष्कर्ष-** उपरोक्त तथ्यों एवं मीडिया की पृष्ठभूमि तथा उनके द्वारा किए गए मीडिया परीक्षणों का अध्ययन करने के पश्चात शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रथम प्रकल्पना मीडिया परीक्षण भारतीय संविधान के अंतर्गत आता है प्रमाणित नहीं होती दूसरी प्रकल्पना सत्य सिद्ध हुई जिसमें मीडिया द्वारा परीक्षण न्यायालय अवमानना अधिनियम 1971 के अंतर्गत अपराध है,मीडिया परीक्षण वर्तमान में एक गंभीर परिणाम की ओर जा रहा है मीडिया भारतीय लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत इसका मौलिक अधिकार है, लेकिन साथ ही इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करने की अनुमति

नहीं दी जा सकती है। अभिव्यक्ति की सीमा को निर्धारित करने एवं मुकदमे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से रोकने हेतु मीडिया की निरंकुश शक्ति को नियंत्रित करने के लिए विधि निर्माण का समय आ गया है। मीडिया परीक्षण के माध्यम से बिना किसी अधिकार के न्यायपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप करना न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत दंडित किया जाना चाहिए, तथा मीडिया को समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं बुराइयों को प्रकट करने में अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल करना चाहिए ना कि अनावश्यक सनसनी पैदा करने में।

**सुझाव–** उपरोक्त अध्ययन एवं निष्कर्ष के आधार पर शोधार्थी द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किए जा रहे हैं–

1. वाक् स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति मीडिया के रूप में एक व्यक्ति के लिए मौलिक है। हालाँकि, मीडिया को उक्त अधिकार का सम्मान करना चाहिए और इसका दुरुपयोग उपयोग नहीं करना चाहिए।
2. सभी परिस्थितियों में मीडिया के प्रत्येक रूप को समाज और दुनिया की एक स्पष्ट और निष्पक्ष तस्वीर देनी चाहिए क्योंकि लंबे समय में इसके कर्तव्य राष्ट्र और समाज को आकार दे रहे हैं।
3. न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर मीडिया परीक्षण नहीं किया जाना चाहिए।
4. यदि किसी मूवी हाउस द्वारा न्यायालय में लंबित मामले का परीक्षण किया जा रहा है तो उसे न्यायालय ओमान अधिनियम 1971 के तहत दंडित किया जाना चाहिए।
5. यदि किसी मामले का मीडिया परीक्षण की सूचना न्यायालय को प्राप्त होती है तो न्यायालय को प्रकाशन के स्थगन का आदेश करना चाहिए।
6. मीडिया परीक्षण के माध्यम से अभियुक्त के पहचान प्रकटीकरण को रोकना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. ए आई आर 1950 एस.सी. 124
2. ए आई आर 1962 एस.सी 305
3. ए आई आर 1951 मद्रास 79
4. ए आई आर 1995 एस सी सी 161
5. शुक्ला बीएन–भारत का संविधान 13जी एडिशन स्टंट बुक
6. त्रिपाठी–डॉ. जेपी संवैधानिक विधि नई चुनौतियां सीएलपी 2015
7. पांडे–डॉक्टर जय नारायण–भारत का संविधान 50संस्करण सीएलपी 2017
8. बसु–डॉक्टर डी डी–इंट्रोडक्शन ऑफ द कॉन्स्टट्यूशन इंडिया 2019
9. मीडिया एथिक्स: फिलोसॉफिकल अप्रोच में प्रकाशित मैथ्यू किरण द्वारा संपादित
10. आनंद–विजय कुमार, इंट्रोडक्शन ऑफ मास मीडिया फर्स्ट एडिशन 2007 आईएसबीएन 978–81 19239–4–28
11. गुलाब कोठारी न्यूज़पेपर मैनेजमेंट इन इंडिया 1995
12. प्रियंका बाधावा–इलेक्ट्रॉनिक मीडिया फर्स्ट एडिशन 2007 आईएस बीएन 978–81–92239–39–8

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में प्रशासन के दायित्व

**रवींद्र तिवारी** *

* शोधार्थी, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** राज्य की भूमिका में वृद्धि होने के कारण भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था एवं प्रशासन के दायित्व में भी परिवर्तन हुआ है। 20वीं सदी के पहले तक राज्य केवल कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा का कार्य करते थे जिस कारण उन्हे पुलिस राज्य की संज्ञा दी जाती थी किन्तु अब राज्य की भूमिका लोक कल्याणकारी हो गई है, राज्य कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा के दायरे से आगें बढ़कर कार्य करने लगे है। पहले राज्य के कार्य के निर्वहन में प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी द्वार किसी व्यक्ति को क्षति कारित करने पर संप्रभु उन्मुक्ति का सिद्धांत लागू होने के कारण उत्तरदायी नही ठहराया जाता था किन्तु अब न्यायालय के दृष्टिकोण में बदलाव आया है और संप्रभु उन्मुक्ति के सिद्धांत का संकुचन हुआ है। प्रशासनिक प्राधिकारियों के मनमानेपूर्ण, उपेक्षापूर्ण एवं अवैधानिक कार्यो पर विधायी नियंत्रण, न्यायिक नियंत्रण एवं साम्यिक नियंत्रण के माध्यम से अंकुश लगाया जा सकता है।

**प्रस्तावना –** प्रशासनिक विधि का विकास 20वीं सदी का एक महत्वपूर्ण विधि विकास है। पूर्व में राज्य एक पुलिस राज्य की भूमिका में रहता था। जहॉ पर राज्य का प्रधान उद्देश्य समाज में केवल विधि व्यवस्था स्थापित करने का होता था, जिसके अंतर्गत अपराधों पर अंकुश लगाना तथा व्यक्तियों के विवादों का निपटारा करना था। शनै:-शनै: राज्यों की भूमिका में अमूलचूल परिवर्तन होने लगा और 20वीं सदी में राज्य की भूमिका एक पुलिस राज्य से बढ़कर एक लोक-कल्याणकारी राज्य के रूप में परिवर्तित हो गई। अब राज्य न केवल विधि व्यवस्था स्थापित करने का कार्य करते है अपितु समाज के कल्याण के भी अनेक कार्य करते है। राज्यों की भूमिका में होने वाली इस उत्तरोत्तर वृद्धि से प्रशासन के दायित्व में भी वृद्धि हुई है।

**शोध का उद्देश्य–** भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत प्रशासन के दायित्व में वृद्धि होने के कारण विवादों की संख्या में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हुई हैं अत: विवादों की संख्या में वृद्धि के कारणों का पता लगाने तथा विवादों की संख्या में कमी लाने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना ही इस शोध-पत्र का प्रधान उद्देश्य है।

शोध-पत्र का दूसरा उद्देश्य-विधि विषय के छात्रों को विषय वस्तु पर तर्क संगत साहित्य उपलब्ध कराना है।

**शोध प्रविधि–** यह शोध-पत्र डाक्ट्रीनल शोध पद्धति पर आधारित है। इस पद्धति को पारम्परिक शोध प्रविधि एवं अननुभवाश्रित शोध प्रविधि के नाम से भी जाना जाता है। इस शोध प्रविधि के अंतर्गत तर्क एवं युक्ति का प्रयोग करते हुए विधि एवं न्यायिक निर्णयों का विश्लेषण किया जाता है। यह प्रविधि शोध की पुस्तकालय पद्धति से कितनी मिलती-जुलती पद्धति है क्योकि इसके अंतर्गत विधियों एवं न्यायिक निर्णयों को पुस्तकों के माध्यम से अध्ययन कर विश्लेषण किया जाता है।

**भारत में प्रशासनिक व्यवस्था–** भारत में परिसंघीय व्यवस्था लागू होने के कारण प्रशासनिक व्यवस्था दो स्तरों में लागू है-

1. केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था
2. राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था

**1. केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था–** केन्द्रीय प्रशासन का प्रमुख राष्ट्रपति होता है तथा राष्ट्रपति अपनी सहायता के लिए एक मंत्रि परिषद की नियुक्ति करता है जिसके प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री को नियुक्त किया जाता है तथा मंत्रि परिषद के अन्य सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर करता है।

केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत प्रशासनिक कार्यो के विभाजन के लिए पृथक-पृथक विभाग बनाए गए है। प्रत्येक पृथक विभाग का प्रमुख उस विभाग का मंत्री होता है। प्रशासनिक कार्यो में संचालन एवं मंत्री की सहायता के लिए सचिव को नियुक्त किया जाता है। सचिव के कार्यालय को सचिवालय कहते है। प्रत्येक पृथक विभाग के कार्यो का संचालन सचिवालय से होता है।

भारत में सचिवालय के कार्यालय को ब्रिटिश काल में गवर्नर जर्नल के कार्यालय के तौर पर स्थापित किया गया था। केन्द्रीय प्रशासन में वृद्धि होने के कारण सचिवालय के विभागों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

सचिवालय प्रमुख रूप से दो कार्य करता है-

(क) नीतियों को निर्मित करना तथा मंत्रियों का सहयोग करना।

(ख) क्षेत्रीय योजना एवं कार्यक्रम तैयार करना।

इसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्य आते है-

(अ) विभागीय गतिविधियों के लिए बजट तैयार करना और उसके ० पर नियंत्रण रखना।

(ब) कार्यकारी विभाग के द्वारा नीतियों एवं दायित्वों के निष्पादन पर पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण रखना।

(स) विभागीय कर्मचारियों की कार्यक्षमता को विकसित करना।

(द) समन्वय स्थापित करने में सहायता करना।

**2. राज्य प्रशासनिक व्यवस्था–** राज्य स्तर की प्रशासनिक व्यवस्था भी केन्द्र की भांति संचालित होती है। राज्यों में कार्यपालिका का प्रधान राज्यपाल होता है जो अपने सहयोग के लिए मुख्यमंत्री की एवं मुख्यमंत्री की सलाह पर अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है। मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के समूह को मंत्रिपरिषद कहते है। राज्य की समस्त प्रशासनिक कार्यवाहियाँ राज्यपाल मंत्रियों को विभाग सौपकर विभागवार संचालित करता है। मंत्रियों को सहयोग देने के लिए राज्य में सचिवालय की स्थापना होती है, सचिवालय में विभाग के सचिव अपने-अपने विभागों के प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते है, जिसके अंतर्गत नीति निर्धारण एवं उनका क्रियान्वयन शामिल है।

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था की एक अनोखी विशेषता है केन्द्र एवं राज्य दोनों के लिए सामान्य सेवाओं का निर्माण जिन्हे हम 'अखिल भारतीय सेवाएँ'कहते है। अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी सामान्य रूप से केन्द्र एवं राज्यों में विभाजित किए जाते है तथा यह दोनो स्तर पर कार्य करते है।

प्रशासन के दायित्व–राज्य के लोककल्याणकारी स्वरूप धारण करने के कारण उसके दायित्व में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। यहॉ पर प्रशासन के दायित्वों को दो प्रमुख भागों में विभाजित कर उसका निम्नलिखित विश्लेषण किया जा रहा है–

1. प्रशासन के अपकृत्यात्मक दायित्व
2. प्रशासन के संविदात्मक दायित्व

**1 प्रशासन के अपकृत्यात्मक दायित्व–** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300 के द्वारा उपबंध करके भारत सरकार और सभी राज्य सरकारों को विधिक व्यक्तित्व प्रदान किया गया है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारें अपने प्रशासनिक अमले के माध्यम से कार्य करती है। अत: यदि प्रशासनिक अमले का कोई व्यक्ति कोई अपकार कर दें तो उसके अपकार के लिए केन्द्र या राज्य सरकार (जिसका भी अपकारी कर्मचारी प्रतिनिधि है) के विरूद्ध पीड़ित व्यक्ति वाद प्रस्तुत कर सकता है। चूँकि अपकृत्य के मामलों में पीडित व्यक्ति को क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का उपचार प्राप्त करने का वैद्यानिक प्रावधान है, अत: पीड़ित व्यक्ति द्वारा न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने पर न्यायालय प्रशासन को दायित्वाधीन घोषित कर पीड़ित की क्षतिपूर्ति करने के लिए विवश कर सकता है।

**2. प्रशासन के संविदात्मक दायित्व**–प्रशासन पर भी संविदा भंग के मामले में उसी प्रकार दायित्व अधिरोपित किया जा सकता है जिस प्रकार संविदा विधि के अधीन किसी प्राइवेट व्यक्ति पर।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 299 केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों को अपनी प्रशासनिक शक्ति के प्रयोग में किसी प्रयोजन के लिए संविदा करने हेतु अधिकृत करता है।

केन्द्र सरकार के द्वारा की जाने वाली सभी संविदाएं उसके प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति के नाम से प्रथा राज्य सरकारों द्वारा की जाने वाली सभी संविदाएँ उसके प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राज्यपाल के नाम से की जाती है। संविदा के मामलों में न तो संविदा करने वाला प्रशासनिक अधिकारी और न ही राष्ट्रपति या राज्यपाल उस संविदा के निर्वहन या भंग के लिए व्यक्तिगत रूप से दायित्वाधीन होगें। हालांकि यदि संविदा करने वाले प्रशासनिक अधिकारी ने अनुच्छेद 299 के उपबंधों का पालन नही किया है तो ऐसे संविदा के दायित्वों के निर्वहन एवं भंग के लिए वह व्यक्तिगत रूप से दायित्वाधीन होगा।

**प्रशासनिक कार्यों पर नियंत्रण–** प्रशासनिक प्राधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने में कई बार लापरवाही पूर्वक कृत्य करतें है या मनमाने पूर्ण तरीके से कार्यो का निष्पादन करते हुए जनता को क्षति कारित करते है। ऐसे में उन पर अंकुश लगाना आवश्यक हो जाता है। प्रशासनिक प्राधिकारियों के कार्यो को नियंत्रित करने के निम्नलिखित उपाय उपलब्ध है–

(क) विधायी नियंत्रण
(ख) न्यायिक नियंत्रण
(ग) साम्यिक नियंत्रण

**(क) विधायी नियंत्रण–**भारत में परिसंधात्मक व्यवस्था होने के कारण विधायिका भी दो स्तरो में कार्य करती है। केन्द्रीय स्तर पर संसद एवं राज्य स्तर पर विधान मंडल द्वारा प्रशासनिक कार्यो में विभिन्न प्रकार से नियंत्रण किया जाता है। प्रशासनिक कार्यों के विधायी नियंत्रण के कुछ प्रचलित तरीके निम्नलिखित है–

**(1) सदन में प्रश्न पूछकर–**संसद या विधान मंडल के सदस्य जनता के द्वारा निर्वाचित होते है इसीलिए उनका आम जनता की समस्याओं से तथा जबाबदेह प्रशासन से सीधा संपर्क रहता है। प्रशासन के मनमाने पूर्ण एवं अवैध कार्यो से जनता को होने वाली समस्या से संबंधित प्रश्न पूँछ सकते है। सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रश्न जैसे– तारांकित प्रश्न, अतारांकित प्रश्न, अल्प सूचना प्रश्न आदि पूछे जाते है। सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्न का जबाब देना सरकार का दायित्व है।

**(2) विधि बनाकर**–विधायिका प्रशासन के मनमाने पूर्ण कार्यो को विधि बनाकर नियंत्रित कर सकती है। प्रशसन की नीतियों की जड़े विधायिका द्वारा बनाएं गए कानून पर ही आधारित होती है।

**(3) लेखा परीक्षण के माध्यम से–** कोई भी शासकीय कार्यालय जो भी व्यय करता है उसका आडिट करवाना आवश्यक होता है। शासकीय कार्यालयों के द्वारा किए गए कार्यो की आडिट रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाता है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सदन के सम्मुख समस्त लेखा जोखा प्रस्तुत करता है।

**(4) समितियों के माध्यम से–** विधायिका अपने कार्य संचालन के लिए कुछ समितियों का निर्माण करती है जिसमें से कुछ समितियो का कार्य प्रशासनिक कार्यो की समीक्षा एवं उस पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने से संबंधित होती है।

**(5) प्रतिवेदनों पर चर्चा के माध्यम से–** संसद या विधान मंडल द्वारा निर्मित अधिनियमों के प्रावधान अनुसार नियुक्त प्राधिकारियों को अपने कार्यो का वार्षिक लेखा-जोखा प्रतिवेदन के माध्यम से सदन के पटल पर प्रस्तुत करना होता है।

**(6) निंदा प्रस्ताव के माध्यम से–** प्रत्येक विभाग का एक मंत्री होता है जिस विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मनमानापूर्ण या अवैध कार्य किए जाते है उस विभाग के मंत्री के नियंत्रण क्षमता पर प्रश्न चिन्ह अवश्य लगता है ऐसे में सदन के सदस्य सदन में उस विभाग के मंत्री के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है।

**(ख) न्यायिक नियंत्रण–** प्रशासनिक कार्यो पर न्यायिक नियंत्रण विभिन्न प्रकार की याचिकाओं एवं न्यायिक पुनर्विलोकन के माध्यम से किया जा सकता है। जब किसी व्यक्ति को बिना कारण गिरफ्तार या बंदी बना लिया जाता है तो वह न्यायालय से बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट जारी करवाकर स्वयं को मुक्त करा सकता है। जब कोई प्रशासनिक अधिकारी अनाधिकृत रूप से

किसी लोकपद पर आसीन हो जाता है तो उसके विरूद्ध अधिकार पृच्छा रिट जारी कर उसे न्यायालय द्वारा पदच्युत किया जा सकता है। जब कोई प्रशासनिक प्राधिकारी कोई अधिकारातीत कार्य करता है या अपने दायित्व के निर्वहन से इंकार कर देता है तब न्यायालय द्वारा परमादेश रिट जारी कर उसे अधिकारातीत कार्य करने से रोंक दिया जाता है या अपने ऊपर अधिरोपित दायित्व के निर्वहन के लिए विवश किया जाता है।

प्रशासन द्वारा कुछ अर्द्ध विधायी कार्य संपादित किए जाते है जिन्हे हम प्रत्यारोपित विधायन की संज्ञा देते है। जब प्रशासन द्वारा प्रत्यारोपित विधायन के निर्माण में मूल विधि की भावना के विपरीत प्रावधानों को समाविष्ट किया जाता है तब न्यायालय न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति का प्रयोग करते हुए उस उल्लंघनपूर्ण प्रावधान को शून्य घोषित कर दिया जाता है।

इस प्रकार न्यायपालिका रिट तथा न्यायिक पुनर्विलोकन के माध्यम से प्रशासनिक कार्यो को नियंत्रित करने का कार्य करती है।

**(ग) साम्यिक नियंत्रण –** साम्यिक नियंत्रण के उपाय को सामान्य सिविल उपचार भी कहते है। प्रशासनिक प्राधिकारी के कृत्यों से व्यथित कोई भी व्यक्ति व्यवहार न्यायालयों के माध्यम से अनुतोष प्राप्त कर सकता है। निम्नलिखित तीन प्रकार के उपचार साम्यिक उपचार माने जाते है–

(1) व्यादेश
(2) घोषणा
(3) क्षतिपूर्ति

**(1) व्यादेश –** व्यादेश के माध्यम से न्यायालय प्रशासनिक प्राधिकारी को कोई अवैद्यानिक कार्य को करने या जारी रखने से रोक सकता है। जब भी किसी नागरिक के वैद्यानिक या साम्यिक अधिकारों का उल्लंघन किसी प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा किया जाता है तोव्यथित व्यक्ति न्यायालय की शरण में जाकर स्थायी, अस्थायी अथवा आज्ञापक व्यादेश का उपचार प्राप्त कर सकता है।

**(2) घोषणा**– पीड़ित पक्षकार अपने अधिकारों की घोषणा न्यायालय में वाद प्रस्तुत करके करवा सकता है। घोषणा के माध्यम से व्यथित पक्षकार के अधिकारों का अंतिम अवधारणा हो जाता है।

**(3) क्षतिपूर्ति**– यदि प्रशासनिक प्राधिकारी या कोई भी सरकार का सेवक सेवा में नियोजन के अनुक्रम में किसी के वैध अधिकार का उल्लंखन करता है तो व्यथित पक्षकार उस सेवक के अपकार से कारित क्षति के लिए न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर क्षतिपूर्ति अर्जित कर सकता है।

**न्यायिक अभिमत**– भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में प्रशासन के दायित्व पर न्यायालयों ने समय-समय पर कई सिद्धांत प्रतिपादित किए है। कुछ महत्वपूर्ण मामले एवं उनमें प्रतिपादित सिद्धांतों की व्याख्या इस प्रकार है–

1. भीकराज जयपुरिया विरूद्ध भारत संघ के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय प्रदान किया कि वह संविदा जो कि निर्धारित प्रारूप में नही है, प्रवर्तनीय नही होगी।
2. भारत संघ विरूद्ध रलिया राम के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्धारित किया कि यदि संविदा के तथ्यों से यह निष्कर्ष निकलता है कि संविदा राष्ट्रपति की ओर से की गई थी तो प्रशासनिक अधिकारी (संविदाकर्त्ता) को यह अभिव्यक्त करने की आवश्यकता नही है।
3. पं. बंगाल विरूद्ध बी.के.मण्डल के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्धारण कियाकि शासन की ओर से की गई संविदा के अनुच्छेद 299 के प्रावधानों की अवहेलना करने मात्र से वह शून्य नही हो जाती यदि उसका अनुसमर्थन कर दिया जाता है तो वह संविदा वैध होगी।
4. एरूजिअन इक्वीपमेंट एण्ड केमिकल्स विरूद्ध पश्चिम बंगाल के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि यदि लोक संविदा के माध्यम से संविदा किया जाना हैतो किसी भी संविदाकार को ब्लैक लिस्ट करने से पहले नैसर्गिक न्याय के सिद्धांन्त का पालन करना आवश्यक है।
5. राजस्थान राज्य विरूद्ध विद्यावती के मामले में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि यदि सरकार के किसी सेवक ने सेवा के नियोजन के अनुक्रम में किसी व्यक्ति को क्षति कारित कर दिया है तो सरकार अपने सेवक के द्वारा किए गए अपकार के लिए दायित्वाधीन है।
6. कस्तूरीलाल विरूद्ध उ.प्र.राज्य के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्धारित किया कि सरकार के सेवक (प्रशासनिक अधिकारी/ कर्मचारी) द्वारा यदि संप्रभु शक्ति के प्रयोग करने में किसी अन्य व्यक्ति को कोई क्षति कारित हो जाती है तो ऐसी क्षति के लिए सरकार या उसके सेवक दायित्वाधीन नही होंगे।
7. एन.नागेन्द्र राव एण्ड कं. विरूद्ध आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में उच्चतम न्यायालय ने कस्तूरीलाल के मामले में दिए गए निर्णय को उलट दिया तथा यह अभिनिर्धारित किया कि सरकार अपने सेवक के उपेक्षापूर्ण कार्य के लिए उत्तरदायी है। अत: न्यायालय ने संप्रभु उन्मुक्ति के सिद्धांत के अपास्त कर दिया।
8. महमूद नैयर आजम विरूद्ध छत्तीसगढ़ के मामले में उच्चतम न्यायालय ने प्रशासनिक अधिकारियों को मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए दायित्वाधीन अभिनिर्धारित किया।
9. अंकिता ठाकुर विरूद्ध जम्मू कश्मीर के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि प्रशासनिकअधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किसी व्यक्ति के मूल अधिकारों का उल्लंघन करने पर संप्रभु उन्मुक्ति का सिद्धांत लागू नही होता है।

**निष्कर्ष –**प्रस्तुत शोध पत्र के अध्ययन मे यह पाया गया कि राज्य की भूमिका में बदलाव (पुलिस राज्य से लोककल्याणकारी राज्य) होने के कारण प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यो एवं दायित्वों में अत्यधिक वृद्धि हुई है किन्तु प्रशासनिक विधि के पूर्ण विकसित न होने के कारण भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत प्रशासनिक दायित्व के निर्वहन मे प्रशासनिक अधिकारी/ कर्मचारी अपेक्षाकृत कम जवाबदेही के साथ कार्य करते है। प्रस्तुत शोध पत्र में वर्णित न्यायिक निर्णयों के अध्ययन से भी यही निष्कर्ष प्राप्त होता है कि भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में प्रशासनिक के दायित्वों को निर्धारित करने एवं उनके निर्वहन के लिए जवाबदेही तय करने हेतु अब यह आवश्यक हो गया है कि प्रशासनिक विधि का संहिताकरण किया जाय।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. उपाध्याय, डॉ. जय जय राम प्रशासनिक विधि
2. केसरी,डॉ. यू0पी0डी0- प्रशासनिक विधि
3. टकवानी, सी.के. – प्रशासनिक विधि
4. पाण्डेय, डॉ. जय नारायण – भारत का संविधान
5. पाण्डेय, डॉ. जय नारायण – अपकृत्य विधि
6. राम, डॉ. कैलाश – संविदा विधि –।
7. एस.सी.सी.आनलाइन

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारतीय प्रेस की स्वतंत्रता एवं विधायी विशेषाधिकार: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

**भोला प्रसाद साहू** *

* (सहा. प्राध्यापक) शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** 'संविधान सरकार द्वारा लोगों को रोकने का साधान नहीं है यह तो वह साधान है जिसके द्वारा लोग सरकार को रोक सकते हैं।'
पैट्रिक हेनरी (1736-1799)

भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राचीन काल से ही लोकतांत्रिक कार्यों के आधार स्तंभ के रूप में विद्यमान रही है, भारतीय संविधान में भी इसे मौलिक अधिकार का दर्जा देकर गारंटीकृत किया गया, जिसने सामान्य व्यक्ति की जन भावनाओं को विस्तार देने के लिए विभिन्न साधनों का प्रयोग करते हुए प्रेस,इलेक्ट्रॉनिक,प्रिंट एवं सोशल मीडिया का रूप ले लिया तथा जनता को राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कार्यपालिका के नकारात्मक एवं असंवैधानिक कार्यों को मुखरता से विरोध करने का स्वर प्रदान किया। इस मौलिक अधिकार में शासन के कार्यों को जानने एवं उस आधार पर सरकार के संबंध में राय निर्मित करने का अधिकार होता है वही यह विधायी विशेषाधिकार पर अध्यरोही प्रभाव नहीं रखते तथा बिना किसी पूर्व सूचना के संसदीय विशेषाधिकारो एवं कार्यवाहिओं के प्रकाशन को दंडनीय अपराध घोषित करते हैं, जो मौलिक अधिकार के इस क्षेत्र में प्रवेश पर निर्बंधान प्रतीत होता है। प्रेस यदि पूर्ण जवाबदेही के साथ किसी समाचार को प्रकाशित करती है तो यह जन जागरूकता का आदर्श स्थापित कर सकती है लोकतांत्रिक देश में जनता के लिए किए जाने वाले कार्यों के संबंध में उन तक इसके पहुंच के लिहाज से यह आवश्यक है तथा इसमें किसी प्रकार की गोपनीयता जनता के विरुद्ध षड्यंत्र की आशंका को उत्पन्न करता है।

**शब्द कुंजी –** प्रेस, स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति, लोकतंत्र, संविधान,विधायी विशेषाधिकार, मीडिया।

**प्रस्तावना – शोध कार्य की पृष्ठभूमि–** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आजादी की पहली शर्त मानी जाती है, यह आजादी के पदानुक्रम में सर्वप्रथम स्थान पर है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में यह सच ही कहा गया है कि यह सभी अन्य स्वतंत्रताओं की जननी है। अभिव्यक्त की आजादी का अधिकार समाज का सार है और इसे हर समय सुरक्षित रखा जाना चाहिए। एक मुक्त समाज का पहला सिद्धांत खुले मंच से शब्दों के अनियंत्रित प्रभाव होना चाहिए,बिना किसी बाधा के राय एवं विचार व्यक्त करने की आजादी और विशेष रूप से दंड के भय के बिना उस समाज विशेष के विकास में तथा राज्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह राज्य के दमन या विनियमन के विरुद्ध गारंटी की सबसे महत्वपूर्ण मौलिक स्वतंत्रता में से एक है। न्यायमूर्ति श्री कृष्ण अय्यर ने अपने वक्तव्य में कहा है कि 'वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य है क्योंकि इस पर सेंसरशिप की शक्ति सरकार द्वारा व्यक्तियों पर एवं उनके विरुद्ध प्रयोग की जाती है ना कि व्यक्तियों द्वारा सरकार पर या उनके विरुद्ध' लोकतांत्रिक नीति के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक अनिवार्य शर्त है, किसी व्यक्तिगत विचार का भाग्य तब तक प्रभावकारी नहीं होगा जब तक कि वह लोगों से व्यवहार में एवं उनके मनोभावों में प्रसारित ना किया गया। समाचार पत्र एक खोजी कुत्तो की तरह समाज की बुराइयों को सरकार एवं जनता में प्रकाशित एवं प्रसारित कर उसे दूर करने का प्रयास करते है इस अभिव्यक्ति पर समय-समय पर प्रतिबंध भी लगाए गए तथा इसे नियंत्रित करने का प्रयास भी किया गया जिसके लिए विभिन्न प्रकार के अधिनियम जैसे वर्नाकुलर प्रेस एक्ट 1861, प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम 1867, प्रेस (आपत्तिजनक विषय) अधिनियम 1951 आदि

**शोध का उद्देश्य–** इस शोध पत्र का प्रमुख उद्देश्य भारतीय प्रेस की स्वतंत्रता एवं विधायिका के विशेषाधिकार के बीच उत्पन्न होने वाले संघर्षो का अध्ययन करना है। इसके साथ ही विभिन्न न्यायिक निर्णयों एवं विधिक सिद्धांतों के माधयम से उसके तथ्यों की जांच की जाएगी तथा मौलिक अधिकारों के इस क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किए जा सकेंगे।

**शोध समस्या–** लेखक द्वारा प्रस्तुत इस शोध पत्र में भारतीय संविधान में स्थित मौलिक अधिकार वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का विस्तार विधायिका तक है या नहीं एवं यदि नहीं तो ऐसा क्यों? क्या संसदीय विशेषाधिकार भारतीय संविधान में प्रदान किए गए मौलिक अधिकारों से श्रेष्ठ है।

**शोध परिकल्पना–** शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए शोधार्थी द्वारा निम्न परिकल्पना का निर्माण किया जाकर शोध कार्य संपन्न किया जा रहा है–
यह कि क्या संसदीय विशेषाधिकार के अंतर्गत भाषण की स्वतंत्रता, भारतीय संविधान के भाग 3 में उल्लेखित वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आध्यारोही प्रभाव रखती है।

**प्रेस की स्वतंत्रता –**स्वतंत्रता से तात्पर्य नियंत्रण हस्तक्षेप या प्रतिबंधों का ना होना माना जाता है इसीलिए अभिव्यक्ति प्रेस की स्वतंत्रता का अर्थ राज्य किसी सार्वजनिक प्राधिकरण के हस्तक्षेप के बिना मुद्रण और प्रकाशित करने के अधिकार से लगाया जाता है। व्यक्तिक स्वतंत्रता के अधिकार का

स्थान मूल अधिकारों में सर्वोच्च माना जाता है। इसीलिए भारतीय संविधान में वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अनुच्छेद 19 (1)(I) में स्थान दिया गया है जिसके तहत भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी बात को लोकतांत्रिक ढंग से सबके समक्ष रखने तथा किसी अन्य की बात को भी विचारों के रूप में प्रकट करने का अधिकार प्राप्त है,परंतु यह आत्यंतिक नहीं है इस पर राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधें के हित में, लोक व्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हित में, न्यायालय के अवमान की दशा में,मानहानिकारक कथन होने पर ,अपराध को बढ़ावा देने वाले मामलों के संबंध में अथवा भारत की प्रभुता एवं अखंडता को नष्ट करने वाली बातों के संबंध में निर्बंधान लगाए गए हैं। भारतीय संविधान के भाग 3 प्रेस की स्वतंत्रता का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं करता अपितु कई महत्वपूर्ण निर्णयो में माननीय उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में प्रेस की स्वतंत्रता को शामिल माना है, रमेश थापर बनाम मद्रास राज्य [1] एवं सकल पेपर्स लिमिटेड बनाम भारत संघ [2] के मामले में कहा गया कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विचारों के प्रसार की स्वतंत्रता सम्मिलित है और वह स्वतंत्रता विचारों के प्रसारण की स्वतंत्र द्वारा सुनिश्चित है उस स्वतंत्रता के लिए परिचालन की स्वतंत्रता उतनी ही आवश्यक है जितनी कि प्रकाशन की स्वतंत्रता, परिचालन के बिना प्रकाशन का कोई महत्व नहीं होगा। श्रीनिवास बनाम मद्रास राज्य [3] के मामले में कहा गया कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता केवल अपने ही विचारों के प्रसार की स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है इसमें दूसरे की विचारों के प्रसार एवं प्रकाशन की स्वतंत्रता भी शामिल है जो प्रेस की स्वतंत्रता द्वारा ही संभव है लोकहित के महत्व की बातों का प्रकाशन करने का समाचार पत्रों को पूर्ण अधिकार है।

**विधायी विशेषाधिकार–** 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 के अंतर्गत संसद को एवं 194 के अंतर्गत राज्य विधानमंडल को भी विशिष्ट अधिकार प्राप्त है जिनके अभाव में वे अपने कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते और यह साधारण नागरिकों या निकायों को प्राप्त अधिकारों में से कहीं अधिक है'[4] इसमें अभिव्यक्त रूप से केवल दो विशेषाधिकारों का उल्लेख किया गया है जिसमें पहला भाषण की स्वतंत्रता और दूसरा कार्यवाही के प्रकाशन का अधिकार शामिल है इसे संविधान के उपबंधो के तथा संसद की प्रक्रिया के विनियमन करने वाले नियमों और स्थाई आदेशों के अधीन रहते हुए संसद में वाक स्वतंत्र होगा, अनुच्छेद 105 का खंड(2) तो यह उपबंधित करता है कि संसद में या उसकी समिति में संसद के किसी सदस्य द्वारा किसी मत के संबंध या उसके विरुद्ध किसी न्यायालय में कोई कार्यवही नहीं की जाएगी और कोई व्यक्ति संसद के किसी सदन के प्राधिकार के द्वारा या उसके अधीन किसी रिपोर्ट पत्र मतों या कार्यवाहियों के प्रकाशन के संबंध में इस प्रकार दायित्वाधीन नहीं होगा, यह विशेषाधिकार संवैधानिक उपबंधो एवं संसद द्वारा बनाए गए विनियम के अधीन ही प्राप्त है। विधायकों को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम बनाने के लिए एवं बिना किसी डर या पक्षपात के महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा और बहस करने के लिए संविधान द्वारा संसद और राज्य विधानसभाओं को यह विशेषाधिकार प्रदान किया गया है।

विशेषाधिकार के अतिरिक्त संसद द्वारा समय–समय पर प्रदान की गई शक्तियां एवं उन्मुक्तियां भी संसद सदस्यों को प्राप्त होंगी इसमें गिरफ्तारी से स्वतंत्रता, गुप्त सत्र चलाने का अधिकार, कार्यवाहियों के प्रकाशन पर रोक लगाने का अधिकार, कार्यवाहियों का विनियमन,सदन के अवमान के लिए दंड देने की शक्ति सहित अन्य शक्तियां भी प्राप्त होंगी।

प्रेस की स्वतंत्रता एवं विधायिका के विशेषाधिकार का तुलनात्मक अध्ययन– भारतीय संविधान का अनुच्छेद 9(1)(I)के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं इसके अंतर्गत प्रेस की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 105 एवं 194 के तहत विधायी विशेषाधिकार में प्रकाशन पर रोक से विधायिका का संघर्ष प्रतीत होता है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एस एस एम शर्मा **बनाम श्री कृष्ण सिंह**[5] – के मामले में यह निर्णय किया कि'भारतीय संविधान की विधायी इच्छा के तहत विधायिका को बहस की रिपोर्ट एवं कार्यवाहियों के प्रकाशन से पूरी तरह प्रतिबंधित करने का विशेषाधिकार है तथा ऐसे विशेषाधिकारों के उल्लंघन पर वह दंड देने में भी सक्षम है, अनुच्छेद 19(1)(I) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 105(3) एवं 194(3) के अधीन है तथा इस पर अधयरोही प्रभाव रखती है' समाचार पत्रों में संसदीय कार्यवाही की रिपोर्ट का प्रकाशन 'प्रकाशन का संरक्षण अधिनियम 1977' द्वारा संरक्षित है तथा इसका उल्लंघन दंडनीय अपराध है' इनाडु समाचार पत्र के संपादक का मामला। [6]

मामले में इनाडु समाचार पत्र के संपादक को एक लेख प्रकाशित करने के कारण आंध्र प्रदेश विधान परिषद की अवमानना के लिए दोषी पाया गया तथा सदन के समक्ष उपस्थित होकर क्षमा मांगने का आदेश दिया गया, इस आदेश के विरुद्ध अपील करने पर उच्चतम न्यायालय ने उसे गिरफ्तार न करने का आदेश दिया जिस पर संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई एवं विशेषाधिकारों के संहिताबद्ध किये जाने की मांग की जाने लगी।

**निष्कर्ष**–उपरोक्त तथ्यों एवं वादों तथा संवैधानिक प्रावधानों का अध्ययन करने के पश्चात शोध की परिकल्पना सिद्ध हुई है की विधायी विशेषाधिकार कुछ मामलों में मौलिक अधिकारों पर अधयरोही प्रभाव रखते हैं। संविधान के 44 में संशोधन द्वारा सदन की कार्यवाही के प्रकाशन के अधिकार को संवैधानिक संरक्षण प्रदान कर दिया गया है,इसके तहत अनुच्छेद 361(I) जोड़कर यह उपबंधित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध जो संसद के किसी सदन की कार्यवाही का सारत: सही रिपोर्ट प्रकाशित करता है किसी प्रकार की चाहे वह सिविल हो या दांडिक कार्यवाही हेतु दायित्वाधीन नहीं होगा जब तक यह साबित ना हो जाए कि यह कार्य दुर्भावनापूर्वक किया गया था। यह स्वतंत्रता रेडियो,टेलीविज़न, समाचार पत्र इत्यादि माध्यमों के प्रकाशन को भी प्राप्त होगी किंतु सदन के गुप्त सत्र के प्रकाशन पर यह बात लागू नहीं होगी।

**सुझाव**–उपरोक्त अध्ययन एवं निष्कर्ष के आधार पर शोधार्थी द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किए जा रहे हैं–

1. विधायी विशेषाधिकारों को संहिताबद्ध किया जाना आवश्यक है,जिससे मौलिक अधिकारों एवं विधायी अधिकारों में संघर्ष उत्पन्न ना हो।
2. न्याय का मुख्य लक्ष्य स्वतंत्रता के साथ विकास होना चाहिए, लोकतंत्र को जीवित रहने के लिए सभी के हितों को सुरक्षित रखना आवश्यक है।
3. प्रेस की स्वतंत्रता पर सरकार द्वारा कुछ कसौटियों के माधयम से प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है जिससे संघर्ष की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।
4. राज्य को विधियों के प्रकाशन, एवं उस पर चर्चा तथा कार्यवाही के संबंध में उनके प्रकाशन से बचाव नहीं करना चाहिए।

5. प्रेस को लोकतंत्र का प्रहरी बनकर जनता के लिए आवश्यक मुद्दों को संविधान के द्वारा निर्धारित सीमा में रहकर प्रकाशन करना चाहिए ना कि उन सीमाओं को तोड़कर।

**संदर्भ ग्रंथ सूची–**

1. ए आई आर 1950 एस.सी. 124
2. ए आई आर 1962 एस.सी 305
3. ए आई आर 1962 एस.सी 305
4. पीएफ में पार्लिमेंट प्रैक्टिस 15 संस्करण अध्याय 5 पॉइंट 42
5. ए आई आर 1959 एस सी 395
6. हिंदुस्तान टाइम्स ,मार्च 30 1984
7. दुर्गा दास बसु, भारत के संविधान पर टिप्पणी, खंड 2, 8वां संस्करण, 2007, वाधवा एंड कंपनी, नागपुर।
8. डॉ. जेएन पांडे, भारत का संवैधानिक कानून,44वां संस्करण, 2007, केंद्रीय कानून एजेंसी, इलाहाबाद।
9. M, Madabhusi Sriddhar, अभिव्यक्ति के कानून,1 संस्करण, 2007, एशिया कानून हाउस, हैदराबाद।
10. राय, –प्रो. कैलाश भारत का संवैधानिक कानून, 8वां संस्करण, 2009, केंद्रीय कानून प्रकाशन, इलाहाबाद।
11. प्रो. एमपी जैन, भारतीय संवैधानिक कानून, 5वां संस्करण, 2009, लेक्सिस नेक्सिस बटरवर्थ्स वाधवा, नागपुर।
12. वीएन शुक्ला, भारत का संविधान, 10वां संस्करण, 2001, ईस्टर्न बुक कंपनी, नई दिल्ली।
13. www-freedomhouse-org
14. www-enwordpress-com

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# कोविड – 19 के काराण भारत में उत्पन्न हुई आर्थिक चुनौतियाँ

**श्रीमती कृष्णा शर्मा ***

*** सहायक प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शास. श्या.सु.ना.मु. महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत**

**प्रस्तावना –** कोरोना वायरस ने न केवल भारत की बल्कि दुनिया की अर्थव्यवस्था की हालत खराब कर रखी है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना वायरस के कारण भारत की इकोनॉमी पर बड़ा असर पड़ने वाला है। कोरोना के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर में भारी गिरावट आएगी।

वर्ल्ड बैंक के अनुमान के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर घटकर मात्र 5% रह जाएगी, तो वहीं 2020-21 में तुलनात्मक आधार पर अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में भारी गिरावट आएगी जो घटकर मात्र 2.8% रह जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह महामारी ऐसे वक्त में आई है जबकि वित्तीय क्षेत्र पर दबाव के कारण पहले से ही भारतीय इकोनॉमी सुस्ती की मार झेल रही थी। कोरोना वायरस के कारण इसपर और दवाब बढ़ा है।

दरअसल कोरोना वायरस के कारण देशभर में लॉकडाउन है। सभी फैक्ट्री, ऑफिस, मॉल्स, व्यवसाय आदि सब बंद रहे। घरेलू आपूर्ति और मांग प्रभावित होने के चलते आर्थिक वृद्धि दर प्रभावित हुई है। वहीं जोखिम बढ़ने से घरेलू निवेश में सुधार में भी देरी होने की संभावना दिख रही है। ऐसे में अर्थव्यवस्था मुश्किल दौर में पहुंच सकती है। रिपोर्ट में सरकार को वित्तीय और मौद्रिक नीति के समर्थन की जरूरत पर जोर देने की सलाह दी गई है। चुनौती से निपटने के लिए भारत को इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए जल्द से जल्द ज्यादा प्रभावी कदम उठाना होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर अस्थायी रोजगार सृजन कार्यक्रमों पर भी ध्यान देना होगा। विश्व बैंक ने आगाह किया है कि इस महामारी की वजह से भारत ही नहीं बल्कि समूचा दक्षिण एशिया गरीबी उन्मूलन से मिलें फायदे को गँवा सकता है। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन ने कहा था कि कोरोना वायरस सिर्फ एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट नहीं रहा, बल्कि ये एक बड़ा लेबर मार्केट और आर्थिक संकट भी बन गया है जो लोगों को बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगा।

**प्रस्तावना –** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2001 महिला सशक्तीकरण वर्ष के रूप में मनाने के निर्णय से इस वर्ष विशेष में देश की महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक रूप से अधिक सशक्त बनाने हेतु उनके लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रति बढ़ रहे दुर्व्यवहार तथा हिंसा की घटनाओं में कमी लाने, महिला अधिकारों और नारी शक्ति के संबंध में उनमें जागरूकता और चेतना विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति हेतु देश में पहली बार एक राष्ट्रीय महिला उत्थान नीति बनायी गयी, ताकि देश में महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्थान और समुचित विकास के लिए आधारभूत व्यवस्थायें निर्धारित किया जाना संभव हो सके।

महिलाओं के उत्थान के लिए प्रचुर संख्या में योजनाएँ देश में चलायी जा रही हैं जिसमें केन्द्र व राज्य सरकारों की भागीदारी रहती है। इन योजनाओं में कुछ इस प्रकार हैं - स्वाबलम्बन योजना (1982), महिला समाख्या कार्यक्रम (1989), आशा योजना (2005), बालिका प्रोत्साहन योजना (2006), उज्जवला योजना (2007) इन सभी योजनाओं के अलावा प्रदेश सरकार भी कुछ विशिष्ट योजनाएं राज्य में महिला सशक्तीकरण हेतु संचालित कर रही है। जिनमें प्रमुख रूप से लाड़ली लक्ष्मी योजना, गाँव की बेटी, ऊषा किरण, तेजस्विनी, स्वधारा आदि योजनाएँ महिलाओं की स्थिति को सशक्तीकृत करने के लिए कार्य कर रही हैं।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तावित शोध कार्य में समाज विज्ञान की मान्य विभिन्न शोध पद्धतियों का प्रयोग किया जायेगा। महिला सशक्तीकरण में समाज की भूमिका पर केन्द्रित इस अध्ययन में विभिन्न सामाजिक चिंतकों द्वारा प्रकट किये गये विचारों को गंवेषणात्मक पद्धति से विश्लेषित कर विषयवस्तु की सामयिकता की पुष्टि की जायेगी। अध्ययन की समकालीनता और विभिन्न योजनाओं के प्रभान्वित कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति, उपलब्धियों की विवेचना, प्राथमिक एवं द्वितीय माध्यमों से प्राप्त अभिलेखों, आंकड़ों के माध्यम से किया जायेगा।

1. महिला सशक्तीकरण में सरकारी योजनाओं की भूमिका के प्रभावों का आंकलन करना।
2. अध्ययन के प्रभावीकरण हेतु विभिन्न उत्तरदाताओं से व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से अभिमत प्राप्त करते हुए अध्ययन को साक्षात् स्वरूप दिया जायेगा।

**उद्देश्य:**

1. महिलाओं की समाज के सभी तरह के कार्य (सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक) के निष्पादन में पूर्ण क्षमता की प्राप्ति एवं महिलाओं के पूर्ण विकास हेतु सकारात्मक आर्थिक तथा सामाजिक नीतियों के माध्यम से महिलाओं के लिए स्वच्छ वातावरण सृजन करना।
2. सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना एवं निर्णय स्तर पर समानता लाना।
3. पुरूषों तथा महिलाओं दोनों की सक्रिय भागीदारी द्वारा सामाजिक रवैया और प्रयासों में परिवर्तन के लिए वातावरण बनाना।
4. महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार, दुर्व्यवहार एवं भेदभावों के उन्मूलन के उद्देश्य से कानूनी प्रणालियों से सुदृढ़िकरण करना तथा महिलाओं के सशक्तीकरण से संबंधित बनने वाले नये नियम-कानूनों की जानकारी देना एवं जागरूक बनाना।

**उपकल्पना –** शोध कार्य के लिए शोधार्थी अपनी अध्ययन समस्या के लिए प्राथमिक ज्ञान के आधार पर एक ऐसा सामान्य निष्कर्ष बनाता है जो उसके शोध कार्य का प्रमुख आधार बनाता है, जिसे शोध परिकल्पना कहते हैं लेकिन यह परिकल्पना केवल आकस्मिक निष्कर्ष मात्र होती है अध्ययन के पश्चात् इनके सत्य या असत्य होने का पूर्ण या आंशिक संभावनाएँ सामान्य रूप से बनी रहती हैं। द्वितीयक तथ्यों के संकलन के लिए पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाओं आदि का प्रयोग किया जाता है। परिकल्पनाएँ एक ऐसा सामान्य निष्कर्ष मात्र होती हैं जिन्हें परीक्षण की पूर्णता से पहले न तो सही माना जा सकता है और न ही गलत। क्योंकि वास्तविक तथ्यों के आधार पर ही उनका पुष्टिकरण किया जाता है अर्थात् यह पता लगाया जाता है कि परिकल्पनाएँ सत्य हैं या असत्य।

**विषय-विवरण–** स्वतंत्रता के समय की भारतीय महिला और आज की

भारतीय महिला में काफी बदलाव आया है। आज की महिला आर्थिक रूप से स्वतंत्र और स्वाबलम्बी है। वह पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर देश की आर्थिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी प्रदर्शित कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, सरकारी नौकरी और सामाजिक सरोकारों में सभी क्षेत्रों में आज महिलाएं अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। निश्चित ही इसका एक मात्र कारण महिला, सशक्तीकरण की दिशा में किये गये विभिन्न सरकारी प्रयास हैं, किन्तु हमें यह भी ध्यान में रखपना है कि अभी लक्ष्य बहुत दूर है। महिला सशक्तीकरण की बयार से अभी भी देश के सुदूरवर्ती, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्र अनछुए हैं। स्वतंत्र भारत में उपर्युक्त प्रयासों से निसंदेह महिलाओं की स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए, परन्तु तमाम प्रयासों के बावजूद अभी भी नारी-समाज की स्थिति में अपेक्षित व संतोषप्रद सुधार नहीं आया है। शायद इसलिए महिला सशक्तीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में नवीन पंचायती राज व्यवस्था के साथ ही महिला सशक्तीकरण का प्रभाव दिखा। जब जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर पहली बार श्रीमती मंजुलता तिवारी आसीत् हुई इसी क्रम में रीवा नगर निगम महापौर के सीधे हुए निर्वाचन में श्रीमती आशा सिह निर्वाचित हुई। श्रीमती विद्यावती पटेल, श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, विधानसभा सदस्य तथा रीवा जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर श्रीमती बबिता साकेत ने अपना कार्यकाल संवैधानिक गरिमा के अनुकूल पूरा किया।

**सुझाव–** प्रस्तुत अध्ययन जो महिलाओं के वर्तमान दशा दिशा पर केन्द्रित है, जिसके कई सुझाव हैं जिनमें से कुछ निम्न हैं :-

1. महिलाओं की पूर्ण क्षमता की प्राप्ति एवं पूर्ण विकास हेतु सकारात्मक आर्थिक तथा सामाजिक नीतियों के माध्यम से महिलाओं के लिए स्वस्थ्य वातावरण का सृजन करना।
2. राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा सिविल सभी क्षेत्रों में पुरूषों के साथ समान आधार पर महिलाओं द्वारा समस्त मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वतंत्रताओं का सैद्धांतिक तथा वस्तुत: उपयोग करना।
3. महिलाओं के साथ होने वाले भेदभावों के उन्मूलन के उद्देश्य से कानूनी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण होगा।

**निष्कर्ष–** इस शोध अध्ययन का निष्कर्ष के रूप में निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत समझा जा सकता है जो अग्रलिखित है –

1. पुरूषों तथा महिलाओं दोनों की सक्रिय भागीदारी द्वारा सामाजिक रवैये और प्रथाओं में परिवर्तन के लिए वातावरण बनाना।
2. सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के लिए नवीन अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराना।
3. महिला सशक्तीकरण में सरकारी योजनाओं की भूमिका के प्रभावों का आंकलन करना।
4. सिविल समाज, विशेष कर महिला संगठनों के साथ भागीदार बनाना तथा उसकी सुदृढ़ीकरण आदि।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा प्रज्ञा – महिला विकास और सशक्तीकरण, अविष्कार प्रकाशन, जयपुर 1989
2. दत्ता कनिका – नारी विमर्श, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2003
3. अनामिका – कहतीं हैं औरतें, इतिहास बोध प्रकाशन, इलाहाबाद, 2007
4. डॉ. आहूजा राम – सामाजिक अनुसंधान, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2006

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारत में बाल अपराध : एक संक्षिप्त विश्लेषण

**रुची गौतम** *

* अतिथि विद्वान (विधि विभाग) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** जब किसी बच्चे द्वारा कोई कानूनी विरोधी या समाज विरोधी कार्य किया जाता है तो उसे बाल अपराध कहते हैं। भारत में 'बाल न्याय अधिनियम' 1986 (संशोधित 2000) के अनुसार 16 वर्ष तक की आयु के लड़कों एवं 18 वर्ष तक की आयु की लड़कियों के अपराध करने पर बाल अपराधी की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। बाल अपराध अधिकतम आयु सीमा अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग है। इस आधार पर किसी भी राज्य द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत बालक द्वारा किया गया कानूनी विरोधी कार्य बाल अपराध है। बच्चे भविष्य की धरोहर हैं, लेकिन सामाजिक कमजोरियाँ और सरकार के ढलमल रवैये के चलते हमारी धरोहर लगातार पतन के रास्त आगे बढ़ती जा रही है। बाल अपराधों की बढ़ती संख्या हमारे समाज के मार्थ पर एक ऐसा कलंक है जिससे तत्काल निजात पाने की जरूरत है।

**प्रस्तावना –** बच्चे ही किसी राष्ट्र का भविष्य होते हैं और आने वाले समय में देश की बागडोर उनके ही हाथों में होती है। लेकिन बाल अपराध के उक्त आंकड़े भारत की नई पीढ़ी में बढ़ती निराशा और हिंसक प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हैं। आखिर इसकी वजह क्या है? इसका कारण क्या है? हम दो हमारे दो के इस दौर में माता-पिता के पास अपने बच्चों के लिए समय नहीं होता, उनका सारा ध्यान ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाने में लगा रहता है। पैसे की इस धमाचौकड़ी के चलते उपजा अकेलापन बच्चों को निराशा की ओर ले जाता है। हालांकि समय की इस कमी की भरपायी के लिए माता-पिता बच्चों की हर छोटी-बड़ी इच्छा पूरी करने की कोशिश करते हैं। लेकिन बचपन का अबोध मन अक्सर अपने रास्ते से भटक जाता है। सही गलत के ज्ञान के अभाव में बच्चे ऐसे रास्ते पर आगे बढ़ जाते हैं जो उन्हें अपराध की दुनिया में ले जाता है।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध पत्र विषय से संबंधित तथ्यों के संकलन एवं विश्लेषण पर आधारित है तथा इससे संबंधित तथ्यों का संकलन द्वितीयक स्त्रोतों के रूप में विभिन्न पुस्तकों, समाचार पत्रों, वार्षिक रिपोर्टों, पत्र-पत्रिकाओं व लेखों का प्रयोग किया गया है। साथ ही शोध पत्र में मुख्यत: ऐतिहासिक, वर्णनात्मक व विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है।

**उद्देश्य –** भारत में बाल अपराधों की निरन्तर बढ़ती संख्या के आधार पर इसके उद्देश्य निम्नलिखित हो सकते हैं, जिनमें से कुछ अग्रलिखित हैं :-

1. भारत में बाल अपराध के स्वरूपों का विश्लेषण करना।
2. भारत में बाल अपराध के प्रमुख कारणों का अध्ययन करना।
3. बाल अपराध के सामाजिक, पारिवारिक तथ्यों का अध्ययन करना।

**उपकल्पना –** शोध कार्य के लिए शोधार्थी अपनी अध्ययन समस्या के प्राथमिक ज्ञान के आधार पर एक ऐसा सामान्य निष्कर्ष बनाता है जो इसके शोध कार्य का प्रमुख आधार बनता है जिसे शोध उपकल्पना कहते हैं। लेकिन यह उपकल्पना केवल आकस्मिक निष्कर्ष मात्र होती है। इनके सत्य या असत्य होने की पूर्ण या आंशिक संभावनाएँ सामान्य रूप से बनी रहती है।

1. बाल अपराध की समस्या आज पूरे भारत की नहीं अपितु विश्व की समस्या है।
2. इसके निराकरण के लिए समाज, प्रशासन को सख्त नियमों को बनाने की आवश्यकता है।

**विषय-विवरण –** बाल अपराध वर्तमान समय में समाज के सामने एक बहुत बड़ा संकट है। बाल अपराध की बढ़ती संख्या भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। किशोर न्याय अधिनियम 2000 के अनुसार अगर कोई बच्चा कानून के खिलाफ चला जाता है तो आम आरोपियों की तरह न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने अथवा अपराधियों की तरह जेल या फांसी नहीं बल्कि बाल गृहों में सुधार के लिए भेजा जायेगा। हमारा कानून भी यह स्वीकार करता है कि किशोरों द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार के लिए किशोर बालक स्वयं नहीं बल्कि उसकी परिस्थितियाँ उत्तारदायी होती हैं, इसी वजह से किशोर अपराधियों को दंड नहीं बल्कि उनकी केस हिस्ट्री को जानने के बाद उन्हें सुधार-गृह में रखा जाता है।

**भारत में बाल अपराध –** भारत में नाबालिकों में अपराध प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। दिल्ली में 35 फीसदी की दर से बाल अपराध में वृद्धि हुई है। नाबालिग दुष्कर्म, यौन शोषण, हत्या, छेड़छाड़, डकैती और चोरी में बालिग अपराधियों से पीछे नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) के आंकड़ों के मुताबिक ये दिल्ली, मुंबई सहित देश के 19 प्रमुख महानगरों में बाल अपराध के कुल 6,645 मामले सामने आए इनमें केवल दिल्ली में 2,368 दर्ज हुए।

**बाल अपराध के प्रकार –** बाल अपराध व्यवहार की शैली और समय में विविधता प्रदर्शित करता है। प्रत्येक प्रकार का अपना सामाजिक संदर्भ होता है। कारण होते हैं तथा विरोध और उपचार के अलग स्वरूप होते हैं। बाल अपराध के निम्न प्रकार हैं :-

1. वैयक्तिक बाल अपराध
2. समूह समर्थित बाल अपराध
3. संगठित बाल अपराध

4. स्थितिजन्य बाल अपराध

**बाल अपराध का वर्गीकरण :–**

1. देर रात तक बाहर रहना।
2. स्कूल से भागना।
3. चोरी करना।
4. हिंसा।
5. जुआ खेलना, शराब पीना।

**भारत में बाल अपराध के प्रमुख कारण :–**

1. सामाजिक कारण।
2. आर्थिक कारण।
3. मनोवैज्ञानिक कारण।

**बाल अपराध की रोकथाम एवं सुधारवादी संस्थाएँ –** बाल अपराधियों को रोकने के लिए सुधारात्मक संस्थाओं की स्थापना की गयी है। जो निम्नलिखित हैं :–

1. रिमाण्ड होम।
2. प्रमाणित या सुधारात्मक विद्यालय।
3. नोस्टल संस्था एवं विशेष गृह।
4. परिवीक्षा होस्टल।

**सुझाव –** हमें बच्चों को उचित संस्कार देने व उनमें मानवीय मूल्यों की स्थापना करने के लिए सजग और सक्रिय होना होगा। इसके लिए हमें निम्न उपाय करने होंगे :–

1. परिवार में बच्चों का उचित ढंग से पालन–पोषण , एक समान प्रेम एवं व्यवहार।
2. उचित शिक्षा की व्यवस्था।
3. स्वस्थ्य मनोरंजन के साधनों में वृद्धि।
4. सुधारात्मक गृहों की समुचित व्यवस्था।

**निष्कर्ष –** बाल अपराधियों को सुधारने में आज भारत भी प्रगतिशील देशों से पीछे नहीं है। पर भारतीय समाज में कुछ अन्य समस्याएँ जैसे अति जनसंख्या, बेरोजगारी, भुखमरी आदि इनती अधिक गम्भीर है कि उससे ही निपटना सरकार के लिए अत्यन्त कठिन हो रहा है। यद्यपि ये सच है कि 16 से 18 साल की आयु समूह वाले बच्चों की संख्या जघन्य अपराधों में बढ़ रही है इसलिए संसद संशोधन की बहस क समय इस पर चर्चा अवश्य होनी चाहिए कि हम समाज के रूप में एक न्याय पर आधारित व्यवस्था चाहते हैं या प्रतिकार और सजा या एक ऐसी व्यवस्था जो किशोर अपराधियों के सुधार और समावेश के योग्य हों।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. किशोर न्याय अधिनियम, 2000
2. मुकर्जी नाथ रवीन्द्र; अग्रवाल भगत; सामाजिक समस्याएँ, विवेक प्रकाशन, दिल्ली, 2003
3. एन.सी.आर.बी. की रिपोर्ट, 2016
4. चक्रवर्ती तरूण, अपने बच्चे को श्रेष्ठ कैसे बनाएँ, डायमण्ड पोकेट बुक्स प्रा.लि., 2016.
5. आहुजा राम, सामाजिक समस्याएँ, रावत पब्लिकेशन, दिल्ली 2012

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# रसविवेचन और आधुनिक नाट्य परिदृष्य

**डॉ. ओमवती देवी** *

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** नाटक में रस का महत्वपूर्ण स्थान है। भारतीय एवं पाश्चात्य मनीषा ने शब्द भेद से इसकी सिद्धि को मान्यता दी है। पाश्चात्य काव्यशास्त्र में 'इमोशन' को रस के पर्याय रूप में ग्रहण किया और आद्याचार्य अरस्तु ने भावों के उद्बोधन तथा रेचन सिद्धान्त के आधार पर उपशमन में ही त्रासदी की सिद्धि घोषित की। 'भरत और परवर्ती' आचार्यो ने रस की परिणति आनन्दमयी मानी और यही कारण है कि ''हमारे यहाँ दु:खान्त नाटक लिखने की परम्परा अत्यन्त क्षीण रही है। संस्कृत में तो त्रासदियों का अभाव ही है जबकि यूनान, रोम आदि देशों में त्रासदी का ही बोलबाला रहा है।... भारत के कुशल नाटककार दु:खात्मक अनुभूतियों को भी फूलों की तरह गूंथते चले हैं। इसका एकमात्र कारण यह है कि हम जीवन के प्रति आस्थापूर्ण, विश्वासशील और आशावादी रहे हैं। हमारी मान्यता है कि एक व्यक्ति भले ही हार जाए किन्तु पूरी मानवता कभी पराजित हो नहीं सकती। इसलिए पराजय में, सर्वनाश में किसी नाटक का पर्यवसान हमारे यहाँ वांछनीय नहीं माना गया है। यह एक प्रकार से साहित्य में आदर्शवाद की स्वीकृति है।'[1]

रसशास्त्र के प्रथम अधिष्ठाता आचार्य भरत ने नाट्यशास्त्र में प्रथम बार रस की महत्ता प्रतिपादित करते हुऋ कहा– 'तत्र रसोनेव तावदादाव भिव्याख्यास्याम:। न हि रसाद् कृते कश्चिदर्थ: प्रवर्तते।।'[2] अर्थात् उनमें रस की पहले विशेष व्याख्या करेगे क्योंकि रस के बिना (नाट्यांग रूप) अर्थ प्रवृत्त नहीं हो सकता। रस के द्वारा ही नाट्य–प्रयोजन की सिद्धि सम्भव है। अत: रस निष्पत्ति ही नाटककार का प्रमुख लक्ष्य हुआ। भरत ने रस का विवेचन निष्पत्ति से ही प्रारम्भ किया। इस सन्दर्भ में डॉ0 नगेन्द्र का भी कथन है कि 'वास्तव में रस का विवेचन यहॉ रस की निष्पत्ति से प्रारम्भ होता है क्योंकि भरत ने मूलत: रस के स्वरूप का नहीं रस की निष्पत्ति का ही व्याख्यानकिया है।'[3] भरत का कथन है, 'विभावानुभावव्यभि– चारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति :'।[4] विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी (भावों) के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। अर्थात् भरत ने प्रथम बार नाटक के सन्दर्भ में रस की मान्यता का प्रतिपादन अपने नाट्यशास्त्र में किया। अभिनवगुप्त की टिप्पणी के अनुसार भरत का मत है, 'तेन रस ऋव नाट्यम्।'[5]

आचार्य भरत के पश्चात् अनेक प्रश्न उनकी मान्यता को लेकर उठे और रस–सिद्धान्त के प्रथम व्याख्याता के रूप में आचार्य भट्ट–लोल्लट का नाम प्रकाश में आया। यद्यपि लोल्लट का कोई स्वतंत्र ग्रन्थ तो उपलब्ध नहीं है परन्तु उनकी मान्यता सम्बन्धी उद्धरण 'अभिनव भारती' – तथा 'ध्वन्यालोक लोचन'[7] में उपलब्ध हैं। मम्मट कृत 'काव्य प्रकाश' में लोल्लट का मतंव्य उद्धत हुआ है परन्तु वह 'अभिनव भारती' से कुछ भिन्न है। इनका मत है कि विभाव, अनुभाव, व्यभिचारी का संयोग कारण रूप है जिसमें रस की उत्पत्ति होती है। तदनुसार सूत्रनिष्ठ संयोग और निष्पत्ति का अर्थ है उत्पत्ति और उत्पादक– उत्पाद्य सम्बन्ध। इसे ही तनिक परिमार्जित ढंग से प्रस्तुत करें तो संयोग का अर्थ है उपचिति तथा निष्पत्ति से तात्पर्य हुआ उपचेय–उपचायक सम्बन्ध। भट्ट लोल्लट के मतानुसार रसानुभूति अनुकार्य में निहित है। जिसका अभिनेता अभिनय करता है, उन ऐतिहासिक कवि निबद्ध चरित्रों में रस की स्थिति थी, परन्तु अभिनेता को तद्रूप वेशभूषा के कारण एवं उसके कुशल रंगसंचालन, अभिनय, वार्तालाप इत्यादि के द्वारा नाट्य के दर्शक अथवा सामाजिक, अभिनेता में वास्तविक चरित्र का आरोप कर लेते है।'[8] इस आरोपण पद्धति के कारण उनका मत आरोपवाद की संज्ञा से अभिहित हुआ।

भट्ट लोल्लट के अनुसार प्रेक्षकों (सामाजिकों) की रसानुभूति अपने में नहीं होती है वरन् उन अनुकर्ता नटों में अवस्थित होती है जिन पर ऐतिहासिक पात्रों का आरोप किया जाता है। इस आरोपण क्रिया के फलस्वरूप सामाजिक स्वयं में चमत्कृत होकर आनन्द का अनुभव करता है। 'नटे तुल्यरूप नानुसंधान वशादारोप्यमाणा: समाजिकानां चमत्कारहेतु:।'[9]

भट्ट लोल्लट सिद्धान्त की सबसे बड़ी विशेषता अभिनेता द्वारा रसानुभूति की घोषणा है जिसको नाट्यकला के विकास में एक नया मोड़ कहा जा सकता है क्योंकि आधुनिक नाट्य–विचारकों ने नाटक के जो तीन पक्ष– नाट्यकृति, अभिनय, दर्शक– को मान्यता दी, उसमें दूसरे पक्ष को सुदृढ़ मान्यता लोल्लट से ही मिली। भरत के समान ही लोल्लट का भी दृष्टिकोण वस्तुपरक रहा है – वे भी सहृदय की दृष्टि से रस का आस्वाद न मानकर आस्वाद्य ही मानते हैं, सहृदय के नाट्य–स्वाद का नाम रस नहीं है, रस की स्थिति नाटक के मूल पात्र एवं नट में ही है जिसका सहृदय भोग करता है।

भट्ट लोल्लट के उपरान्त दूसरे व्याख्याता शंकुक हैं जिनकी धारणाओं का भी उल्लेखे लोल्लट के समान ही 'अभिनव भारती', 'ध्वन्यालोक लोचन' और एक उद्धरण 'काव्य प्रकाश' में भी उपलब्ध है। शंकुक के मतानुसार स्थायी भाव तो वास्तव में नायक आदि अनुकार्यों में रहता है, पर वहीं अनुकूल रूप होने पर रस की संज्ञा प्राप्त करता है – अर्थात् स्थायी भाव वस्तुत: अनुकार्य रामादि में ही अवस्थित रहता है। नट अपने कौशल द्वारा अनुकरण करता है और ऐसा प्रतीत होता है कि वह भी स्थायी भाव का अनुकरण कर रहा है। स्थायी–भाव की यह नाट्यानुकृति रस है।

भरत सूत्र की तीसरे व्याख्याकार– भट्टनायक थे। उन्होने रसानुभूति की प्रक्रिया में शब्द के तीन व्यापार माने अमिधा, भावना (भावकत्व) तथा भोग (भोजकत्व)। अमिधा व्यापार के माध्यम से प्रेक्षक या सहृदय शब्दों का अर्थ ग्रहण करता है और समस्त प्रसंगों की विशिष्ट स्थिति का ज्ञान

प्राप्त कर लेता है। तद्पश्चात् भावकत्व व्यापार द्वारा विभावादि का साधारणीकरण हो जाता है और भावों का पात्र वैशिष्ट्य समाप्त हो जाता है और सामाजिक या प्रेक्षक की मनोवृत्ति विभावादि के विशिष्ट रूप में प्रस्तुत किए जाने से निर्वेयक्तिक हो जाती है। आलम्बन तथा उद्दीपन सर्वसाधारण की अनुभूति का स्पर्श करने लगते हैं और रसास्वाद के व्यक्तिगत विरोध से सम्बन्ध-शून्य हो जाते हैं। इसी के साथ तीसरा व्यापार भोजकत्व प्रारम्भ हो जाता है जहाँ विभावादि साधारणीकृत हो सहृदय में तमस् एवं रजस् के स्थान पर सत्वोद्रेक होता है और वह अखण्ड स्वप्रकाशानन्द का अनुभव करता है और वही भोजकत्व की अवस्था है। भट्टनायक का मत भोगवाद के नाम से जाना जाता है।

भट्टनायक ने उपर्युक्त सिद्धान्त में शब्द के स्वीकृत 'अमिधा' व्यापार के साथ भावकत्व (भावना) तथा भोजकत्व (भोग) व्यापार की जो कल्पना की, वह उनकी मौलिक प्रतिभा की परिचायक है। शब्द के इन व्यापारो के समान ही साधारणीकरण सिद्धान्त भी उनकी मौलिक देन है क्योंकि सहृदय को दृष्टिगत कर रसास्वाद का यह प्रथम मौलिक विवेचन कहा जा सकता है। 'भावकत्व और भोजकत्व शब्दार्थ के व्यापार हैं, भावकत्व से एक ओर विभावादि का साधरणीकरण होता है, दूसरी ओर सहृदय का चित्त व्यक्ति-संसर्गो से मुक्त विशद हो जाता है और इन दोनों के फलस्वरूप स्थायी भाव भावित होकर रस में परिणत हो जाता है। इसके दो निष्कर्ष निकलते हैं। एक तो यह कि शब्दार्थ भोग का विषय नहीं है, शब्दार्थ के भावकत्व और भोजकत्व व्यापार रस का भावन और भोग कराने वाले है, अत: शब्दार्थ तो हेतु हो सकता है। दूसरा यह कि भोग का विषय रस है और रस का अर्थ है भावित स्थायी भाव क्योंकि भट्टनायक के अनुसार स्थायी भाव ही तो भावित होकर रस बन जाता है।'[10] स्थायी भाव के सम्बन्ध में भी भट्टनायक की धारणा सहृदय के स्थायी भाव से है जैसा कि डॉ0 नगेन्द्र का अभिमत है कि '...भट्टनायक का अभिप्राय सहृदय के स्थायी भाव से है- सहृदय भावकत्व व्यापार के द्वारा अपने स्थायी भाव का साधारणीकृत रूप में- रस रूप में - अनुभव करता है और फिर इस प्रकार सिद्ध रस का भोजकत्व व्यापार द्वारा भोग करता है- यहाँ भट्टनायक का स्पष्ट अभिप्राय है। अतएव उनके मन में रस का स्थान शब्दार्थ न होकर सहृदय का चित्त ही है। काव्य के भावकत्व और भोजकत्व व्यापारों की क्रिया-भूमि वही है।

भट्टनायक के प्रस्तुत सिद्धान्त पर अभिनवगुप्त ने अनेक आक्षेप लगाए जिनमें 'रस और रसभोग का अन्तर, प्रतीति और मुक्ति का भेद मिथ्या है, मुक्ति भी प्रतीति ही है क्योंकि प्रतीति के बिना किसी प्रकार का व्यवहार संभव नहीं है। रस की अभिव्यक्ति और उत्पत्ति दोनों न मानने पर उसे या तो नित्य माना जाएगा अथवा असत्'[11] क्योंकि जो नित्य है उसकी उत्पत्ति नहीं होती तथा जो असत् है उसकी अभिव्यक्ति नहीं होती। भावकत्व एवं भोजकत्व की कल्पना के लिए शास्त्र का कोई प्रमाण नहीं तथा इन दोनों का कार्य प्रमाण-सिद्ध व्यंजना से ही चल जाता है।

भारतीय काव्यशास्त्र में अन्तत: अभिनव का मत ही मान्य हुआ। अभिनव ने ही सर्वप्रथम रस के एकान्त सहृदय निष्ठ रूप की प्रतिष्ठा की। रस आनन्दमय ही होता है - इस तथ्य की स्थापना का श्रेय तो भट्टनायक को ही है, किन्तु अभिनव ने उसे शैव आनन्दवाद का दृढ़ आधार प्रदान कर सर्वथा प्रामाणिक सिद्ध कर दिया।

हम पाते हैं कि प्लेटो की धारणा एक सुधारक एवं राजनैतिक की थी, जहाँ उसके आदर्श राज्य में कवि या सृजक के लिए कोई स्थान नहीं था, क्योंकि उसके अनुसार कवि मानव मन में अवस्थित भावों का उद्बोधन कर समाज में अराजक स्थिति उत्पन्न करते हैं।

प्लेटो की इन धारणाओं का खण्डन करते हुए आद्याचार्य अरस्तु ने अपनी पुस्तक काव्यशास्त्र (Poetics) में त्रासदी को महाकाव्य की अपेक्षा उत्कृष्ट सिद्ध किया। अरस्तु के मतानुसार सामान्य जीवन में अमुक्त या दमित संवेगों- त्रास और करूणा के निर्दोष परिपोश और भोग का आनन्द है। व्यवहार की भाषा में कहें तो त्रासदी में व्यक्त त्रास और करूणा मानो उस औषध की मात्रा हैं जो दर्शक के रूग्ण मन के उपचार के लिए प्रयुक्त की जाती हैं। होम्योपैथिक उपचार विज्ञान में रोगी का इलाज जिस विधि से किया जाता है, उसी प्रकार त्रासदी से रोगी दर्शक-वृन्द को भावात्मक स्वास्थ्य लाभ होता है।'[11] अत: त्रासदी का आनन्द वस्तुत: उन भावों के आस्वाद का आनन्द है जिसका अनुभव सामान्य जीवन में कटु एवं क्लेशकर होता है।

अरस्तु के विरेचन सिद्धान्त की अनुप्रेरणा से त्रासदी से व्युत्पन्न आनन्द के कारणों को विभिन्न युगों में अनेक साहित्यिकों, दार्शनिकों ने अपनी अपनी शक्ति एवं मेधा के अनुरूप प्रस्तुत करने का प्रयास किया। पाश्चात्य विचारकों में अरस्तु के उपरान्त डेविड, ह्यूम, रूसो, हीगल, नीत्शे, रिचर्डस, और शपेन्हर एफ0एल0 लूक्स आदि प्रमुख हैं। इन विद्धानों ने अपनी अपनी पूर्ववर्ती मान्यताओं का खण्डन एवं परिष्करण अपने अध्ययन एवं अनुभूत सत्य के बल पर किया तथा नवीन प्रमाणों के आलोक में नवीन मतों का निर्धारण एवं प्रस्थापन किया।

डेविड ह्यूम ने त्रासदी के आनन्द पर विचार करते हुए अपने से पूर्व दो फ्रांसीसी विद्धानों का मत प्रस्तुत किया। ये दो विद्धान थे एबी ह्यूब्स और फान्तिले। ह्यूब्स की मान्यता थी कि व्यक्ति अपने दैनिक जीवन के अनुबद्ध कार्यक्रमों के प्रति निरन्तर एकरसता के कारण शुष्कता एवं नीरसता का अनुभव करने लगता है। फलत: उस समय जीवन में किसी भी प्रकार का वैविध्य उसे सुखद एवं प्रिय प्रतीत होता है। किसी भी प्रकार का मनोभाव चाहे वह कितना ही असह्य क्यों न हो, मानसिक उद्वेग एवं क्लान्ति का परिशमन करता है और इस प्रकार जीवन के वैविध्य के निर्माण से आनन्द की प्राप्ति होती है।

ह्यूब्स की मान्यता के पश्चात् फान्तिले के विचारो का ह्यूम ने परीक्षण किया। फान्तिले की धारणा थी कि मानव मन की कुछ ऐसी विशेषता है कि वह स्वाभाविक अथवा नैसर्गिक ही सभी भावों के प्रति आकृष्ट एवं प्रभावित होता है। त्रासद परिस्थितियों में शांति और अनुकूलता लाने वाला तत्व प्रेक्षक के मन में स्थित कल्पना का भाव होता है। त्रासद परिस्थितियों के अनुरूप जब हम आंसू बहाते हैं, साथ ही उसे कल्पना प्रसूत समझते हुएआनन्द का भी अनुभव करते हैं।[12]

प्रस्तुत मत का आशय यह हुआ कि मानव मन पर जो प्रभाव अंकित होता है वह त्रासदी के कलात्मक रमणीय प्रस्तुतीकरण से होता है। त्रासदी के प्रेक्षण से प्रेक्षक के मन में जो तीव्र भावोदय होता है तथा कला का सम्मोहन प्रभाव पडता है, उसी से उसकी आत्मा में एक हलचल सी होती है जो अद्भुत एवं आनन्ददायी होती है।

19वीं शताब्दी में हीगेल ने दुखान्त नाटकों की द्वन्द्वात्मक व्याख्या प्रस्तुत की जो नाट्यलोचना के सन्दर्भ में बहुत ही चमत्कारपूर्ण एवं महत्वपूर्ण सिद्ध हुई। हीगल के परवर्ती कई महान् दार्शनिकों ने नाट्य तत्व के स्वभाव निरूपण में उसी द्वन्द्वात्मक तर्क पद्धति का अवलम्ब एवं आश्रय लिया।

दु:खान्त और सुखान्त नाटक क्रमश: द्वन्द्व और समन्वय (Conflict & Reconcliation) के प्रतिरूप हैं और नाटक में द्वन्द्व की मौलिक अनिवार्यता पर बल दिया गया है। फलत: आधुनिक काल में द्वन्द्व को ही नाटक का प्राण सिद्ध करने का प्रयास हुआ जिसका श्रेय निश्चित रूप से हीगेल को ही है।

इस सन्दर्भ में 19वीं सदी के जर्मन विचारक नीत्शे का काम भी उल्लेखनीय है। नीत्शे ने अपने मत के प्रतिपादनार्थ शापेन्हार की यह मान्यता नकार दी कि 'त्रासदी बहुत ही शान्त विचारधारा से सुसम्बद्ध है।'[13] नीत्शे के अनुसार 'त्रासदी वह उत्कृष्ट कला है जो जीवन के प्रति आस्था का प्रतिस्थापन करती है और व्यक्ति को इस योग्य बनाती है कि वह युद्धगत विभीशिकाओं एवं कठिनाइयों के प्रति उनके दु:खद परिणामों को भोगे बिना भी सजग रहें।'[14]

अत: इस प्रकार नीत्शे के मतानुसार त्रासदी का अन्तिम प्रभाव सामाजिक के करूणा और त्रास के भावों के निर्गमन-रूप में होता है। वस्तुगत अनुभव एवं कलागत अनुभव में अन्तर होने के कारण जब मनुष्य जीवन की विभीशिकाओं एवं दु:खद परिस्थितियों से ऊबता है तो उसकी जीवनेच्छा कुंठित-लुंठित हो जाती है तब त्रासदी की चेतना उसे पुन: स्फूर्ति एवं शक्ति प्रदान करती है। इसमें मनुष्य के संपोषण एवं संरक्षण की शक्ति निहित है। त्रासदी का आनन्द जीवन के प्रति इस नवीन आस्था और अभिरूचि की चेतन प्रतिष्ठा से ही निष्पन्न होता है। कलात्मक सौन्दर्य के कारण त्रासदी करूणा और त्रासदी के भावों का बर्हिगमन कर जीवन को और अधिक वेग से प्रवाहित करने का आह्वान करती है।

आधुनिक युग के मनोवैज्ञानिक समीक्षक रिचर्ड्स ने त्रासदी को अन्तर्वृत्तियों का समंजन एवं तत्पश्चात् समन्वय के द्वारा आनन्द को स्वीकारा है। उन्होने साहित्य का उद्देश्य विभिनन मानवीय भावनाओं के मध्य सामरस्य-स्थापन माना है। और इस प्रकार करूणा और भय के भावों के अतिरिक्त अन्य भावों का भी सम्मिलन हो जाता है। अत: अनेकता में एकता तथा विषमता में समता स्थापित कर त्रासदी अद्भुत आनन्द का सृजन करती है।

अत: रिचर्ड्स के अनुसार त्रासदी का उद्देश्य द्वन्द्व और संघर्ष के मध्य विश्रांति, संतुलन एवं सामरस्य का स्थापन कहा जा सकता है और त्रासदी का आनन्द विरोधी भावों के सामरस्य एवं संतुलन में ही निहित है जो सुन्दर है, अन्तत: आनन्दमय भी।

भारतीय और पाश्चात्य रस विषयक धारणाओं के आलोक में प्रश्न उठता है कि क्या बदलती हुई मान्यताओं अर्थात परम्परागत मूल्यों के प्रति इस प्रयोग के युग में आज भी नाटक का चरमसाध्य रस ही है? प्रस्तुत प्रश्न का उत्तर नकारात्मक है क्योंकि आज के परिवर्तित युग में हृदयगत अभिव्यक्ति एवं बुद्धिगत चिन्तन में पर्याप्त अन्तर आ गया है और नैतिक मूल्यों का भी क्षिप्रस्खलन दृष्टिगत होता है विशेषकर पाश्चात्य संसर्ग में आने से पूर्व और आज की स्थिति इसका प्रमाण है। आज जीवन के प्राचीन तौल और मूल्य धूमिल से हो गये हैं। नवीन ज्ञान, विज्ञान और मनोविज्ञान के आलोक में आज के मानव को अधिक गहराई से पैठने और जीवन को भोगने का अवसर मिला है। नाटक भी आज किसी एक वर्ग का न होकर व्यक्ति के अपने जीवन का भोगा हुआ यथार्थ है जिसका कटु-मृदु अनुभव वह निरन्तर कर रहा है।

सम्भवत: एक व्यक्ति की सत्ता और उसकी अभिरूचि ही इसका मूल कारण रहा हो। कहने का तात्पर्य यह है कि रस-शास्त्र के सिद्धान्त आज के नाटक पर चरितार्थ नहीं हो सकते। बल्कि रस की सत्ता आज व्यक्ति और उसके भोगे हुए जीवन में कहीं निहित है - व्यभिचारियों, संचारी अथवा स्थायी के संयोग में नहीं।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि आधुनिक नाटकों में भारतीय एवं पश्चिमी नाट्य व्यंजनाओं का योग देखने को मिलता है। साहित्य की जो वस्तु है उसमें जीवन की भाव व्यंजना भी है और तार्किकता भी है, कौतूहल की सृष्टि करने वाला व्यक्ति वैचित्र्य भी कुछ पात्रों में प्रबल है, किन्तु जीवन की विकट स्थितियों के चित्रण में ऐसे अनेक बिन्दु उभरते है, जो न केवल सामाजिक को झकझोरते हैं, बल्कि उसे उन स्थितियो से दो-चार होने के लिए विवश कर देते है, वहाँ सामाजिक स्वचेतना को विस्मृत कर पात्र विशेष के साथ तादात्म्य स्थापित कर रस विभोर हो उठता है। अत: पश्चिमी व्यक्तिवैचिन्य, कौतूहल व भारतीय तादात्मयीकरण का मिला जुला रूप आधुनिक नाट्य साहित्य की पहचान है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. नाट्य-कला-मीमांश - डॉ0 (सेठ) गोविन्ददास, पृ0 30
2. नाट्य-शास्त्र - रघुवंश भाग 1, अध्याय 6, कारिका 31, पृ0 274 का परवर्ती भाग
3. रस-सिद्धान्त - डॉ0 नगेन्द्र, पृ0 137
4. नाट्य-शास्त्र, पृ0 93
5. हिन्दी अभिनव भारती- स0 डॉ0 नगेन्द्र, पृ0 428
6. हिन्दी अभिनव भारती- सं0 डॉ0 नगेन्द्र, पृ0 442-443
7. ध्वन्यालोक लोचन - आचार्य जगन्नाथ पाठक, पृ0 184
8. काव्य-प्रकाश - मम्मट (सं0 डॉ0 नगेन्द्र), विभावै... इति भट्टलोल्लट प्रभूतय:... का0 27-28 सू143, पृ0 101
9. काव्य प्रदीप- गोविन्द ठाकुर, पृ0 88
10. रस सिद्धान्त - डॉ0 नगेन्द्र, पृ0 167
11. रस सिद्धान्त और सौन्दर्यशात्र - डॉ0 निर्मला जैन, पृ0 140
12. हिन्दी त्रासदी सिद्धान्त और परम्परा - कैलाशपति ओझा, पृ0 46 (फान्तिले का उद्दद्ध मत)
13. Nietgsche rejected shopenhaurs notion that tragedy was to be associated with serene contemplation.
- Literary Criticism Short History – Wimsett Brooks p. 562
14. Tragedy is the highest art in the yea-saying to life, enabling man to have a consciousness of the hardest but most necessary wars without suffering therefrom.
- The Birth of Tragedy – Nielzsche – p.194
हिन्दी त्रासदी, सिद्धान्त और परम्परा, पृ0 49 से उद्धृत

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# भारत की आवश्यकता – समान नागरीक संहिता

**श्रीमती गंगा मिश्रा* डॉ. नीलेश शर्मा ****

* शोधार्थी (विधि) रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** डीन (विधि) रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारतीय गणतंत्र अपने 70वे वर्ष में हैं और विश्व में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपने आपको स्थापित करने में सफल रहा है। 130 करोड़ लोगों का यह देश विविधताओं से भरा हुआ है, जिसमे हजारों बोली और सैंकड़ों भाषाएँ बोली जाती हैं। अलग–अलग संस्कृतियों का समागम, विभिन्न त्योहारों का समावेश और अलग–अलग धर्म–समुदाय–संप्रदाय एक सूत्र में बँधकर इस पुण्य भूमि को एक राष्ट्र बनाते है। इतनी विभिन्नताओं के बाद भी ऐसी एकता भारत भूमि की विशेषता है। इस एकता को संरक्षित करने हेतु संविधान में तरह–तरह के प्रावधान किये गए है। भारतीय संविधान धर्म, संप्रदाय, जाती, रंग और संस्कृति के आधार पर भेदभाव नहीं करता। हालाँकि, सकारात्मक हस्तक्षेप के लिए संविधान में प्रावधान रखे गए हैं, जैसे कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान एक विधेयक पारित कर किया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय को अपनी संस्कृति और भाषा बचाने के लिए भी आजादी दी गयी है और यह हमारे संविधान के मौलिक अधिकारों (अनुछेद 29 एवं 30) में शामिल किया गया है।

समय–समय पर यही विविधताएँ भारत की एकता और अंखडता के लिए चुनौती भी बन जाती है। ऐसा तब देखने को मिलता है जब एक समुदाय या संप्रदाय अपनी रीती रिवाज, खान–पान, बोली–भाषा, इत्यादि की रक्षा के नाम पर अन्य समुदायों की अनदेखी करने लगते है या संविधान द्वारा प्रदत अन्य नागरिकों के मौलिक अधिकारों से टकराने लगते है। पिछले 70 वर्षों के इतिहास में इसके अनेक उदहारण मिल जायेंगे जिसमे किसी एक वर्ग या समुदाय ने किसी खास भाषा का, गोहत्या पर प्रतिबन्ध का, अथवा महिलाओं के सामान अधिकार का रिवाज और समाज के नाम पर पुरजोर विरोधा किया है। संविधान निर्माताओं को इस अंतर्द्वंद का आभास अच्छी तरह से था, जिसमे भारतीय राष्ट्र की विविधता जहाँ एकता का सूत्र भी पिरो रही है, वही विघटन का भी बीज छुपाये बैठी है। इसलिए डॉक्टर भीम राव अंबेडकर ने संविधान के मूल में सामान नागरिक संहिता शामिल करने की भरपूर कोशिश की थी, परन्तु सफलता नहीं मिलने पर इसे राज्य के नीति निर्देशक तत्व (Directive Principles of State Policy) में शामिल किया था और ये अपेक्षा की थी की 10 वर्षों के भीतर इसे पूरे देश में लागू करने के लिए सरकार विधेयक पारित करवाएगी।

डॉक्टर साहब का यह सपना 70 वर्षो से अधूरा है। हालाँकि 2019 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधान III की सरकार के पुनर्गठन के बाद देश में बाबा साहेब के इस अधूरे सपने को पूर्ण करने की मांग जोर शोर से उठने लगी है। चुकी यह विषय भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का भी हिस्सा है, लोगो की अपेक्षाएँ बढ़ गयी है। खासकर तब जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संकल्प पत्र में लम्बे समय से पड़े धारा 370 और 35। जैसे विवादस्पद विषय के ऊपर काम करते हुए जम्मू और कश्मीर के भारतीय राष्ट्र में पूर्ण एकीकरण कर दिया है। चुकी अब नागरिकों से समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग देश के विभिन्न हिस्सों से उठने लगी है, इसके विरोधी भी इस विषय पर प्रखर होने लगे हैं। ऐसे में आम जनमानस तक इस विचार को पहुंचाने और इसके लाभ–हानि बताने का दायित्व देश के बुद्धिजीवियों पर आ पड़ा है।

समान नागरिक संहिता आखिर है क्या? समान नागरिक संहिता का अर्थ है कि भारत के समस्त नागरिकों के लिए एक क़ानून लागू हो जो उनके निजी विषयो, जैसे शादी–विवाह, तलाक, गोद लेना, पैतृक सम्पति के उत्तराधिकार और संचालन, इत्यादि को नियंत्रित कर सके. हालांकि संवैधानिक दृष्टि से इसकी कोई परिभाषा तय नहीं है और इसलिए, यह विषय और भी विवादस्पद है कि किन–किन नागरिक मामलों को इसके परिधि में रखा जाये।

**1947 के पहले की स्तिथि –** ब्रिटिश साम्राज्य के पहले भारत में मूलत: राजतांत्रिक व्यवस्था थी और इसलिए राजा के अनुसार ही नागरिक संहिता लागू होती आयी थी। एक ही राज्य में दो तरह की क़ानून व्यवस्था होती थी। उदाहरण के लिए औरंगजेब के द्वारा हिन्दुओ पर लगाया गया कर इसका सटीक उदाहरण है। ब्रिटिश साम्रज्य में 1770 से विधि और नागरिक संहिता के लिए प्रयास चालू हो गए थे। दाण्डिक प्रक्रिया उस समय भी समान और धर्मनिरपेक्ष थी। परन्तु, ईस्ट इंडिया कंपनी को भारतीय समाज को देख कर यह लगा की यहाँ के नागरिकों की व्यक्तिगत क़ानून का मूल स्रोत इनकी अपनी धार्मिक रीती रिवाज और परम्पराएँ है। इसलिए गवर्नर जनरल लार्ड वारेन हास्टिंग्स ने 1780 में यह घोषणा कर दी की शादी, तलाक और उत्तराधिकार के विषय धार्मिक आधार पर बने पहले से चले आ रहे व्यक्तिगत क़ानून के अंतर्गत ही होगा। अक्टूबर 1840 में लेक्स लोसि रिपोर्ट में भी आपराधिक मामलो के लिए एक धर्मनिरपेक्ष क़ानून, परन्तु व्यक्तिगत मामलों के लिए अलग–अलग क़ानून की अनुसंशा की गयी। 1858 में भारत की शासन व्यवस्था सीधा ब्रिटिश सरकार के अंतर्गत आ गयी। ब्रिटिश भारतीय सरकार 1860 में भारतीय दंड प्रक्रिया बनायीं और लागू कर दी। परन्तु, 1867 के विद्रोह की धाह, जिसका जड़ धार्मिक भावनाओं का आहात होना भी था, की वजह से व्यक्तिगत क़ानून को छूने की हिम्मत नहीं दिखा पायी।

मुसलमानो को अपने साथ मिलाने का उद्देश्य भी इस फैसले का एक प्रमुख कारण था।

चुकी भारत में विभिन्न क्षेत्रो में एक ही धर्म के अंदर अनेक तरह की परम्पराये पायी जाती है, इसलिए एक ही प्रकार के वाद में अनेक तरह के फैसलों का आना कानूनी प्रक्रिया को जटिल करता चला गया। अलग धर्म और उसके अंदर की विभिन्ताएँ नागरिकों के लिए और समस्याए पैदा कर देती है। इस जटिलता को हिन्दू सुधारवादकों ने समझा और हिन्दू समाज के सुधार के लिए अंग्रेजो के साथ मिलकर क़ानून बनाये। इसके फलस्वरूप, 1865 में भारतीय उत्तराधिकार क़ानून बनाया। हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 और हिन्दू सम्पत्ति अधिनियम 1928 इसी कड़ी के हिस्से थे। हिन्दू महिला सम्पत्ति अधिकार अधिनियम 1937 के लागू होने के बाद हिन्दुओं के व्यक्तिगत क़ानून लगभग-लगभग व्यवस्थित कर लिए गए थे।

मुसलामानों में व्यक्तिगत क़ानून बनाना अत्यंत कठिन था। एक तो विभिन्न प्रकार के शरीयत क़ानून चलन में थे जिसमे हन्बलि, मलिकी, शाफी, हनाफी, इत्यादि प्रमुख है। इसलिए कई प्रयासों के वावजूद भी मुसलामानों का कोई एक व्यकितगत क़ानून नहीं बन पाया। आखिरकार आंशिक सफलता 1937 में शरीयत क़ानून के लागू होने के बाद मिली। पारसियों के लिए शादी और तलाक अधिनियम 1934 के लागू होने के बाद पूरे देश में उनके लिए एक नियम बन पाया। 1944 में बी येन राव समिति गठित की गयी थी जिसने 1947 में अपने रिपोर्ट में समान नागरिक संहिता क़ानून बनाने की सिफारिश की थी।

**संविधान में उपस्थिति –** डॉ. बी.आर. अंबेडकर समान नागरिक संहिता के पुरजोर समर्थक थे और संविधान में इसे उचित स्थान देना चाहते थे। परन्तु, संविधान सभा के अन्य सदस्यों, जिसमे कांग्रेस के मुसलमान सदस्य प्रमुख थे, के घोर विरोध के बाद इसे संविधान के राज्य के नीति निर्देशक तत्व के अंतर्गत अनुच्छेद 44 में ही शामिल करवा पाए। ज्ञात हो की राज्य के नीति निर्देशक तत्व संविधान का वह भाग है जिसे सर्वोच्च न्यायलय द्वारा लागू नहीं करवाया जा सकता, जब तक की संसद इस विषय पर कोई क़ानून न बना दे। गोहत्या और शराब पर पूर्ण प्रतिबन्ध भी संविधान के इसी भाग के हिस्से हैं। इसलिए कई राज्य सरकारों ने गोहत्या और शराब बंदी कानून ला कर अपने-अपने राज्यों में इन विषयों को लागू करने का काम किया है। इसी प्रकार सिर्फ़ गोवा ही भारतीय गणतंत्र का एकमात्र राज्य है, जहाँ समान आचार संहिता लागू है। हालांकि हिन्दू समाज के सुधार का कार्य अनवरत जारी रखते हुए संसद में 4 महत्त्वपूर्ण व्यक्तिगत क़ानून सम्बंधित अधिनियम (हिन्दू मैरिज एक्ट, हिन्दू सक्सेशन एक्ट, हिन्दू एडॉप्शन एंड मैंटेनेंस एक्ट और हिन्दू माइनोरिटी एंड गार्जियनशिप एक्ट) पारित किये गए जो हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन धर्म के ऊपर पूरे देश में एक समान लागू हो गए। इसके परिणामस्वरूप, इन समाज की महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक बराबरी का अधिकार मिला और इसीलिए, आज के परिवेश में इस समाज की महिलायें अधिकारों में विश्व के किसी भी उन्नत देश की बराबरी करती नजर आ जाती है। परन्तु, इन 70 वर्षो में मुस्लिम व्यक्तिगत क़ानून के लिए कोई विधेयक नहीं लाये गए और इसीलिए, ये आज भी 1937 के शरीयत कानून से ही नियंत्रित किये जाते है।

**सर्वोच्च न्यायालय और समान आचार संहिता –** समय समय पर सर्वोच्च न्यायालय विभिन्न मामलो की सुनवाई के दौरान समान नागरिक संहिता के समर्थन में अपनी टिप्पणी की है जो सर्व-विदीत है। सबसे बड़ा और चर्चित मामला 1985 के शाह बानो मामले में सुनवाई है, जब सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से समान आचार संहिता के लिए कानून बनाने के लिए टिपण्णी की। दूसरा बड़ा मामला 1995 में सरला मुद्गल मामले की सुनवाई के दौरान की है, जब सर्वोच्च न्यायलय ने एक बार फिर संसद को इस विषय पर कानून बनाने को बोला। 12 अक्टूबर 2015 को भी ईसाई महिला के तलाक की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से इस पर त्वरित कारवाई करते हुए क़ानून बनाने की टिपण्णी की। अभी-अभी 13 सितम्बर 2019 को गोवा के एक पैतृक संपत्ति बटवारे और उत्तराधिकार के मामले की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार सरकार को पुन: फटकार लगायी है और न्यायालय दुखी है कि आजादी के बाद आज तक किसी भी सरकार ने संविधान के इस प्रावधान को लागू करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है। न्यायालय की इन टिप्पीओं से यह स्पष्ट है कि सर्वोच्च न्यायलय समान आचार संहिता लागू करने का पक्षधर है और भारतीय राष्ट्र के लिए इसका अनुपालन आवश्यक मानता है।

**कुछ चर्चित मामले –** समान आचार संहिता का सबसे बड़ा और चर्चित मामला मोहमद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम रहा है। 1978 में इंदौर, मध्य प्रदेश की एक 62 वर्षीय मुस्लिम महिला, जो 5 बच्चों की माँ भी थी, को उसके शौहर ने तलाक दे दिया था। शाह बानो बेगम गुजारा भत्ता को लेकर सर्वोच्च न्यायालय पहुंची और सर्वोच्च न्यायालय ने इसी मामले में टिप्पणी करते हुए आचार संहिता लागू करने की ज़रूरत पर बल दिया था। संविधान में अनुच्छेद 14 और 15 के अंतर्गत प्रदत मौलिक अधिकारों को धयान में रखते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। परन्तु, मुस्लिम तुस्टीकरण की नीति पर चलने वाले कांग्रेस की सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजिव गाँधी के हस्तक्षेप से संसद में एक अधिनियम ला कर सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले को पलट दिया गया। राजनीतिक रूप से पहली बार समान आचार संहिता पूरे देश में बहस का मुद्दा बना और सरकार की खूब फजीहत हुई. परन्तु, मौलवियों के दबाव के कारण कांग्रेसी सरकार समान आचार संहिता से दूर रही।

दूसरा सबसे चर्चित मामला सरला मुद्गल बनाम भारत सरकार रहा है। सरला मुद्गल 'कल्याणी' नामक गैर-सरकारी संस्थान की सर्वेसर्वा थी, जो ज़रूरतमंद और उत्पीड़ित महिलाओं के लिए काम करती थी। इस संस्थान के संज्ञान में कई मामले थे जिसमे हिन्दू महिलाओं के पति दूसरी शादी करने के उद्देश्य से इस्लाम स्वीकार कर लेते थे। चुकी इस्लाम में एक से ज़्यादा पत्नी रखना जायज है और अन्य धर्म में नाजायज है, इसलिए इस मामले को सरला मुद्गल ने सर्वोच्च न्यायलय में उठाया था। अपने ऐतिहासिक फैसले में सर्वोच्च न्यायलय ने यह स्पस्ट किये की हिन्दू विवाह जब तक हिन्दू तलाक अधिनियम के अंतर्गत टूट नहीं जाता, धर्म परिवर्तन कर की गयी दूसरी शादी मान्य नहीं होगी। इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर समान आचार संहिता लागू करने पर बल दिया था।

1997 में अहमदाबाद महिला अनुयोजन समूह ने सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर यह अनुरोध किया था कि हिन्दू, मुसलमान और ईसाई के लिए बने व्यक्तिगत क़ानून से महिला विरोधी अधिनियमों को निरस्त किया जाये। हालाँकि, न्यायलय ने इसे विधायिका का विषय बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया। सितम्बर 2001 में एक गरीब मुस्लिम महिला जुलेखाबाई ने सर्वोच्च न्यायालय में मुस्लिम तलाक और बहुविवाह प्रथा के

खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की, परन्तु न्यायालय ने संसद से संपर्क की सलाह दे कर एक बार पुन: अपना पल्ला झाड़ लिया।

2016 में 15 वर्ष से विवाहित रिजवान अहमद ने शायरा बानो को तीन तलाक दे दिया। शायरा बानो ने इस मामले को सर्वोच्च न्याालय में चुनती दी जिसमे तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) , बहुविवाह और निकाह-हलाला की इस्लामी प्रथा को चुनौती दी। 22 अगस्त 2017 के अपने ऐतिहासिक फैसले में पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने तीन तलाक को तो निरस्त कर दिया, पर बहु-विवाह और निकाह-हलाला पर कोई फैसला नहीं दिया। इस फैसले के बाद पुन: एक बात आचार संहिता की मांग पूरे देश में उठी है, जिसे हर धर्म-संप्रदाय-समुदाय से समर्थन मिल रहा है।

**धार्मिक समुदायों की आपत्तियाँ –** तीन तलाक पर फैसले के बाद मोदी सरकार इस पर अध्यादेश ले आयी जिसे पिछले सत्र में संसद से पारित करवा क़ानून का स्वरुप दे दिया गया। परन्तु, इसी के साथ ही समान आचार संहिता पर राजनीती का दौर शुरू हो गया है। जहाँ भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने दिल्ली उच्च न्यायालय में समान आचार संहिता के पक्ष में एक जनहित याचिका दाखिल कर दी है, वही विरोधी दल सरकार को राजनितिक रूप से घेरने में लगे हुए है। अधिकतर मौलवी इस विषय पर कोई भी कानून बनाने के विरोध में है। मौलवियों को आशंका है कि यह कानून मुसलमानो की पारम्परिक शरीयत कानून को हटाने और उसपर हिन्दू समाज का कानून थोपने की साजिश है। परन्तु, इस आशंका में वह भूल जाते है कि इस विषय पर कानून बनाने की मांग उनके ही समुदाय की महिलाये कर रही है जो शरीयत कानून के अंतर्गत होने वाले महिलाओं से अन्याय के त्रस्त हैं। इसके अलावा मुसलामानों के अंदर भी अनेक पंथ है जो इस विषय पर भिन्न विचार रखते है। अहमदिया, रोहिंग्या, शिया, सुन्नी, बहाबी, इत्यादि पंथ के लोगों का विचार शरीयत और आचार संहिता को लेकर अलग-अलग है।

हिन्दू समुदाय अपने साथ होने वाले पक्षपात से त्रस्त है। इन्हे ऐसा लगता है कि तुस्टीकरण की राजनीति के अंतर्गत यह क़ानून को आज तक किसी भी सरकार ने छूने की हिम्मत नहीं दिखाई और वही हिन्दुओं से सम्बंधित क़ानून बिना सोचे समझे थोप दिए जाते हैं। उदहारण के लिए अगर देंखे तो आज कल लव जिहाद का मुद्दा गरमाया हुआ है। लव जिहाद में मुसलमान लड़के हिन्दू लड़कियों को धोखा दे कर शादी कर लेते है, धर्म परिवर्तन भी करवाते है और उसके बाद तलाक दे कर लड़कियों की ज़िन्दगी बर्बाद कर देते है। एक तरह का कानून नहीं होने के कारण गुजारा भत्ता मिलने में परेशानी हो जाती है और ऐसी वेदना की शिकार लड़कियों के लिए कोई सहारा नहीं बचता। शौहर की सम्पति में अधिकार से वंचित ये लड़किया दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो जाती हैं। अपने समुदाय की यह दुर्दशा देख कर भी हिन्दू समाज या यूँ कहे तो गैर मुस्लिम समाज समान नागरिक संहिता में उस बचाव को ढूंढता है जिससे कम से कम महिलाओं के अधिकारों की समान रूप से रक्षा हो सके और इसमें धर्म या संप्रदाय का कोई प्रभाव न पड़े।

इसाई समुदाय के पादरी इसलिए इसका विरोध करते है क्योंकि ये क़ानून आने के बाद उनके धर्मपरिवर्तन के गोरखधंधो को लगाम लग जायेगा। उन्हें हिन्दू जीवन शैली में त्रुटि निकलने का अवसर कम मिलेगा और इसलिए, वैसे ईसाई समूह इस कानून के घोर विरोध में खड़े है। वही हिन्दू समुदाय इसी बात से दुखी है कि इन कपटी धर्मपरिवर्तन ईसाई समूह पर समय पर लगाम नहीं लग पाया और भारत का उत्तर-पूर्वी भाग लगभग ईसाई धर्म में तब्दील हो गया है। अभी समय रहते इस कानून पर अमल नहीं किया गया तो आगे और भी कई राज्य का यही हाल होने वाला है।

**चुनौतियाँ –** समान नागरिक संहिता के धार्मिक रूप से समर्थन और विरोध के अलावा भी कुछ चुनौतियाँ है जो सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्तवूर्ण है और इसलिए इस विषय पर बहस अनिवार्य है। उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक देश में विभिन्न तरीके का रीती रिवाज और परम्पराये आज भी जीवित है। यह परम्पराये अनुसूचित जनजातियों के मध्य और भी जटिल हैं। उत्तर-पूर्व के सभी राज्य अलग-अलग कबीलाई से आते हैं और संविधान में उनकी परम्पराओं को जीवित रखने का अलग प्रावधान है। ईसाई मिसनरी का गोरखधंधा यहाँ इसीलिए फल फूल रहा है, क्योंकि वह इन विविधताओं में विरोधाभास का फायदा उठा ले जाते है। इसलिए सरकार के समय पहली चुनौती यही है कि एक ऐसा क़ानून कैसे तैयार करे जो हर धर्म, संप्रदाय, समुदाय, जाति और जनजाति के संस्कृति और सामाजिक संरचना पर अनावश्यक बोझ न डाले। दूसरी सबसे बड़ी चुनौती धार्मिक उन्मादियों को यह समझाना है कि समान नागरिक संहिता धर्मनिरपेक्षता की बात करता है, न की किसी एक धर्म को दूसरे पर थोपने की। निकाह-हलाला और बहुविवाह की प्रथा उसी समाज के महिलाओं को सबसे ज़्यादा उत्पीड़ित करती है, जिस समाज में यह प्रचलित है। इसलिए समान नागरिक संहिता लाने से सबसे ज़्यादा लाभान्वित भी वही समुदाय होने वाला है, जहाँ सबसे ज़्यादा कुरीतिया है। परन्तु, विडंबना भी यही है कि जहाँ सबसे ज़्यादा कुरीतिया है, वही पुरजोर विरोधी है।

**समाधान –** नागरिक आचार संहिता के चुनातियों का समाधान भी भारतवर्ष की सबसे बड़ी ताकत में ही छुपी हुई है और वह है लोकतंत्र। चुकी यह विषय भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में था और इस वर्ष हुए आम चुनाव में इसे स्पष्ट बहुमत मिला है, उससे यह साफ़ है कि देश ने अपना फैसला सुना दिया है कि समान आचार संहिता को इस देश में लागू करने का समय आ गया है। हर धर्म, संप्रदाय, समुदाय, जनजाति, जाती और वर्ग का मत इस जनादेश का हिस्सा है। इसलिए, इस सरकार को इस विषय में पहल करते हुए अनेक कदम उठाने चाहिए। पहला, संसद के अंदर सर्वदलीय समिति बने, जो इस कानून बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा हो। हर धर्म से कम से कम एक प्रतिनिधि इस समिति का हिस्सा हो जो आदर्श क़ानून बनाने में सहयोग करे। दूसरा, सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायधीश इसके प्रमुख हो ताकि यह प्रक्रिया निष्पक्ष रहे। तीसरा, देश भर में इस विषय पर दोतरफा संवाद प्रक्रिया चलायी जाये, जिससे हर कोने से इस क़ानून के प्रावधानों के लिए जानकारी मिल सके। चौथा, महिलाओं की बराबर की भागीदारी सुनिश्चित हो।

**निष्कर्ष –** सभी बिंदुओं पर विचार करने के बाद यह निष्कर्ष निकलता है कि समान नागरिक संहिता आज के सन्दर्भ में भारत की आवश्यकता है। अगर देश में एक अपराध के लिए एक क़ानून हो सकता है, तो एक ही नागरिक अधिकार क्यों नहीं हो सकते। धर्म और संप्रदाय के अनुसार मानवीय मूल्य नहीं बदल सकते है और इसीलिए मानव मूल्यों की रक्षा के लिए यह क़ानून बनाने का समय आ गया है। लोकतंत्र के दो प्रमुख स्तम्भ-विधायिका और न्यायपालिका-भी इसकी ज़रूरत पर सहमत है। इसलिए ज़रूरत अब इसकी चुनौतियों को नजर में रखते हुए समाधान पर काम करने की है। भारतीय गणतंत्र को इस सरकार से बहुत उम्मीद है कि इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जायेगा।

**References :-**

1. Dicey, A.V.( 1952) Introduction to the study of the Law of the Constitution, Macmillan: London.
2. Constituent Assembly Debate, Vol.VII.
3. Granville Austin, The Indian Constitution: Cornerstone of a Nation, Oxford University Press: London, 1966.
4. Kumud Desai, Indian Law of Marriage and Divorce, N.M.Tripathi Pvt. Ltd, Bombay 1981,4th Edition.
5. Mahendra Pal Singh, V.N. Shukla's Constitution of India, Eastern Book Company, Lucknow, 2016.
6. M.P Jain, Indian Constitutional Law, Lexis Nexis, 7th Edition 2015.
7. S.P. Sathe, (2015).Social Justice and Legal Transformation, Vol.3, Oxford University Press, New Delhi.
8. Upendra Baxi, Towards A Sociology of Indian Law, Satwahan Publication, NewDelhi,1986.
9. Vasudha Dhagamwar, Law, Power and Justice, Sage Publication, New Delhi,1994.

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# Journey of Indian GAAP from Accounting Standards to Ind-AS

**CA. Manish Borad*  Dr. Purushottam Gautam****

*Research Scholar (Commerce) Devi Ahilya University, Indore (M.P.) INDIA
** Principal (Commerce) Govt. Girls College, Badwani (M.P.) INDIA

**Abstract** - Accounting is art and science of analyzing and comparing pertinent financial and non-financial data in such a way that it offers a true and precise picture of an Entity performance over a period of time. Such financial information is used by various stakeholders in decision making. In India the Institute of Chartered Accountant's of India is credited in developing the accounting principles which were codified as Accounting Standards recognized statutorily in Companies Accounting Standard Rules by Ministry of Corporate Affairs. Every auditor has to report on deviation from these mandatory accounting standards. These standards have evolved from time to time and have been widely discussed and considered by Courts even under taxation laws. The taxing statute have devised their own Income computation standards from the AS under a long harmonization process. On international front the International Financial Reporting Standards have been recognized as common accounting language in more than 120 countries of the world and it was felt that such IFRS be adopted in India to open the international financial markets for Indian Companies. After a long debate, it was decided by Government to converge Accounting Standards to IFRS instead of adoption and this pave the way for Indian Accounting Standards (Ind-AS). Now the Ind-AS are statutorily implemented on various class of entities in a phased manner and it is aimed that the Ind-AS shall gradually become the accounting language of India.
**Keywords-** IndAS, Accounting Standards, ICDS.

**Introduction and Background of Accountancy in India -** Accounting is an important tool to measure the performance of a business for the purposes of comparison and help in the process of decision making by the management and other stakeholders. Accounting could be defined as the art and science of analyzing and comparing pertinent financial and non-financial data in such a way that it offers a true and precise picture of an Entity performance over a period of time. The result of accounting is summarized in the financial statements commonly known as Balance Sheet and Profit and Loss account. Balance Sheet shows the financial solvency picture of the entity on a particular date and Profit and loss account explains the performance of such entity over the reporting period.

**FIG 1. Accounting Cycle/Accounting Process**

In past it was observed that difference accounting principles were being followed by different entities sometimes to suit their purposes resulting in misleading figures which caused great loss to the stakeholders relying on such financial information. Therefore, it was felt that the accounting process should be regulated to ensure true picture of the financial information and the task was taken up by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) which is the premier accounting body of the country and formed under an Act of Parliament.

**Accounting Standards -** ICAI took the task of standardizing the accounting policies, principles and procedures and started developing the Accounting Standards one by one. ICAI for this purpose established the Accounting Standards Board (ASB) on April 21, 1977, to conceive of and suggest areas in which Accounting Standards need to be developed and to formulate Accounting Standards with a view to assisting the Council of the ICAI in evolving and establishing Accounting Standards in India. Another purpose for standards was to examine how far the relevant International Accounting Standard/International Financial Reporting Standard can be adapted while formulating the Accounting Standard and to adapt the same. These standards were to be reviewed at regular intervals from the point of view of

acceptance or changed conditions, and, if necessary, revise the same. ICAI has also contributed from time to time, interpretations and guidance on Accounting Standards.




**Fig 2. Essentials of an Accounting Standards**

These accounting standards became the Indian Generally Accepted Accounting Principles (GAAP) and are now being followed by millions of corporate and non-corporate entities in India. Presently there are 31 Accounting Standards issued by ICAI.

It is the responsibility of an eligible entity's management to ensure that these standards are followed while compiling and issuing financial statements. Additionally, auditors of such financial statements are required to report on whether the entity has guaranteed total compliance with these requirements.

सामाजिक यथार्थवाद के परिपेक्ष्य में जब हम प्रेमचन्द के सम्पूर्ण जीवन और उनके रचनात्मक लेखन को देखते हैं तो साफ पता चलता है कि उनका जीवन और रचनात्मक साहित्य दोनों ही हिन्दी में सामाजिक यथार्थवाद हेतु संघर्ष का अनुपम उदाहरण है। इसे कथनी और करनी के अद्धैत के रूप में माना जाना चाहिए, जो एक समर्थ रचनाकार की लोकप्रियता, संवेदनशीलता तथा कालजयी व्यक्तित्व का मूल आधार होता है। प्रेमचन्द का जीवन भी उनके साहित्य के साथ मिलकर सिक्के के दो पहलू का निर्माण करता है। इस रूप में प्रेमचन्द के समय की भारतीय सामाजिक- राष्ट्रीय परिस्थितियाँ और उनके निजी जीवन की परिस्थितियाँ और संघर्ष मिलकर एक वृहत्तर सन्दर्भ की रचना करते हैं, जिसमें एक महान रचनाकार के चिंतन और अनुभव जगत का निर्माण और विकास होता है। यहाँ यह कहना अधिक उचित प्रतीत होता है कि यद्यपि प्रेमचन्द को औपचारिक शिक्षा मिली थी और कुछ समय तक सरकारी सेवक के रूप में भी उन्होंने किया था, लेकिन उनकी वास्तविक रूचि भारतीय जनजीवन में थी। इसलिए उनकी शिक्षा का असली स्थल शिक्षण संस्थान न होकर उत्तार भारतीय जनजीवन की वह पाठशाला थी, जहाँ उन्होंने मनुष्यता, जीवन तथा रचनात्मकता का पाठ पढ़ा था। निश्चय ही प्रेमचन्द के वास्तविक अध्यापक लमही के किसान और बनारस के महाजन थे पुस्तकों के नोट्स लिखवाने वाले पुस्तक विक्रेता थे। उनकी पुस्तकें भी वास्तव में वे सैकड़ों उपन्यास थे, जो उन्होंने पुस्तकालयों, पुस्तक विक्रेताओं की दुकानों, तम्बाकू वाले दोस्तों के घर पढ़े थे। इस रूप में कहा जा सकता है कि प्रेमचन्द भले ही 'गणित' पढ़ने के योग्य न थे (जैसा कि उनके ट्रेनिंग कालेज की सनद में लिख दिया गया था), लेकिन भारतीय समाज के बीजगणित को वे अच्छी तरह समझ चुके थे और अपने कथासाहित्य में बहुत सीमा तक हल करने की तैयारी भी कर चुके थे। प्रेमचन्द का जीवन और रचनाकार इसी भूमिका पर अग्रसर होता है और वे भारतीय जनता के महान कथाकार के रूप में पहचान बनाते है।

प्रेमचन्द के रचनात्मक साहित्य का विस्तार यद्यपि वैविध्यपूर्ण है, लेकिन मूलत: कथाकार के रूप में ही साहित्य जगत में उनकी प्रतिष्ठा बनती है। वे हिन्दी में आने से पहले उर्दू में नवाबराय के नाम से लिखते थे। सबसे पहले 1901 में 'जमाना' में उनकी कहानियाँ छपी थीं। 1907 में निकलने वाले उनके 'सोजे वतन' उर्दू कहानी संग्रह को अंग्रेज सरकार ने भयभीत होकर जब्त कर लिया था। प्रेमचन्द के आरम्भिक उपन्यास पहले उर्दू में लिखे गए थे, और बाद में उनका हिन्दी अनुवाद किया गया। उनका पहला महत्वपूर्ण उपन्यास 'सेवासदन' 1916 में पहले उर्दू में ही लिख गया था। इसके बाद 1922 में 'प्रेमाश्रम' भी उर्दू में ही लिखा गया। वास्तव में मूलत: हिन्दी में लिखा गया प्रेमचन्द का पहला उपन्यास 'कायाकल्प' है, जो 1928 में आता है। इसके बाद 1931 में 'गबन', 1932 में 'कर्मभूमि', 1933 में 'निर्मला', 1935 में 'रंगभूमि' तथा 1936 में 'गोदान' जैसे महान और कालजयी उपन्यास आते है। 'मंगलसूत्र' प्रेमचन्द का अन्तिम और अधूरा, किन्तु अत्यन्त महत्वपूर्ण उपन्यास है। कहानी के अन्तर्गत यद्यपि कई नामों से कहानी संग्रह आते है, लेकिन आज उनकी कहानियाँ 'मानसरोवर' के विभिन्न भागों में संकलित हैं।

प्रेमचन्द के इस कथासाहित्य में जहाँ एक ओर कई ऐसे पक्ष मौजूद हैं जो उन्हें महान यथार्थवादी कथाकार बनाते हैं वहीं दूसरी ओर कई भ्रांतियाँ भी प्रचलित मिलती हैं। आरंभ में ही प्रेमचन्द के विरोधियों ने उन पर अनेक अभद्र आरोप लगाते हुए भारतीय साहित्य में उनके मौलिक और युगांतरकारी महत्व को नकार देने का प्रयत्न किया था। उन पर अन्य कथाकारों से विषयवस्तु चुराने का आरोप लगाया गया। समाज की प्रतिक्रियावादी जड़ ताकतों ने 'घृणा का प्रचारक' कहकर उन्हें बदनाम करने की भरपूर कोशिश किया; लेकिन डॉ0 रामविलस शर्मा जैसे महान समीक्षकों ने प्रेमचन्द के रचनात्मक व्यक्तित्व की विशिष्टता तथा क्रान्तिकारी विचारधारा का यथार्थवादी मूल्यांकन करके उनके महत्व को स्थापित दिया। इसी परंपरा में आने वाले समीक्षकों, विचारकों तथा भारतीय जनमानस ने प्रेमचन्द के अपूरणीय योगदान को स्वीकार किया है। निश्चय ही प्रेमचन्द की विचारधारा यथार्थवादी थी, जो अपने समय से आगे बढ़ते हुए भारतीय समाज और जीवन को यथार्थवादी ढंग से व्यक्त करने में समर्थ हुई है। प्रेमचन्द के कई आलोचकों ने उनके रचनात्मक विकास को कई कृत्रिम ढाँचों में बाँटकर भी अध्ययन का प्रयास किया है। आरंभ में उन्हें आदर्शवादी, पुन: आदर्शोन्मुख यथार्थवादी और अन्त में यथार्थवादी कहा गया है। लेकिन प्रेमचन्द की विचारधारा और रचनात्मक योगदान का यह कृत्रिम मूल्यांकन व्यावहारिक एवं उचित नहीं लगता। आरंभ में हम देखते है कि प्रेमचन्द के साहित्य लेखन और विचारधारा में कई कमजोरियाँ हैं। क्रमश: भारतीय जनजीवन के पाठ को पढ़ते हुए उनका चिंतन एवं लेखन इन कमजोरियों से मुक्त होता जाता है। अंत में 1936 में यथार्थवाद की अंतिम मंजिल तक पहुँचता है। 'गोदान' अपने यथार्थवादी अन्त के कारण विश्वसाहित्य में अत्यन्त प्रतिष्ठित जगह बनाता है। अधूरे उपन्यास 'मंगलसूत्र' में यथार्थवाद की समझ और भी बढ़ती है। वास्तव में प्रेमचन्द के रचनात्मक लेखन को एक विकासात्मक क्रम में तत्कालीन परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में देखने से उसे सही सन्दर्भो में समझा जा सकता है। इस दृष्टि से हम पाते हैं कि प्रेमचन्द आरंभ में तिलस्मी-ऐय्यारी तथा जासूसी कोटि के उपन्यासों का जमकर अध्ययन करते हैं। यही नहीं वे पहले से मौजूद श्रीनिवासदास, श्रद्धाराम फिल्लौरी, राधाकृष्ण दास, किशोरीलाल गोस्वामी, भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र तथा लज्जाराम शर्मा के सामाजिक उपन्यासों का भी अध्ययन करते हैं और यह समझने लगते हैं कि परिमाण में कम होते हुए भी हिन्दी कथासाहित्य का विकास इसी सामाजिक परंपरा के आधार पर संभव है। निश्चय ही भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन तथा सामाजिक जीवन की विकास प्रक्रिया में प्रेमचन्द की विचारधारा एवं भावजगत धीरे-धीरे बदलते और परिपक्व होते है, उनकी समझ बढ़ती है। इसीलिए उनके चिन्तन एवं लेखन में निरंतर आदर्शवाद का तत्व कम होता जाता है तथा जीवन की ताजगी एवं यथार्थवाद का तत्व बढ़ता जाता है।

प्रेमचन्द के कथासाहित्य को जब हम विकासात्मक क्रम में देखते है तो पाते है कि उसमें तत्कालीन जीवनस्थितियाँ, संघर्षो एवं बदलाव की सच्ची तस्वीर मिलती है। इसलिए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी प्रेमचन्द के कथासहित्य में तत्कालीन उत्तारभारतीय जनता के सुख-दु:ख हास-रूदन, उत्थान-पतन तथा रीति-रिवाज की सच्ची तस्वीर पाते हैं। इस दृष्टि से 'सेवासदन' प्रेमचन्द का पहला उल्लेखनीय उपन्यास माना गया है। इसकी मुख्य समस्या नारी जीवन से संबंधित है, जिसमें प्रेमचन्द ने हिंदू एवं मुसलमान, दोनों ही समाजों को बेनकाब किया है। सुमन के रूप में इस उपन्यास में भारतीय नारी हिन्दी कथा-साहित्य में पहली बार आत्मसम्मान की रक्षा हेतु संघर्ष की राह पर चलती है। यहाँ पर प्रेमचन्द पुरानी प्रतिगामी

टूटती शक्तियों को स्पष्ट देख लेते हैं, किन्तु इनका स्थान लेने वाली नयी शक्तियाँ अभी भारतीय समाज में नहीं दिखाई देतीं, जिससे उसका समाधान काल्पनिक हो जाता है। प्रेमचन्द का 'प्रेमाश्रम' उपन्यास भारतीय कृषक जीवन के महाकाव्य के रूप में स्थान पाता है। यहां प्रेमचन्द के चरित्र लड़ते हुए कभी जीतते हैं तो कभी हारते हैं, लेकिन यहां पर प्रेमचन्द गाँधीवाद से मोहभंग की मन:स्थिति का स्पष्ट संकेत देते हैं। 'सत्याग्रह में अन्याय का दमन करने की शक्ति है– यह सिद्धान्त प्रांतिपूर्ण हो गया है।' इतना होते हुए भी प्रेमचन्द उसका काल्पनिक समाधान देते हैं।

'निर्मला' तथा 'गबन' उपन्यासों का सम्बन्ध उभरते मध्यवर्गीय जीवन से है। 'निर्मला' प्रेमचन्द का यथार्थवादी ट्रेजिक उपन्यास है, जिसमें अनमेल विवाह को केन्द्रीय समस्या के रूप में दिखाया गया है। 'गबन' मध्यवर्गीय युवकों की पलायनवादी मनोवृत्ति तथा भारतीय नारी की उभरती शक्ति का साक्ष्य है। इस रूप में कतिपय कमजोरियों के होते हुए भी जालपा भारतीय नारीत्व का उगता हुआ चरित्र है। प्रेमचन्द के 'कायाकल्प' तथा 'रंगभूमि' उपन्यास भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। कायाकल्प में काल्पनिक समाधान होते हुए भी प्रभावशाली अंश किसान–मजदूर संघर्ष के रूप में देखा जा सकता है। 'रंगभूमि' वास्तव में 1920–30 के स्वतंत्रता आंदोलन की रंगभूमि है। यहाँ पर सूरदास अंग्रेजी साम्राज्यवाद तथा भारतीय सामंतवाद के निर्मम एवं क्रूर चरित्र की सच्चाई को पहचानने वाला और मरते दम तक इनके विरूद्ध संघर्ष करने वाला चरित्र हैं। गाँव में फैक्ट्री का खोला जाना तो वह रोक नहीं पाता, लेकिन उसका यह कथन भारतीय जनता की अजेय आत्मा का स्वर बन जाता है– 'हम हारे तो क्या मैदान से भागे तो नहीं, रोया तो नहीं, धांधली तो नहीं की। फिर लड़ेगें। जरा दम ले लेने दो। हार हार कर तुम्हीं से खेलना सीखेंगे और एक न एक दिन हमारी जीत होगी, अवश्य होगी।'

प्रेमचन्द के औपन्यासिक लेखन के अन्तर्गत 'कर्मभूमि', 'गोदान' और 'मंगलसूत्र' का विशेष महत्व है। 'कर्मभूमि' में प्रेमचन्द स्वाधीनता आंदोलन के कथाकार के रूप में दिखाई देते हैं। इसमें मूल समस्या किसानों की जमीन की समस्या है। यहाँ तक आते–आते प्रेमचन्द इस निर्णय पर पहुंचते दिखाई देते हैं कि भारतीय जनमानस और अधिक अत्याचार तथा दमन सहने को तैयार नहीं है। शांतिकुमार का यह कथन इसका परिचायक है– 'दया और धर्म की बहुत दिनों परीक्षा हुई और यह दोनों हल्क पड़े। अब तो न्याय की परीक्षा का युग है।' 'गोदान' भारतीय कृषक जीवन के महाकाव्य की वृहत्रयी को पूरा करता है। यह उपन्यास सामाजिक यथार्थवादी दृष्टि, भारतीय जनजीवन की गहरी समझ तथा टूटती सामंतवादी व्यवस्था और बनती पूँजीवादी व्यवस्था के दो कठिन पाटों के बीच पिसते भारतीय जीवन, विशेषकर किसान जीवन की करूणगाथा के कारण महान् तथा कालजयी सिद्ध हुआ है। इसकी मूल समस्या ऋण की समस्या है जिसके भँवर में फँसा भारतीय किसान होरी के जीवन की तरह निरंतर भीतर ही भीतर घुलता, टूटता तथा मरता जाता है। यहाँ पर नदी की तरह उपर से शांत दिखने वाली भँवरें हैं जो भीरत ही भीतर मनुष्य को दबाकर तलहटी से लगाती हैं और लोगों को वह तब दिखाई देता है जब उसकी लाश उतराती हुई होरी की मृत्यु के रूप में बहने लगती है। यहाँ निश्चय ही डॉ0 रामविलास शर्मा का यह निष्कर्ष उचित लगता है कि 'प्रेमचन्द यथार्थ के बहाव को पकड़ लेते हैं।'

'मंगलसूत्र' प्रेमचन्द का अंतिम और अधूरा किन्तु अत्यन्त विशिष्ट उपन्यास है। इसके उपलब्ध अंश इस बात का संकेत देते हैं कि यह 'गोदान' से आगे का उपन्यास बन सकता था। यहाँ प्रेमचन्द पूरी तरह सामाजिक यथार्थवाद की जमीन पर खड़े होते हैं, क्योंकि इसके नायक में 'गोदान' के होरी और मेहता दोनों की चरित्रगत विशेषताएँ एक साथ अपने यथार्थवादी रूप में आकार लेती हुई दिखती हैं।

प्रेमचन्द की कहानियों में भी मूलत: किसान जीवन ही केन्द्र में है। उनकी कहानियों की संख्या लगभग 300 है, लेकिन इनमें प्रेमचन्द के कहानीकार व्यक्तित्व को बनाने मे लगभग 50 कहानियों की ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस दृष्टि से 'पूस की रात', 'शतरंज के खिलाड़ी', 'अलग्योझा', 'पंचपरमेश्वर', 'ईदगाह', 'बड़े भाई साहब', 'ठाकुर का कुँआ', 'कफन', 'बड़े घर की बेटी', 'सवासेर गेहूँ', 'सद्गति' आदि उल्लेखनीय हैं। इन कहानियों में प्रेमचन्द ने अपनी सामाजिक यथार्थवादी दृष्टि एवं गहन जन संवेदनशीलता के बल पर भारतीय ग्रामीण, विशेषकर किसान जीवन के अमानवीय एवं त्रासद रूपों तथा उसके लिए उत्तरदायी कारकों को उद्धारित किया है। उनकी 'ठाकुर का कुँआ', 'कफन', 'सद्गति' जैसी कहानियाँ अपने समय–समाज के यथार्थ के साथ ही आने वाले समय की भयावह संभावनाओं को भी व्यक्त करती हैं। साथ ही ये कहानियाँ आज के दलित विमर्श में पर्याप्त विवादस्पद और चुनौतीपूर्ण भी बन गयी हैं।

प्रेमचन्द के इस कथासाहित्य में अनेक ऐसी विशेषताएँ मौजूद हैं जो उसे महान और कालजयी बनाती हैं। उनके कथासाहित्य में भारतीय जनता, विशेषत: निम्नवर्गीयं जनता का वह संघर्ष मूर्त होता है जो उस समय हिन्दी प्रदेश में चल रहा था। वास्तव में राष्ट्रीय आंदोलन, अंग्रेजी पराधीनता, पूँजीवाद की बढ़ती शक्ति तथा सामंतवाद की टूटन से भारतीय समाज, विशेषकर उत्तर भारतीय समाज का बदलता परिदृश्य प्रेमचन्द के कथासाहित्य में प्रमुख रूप से आकार लेता है। इसीलिए उसमें एक ओर भारतीय ग्रामीण जनता के जीवन को अमानवीय और त्रासद बनाने वाले जमींदारी–पूंजीवादी शोषण, निर्धनता, अशिक्षा एवं अन्धविश्वास आदि कारकों एवं विविध समस्याओं का चित्रण मिलता है, वहीं दूसरी ओर जमींदार वर्ग के प्रति प्रेमचन्द की सहानुभूति उन्हें उच्चकोटि का कलाकार ही नहीं, बल्कि सन्तुलित दृष्टि–सम्पन्न सामाजिक आलोचक भी सिद्ध करती है। वास्तव में तत्कालीन जमींदार वर्ग एक ओर किसानों का शोषण करता था तो दूसरी ओर वह बैंकरों, दलालों और अंग्रेज सरकार के शोषण का शिकार भी था। प्रेमचन्द अन्य लेखकों से अलग साफ देख रहे थे कि तत्कालीन सामन्ती ढाँचा भव्य और डरावना दिखाई पड़ने पर भी भीतर से पूरी तरह खोखला हो चुका था। इस तरह प्रेमचन्द के कथासाहित्य में अपने समय के मनुष्य की विभिन्न समस्याओं, चुनौतियाँ एवं यथार्थ के विविध रूपों से जो गहरी संलग्नता दिखाई देती है, उससे यह प्रमाणित होता है कि कालजयी रचना अपने समय के संघर्षों एवं चुनौतियों से बचकर महान हो ही नहीं सकती। निश्चय ही प्रेमचन्द ने हिन्दी कथासाहित्य को मनोरंजन के स्तर से उठाकर चारों ओर फैले हुए जीवन के साथ सार्थक रूप में जोड़ने का कार्य किया है।

प्रेमचन्द के कथासाहित्य के संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि वे हिन्दी में सामाजिक यथार्थवादी परंपरा का वास्तविक आरंभ ही नहीं करते हैं, बल्कि उसे सर्वोच्च निष्पत्ति भी प्रदान करते हैं। यही नहीं वे इससे भी आगे बढ़कर तत्कालीन उत्तर भारतीय हिन्दी जनता की रूचि परिवर्तित करने का भी कार्य करते हैं। जिस समय प्रेमचन्द ने रचनात्मक लेखन शुरू किया था, उस समय सामाजिक कोटि के उपन्यास भले ही लिखे जा रहे थे, लेकिन एक तो

उनकी संख्या पर्याप्त कम थी और भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र के 'घराऊ घटना' एवं 'बलवन्त भूमिदार' उपन्यासों में ही सामाजिक यथार्थवादी दृष्टि का कुछ आभास मिलता है, अन्यथा तिलस्मी-ऐय्यारी एवं जासूसी कोटि के उपन्यास ही अधिक लिखे जा रहे थे और हिन्दी जनता ही रूचि भी ऐसे ही उपन्यासों के प्रति थी। प्रेमचन्द ने अपनी विशिष्ट रचनात्मक क्षमता और दृष्टि के द्वारा हिन्दी जनता की रूचि को परिवर्तित करते हुए उसे सामाजिक यथार्थवाद की ओर मोड़ा अर्थात् उन्होंने हजारों-लाखों पाठकों को 'सेवासदन', 'निर्मला', 'गबन', 'पंचपरमेश्वर', 'ईदगाह' का पाठक बनाया। यह प्रेमचन्द के कथासाहित्य की बहुत बड़ी ताकत है, जिसके बल पर वे कथा सम्राट कहे जाते है।

प्रेमचन्द के कथासाहित्य की एक उल्लेखनीय विशेषता चरित्र निर्माण की दृष्टि से भी है। किसी भी रचनाकार द्वारा कालजयी चरित्र की रचना बहुमूल्य योगदान माना जाता है। इस रूप में होरी, धनिया, हलकू, घीसू, माधव जैसे चरित्र भारतीय जनता तथा किसान मजदूर के प्रतिनिधि चरित्र बनकर भारतीय आत्मा के स्वभाव को व्यक्त करते हैं। चरित्र-विधान के स्तर पर प्रेमचन्द के चरित्रों की एक विशेषता यह है कि वे पाठक को अत्यन्त विश्वसनीय लगते हैं। उसे लगता है कि इस चरित्र को कही देखा हैं या जाना है। ऐसा इसलिए कि प्रेमचन्द के चरित्र मूलत: मनुष्य हैं। यहां पर प्रेमचन्द अपने चरित्रों को स्वाभाविक माननीय दुर्बलता से युक्त दिखाते हैं। अर्थात न तो आरंभ में उन्हें राक्षस और अंत में देवता बताते हैं या इसके विपरीत दिखाते हैं, बल्कि आरंभ से ही सहज माननीय दुर्बलता प्रेमचन्द के चरित्रों को विश्वसनीयता प्रदान करती है। चरित्रों की ये छोटी-छोटी दुर्बलताएँ प्रेमचन्द की यथार्थ की गहरी समझ की परिचायक हैं। उदाहरण के लिए 'गबन' की जालपा के चरित्र में आरंभ में आभूषण के प्रति गहरी आसक्ति है, लेकिन अन्त में वह नारी की देदीप्यमान मूर्ति बन जाती है। 'गोदान' के होरी के चरित्र में भी छोटी-छोटी चालाकियाँ मिलती हैं, लेकिन साथ ही करूणा, सच्चाई, कर्तव्यनिष्ठा, संघर्ष, वात्सल्य, परोपकार जैसे गुण भी पिरोए हैं। प्रेमचन्द. के कथासाहित्य में संरचना और भाषिक विन्यास के स्तर पर भी कई विशेषताएँ हमारा ध्यान खींचती हैं। चित्रणीय विषयवस्तु के अनुरूप शिल्प की खोज का प्रयोग हिन्दी कथासाहित्य में पहली बार प्रेमचन्द करते हैं। उन्होंने उस समय तक उपलब्ध दृश्यात्मक एवं परिदृश्यात्मक शिल्प-प्रविधि का प्रयोग कर कहानी एवं उपन्यास को सुगठित आधार दिया है। इसीलिए उनके द्वारा प्रस्तुत दृश्य अत्यन्त सजीव, गतिमान और नाटकीय हैं। किस्सागोई का तत्व भी प्रेमचन्द की कलात्मकता और लोकप्रियता का विशिष्ट आधार है। इसके कारण कथा में एक ऐसा आकर्षण उत्पन्न होता है कि पाठक उनकी कहानी एवं उपन्यास को आरंभ करने पर समाप्त करके ही रूकता है। भाषा शब्दों के चुनाव एवं वाक्य-योजना की दृष्टि से सरल, सहज एवं बोलचाल की है, लेकिन यह उसकी कमजोरी न होकर उसकी ताकत और लोकप्रियता का आधार हैं। इस भाषा का जितने स्तरों पर प्रेमचन्द ने प्रयोग किया है, वैसा किसी अन्य ने नहीं किया। भाषा के सटीक, सार्थक एव व्यंजनापूर्ण प्रयोग में प्रेमचन्द समकालीनों में सबसे आगे दिखाई देते हैं। इस तरह उन्होंने सहजता के शिल्प को साधा है। इसके कारण उनके कथासाहित्य की भाषा जहाँ एक ओर सामान्य पाठकों से लेकर बड़े से बड़े अध्येताओं तक को आकर्षित रहती है, वहीं दूसरी ओर चुनौती भी उपस्थित करती है।

सामाजिक यथार्थवाद के परिप्रेक्ष्य में प्रेमचन्द के कथासाहित्य के इस विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि निश्चय ही वे हिन्दी में सामाजिक यथार्थवाद के पुरस्कर्ता तो हैं ही, उन्हें इसे सर्वोच्च रचनात्मक निष्पत्ति प्रदान करने का भी श्रेय है। उन्होंने इसे अपने रचनात्मक लेखन की केन्द्रीय विशेषता के रूप में स्थान दिया है। इसीलिए हिन्दी में सामाजिक यथार्थवाद और प्रेमचन्द एक दूसरे के पर्याय से लगते हैं। निश्चय ही वे भारतेन्दु युग से आरम्भ होने वाली हिन्दी कथासाहित्य की सामाजिक प्रवृत्ति के महत्व को समझते हैं और उसका आधार लेकर अपने युगीन सन्दर्भो एवं परिवर्तनों के अनुरूप सामाजिक यथार्थवाद के रूप में विकसित करते हैं। इसीलिए प्रेमचन्द का महान और कालजयी रचनात्मक व्यक्तित्व एक युगविभाजक का कार्य करता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# आधुनिक भारत में बाल शिक्षा के विकास का आलोचनात्मक अध्ययन

**सत्या सिंह***

* शोध छात्रा (शिक्षाशास्त्र) राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ (झारखण्ड) भारत

**शोध सारांश –** भारत में शिक्षा व्यवस्था की संरचना का क्रमिक विकास हुआ है। आधुनिक भारत में बाल शिक्षा के विकास हेतु संविधान के 45वें अनुच्छेद में स्पष्ट निर्देश है कि राज्य 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य और नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था करेगा। हालांकि सरकारी प्रयासों का उतना लाभ नहीं हो सका जितना होना चाहिए था। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की आधारशिल ब्रिटिश शासन के दौरान रखी गई थी। परन्तु शिक्षा व्यवस्था भारतीय संस्कृति के बिल्कुल प्रतिकूल था। इस संदर्भ में शिक्षाविदों तथा बाल मनोवैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि सीखने की दृष्टि से बालक के जीवन के प्रथम 5–6 वर्ष अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं तथा बालकों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा नैतिक विकास की आधारशिल इसी समय रखी जाती है। अत: आधुनिक काल में शिक्षा जगत को मनोविज्ञान विषय के रूप में एक ऐसा साधन उपलब्ध हुआ है जो शिक्षा में निश्चितता लाता है तथा भारत सरकार ने 1951 में संकल्प लिया था कि 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रयास करेगा। जिसे लागू करने में काफी समय लग गया तथा अन्तत: बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु कानून बना जो 2009 एक्ट में भारतीय संविधान के 86वें संशोधन के तहत सामने आया और अप्रैल 2010 में लागू किया। इसी परिप्रेक्ष्य में द्वितीयक आँकड़ों के आधार पर आधुनिक भारत में बाल शिक्षा के विकास का आलोचनात्मक अध्ययन कर आलेख प्रस्तुत करने की प्रयास की गई है।

**शब्द कुंजी –**बाल शिक्षा, संविधान के अनुच्छेद, शिक्षा व्यवस्था, बालकों का क्रमिक विकास, नि:शुल्क शिक्षा।

**प्रस्तावना –** शिक्षा हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है लेकिन यह तभी संभव है जब इसकी पहुँच समाज के सबसे निचले स्तर तक सुनिश्चित हो। जब बालक की उम्र 6 वर्ष हो जाती है तथा उसकी प्राथमिक शिक्षा शुरू हो जाती है। जबकि हमारे देश में इस स्तर की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है, परन्तु यह शिक्षा के पक्ष में है। इसलिए कोठारी आयोग ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के विस्तार के लिए प्रत्येक राज्य में एक विकास केन्द्र खोलने तथा जिला स्तर पर पूर्व प्राथमिक केन्द्र खोलने का सुझाव दिया था।

हमारे देश में अनेक प्रकार की शिक्षण संस्थानों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा दी जाती है जैसे नर्सरी स्कूल, बालकड़ी, मान्टेसरी स्कूल, सरस्वती शिशु मन्दिर, बाल निकेतन, नूतन बाल शिक्षण संस्थान इत्यादि। वर्तमान में जो शिक्षा व्यवस्था है, अध्ययन से विदित होता है प्राथमिक शिक्षा की गाड़ी घिसी–पिटी लीक पर रेंगती जा रही है। जहाँ तक प्राथमिक शिक्षकों के बारे में आये दिन कहा जाता है कि पढ़ाने–लिखाने के बजाए अपने काम धंधे में अधिक दिलचस्पी लेते हैं, जिसके वजह से बाल शिक्षा खतरे में पड़ गया है।

**शोध का उद्देश्य –** प्रत्येक शोध अध्ययन का एक उद्देश्य होता है। इसके बिना शोध कार्य करना संभव नहीं है। अत: अध्ययन की दिशा एवं दशा तय करने हेतु स्पष्ट उद्देश्यों की आवष्यकता होती है।

अत: प्रस्तुत शोध के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

1. आधुनिक काल में बाल शिक्षा का क्रमिक विकास का अध्ययन करना।
2. बाल शिक्षा से संबंधित पुस्तकें का समीक्षात्मक अध्ययन किया गया।
3. आधुनिक काल में बाल शिक्षा आलोचनात्मक अध्ययन कर प्रस्तुत करना है।

अत: इस प्रकार से शोध उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए अध्ययन कर प्रस्तुत करने की प्रयास की गई है।

**विधितंत्र–** हालांकि किसी भी शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए विधितंत्र की आवश्यकता होती है। विधितंत्र के द्वारा शोध कार्य संयमित, क्रमबद्ध, विश्लेषणात्मक और वैज्ञानिक स्वरूप दिया जा सकता है। इस शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए द्वितीयक आँकड़ों का प्रयोग किया गया।

अत: शोध कार्य के लिए निम्नलिखित विधितंत्रों का उपयोग किया गया है जो निम्न है। :–

1. प्रस्तुत शोध विषय से संबंधित द्वितीयक आँकड़ों का संकलन किया गया।
2. शोध विषय से संबंधित पुस्तकें एवं तथ्यों का संकलन किया गया।
3. शोध विषय से संबंधित पुस्तकों का समीक्षात्मक अध्ययन किया गया जिससे उद्देश्यों की पूर्ति की जा सके।

**आधुनिक काल में बाल शिक्षा का क्रमिक विकास–** बाल शिक्षा का क्रमिक विकास के अर्न्तगत अवस्थाएँ यानि उम्र के अनुसार प्रस्तुत करने की प्रयास की गयी है। जिसकी आलोचना भी किये गये तथ्यों को शामिल करेन की प्रयास की गई है–

**प्रथम अवस्था–** इसके अर्न्तगत बालकों का उम्र 2 वर्ष तक के बारे में चर्चा की गई है जहाँ प्रारंभ हो जाती है। इस उम्र में सीखने की शुरूआत संवेदनाओं द्वारा ही होती है जिसे हम संवेदना द्वारा सीखना अधिगम कहा जाता है। बालकों का अधिगम स्तर भी बढ़ा है। बच्चे परिवार में रहकर एक क्रिया के बाद इसकी क्रिया को बालक देखकर अनुकरण करता है। बालकों द्वारा

पारिवारिक वातावरण में विभिन्न कौशलों का भी निर्माण करते हैं। हालांकि तकनीकि ज्ञान बालक शैशव अवस्था में हीं प्राप्त करना प्रारंभ कर देता है। इसलिए बालक माता–पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों का अनुकरण की प्रवृति इतनी तीव्र होती है जिसे वे तुरंत सीख लेते हैं।

**द्वितीय अवस्था–** इस अवस्था में बालकों का उम्र सामान्यत: 2 वर्ष से 7 वर्ष तक माना जाता है तथा इस उम्र में परिवार के अलावे अन्य लोगों के सम्पर्क में आने से सीखता है जहाँ परिवार अन्य सदस्य तथा विद्यालय का भी प्रभाव इस अवस्था में विशेष रूप से पड़ता है तथा उसका अनुकरण कर लेते हैं। इस समय बच्चों में खेलने की प्रवृति आ जाती है। जिससे खेल के द्वारा अनेक गुणों को विकसित कर लेते हैं। बालकों को सभी प्रकार की सुविधाएँ आज के समय मिलने के बावजूद आज अधिगम का अभाव है। इस उम्र में बालक चित्र के माध्यम से भी सीखने की प्रवृति तेज होती है तथा तथा उसका अनुकरण तुरंत कर लेती है। इस उम्र में बालक बोलना शुरू कर देता है तथा परिवार की जो मातृभाषा होती है बच्चे इसका अनुकरण तुरन्त कर लेते हैं तथा भाषा बोलने शुरू कर देता है जो उनकी मातृभाषा होती है।

**तृतीय अवस्था –** इस अवस्था के अन्तर्गत बालकों का उम्र 7 वर्ष से 12 वर्ष तक माना जाता है। इस अवस्था के अन्तर्गत बालक सफाई, धर्म.....ज्ञान तथा बालकों की सौंदर्यता की अभिरूची का विकास होता है तथा समानता निश्चित कर सीखने की प्रवृति आ जाती है तथा निर्णय लेने में भी सक्षम हो जाता है। जोड़, घटाव, गुणा, भाग आदि का उपयोग करने आ जाता है। बालकों को पाठ्यक्रम में भी रूचि लेने लगता है तथा शिक्षण विषयों के साथ–साथ सामाजिक गतिविधियों का भी अधिगम करने की प्रवृति बढ़ जाती है तथा सीखने भी लगता है। इस उम्र में मानवीय सम्बन्धों का भी ज्ञान आ जाता है। तर्क देने की क्षमता भी बढ़ जाती है क्या सही है या क्या गलत इसकी पहचान .....आ जाती है तथा वातावरण के अनुसार बालक स्वयं नियंत्रण करने की प्रवृति आ जाती है।

**चतुर्थ अवस्था–** इस अवस्था के अनर्तगत बालक का उम्र 12 से 15 वर्ष तक माना जाता है तथा इस अवस्था में चिंतन तथा तार्किक की क्षमता का विकास हो जाता है। उसके सामने जो भी समस्या आती है उसे स्वत: हल करने की क्षमता आ जाती है। वास्तविक तथा आवस्तविक में अंतर करने की क्षमता आ जाती है और वास्तविक रूप से अनुभवों का विकास हो जाता है। तथा अच्छे –बुरे की पहचान भी होने लगती है और क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए इस ज्ञान का विकास बखूबी हो जाता है।

**आधुनिक काल में शिक्षा का आलोचानात्मक अध्ययन–** आज के समय में अध्ययन से विदित होता है कि बाल शिक्षा का स्तर नीचे गिर गया है। विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है तथा शिक्षकों का अभाव भी देखने को मिलता है। प्रशासनिक तंत्र की व्यवस्था भी ढीली सी हो गई है जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। आज तकनीकी का युग है तथा बालकों में टी.वी और मोबाईल देखने की प्रवृति में काफी वृद्धि हो गई है जिससे बाल शिक्षा पर काफी बुरा असर पड़ा रहा है।

आज अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक–छात्र के अनुपात जो सरकार के द्वारा मानक निर्धारित की गई है उनके अनुरूप शिक्षक भी नहीं है। छात्रों की संख्या अधिक रहने के कारण शिक्षक सभी बच्चों को ध्यान दिये जाने में कठिनाई हो जाती है। साथ ही साथ शिक्षकों के हाथ भी लापरवाही बरती जाती है वे शिक्षा बालकों को देने के बजाए सरकार के अन्य कार्यों में ज्यादा समय बिताते हैं तथा मध्याह्न भोजन होने के कारण बच्चों की संख्या में वृद्धि तो हो जाती है परन्तु बालक शिक्षा प्राप्त करने में पीछे रह जाता है। अत: आज के समय में बाल शिक्षा की बात करें तो अध्ययन से स्पष्ट होता है कि बालक का शिक्षा स्तर काफी नीचे पहुँच चुका है। इसके लिए समान रूप से वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, शिक्षक, अभिभावक, परिवार का वातावरण, सरकारी प्राथमिक तंत्र, स्वयं बालक समान रूप से दोषी है। इसमें सुधार लाने की जरूरत है जिस पर विशेष रूप से दिया जाना चाहिए अन्यथा शिक्षा की बुनियादी नींव धाराशाही हो जायेगी।

शिक्षा को सर्वव्यापी बनाने में सर्व शिक्षा योजना काफी महत्वपूर्ण रहा है। प्रारंभिक विद्यालयों में नामांकन में काफी अधिक वृद्धि हुई तथा विद्यालय में बच्चों के ठहराव में भी संख्या में भी वृद्धि अवश्य ही देखने को मिलता है, लेकिन आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में प्राथमिक स्तर पर 16 प्रतिशत तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर देश में ऐसे बच्चों को चिहिन्त किया जाता रहा है और इसमें सफलता भी मिली है, क्योंकि पूर्व के समय ऐसे बच्चों की लगभग 40 प्रतिशत से भी अधिक था, लेकिन केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कई कार्यक्रम के तहत प्रयास से बीच में छोड़ने देने वाले विद्यालय जो चले जाते हैं उसमें कमी देखने को मिलता है, तथा इनके प्रयास से सफलता भी मिली है।

हालाँकि पांचवीं कक्षा के बच्चे विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे के उपलब्धि के बारे में चर्चा की जाय, तो चिंता का विषय अभी भी बना हुआ है क्योंकि एक ओर जहाँ सरकार हमेशा गुणवतापूर्ण शिक्षा पर जोर देने की बात कह रही है तथा इसपर काफी जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अगर आँकड़ों में बात करें तो थोड़ा चिंता करना स्वाभाविक हो जाता है क्योंकि देश में सर्वेक्षण के आँकड़ों में बात करें तो थोड़ा चिंता करना स्वाभाविक हो जाता है क्योंकि देश में सर्वेक्षण के आँकड़ों का आधार कहा जा सकता हैं कि अभी भी प्राथमिक स्तर के जहाँ तक उपलब्धि की बात है तो आँकडें सह बताते है कि पांचवीं कक्षा के बच्चे की उपलब्धि हिन्दी में 35 प्रतिशत पढ़ने में समक्ष है, वहीं गणित में 37 प्रतिशत तथा पर्यास अध्ययन में 46 प्रतिशत ही सही कर पाये हैं, जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**निष्कर्ष एवं सुझाव–** आज के समय में बाल शिक्षा का सतर काफी नीचे गिर रहा है। विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव है तथा अभिभावकों की पकड़ बालकों से दूर होते जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों का अभाव है। तथा विद्यालय का वातावरण में भी काफी ह्रास हुआ है। अत: अब वक्त आ गया है इस तकनीकी युग में विगत 2 वर्षों में कोविड–19 महामारी के कारण बच्चों के ऑन–लाईन क्लास होने की वजह से बालकों को मोबाईल अभिभावक के हाथ दिये जाने पर बालकों में पढ़ाई के साथ –साथ मोबाईल में कई प्रकार की चीजें देखने में वृद्धि हो जाने से शिक्षा से दूरी बन गयी है। जो चिन्ता का विषय है।

अत: आज शिक्षा व्यवस्था को और दुरूस्त करने की आवश्यकता है तथा अभिभावकों को भी ध्यान देने का वक्त आ गया है। विद्यालय के वातावरण में शिक्षा का माहौल में जो कमी है उसे तत्पर सुधार करने की जरूरत है तथा गुणवत्ता शिक्षकों की ओर सरकार को विशेष रूप दी जानी चाहिए ताकि शिक्षा की बुनियादी नींव धाराशाही होने से बचाया जा सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. राष्ट्रीय मौलिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् 1991, थर्ड एवं फोर्थ सर्वे ऑफ रिसर्च इन ऐजुकेशन, नई दिल्ली।
2. खान, 2021, ए स्टडी ऑफ ऐटीट्यूडस ऑफ टीचर्स एण्ड पैरेंटस टुवर्डस

इन्क्लूसिव एजुकेशन एंड द इम्पैक्ट ऑफ इन्क्लूजन ऑन एचिवमेंट ऑफ चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स, एम.जे.पी. रूहेलखंड युनिर्वसिटी, बरेली।

3. अनुवादक एवं असिस्टेंट प्रोफेसर, 2014, डी.ई.जी.एस.एन, एनसीईआरटी, नई दिल्ली।
4. आर.टी.ई एक्ट, 2009.
5. सुकुमार, सेमुअल, 2009, वेल्यू एजुकेशन इन करिक्यूलम थॉमसकुटिर, डिस्कवरी पब्लिशंग हाउस प्रा. लि., नई दिल्ली।
6. राय, पासराम, 2016, अनुसंधान परिचय, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा।
7. शर्मा. के. आर. 2004, 'रिसर्च मैथोडोलॉजी', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, रायपुर एवं नई दिल्ली।

**********

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

# समावेशी शिक्षा की आवश्यकता एवं चुनौतियाँ वर्तमान समय में

**अरबिन्द कुमार** *

* शोधार्थी (शिक्षा) राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ (झारखण्ड) भारत

**शोध सारांश –** समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा होती है जिसमें सामान्य बालक–बालिकाएं और मानसिक तथा शारीरिक रूप से बाधित बालक एवं बालिकाओं सभी एक साथ बैठकर एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हैं। समावेशी शिक्षा सभी नागरिकों समानता के अधिकार की बात करता है और इसीलिए इसके सभी शैक्षिक कार्यक्रम इसी प्रकार के तय किए जाते हैं ऐसे संस्थानों में विशिष्ट बालकों के अनुरूप प्रभावशाली वातावरण तैयार किया जाता है और नियमों में कुछ छूट भी दी जाती है जिससे कि विशिष्ट बालकों को समावेशी शिक्षा के द्वारा सामान्य विद्यालयों में सामान्य बालकों के साथ कुछ अधिक सहायता प्रदान करने की कोशिश की जाती है।

प्रस्तुत शोध पत्र भारतीय संदर्भ में समावेशी शिक्षा की वर्तमान समय में आवश्यकता एवं प्रमुख चुनौतियों की स्थिति का विश्लेषण करने की चेष्टा करता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष बीत जाने के बाद भी विकलांग बच्चे विकास की मुख्यधारा से अलग–थलग दिखाई पड़ते हैं। सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर उनके विकास के लिए किए जाने वाले अनेकानेक प्रयत्नों के बावजूद विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं आया है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की अधिकांश आबादी आज भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पायी है। विकास के एक मुख्य मापदंड के रूप में शिक्षा के महत्व को देखते हुए यह आवश्यक है कि विकलांग बालकों की शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए। प्रस्तुत शोध पत्र में समावेशी शिक्षा की आवश्यकता एवं उसकी चुनौतियों का तथ्यात्मक एवं संख्यात्मक वर्णन किया गया है। इसमें अशिक्षा से उत्पन्न होने वाली सामाजिक विकृतियों एवं असमानता से बचने की बात करते हुए समावेशी शिक्षा की बात कही गयी है। जिससे विकलांग बालक अपने आपको समाज का एक कटा हुआ भाग न समझ कर समाज का हिस्सा ही समझे, इसके साथ ही विद्यालय एवं समाज के लोग भी उनके साथ सामान्य व्यवहार करें। विभिन्न शोध अध्ययनों, सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत शोध पत्र के द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया है कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक उत्तरदायित्व है कि हाशिये पर पड़े हुए विशिष्ट बालकों की शिक्षा के संबंध में जानकारी एकत्रित की जाए जिससे उन्हें समावेशी शिक्षा में शामिल करते हुए उनको देश तथा समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जा सके।

**शब्द कुंजी –**समावेशी शिक्षा, साक्षरता दर, विकलांगता, समावेशी शिक्षा की आवश्यकता, चुनौतियाँ।

**प्रस्तावना –** समावेशी शिक्षा (अंग्रेज़ी: Inclusive Education) से आशय उस शिक्षा प्रणाली से है जिसमें एक सामान्य छात्र एक दिव्यांग छात्र के साथ विद्यालय में अधिकतर समय बिताता है। दूसरे शब्दों में, समावेशी शिक्षा विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों को सामान्य बालकों से अलग शिक्षा देने की विरोधी है।

शिक्षा का समावेशीकरण यह बताता है कि विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामान्य छात्र और एक दिव्यांग को समान शिक्षा प्राप्ति के अवसर मिलने चाहिए। पहले समावेशी शिक्षा की परिकल्पना सिर्फ विशेष छात्रों के लिए की गई थी लेकिन आधुनिक काल में हर शिक्षक को इस सिद्धांत को विस्तृत दृष्टिकोण में अपनी कक्षा में व्यवहार में लाना चाहिए।[1]

समावेशी शिक्षा या एकीकरण के सिद्धांत की ऐतिहासिक जड़ें कनाडा और अमेरिका से जुड़ीं हैं। प्राचीन शिक्षा पद्धति की जगह नई शिक्षा नीति का प्रयोग आधुनिक समय में होने लगा है। समावेशी शिक्षा विशेष विद्यालय या कक्षा को स्वीकार नहीं करता। अशक्त बच्चों को सामान्य बच्चों से अलग करना अब मान्य नहीं है। विकलांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह ही शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने का अधिकार है।

ऐसे बच्चों को अधिक देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता होती है जिनके साथ उनकी देख–रेख करने वाला कोई नहीं होता है अथवा जिनके परिवारों ने गरीबी अन्य किसी कारण से उन्हें त्याग दिया हो। किशोर न्याय (बच्चों की देख रेख और संरक्षण अधिनियम) 2000 उनकी देखभाल, संरक्षण और पुनर्वास का प्रावधान करता है जिसमें दत्तक ग्रहण, पोषण देख–रेख, प्रायोजन भी शामिल है।

कुछ बच्चे विभिन्न कारणों से अपने माता – पिता को खो देते हैं जैसे – गरीबी, विकलांगता, बीमारी, माता–पिता की मृत्यु अथवा कारावास, प्रवास अथवा सशस्त्र विवाद के कारण उनसे अलगाव। ऐसे बच्चों की संख्या भी बहुत अधिक है जिनके माता–पिता में से एक अथवा दोनों जीवित नहीं हैं। अभिभावकीय देखरेख के अभाव वाले ऐसे बच्चे उत्पीड़न,शोषण और उपेक्षा के उच्च जोखिम में जीते हैं। कभी–कभी जीवन में आई कठिनाइयों और जीवित रहने के लिए उनके द्वारा किया जाने वाला संघर्ष उन्हें अपराध करने पर विवश कर देता है जिसके उन्हें कानूनी परिणाम झेलने पड़ते हैं। कभी – कभी एचआईवी/एड्स से पीड़ित बच्चे अथवा ऐसे बच्चे जिन्होंने स्वयं कानून का उल्लंघन किया है या जिनके माता – पिता ने अपराध किया है, गाँव में कलंक माने जाते हैं और सामाजिक बहिष्कार के शिकार बन जाते हैं। इससे

उनका जीवन अत्यंत कष्टकर हो जाता है। शारीरिक अथवा मानसिक विकलांगता से पीड़ित बच्चों को भी प्राय: परिवार और समुदाय द्वारा बोझ समझा जाता है। लोग इन बच्चों को कोसते हैं तथा ऐसे बच्चे भी उत्पीड़न, उपेक्षा और हिंसा के शिकार बनते हैं।

कर्नाटक के बागलकोट जिले के दिगम्बेश्वर मंदिर में मनाए जाने वाले महोत्सव के दौरान, छोटे बच्चों को 30 फूट ऊँचे मंदिर की छत से नीचे फेंका जाता है। छत से फेंके जाने वाले बच्चे दो वर्ष से कम की आयु के होते हैं। स्थानीय लोगों का विश्वास है की यह अनुष्ठान बच्चे के लिए स्वश्त्य और भाग्य लेकर आता है।

भारत में चली आ कुछ परंपरागत और अंधाविश्वासी प्रथाएँ बच्चों की संवृद्धि, विकास और कुशलता के लिए बहुत हानिकारक हैं।

- पुत्रियों को परिवार में एक बोझ तथा परिवार का अवांछनीय सदस्य समझा जाता है अनेक परिवारों में उन्हें जन्म लेने से पूर्व ही माता के गर्भ में अथवा जन्म के तत्काल पश्चात् मार दिया जाता है। ऐसे प्रथाओं के फलस्वरूप भारत में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या में काफी कम हो गई है।
- देवदासी (अर्थात मंदिर की सेविका) के नाम पर बालिकाओं को वेश्यावृति के लिए विवश करना दक्षिण भारत के कुछ भागों में एक प्राचीन प्रथा है जिसके फलस्वरूप छोटी बालिकाओं को 10 वर्ष के आयु से भी पूर्व वेश्यावृति में झोंक दिया जाता है।
- अनके समुदायों में, यह अंधविश्वास व्याप्त है कि प्रसव के तुरंत पश्चात माता का दूधा शिशु के स्वास्थय के लिए अच्छा नहीं होता है। अत: दाई/प्रसव परिचारिका/परिवार के सदस्य उस दूध को प्रसव के तत्काल पश्चात शरीर से निकाल कर फेंक देते हैं, जो वास्तव में बच्चे की प्रतिरक्षण प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।
- जब बच्चे पीलिया जैसे रोगों से पीड़ित होते हैं, तो उन्हें परिवार द्वारा इलाज के लिए नीम हकीमों के पास ले जाया जाता है। गलत धारणाओं के कारण शिशु के टीकाकरण को या तो आरंभ नहीं किया जाता या टीकाकरण पूरा नहीं किया जाता।
- बच्चों के साथ यौन-क्रिया को यौन-संचारित रोगों के लिए उपचार माना जाता है, जिसके फलस्वरूप बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि होती है।

गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना तथा पूरे विद्यालयी दृष्टिकोण को सुनिश्चित करने, स्कूलों को अधिक समावेशी बनाने के लिए आवश्यक उपायों को प्रदान करना है। समस्त शिक्षार्थियों की शिक्षा के लिए विद्यालयों को आवंटित सामान्य वित्तपोषण को समावेशी शिक्षा का हिस्सा होना चाहिए, इसमें शिक्षार्थियों की विफलता की स्थिति में विद्यालयों के लिए अतिरिक्त धन की सहायता भी शामिल है। इसके अलावा इसमें अधिक गहन समर्थन की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों पर अधिक धान की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। समावेशी शिक्षा प्रणाली के लिए अंतिम दृष्टि यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी उम्र के सभी शिक्षार्थियों को उनके स्थानीय समुदाय में अपने दोस्तों एवं सहपाठियों के साथ सार्थक उच्च गुणवत्ता वाले अवसर प्रदान किए जाएँ।

संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में कई अंतर्राष्ट्रीय निकाय और एजेंसिया विकलांग छात्रों के लिए शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने एवं उसमें सुधार करने के लिए विभिन्न तरीकों से काम कर रहे हैं। इसमें आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग, विश्व बैंक, विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन, यूनिसेफ इत्यादि शामिल हैं। इन सभी निकायों का काम विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मानक उपकरणों, कार्यक्रमों एवं क्रिया योजनाओं के साथ चल रहा है। शिक्षा के संबंध में इन सभी निकायों का कार्य सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इसके अलावा सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना, समावेशी और न्यायसंगत गुणवत्ता की शिक्षा को सुनिश्चित करना है (यू. एन. 2015)। ये समस्त निकाय समावेश का एक व्यापक दृष्टिकोण लेते हैं अर्थात विकलांग पुरुष एवं महिलाओं, अल्पसंख्यक, स्वदेशी और ग्रामीण समुदाय के सदस्यों के लिए असमानताओं को कम करने पर बल देते हैं (मिजर, 2001)। इस बात की पुष्टि समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में किये गये विभिन्न शोध कार्यों से भी होती है। यूरोपियन एजेंसी ऑफ डेवलपमेंट इन स्पेशल नीड्स एजुकेशन (2001) ने 'इंक्लूसिव एजुकेशन एँड इफेक्टिव क्लासरूम प्रैक्टिसेस' नामक शोधकार्य प्रकाशित किया, इसमें विभिन्न देशों के समावेशी शिक्षा से संबंधित शोधों को शामिल किया गया। मार्टसन एण्ड मैगनूसन (1991) ने 'को-आपरेटिव टीचिंग प्रोजेक्ट' (सी.टी.पी.) पर कार्य करके यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि विद्यालयी रूप से असफल छात्रों को समान कक्षा के साथ ही सप्ताह में कुछ समय विशेष अनुदेशन देने से उनकी उपलब्धि पर सामान्य बच्चों की तरह ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। काम्प्स, बारबेट, लियोनार्ड एवं डेलक्वाद्री (1994) ने 'क्लास वाइज पीयर ट्यूटोरिंग' (सी.डब्ल्यू.पी.टी.) विषय पर 'आत्मकेन्द्रित एवं गैर-आत्मकेन्द्रित' छात्रों को लेकर अध्ययन कार्य करके यह निष्कर्ष प्राप्त किया किया कि- आत्मकेन्द्रित वाले वे छात्र जो पहले कम सामाजिक थे, सी.डब्ल्यू.पी.टी. के उपयोग बाद अत्यधिक सामाजिक हो गए। फुस, माथेस एवं साइमन्स (1997) ने 'पीयर असिस्टेड लर्निंग स्ट्रैटजी' (पी.ए.एल.एस.) की प्रभावशीलता को अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी), गैर-अधिगम अक्षम लेकिन कम उपलब्धि (नॉन- लर्निंग डिसेबिलिटी बट लो परफॉरमेंस), और सामान्य उपलब्धि (एवरेज एचीवर) पर देखा, जिसमें इन समस्त छात्रों को हर रोज सामान्य बच्चों के साथ जोड़ी बनाकर ऊँची आवाज में अध्ययन करना पड़ता था, निष्कर्ष से पता चला कि अधिगम अक्षमता, गैर-अधिगम अक्षम लेकिन कम उपलब्धि और सामान्य उपलब्धि वाले छात्रों की उपलब्धि 'पीयर असिस्टेड लर्निंग स्ट्रैटजी' की वजह से सार्थक रूप से बढ़ गया।

स्टीवेन एण्ड स्लेवीन (1994) ने 'को-आपरेटिव लर्निंग एप्रोच' का उपयोग विकलांग एवं गैर-विकलांग विद्यार्थियों पर किया जिसमें उनको दूसरे सहपाठियों के साथ कहानी को मौन रूप से और फिर बोलकर पढ़ने को दिया गया, साथ ही उनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करायी गयी। निष्कर्ष में यह पाया गया कि सह-अधिगम उपागम विकलांग एवं गैर-विकलांग दोनों विद्यार्थियों को पढ़ने, समझने में बेहतर सहायता करता है। इवांस एवं स्लेविन (1997) ने न्यूयार्क में विकलांग एवं गैर-विकलांग विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार पर 'कोलाबोरेटिव प्रॉब्लम सॉल्विंग' (सी.पी.एस.) का प्रभाव देखा और बताया कि सी.पी.एस. शारीरिक, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से विकलांग छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति है जिससे उनका व्यवहार अत्यधिक सामाजिक हो जाता है। एरेना मोजर एवं उनकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया में 10 वर्ष के शोध के बाद यह पाया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ रखकर सहयोगी अधिगम (को-

आपरेटिव लर्निंग) कराने से समावेशी शिक्षा के लिए बेहतर सहयोग का कार्य करती है। दोनोंह्यू, एवं बोमन (2014) ने 'द चौलेंजेज ऑफ़ रीयलाइजिंग इंक्लूसिव एजुकेशन इन साउथ अफ्रीका' में अपने शोध अध्ययन के बाद वहाँ की शिक्षा समावेशी शिक्षा स्थिति का वर्णन करते हुए बताया कि सभी के लिए शिक्षा (एजुकेशन फॉर ऑल) के काफी समय बीत जाने के बाद भी विकलांग छात्रों को सामान्य छात्रों के साथ शिक्षण की संभावना कम है। साउथ अफ्रीका में विकलांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समावेशी शिक्षा में कई बाधाएँ हैं। अत: विकलांग छात्रों को जितनी जल्दी समावेशी शिक्षा में शामिल किया जाएगा उतनी जल्दी वे समाज के लिए उत्पादक बन सकते हैं। मिल्स, एवं निधि (2008) ने यद एजुकेशन फॉर ऑल एँड इंक्लूसिव एजुकेशन डिबेट: 'कानफ्लिक्ट कॉण्ट्राडीक्सन ऑफ आपर्च्यूनिटी' नामक शोध विषय की सहायता से यह बताया कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों, समानता और सामाजिक न्याय से संबंधित मूल्यों और विश्वासों को प्राप्त करना है, जिससे समस्त बालक शिक्षा में भाग ले सके। समावेशी शिक्षा समाज के लिए अपने सामाजिक संस्थानों और संरचनाओं को गंभीर रुप से जानने का एक अवसर प्रदान करती है।

**समावेशी शिक्षा से संबंधित विभिन्न शिक्षा आयोगों की रिपोर्ट:**

सार्जेंट रिपोर्ट (1944)- जहाँ तक संभव हो नि:शक्त बच्चों को सामान्य बच्चों से अलग नहीं किया जाना चाहिए, अंतत: नि:शक्त बच्चों के साथ सामान्य विद्यालयों में विशिष्ट व्यवहार किया जाना चाहिए। कोठारी आयोग (भारत का प्रथम शिक्षा आयोग) के मुताबिक 'एक विकलांग बच्चे के लिए शिक्षा का पहला कार्य यह है कि सामान्य बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बनाए गए सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण में समंजन के लिए उसे तैयार करें। इसलिए आवश्यक है कि विकलांग बच्चों की शिक्षा सामान्य शिक्षा प्रणाली का ही एक अविछिन्न अंग हो, अंतर केवल बच्चे को पढ़ाने की विधि और बच्चे द्वारा ज्ञान प्राप्ति के लिए अपनाए गए साधनों में होगा।' इस क्षेत्र में ऐसा बहुत कुछ है जिसे हम शिक्षा में उन्नत देशों से सीख सकते हैं (कोठारी आयोग 1964-66रू 123)।

1974 में भारत सरकार ने 'निशक्त बच्चों के लिए समेकित शिक्षा' योजना का प्रारंभ किया। केंद्र प्रायोजित इस योजना के तहत विकलांग बच्चों को मुख्यधारा के विद्यालयों में, उनके गैर-विकलांग मित्रों के साथ शिक्षा दी जाने लगी। नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम(1995) के अधयाय 5 की धारा 26 के अंतर्गत नि:शक्त बालकों के लिए नि:शुल्क शिक्षा सुनिश्चित की जाने की बात कही गयी है। इस अधिनियम के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं- सरकार और स्थानीय प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक नि:शक्त बालक को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक उचित वातावरण में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त हो सके। सरकार द्वारा नि:शक्त विद्यार्थियों का सामान्य विद्यालयों में एकीकरण, संवर्धन एवं विशेष विद्यालयों को व्यावसायिक प्रशिक्षण सुविधाओं से सज्जित करने का प्रयास किया जायेगा । मानव संसाधान विकास मंत्रालय ने वर्ष 2020 तक देश के सभी स्कूल विकलांग-मित्रवत बना दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। (संजीव, 2008)।

**विशेष आवश्यकता वाले बालकों की जनसंख्या एवं शैक्षिक आँकड़े:**

**तालिका संख्या-1: समस्त जनसंख्या एवं विकलांग जनसंख्या की तुलना:**

(करोड़ में)

| समस्त जनसंख्या, भारत - 2011 | | | विकलांग जनसंख्या, भारत - 2011 | | |
|---|---|---|---|---|---|
| व्यक्ति | पुरुष | महिला | व्यक्ति | पुरुष | महिला |
| 121.08 | 62.32 | 58.76 | 2.68 | 1.5 | 1.18 |

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तलिका संख्या-1 के 2011 की जनगणना के आंकड़ों से यह पता चलता है कि कुल 121.08 करोड़ जनसंख्या में से विकलांगों की जनसंख्या 2.68 करोड (2.21 प्रतिशत) है। जिसमें पुरुष विकलांगों की संख्या 1.5 करोड़ तथा महिला विकलांगों की संख्या 1.18 करोड़ है। अत: इससे यह पता चलता है कि भारत में विकलांगों की एक बहुत बड़ी जनसंख्या निवास कर रही है।

**तलिका संख्या-2: शिक्षित एवं अशिक्षित विकलांगों की संख्या**

| | कुल विकलांग जनसंख्या | शिक्षित | अशिक्षित | विकलांग जनसंख्या का साक्षरता प्रतिशत | समस्त जन संख्या की साक्षरता प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 26814994 | 14618353 | 12196641 | 54.52 | 74.04 |

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तालिका संख्या- 2 के आकड़ों से यह पता चलता है कि भारत में जहाँ कुल शिक्षित विकलांग विद्यार्थियों की संख्या 14618353 है वही अशिक्षित विकलांगों की संख्या 12196641 है, अर्थात केवल 54.52 प्रतिशत ही विकलांग विद्यार्थी शिक्षित हैं, जबकि आज भी अशिक्षित विकलांगों की संख्या 45 प्रतिशत से अधिक हैं। अत: अशिक्षित विकलांगों को समावेशी शिक्षा में सम्मिलित करके विशेष ध्यान देने की आश्यकता है।

**तलिका संख्या- 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

वर्ष 2015-16 के नवीनतम आंकड़ों से यह पता चलता है कि विभिन्न प्रकार के विकलांग विद्यार्थियों में सबसे अधिक मानसिक रूप से विकलांग विद्यार्थी पाए जाते हैं, जिनका प्रतिशत 22.01 है और सबसे कम आत्म-केन्द्रित प्रकार के विकलांग छात्र पाए जाते हैं जिनका प्रतिशत 1 से भी कम है। इससे यह पता चलता है कि विभिन्न प्रकार के विकलांग छात्रों में अत्यधिक अंतर है, और उन पर उनकी विकलांगता प्रकार के अनुसार ही ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तलिका संख्या- 4:विकलांगों की साक्षरता स्थिति: लिंग एवं क्षेत्र के आधार पर(आकड़े, 2011)**

| | शिक्षित | | अशिक्षित | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी |
| व्यक्ति | 49 | 67 | 52 | 33 |
| पुरुष | 58 | 74 | 42 | 22 |
| महिला | 37 | 61 | 63 | 39 |

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तालिका संख्या-4 के 2011 के जनसंख्या आंकड़ों से यह पता चलता है जहाँ शहरी विकलांग पुरुष 72 प्रतिशत शिक्षित हैं वही ग्रामीण विकलांगों की साक्षरता केवल 58 प्रतिशत है। यदि विकलांग लड़कियों की साक्षरता की बात की जाए तो जहां शहरी विकलांग महिलायें 61 प्रतिशत शिक्षित हैं वहीं ग्रामीण विकलांग महिलायें 37 प्रतिशत ही शिक्षित हैं। यदि अशिक्षित विकलांग पुरुषों की तुलना की जाए तो 42 प्रतिशत ग्रामीण विकलांग पुरुष अशिक्षित हैं जबकि 28 प्रतिशत शहरी पुरुष अशिक्षित हैं। यदि विकलांग अशिक्षित महिलाओं की तुलना की जाये तो 39 प्रतिशत शहरी एवं 63 प्रतिशत ग्रामीण विकलांग महिलायें अशिक्षित है। अत: उपरोक्त आकड़ों से यह पता चलता है कि ग्रामीण अशिक्षित विकलांग पुरुषों एवं महिलाओं की समावेशी शिक्षा पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तलिका संख्या- 5: विकलांग व्यक्तियों का शैक्षिक स्तर**

| | | कुल विकलांग जनसंख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | शैक्षिक स्तर | कुल | पुरुष | महिला |
| भारत | कुल | 26814995 | 14985593 | 11826301 |
| | अशिक्षित | 12196641 | 5640240 | 6556401 |
| | शिक्षित | 14618353 | 9348353 | 5270000 |
| | साक्षर लेकिन प्राथमिक से कम | 2840245 | 1705441 | 1133904 |
| | प्राथमिक लेकिन माध्यमिक से कम | 3564858 | 2195933 | 1358925 |
| | माध्यमिक लेकिन मैट्रिक से कम | 2548070 | 1616139 | 831531 |
| | मैट्रिक लेकिन स्नातक से कम | 344865 | 2330080 | 1118570 |
| | स्नातक एवं उससे अधिक | 1256857 | 839702 | 408155 |

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तालिका संख्या-5 के आंकड़ो से यह पता चलता है कि कुल 26814994 विकलांग विद्यार्थियों में से 146118353 शिक्षित हैं जबकि 12196641 अशिक्षित हैं। यदि विकलांग लड़कों की बात की जाये तो 9348353 शिक्षित हैं जबकि 5640240 अशिक्षित है। विकलांग लड़कियों की साक्षरता की बात की जाये तो 5270000 शिक्षित हैं तथा 6556401 अशिक्षित हैं । इसके अलावा विभिन्न स्तर पर भी विकलांग लड़के एवं लड़कियों की साक्षरता स्तर को दर्शाया गया है।

**समावेशी शिक्षा की आवश्यकता:** विकलांग बालक अपने आपको दूसरे बालकों की अपेक्षा कमजोर तथा हीन समझते हैं, जिसके कारण उनके साथ पृथकता से व्यवहार किया जाता है। समावेशी शिक्षा व्यवस्था में विकलांगो को सामान्य बालकों के साथ मानसिक रुप से प्रगति करने के अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे प्रत्येक बालक यह सोचता है कि वह किसी भी प्रकार से किसी अन्य बच्चे से कमजोर नही है। इस प्रकार समावेशी शिक्षा पद्धति बालकों की सामान्य मानसिक प्रगति को अग्रसर करती है।

विकलांग बालकों में कुछ सामाजिक गुण बहुत संगत होते हैं। जब वे सामान्य बालकों के साथ शिक्षा प्राप्त करते हैं तो वे सामाजिक गुणों को अन्य बालकों के साथ ग्रहण करते हैं। उनमें सामाजिक, नैतिक गुणों, प्रेम, सहानुभूति, आपसी सहयोग, आदि गुणों का विकास होता है। नि:संदेह विशिष्ट शिक्षा अधिक महंगी एवं खर्चीली है, इसके अलावा विशिष्ट अध्यापक एवं शिक्षाविदों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी अधिक समय लेते हैं जबकि दूसरी तरफ समावेशी शिक्षा कम खर्चीली तथा लाभदायक है। विशिष्ट शिक्षा संस्था को बनाने तथा शिक्षण कार्य को प्रारंभ करने के लिए अन्य बड़े स्रोतों से भी सहायता लेनी पड़ती है जैसे- प्रशिक्षित अध्यापक, विशेषज्ञ, चिकित्सक आदि। विकलांग बालक की सामान्य कक्षा में शिक्षा पर कम खर्च आता है। विशिष्ट शिक्षा व्यवस्था की अपेक्षा समावेशी शिक्षा व्यवस्था में सामाजिक विचार विमर्श अधिक किए जाते हैं। विकलांग तथा सामान्य बालक में सामान्य शिक्षा के अंतर्गत एक प्राकृतिक वातावरण बनाया जाता है। इस वातावरण में अपने सहपाठियों से सीखना, स्वीकार करना तथा स्वयं को दूसरों द्वारा स्वीकार कराया जाना समावेशी शिक्षा द्वारा ही संभव है। सामान्य वातावरण में छात्र उपयुक्तता की भावना तथा भावनात्मक समायोजन का विकास होता है। शैक्षिक योग्यता सामान्यतया समावेशी शिक्षा के वातावरण द्वारा संभव है। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि लचीले वातावरण तथा आधुनिक पाठ्यक्रम के साथ समावेशी शिक्षा शैक्षिक एकीकरण लाती है। भारत में सामान्य शिक्षा के व्यापक रूप से विस्तार की संवैधानिक व्यवस्था की गई है और साथ ही साथ शारीरिक रूप से बाधित बालकों के लिए शिक्षा को व्यापक रूप देना भी संविधान के अंतर्गत दिया गया है। समावेशी शिक्षा के वातावरण के माध्यम से समानता के उद्देश्य की प्राप्ति की जानी चाहिए जिससे कोई भी छात्र अपने आप को दूसरों की अपेक्षा हीन न समझे। उपरोक्त तथ्यों से यह बात उभरकर सामने आता है कि वर्तमान समय में समावेशी शिक्षा समस्त बालको के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**समावेशी शिक्षा की चुनौतियाँ:** किसी बालक को शिक्षा प्रदान करने से पहले उसके व्यक्तित्व को समझना आवश्यक है, समावेशी शिक्षा में बालकों के लिए तो यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है क्योंकि विशिष्ट बालक की विशेषताएँ, साधरण बालकों की तुलना में अधिक तीव्र व विचित्र होती है। कुछ देशों में कक्षा का बड़ा आकार एवं छात्र-शिक्षक अनुपात का कम होना सभी छात्रों एवं शिक्षकों के लिए समस्या है, और एक कक्षा में अत्यधिक विविधता भी शिक्षकों के उत्साह को कम कर देता है। यह उस स्थिति में अत्यधिक सत्य प्रतीत होता है जब कक्षा में 100 या उससे अधिक छात्र हो जाते हैं। कुछ नकारात्मक प्रवृत्ति के शिक्षक जब हताशा में अप्रासंगिक शिक्षण विधियों का उपयोग करते हैं तो यह समावेशी शिक्षा के लिए एक चुनौती बन जाती है। कुछ मामलों में छात्रों को उनकी क्षमता के अनुसार सीखने के लिए प्रोत्साहित न करना उन्हें 'मंद अधिगम' की ओर ले जाता है। सबसे बुरी स्थिति तब हो जाती है जब शिक्षकों द्वारा छात्रों को दण्डित किया जाता है। इस तरह के व्यवहार से विकलांग बच्चे हाशिये पर जा सकते हैं। देश में शिक्षा व्यवस्था के लिए शिक्षा मंत्रालय भी जिम्मेदार है जो शिक्षकों की भर्ती, वित्तपोषण एवं संरचना में सुधार के अभियान में महती भूमिका निभाता है।

कई बच्चे स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं, पर्याप्त परिवहन की कमी, मुश्किल इलाके, खराब सड़कें और परिवारों के लिए संबद्ध लागत विकलांग लड़के और लड़कियों की शिक्षा के लिए समस्या उत्पन्न करते हैं।

लड़कियों के लिए स्कूल की यात्रा करते समय उनकी सुरक्षा के डर के कारण यदि उनके माता-पिता उन्हें घर पर बैठा देते हैं तो वे शिक्षा से बहिष्कृत हो जाती हैं। माता-पिता एवं छोटे भाई-बहनों की देखभाल के लिए भी कुछ छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। स्कूल में शौचालय तक विकलांग बच्चों के पहुँच का अभाव भी एक प्रमुख बाधा है। यदि कोई बालक स्कूल में सभी दिन शौचालय का उपयोग नहीं कर सकता है तो उसके उपस्थित होने की संभावना कम ही है। यहां तक कि अगर शौचालयों को उनके लिए शुलभ बनाने के लिए अनुकूलित किया गया हो तो उसे बनाए रखा जाना चाहिए। कुछ ऐसे मामलों में जहां स्कूलों में शौचालय को विकलांगों के लिए अनुकूलित नहीं किया जाता है वे स्कूल विकलांग लड़के व लडकियों को न रखने के बहाने के रूप में इसका इस्तेमाल करते हैं। वे यह भी कहते हैं कि कोई भी सहायक स्टॉफ नहीं है जो बच्चों को वाशरूम तक ले जा सकते हैं। इसके अलावा समावेशी शिक्षा में पानी व स्वच्छता संबंधी समस्याओं को भी शामिल किया जा सकता है।

**सुझाव:**

1. इन बालकों के माता-पिता व शिक्षक उनकी समस्याओं को इस रूप में समझे कि वे भी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सभी के समान आदर, सम्मान, विश्वास, स्नेह और सुरक्षा की आवश्यकता है।
2. समावेशी बालकों के व्यक्तित्व के विषय में पूर्ण जानकारी एवं समझ, शिक्षकों के लिए समावेशी बालकों के शिक्षण प्रशिक्षण की प्रक्रिया को सरल बना देगी।
3. समावेशी बालकों को भी सामान्य बालकों के समान औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता होती है। उनके लिए ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि उन्हें कम से कम पढ़ने, लिखने और साधारण गणित का ज्ञान हो जाए।
4. आधुनिक शैक्षिक तकनीकों ने ऐसी विधियों, तकनीकों एवं उपकरणों का आविष्कार किया है जिनकी सहायता से विकलांग बच्चों को औपचारिक शिक्षा दी जा सकती है। अत: विकलांग बालकों के लिए उचित शैक्षिक तकनीकों की व्यवस्था की जानी चाहिए।
5. समावेशी बालकों के शिक्षा का स्तर उनके शारीरिक एवं मानसिक स्तर के अनुरूप होना चाहिए।
6. स्कूल में अति समावेशी वातावरण की नहीं बल्कि समावेशी प्रशिक्षित शिक्षक की नितांत आवश्यकता है। अत: इस कमी को पूरा किया जाना चाहिए।
7. समावेशी बालकों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण भी आवश्यक है किंतु यह समावेशी शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य नहीं होना चाहिए। विकलांग बालकों को रोजगारपरक काम-धंधों में प्रशिक्षित करने की व्यवस्था होनी चाहिए ।
8. समावेशी शिक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिये वर्तमान समय में ऐसी व्यवस्था हो जिससे घर से स्कूलों तक आसानी से पहुँचा जा सके।
9. कक्षा का बड़ा आकार एवं छात्र-शिक्षक अनुपात का कम होना एक बड़ी समस्या है, अत: हमें विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।
10. विद्यालय में शौचालयों तक पहुंच समस्त विद्यार्थियों के लिये आसानी से शुलभ होना चाहिए।

